|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | बेहिसाब | चाहे | जिसे | रिज़्क़ देता है | अल्लाह | बेशक | पास अल्लाह | से | यह | उस ने कहा |

जिस दिन हर शख़्स (मौजूद) पाएगा जो उस ने की कोई नेकी, और जो उस ने कोई बुराई की। वह आरज़ू करेगा काश उस के दरमियान और उस (बुराई) के दरमियान दूर का फ़ासला होता, और अल्लाह तुम्हें अपनी ज़ात से डराता है, और अल्लाह शफ़क़त करने वाला है बन्दों पर, (30)

आप कह दें अगर तुम अल्लाह से मुहब्बत रखते हो तो मेरी पैरवी करो, अल्लाह तुम से मुहब्बत करेगा, और तुम्हारे गुनाह बख़्शदेगा, और अल्लाह बख़्शने वाला रहम करने वाला है। (31)

आप कह दें तुम इताअत करो अल्लाह की, और रसूल की, फिर अगर वह फिर जाएं तो बेशक अल्लाह काफ़िरों को दोस्त नहीं रखता। (32)

बेशक अल्लाह ने चुन लिया आदम (अ) और नूह (अ) को, और इब्राहीम (अ) ओ इमरान के घराने को, सारे जहान पर। (33)

वह औलाद थे एक दूसरे की, और अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (34)

जब इमरान की बीवी ने कहा ऐ मेरे रब! जो मेरे पेट में है, मैं ने तेरी नजर किया (सब से) आजाद रख कर, सो तू मुझ से क़ुबूल कर ले बेशक तू सुनने वाला, जानने वाला है। (35)

सो जब उस ने उस (मरयम) को जन्म दिया तो वह बोली ऐ मेरे रब! मैं ने जन्म दी है लड़की, और अल्लाह ख़ूब जानता है जो उस ने जन्म दिया, और लड़का लड़की के मानिंद नहीं होता और मैं ने उस का नाम मरयम रखा, और मैं उस को और उस की औलाद को तेरी पनाह में देती हूँ शैतान मरदूद से। (36)

तो उस को उस के रब ने अच्छी तरह क़ुबूल किया और उस को अच्छी तरह परवान चढ़ाया और जकरिया (अ) को उस का कफ़ील बनाया। जब भी जकरिया (अ) उस के पास हुजरे में दाख़िल होते उस के पास खाना पाते,
उस (ज़करिया (अ) ने कहा ऐ मरयम! यह तेरे पास कहां से आया? उस ने कहा यह अल्लाह के पास से है, बेशक अल्लाह जिसे चाहे बेहिसाब रिज़्क़ देता है। (37)

هُنَالِكَ دَعَا زَكَرِيَّا رَبَّهٗ ۚ قَالَ رَبِّ هَبْ لِيْ مِنْ لَّدُنْكَ ذُرِّيَّةً

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| औलाद | अपने पास | से | अता कर मुझे | ऐ मेरे रब | उस ने कहा | अपना रब | जकरिया | दुआ की | वहीं |

طَيِّبَةً ۚ اِنَّكَ سَمِيْعُ الدُّعَآءِ ﴿٣٨﴾ فَنَادَتْهُ الْمَلٰٓئِكَةُ وَهُوَ قَآئِمٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खड़े हुए | और वह | फ़रिश्ता (जमा) | तो आवाज़ दी उस को | 38 | दुआ | सुनने वाला | बेशक तू | पाक |

يُّصَلِّيْ فِي الْمِحْرَابِ ۙ اَنَّ اللّٰهَ يُبَشِّرُكَ بِيَحْيٰى مُصَدِّقًاۢ بِكَلِمَةٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कलिमा | तस्दीक़ करने वाला | यहया (अ) | तुम्हें खुशखबरी देता है | कि अल्लाह | महराब (हुजरा) | में | नमाज पढ़ने |

مِّنَ اللّٰهِ وَسَيِّدًا وَّحَصُوْرًا وَّنَبِيًّا مِّنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٣٩﴾ قَالَ رَبِّ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ मेरे रब | उस ने कहा | 39 | नेकोकार (जमा) | से | और नबी | और नफ़्स को क़ाबू में रखने वाला | और सरदार | अल्लाह | से |

اَنّٰى يَكُوْنُ لِيْ غُلٰمٌ وَّقَدْ بَلَغَنِيَ الْكِبَرُ وَامْرَاَتِيْ عَاقِرٌ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बांझ | और मेरी औरत | बुढ़ापा | जब कि मुझे पहुँच गया | लड़का | मेरे लिए | होगा | कहां |

قَالَ كَذٰلِكَ اللّٰهُ يَفْعَلُ مَا يَشَآءُ ﴿٤٠﴾ قَالَ رَبِّ اجْعَلْ لِّيْٓ اٰيَةً ۭ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई निशानी | मेरे लिए | मुक़र्रर फ़र्मा दे | ऐ मेरे रब | उस ने कहा | 40 | जो वह चाहता है | करता है | अल्लाह | इसी तरह | उस ने कहा |

قَالَ اٰيَتُكَ اَلَّا تُكَلِّمَ النَّاسَ ثَلٰثَةَ اَيَّامٍ اِلَّا رَمْزًا ۭ وَاذْكُرْ رَّبَّكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | और तू याद कर | इशारा | मगर | तीन दिन | लोग | कि न बात करेगा | तेरी निशानी | उस ने कहा |

كَثِيْرًا وَّسَبِّحْ بِالْعَشِيِّ وَالْاِبْكَارِ ﴿٤١﴾ وَاِذْ قَالَتِ الْمَلٰٓئِكَةُ ع ٤ ١٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़रिश्ता (जमा) | कहा | और जब | 41 | और सुबह | शाम | और तस्बीह कर | बहुत |

يٰمَرْيَمُ اِنَّ اللّٰهَ اصْطَفٰىكِ وَطَهَّرَكِ وَاصْطَفٰىكِ عَلٰى

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पर | और बरगुजीदा किया तुझ को | और पाक किया तुझ को | चुन लिया तुझ को | बेशक अल्लाह | ऐ मरयम |

نِسَآءِ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٤٢﴾ يٰمَرْيَمُ اقْنُتِيْ لِرَبِّكِ وَاسْجُدِيْ وَارْكَعِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और रुकूअ कर | और सिजदा कर | अपने रब की | तू फ़र्मांबरदारी कर | ऐ मरयम | 42 | तमाम जहान | औरतें |

مَعَ الرّٰكِعِيْنَ ﴿٤٣﴾ ذٰلِكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الْغَيْبِ نُوْحِيْهِ اِلَيْكَ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरी तरफ़ | हम यह वही करते है | ग़ैब | खबरें | से | यह | 43 | रुकूअ करने वाले | साथ |

وَمَا كُنْتَ لَدَيْهِمْ اِذْ يُلْقُوْنَ اَقْلَامَهُمْ اَيُّهُمْ يَكْفُلُ مَرْيَمَ ۠

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मरयम | पर्वरिश करे | कौन-उन | अपने क़लम | वह डालते थे | जब | उन के पास | और तू न था |

وَمَا كُنْتَ لَدَيْهِمْ اِذْ يَخْتَصِمُوْنَ ﴿٤٤﴾ اِذْ قَالَتِ الْمَلٰٓئِكَةُ يٰمَرْيَمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ मरयम | फ़रिश्ते | जब कहा | 44 | जब वह झगड़ते थे | उन के पास | तू न था | और न |

اِنَّ اللّٰهَ يُبَشِّرُكِ بِكَلِمَةٍ مِّنْهُ ۖ اسْمُهُ الْمَسِيْحُ عِيْسَى ابْنُ مَرْيَمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इब्ने मरयम | ईसा | मसीह (अ) | उस का नाम | अपने | एक कलमा की | तुझे बशारत देता है | अल्लाह | बेशक |

وَجِيْهًا فِي الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ وَمِنَ الْمُقَرَّبِيْنَ ﴿٤٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | मुक़र्रिब (जमा) | और से | और आख़िरत | दुन्या | में | बाआबरु |

वहीं जकरिया (अ) ने अपने रब से दुआ की। ऐ मेरे रब! मुझे अपने पास से पाक औलाद अता कर, तू बेशक दुआ सुनने वाला है। (38)

तो उन्हें आवाज़ दी फ़रिश्तों ने जब वह हुजरे में खड़े हुए नमाज़ पढ़ रहे थे, कि अल्लाह तुम्हें यहया (अ) की खुशखबरी देता है अल्लाह के कलिमे की तस्दीक़ करने वाला, सरदार, और नफ़्स को क़ाबू रखने वाला, और नबी (होगा) नेकोकारों में से। (39)

उस ने कहा ऐ मेरे रब! मेरे लड़का कहां से होगा? जब कि मुझे बुढ़ापा पहुँच चुका है, और मेरी औरत बांझ है, उस ने कहा इसी तरह अल्लाह जो चाहता है करता है (40)

उस ने कहा ऐ मेरे रब! मुक़र्रर फ़र्मा दे मेरे लिए कोई निशानी? उस ने कहा तेरी निशानी यह है कि तू लोगों से तीन दिन बात न करेगा, मगर इशारे से, तू अपने रब को बहुत याद कर, और सुब्ह ओ शाम तस्बीह कर। (41)

और जब फ़रिश्तों ने कहा ऐ मरयम! बेशक अल्लाह ने तुझ को चुन लिया, और तुझ को पाक किया,और तुझ को बरगुजीदा किया औरतों पर तमाम जहान की। (42)

ऐ मरयम! तू अपने रब की फ़र्मांबरदारी कर, और सिज्दा कर, और रुकूअ़ कर, रुकूअ़ करने वालों के साथ। (43)

यह ग़ैब की खबरें हैं, हम आप की तरफ़ वही करते हैं, और आप उन के पास न थे जब वह (कुरआ के लिए) अपने क़लम डाल रहे थे कि उन में से कौन मरयम की पर्वरिश करेगा? और आप (स) उन के पास न थे जब वह झगड़ते थे। (44)

जब फ़रिश्तों ने कहा ऐ मरयम! बेशक अल्लाह तुझे अपने एक कलमे की बशारत देता है उस का नाम मसीह (अ) ईसा (अ) इब्ने मरयम है, दुन्या और आख़िरत में बाआबरु, और मुक़र्रिबों से होगा, (45)

وَيُكَلِّمُ النَّاسَ فِى الْمَهْدِ وَكَهْلًا وَّمِنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٤٦﴾ قَالَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह बाली | 46 | नेकोकार | और से | और पुख़्ता उम्र | गहवारे में | लोग | और बातें करेगा |

رَبِّ اَنّٰى يَكُوْنُ لِىْ وَلَدٌ وَّلَمْ يَمْسَسْنِىْ بَشَرٌ ۭ قَالَ كَذٰلِكِ اللّٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | इसी तरह | उस ने कहा | कोई मर्द | हाथ लगाया मुझे | और नहीं | बेटा | होगा मेरे हां | कैसे | ऐ मेरे रब |

يَخْلُقُ مَا يَشَاۗءُ ۭ اِذَا قَضٰٓى اَمْرًا فَاِنَّمَا يَقُوْلُ لَهٗ كُنْ فَيَكُوْنُ ﴿٤٧﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | सो वह हो जाता है | हो जा | उस को | वह कहता है | तो | कोई काम | वह इरादा करता है | जब | जो वह चाहता है | पैदा करता है |

وَيُعَلِّمُهُ الْكِتٰبَ وَالْحِكْمَةَ وَالتَّوْرٰىةَ وَالْاِنْجِيْلَ ﴿٤٨﴾ وَرَسُوْلًا اِلٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | और एक रसूल | 48 | और इन्जील | और तौरेत | और दानाई | और वह सिखाएगा उस को किताब |

بَنِىْٓ اِسْرَاۗءِيْلَ ڏ اَنِّىْ قَدْ جِئْتُكُمْ بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ ۙ اَنِّىْٓ اَخْلُقُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बनाता हूँ | कि मैं | तुम्हारा रब | से | एक निशानी के साथ | आया हूँ तुम्हारी तरफ़ | कि मैं | बनी इस्राईल |

لَكُمْ مِّنَ الطِّيْنِ كَهَيْــــَٔــةِ الطَّيْرِ فَاَنْفُخُ فِيْهِ فَيَكُوْنُ طَيْرًۢا بِاِذْنِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हुक्म से | परिन्दा | तो वह हो जाता है | उस में | फिर फूंक मारता हूँ | परिन्दा | मानिंद - शक्ल | गारा | से | तुम्हारे लिए |

اللّٰهِ ۚ وَاُبْرِئُ الْاَكْمَهَ وَالْاَبْرَصَ وَاُحْىِ الْمَوْتٰى بِاِذْنِ اللّٰهِ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | हुक्म से | मुर्दे | और मैं ज़िन्दा करता हूँ | और कोढ़ी को | मादरज़ाद अन्धा | और मैं अच्छा करता हूँ | अल्लाह |

وَاُنَبِّئُكُمْ بِمَا تَاْكُلُوْنَ وَمَا تَدَّخِرُوْنَ ۙ فِىْ بُيُوْتِكُمْ ۭ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस | में | बेशक | घरों अपने | में | तुम ज़ख़ीरा करते हो | और जो | तुम खाते हो | जो | और तुम्हें बताता हूँ |

لَاٰيَةً لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٤٩﴾ وَمُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَىَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने से पहली | जो | और तस्दीक़ करने वाला | 49 | ईमान वाले | तुम हो | अगर | तुम्हारे लिए | एक निशानी |

مِنَ التَّوْرٰىةِ وَلِاُحِلَّ لَكُمْ بَعْضَ الَّذِىْ حُرِّمَ عَلَيْكُمْ وَجِئْتُكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और आया हूँ तुम्हारे पास | तुम पर | हराम की गई | वह जो कि | बाज़ | तुम्हारे लिए | और ता कि हलाल कर दूँ | तौरेत | से |

بِاٰيَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ ۣ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿٥٠﴾ اِنَّ اللّٰهَ رَبِّىْ وَرَبُّكُمْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हारा रब | मेरा रब | अल्लाह | बेशक | 50 | और मेरा कहा मानो | अल्लाह | सो तुम डरो | तुम्हारा रब | से | एक निशानी |

فَاعْبُدُوْهُ ۭ هٰذَا صِرَاطٌ مُّسْتَقِيْمٌ ﴿٥١﴾ فَلَمَّآ اَحَسَّ عِيْسٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईसा (अ) | महसूस किया | फिर जब | 51 | सीधा | रास्ता | यह | सो तुम इबादत करो उस की |

مِنْهُمُ الْكُفْرَ قَالَ مَنْ اَنْصَارِىْٓ اِلَى اللّٰهِ ۭ قَالَ الْحَوَارِيُّوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हवारी (जमा) | कहा | अल्लाह | तरफ़ | मेरी मदद करने वाला | कौन | उस ने कहा | कुफ़्र | उन से |

نَحْنُ اَنْصَارُ اللّٰهِ ۚ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ ۚ وَاشْهَدْ بِاَنَّا مُسْلِمُوْنَ ﴿٥٢﴾ رَبَّنَآ اٰمَنَّا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ईमान लाए | ऐ हमारे रब | 52 | फ़र्मांबरदार | कि हम | तू गवाह रह | अल्लाह पर | हम ईमान लाए | अल्लाह | मदद करने वाले | हम |

بِمَآ اَنْزَلْتَ وَاتَّبَعْنَا الرَّسُوْلَ فَاكْتُبْنَا مَعَ الشّٰهِدِيْنَ ﴿٥٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | गवाही देने वाले | साथ | सो तू हमें लिख ले | रसूल | और हम ने पैरवी की | तू ने नाज़िल किया | जो |

और लोगों से गहवारे में और पुख़्ता उम्र में बातें करेगा और नेकोकारों में से होगा। (46)

वह बोली ऐ मेरे रब! मेरे हां बेटा कैसे होगा? और किसी मर्द ने मुझे हाथ नहीं लगाया, उस ने कहा इसी तरह अल्लाह जो चाहे पैदा करता है, जब वह किसी काम का इरादा करता है तो वह कहता है उस को "हो जा" सो वह हो जाता है। (47)

और वह उस को सिखाएगा किताब, और दानाई,और तौरेत, और इन्जील। (48)

और बनी इस्राईल की तरफ़ एक रसूल, (वह कहेगा) कि मैं तुमहारी तरफ एक निशानी के साथ आया हूँ तुम्हारे रब की तरफ़ से, मैं तुम्हारे लिए गारे से परिन्दे जैसी शक्ल बनाता हूँ, फिर उस में फूंक मारता हूँ तो वह अल्लाह के हुक्म से परिन्दा हो जाता है, और मैं अच्छा करता हूँ मादरजाद अन्धे और कोढ़ी को, और मैं अल्लाह के हुक्म से मुर्दे जिन्दा करता हूँ, और मैं तुम्हें बताता हूँ जो तुम खाते हो और जो तुम अपने घरों में ज़ख़ीरा करते हो, बेशक उस में तुम्हारे लिए एक निशानी है, अगर तुम हो ईमान वाले। (49)

और मैं अपने से पहली (किताब) तौरेत की तस्दीक़ करने वाला हूँ और ता कि तुम्हारे लिए बाज़ वह चीज़ें हलाल कर दूँ जो तुम पर हराम की गई थीं, और तुम्हारे पास एक निशानी के साथ आया हूँ तुम्हारे रब से, सो तुम अल्लाह से डरो और मेरा कहा मानो। (50)

बेशक अल्लाह (ही) मेरा और तुम्हारा रब है सो तुम उस की इबादत करो, यह सीधा रास्ता है, (51)

फिर जब ईसा (अ) ने महसूस किया उन से कुफ़्र (तो) कहा कौन है अल्लाह की तरफ़ मेरी मदद करने वाला? हवारियों ने कहा हम अल्लाह की मदद करने वाले हैं, हम अल्लाह पर ईमान लाए, और गवाह रह कि हम फ़र्मांबरदार हैं, (52)

ऐ हमारे रब! हम उस पर ईमान लाए जो तू ने नाज़िल किया और हम ने रसूल की पैरवी की, सो तू हमें गवाही देने वालों के साथ लिख ले (53)

और उन्होंने मक्र किया और अल्लाह ने ख़ुफ़िया तदबीर की, और अल्लाह (सब) तदबीर करने वालों से बेहतर है। (54)

जब अल्लाह ने कहा ऐ ईसा (अ) मैं तुझे क़ब्ज़ कर लूँगा, और तुझे अपनी तरफ़ उठा लूँगा, और तुझे पाक कर दूँगा उन लोगों से जिन्हों ने कुफ़्र किया, और जिन्हों ने तेरी पैरवी की उन्हें उन के ऊपर (ग़ालिब) रखूँगा, जिन्हों ने कुफ़्र किया क़ियामत के दिन तक। फिर तुम्हें मेरी तरफ़ लौट कर आना है, फिर मैं तुम्हारे दरमियान फ़ैसला करूँगा जिस (बारे) में तुम इख़्तिलाफ़ करते थे। (55)

पस जिन लोगों ने कुफ़्र किया, सो उन्हें सख़्त अ़ज़ाब दूँगा दुन्या और आख़िरत में, और उन का कोई मददगार न होगा। (56)

और जो लोग ईमान लाए, और उन्हों ने नेक काम किए तो (अल्लाह) उन के अजर उन्हें पूरे देगा, और अल्लाह दोस्त नहीं रखता ज़ालिमों को। (57)

हम आप (स) पर यह आयतें और हिक्मत वाली नसीहत पढ़ते हैं। (58)

बेशक अल्लाह के नज़दीक ईसा (अ) की मिसाल आदम (अ) जैसी है, उसे मिट्टी से पैदा किया, फिर कहा उस को "हो जा" तो वह हो गया। (59)

हक़ आप के रब की तरफ़ से है, पस शक करने वालों में से न होना। (60)

जो आप (स) से इस बारे में झगड़े उस के बाद जब कि आप के पास इल्म आगया तो आप (स) कह दें! आओ हम बुलाएं अपने बेटे और तुम्हारे बेटे, और अपनी औरतें और तुम्हारी औरतें, और हम ख़ुद और तुम ख़ुद (भी) फिर हम सब इल्तिजा करें, फिर झूटों पर अल्लाह की लानत भेजें। (61)

बेशक यही सच्चा बयान है, और अल्लाह के सिवा कोई माबूद नहीं, और बेशक अल्लाह ही ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (62)

ع ٥ ١٣ ١٣ الثلثة

وَمَكَرُوْا وَمَكَرَ اللّٰهُ ۭ وَاللّٰهُ خَيْرُ الْمٰكِرِيْنَ ﴿٥٤﴾ اِذْ قَالَ اللّٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | कहा | जब | 54 | तदबीर करने वाले हैं | बेहतर | और अल्लाह | अल्लाह | और ख़ुफ़िया तदबीर की | और उन्हों ने मक्र किया |

يٰعِيْسٰٓى اِنِّىْ مُتَوَفِّيْكَ وَرَافِعُكَ اِلَىَّ وَمُطَهِّرُكَ مِنَ الَّذِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | से | और पाक कर दूँगा तुझे | अपनी तरफ़ | और उठा लूँगा तुझे | क़ब्ज़ कर लूँगा तुझे | मैं | ऐ ईसा (अ) |

كَفَرُوْا وَجَاعِلُ الَّذِيْنَ اتَّبَعُوْكَ فَوْقَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तक | कुफ़्र किया | जिन्हों ने | ऊपर | तेरी पैरवी की | वह जिन्हों ने | और रखूँगा | उन्हों ने कुफ़्र किया |

يَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۚ ثُمَّ اِلَىَّ مَرْجِعُكُمْ فَاَحْكُمُ بَيْنَكُمْ فِيْمَا كُنْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम थे | जिस में | तुम्हारे दरमियान | फिर मैं फ़ैसला करूँगा | तुम्हें लौट कर आना है | मेरी तरफ़ | फिर | क़ियामत का दिन |

فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ﴿٥٥﴾ فَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَاُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ़ज़ाब | सो उन्हें अ़ज़ाब दूँगा | कुफ़्र किया | जिन लोगों ने | पस | 55 | इख़्तिलाफ़ करते | में |

شَدِيْدًا فِى الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۡ وَمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿٥٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | मददगार | से | उन का | और नहीं | और आख़िरत | दुन्या में | सख़्त |

وَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَيُوَفِّيْهِمْ اُجُوْرَهُمْ ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के अजर | तो पूरा देगा | नेक | और उन्हों ने काम किए | ईमान लाए | जो लोग | और जो |

وَاللّٰهُ لَا يُحِبُّ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٥٧﴾ ذٰلِكَ نَتْلُوْهُ عَلَيْكَ مِنَ الْاٰيٰتِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आयतें | से | आप (स) पर | हम पढ़ते हैं | यह | 57 | ज़ालिम (जमा) | दोस्त नहीं रखता | और अल्लाह |

وَالذِّكْرِ الْحَكِيْمِ ﴿٥٨﴾ اِنَّ مَثَلَ عِيْسٰى عِنْدَ اللّٰهِ كَمَثَلِ اٰدَمَ ۭ خَلَقَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस को पैदा किया | आदम | मिसाल जैसी | अल्लाह के नज़दीक | ईसा | मिसाल | बेशक | 58 | हिक्मत वाली | और नसीहत |

مِنْ تُرَابٍ ثُمَّ قَالَ لَهٗ كُنْ فَيَكُوْنُ ﴿٥٩﴾ اَلْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ فَلَا

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस न | आप का रब | से | हक़ | 59 | सो वह हो गया | हो जा | उस को | कहा | फिर | मिट्टी | से |

تَكُنْ مِّنَ الْمُمْتَرِيْنَ ﴿٦٠﴾ فَمَنْ حَآجَّكَ فِيْهِ مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब आगया | बाद | से | उस में | आप से झगड़े | सो जो | 60 | शक करने वाले | से | हो |

مِنَ الْعِلْمِ فَقُلْ تَعَالَوْا نَدْعُ اَبْنَآءَنَا وَاَبْنَآءَكُمْ وَنِسَآءَنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अपनी औ़रतें | और तुम्हारे बेटे | अपने बेटे | हम बुलाएं | तुम आओ | तो कह दें | इल्म | से |

وَنِسَآءَكُمْ وَاَنْفُسَنَا وَاَنْفُسَكُمْ ۣ ثُمَّ نَبْتَهِلْ فَنَجْعَلْ لَّعْنَتَ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | लानत | फिर करें (डालें) | हम इल्तिजा करें | फिर | और तुम ख़ुद | और हम ख़ुद | और तुम्हारी औ़रतें |

عَلَى الْكٰذِبِيْنَ ﴿٦١﴾ اِنَّ هٰذَا لَهُوَ الْقَصَصُ الْحَقُّ ۚ وَمَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नहीं | सच्चा | बयान | यही | यह | बेशक | 61 | झूटे | पर |

مِنْ اِلٰهٍ اِلَّا اللّٰهُ ۭ وَاِنَّ اللّٰهَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٦٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | वही | अल्लाह | और बेशक | अल्लाह के सिवा | कोई माबूद |

ع ٦ ٩ ١٣

فَـاِنْ تَـوَلَّـوْا فَـاِنَّ اللّٰهَ عَـلِـيْـمٌۢ بِـالْـمُـفْـسِـدِيْـنَ ﴿٦٣﴾ قُـلْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप कह दें | 63 | फ़साद करने वालों को | जानने वाला | अल्लाह | तो बेशक | वह फिर जाएं | फिर अगर |

يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ تَعَالَوْا اِلٰى كَلِمَةٍ سَوَآءٍۢ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ اَلَّا نَعْبُدَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि न हम इबादत करें | और तुम्हारे दरमियान | हमारे दरमियान | बराबर | एक बात | तरफ़ (पर) | आओ | ऐ अहले किताब |

اِلَّا اللّٰهَ وَلَا نُشْرِكَ بِهٖ شَيْـًٔا وَّلَا يَتَّخِذَ بَعْضُنَا بَعْضًا اَرْبَابًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रब (जमा) | किसी का | हम में से कोई | और न बनाए | कुछ | उस के साथ | और न हम शरीक करें | अल्लाह | सिवाए |

مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ ۭ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقُوْلُوا اشْهَدُوْا بِاَنَّا مُسْلِمُوْنَ ﴿٦٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | मुस्लिम (फ़र्मांबरदार) | कि हम | तुम गवाह रहो | तो कह दो तुम | वह फिर जाएं | फिर अगर | अल्लाह | सिवाए |

يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تُحَآجُّوْنَ فِيْٓ اِبْرٰهِيْمَ وَمَآ اُنْزِلَتِ التَّوْرٰىةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तौरेत | नाज़िल की गई | और नहीं | इब्राहीम (अ) | में | तुम झगड़ते हो | क्यों | ऐ अहले किताब |

وَالْاِنْـجِـيْـلُ اِلَّا مِـنْۢ بَـعْـدِهٖ ۭ اَفَـلَا تَـعْـقِـلُـوْنَ ﴿٦٥﴾ هٰٓاَنْـتُـمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हां तुम | 65 | तो क्या तुम अक्ल नही रखते | उस के बाद | मगर | और इन्जील |

هٰٓـــؤُلَآءِ حَـاجَـجْـتُـمْ فِـيْـمَـا لَـكُـمْ بِـهٖ عِـلْـمٌ فَـلِـمَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अब क्यों | इल्म | उस का | तुम्हें | जिस में | तुम ने झगड़ा किया | वह लोग |

تُـحَآجُّوْنَ فِـيْـمَا لَـيْـسَ لَـكُـمْ بِـهٖ عِـلْـمٌ ۭ وَاللّٰهُ يَـعْـلَـمُ وَاَنْـتُـمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम | जानता है | और अल्लाह | कुछ इल्म | उस का | तुम्हें | नहीं | उस में | तुम झगड़ते हो |

لَا تَـعْـلَـمُـوْنَ ﴿٦٦﴾ مَـا كَـانَ اِبْـرٰهِـيْـمُ يَـهُـوْدِيًّـا وَّلَا نَصْرَانِيًّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नसरानी | और न | यहूदी | इब्राहीम (अ) | न थे | 66 | जानते | नही |

وَّلٰـكِـنْ كَـانَ حَنِيْفًا مُّسْلِمًا ۭ وَمَـا كَـانَ مِـنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿٦٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | मुश्‌रिक (जमा) | से | थे | और न | मुस्लिम (फ़र्मांबरदार) | एक रुख़ | वह थे | और लेकिन |

اِنَّ اَوْلَـــى الــنَّـــاسِ بِـاِبْـرٰهِـيْـمَ لَـلَّـذِيْـنَ اتَّـبَـعُـوْهُ وَهٰـــذَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और इस | उन्हों ने पैरवी की उन की | उन लोग | इब्राहीम (अ) | लोग | सब में ज़ियादा मुनासिबत | बेशक |

الـنَّـبِـيُّ وَالَّـــذِيْـــنَ اٰمَـــنُـــوْا ۭ وَاللّٰهُ وَلِــيُّ الْـمُـؤْمِـنِـيْـنَ ﴿٦٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | मोमिन (जमा) | कारसाज | और अल्लाह | ईमान लाए | और वह लोग जो | नबी |

وَدَّتْ طَّآئِـفَـةٌ مِّـنْ اَهْـــلِ الْـكِـتٰـبِ لَـوْ يُـضِـلُّـوْنَـكُـمْ ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह गुमराह कर दें तुम्हें | काश | अहले किताब | से (की) | एक जमाअत | चाहती है |

وَمَـــا يُـضِـلُّــوْنَ اِلَّآ اَنْـفُـسَـهُـمْ وَمَـــا يَـشْـعُـرُوْنَ ﴿٦٩﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 69 | वह समझते | और नहीं | अपने आप | मगर | और नहीं वह गुमराह करते |

يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَاَنْـتُـمْ تَـشْـهَـدُوْنَ ﴿٧٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | गवाह हो | हालांकि तुम | अल्लाह | आयतों का | तुम इन्कार करते हो | क्यों | ऐ अहले किताब |

फिर अगर वह फिर जाएं तो बेशक अल्लाह फ़साद करने वालों को खूब जानता है। (63)

आप (स) कह दें ऐ अहले किताब! उस एक बात पर आओ जो हमारे और तुम्हारे दरमियान बराबर (मुशतरिक) है कि हम अल्लाह के सिवा किसी की इबादत न करें, और उस के साथ किसी को शरीक न ठहराएं, और हम में से कोई किसी को न बनाए रब अल्लाह के सिवा, फिर अगर वह फिर जाएं तुम कह दो कि तुम गवाह रहो कि हम तो मुस्लिम (फ़र्मांबरदार) हैं। (64)

ऐ अहले किताब! तुम इब्राहीम (अ) के बारे में क्यों झगड़ते हो? और नहीं नाजिल की गई तौरेत और इन्जील मगर उन के बाद, तो क्या तुम अक़्ल नहीं रखते? (65)

हां! तुम वही लोग हो तुम ने उस (बारे) में झगड़ा किया जिस का तुम्हें इल्म था तो अब क्यों झगड़ते हो उस (बारे) में जिस का तुम्हें कुछ इल्म नहीं, और अल्लाह जानता है, और तुम नहीं जानते। (66)

इब्राहीम (अ) न यहूदी थे, न नसरानी, (बल्कि) वह हनीफ़ (सब से रुख मोड़ कर अल्लाह के हो जाने वाले) मुस्लिम (फ़र्मांबरदार) थे, और वह मुश्‌रिकों में से न थे. (67)

बेशक सब लोगों से जियादा मुनासिबत है इब्राहीम (अ) से उन लोगों को जिन्हों ने उन की पैरवी की, और इस नबी को और वह लोग जो ईमान लाए, और अल्लाह मोमिनों का कारसाज है। (68)

अहले किताब की एक जमाअ़त चाहती है काश! वह तुम्हें गुमराह कर दें, और वह अपने सिवा किसी को गुमराह नहीं करते. और वह समझते नही. (69)

ऐ अहले किताब! तुम क्यों इन्कार करते हो अल्लाह की आयतों का? हालांकि तुम गवाह हो। (70)

ऐ अहले किताब! तुम क्यों मिलाते हो सच को झूट के साथ, और तुम हक़ को छुपाते हो, हालांकि तुम जानते हो। (71)

और एक जमाअत ने कहा अहले किताब की कि जो कुछ मुसलमानों पर नाज़िल किया गया है, उसे दिन के अव्वल हिस्से में मान लो और मुन्किर हो जाओ उस के आख़िर हिस्से में (शाम को) शायद कि वह फिर जाएं। (72)

और तुम (किसी की बात) न मानो सिवाए उस के जो पैरवी करे तुम्हारे दीन की, आप (स) कह दें बेशक हिदायत अल्लाह ही की हिदायत है, कि किसी को दिया गया जैसा कि तुम्हें दिया गया, या वह तुम से तुम्हारे रब के सामने हुज्जत करें, आप (स) कह दें, बेशक फ़ज़्ल अल्लाह के हाथ में है, वह देता है जिस को वह चाहता है, और अल्लाह वुस्अत वाला, जानने वाला है। (73)

वह जिस को चाहता है अपनी रहमत से ख़ास कर लेता है, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (74)

और अहले किताब में कोई (ऐसा है) कि अगर आप (स) उस के पास अमानत रखें ढेरों माल तो वह आप (स) को अदा करदे, और उन में से कोई (ऐसा है) अगर आप उस के पास एक दीनार अमानत रखें तो वह अदा न करे मगर जब तक आप (स) उस के सर पर खड़े रहें, यह इस लिए है कि उन्हों ने कहा हम पर उम्मियों के (बारे) में (इल्ज़ाम की) कोई राह नहीं, और वह अल्लाह पर झूट बोलते हैं, और वह जानते हैं। (75)

क्यों नहीं? जो कोई अपना इक़रार पूरा करे, और परहेज़गार रहे, तो बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (76)

बेशक जो लोग अल्लाह के इक़रार और अपनी क़स्मों से हासिल करते हैं थोड़ी क़ीमत, यही लोग है जिन के लिए आख़िरत में कोई हिस्सा नहीं, और न अल्लाह उन से कलाम करेगा, और न उन की तरफ़ नज़र करेगा क़ियामत के दिन, और न उन्हें पाक करेगा, और उन के लिए दर्दनाक अज़ाब है। (77)

يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَلْبِسُوْنَ الْحَقَّ بِالْبَاطِلِ وَتَكْتُمُوْنَ الْحَقَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हक़ | और तुम छुपाते हो | झूट के साथ | सच | तुम मिलाते हो | क्यों | ऐ अहले किताब |

وَاَنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ﴿٧١﴾ وَقَالَتْ طَّآئِفَةٌ مِّنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ اٰمِنُوْا بِالَّذِىٓ ع ٨ ١٥

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो कुछ | तुम मान लो | अहले किताब | से (की) | एक जमाअत | और कहा | 71 | तुम जानते हो | हालांकि |

اُنْزِلَ عَلَى الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَجْهَ النَّهَارِ وَاكْفُرُوْٓا اٰخِرَهٗ لَعَلَّهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शायद | उस का आख़िर (शाम) | और मुन्किर हो जाओ | अव्वल हिस्सा दिन | जो लोग ईमान लाए (मुसलमान) | पर | नाज़िल किया गया |

يَرْجِعُوْنَ ﴿٧٢﴾ وَلَا تُؤْمِنُوْٓا اِلَّا لِمَنْ تَبِعَ دِيْنَكُمْ ۭ قُلْ اِنَّ الْهُدٰى

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत | बेशक | कह दें | तुम्हारा दीन | पैरवी करे | उस की जो | सिवाए | माना तुम | और न | 72 | वह फिर जाएं |

هُدَى اللّٰهِ ۙ اَنْ يُّؤْتٰٓى اَحَدٌ مِّثْلَ مَآ اُوْتِيْتُمْ اَوْ يُحَآجُّوْكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह हुज्जत करें तुम से | या | कुछ तुम्हें दिया गया | जैसा | किसी को | दिया गया | कि | अल्लाह | हिदायत |

عِنْدَ رَبِّكُمْ ۭ قُلْ اِنَّ الْفَضْلَ بِيَدِ اللّٰهِ ۚ يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَآءُ ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह चाहता है | जिसे | वह देता है | अल्लाह के हाथ में | फ़ज़्ल | बेशक | कह दें | तुम्हारा रब | सामने |

وَاللّٰهُ وَاسِعٌ عَلِيْمٌ ﴿٧٣﴾ يَّخْتَصُّ بِرَحْمَتِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह चाहता है | जिसे | अपनी रहमत से | वह ख़ास कर लेता है | 73 | जानने वाला | वुस्अत वाला | और अल्लाह |

وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ﴿٧٤﴾ وَمِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ مَنْ اِنْ تَاْمَنْهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर अमानत रखें उस को | जो | अहले किताब | और से | 74 | बड़ा - बड़े | फ़ज़्ल वाला | और अल्लाह |

بِقِنْطَارٍ يُّؤَدِّهٖٓ اِلَيْكَ ۚ وَمِنْهُمْ مَّنْ اِنْ تَاْمَنْهُ بِدِيْنَارٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एक दीनार | आप अमानत रखें उस को | अगर | और उन से जो | आप को | अदा करे | ढेर माल |

لَّا يُؤَدِّهٖٓ اِلَيْكَ اِلَّا مَا دُمْتَ عَلَيْهِ قَآئِمًا ۭ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَالُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने कहा | इस लिए कि | यह | खड़े | उस पर | तक रहें | मगर जब | आप को | वह अदा न करे |

لَيْسَ عَلَيْنَا فِى الْاُمِّيّٖنَ سَبِيْلٌ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झूट | अल्लाह | पर | और वह बोलते हैं | कोई राह | उम्मी (जमा) | में | हम पर | नहीं |

وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ﴿٧٥﴾ بَلٰى مَنْ اَوْفٰى بِعَهْدِهٖ وَاتَّقٰى فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | तो बेशक | और परहेज़गार रहे | अपना इक़रार | पूरा करे | जो | क्यों नहीं? | 75 | जानते हैं | और वह |

يُحِبُّ الْمُتَّقِيْنَ ﴿٧٦﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ يَشْتَرُوْنَ بِعَهْدِ اللّٰهِ وَاَيْمَانِهِمْ ثَمَنًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ीमत | और अपनी क़स्में | अल्लाह का इक़रार | ख़रीदते (हासिल करते) हैं | जो लोग | बेशक | 76 | परहेज़गार (जमा) | दोस्त रखता है |

قَلِيْلًا اُولٰٓئِكَ لَا خَلَاقَ لَهُمْ فِى الْاٰخِرَةِ وَلَا يُكَلِّمُهُمُ اللّٰهُ وَلَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न | अल्लाह | उन से कलाम करेगा | और न | आख़िरत में | उन के लिए | हिस्सा | नहीं | यही लोग | थोड़ी |

يَنْظُرُ اِلَيْهِمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ وَلَا يُزَكِّيْهِمْ ۠ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٧٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | दर्दनाक | अज़ाब | और उन के लिए | उन्हें पाक करेगा | और न | क़ियामत के दिन | उन की तरफ़ | नज़र करेगा |

وَاِنَّ مِنْهُمْ لَفَرِيْقًا يَّلْوٗنَ اَلْسِنَتَهُمْ بِالْكِتٰبِ لِتَحْسَبُوْهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ता कि तुम समझो | किताब में | अपनी ज़ुबानें | मरोड़ते हैं | एक फ़रीक़ | उन से (उन में) | और बेशक |

مِنَ الْكِتٰبِ وَمَا هُوَ مِنَ الْكِتٰبِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ هُوَ مِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | वह | और वह कहते हैं | किताब | से | वह | और नहीं | किताब | से |

عِنْدِ اللّٰهِ وَمَا هُوَ مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झूट | अल्लाह | पर | और वह बोलते हैं | अल्लाह | तरफ़ | से | वह | हालांकि नहीं | अल्लाह | तरफ़ |

وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ﴿٧٨﴾ مَا كَانَ لِبَشَرٍ اَنْ يُّؤْتِيَهُ اللّٰهُ الْكِتٰبَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किताब | अल्लाह | उसे अता करे | कि | किसी आदमी के लिए | नहीं | 78 | वह जानते हैं | और वह |

وَالْحُكْمَ وَالنُّبُوَّةَ ثُمَّ يَقُوْلَ لِلنَّاسِ كُوْنُوْا عِبَادًا لِّيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे | बन्दे | तुम हो जाओ | लोगों को | वह कहे | फिर | और नबूव्वत | और हिक्मत |

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلٰكِنْ كُوْنُوْا رَبّٰنِيّٖنَ بِمَا كُنْتُمْ تُعَلِّمُوْنَ الْكِتٰبَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किताब | तुम सिखाते हो | इस लिए कि | अल्लाह वाले | तुम हो जाओ | और लेकिन | अल्लाह | सिवा (बजाए) |

وَبِمَا كُنْتُمْ تَدْرُسُوْنَ ﴿٧٩﴾ وَلَا يَاْمُرَكُمْ اَنْ تَتَّخِذُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम ठहराओ | कि | हुक्म देगा तुम्हें | और न | 79 | तुम पढ़ते हो | और इस लिए कि |

الْمَلٰٓئِكَةَ وَالنَّبِيّٖنَ اَرْبَابًا ۗ اَيَاْمُرُكُمْ بِالْكُفْرِ بَعْدَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाद | कुफ़्र का | क्या वह तुम्हें हुक्म देगा? | परवरदिगार | और नबी | फ़रिश्ते |

ع ٨ ١٦ اِذْ اَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ ﴿٨٠﴾ وَاِذْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ النَّبِيّٖنَ لَمَآ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो कुछ | नबी (जमा) | अ़हद | अल्लाह | लिया | और जब | 80 | मुसलमान | तुम | जब |

اٰتَيْتُكُمْ مِّنْ كِتٰبٍ وَّحِكْمَةٍ ثُمَّ جَآءَكُمْ رَسُوْلٌ مُّصَدِّقٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तस्दीक़ करता हुआ | रसूल | आए तुम्हारे पास | फिर | और हिक्मत | किताब | से | मैं तुम्हें दूँ |

لِّمَا مَعَكُمْ لَتُؤْمِنُنَّ بِهٖ وَلَتَنْصُرُنَّهٗ ۗ قَالَ ءَاَقْرَرْتُمْ وَاَخَذْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम ने कुबूल किया | क्या तुम ने इक़रार किया | उस ने फ़रमाया | और तुम ज़रूर मदद करोगे उस की | उस पर | तुम ज़रूर ईमान लाओगे | तुम्हारे पास | जो |

عَلٰى ذٰلِكُمْ اِصْرِيْ ۗ قَالُوْٓا اَقْرَرْنَا ۗ قَالَ فَاشْهَدُوْا وَاَنَا مَعَكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे साथ | और मैं | पस तुम गवाह रहो | उस ने फ़रमाया | हम ने इक़रार किया | उन्हों ने कहा | मेरा अ़हद | उस | पर |

مِّنَ الشّٰهِدِيْنَ ﴿٨١﴾ فَمَنْ تَوَلّٰى بَعْدَ ذٰلِكَ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह | तो वही | उस | बाद | फिर जाए | फिर जो | 81 | गवाह (जमा) | में |

الْفٰسِقُوْنَ ﴿٨٢﴾ اَفَغَيْرَ دِيْنِ اللّٰهِ يَبْغُوْنَ وَلَهٗٓ اَسْلَمَ مَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | फ़र्मांबरदार है | और उस के लिए | वह ढून्डते हैं | अल्लाह | दीन | क्या? सिवा | 82 | नाफ़रमान |

فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ طَوْعًا وَّكَرْهًا وَّاِلَيْهِ يُرْجَعُوْنَ ﴿٨٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 83 | वह लौटाए जाएंगे | और उस की तरफ़ | और नाखुशी से | खुशी से | और ज़मीन | आस्मानों | में |

और बेशक उन में एक फ़रीक़ है जो किताब (पढ़ते वक़्त) अपनी ज़ुबानें मरोड़ते हैं, ताकि तुम समझो कि वह किताब से है, हालांकि वह किताब से नहीं (होता), और वह कहते हैं कि वह अल्लाह की तरफ़ से है, हालांकि वह नहीं अल्लाह की तरफ़ से, और अल्लाह पर झूट बोलते हैं, और वह जानते हैं। (78)

किसी आदमी के लिए (यह शायान) नहीं कि अल्लाह उसे किताब, और हिक्मत, और नबूव्वत अ़ता करे, फिर वह लोगों को कहे कि तुम अल्लाह के बजाए मेरे बन्दे हो जाओ, लेकिन (वह यही कहेगा कि) तुम अल्लाह वाले हो जाओ, इस लिए कि तुम किताब सिखाते हो और तुम खुद (भी) पढ़ते हो। (79)

और न वह तुम्हें हुक्म देगा कि तुम फ़रिश्तों और नबियों को परवरदिगार ठहराओ, क्या वह तुम्हें हुक्म देगा कुफ़्र का? इस के बाद कि तुम मुसलमान (फ़र्मांबरदार) हो चुके। (80)

और जब अल्लाह ने अ़हद लिया नबियों से कि जो कुछ मैं तुम्हें किताब और हिक्मत दूँ, फिर तुम्हारे पास रसूल आए, उस की तस्दीक़ करता हुआ जो तुम्हारे पास है तो तुम उस पर ज़रूर ईमान लाओगे, और ज़रूर उस की मदद करोगे, उस ने फ़रमाया क्या तुम ने इक़रार किया? और तुम ने उस पर मेरा अ़हद कुबूल क्या? उन्हों ने कहा कि हम ने इक़रार किया, उस ने फ़रमाया पस तुम गवाह रहो, और मैं तुम्हारे साथ गवाहों में से हूँ। (81)

फिर जो उस के बाद फिर जाए तो वही नाफ़रमान हैं। (82)

क्या वह अल्लाह के दीन के सिवा (कोई और दीन) चाहते हैं? और उसी का फ़र्मांबरदार है जो आस्मानों और ज़मीन में है, चार ओ नाचार, और उसी की तरफ़ वह लौटाए जाएंगे। (83)

कह दें हम ईमान लाए अल्लाह पर, और जो हम पर नाज़िल किया गया, और जो नाज़िल किया गया इब्राहीम (अ), इस्माईल (अ), इस्हाक़ (अ), याक़ूब (अ), और उन की औलाद पर, और जो दिया गया मूसा (अ) और ईसा (अ) और नबियों को, उन के रब की तरफ़ से, हम फ़र्क़ नहीं करते उन में से किसी एक के दरमियान, और हम उसी के फ़र्मांबरदार हैं। (84)

और जो कोई चाहेगा इस्लाम के सिवा कोई और दीन, तो उस से हरगिज़ क़ुबूल न किया जाएगा, और वह आख़िरत में नुक़्सान उठाने वालों में से होगा। (85)

अल्लाह ऐसे लोगों को क्योंकर हिदायत देगा जो काफ़िर हो गए अपने ईमान के बाद, और गवाही दे चुके हैं कि यह रसूल सच्चे हैं, और उन के पास खुली निशानियां आ गईं, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (86)

ऐसे लोगों की सज़ा है कि उन पर लानत है अल्लाह की और फ़रिश्तों की और तमाम लोगों की, (87)

वह उस में हमेशा रहेंगे। न उन से अज़ाब हलका किया जाएगा, और न उन्हें मुहलत दी जाएगी। (88)

मगर जिन लोगों ने उस के बाद तौबा की, और इस्लाह की, तो बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, रहम करने वाला है। (89)

बेशक जो लोग काफ़िर हो गए अपने ईमान के बाद, फिर बढ़ते गए कुफ़्र में, उन की तौबा हरगिज़ न क़ुबूल की जाएगी, और वही लोग गुमराह हैं। (90)

बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया, और वह मर गए हालते कुफ़्र में, तो हरगिज़ न क़ुबूल किया जाएगा उन में से किसी से ज़मीन भर सोना भी, अगरचे वह उस को बदले में दे, यही लोग हैं उन के लिए दर्दनाक अज़ाब है, और उन के लिए कोई मददगार नहीं। (91)

قُلْ اٰمَنَّا بِاللّٰهِ وَمَآ اُنْزِلَ عَلَيْنَا وَمَآ اُنْزِلَ عَلٰٓى اِبْرٰهِيْمَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इब्राहीम (अ) | पर | नाज़िल किया गया | और जो | हम पर | नाज़िल किया गया | और जो | अल्लाह पर | हम ईमान लाए | कह दें |

وَاِسْمٰعِيْلَ وَاِسْحٰقَ وَيَعْقُوْبَ وَالْاَسْبَاطِ وَمَآ اُوْتِيَ مُوْسٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा (अ) | दिया गया | और जो | और औलाद | और याक़ूब (अ) | और इस्हाक़ (अ) | और इस्माईल (अ) |

وَعِيْسٰى وَالنَّبِيُّوْنَ مِنْ رَّبِّهِمْ ۪ لَا نُفَرِّقُ بَيْنَ اَحَدٍ مِّنْهُمْ ۫ وَنَحْنُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम | उन से | कोई एक | दरमियान | फ़र्क़ करते | नहीं | उन का रब | से | और नबी (जमा) | और ईसा (अ) |

لَهٗ مُسْلِمُوْنَ ﴿٨٤﴾ وَمَنْ يَّبْتَغِ غَيْرَ الْاِسْلَامِ دِيْنًا فَلَنْ يُّقْبَلَ مِنْهُ ۚ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से | क़ुबूल किया जाएगा | तो हरगिज़ न | कोई दीन | इस्लाम | सिवा | चाहेगा | और जो | 84 | फ़र्मांबरदार | उसी के |

وَهُوَ فِي الْاٰخِرَةِ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٨٥﴾ كَيْفَ يَهْدِي اللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | हिदायत देगा | क्योंकर | 85 | नुक़्सान उठाने वाले | से | आख़िरत | में | और वह |

قَوْمًا كَفَرُوْا بَعْدَ اِيْمَانِهِمْ وَشَهِدُوْٓا اَنَّ الرَّسُوْلَ حَقٌّ وَّجَآءَهُمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और आएं उन के पास | सच्चे | रसूल | कि | और उन्हों ने गवाही दी | उन का (अपना) ईमान | बाद | ऐसे लोग जो काफ़िर हो गए |

الْبَيِّنٰتُ ۭ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِي الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٨٦﴾ اُولٰۗىِٕكَ جَزَاۗؤُهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन की सज़ा | ऐसे लोग | 86 | ज़ालिम (जमा) | लोग | हिदायत देता | नहीं | और अल्लाह | खुली निशानियां |

اَنَّ عَلَيْهِمْ لَعْنَةَ اللّٰهِ وَالْمَلٰۗىِٕكَةِ وَالنَّاسِ اَجْمَعِيْنَ ﴿٨٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 87 | तमाम | और लोग | और फ़रिश्ते | अल्लाह | लानत | उन पर | कि |

خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۚ لَا يُخَفَّفُ عَنْهُمُ الْعَذَابُ وَلَا هُمْ يُنْظَرُوْنَ ﴿٨٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | मुहलत दी जाएगी | उन्हें | और न | अज़ाब | उन से | हलका किया जाएगा | न | उस में | हमेशा रहेंगे |

اِلَّا الَّذِيْنَ تَابُوْا مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ وَاَصْلَحُوْا ۣ فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | तो बेशक | और इस्लाह की | उस | बाद | तौबा की | जो लोग | मगर |

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٨٩﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بَعْدَ اِيْمَانِهِمْ ثُمَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | अपने ईमान | बाद | काफ़िर हो गए | जो लोग | बेशक | 89 | रहम करने वाला | बख़्शने वाला |

ازْدَادُوْا كُفْرًا لَّنْ تُقْبَلَ تَوْبَتُهُمْ ۚ وَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الضَّاۗلُّوْنَ ﴿٩٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 90 | गुमराह | वह | और वही लोग | उन की तौबा | क़ुबूल की जाएगी | हरगिज़ न | कुफ़्र में | बढ़ते गए |

اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَمَاتُوْا وَهُمْ كُفَّارٌ فَلَنْ يُّقْبَلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ुबूल किया जाएगा | तो हरगिज़ न | हालते कुफ़्र | और वह | और वह मर गए | कुफ़्र किया | जो लोग | बेशक |

مِنْ اَحَدِهِمْ مِّلْءُ الْاَرْضِ ذَهَبًا وَّلَوِ افْتَدٰى بِهٖ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस को | बदला दे | अगरचे | सोना | ज़मीन | भरा हुआ | उन में कोई | से |

اُولٰۗىِٕكَ لَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ وَّمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿٩١﴾ ع ١١ ١٧

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | मददगार | कोई | उन के लिए | और नहीं | दर्दनाक | अज़ाब | उन के लिए | यही लोग |

لَنْ تَنَالُوا الْبِرَّ حَتّٰى تُنْفِقُوْا مِمَّا تُحِبُّوْنَ ۬ؕ وَمَا تُنْفِقُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम ख़र्च करोगे | और जो | तुम मुहब्बत रखते हो | उस से जो | तुम ख़र्च करो | जब तक | नेकी | तुम हरगिज़ न पहुँचोगे |

مِنْ شَیْءٍ فَاِنَّ اللّٰهَ بِهٖ عَلِیْمٌ ﴿٩٢﴾ كُلُّ الطَّعَامِ كَانَ حِلًّا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हलाल | थे | खाने | तमाम | 92 | जानने वाला | उस को | अल्लाह | तो बेशक | से (कोई) चीज़ |

لِّبَنِیْۤ اِسْرَآءِیْلَ اِلَّا مَا حَرَّمَ اِسْرَآءِیْلُ عَلٰی نَفْسِهٖ مِنْ قَبْلِ اَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | क़ब्ल | से | अपनी जान | पर | इस्राईल (याकूब अ) | जो हराम कर लिया | मगर | बनी इस्राईल के लिए |

تُنَزَّلَ التَّوْرٰىةُ ؕ قُلْ فَاْتُوْا بِالتَّوْرٰىةِ فَاتْلُوْهَاۤ اِنْ كُنْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम हो | अगर | फिर उस को पढ़ो | तौरेत | सो तुम लाओ | आप कह दें | तौरेत | नाज़िल की जाए (उतरे) |

صٰدِقِیْنَ ﴿٩٣﴾ فَمَنِ افْتَرٰی عَلَی اللّٰهِ الْكَذِبَ مِنْۢ بَعْدِ ذٰلِكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस | से - बाद | झूट | अल्लाह | पर | झूट बाँधे | फिर जो | 93 | सच्चे |

فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٩٤﴾ قُلْ صَدَقَ اللّٰهُ ۫ فَاتَّبِعُوْا مِلَّةَ اِبْرٰهِیْمَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इब्राहीम (अ) | दीन | अब पैरवी करो | अल्लाह | सच फ़रमाया | आप कह दें | 94 | ज़ालिम (जमा) | वह | तो वही लोग |

حَنِیْفًا ؕ وَمَا كَانَ مِنَ الْمُشْرِكِیْنَ ﴿٩٥﴾ اِنَّ اَوَّلَ بَیْتٍ وُّضِعَ لِلنَّاسِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोगों के लिए | मुक़र्रर किया गया | घर | पहला | बेशक | 95 | मुश्रिक (जमा) | से | थे | और न | हनीफ़ |

لَلَّذِیْ بِبَكَّةَ مُبٰرَكًا وَّهُدًی لِّلْعٰلَمِیْنَ ﴿٩٦﴾ فِیْهِ اٰیٰتٌۢ بَیِّنٰتٌ مَّقَامُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुक़ामे | खुली | निशानियां | उस में | 96 | तमाम जहानों के लिए | और हिदायत | बरकत वाला | मक्का में | जो |

اِبْرٰهِیْمَ ۬ۚ وَمَنْ دَخَلَهٗ كَانَ اٰمِنًا ؕ وَلِلّٰهِ عَلَی النَّاسِ حِجُّ الْبَیْتِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ानाए काअबा का हज करना | लोग | पर | और अल्लाह के लिए | अमन में | हो गया | दाख़िल हुआ उस में | और जो | इब्राहीम |

مَنِ اسْتَطَاعَ اِلَیْهِ سَبِیْلًا ؕ وَمَنْ كَفَرَ فَاِنَّ اللّٰهَ غَنِیٌّ عَنِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | बेनियाज़ | अल्लाह | तो बेशक | कुफ़्र किया | और जो - जिस | राह | उस की तरफ़ | इस्तिताअत रखता हो | जो |

الْعٰلَمِیْنَ ﴿٩٧﴾ قُلْ یٰۤاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَكْفُرُوْنَ بِاٰیٰتِ اللّٰهِ ۖۗ وَاللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह | अल्लाह | आयतें | तुम इन्कार करते हो | क्यों | ऐ अहले किताब | कह दें | 97 | जहान वाले |

شَهِیْدٌ عَلٰی مَا تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٨﴾ قُلْ یٰۤاَهْلَ الْكِتٰبِ لِمَ تَصُدُّوْنَ عَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | क्यों रोकते हो? | ऐ अहले किताब | कह दें | 98 | तुम करते हो | पर | गवाह |

سَبِیْلِ اللّٰهِ مَنْ اٰمَنَ تَبْغُوْنَهَا عِوَجًا وَّاَنْتُمْ شُهَدَآءُ ؕ وَمَا اللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और नहीं | गवाह (जमा) | और तुम ख़ुद | कजी | तुम ढूंडते हो उस में | ईमान लाए | जो | अल्लाह का रास्ता |

بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٩﴾ یٰۤاَیُّهَا الَّذِیْنَ اٰمَنُوْۤا اِنْ تُطِیْعُوْا فَرِیْقًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक गिरोह | तुम कहा मानोगे | अगर | ईमान लाए | वह जो कि | ऐ | 99 | तुम करते हो | से - जो | बेख़बर |

مِّنَ الَّذِیْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ یَرُدُّوْكُمْ بَعْدَ اِیْمَانِكُمْ كٰفِرِیْنَ ﴿١٠٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | हालते कुफ़्र | तुम्हारे ईमान | बाद | वह फेर देंगे तुम्हें | दी गई किताब | वह लोग जो | से |

وقف جبريل عليه السلام

तुम हरगिज़ नेकी को न पहुँचोगे, जब तक उस में से ख़र्च न करो जिस से तुम मुहब्बत रखते हो, और जो तुम ख़र्च करोगे कोई चीज़, तो बेशक अल्लाह उस को जानने वाला है। (92)

तमाम खाने हलाल थे बनी इस्राईल के लिए, मगर जो याकूब (अ) ने अपने आप पर हराम कर लिया था उस से क़ब्ल कि तौरेत उतरे, आप कह दें कि तुम तौरेत लाओ, फिर उस को पढ़ो अगर तुम सच्चे हो। (93)

फिर जो कोई अल्लाह पर उस के बाद झूट बाँधे, तो वही लोग ज़ालिम हैं। (94)

आप कह दें अल्लाह ने सच फ़र्माया, अब तुम इब्राहीम हनीफ़ (एक के हो जाने वाले) के दीन की पैरवी करो और वह मुश्रिकों में से न थे। (95)

बेशक सब से पहले जो घर मुक़र्रर किया गया लोगों के लिए वह जो मक्का में है बरकत वाला और सारे जहानों के लिए हिदायत। (96)

उस में निशानियां है खुली (जैसे) मुक़ामे इब्राहीम (अ), और जो उस में दाख़िल हुआ वह अम्न में हो गया, और अल्लाह के लिए (अल्लाह का हक़ है) लोगों पर ख़ानाए काअबा का हज करना, जो उस की तरफ़ राह (चलने की) इस्तिताअत रखता हो, और जिस ने कुफ़्र किया, तो बेशक अल्लाह जहान वालों से बेनियाज़ है। (97)

आप (स) कह दें, ऐ अहले किताब! क्यों तुम अल्लाह की आयतों का इन्कार करते हो? और अल्लाह उस पर गवाह है (बाख़बर है) जो तुम करते हो। (98)

आप (स) कह दें, ऐ अहले किताब! तुम अल्लाह के रास्ते से क्यों रोकते हो (उस को)? जो अल्लाह पर ईमान लाए तुम उस में कजी ढूंडते हो, और तुम ख़ुद गवाह हो, और अल्लाह उस से बेख़बर नहीं जो तुम करते हो। (99)

ऐ वह लोगो जो ईमान लाए हो (ऐ ईमान वालो!) अगर कहा मानोगे उन लोगों के एक फ़रीक़ का जिन्हें किताब दी गई (अहले किताब) वह तुम्हारे ईमान लाने के बाद तुम्हें (हालते) कुफ़्र में फेर देंगे। (100)

और तुम कैसे कुफ़्र करते हो? जबकि तुम पर अल्लाह की आयतें पढ़ी जाती हैं, और तुम्हारे दरमियान उस का रसूल (स) मौजूद है, और जो कोई मज़बूती से पकड़ेगा अल्लाह (की रस्सी) को तो उसे सीधे रास्ते की तरफ़ हिदायत दी गई। (101)

ऐ वह लोगो जो ईमान लाए हो (ऐ ईमान वालो)! अल्लाह से डरो जैसा कि उस से डरने का हक़ है, और तुम हरगिज़ न मरना मगर (उस हाल में) कि तुम मुसलमान हो। (102)

और मज़बूती से पकड़ लो अल्लाह की रस्सी को सब मिल कर और आपस में फूट न डालो, और अपने ऊपर अल्लाह की नेमत को याद करो, जब तुम (एक दूसरे के) दुश्मन थे तो उस ने तुम्हारे दिलों में उल्फ़त डाल दी, तो तुम उस के फ़ज़्ल से भाई भाई हो गए, और तुम आग के गढ़े के किनारे पर थे तो उस ने तुम्हें उस से बचा लिया, इसी तरह वह तुम्हारे लिए अपनी आयात वाज़ेह करता है ताकि तुम हिदायत पाओ। (103)

और चाहिए कि तुम में से एक जमाअ़त रहे, वह भलाई की तरफ़ बुलाए और अच्छे कामों का हुक्म दे, और बुराई से रोके, और यही लोग कामयाब होने वाले हैं। (104)

और उन लोगों की तरह न हो जाओ जो मुतफ़र्रिक़ हो गए और वाहम इख़्तिलाफ़ करने लगे उस के बाद कि उन के पास वाज़ेह हुक्म आगए, और यही लोग हैं उन के लिए है अज़ाब बहुत बड़ा। (105)

जिस दिन बाज़ चहरे सफ़ेद होंगे, और बाज़ चहरे सियाह होंगे, पस जिन लोगों के सियाह हुए चहरे (उन से कहा जाएगा) क्या तुम ने अपने ईमान के बाद कुफ़्र किया? तो अब अ़ज़ाब चखो, क्यों कि तुम कुफ़्र करते थे। (106)

और अलबत्ता जिन लोगों के चहरे सफ़ेद होंगे, वह अल्लाह की रहमत में होंगे, वह उस में हमेशा रहेंगे। (107)

यह अल्लाह की आयात हैं, हम आप पर ठीक ठीक पढ़ते हैं, और अल्लाह जहान वालों पर कोई ज़ुल्म नहीं चाहता। (108)

وَكَيْفَ تَكْفُرُوْنَ وَاَنْتُمْ تُتْلٰى عَلَيْكُمْ اٰيٰتُ اللّٰهِ وَفِيْكُمْ رَسُوْلُهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का रसूल | और तुम्हारे दरमियान | अल्लाह | आयतें | तुम पर | पढ़ी जाती हैं | जबकि तुम | तुम कुफ़्र करते हो | और कैसे |

وَمَنْ يَّعْتَصِمْ بِاللّٰهِ فَقَدْ هُدِيَ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ۝١٠١ ع ۱۰ / ۱

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | सीधा रास्ता | तरफ़ | तो उसे हिदायत दी गई | अल्लाह को | मज़बूत पकड़ेगा | और जो |

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ حَقَّ تُقٰتِهٖ وَلَا تَمُوْتُنَّ اِلَّا وَاَنْتُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम | मगर | और तुम हरगिज न मरना | उस से डरना | हक़ | अल्लाह | तुम डरो | ईमान लाए | वह जो कि | ऐ |

مُّسْلِمُوْنَ ۝١٠٢ وَاعْتَصِمُوْا بِحَبْلِ اللّٰهِ جَمِيْعًا وَّلَا تَفَرَّقُوْا وَاذْكُرُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और याद करो | आपस में फूट डालो | और न | सब मिल कर | अल्लाह | रस्सी को | और मज़बूती से पकड़ लो | 102 | मुसलमान (जमा) |

نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ اِذْ كُنْتُمْ اَعْدَآءً فَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِكُمْ فَاَصْبَحْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो तुम हो गए | तुम्हारे दिलों में | तो उल्फ़त डाल दी | दुश्मन (जमा) | जब तुम थे | तुम पर | अल्लाह | नेमत |

بِنِعْمَتِهٖٓ اِخْوَانًا ۚ وَكُنْتُمْ عَلٰى شَفَا حُفْرَةٍ مِّنَ النَّارِ فَاَنْقَذَكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो तुम्हें बचा लिया | आग | से (के) | गढ़ा | किनारा | पर | और तुम थे | भाई भाई | उस के फ़ज़्ल से |

مِّنْهَا ۗ كَذٰلِكَ يُبَيِّنُ اللّٰهُ لَكُمْ اٰيٰتِهٖ لَعَلَّكُمْ تَهْتَدُوْنَ ۝١٠٣ وَلْتَكُنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और चाहिए रहे | 103 | हिदायत पाओ | ताकि तुम | अपनी आयात | तुम्हारे लिए | अल्लाह | वाज़ेह करता है | इसी तरह | उस से |

مِّنْكُمْ اُمَّةٌ يَّدْعُوْنَ اِلَى الْخَيْرِ وَيَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَيَنْهَوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह रोके | अच्छे कामों का | और वह हुक्म दे | भलाई | तरफ़ | वह बुलाए | एक जमाअ़त | तुम से (में) |

عَنِ الْمُنْكَرِ ۗ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ۝١٠٤ وَلَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन की तरह जो | और न हो जाओ | 104 | कामयाब होने वाले | वह | और यही लोग | बुराई से |

تَفَرَّقُوْا وَاخْتَلَفُوْا مِنْۢ بَعْدِ مَا جَآءَهُمُ الْبَيِّنٰتُ ۗ وَاُولٰٓئِكَ لَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और यही लोग | वाज़ेह हुक्म | उन के पास आगए | कि | उस के बाद | और बाहम इख़्तिलाफ़ करने लगे | मुतफ़र्रिक़ हो गए |

عَذَابٌ عَظِيْمٌ ۝١٠٥ يَّوْمَ تَبْيَضُّ وُجُوْهٌ وَّتَسْوَدُّ وُجُوْهٌ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ चहरे | और सियाह होंगे | बाज़ चहरे | सफ़ेद होंगे | दिन | 105 | बड़ा | अ़ज़ाब |

فَاَمَّا الَّذِيْنَ اسْوَدَّتْ وُجُوْهُهُمْ ۚ اَكَفَرْتُمْ بَعْدَ اِيْمَانِكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने ईमान | बाद | क्या तुम ने कुफ़्र किया | उन के चहरे | सियाह हुए | लोग | पस जो |

فَذُوْقُوا الْعَذَابَ بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُوْنَ ۝١٠٦ وَاَمَّا الَّذِيْنَ ابْيَضَّتْ وُجُوْهُهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के चहरे | सफ़ेद होंगे | वह लोग जो | और अलबत्ता | 106 | कुफ़्र करते | तुम थे | क्यों कि | अज़ाब | तो चखो |

فَفِيْ رَحْمَةِ اللّٰهِ ۗ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ۝١٠٧ تِلْكَ اٰيٰتُ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की आयात | यह | 107 | हमेशा रहेंगे | उस में | वह | अल्लाह की रहमत | सो - में |

نَتْلُوْهَا عَلَيْكَ بِالْحَقِّ ۗ وَمَا اللّٰهُ يُرِيْدُ ظُلْمًا لِّلْعٰلَمِيْنَ ۝١٠٨

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 108 | जहान वालों के लिए | कोई ज़ुल्म | चाहता | अल्लाह | और नहीं | ठीक ठीक | आप पर | हम पढ़ते हैं वह |

ع ١١ ٨ ٢

وَلِلّٰهِ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى الْاَرْضِ ؕ وَاِلَى اللّٰهِ تُرْجَعُ الْاُمُوْرُ ۱۰۹ ع

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह के लिए जो | आस्मानों में | और जो | ज़मीन में | और अल्लाह की तरफ़ | लौटाए जाएंगे | तमाम काम | 109 |

كُنْتُمْ خَيْرَ اُمَّةٍ اُخْرِجَتْ لِلنَّاسِ تَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम हो | बेहतरीन | उम्मत | भेजी गई | लोगों के लिए | तुम हुक्म करते हो | अच्छे कामों का |

وَتَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَتُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ ؕ وَلَوْ اٰمَنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और मना करते हो | से | बुरे काम | और ईमान लाते हो | अल्लाह पर | और अगर | ईमान ले आते |

اَهْلُ الْكِتٰبِ لَكَانَ خَيْرًا لَّهُمْ ؕ مِنْهُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ وَاَكْثَرُهُمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अहले किताब | तो था | बेहतर | उन के लिए | उन से | ईमान वाले | और उन के अक्सर |

الْفٰسِقُوْنَ ۱۱۰ لَنْ يَّضُرُّوْكُمْ اِلَّاۤ اَذًى ؕ وَاِنْ يُّقَاتِلُوْكُمْ يُوَلُّوْكُمُ الْاَدْبَارَ ۟

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नाफ़रमान | 110 | हरगिज़ न | बिगाड़ सकेंगे तुम्हारा | सिवाए | सताना | और अगर | वह तुम से लड़ेंगे | वह तुम्हें पीठ दिखाएंगे | पीठ (जमा) |

ثُمَّ لَا يُنْصَرُوْنَ ۱۱۱ ضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الذِّلَّةُ اَيْنَ مَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | उन की मदद न होगी | 111 | चस्पां कर दी गई | उन पर | ज़िल्लत | जहां कहीं |

ثُقِفُوْۤا اِلَّا بِحَبْلٍ مِّنَ اللّٰهِ وَحَبْلٍ مِّنَ النَّاسِ وَبَآءُوْ بِغَضَبٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह पाए जाएं | सिवाए | उस (अ़हद) | अल्लाह से | और उस (अ़हद) | लोगों से | वह लौटे | ग़ज़ब के साथ |

مِّنَ اللّٰهِ وَضُرِبَتْ عَلَيْهِمُ الْمَسْكَنَةُ ؕ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ كَانُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह से (के) | और चस्पां कर दी गई | उन पर | मोहताजी | यह | इस लिए कि वह | थे |

يَكْفُرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ وَيَقْتُلُوْنَ الْاَنْۢبِيَآءَ بِغَيْرِ حَقٍّ ؕ ذٰلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्कार करते | आयतें | अल्लाह | और क़त्ल करते थे | नबी (जमा) | नाहक़ | यह |

بِمَا عَصَوْا وَّكَانُوْا يَعْتَدُوْنَ ۱۱۲ ق لَيْسُوْا سَوَآءً ؕ مِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस लिए | उन्हों ने नाफ़रमानी की | और थे | हद से बढ़ जाते | 112 | नहीं | बराबर | से (में) |

اَهْلِ الْكِتٰبِ اُمَّةٌ قَآئِمَةٌ يَّتْلُوْنَ اٰيٰتِ اللّٰهِ اٰنَآءَ الَّيْلِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अहले किताब | एक जमाअ़त | क़ाइम | वह पढ़ते हैं | अल्लाह की आयात | औक़ात - रात |

وَهُمْ يَسْجُدُوْنَ ۱۱۳ يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | सिज्दा करते हैं | 113 | ईमान रखते हैं | अल्लाह पर | और दिन | आख़िरत |

وَيَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَيَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَيُسَارِعُوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और हुक्म करते हैं | अच्छी बात का | और मना करते हैं | से | बुरे काम | और वह दौड़ते हैं |

فِى الْخَيْرٰتِ ؕ وَاُولٰٓئِكَ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ۱۱۴ وَمَا يَفْعَلُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | नेक काम | और यही लोग | से | नेकोकार (जमा) | 114 | और जो | वह करेंगे |

مِنْ خَيْرٍ فَلَنْ يُّكْفَرُوْهُ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالْمُتَّقِيْنَ ۱۱۵

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से (कोई) | नेकी | तो हरगिज़ नाक़द्री न होगी उस की | और अल्लाह | जानने वाला | परहेज़गारों को | 115 |

और अल्लाह के लिए है जो आस्मानों और ज़मीन में है, और तमाम काम अल्लाह की तरफ़ लौटाए जाएंगे। (109)

तुम बेहतरीन उम्मत हो जो लोगों के लिए भेजी गई (पैदा की गई) तुम अच्छे कामों का हुक्म करते हो और बुरे कामों से मना करते हो और अल्लाह पर ईमान लाते हो, और अगर अहले किताब ईमान ले आते तो उन के लिए बेहतर था, उन में (कुछ) ईमान वाले हैं और उन में से अक्सर नाफ़रमान हैं। (110)

वह सताने के सिवा तुम्हारा हरगिज कुछ न बिगाड़ सकेंगे, और अगर वह तुम से लड़ेंगे तो वह तुम्हें पीठ दिखाएंगे, फिर उन की मदद न होगी, (111)

उन पर जिल्लत चस्पां कर दी गई, जहां कहीं वह पाए जाएं, सिवाए उस के कि अल्लाह के अ़हद में आ जाएं और लोगों के अहद में, वह लौटे अल्लाह के ग़ज़ब के साथ और उन पर चस्पां कर दी गई मोहताजी, यह इस लिए कि वह अल्लाह की आयात का इन्कार करते थे, और नबियों को नाहक़ क़त्ल करते थे, यह इस लिए (था) कि उन्हों ने नाफ़रमानी की और वह हद से बढ़ जाते थे। (112)

अहले किताब में सब बराबर नहीं, एक जमाअ़त (सीधी राह पर) क़ाइम है, और रात के औक़ात में, अल्लाह की आयात पढ़ते हैं, और वह सिज्दा करते हैं। (113)

वह ईमान रखते हैं अल्लाह पर और आखिरत के दिन पर, और वह अच्छी बात का हुक्म करते हैं और बुरे काम से रोकते हैं और वह नेक कामों में दौड़ते हैं, और यही लोग नेकोकारों में से हैं। (114)

और वह जो करेंगे कोई नेकी तो हरगिज उस की नाक़द्री न होगी, और अल्लाह परहेज़गारों को जानने वाला है। (115)

बेशक जिन लोगों ने कुफ़्र किया, हरगिज़ अल्लाह के आगे उन के माल और न उन की औलाद कुछ भी काम आएंगे, और यही लोग दोज़ख़ वाले हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। (116)

उन की मिसाल जो ख़र्च करते हैं इस दुन्या में ऐसी है जैसे हवा हो, उस में पाला हो, वह जा लगे खेती को उस क़ौम की जिन्हों ने अपनी जानों पर ज़ुल्म किया, फिर उस को तबाह कर दे, अल्लाह ने उन पर ज़ुल्म नहीं किया, बल्कि वह अपनी जानों पर खुद ज़ुल्म करते हैं। (117)

ऐ ईमान वालो! अपनों के सिवा किसी को राजदार न बनाओ वह तुम्हारी ख़राबी में कमी नहीं करते, वह चाहते हैं कि तुम तक्लीफ़ पाओ, (उन की) दुश्मनी ज़ाहिर हो चुकी है उन के मुंह से, और जो उन के सीनों में छुपा हुआ है वह (उस से भी) बड़ा है, हम ने तुम्हारे लिए आयात खोल कर बयान कर दी हैं अगर तुम अक़्ल रखते हो। (118)

सुन लो! तुम वह लोग हो जो उन को दोस्त रखते हो और वह तुम्हें दोस्त नहीं रखते और तुम सब किताबों पर ईमान रखते हो, और जब तुम से मिलते हैं तो कहते हैं हम ईमान लाए, और जब अकेले होते हैं तो वह तुम पर गुस्से से उंगलियां चबाते हैं, कह दीजिए! तुम अपने गु़स्से में मर जाओ, बेशक अल्लाह दिल की बातों को (खूब) जानने वाला है। (119)

अगर तुम्हें कोई भलाई पहुँचे तो उन्हें बुरी लगती है, और अगर तुम्हें कोई बुराई पहुँचे तो वह उस से खुश होते हैं, और अगर तुम सब्र करो, और परहेज़गारी करो, तुम्हारा न बिगाड़ सकेगा उन का फ़रेब कुछ भी, बेशक जो कुछ वह करते हैं अल्लाह उसे घेरे हुए है,) (120)

और जब आप सुब्ह सवेरे निकले अपने घर से, मोमिनों को जंग के मोर्चों पर बिठाने लगे, और अल्लाह सुनने वाला जानने वाला है, (121)

إِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَنْ تُغْنِيَ عَنْهُمْ اَمْوَالُهُمْ وَلَآ اَوْلَادُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन की औलाद | और न | उन के माल | उन से (के) | हरगिज़ काम न आएगा | कुफ़्र किया | वह लोग जो | बेशक |

مِّنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ۭ وَاُولٰۗىِٕكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ۚ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿١١٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 116 | हमेशा रहेंगे | उस में | वह | आग (दोज़ख़) वाले | और यही लोग | कुछ | अल्लाह से (आगे) |

مَثَلُ مَا يُنْفِقُوْنَ فِيْ هٰذِهِ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا كَمَثَلِ رِيْحٍ فِيْهَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | हवा | ऐसी - जैसे | दुन्या | जिन्दगी | इस | में | ख़र्च करते है | जो | मिसाल |

صِرٌّ اَصَابَتْ حَرْثَ قَوْمٍ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ فَاَهْلَكَتْهُ ۭ وَمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नही | फिर उस को हलाक कर दे | जानें अपनी | उन्हों ने ज़ुल्म किया | क़ौम | खेती | वह जा लगे | पाला |

ظَلَمَهُمُ اللّٰهُ وَلٰكِنْ اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ﴿١١٧﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो ईमान लाए (ईमान वालो) | ऐ | 117 | वह ज़ुल्म करते है | अपनी जानें | बल्कि | अल्लाह | ज़ुल्म किया उन पर |

لَا تَتَّخِذُوْا بِطَانَةً مِّنْ دُوْنِكُمْ لَا يَاْلُوْنَكُمْ خَبَالًا ۭ وَدُّوْا مَا عَنِتُّمْ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम तक्लीफ़ पाओ | कि | वह चाहते है | ख़राबी | वह कमी नही करते | सिवाए - अपने | से | दोस्त (राजदार) | न बनाओ |

قَدْ بَدَتِ الْبَغْضَاۗءُ مِنْ اَفْوَاهِهِمْ ښ وَمَا تُخْفِيْ صُدُوْرُھُمْ اَكْبَرُ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बड़ा | उन के सीने | छुपा हुआ | और जो | उन के मुँह | से | दुश्मनी | अलबत्ता ज़ाहिर हो चुकी |

قَدْ بَيَّنَّا لَكُمُ الْاٰيٰتِ اِنْ كُنْتُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿١١٨﴾ ھٰٓاَنْتُمْ اُولَاۗءِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग | सुन लो - तुम | 118 | अक़्ल रखते | तुम हो | अगर | आयात | तुम्हारे लिए | हम ने खोल कर बयान कर दिया |

تُحِبُّوْنَھُمْ وَلَا يُحِبُّوْنَكُمْ وَتُؤْمِنُوْنَ بِالْكِتٰبِ كُلِّهٖ ۚ وَاِذَا لَقُوْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह तुम से मिलते हैं | और जब | सब | किताब पर | और तुम ईमान रखते हो | वह दोस्त रखते है तुमहें | और नही | तुम दोस्त रखते हो उन को |

قَالُوْٓا اٰمَنَّا ٻ وَاِذَا خَلَوْا عَضُّوْا عَلَيْكُمُ الْاَنَامِلَ مِنَ الْغَيْظِ ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गुस्से | से | उंगलियाँ | तुम पर | वह काटते है | अकेले होते है | और जब | हम ईमान लाए | कहते है |

قُلْ مُوْتُوْا بِغَيْظِكُمْ ۭ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿١١٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 119 | सीने वाली (दिल की बातें) | जानने वाला | बेशक अल्लाह | अपने गुस्से में | तुम मर जाओ | कह दीजिए |

اِنْ تَمْسَسْكُمْ حَسَنَةٌ تَسُؤْھُمْ ۡ وَاِنْ تُصِبْكُمْ سَيِّئَةٌ يَّفْرَحُوْا بِهَا ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से | वह खुश होते है | कोई बुराई | तुम्हें पहुँचे | और अगर | उन्हें बुरी लगती है | कोई भलाई | पहुँचे तुम्हें | अगर |

وَاِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا لَا يَضُرُّكُمْ كَيْدُھُمْ شَـيْـــًٔا ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुछ | उन का फ़रेब | न बिगाड़ सकेगा तुम्हारा | और परहेज़गारी करो | तुम सब्र करो | और अगर |

اِنَّ اللّٰهَ بِمَا يَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ﴿١٢٠﴾ ۧ وَاِذْ غَدَوْتَ مِنْ اَھْلِكَ ١٢ ع ١١ ٣

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने घर | से | आप सुब्ह सवेरे निकले | और जब | 120 | घेरे हुए है | वह करते है | जो कुछ | अल्लाह | बेशक |

تُبَوِّئُ الْمُؤْمِنِيْنَ مَقَاعِدَ لِلْقِتَالِ ۭ وَاللّٰهُ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿١٢١﴾ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121 | जानने वाला | सुनने वाला | और अल्लाह | जंग के | ठिकाने | मोमिन (जमा) | बिठाने लगे |

اِذْ هَمَّتْ طَّآىِٕفَتٰنِ مِنْكُمْ اَنْ تَفْشَلَا ۙ وَاللّٰهُ وَلِيُّهُمَا ۗ وَعَلَى اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह पर | उनका मददगार | और अल्लाह | हिम्मत हार दें | कि | तुम से | दो गिरोह | इरादा किया | जब |

فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿١٢٢﴾ وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कमज़ोर | जबकि तुम | बद्र में | अल्लाह | मदद कर चुका तुम्हारी | और अलबत्ता | 122 | मोमिन | चाहिए भरोसा करें |

فَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿١٢٣﴾ اِذْ تَقُوْلُ لِلْمُؤْمِنِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मोमिनों को | कहने लगे | जब आप | 123 | शुक्रगुज़ार हो | ताकि तुम | अल्लाह | तो डरो |

اَلَنْ يَّكْفِيَكُمْ اَنْ يُّمِدَّكُمْ رَبُّكُمْ بِثَلٰثَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓىِٕكَةِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़रिश्ते | से | तीन हज़ार से | तुम्हारा रब | मदद करे तुम्हारी | कि | क्या काफ़ी नहीं तुम्हारे लिए |

مُنْزَلِيْنَ ﴿١٢٤﴾ بَلٰٓى ۙ اِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا وَيَاْتُوْكُمْ مِّنْ فَوْرِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़ौरन - वह | से | और तुम पर आएं | और परहेज़गारी करो | तुम सब्र करो | अगर | क्यों नहीं | 124 | उतारे हुए |

الربع

هٰذَا يُمْدِدْكُمْ رَبُّكُمْ بِخَمْسَةِ اٰلٰفٍ مِّنَ الْمَلٰٓىِٕكَةِ مُسَوِّمِيْنَ ﴿١٢٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 125 | निशान ज़दा | फ़रिश्ते | से | पाँच हज़ार | तुम्हारा रब | मदद करेगा तुम्हारी | यह |

وَمَا جَعَلَهُ اللّٰهُ اِلَّا بُشْرٰى لَكُمْ وَلِتَطْمَىِٕنَّ قُلُوْبُكُمْ بِهٖ ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से | तुम्हारे दिल | और इस लिए कि इत्मीनान हो | तुम्हारे लिए | ख़ुशख़बरी | मगर (सिर्फ़) | अल्लाह | किया - यह | और नहीं |

وَمَا النَّصْرُ اِلَّا مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ الْعَزِيْزِ الْحَكِيْمِ ﴿١٢٦﴾ لِيَقْطَعَ طَرَفًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गिरोह | ताकि काट डाले | 126 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | अल्लाह के पास | से | मगर (सिवाए) | मदद | और नहीं |

مِّنَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اَوْ يَكْبِتَهُمْ فَيَنْقَلِبُوْا خَآىِٕبِيْنَ ﴿١٢٧﴾ لَيْسَ لَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं - आप (स) के लिए | 127 | नामुराद | तो वह लौट जाएं | उन्हें ज़लील करे | या | उन्हों ने कुफ़्र किया | वह लोग जो | से |

مِنَ الْاَمْرِ شَيْءٌ اَوْ يَتُوْبَ عَلَيْهِمْ اَوْ يُعَذِّبَهُمْ فَاِنَّهُمْ ظٰلِمُوْنَ ﴿١٢٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | ज़ालिम (जमा) | क्यों कि वह | उन्हें अज़ाब दे | या | उन की | ख़्वाह तौबा कुबूल कर ले | कुछ | काम (दख़्ल) | से |

وَلِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۗ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चाहे | जिस को | वह बख़्श दे | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में | और अल्लाह के लिए जो |

١٣ ع ٩ ٤

وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ۗ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٢٩﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | ऐ | 129 | मेहरबान | बख़्शने वाला | और अल्लाह | चाहे | जिस | और अज़ाब दे |

اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوا الرِّبٰٓوا اَضْعَافًا مُّضٰعَفَةً ۠ وَّاتَّقُوا اللّٰهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और डरो | दुगना हुआ (चौगना) | दुगना | सूद | न खाओ | ईमान लाए (ईमान वाले) |

لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ﴿١٣٠﴾ وَاتَّقُوا النَّارَ الَّتِيْٓ اُعِدَّتْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तैयार की गई | जो कि | आग | और - डरो | 130 | फ़लाह पाओ | ताकि तुम |

لِلْكٰفِرِيْنَ ﴿١٣١﴾ وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَالرَّسُوْلَ لَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ﴿١٣٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 132 | रह्म किया जाए | ताकि तुम पर | और रसूल | अल्लाह | और हुक्म मानो तुम | 131 | काफ़िरों के लिए |

जब तुम में से दो गिरोहों ने इरादा किया कि हिम्मत हार दें, और अल्लाह उन का मददगार था, और अल्लाह पर चाहिए कि मोमिन भरोसा करें। (122)

और अलबत्ता अल्लाह तुम्हारी बद्र में मदद कर चुका है, जबकि तुम कमज़ोर (समझे जाते) थे, तो अल्लाह से डरो ताकि तुम शुक्रगुज़ार हो। (123)

जब आप मोमिनों को कहते थे क्या तुम्हारे लिए यह काफ़ी नहीं? कि तुम्हारा रब तुम्हारी मदद करे तीन हज़ार फ़रिश्तों से उतारे हुए। (124)

क्यों नहीं अगर तुम सब्र करो, और परहेज़गारी करो, और वह तुम पर फ़ौरन चढ़ आएं तो तुम्हारा रब तुम्हारी मदद करेगा पाँच हज़ार निशान ज़दा फ़रिश्तों से। (125)

और यह अल्लाह ने सिर्फ़ तुम्हारी ख़ुशख़बरी के लिए किया और इस लिए कि उस से तुम्हारे दिलों को इत्मीनान हो, और नहीं मदद मगर (सिर्फ़) अल्लाह के पास से है जो ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (126)

ताकि वह उन लोगों में से एक गिरोह को काट डाले जिन्हों ने कुफ़्र किया, या उन्हें ज़लील कर दे तो वह नामुराद लौट जाएं। (127)

आप (स) का उस में दख़्ल नहीं कुछ भी, ख़्वाह (अल्लाह) उन की तौबा कुबूल करे या उन्हें अज़ाब दे, क्यों कि वह ज़ालिम हैं। (128)

और अल्लाह ही के लिए है जो आस्मानों में और जो ज़मीन में है, और जिस को चाहे बख़्श दे और अज़ाब दे जिस को चाहे, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (129)

ईमान वालो! न खाओ सूद, दुगना, चौगना, और अल्लाह से डरो, ताकि तुम फ़लाह पाओ। (130)

और डरो उस आग से जो काफ़िरों के लिए तैयार की गई है। (131)

और तुम अल्लाह और रसूल (स) का हुक्म मानो ताकि तुम पर रह्म किया जाए। (132)

और दौड़ो अपने रब की बख़्शिश और जन्नत की तरफ़, जिस का अर्ज़ आस्मानों और ज़मीन (के बराबर) है, तैयार की गई है परहेज़गारों के लिए। (133)

जो ख़र्च करते हैं ख़ुशी (ख़ुशहाली) और तक्लीफ़ में, और पी जाते हैं गुस्सा, और मुआफ़ कर देते हैं लोगों को, और अल्लाह दोस्त रखता है एहसान करने वालों को। (134)

और वह लोग जो बेहयाई करें या अपने तईं कोई ज़ुल्म कर बैठें, तो वह अल्लाह को याद करें, फिर अपने गुनाहों के लिए बख़्शिश मांगें, और कौन गुनाह बख़्शता है अल्लाह के सिवा? और जो उन्हों ने किया उस पर न अड़ें, और वह जानते हैं। (135)

ऐसे ही लोगों की जज़ा उन के रब की तरफ़ से बख़्शिश और बाग़ात हैं जिन के नीचे बहती हैं नहरें, वह उन में हमेशा रहेंगे, और कैसा अच्छा बदला है काम करने वालों का! (136)

गुज़र चुके हैं तुम से पहले तरीक़े (वाक़िआत) तो ज़मीन में चलो फिरो, फिर देखो कैसा अन्जाम हुआ झुटलाने वालों का! (137)

यह बयान है लोगों के लिए और हिदायत और नसीहत परहेज़गारों के लिए। (138)

और तुम सुस्त न पड़ो और ग़म न खाओ, और तुम ही ग़ालिब रहोगे अगर तुम ईमान वाले हो। (139)

अगर तुम को ज़ख़्म पहुँचा तो अलबत्ता पहुँचा है उस क़ौम को (भी) उस जैसा ही ज़ख़्म, और यह दिन हैं हम लोगों के दरमियान बारी बारी बदलते रहते हैं, और ताकि अल्लाह मालूम कर ले उन लोगों को जो ईमान लाए, और तुम में से (बाज़ को) शहीद बनाए (दरजाए शहादत दे), और अल्लाह ज़ालिमों को दोस्त नहीं रखता। (140)

وَسَارِعُوْٓا اِلٰى مَغْفِرَةٍ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَجَنَّةٍ عَرْضُهَا السَّمٰوٰتُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान (जमा) | उस का अर्ज़ | और जन्नत | अपना रब | से | बख़्शिश | तरफ़ | और दौड़ो |

وَالْاَرْضُ ۙ اُعِدَّتْ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿١٣٣﴾ الَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ فِي السَّرَّآءِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ुशी में | ख़र्च करते हैं | जो लोग | 133 | परहेज़गारों के लिए | तैयार की गई | और ज़मीन |

وَالضَّرَّآءِ وَالْكٰظِمِيْنَ الْغَيْظَ وَالْعَافِيْنَ عَنِ النَّاسِ ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लोग | से | और मुआफ़ करते हैं | गुस्सा | और पी जाते हैं | और तक्लीफ़ |

وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٣٤﴾ وَالَّذِيْنَ اِذَا فَعَلُوْا فَاحِشَةً اَوْ ظَلَمُوْٓا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ुल्म करें | या | कोई बेहयाई | वह करें | जब | और वह लोग जो | 134 | एहसान करने वाले | दोस्त रखता है | और अल्लाह |

اَنْفُسَهُمْ ذَكَرُوا اللّٰهَ فَاسْتَغْفَرُوْا لِذُنُوْبِهِمْ ۠ وَمَنْ يَّغْفِرُ الذُّنُوْبَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुनाह | बख़्शता है | और कौन | अपने गुनाहों के लिए | फिर बख़्शिश मांगें | वह अल्लाह को याद करें | अपने तईं |

اِلَّا اللّٰهُ ڞ وَلَمْ يُصِرُّوْا عَلٰي مَا فَعَلُوْا وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ﴿١٣٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 135 | जानते हैं | और वह | उन्हों ने किया | जो | पर | वह अड़ें | और न | अल्लाह के सिवा |

اُولٰۗىِٕكَ جَزَاۗؤُھُمْ مَّغْفِرَةٌ مِّنْ رَّبِّھِمْ وَجَنّٰتٌ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और बाग़ात | उन का रब | से | बख़्शिश | उन की जज़ा | यही लोग |

تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۭ وَنِعْمَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और कैसा अच्छा | उस में | हमेशा रहेंगे | नहरें | उस के नीचे | से | बहती हैं |

اَجْرُ الْعٰمِلِيْنَ ﴿١٣٦﴾ قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِكُمْ سُنَنٌ ۙ فَسِيْرُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो चलो फिरो | वाक़िआत | तुम से पहले | गुज़र चुकी | 136 | काम करने वाले | बदला |

فِي الْاَرْضِ فَانْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُكَذِّبِيْنَ ﴿١٣٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 137 | झुटलाने वाले | अन्जाम | हुआ | कैसा | फिर देखो | ज़मीन में |

ھٰذَا بَيَانٌ لِّلنَّاسِ وَھُدًى وَّمَوْعِظَةٌ لِّلْمُتَّقِيْنَ ﴿١٣٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 138 | परहेज़गारों के लिए | और नसीहत | और हिदायत | लोगों के लिए | बयान | यह |

وَلَا تَهِنُوْا وَلَا تَحْزَنُوْا وَاَنْتُمُ الْاَعْلَوْنَ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٣٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 139 | ईमान वाले | अगर तुम हो | ग़ालिब | और तुम | और ग़म न खाओ | और सुस्त न पड़ो |

اِنْ يَّمْسَسْكُمْ قَرْحٌ فَقَدْ مَسَّ الْقَوْمَ قَرْحٌ مِّثْلُهٗ ۭ وَتِلْكَ الْاَيَّامُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अय्याम | और यह | उस जैसा | ज़ख़्म | क़ौम | पहुँचा | तो अलबत्ता | ज़ख़्म | तुम्हें पहुँचा | अगर |

نُدَاوِلُهَا بَيْنَ النَّاسِ ۚ وَلِيَعْلَمَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाए | जो लोग | अल्लाह | और ताकि मालूम कर ले | लोगों के दरमियान | हम बारी बारी बदलते हैं इस को |

وَيَتَّخِذَ مِنْكُمْ شُهَدَاۗءَ ۭ وَاللّٰهُ لَا يُحِبُّ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٤٠﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 140 | ज़ालिम (जमा) | दोस्त नहीं रखता | और अल्लाह | शहीद (जमा) | तुम से | और बनाए |

وَلِيُمَحِّصَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَيَمْحَقَ الْكٰفِرِيْنَ ﴿١٤١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 141 | काफ़िर (जमा) | और मिटा दे | ईमान लाए | जो लोग | अल्लाह | और ताकि पाक साफ़ कर दे |

اَمْ حَسِبْتُمْ اَنْ تَدْخُلُوا الْجَنَّةَ وَلَمَّا يَعْلَمِ اللّٰهُ الَّذِيْنَ جٰهَدُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिहाद करने वाले | जो लोग | अल्लाह ने मालूम किया | और अभी नहीं | जन्नत | तुम दाखिल होगे | कि | क्या तुम समझते हो? |

مِنْكُمْ وَيَعْلَمَ الصّٰبِرِيْنَ ﴿١٤٢﴾ وَلَقَدْ كُنْتُمْ تَمَنَّوْنَ الْمَوْتَ مِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | मौत | तुम तमन्ना करते थे | और अलबत्ता | 142 | सब्र करने वाले | और मालूम किया | तुम में से |

ع ١٣ ١٤ ٥ قَبْلِ اَنْ تَلْقَوْهُ ۠ فَقَدْ رَاَيْتُمُوْهُ وَاَنْتُمْ تَنْظُرُوْنَ ﴿١٤٣﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 143 | देखते हो | और तुम | तो अब तुम ने उसे देख लिया | तुम उस से मिलो | कि | क़ब्ल |

وَمَا مُحَمَّدٌ اِلَّا رَسُوْلٌ ۚ قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهِ الرُّسُلُ ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रसूल (जमा) | उन से पहले | अलबत्ता गुज़रे | एक रसूल | मगर (तो) | मुहम्मद (स) | और नहीं |

اَفَا۟ىِٕنْ مَّاتَ اَوْ قُتِلَ انْقَلَبْتُمْ عَلٰٓى اَعْقَابِكُمْ ۭ وَمَنْ يَّنْقَلِبْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर जाए | और जो | अपनी एड़ियों पर | तुम फिर जाओगे | क़त्ल हो जाएं | या | वह वफ़ात पा लें | क्या फिर अगर |

عَلٰي عَقِبَيْهِ فَلَنْ يَّضُرَّ اللّٰهَ شَيْــــًٔا ۭ وَسَيَجْزِي اللّٰهُ الشّٰكِرِيْنَ ﴿١٤٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 144 | शुक्र करने वाले | अल्लाह | और जल्द जज़ा देगा | कुछ भी | अल्लाह | तो हरगिज़ न बिगाड़ेगा | अपनी एड़ियों पर |

وَمَا كَانَ لِنَفْسٍ اَنْ تَمُوْتَ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ كِتٰبًا مُّؤَجَّلًا ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुक़र्ररा वक़्त | लिखा हुआ | अल्लाह | हुक्म से | बग़ैर | वह मरे | कि | किसी शख़्स के लिए | और नहीं |

وَمَنْ يُّرِدْ ثَوَابَ الدُّنْيَا نُؤْتِهٖ مِنْهَا ۚ وَمَنْ يُّرِدْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चाहेगा | और जो | उस से | हम देंगे उस को | दुन्या | इन्आम | चाहेगा | और जो |

ثَوَابَ الْاٰخِرَةِ نُؤْتِهٖ مِنْهَا ۭ وَسَنَجْزِي الشّٰكِرِيْنَ ﴿١٤٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | शुक्र करने वाले | और हम जल्द जज़ा देंगे | उस से | हम देंगे उस को | आख़िरत | बदला |

وَكَاَيِّنْ مِّنْ نَّبِيٍّ قٰتَلَ ۙ مَعَهٗ رِبِّيُّوْنَ كَثِيْرٌ ۚ فَمَا وَهَنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुस्त पड़े | पस न | बहुत | अल्लाह वाले | उन के साथ | लड़े | नबी | और बहुत से |

لِمَآ اَصَابَهُمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَمَا ضَعُفُوْا وَمَا اسْتَكَانُوْا ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न दब गए | उन्हों ने कमज़ोरी की | और न | अल्लाह की राह | में | उन्हें पहुँचे | ब सबब - जो |

وَاللّٰهُ يُحِبُّ الصّٰبِرِيْنَ ﴿١٤٦﴾ وَمَا كَانَ قَوْلَهُمْ اِلَّآ اَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | सिवाए | उन का कहना | और न था | 146 | सब्र करने वाले | दोस्त रखता है | और अल्लाह |

قَالُوْا رَبَّنَا اغْفِرْلَنَا ذُنُوْبَنَا وَاِسْرَافَنَا فِيْٓ اَمْرِنَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हमारे काम में | और हमारी ज़ियादती | हमारे गुनाह | बख़्शदे हम को | ऐ हमारे रब | उन्हों ने दुआ की |

وَثَبِّتْ اَقْدَامَنَا وَانْصُرْنَا عَلَي الْقَوْمِ الْكٰفِرِيْنَ ﴿١٤٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 147 | काफ़िर (जमा) | क़ौम | पर | और हमारी मदद फ़रमा | हमारे क़दम | और साबित रख |

और ताकि अल्लाह पाक साफ़ कर दे उन लोगों को जो ईमान लाए, और मिटा दे काफ़िरों को। (141)

क्या तुम यह समझते हो? कि तुम जन्नत में दाखिल होगे और अभी अल्लाह ने मालूम नहीं किया (इम्तिहान लिया) जो तुम में से जिहाद करने वाले हैं और सब्र करने वाले हैं। (142)

और अलबत्ता तुम उस से मिलने से क़ब्ल मौत की तमन्ना करते थे, तो अब तुम ने उसे (मौत को) देख लिया और तुम उसे (अपनी आँखों से) देख रहे हो। (143)

और मुहम्मद (स) तो एक रसूल हैं, अलबत्ता गुजर चुके हैं उन से पहले बहुत से रसूल, फिर अगर वह वफ़ात पा लें या क़त्ल हो जाएं तो क्या तुम अपनी एड़ियों पर (उलटे पाऊँ) लौट जाओगे? और जो अपनी एड़ियों पर (उलटे पाऊँ) फिर जाए तो वह हरगिज़ अल्लाह का कुछ न बिगाड़ेगा, और अल्लाह जल्द जजा देगा शुक्र करने वालों को। (144)

और किसी शख़्स के लिए (मुमकिन) नहीं कि वह अल्लाह के हुक्म के बग़ैर मर जाए, लिखा हुआ है एक मुक़र्ररा वक़्त, और जो दुन्या का इन्आम चाहेगा हम उसे उस में से दे देंगे, और जो चाहेगा आख़िरत का बदला हम उसे उस में से देंगे, और हम शुक्र करने वालों को जल्द जज़ा देंगे। (145)

और बहुत से नबी (हुए हैं) उन के साथ (मिल कर) बहुत से अल्लाह वाले लड़े, पस वह सुस्त न पड़े (उन मुसीबतों) के सबब जो उन्हें अल्लाह की राह में पहुँची और न उन्हों ने कमज़ोरी (ज़ाहिर) की, और न दब गए, और अल्लाह सब्र करने वालों को दोस्त रखता है। (146)

और उन का कहना न था उस के सिवाए कि उन्हों ने दुआ की, ऐ हमारे रब! हमें बख्शदे हमारे गुनाह, और हमारी जियादती हमारे काम में, और साबित रख हमारे कदम, और काफ़िरों की कौम पर हमारी मदद फ़रमा। (147)

तो अल्लाह ने उन्हें इन्आम दिया दुन्या का और आख़िरत का अच्छा इन्आम, और अल्लाह एहसान करने वालों को दोस्त रखता है। (148)

ऐ ईमान वालो! अगर तुम काफ़िरों का कहा मानोगे तो वह तुम्हें एड़ियों पर (उलटे पाऊँ) फेर देंगे फिर तुम घाटे में पलट जाओगे। (149)

बल्कि अल्लाह तुम्हारा मददगार है और वह सब से बेहतर मददगार है। (150)

हम अन्क़रीब काफ़िरों के दिलों में रुअब डाल देंगे इस लिए कि उन्हों ने अल्लाह का शरीक किया जिस की उस ने कोई सनद नहीं उतारी, और उन का ठिकाना दोज़ख़ है, और बुरा ठिकाना है ज़ालिमों का। (151)

और अलबत्ता अल्लाह ने तुम से अपना वादा सच्चा कर दिखाया जब तुम उन्हें उस के हुक्म से क़त्ल करने लगे यहां तक कि जब तुम ने बुज़दिली की और काम में झगड़ा किया और उस के बाद नाफ़रमानी की, जबकि तुम्हें दिखाया जो तुम चाहते थे, तुम में से कोई दुन्या चाहता था, और तुम में से कोई आख़िरत चाहता था, फिर उस ने तुम्हें उन से फेर दिया ताकि तुम्हें आज़माए, और तहक़ीक़ उस ने तुम्हें मुआफ़ कर दिया, और अल्लाह मोमिनों पर फ़ज़्ल करने वाला है। (152)

जब तुम (मुँह उठा कर) चढ़ते जाते थे और किसी को पीछे मुड़ कर न देखते थे और रसूल (स) तुम्हारे पीछे से तुम्हें पुकारते थे, फिर तुम्हें ग़म पर ग़म पहुँचा, ताकि तुम रंज न करो उस पर जो (तुम्हारे हाथ से) निकल गया और न (उस पर) जो तुम्हें पेश आए, और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (153)

فَاٰتٰىهُمُ اللّٰهُ ثَوَابَ الدُّنْيَا وَحُسْنَ ثَوَابِ الْاٰخِرَةِ ؕ

तो उन्हें दिया | अल्लाह | इन्आम | दुन्या | और अच्छा | इन्आम-ए-आख़िरत

وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٤٨﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِنْ ع ١٥ ٥ ٦

और अल्लाह | दोस्त रखता है | एहसान करने वाले | 148 | ऐ | लोग जो | ईमान लाए | अगर

تُطِيْعُوا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا يَرُدُّوْكُمْ عَلٰۤى اَعْقَابِكُمْ فَتَنْقَلِبُوْا

तुम कहा मानोगे | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | वह तुम्हें फेर देंगे | पर | तुम्हारी एड़ियां | फिर तुम पलट जाओगे

خٰسِرِيْنَ ﴿١٤٩﴾ بَلِ اللّٰهُ مَوْلٰىكُمْ ۚ وَهُوَ خَيْرُ النّٰصِرِيْنَ ﴿١٥٠﴾

घाटे में | 149 | बल्कि | अल्लाह | तुम्हारा मददगार | और वह | बेहतर | मददगार (जमा) | 150

سَنُلْقِيْ فِيْ قُلُوْبِ الَّذِيْنَ كَفَرُوا الرُّعْبَ بِمَاۤ اَشْرَكُوْا

अन्क़रीब हम डाल देंगे | में | दिल (जमा) | जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | रुअब | इस लिए कि उन्हों ने शरीक किया

بِاللّٰهِ مَا لَمْ يُنَزِّلْ بِهٖ سُلْطٰنًا ۚ وَمَاْوٰىهُمُ النَّارُ ؕ

अल्लाह का | जिस | नहीं उतारी | उस की | कोई सनद | और उन का ठिकाना | दोज़ख़

وَبِئْسَ مَثْوَى الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٥١﴾ وَلَقَدْ صَدَقَكُمُ اللّٰهُ وَعْدَهٗۤ

और बुरा | ठिकाना | ज़ालिम (जमा) | 151 | और अलबत्ता सच्चा कर दिया तुम से | अल्लाह | अपना वादा

اِذْ تَحُسُّوْنَهُمْ بِاِذْنِهٖ ۚ حَتّٰۤى اِذَا فَشِلْتُمْ وَتَنَازَعْتُمْ

जब | तुम क़त्ल करने लगे उन्हें | उस के हुक्म से | यहां तक कि | जब | तुम ने बुज़दिली की | और झगड़ा किया

فِى الْاَمْرِ وَعَصَيْتُمْ مِّنْۢ بَعْدِ مَاۤ اَرٰىكُمْ مَّا تُحِبُّوْنَ ؕ

काम में | और तुम ने नाफ़रमानी की | उस के बाद | जब तुम्हें दिखाया | जो | तुम चाहते थे

مِنْكُمْ مَّنْ يُّرِيْدُ الدُّنْيَا وَمِنْكُمْ مَّنْ يُّرِيْدُ الْاٰخِرَةَ ۚ

तुम से | जो चाहता था | दुन्या | और तुम से | जो चाहता था | आख़िरत

ثُمَّ صَرَفَكُمْ عَنْهُمْ لِيَبْتَلِيَكُمْ ۚ وَلَقَدْ عَفَا عَنْكُمْ ؕ

फिर | तुम्हें फेर दिया | उन से | ताकि तुम्हें आज़माए | और तहक़ीक़ | मुआफ़ किया | तुम से (तुम्हें)

وَاللّٰهُ ذُوْ فَضْلٍ عَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٥٢﴾ اِذْ تُصْعِدُوْنَ وَلَا

और अल्लाह | फ़ज़्ल करने वाला | पर | मोमिन (जमा) | 152 | जब | तुम चढ़ते थे | और न

تَلْوٗنَ عَلٰۤى اَحَدٍ وَّالرَّسُوْلُ يَدْعُوْكُمْ فِيْۤ اُخْرٰىكُمْ

मुड़ कर देखते थे | किसी को | और रसूल (स) | तुम्हें पुकारते थे | तुम्हारे पीछे से

فَاَثَابَكُمْ غَمًّاۢ بِغَمٍّ لِّكَيْلَا تَحْزَنُوْا عَلٰى مَا فَاتَكُمْ

फिर तुम्हें पहुँचाया | ग़म पर ग़म | ताकि न | तुम रंज करो | पर | जो तुम से निकल गया

وَلَا مَاۤ اَصَابَكُمْ ؕ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٥٣﴾

और न | जो | तुम्हें पेश आए | और अल्लाह | बाख़बर | उस से जो तुम करते हो | 153

ثُمَّ اَنْزَلَ عَلَيْكُمْ مِّنْۢ بَعْدِ الْغَمِّ اَمَنَةً نُّعَاسًا يَّغْشٰى طَآئِفَةً مِّنْكُمْ ۙ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम में से | एक जमाअ़त | ढांक लिया | ऊंघ | अम्न | ग़म | बाद | तुम पर | उस ने उतारा | फिर |

وَطَآئِفَةٌ قَدْ اَهَمَّتْهُمْ اَنْفُسُهُمْ يَظُنُّوْنَ بِاللّٰهِ غَيْرَ الْحَقِّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| थे हक़ीक़त | अल्लाह के बारे में | वह गुमान करते थे | अपनी जानें | उन्हें फ़िक्र पड़ी थी | और एक जमाअ़त |

ظَنَّ الْجَاهِلِيَّةِ ۭ يَقُوْلُوْنَ هَلْ لَّنَا مِنَ الْاَمْرِ مِنْ شَيْءٍ ۭ قُلْ اِنَّ الْاَمْرَ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काम | कि | आप कह दें | कुछ | काम | से | हमारे लिए | क्या | वह कहते थे | जाहिलियत | गुमान |

كُلَّهٗ لِلّٰهِ ۭ يُخْفُوْنَ فِيْٓ اَنْفُسِهِمْ مَّا لَا يُبْدُوْنَ لَكَ ۭ يَقُوْلُوْنَ لَوْ كَانَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर होता | वह कहते हैं | आप के लिए (पर) | ज़ाहिर नहीं करते | जो | अपने दिल | में | वह छुपाते हैं | तमाम - अल्लाह के लिए |

لَنَا مِنَ الْاَمْرِ شَيْءٌ مَّا قُتِلْنَا هٰهُنَا ۭ قُلْ لَّوْ كُنْتُمْ فِيْ بُيُوْتِكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने घर (जमा) | में | अगर तुम होते | आप कह दें | यहां | हम न मारे जाते | कुछ | से - काम | हमारे लिए |

لَبَرَزَ الَّذِيْنَ كُتِبَ عَلَيْهِمُ الْقَتْلُ اِلٰى مَضَاجِعِهِمْ ۚ وَلِيَبْتَلِيَ اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और ताकि आज़माए | अपनी क़त्लगाह (जमा) | तरफ़ | मारा जाना | उन पर | लिखा था | ज़रूर निकल खड़े होते वह लोग |

مَا فِيْ صُدُوْرِكُمْ وَلِيُمَحِّصَ مَا فِيْ قُلُوْبِكُمْ ۭ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जानने वाला | और अल्लाह | तुम्हारे दिल | में | जो | और ताकि साफ़ कर दे | तुम्हारे सीनों में | जो |

بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿١٥٤﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ تَوَلَّوْا مِنْكُمْ يَوْمَ الْتَقَى الْجَمْعٰنِ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आमने सामने हुईं दो जमाअ़तें | दिन | तुम में से | पीठ फेरेंगे | जो लोग | बेशक | 154 | सीनों वाले (दिलों के भेद) |

اِنَّمَا اسْتَزَلَّهُمُ الشَّيْطٰنُ بِبَعْضِ مَا كَسَبُوْا ۚ وَلَقَدْ عَفَا اللّٰهُ عَنْهُمْ ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | अल्लाह | और अलबत्ता मुआफ़ कर दिया | जो उन्हों ने कमाया (आमाल) | बाज़ की वजह से | शैतान | दरहक़ीक़त उन को फुसलादिया |

ع ١٦ ٧ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ حَلِيْمٌ ﴿١٥٥﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَكُوْنُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न हो जाओ | ईमान वालो (ईमान लाए) | जो लोग | ऐ | 155 | हिल्म वाला | बख़्शने वाला | अल्लाह | बेशक |

كَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَقَالُوْا لِاِخْوَانِهِمْ اِذَا ضَرَبُوْا فِي الْاَرْضِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह सफ़र करें + ज़मीन (राह) में | जब | अपने भाईयों को | और वह कहते हैं | काफ़िर | उन लोगों की तरह |

اَوْ كَانُوْا غُزًّى لَّوْ كَانُوْا عِنْدَنَا مَا مَاتُوْا وَمَا قُتِلُوْا ۚ لِيَجْعَلَ اللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | ताकि बना दे | और न मारे जाते | वह मरते | न | हमारे पास | अगर वह होते | जिहाद में हों | या |

ذٰلِكَ حَسْرَةً فِيْ قُلُوْبِهِمْ ۭ وَاللّٰهُ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और मारता है | ज़िन्दा करता है | और अल्लाह | उन के दिल | में | हस्रत | यह - उस |

وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿١٥٦﴾ وَلَئِنْ قُتِلْتُمْ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की राह | में | तुम मारे जाओ | और अलबत्ता अगर | 156 | देखने वाला | तुम करते हो | जो कुछ | और अल्लाह |

اَوْ مُتُّمْ لَمَغْفِرَةٌ مِّنَ اللّٰهِ وَرَحْمَةٌ خَيْرٌ مِّمَّا يَجْمَعُوْنَ ﴿١٥٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 157 | वह जमा करते हैं | उस से जो | बेहतर | और रह्मत | अल्लाह | से | यक़ीनन बख़्शिश | या तुम मर जाओ |

फिर उस ने तुम पर ग़म के बाद अम्न ऊंघ (की सूरत में) उतारी, एक जमाअ़त को ढांक लिया तुम में से, और एक जमाअ़त को अपनी जान की फ़िक्र पड़ी थी, वह अल्लाह के बारे में बेहक़ीक़त गुमान करते थे जाहिलियत के गुमान, वह कहते थे क्या कोई काम कुछ हमारे लिए (हमारे इख़्तियार में) है? आप (स) कह दें, कि तमाम काम अल्लाह के लिए (अल्लाह के इख़्तियार में) हैं, वह अपने दिलों में छुपाते हैं जो आप के लिए (आप पर) ज़ाहिर नहीं करते, वह कहते हैं अगर कुछ काम हमारे लिए (हमारे इख़्तियार में) होता तो हम यहां न मारे जाते, आप कह दें अगर तुम अपने घरों में होते तो जिन पर (जिन की क़िस्मत में) मारा जाना लिखा था वह ज़रूर निकल खड़े होते अपनी क़त्लगाहों की तरफ़, ताकि अल्लाह आज़माए जो तुम्हारे सीनों में है, और ताकि साफ़ कर दे जो तुम्हारे दिलों में है, और अल्लाह दिलों के भेद खूब जानने वाला है। (154)

बेशक जो लोग तुम में से पीठ फेर गए, जिस दिन दो जमाअ़तें आमने सामने हुईं, दरहक़ीक़त उन्हें शैतान ने फुसलाया उन के बाज़ आमाल की वजह से, और अलबत्ता अल्लाह ने उन्हें मुआफ़ कर दिया, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला बुर्दबार। (155)

ऐ ईमान वालो! तुम उन लोगों की तरह न हो जाओ जो काफ़िर हुए और वह कहते हैं अपने भाईयों को जब वह सफ़र करें ज़मीन में या जिहाद में हों, अगर वह होते हमारे पास तो वह न मरते और न मारे जाते, ताकि अल्लाह उस को हस्रत बना दे उन के दिलों में, और अल्लाह (ही) ज़िन्दा करता है और मारता है, और तुम जो कुछ करते हो अल्लाह देखने वाला है। (156)

और अगर तुम अल्लाह की राह में मारे जाओ या तुम मर जाओ तो यक़ीनन बख़्शिश और रह्मत है अल्लाह की तरफ़ से (यह) उस से बेहतर है जो वह (दौलत) जमा करते हैं। (157)

और अगर तुम मर गए या मार दिए गए तो यक़ीनन अल्लाह की तरफ़ इकटठे किए जाओगे। (158)

पस अल्लाह की रहमत (ही) से है कि आप (स) उन के लिए नरम दिल हैं, और अगर तुन्दख़ू सख़्त दिल होते तो वह आप (स) के पास से मुन्तशिर हो जाते, पस आप (स) मुआफ़ कर दें उन्हें और उन के लिए बख़्शिश मांगें, और काम में उन से मशवरा कर लिया करें, फिर जब आप (स) (पुख़्ता) इरादा कर लें तो अल्लाह पर भरोसा करें, बेशक अल्लाह भरोसा करने वालों को दोस्त रखता है। (159)

अगर अल्लाह तुम्हारी मदद करे तो तुम पर कोई ग़ालिब आने वाला नहीं, और अगर वह तुम्हें छोड़ दे तो कौन है जो तुम्हारी मदद करे उस के बाद, और चाहिए कि ईमान वाले अल्लाह पर भरोसा करें। (160)

और नबी के लिए (शायान) नहीं कि वह छुपाए, और जो छुपाएगा वह अपनी छुपाई हुई चीज़ क़ियामत के दिन लाएगा, फिर पूरा पूरा पाएगा हर शख़्स जो उस ने कमाया (अ़मल किया) और वह ज़ुल्म नही किए जाएंगे। (161)

तो क्या जिस ने पैरवी की रज़ाए इलाही (अल्लाह की ख़ुशनूदी की) उस के मानिन्द है जो अल्लाह के ग़ुस्से के साथ लौटा? और उस का ठिकाना जहन्नम है, और (बहुत) बुरा ठिकाना है। (162)

उन के (मुख़तलिफ़) दर्जे हैं अल्लाह के पास, और वह जो कुछ करते हैं अल्लाह देखने वाला है। (163)

बेशक अल्लाह ने ईमान वालों (मोमिनों) पर एहसान किया जब उन में एक रसूल (स) भेजा, उन में से, वह उन पर उस की आयतें पढ़ता है, और उन्हें पाक करता है, और उन्हें किताब ओ हिक्मत सिखाता है, और बेशक वह उस से क़ब्ल अलबत्ता खुली गुमराही में थे। (164)

क्या जब तुम्हें पहुँची कोई मुसीबत, अलबत्ता तुम उस से दो चंद पहुँचा चुके थे, तुम कहते हो यह कहां से आई? आप कह दें वह तुम्हारे अपने (ही) पास से, बेशक अल्लाह हर चीज़ पर क़ादिर है। (165)

وَلَىِٕنْ مُّتُّمْ اَوْ قُتِلْتُمْ لَاِالَى اللّٰهِ تُحْشَرُوْنَ ﴿١٥٨﴾ فَبِمَا رَحْمَةٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | तुम मर गए | या | तुम मार दिए गए | यक़ीनन अल्लाह की तरफ़ | तुम इकटठे किए जाओगे | 158 | पस - से | रहमत |

مِّنَ اللّٰهِ لِنْتَ لَهُمْ ۚ وَلَوْ كُنْتَ فَظًّا غَلِيْظَ الْقَلْبِ لَانْفَضُّوْا مِنْ حَوْلِكَ ۠

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | अल्लाह | नरम दिल | उन के लिए | और अगर आप (स) होते | तुन्दख़ू | सख़्त दिल | तो वह मुन्तशिर हो जाते | से | आप (स) के पास |

فَاعْفُ عَنْهُمْ وَاسْتَغْفِرْ لَهُمْ وَشَاوِرْهُمْ فِى الْاَمْرِ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) मुआफ़ कर दें | उन से (उन्हें) | और बख़्शिश मांगें | उन के लिए | और मशवरा करें उन से | में | काम |

فَاِذَا عَزَمْتَ فَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُتَوَكِّلِيْنَ ﴿١٥٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर जब | आप (स) इरादा कर लें | तो भरोसा करें | अल्लाह पर | बेशक | अल्लाह | दोस्त रखता है | भरोसा करने वाले | 159 |

اِنْ يَّنْصُرْكُمُ اللّٰهُ فَلَا غَالِبَ لَكُمْ ۚ وَاِنْ يَّخْذُلْكُمْ فَمَنْ ذَا الَّذِىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | वह मदद करे तुम्हारी | अल्लाह | तो नही ग़ालिब आने वाला | तुम पर | और अगर | वह तुम्हें छोड़ दे | तो कौन? | वह | जो कि |

يَنْصُرُكُمْ مِّنْۢ بَعْدِهٖ ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿١٦٠﴾ وَمَا كَانَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह तुम्हारी मदद करे | उस के बाद | और अल्लाह पर | चाहिए कि भरोसा करें | ईमान वाले | 160 | और नही | था - है |

لِنَبِىٍّ اَنْ يَّغُلَّ ؕ وَمَنْ يَّغْلُلْ يَاْتِ بِمَا غَلَّ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नबी के लिए | कि छुपाए | और जो | छुपाएगा | लाएगा | जो उस ने छुपाया | क़ियामत के दिन |

ثُمَّ تُوَفّٰى كُلُّ نَفْسٍ مَّا كَسَبَتْ وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ﴿١٦١﴾ اَفَمَنِ اتَّبَعَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | पूरा पाएगा | हर शख़्स | जो | उस ने कमाया | और वह | ज़ुल्म न किए जाएंगे | 161 | तो क्या जिस | पैरवी की |

رِضْوَانَ اللّٰهِ كَمَنْۢ بَآءَ بِسَخَطٍ مِّنَ اللّٰهِ وَمَاْوٰىهُ جَهَنَّمُ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रज़ा (ख़ुशनूदी) | अल्लाह | मानिन्द - जो | लौटा | ग़ुस्से के साथ | अल्लाह के | और उस का ठिकाना | जहन्नम |

وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿١٦٢﴾ هُمْ دَرَجٰتٌ عِنْدَ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ بَصِيْرٌۢ بِمَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बुरा | ठिकाना | 162 | वह - उन | दर्जे | पास | अल्लाह | और अल्लाह | देखने वाला | जो |

يَعْمَلُوْنَ ﴿١٦٣﴾ لَقَدْ مَنَّ اللّٰهُ عَلَى الْمُؤْمِنِيْنَ اِذْ بَعَثَ فِيْهِمْ رَسُوْلًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह करते हैं | 163 | अलबत्ता बेशक | एहसान किया | अल्लाह | पर | ईमान वाले (मोमिन) | जब भेजा | उन में | एक रसूल |

مِّنْ اَنْفُسِهِمْ يَتْلُوْا عَلَيْهِمْ اٰيٰتِهٖ وَيُزَكِّيْهِمْ وَيُعَلِّمُهُمُ الْكِتٰبَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | उन की जानें (उन के दरमियान) | वह पढ़ता है | उन पर | उस की आयतें | और उन्हें पाक करता है | और उन्हें सिखाता है | किताब |

وَالْحِكْمَةَ ۚ وَاِنْ كَانُوْا مِنْ قَبْلُ لَفِىْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿١٦٤﴾ النصف

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और हिक्मत | और बेशक | वह थे | उस से क़ब्ल | अलबत्ता - में | गुमराही | खुली | 164 |

اَوَلَمَّآ اَصَابَتْكُمْ مُّصِيْبَةٌ قَدْ اَصَبْتُمْ مِّثْلَيْهَا ۙ قُلْتُمْ اَنّٰى هٰذَا ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या जब | तुम्हें पहुँची | कोई मुसीबत | अलबत्ता तुम ने पहुँचाई | उस से दो चंद | तुम कहते हो | कहां से यह? |

قُلْ هُوَ مِنْ عِنْدِ اَنْفُسِكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ﴿١٦٥﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप कह दें | वह | से | पास | तुम्हारी जानें (अपने पास) | बेशक | अल्लाह | पर | हर | शै | क़ादिर | 165 |

وَمَا اَصَابَكُمْ يَوْمَ الْتَقَى الْجَمْعٰنِ فَبِاِذْنِ اللّٰهِ وَلِيَعْلَمَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٦٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 166 | ईमान वाले | और ताकि वह मालूम कर ले | अल्लाह | तो हुक्म से | दो जमाअतें | मुडभेड़ हुई | दिन | तुम्हें पहुँचा | और जो |

وَلِيَعْلَمَ الَّذِيْنَ نَافَقُوْا ۚ وَقِيْلَ لَهُمْ تَعَالَوْا قَاتِلُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लड़ो | आओ | उन्हें | और कहा गया | मुनाफ़िक़ हुए | वह जो कि | और ताकि जान ले |

فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ اَوِ ادْفَعُوْا ۗ قَالُوْا لَوْ نَعْلَمُ قِتَالًا لَّاتَّبَعْنٰكُمْ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़रूर तुम्हारा साथ देते | जंग | अगर हम जानते | वह बोले | दिफ़ाअ करो | या | अल्लाह की राह | में |

هُمْ لِلْكُفْرِ يَوْمَئِذٍ اَقْرَبُ مِنْهُمْ لِلْاِيْمَانِ ۚ يَقُوْلُوْنَ بِاَفْوَاهِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने मुँह से | वह कहते है | ब निसबत ईमान | उन से | ज़ियादा क़रीब | उस दिन | कुफ़्र के लिए (कुफ़्र से) | वह |

مَّا لَيْسَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ ۗ وَاللّٰهُ اَعْلَمُ بِمَا يَكْتُمُوْنَ ﴿١٦٧﴾ اَلَّذِيْنَ قَالُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने कहा | वह लोग जो | 167 | वह छुपाते है | जो | ख़ूब जानने वाला | और अल्लाह | उन के दिलों में | जो नहीं |

لِاِخْوَانِهِمْ وَقَعَدُوْا لَوْ اَطَاعُوْنَا مَا قُتِلُوْا ۗ قُلْ فَادْرَءُوْا عَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तुम हटा दो | कह दीजिए | वह न मारे जाते | वह हमारी मानते | अगर | और वह बैठे रहे | अपने भाईयों के बारे में |

اَنْفُسِكُمُ الْمَوْتَ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿١٦٨﴾ وَلَا تَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ قُتِلُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मारे गए | जो लोग | हरगिज़ ख़याल करो | और न | 168 | सच्चे | तुम हो | अगर | मौत | अपनी जानें |

فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ اَمْوَاتًا ۗ بَلْ اَحْيَاءٌ عِنْدَ رَبِّهِمْ يُرْزَقُوْنَ ﴿١٦٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 169 | वह रिज़्क़ दिए जाते हैं | अपना रब | पास | जिन्दा (जमा) | बल्कि | मुर्दा (जमा) | अल्लाह | रास्ता | में |

فَرِحِيْنَ بِمَآ اٰتٰهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ ۙ وَيَسْتَبْشِرُوْنَ بِالَّذِيْنَ لَمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं | उन की तरफ़ से जो | और खुश वक़्त हैं | अपने फ़ज़्ल से | अल्लाह | उन्हें दिया | से - जो | ख़ुश |

وقف لازم

يَلْحَقُوْا بِهِمْ مِّنْ خَلْفِهِمْ ۙ اَلَّا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُوْنَ ﴿١٧٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 170 | ग़मगीन होंगे | वह | और न | उन पर | कोई ख़ौफ़ | यह कि नहीं | उन के पीछे | से | उन से | मिले |

يَسْتَبْشِرُوْنَ بِنِعْمَةٍ مِّنَ اللّٰهِ وَفَضْلٍ ۙ وَّاَنَّ اللّٰهَ لَا يُضِيْعُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ाया नही करता | अल्लाह | और यह कि | और फ़ज़्ल | अल्लाह | से | नेमत से | वह खुशियां मना रहे हैं |

ع ١٦ ١٧ ٨

اَجْرَ الْمُؤْمِنِيْنَ ۚ ﴿١٧١﴾ اَلَّذِيْنَ اسْتَجَابُوْا لِلّٰهِ وَالرَّسُوْلِ مِنْۢ بَعْدِ مَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | बाद | और रसूल | अल्लाह का | क़ुबूल किया | जिन लोगों ने | 171 | ईमान वाले | अजर |

نصف الثلثين ١٢ ع ٢

اَصَابَهُمُ الْقَرْحُ ۛ لِلَّذِيْنَ اَحْسَنُوْا مِنْهُمْ وَاتَّقَوْا اَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿١٧٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 172 | बड़ा | अजर | और परहेजगारी की | उन में से | उन्हों ने नेकी की | उन के लिए जो | ज़ख़्म | पहुँचा उन्हें |

اَلَّذِيْنَ قَالَ لَهُمُ النَّاسُ اِنَّ النَّاسَ قَدْ جَمَعُوْا لَكُمْ فَاخْشَوْهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस उन से डरो | तुम्हारे लिए | जमा किया है | लोग | कि | लोग | उन के लिए | कहा | वह लोग जो |

فَزَادَهُمْ اِيْمَانًا ۖ وَّقَالُوْا حَسْبُنَا اللّٰهُ وَنِعْمَ الْوَكِيْلُ ﴿١٧٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 173 | कारसाज | और कैसा अच्छा | अल्लाह | हमारे लिए काफ़ी | और उन्हों ने कहा | ईमान | तो ज़ियादा हुआ उन का |

और तुम्हें जो (तक्लीफ़) पहुँची जिस दिन दो जमाअतों में मुडभेड़ हुई तो अल्लाह के हुक्म से (पहुँची) ताकि वह मालूम कर ले ईमान वालों को। (166)

और ताकि जान ले उन लोगों को जो मुनाफ़िक़ हुए, और उन्हें कहा गया आओ! अल्लाह की राह में लड़ो, या दिफ़ाअ़ करो, तो वह बोले अगर हम जंग जानते तो जरूर तुम्हारा साथ देते, वह उस दिन कुफ़्र से ज़ियादा क़रीब थे ब निसबत ईमान के, वह अपने मुँह से कहते हैं जो उन के दिलों में नहीं, और अल्लाह ख़ूब जानने वाला है जो वह छुपाते हैं। (167)

वह लोग जिन्हों ने अपने भाईयों के बारे में कहा और ख़ुद बैठे रहे अगर वह हमारी बात मानते तो वह न मारे जाते, कह दीजिए! तुम अपनी जानों से मौत को हटा दो, अगर तुम सच्चे हो। (168)

जो लोग अल्लाह की राह में मारे गए उन्हें हरगिज़ ख़याल न करो मुर्दा, बल्कि वह ज़िन्दा हैं अपने रब के पास से वह रिज़्क़ पाते हैं। (169)

ख़ुश हैं उस से जो अल्लाह ने उन्हें अपने फ़ज़्ल से दिया, और वह उन लोगों की तरफ़ से ख़ुश वक़्त हैं जो नही मिले उन से उन के पीछे, उन पर न कोई ख़ौफ़ है और न वह गमगीन होंगे। (170)

वह ख़ुशियां मना रहे हैं अल्लाह की नेमत और फ़ज़्ल से, और यह कि अल्लाह ज़ाया नही करता कि ईमान वालों का अजर। (171)

जिन लोगों ने अल्लाह और उस के रसूल का (हुक्म) क़ुबूल किया उस के बाद उन्हें ज़ख़्म पहुँचा उन में से जिन लोगों ने नेकी और परहेज़गारी की उन के लिए बड़ा अजर है। (172)

जिन्हें लोगों ने कहा कि लोगों ने तुम्हारे (मुक़ाबले के लिए सामान) जमा कर लिया है पस उन से डरो तो उन का ईमान जियादा हुआ, और उन्हों ने कहा हमारे लिए अल्लाह काफ़ी है और वह कैसा अच्छा कारसाज़ है। (173)

फिर वह लौटें अल्लाह की नेमत और फ़ज़्ल के साथ, उन्हें कोई बुराई न पहुँची, और उन्हों ने पैरवी की रज़ाए इलाही की, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (174)

इस के सिवा नहीं कि शैतान तुम्हें डराता है अपने दोस्तों से, सो तुम उन से न डरो और मुझ से डरो अगर तुम ईमान वाले हो। (175)

और आप को ग़मगीन न करें वह लोग जो कुफ़्र में दौड़ धूप करते हैं, यक़ीनन वह हरगिज अल्लाह का न बिगाड़ सकेंगे कुछ, अल्लाह चाहता है कि उन को आख़िरत में कोई हिस्सा न दे। और उन के लिए अजाब है बड़ा। (176)

बेशक जिन लोगों ने ईमान के बदले कुफ़्र मोल लिया वह हरगिज नहीं बिगाड़ सकते अल्लाह का कुछ, और उन के लिए दर्दनाक अज़ाब है। (177)

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया वह हरगिज गुमान न करें कि हम जो उन्हें ढील दे रहे हैं यह उन के लिए बेहतर है, दरहक़ीक़त हम उन्हें ढील देते हैं ताकि वह गुनाह में बढ़ जाएं, और उन के लिए ज़लील करने वाला अज़ाब है। (178)

अल्लाह (ऐसा) नहीं है कि ईमान वालों को (इस हाल पर) छोड़ दे जिस पर तुम हो, यहां तक कि नापाक को पाक से जुदा कर दे, और अल्लाह (ऐसा) नहीं है कि तुम्हें ग़ैब की खबर दे, लेकिन अल्लाह अपने रसूलों में से जिस को चाहे चुन लेता है, तो तुम अल्लाह और उस के रसूलों पर ईमान लाओ, और अगर तुम ईमान लाओ और परहेज़गारी करो तो तुम्हारे लिए बड़ा अजर है। (179)

और वह लोग हरगिज़ यह ख़याल न करें, जो उस (माल) में बुख्ल करते हैं जो अल्लाह ने अपने फज़्ल से उन्हें दिया कि वह बेहतर है उन के लिए बल्कि वह उन के लिए बुरा है, जिस (माल) में उन्हों ने बुख्ल किया अ़न्क़रीब क़ियामत के दिन तौक़ (बना कर) पहनाया जाएगा, और अल्लाह ही वारिस है आस्मानों का और जमीन का, और जो तुम करते हो अल्लाह उस से बाख़बर है। (180)

فَانْقَلَبُوْا بِنِعْمَةٍ مِّنَ اللّٰهِ وَفَضْلٍ لَّمْ يَمْسَسْهُمْ سُوْٓءٌ ۙ وَّاتَّبَعُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने पैरवी की | कोई बुराई | उन्हें नही पहुँची | और फ़ज़्ल | अल्लाह | से | नेमत के साथ | फिर वह लौटे |

رِضْوَانَ اللّٰهِ ۭ وَاللّٰهُ ذُوْ فَضْلٍ عَظِيْمٍ ﴿١٧٤﴾ اِنَّمَا ذٰلِكُمُ الشَّيْطٰنُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शैतान | यह तुम्हें | इस के सिवा नही | 174 | बड़ा | फ़ज़्ल वाला | और अल्लाह | अल्लाह की रज़ा |

يُخَوِّفُ اَوْلِيَآءَهٗ ۠ فَلَا تَخَافُوْهُمْ وَخَافُوْنِ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٧٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 175 | ईमान वाले | तुम हो | अगर | और डरो मुझ से | उन से डरो | सो न | अपने दोस्त | डराता है |

وَلَا يَحْزُنْكَ الَّذِيْنَ يُسَارِعُوْنَ فِى الْكُفْرِ ۚ اِنَّهُمْ لَنْ يَّضُرُّوا اللّٰهَ شَيْـــًٔا ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुछ | अल्लाह | हरगिज़ न बिगाड़ सकेंगे | यक़ीनन वह | कुफ़्र में | दौड़ धूप करते हैं | जो लोग | आप को ग़मगीन करें | और न |

يُرِيْدُ اللّٰهُ اَلَّا يَجْعَلَ لَهُمْ حَظًّا فِى الْاٰخِرَةِ ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ﴿١٧٦﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 176 | बड़ा | अ़ज़ाब | और उन के लिए | आख़िरत | में | कोई हिस्सा | उन को | दे | कि न | अल्लाह | चाहता है |

اِنَّ الَّذِيْنَ اشْتَرَوُا الْكُفْرَ بِالْاِيْمَانِ لَنْ يَّضُرُّوا اللّٰهَ شَيْـــًٔا ۚ وَلَهُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन के लिए | कुछ | अल्लाह | बिगाड़ सकते | हरगिज़ नही | ईमान के बदले | कुफ़्र | उन्हों ने मोल लिया | वह लोग जो | बेशक |

عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿١٧٧﴾ وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اَنَّمَا نُمْلِىْ لَهُمْ خَيْرٌ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेहतर | उन्हें | हम ढील देते हैं | यह कि | जिन लोगों ने कुफ़्र किया | हरगिज़ गुमान करें | और न | 177 | दर्दनाक | अ़ज़ाब |

لِّاَنْفُسِهِمْ ۭ اِنَّمَا نُمْلِىْ لَهُمْ لِيَزْدَادُوْٓا اِثْمًا ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿١٧٨﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 178 | ज़लील करने वाला | अ़ज़ाब | और उन के लिए | गुनाह | ताकि वह बढ़ जाएं | उन्हें | हम ढील देते हैं | दरहक़ीक़त | उन के लिए |

مَا كَانَ اللّٰهُ لِيَذَرَ الْمُؤْمِنِيْنَ عَلٰى مَآ اَنْتُمْ عَلَيْهِ حَتّٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यहां तक कि | उस पर | तुम | जो | पर | ईमान वाले | कि छोड़े | अल्लाह | नहीं है |

يَمِيْزَ الْخَبِيْثَ مِنَ الطَّيِّبِ ۭ وَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيُطْلِعَكُمْ عَلَى الْغَيْبِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ैब | पर | कि तुम्हें ख़बर दे | अल्लाह | और नही है | पाक | से | नापाक | जुदा कर दे |

وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَجْتَبِىْ مِنْ رُّسُلِهٖ مَنْ يَّشَآءُ ۠ فَاٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرُسُلِهٖ ۚ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस के रसूल | अल्लाह पर | तो तुम ईमान लाओ | वह चाहे | जिस को | अपने रसूल | से | चुन लेता है | अल्लाह | और लेकिन |

وَاِنْ تُؤْمِنُوْا وَتَتَّقُوْا فَلَكُمْ اَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿١٧٩﴾ وَلَا يَحْسَبَنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हरगिज़ ख़याल करें | और न | 179 | बड़ा | अजर | तो तुम्हारे लिए | और परहेज़गारी करो | तुम ईमान लाओ | और अगर |

الَّذِيْنَ يَبْخَلُوْنَ بِمَآ اٰتٰىهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ هُوَ خَيْرًا لَّهُمْ ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | बेहतर | वह | अपने फ़ज़्ल से | अल्लाह | उन्हें दिया | में-जो | बुख्ल करते हैं | जो लोग |

بَلْ هُوَ شَرٌّ لَّهُمْ ۭ سَيُطَوَّقُوْنَ مَا بَخِلُوْا بِهٖ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ۭ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ियामत | दिन | उस में | उन्हों ने बुख्ल किया | जो | अन्क़रीब तौक़ पहनाया जाएगा | उन के लिए | बुरा | वह | बल्कि |

وَلِلّٰهِ مِيْرَاثُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۭ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿١٨٠﴾ ع ١٨ ٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 180 | बाख़बर | करते हो | जो तुम | और अल्लाह | और ज़मीन | आस्मानों | और अल्लाह के लिए मीरास |

وقف لازم

لَقَدْ سَمِعَ اللّٰهُ قَوْلَ الَّذِيْنَ قَالُوْٓا اِنَّ اللّٰهَ فَقِيْرٌ وَّنَحْنُ اَغْنِيَآءُ ۘ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मालदार | और हम | फ़क़ीर | कि अल्लाह | कहा | जिन लोगों ने | क़ौल (बात) | अल्लाह | अलबत्ता सुन लिया |

سَنَكْتُبُ مَا قَالُوْا وَقَتْلَهُمُ الْاَنْۢبِيَآءَ بِغَيْرِ حَقٍّ ۙ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नाहक | नबी (जमा) | और उन का क़त्ल करना | जो उन्हों ने कहा | अब हम लिख रखेंगे |

وَّنَقُوْلُ ذُوْقُوْا عَذَابَ الْحَرِيْقِ ﴿١٨١﴾ ذٰلِكَ بِمَا قَدَّمَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगे भेजा | बदला - जो | यह | 181 | जलाने वाला | अज़ाब | तुम चखो | और हम कहेंगे |

اَيْدِيْكُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ لَيْسَ بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ﴿١٨٢﴾ ۚ اَلَّذِيْنَ قَالُوْٓا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कहा | जिन लोगों ने | 182 | बन्दों पर | ज़ुल्म करने वाला | नहीं | अल्लाह | और यह कि | तुम्हारे हाथ |

اِنَّ اللّٰهَ عَهِدَ اِلَيْنَآ اَلَّا نُؤْمِنَ لِرَسُوْلٍ حَتّٰى يَاْتِيَنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लाए हमारे पास | यहां तक कि | किसी रसूल पर | हम ईमान लाएंगे | कि न | हम से | अ़हद किया | अल्लाह | कि |

بِقُرْبَانٍ تَاْكُلُهُ النَّارُ ؕ قُلْ قَدْ جَآءَكُمْ رُسُلٌ مِّنْ قَبْلِيْ بِالْبَيِّنٰتِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| निशानियों के साथ | मुझ से पहले | बहुत से रसूल | अलबत्ता तुम्हारे पास आए | आप कह दें | आग | जिसे खा ले | क़ुरबानी |

وَبِالَّذِيْ قُلْتُمْ فَلِمَ قَتَلْتُمُوْهُمْ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿١٨٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 183 | सच्चे | तुम हो | अगर | तुम ने उन्हें क़त्ल किया | फिर क्यों | तुम कहते हो | और उस के साथ जो |

فَاِنْ كَذَّبُوْكَ فَقَدْ كُذِّبَ رُسُلٌ مِّنْ قَبْلِكَ جَآءُوْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह आए | आप से पहले | बहुत से रसूल | झुटलाए गए | तो अलबत्ता | वह झुटलाएं आप को | फिर अगर |

بِالْبَيِّنٰتِ وَالزُّبُرِ وَالْكِتٰبِ الْمُنِيْرِ ﴿١٨٤﴾ كُلُّ نَفْسٍ ذَآئِقَةُ الْمَوْتِ ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मौत | चखना | जान | हर | 184 | रौशन | और किताब | और सहीफ़े | खुली निशानियों के साथ |

وَاِنَّمَا تُوَفَّوْنَ اُجُوْرَكُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ فَمَنْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| फिर जो | क़ियामत के दिन | तुम्हारे अजर | पूरे पूरे मिलेंगे | और बेशक |

زُحْزِحَ عَنِ النَّارِ وَاُدْخِلَ الْجَنَّةَ فَقَدْ فَازَ ؕ وَمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुन्या | ज़िन्दगी | और नही | पस मुराद को पहुँचा | जन्नत | और दाख़िल किया गया | दोज़ख़ | से | दूर किया गया |

اِلَّا مَتَاعُ الْغُرُوْرِ ﴿١٨٥﴾ لَتُبْلَوُنَّ فِيْٓ اَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ ۟

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अपनी जानें | अपने माल | में | तुम ज़रूर आज़माए जाओगे | 185 | धोका | सौदा | सिवाए |

وَلَتَسْمَعُنَّ مِنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكُمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तुम से पहले | किताब दी गई | वह लोग जिन्हें | से | और ज़रूर सुनोगे |

وَمِنَ الَّذِيْنَ اَشْرَكُوْٓا اَذًى كَثِيْرًا ؕ

| | | | |
|---|---|---|---|
| बहुत | दुख देने वाली | जिन लोगों ने शिर्क किया (मुशरिक) | और - से |

وَاِنْ تَصْبِرُوْا وَتَتَّقُوْا فَاِنَّ ذٰلِكَ مِنْ عَزْمِ الْاُمُوْرِ ﴿١٨٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 186 | काम (जमा) | हिम्मत | से | यह | तो बेशक | और परहेज़गारी करो | तुम सब्र करो | और अगर |

अलबत्ता अल्लाह ने उन की बात सुन ली जिन लोगों ने कहा कि अल्लाह फ़क़ीर है और हम मालदार हैं। अब हम लिख रखेंगे जो उन्हों ने कहा और उन का नबियों को नाहक़ क़त्ल करना, और कहेंगे चखो जलाने वाला अ़ज़ाब। (181)

यह उस का बदला है जो तुम्हारे हाथों ने आगे भेजा और यह कि अल्लाह बन्दों पर ज़ुल्म करने वाला नहीं। (182)

जिन लोगों ने कहा कि अल्लाह ने हम से अ़हद कर रखा है कि हम किसी रसूल पर ईमान न लाएंगे, यहां तक कि वह हमारे पास क़ुरबानी लाए जिसे आग खा ले, आप (स) कह दें अलबत्ता तुम्हारे पास मुझ से पहले बहुत से रसूल आए निशानियों के साथ, और उस के साथ भी जो तुम कहते हो, फिर क्यों तुम ने उन्हें क़त्ल किया? अगर तुम सच्चे हो, (183)

फिर अगर वह आप को झुटलाएं तो अलबत्ता झुटलाए गए हैं आप (स) से पहले बहुत से रसूल, जो आए खुली निशानियों के साथ, और सहीफ़े और रौशन किताब (ले कर)। (184)

हर जान को मौत (का ज़ाइक़ा) चखना है, और क़ियामत के दिन तुम्हारे अजर पूरे पूरे मिलेंगे, फिर जो कोई दोज़ख़ से दूर किया गया, और जन्नत में दाख़िल किया गया पस वह मुराद को पहुँचा, और दुन्या की ज़िन्दगी (कुछ) नहीं एक धोके के सौदे के सिवा। (185)

तुम अपने मालों और अपनी जानों में ज़रूर आज़माए जाओगे, और तुम ज़रूर सुनोगे उन लोगों से जिन्हें तुम से पहले किताब दी गई, और मुश्रिकों से (भी) दुख देने वाली (बातें) बहुत सी, और अगर तुम सब्र करो, और परहेज़गारी करो, तो बेशक यह बड़े हिम्मत के कामों में से है। (186)

और (याद करो) जब अल्लाह ने अहले किताब से अ़हद लिया कि तुम उसे लोगों के लिए ज़रूर बयान करना और न उसे छुपाना, उन्होंने उसे अपनी पीठ पीछे फेंक दिया, और उस के बदले थोड़ी क़ीमत हासिल की, तो कितना बुरा है जो वह खरीदते हैं! (187)

आप हरगिज़ न समझें जो लोग खुश होते हैं जो उन्होंने किया (अपने किए पर) और चाहते हैं कि उस पर उन की तारीफ़ की जाए जो उन्होंने नहीं किया, पस आप (स) उन्हें रिहा शुदा न समझें अ़ज़ाब से, और उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब है। (188)

और अल्लाह के लिए है बादशाहत आस्मानों की और ज़मीन की, और अल्लाह हर शै पर क़ादिर है। (189)

बेशक पैदाइश में आस्मानों की और ज़मीन की, और रात दिन के आने जाने में अ़क़्ल वालों के लिए निशानियां हैं। (190)

जो लोग अल्लाह को खड़े और बैठे और अपनी करवटों पर याद करते हैं, और ग़ौर करते हैं आस्मानों की और ज़मीन की पैदाइश में, ऐ हमारे रब! तू ने यह बेमक़सद पैदा नहीं किया, तू पाक है, तू बचा ले हमें दोज़ख़ के अ़ज़ाब से। (191)

ऐ हमारे रब! तू ने जिस को दोज़ख़ में दाखिल किया तो ज़रूर तू ने उस को रुसवा किया, और ज़ालिमों का कोई मददगार नहीं। (192)

ऐ हमारे रब! बेशक हम ने एक पुकारने वाले को सुना वह ईमान की तरफ़ पुकारता है कि अपने रब पर ईमान ले आओ, तो हम ईमान लाए, ऐ हमारे रब! तो हमें बख़्श दे हमारे गुनाह, और हम से हमारी बुराईयां दूर कर दे, और हमें नेकों के साथ मौत दे। (193)

وَاِذْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ لَتُبَيِّنُنَّهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उसे ज़रूर बयान कर देना | किताब दी गई | वह लोग जिन्हें | अ़हद | अल्लाह | लिया | और जब |

لِلنَّاسِ وَلَا تَكْتُمُوْنَهٗ ۚ فَنَبَذُوْهُ وَرَآءَ ظُهُوْرِهِمْ وَاشْتَرَوْا بِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हासिल की उस के बदले | अपनी पीठ (जमा) | पीछे | तो उन्होंने ने उसे फेंक दिया | छुपाना उसे | और न | लोगों के लिए |

ثَمَنًا قَلِيْلًا ؕ فَبِئْسَ مَا يَشْتَرُوْنَ ﴿۱۸۷﴾ لَا تَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो लोग | आप हरगिज न समझें | 187 | वह खरीदते हैं | तो कितना बुरा है जो | थोड़ी | क़ीमत |

يَفْرَحُوْنَ بِمَآ اَتَوْا وَّيُحِبُّوْنَ اَنْ يُّحْمَدُوْا بِمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस पर जो | उन की तारीफ़ की जाए | कि | और वह चाहते है | उन्होंने ने किया | उस पर जो | खुश होते हैं |

لَمْ يَفْعَلُوْا فَلَا تَحْسَبَنَّهُمْ بِمَفَازَةٍ مِّنَ الْعَذَابِ ۚ وَلَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उन के लिए | अ़ज़ाब | से | रिहा शुदा | समझें आप उन्हें | पस न | उन्होंने ने नहीं किया |

عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿۱۸۸﴾ وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ وَاللّٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह | और ज़मीन | आस्मानों | बादशाहत | और अल्लाह के लिए | 188 | दर्दनाक | अ़ज़ाब |

ع ١٩ / ١٠ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ﴿۱۸۹﴾ اِنَّ فِىْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ज़मीन | आस्मान (जमा) | पैदाइश | में | बेशक | 189 | क़ादिर | हर शै | पर |

وَاخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ لَاٰيٰتٍ لِّاُولِى الْاَلْبَابِ ﴿۱۹۰﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 190 | अ़क़्ल वालों के लिए | निशानियां हैं | और दिन | रात | और आना जाना |

الَّذِيْنَ يَذْكُرُوْنَ اللّٰهَ قِيٰمًا وَّقُعُوْدًا وَّعَلٰى جُنُوْبِهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी करवटें | और पर | और बैठे | खड़े | अल्लाह | याद करते है | जो लोग |

وَيَتَفَكَّرُوْنَ فِىْ خَلْقِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ رَبَّنَا مَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नहीं | ऐ हमारे रब | और ज़मीन | आस्मानों | पैदाइश में | और वह ग़ौर करते हैं |

خَلَقْتَ هٰذَا بَاطِلًا ۚ سُبْحٰنَكَ فَقِنَا عَذَابَ النَّارِ ﴿۱۹۱﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 191 | आग (दोज़ख़) | अ़ज़ाब | तू हमें बचा ले | तू पाक है | बे मक़सद | यह | तू ने पैदा किया |

رَبَّنَآ اِنَّكَ مَنْ تُدْخِلِ النَّارَ فَقَدْ اَخْزَيْتَهٗ ؕ وَمَا لِلظّٰلِمِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ालिमों के लिए | और नहीं | तू ने उस को रुसवा किया | तो ज़रूर | आग (दोज़ख़) | दाखिल किया | जो - जिस | बेशक तू | ऐ हमारे रब |

مِنْ اَنْصَارٍ ﴿۱۹۲﴾ رَبَّنَآ اِنَّنَا سَمِعْنَا مُنَادِيًا يُّنَادِىْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुकारता है | पुकारने वाला | सुना | बेशक हम ने | ऐ हमारे रब | 192 | मददगार | कोई |

لِلْاِيْمَانِ اَنْ اٰمِنُوْا بِرَبِّكُمْ فَاٰمَنَّا ۖ رَبَّنَا فَاغْفِرْ لَنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमें | तो बख़्श दे | ऐ हमारे रब | सो हम ईमान लाए | अपने रब पर | कि ईमान ले आओ | ईमान के लिए |

ذُنُوْبَنَا وَكَفِّرْ عَنَّا سَيِّاٰتِنَا وَتَوَفَّنَا مَعَ الْاَبْرَارِ ﴿۱۹۳﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 193 | नेकों के साथ | और हमें मौत दे | हमारी बुराईयां | और दूर कर दे हम से | हमारे गुनाह |

رَبَّنَا وَاٰتِنَا مَا وَعَدْتَّنَا عَلٰى رُسُلِكَ وَلَا تُخْزِنَا يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ियामत के दिन | और न रुसवा कर हमें | अपने रसूल (जमा) | पर (ज़रीआ) | तू ने हम से वादा किया | जो | और हमें दे | ऐ हमारे रब |

اِنَّكَ لَا تُخْلِفُ الْمِيْعَادَ ١٩٤ فَاسْتَجَابَ لَهُمْ رَبُّهُمْ اَنِّىْ لَاۤ اُضِيْعُ عَمَلَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेहनत | ज़ाया नहीं करता | कि मैं | उन का रब | उन के लिए | पस क़ुबूल की | 194 | वादा | नहीं खिलाफ़ करता | बेशक तू |

عَامِلٍ مِّنْكُمْ مِّنْ ذَكَرٍ اَوْ اُنْثٰى ۚ بَعْضُكُمْ مِّنْۢ بَعْضٍ ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| से - बाज़ (आपस में) | तुम में से | या औरत | मर्द से | तुम में से | कोई मेहनत करने वाला |

فَالَّذِيْنَ هَاجَرُوْا وَاُخْرِجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ وَاُوْذُوْا فِىْ سَبِيْلِىْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरी राह में | और सताए गए | अपने शहरों | से | और निकाले गए | उन्हों ने हिज्रत की | सो लोग |

وَقٰتَلُوْا وَقُتِلُوْا لَاُكَفِّرَنَّ عَنْهُمْ سَيِّاٰتِهِمْ وَلَاُدْخِلَنَّهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और ज़रूर उन्हें दाखिल करूँगा | उन की बुराईयां | उन से | मैं ज़रूर दूर करूँगा | और मारे गए | और लड़े |

جَنّٰتٍ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۚ ثَوَابًا مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के पास (तरफ़) | से | सवाब | नहरें | उन के नीचे | से | बहती हैं | बाग़ात |

وَاللّٰهُ عِنْدَهٗ حُسْنُ الثَّوَابِ ١٩٥ لَا يَغُرَّنَّكَ تَقَلُّبُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | चलना फिरना | न धोका दे आप (स) को | 195 | सवाब | अच्छा | उस के पास | और अल्लाह |

فِى الْبِلَادِ ١٩٦ مَتَاعٌ قَلِيْلٌ ۟ ثُمَّ مَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोज़ख | उन का ठिकाना | फिर | थोड़ा | फ़ाइदा | 196 | शहर (जमा) | में |

وَبِئْسَ الْمِهَادُ ١٩٧ لٰكِنِ الَّذِيْنَ اتَّقَوْا رَبَّهُمْ لَهُمْ جَنّٰتٌ تَجْرِىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बहती है | बाग़ात | उन के लिए | अपना रब | डरते रहे | जो लोग | लेकिन | 197 | बिछौना (आराम गाह) | और कितना बुरा |

مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا نُزُلًا مِّنْ عِنْدِ اللّٰهِ ؕ وَمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | अल्लाह के पास | से | मेहमानी | उस में | हमेशा रहेंगे | नहरें | उन के नीचे | से |

عِنْدَ اللّٰهِ خَيْرٌ لِّلْاَبْرَارِ ١٩٨ وَاِنَّ مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ لَمَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ वह जो | अहले किताब | से | और बेशक | 198 | नेक लोगों के लिए | बेहतर | अल्लाह के पास |

يُّؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَمَاۤ اُنْزِلَ اِلَيْكُمْ وَمَاۤ اُنْزِلَ اِلَيْهِمْ خٰشِعِيْنَ لِلّٰهِ ۙ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के आगे | आजिज़ी करते हैं | उन की तरफ़ | नाज़िल किया गया | और जो | तुम्हारी तरफ़ | नाज़िल किया गया | और जो | अल्लाह पर | ईमान लाते हैं |

لَا يَشْتَرُوْنَ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ ثَمَنًا قَلِيْلًا ؕ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ اَجْرُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का अजर | उन के लिए | यही लोग | थोड़ा | मोल | अल्लाह | आयतों का | मोल नहीं लेते |

عِنْدَ رَبِّهِمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ١٩٩ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اصْبِرُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम सब्र करो | ईमान वालो | ऐ | 199 | हिसाब | जल्द | अल्लाह | बेशक | उन का रब | पास |

ع ٢٠ ١١ وَصَابِرُوْا وَرَابِطُوْا ۟ وَاتَّقُوا اللّٰهَ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ٢٠٠

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 200 | मुराद को पहुँचो | ताकि तुम | अल्लाह | और डरो | और जंग की तैयारी करो | और मुक़ाबले में मज़बूत रहो |

ऐ हमारे रब! और हमें दे जो तू ने अपने रसूलों के जरीए हम से वादा किया और हमें क़ियामत के दिन रुसवा न करना, बेशक तू नहीं खिलाफ़ करता (अपना) वादा। (194)

पस उन के रब ने (उन की दुआ) क़ुबूल की कि मैं किसी मेहनत करने वाले की मेहनत ज़ाया नहीं करता तुम में से मर्द हो या औरत, तुम आपस में (एक हो) सो जिन लोगों ने हिज्रत की, और अपने शहरों से निकाले गए, और मेरी राह में सताए गए, और लड़े, और मारे गए, मैं उन की बुराईयां उन से ज़रूर दूर करदूँगा, और उन्हें बाग़ात में दाखिल करूँगा, बहती हैं जिन के नीचे नहरें, (यह) अल्लाह की तरफ़ से सवाब है, और अल्लाह के पास अच्छा सवाब है। (195)

शहरों में काफ़िरों का चलना फिरना आप (स) को धोका न दे। (196)

(यह) थोड़ा सा फ़ाइदा है, फिर उन का ठिकाना दोज़ख है, और वह कितनी बुरी आरामगाह है? (197)

जो लोग अपने रब से डरते रहे उन के लिए बाग़ात हैं जिन के नीचे नहरें बहती हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे, मेहमानी है अल्लाह के पास से, और जो अल्लाह के पास है नेक लोगों के लिए बेहतर है। (198)

और बेशक अहले किताब में से बाज़ वह हैं जो ईमान लाए हैं अल्लाह पर, और जो तुम्हारी तरफ़ नाज़िल किया गया, और जो उन की तरफ़ नाज़िल किया गया, अल्लाह के आगे आजिज़ी करते हैं, अल्लाह की आयतों के बदले थोड़ा मोल नहीं लेते, यही लोग हैं उन के लिए उन के रब के पास अजर है, बेशक अल्लाह जल्द हिसाब लेने वाला है. (199)

ऐ ईमान वालो! तुम सब्र करो, और मुक़ाबले में मज़बूत रहो, और जंग की तैयारी करो, और अल्लाह से डरो, ताकि तुम मुराद को पहुँचो। (200)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है

ऐ लोगो! अपने रब से डरो, जिस ने तुम्हें एक जान (आदम अ़) से पैदा किया, और उसी से उस का जोड़ा पैदा किया, और उन दोनों से फैलाए बहुत से मर्द और औरतें, और अल्लाह से डरो जिस के नाम पर तुम आपस में मांगते हो और (खयाल रखो) रिश्तों का, बेशक अल्लाह है तुम पर निगहबान। (1)

और यतीमों को उन के माल दो और न बदलो नापाक (हराम) को पाक (हलाल) से, और उन के माल न खाओ अपने मालों के साथ (मिला कर), बेशक यह बड़ा गुनाह है। (2)

और अगर तुम को डर हो कि यतीम (के हक़) में इन्साफ़ न कर सकोगे तो निकाह कर लो जो औरतें तुम्हें भली लगें, दो दो और तीन तीन और चार चार, फिर अगर तुम्हें अन्देशा हो कि इन्साफ़ न कर सकोगे तो एक ही, या जिस लौंडी के तुम मालिक हो, यह उस के क़रीब है कि न झुक पड़ो। (3)

और औरतों को उन के मेहर खुशी से दे दो, फिर अगर वह खुशी से तुम्हें छोड़ दें उस में से कुछ तो उसे मज़ेदार खुशगवार समझ कर खाओ। (4)

और न दो बेअ़क्लों को अपने माल जो अल्लाह ने तुम्हारे लिए सहारा (गुज़रान का ज़रीआ़) बनाया है और उन्हें उस से खिलाते और पहनाते रहो, और कहो उन से मअ़रूफ़ बात। (5)

ايَاتُهَا ١٧٦ (٤) سُوْرَةُ النِّسَآء رُكُوعَاتُهَا ٢٤

आयात 176 (4) सूरतुन निसा रुकुआत 24

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ○

| | | | |
|---|---|---|---|
| रह्म करने वाला | बहुत मेहरबान | अल्लाह | नाम से |

يٰۤاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوْا رَبَّكُمُ الَّذِىْ خَلَقَكُمْ مِّنْ نَّفْسٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जान | से | तुम्हें पैदा किया | वह जिस ने | अपना रब | डरो | लोग | ऐ |

وَّاحِدَةٍ وَّخَلَقَ مِنْهَا زَوْجَهَا وَبَثَّ مِنْهُمَا رِجَالًا كَثِيْرًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बहुत | मर्द (जमा) | दोनों से | और फैलाए | जोड़ा उस का | उस से | और पैदा किया | एक |

وَّنِسَآءً ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ الَّذِىْ تَسَآءَلُوْنَ بِهٖ وَالْاَرْحَامَ ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और रिश्ते | उस से (उस के नाम पर) | आपस में मांगते हो | वह जो | अल्लाह | और डरो | और औरतें |

اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلَيْكُمْ رَقِيْبًا ۝١ وَاٰتُوا الْيَتٰمٰٓى اَمْوَالَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के माल | यतीम (जमा) | और दो | 1 | निगहबान | तुम पर | है | अल्लाह | बेशक |

وَلَا تَتَبَدَّلُوا الْخَبِيْثَ بِالطَّيِّبِ ۪ وَلَا تَاْكُلُوْۤا اَمْوَالَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के माल | खाओ | और न | पाक से | नापाक | बदलो | और न |

اِلٰۤى اَمْوَالِكُمْ ۭ اِنَّهٗ كَانَ حُوْبًا كَبِيْرًا ۝٢ وَاِنْ خِفْتُمْ اَلَّا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि न | तुम डरो | और अगर | 2 | बड़ा | गुनाह | है | बेशक | अपने माल | तरफ़ (साथ) |

تُقْسِطُوْا فِى الْيَتٰمٰى فَانْكِحُوْا مَا طَابَ لَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें | पसन्द हो | जो | तो निकाह कर लो | यतीमों | में | इन्साफ़ कर सकोगे |

مِّنَ النِّسَآءِ مَثْنٰى وَثُلٰثَ وَرُبٰعَ ۚ فَاِنْ خِفْتُمْ اَلَّا تَعْدِلُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्साफ़ कर सकोगे | कि न | तुम्हें अन्देशा हो | फिर अगर | और चार, चार | और तीन तीन | दो, दो | औरतें | से |

فَوَاحِدَةً اَوْ مَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ۭ ذٰلِكَ اَدْنٰۤى اَلَّا تَعُوْلُوْا ۝٣

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | झुक पड़ो | कि न | क़रीब तर | यह | लौंडी जिस के तुम मालिक हो | जो | या | तो एक ही |

وَاٰتُوا النِّسَآءَ صَدُقٰتِهِنَّ نِحْلَةً ۭ فَاِنْ طِبْنَ لَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम को | खुशी से छोड़ दें | फिर अगर | खुशी से | उन के मेहर | औरतें | और दे दो |

عَنْ شَىْءٍ مِّنْهُ نَفْسًا فَكُلُوْهُ هَنِيْۤـًٔا مَّرِيْۤـًٔا ۝٤ وَلَا تُؤْتُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो | और न | 4 | मज़ेदार, खुशगवार | तो उसे खाओ | दिल से | उस से | कुछ |

السُّفَهَآءَ اَمْوَالَكُمُ الَّتِىْ جَعَلَ اللّٰهُ لَكُمْ قِيٰمًا وَّارْزُقُوْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हें खिलाते रहो | सहारा | तुम्हारे लिए | अल्लाह | बनाया | जो | अपने माल | बेअ़क्ल (जमा) |

فِيْهَا وَاكْسُوْهُمْ وَقُوْلُوْا لَهُمْ قَوْلًا مَّعْرُوْفًا ۝٥

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | मअ़रूफ़ | बात | उन से | और कहो | और उन्हें पहनाते रहो | उस में |

وَابْتَلُوا الْيَتٰمٰى حَتّٰٓى اِذَا بَلَغُوا النِّكَاحَ ۚ فَاِنْ اٰنَسْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पाओ | फिर अगर | निकाह | वह पहुँचें | जब | यहां तक कि | यतीम (जमा) | और आज़माते रहो |

مِّنْهُمْ رُشْدًا فَادْفَعُوْٓا اِلَيْهِمْ اَمْوَالَهُمْ ۚ وَلَا تَاْكُلُوْهَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह खाओ | और न | उन के माल | उन के | तो हवाले कर दो | सलाहियत | उन में |

اِسْرَافًا وَّبِدَارًا اَنْ يَّكْبَرُوْا ۭ وَمَنْ كَانَ غَنِيًّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़नी | हो | और जो | वह बड़े हो जाएंगे | कि | और जल्दी जल्दी | ज़रूरत से ज़ियादा |

فَلْيَسْتَعْفِفْ ۚ وَمَنْ كَانَ فَقِيْرًا فَلْيَاْكُلْ بِالْمَعْرُوْفِ ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दस्तूर के मुताबिक़ | तो खाए | हाजत मन्द | हो | और जो | बचता रहे |

فَاِذَا دَفَعْتُمْ اِلَيْهِمْ اَمْوَالَهُمْ فَاَشْهِدُوْا عَلَيْهِمْ ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | तो गवाह कर लो | उन के माल | उन के | हवाले करो | फिर जब |

وَكَفٰى بِاللّٰهِ حَسِيْبًا ﴿٦﴾ لِلرِّجَالِ نَصِيْبٌ مِّمَّا تَرَكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छोड़ा | उस से जो | हिस्सा | मर्दों के लिए | 6 | हिसाब लेने वाला | अल्लाह | और काफ़ी |

الْوَالِدٰنِ وَالْاَقْرَبُوْنَ ۠ وَلِلنِّسَاۗءِ نَصِيْبٌ مِّمَّا

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उस से जो | हिस्सा | और औरतों के लिए | और क़राबतदार | माँ बाप |

تَرَكَ الْوَالِدٰنِ وَالْاَقْرَبُوْنَ مِمَّا قَلَّ مِنْهُ اَوْ كَثُرَ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ियादा | या | उस से | थोड़ा | उस में से | और क़राबतदार | माँ बाप | छोड़ा |

نَصِيْبًا مَّفْرُوْضًا ﴿٧﴾ وَاِذَا حَضَرَ الْقِسْمَةَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तक़सीम के वक़्त | हाज़िर हों | और जब | 7 | मुक़र्रर किया हुआ | हिस्सा |

اُولُوا الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنُ فَارْزُقُوْهُمْ مِّنْهُ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उस से | तो उन्हें खिला दो (दे दो) | और मिस्कीन | और यतीम | रिश्तेदार |

وَقُوْلُوْا لَهُمْ قَوْلًا مَّعْرُوْفًا ﴿٨﴾ وَلْيَخْشَ الَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग | और चाहिए कि डरें | 8 | अच्छी | बात | उन से | और कहो |

لَوْ تَرَكُوْا مِنْ خَلْفِهِمْ ذُرِّيَّةً ضِعٰفًا خَافُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हें फ़िक्र हो | नातवां | औलाद | अपने पीछे | से | छोड़ जाएं | अगर |

عَلَيْهِمْ ۠ فَلْيَتَّقُوا اللّٰهَ وَلْيَقُوْلُوْا قَوْلًا سَدِيْدًا ﴿٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | सीधी | बात | और चाहिए कि कहें | अल्लाह | पस चाहिए कि वह डरें | उन का |

اِنَّ الَّذِيْنَ يَاْكُلُوْنَ اَمْوَالَ الْيَتٰمٰى ظُلْمًا اِنَّمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के सिवा कुछ नहीं | ज़ुल्म से | यतीमों | माल | खाते हैं | जो लोग | बेशक |

يَاْكُلُوْنَ فِيْ بُطُوْنِهِمْ نَارًا ۭ وَسَيَصْلَوْنَ سَعِيْرًا ﴿١٠﴾ ع ١/١٠ ١٢

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | आग (दोज़ख) | और अनक़रीब दाख़िल होंगे | आग | अपने पेट | में | वह भर रहे हैं |

और यतीमों को आज़माते रहो यहां तक कि वह निकाह की उम्र को पहुँच जाएं, फिर अगर उन में सलाहियत (हुस्ने तदबीर) पाओ तो उन के माल उन के हवाले कर दो, और उन का माल न खाओ ज़रूरत से ज़ियादा, और जल्दी (इस ख़याल से) कि वह बड़े हो जाएंगे, और जो ग़नी हो वह (माले यतीम से) बचता रहे, और जो हाजत मन्द हो वह दस्तूर के मुताबिक़ खाए, फिर जब उन के माल उन के हवाले करो तो उन पर गवाह कर लो, और अल्लाह काफ़ी है हिसाब लेने वाला। (6)

मर्दों के लिए हिस्सा है उस में से जो माँ बाप ने और क़राबतदारों ने छोड़ा, और औरतों के लिए हिस्सा है उस में से जो छोड़ा माँ बाप ने और क़राबतदारों ने, ख़्वाह थोड़ा हो या ज़ियादा, हिस्सा मुक़र्रर किया हुआ है। (7)

और जब हाज़िर हों तक़सीम के वक़्त रिश्तेदार और यतीम और मिस्कीन, तो उस में से उन्हें भी (कुछ) दे दो और कहो उन से अच्छी बात। (8)

और चाहिए कि वह लोग डरें कि अगर वह छोड़ जाएं अपने पीछे नातवां औलाद हो तो उन्हें उन की फ़िक्र हो, पस चाहिए कि वह अल्लाह से डरें, और चाहिए कि बात कहें सीधी। (9)

बेशक जो लोग ज़ुल्म से यतीमों का माल खाते हैं, और कुछ नहीं बस वह अपने पेटों में आग भर रहे हैं, और अनक़रीब दोज़ख में दाख़िल होंगे। (10)

अल्लाह तुम्हें वसीयत करता है तुम्हारी औलाद (के बारे) में, मर्द का हिस्सा दो औरतों के बराबर है, फिर अगर औरतें हों दो से ज़ियादा तो उन के लिए (उस में से) दो तिहाई है जो (वारिस ने) छोड़ा, और अगर एक ही हो तो उस के लिए निस्फ़ है, और उस के माँ बाप के लिए दोनों में से हर एक का छटा हिस्सा है उस में से जो (मय्यत ने) छोड़ा, अगर उन की औलाद हो फिर अगर उस की औलाद न हो और माँ बाप ही उस के वारिस हों तो उस की माँ का तिहाई स्सा है, फिर अगर उस (मय्यत) के कई भाई बहन हों तो उस की माँ का छटा हिस्सा है उस वसीयत के बाद जो वह कर गया या (बाद अदाए) क़र्ज, तुम्हारे बाप और तुम्हारे बेटे तो तुम को नहीं मालूम उन में से कौन तुम्हारे लिए नफ़ा (पहुँचाने में) नज़दीक तर है यह अल्लाह का मुक़र्रर किया हुआ हिस्सा है, बेशक अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (11)

और तुम्हारे लिए आधा है जो छोड़ मरें तुम्हारी बीवियां अगर उन की कोई औलाद न हो, फिर अगर उन की औलाद हो तो तुम्हारे लिए उस में से जो वह छोड़ें वसीयत के बाद चौथाई हिस्सा है, जिस की वह वसीयत कर जाएं या (बाद अदाए) क़र्ज, और उस में से उन के लिए चौथाई हिस्सा है जो तुम छोड़ जाओ अगर न हो तुम्हारी औलाद, फिर अगर तुम्हारी औलाद हो तो जो तुम छोड़ जाओ उस में से उन का आठवां (1/8) हिस्सा है उस वसीयत (के निकालने) के बाद जो तुम वसीयत कर जाओ या (अदाए) क़र्ज़, और अगर ऐसे मर्द की मीरास है या ऐसी औरत की जो "कलाला" है (उस का बाप बेटा नहीं) और उस के भाई बहन हों तो उन दोनों में से हर एक का छटा हिस्सा है, फिर अगर वह एक से ज़ियादा हों तो वह सब शरीक हैं एक तिहाई में उस वसीयत के बाद जो वसीयत कर दी जाए या (बाद अदाए) क़र्ज (बशर्त यह कि किसी को) नुक़्सान न पहुँचाया हो, यह अल्लाह का हुक्म है, और अल्लाह जानने वाला, हिल्म वाला है। (12)

يُوْصِيْكُمُ اللّٰهُ فِيْٓ اَوْلَادِكُمْ لِلذَّكَرِ مِثْلُ حَظِّ الْاُنْثَيَيْنِ فَاِنْ كُنَّ

तुम्हें वसीयत करता है | अल्लाह | में | तुम्हारी औलाद | मर्द को | मानिंद (बराबर) | हिस्सा | दो औरतें | फिर अगर | हों

نِسَآءً فَوْقَ اثْنَتَيْنِ فَلَهُنَّ ثُلُثَا مَا تَرَكَ وَاِنْ كَانَتْ وَاحِدَةً فَلَهَا

औरतें | ज़ियादा | दो | तो उन के लिए | दो तिहाई | जो छोड़ा (तरका) | और अगर | हो | एक | तो उस के लिए

النِّصْفُ وَلِاَبَوَيْهِ لِكُلِّ وَاحِدٍ مِّنْهُمَا السُّدُسُ مِمَّا تَرَكَ اِنْ كَانَ

निस्फ़ | और माँ बाप के लिए | हर एक के लिए | उन दोनों में से | छटा हिस्सा (1/6) | उस से जो | छोड़ा (तरका) | अगर हो

لَهٗ وَلَدٌ فَاِنْ لَّمْ يَكُنْ لَّهٗ وَلَدٌ وَّوَرِثَهٗٓ اَبَوٰهُ فَلِاُمِّهِ الثُّلُثُ

उस की औलाद | फिर अगर | न हो | उस की औलाद | और उस के वारिस हों | माँ बाप | तो उस की माँ का | तिहाई (1/3)

فَاِنْ كَانَ لَهٗٓ اِخْوَةٌ فَلِاُمِّهِ السُّدُسُ مِنْۢ بَعْدِ وَصِيَّةٍ

फिर अगर | उस के हों | कई भाई बहन | तो उस की माँ का | छटा (1/6) | से | बाद | वसीयत

يُّوْصِيْ بِهَآ اَوْ دَيْنٍ اٰبَآؤُكُمْ وَاَبْنَآؤُكُمْ لَا تَدْرُوْنَ اَيُّهُمْ اَقْرَبُ لَكُمْ

उस की वसीयत की हो | या क़र्ज़ | तुम्हारे बाप | और तुम्हारे बेटे | तुम को नही मालूम | उन में से कौन | नज़दीक तर तुम्हारे लिए

نَفْعًا فَرِيْضَةً مِّنَ اللّٰهِ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ﴿١١﴾

नफ़ा | हिस्सा मुक़र्रर किया हुआ है | अल्लाह का | बेशक अल्लाह | है | जानने वाला | हिक्मत वाला | 11

وَلَكُمْ نِصْفُ مَا تَرَكَ اَزْوَاجُكُمْ اِنْ لَّمْ يَكُنْ لَّهُنَّ وَلَدٌ فَاِنْ كَانَ

और तुम्हारे लिए | आधा | जो छोड़ मरें | तुम्हारी बीवियां | अगर | न हो | उन की कोई औलाद | फिर अगर | हो

لَهُنَّ وَلَدٌ فَلَكُمُ الرُّبُعُ مِمَّا تَرَكْنَ مِنْۢ بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُّوْصِيْنَ بِهَآ

उन की औलाद | तो तुम्हारे लिए | चौथाई (1/4) | उस में से जो वह छोड़ें | बाद | वसीयत | वह वसीयत कर जाएं | उस की

اَوْ دَيْنٍ وَلَهُنَّ الرُّبُعُ مِمَّا تَرَكْتُمْ اِنْ لَّمْ يَكُنْ لَّكُمْ وَلَدٌ فَاِنْ

या क़र्ज़ | और उन के लिए | चौथाई | उस में से जो | तुम छोड़ जाओ | अगर | न हो | तुम्हारी औलाद | फिर अगर

كَانَ لَكُمْ وَلَدٌ فَلَهُنَّ الثُّمُنُ مِمَّا تَرَكْتُمْ مِّنْۢ بَعْدِ وَصِيَّةٍ

हो तुम्हारी | औलाद | तो उन के लिए | आठवां (1/8) | उस से जो तुम छोड़ जाओ | से | बाद | वसीयत

تُوْصُوْنَ بِهَآ اَوْ دَيْنٍ وَاِنْ كَانَ رَجُلٌ يُّوْرَثُ كَلٰلَةً اَوِ امْرَاَةٌ

तुम वसीयत करो | उस की | या क़र्ज़ | और अगर | हो | ऐसा मर्द | मीरास हो | जिस का बाप बेटा न हो | या औरत

وَّلَهٗٓ اَخٌ اَوْ اُخْتٌ فَلِكُلِّ وَاحِدٍ مِّنْهُمَا السُّدُسُ فَاِنْ كَانُوْٓا اَكْثَرَ

और उस | भाई | या बहन | तो तमाम के लिए | उन में से हर एक | छटा (1/6) | फिर अगर | हों | ज़ियादा

مِنْ ذٰلِكَ فَهُمْ شُرَكَآءُ فِي الثُّلُثِ مِنْۢ بَعْدِ وَصِيَّةٍ يُّوْصٰى بِهَآ

उस से (एक से) | तो वह सब | शरीक | तिहाई (1/3) | उस के बाद | वसीयत | जिस की वसीयत की जाए

اَوْ دَيْنٍ غَيْرَ مُضَآرٍّ وَصِيَّةً مِّنَ اللّٰهِ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَلِيْمٌ ﴿١٢﴾

या क़र्ज़ | नुक़्सान दह न हो | हुक्म | अल्लाह से | और अल्लाह | जानने वाला | हिल्म वाला | 12

تِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ ؕ وَمَنْ يُّطِعِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ يُدْخِلْهُ جَنّٰتٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाग़ात | वह उसे दाख़िल करेगा | और उस का रसूल | अल्लाह की इताअ़त करे | और जो | अल्लाह | हदें | यह |

تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ؕ وَذٰلِكَ الْفَوْزُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कामयाबी | और यह | उन में | हमेशा रहेंगे | नहरें | उन के नीचे | बहती हैं |

الْعَظِيْمُ ﴿١٣﴾ وَمَنْ يَّعْصِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَيَتَعَدَّ حُدُوْدَهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की हदें | और बढ़ जाए | और उस का रसूल | अल्लाह | नाफ़रमानी | और जो | 13 | बड़ी |

ع ٢ ١٣ يُدْخِلْهُ نَارًا خَالِدًا فِيْهَا ۠ وَلَهٗ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿١٤﴾ وَالّٰتِىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो औरतें | 14 | ज़लील करने वाला | अ़ज़ाब | और उस के लिए | उस में | हमेशा रहेगा | आग | वह उसे दाख़िल करेगा |

يَاْتِيْنَ الْفَاحِشَةَ مِنْ نِّسَآئِكُمْ فَاسْتَشْهِدُوْا عَلَيْهِنَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | तो गवाह लाओ | तुम्हारी औरतें | से | बदकारी | मुर्तकिब हों |

اَرْبَعَةً مِّنْكُمْ ۚ فَاِنْ شَهِدُوْا فَاَمْسِكُوْهُنَّ فِى الْبُيُوْتِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घरों में | उन्हें बन्द रखो | वह गवाही दें | फिर अगर | अपनों में से | चार |

حَتّٰى يَتَوَفّٰهُنَّ الْمَوْتُ اَوْ يَجْعَلَ اللّٰهُ لَهُنَّ سَبِيْلًا ﴿١٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | कोई सबील | उन के लिए | अल्लाह | कर दे | या | मौत | उन्हें उठा ले | यहां तक कि |

وَالَّذٰنِ يَاْتِيٰنِهَا مِنْكُمْ فَاٰذُوْهُمَا ۚ فَاِنْ تَابَا وَاَصْلَحَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और इस्लाह कर लें | फिर अगर वह तौबा करें | तो उन्हें ईज़ा दो | तुम में से | मुर्तकिब हों | और जो दो |

فَاَعْرِضُوْا عَنْهُمَا ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ تَوَّابًا رَّحِيْمًا ﴿١٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | निहायत मेहरबान | तौबा क़ुबूल करने वाला | है | अल्लाह | बेशक | उन का | तो पीछा छोड़ दो |

اِنَّمَا التَّوْبَةُ عَلَى اللّٰهِ لِلَّذِيْنَ يَعْمَلُوْنَ السُّوْٓءَ بِجَهَالَةٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नादानी से | बुराई | वह करते हैं | उन लोगों के लिए | अल्लाह पर (अल्लाह के ज़िम्मे) | तौबा क़ुबूल करना | उस के सिवा नहीं |

ثُمَّ يَتُوْبُوْنَ مِنْ قَرِيْبٍ فَاُولٰٓئِكَ يَتُوْبُ اللّٰهُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | तौबा क़ुबूल करता है | पस यही लोग हैं | जल्दी से | तौबा करते हैं | फिर |

عَلَيْهِمْ ؕ وَكَانَ اللّٰهُ عَلِيْمًا حَكِيْمًا ﴿١٧﴾ وَلَيْسَتِ التَّوْبَةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तौबा | और नहीं | 17 | हिक्मत वाला | जानने वाला | अल्लाह | और है | उन की |

لِلَّذِيْنَ يَعْمَلُوْنَ السَّيِّاٰتِ ۚ حَتّٰٓى اِذَا حَضَرَ اَحَدَهُمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन में से किसी को | सामने आ जाए | जब | यहां तक | बुराईयां | वह करते हैं | उन के लिए (उन की) |

الْمَوْتُ قَالَ اِنِّىْ تُبْتُ الْـٰٔنَ وَلَا الَّذِيْنَ يَمُوْتُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मर जाते हैं | वह लोग जो | और न | अब | तौबा करता हूं | कि मैं | कहे | मौत |

وَهُمْ كُفَّارٌ ؕ اُولٰٓئِكَ اَعْتَدْنَا لَهُمْ عَذَابًا اَلِيْمًا ﴿١٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | दर्दनाक | अ़ज़ाब | उन के लिए | हम ने तैयार किया | यही लोग | काफ़िर | और वह |

यह अल्लाह की (मुक़र्रर करदा) हदें हैं, और जो अल्लाह और उस के रसूल की इताअ़त करेगा वह उसे बाग़ात में दाख़िल करेगा, जिन के नीचे नहरें बहती हैं, वह उन में हमेशा रहेंगे, और यह बड़ी कामयाबी है। (13)

और जो अल्लाह और उस के रसूल की नाफ़रमानी करेगा, और बढ़ जाएगा उस की हदों से तो वह उसे आग में दाख़िल करेगा, वह उस में हमेशा रहेगा, और उस के लिए ज़लील करने वाला अ़ज़ाब है। (14)

और तुम्हारी औरतों में से जो बदकारी की मुर्तकिब हों उन पर गवाह लाओ चार अपनों में से, फिर अगर वह गवाही दें तो उन औरतों को घरों में बन्द रखो यहां तक कि मौत उन्हें उठा ले, या अल्लाह उन के लिए कोई सबील कर दे (कोई राह निकाले)। (15)

और जो दो मुर्तकिब हों तुम में से तो उन्हें ईज़ा दो, फिर अगर वह तौबा कर लें, और अपनी इस्लाह कर लें तो उन का पीछा छोड़ दो, बेशक अल्लाह तौबा क़ुबूल करने वाला निहायत मेहरबान है। (16)

इस के सिवा नहीं कि तौबा क़ुबूल करना अल्लाह के ज़िम्मे उन ही लोगों के लिए है जो करते हैं बुराई नादानी से, फिर जल्दी से तौबा कर लेते हैं, पस यही लोग हैं अल्लाह तौबा क़ुबूल करता है उन की, और अल्लाह जानने वाला, हिक्मत वाला है। (17)

और उन लोगों के लिए तौबा नहीं जो बुराईयां (गुनाह) करते रहते हैं यहां तक कि जब मौत उन में से किसी के सामने आ जाए तो कहे कि मैं अब तौबा करता हूँ, और न उन लोगों की जो मर जाते हैं हालते कुफ़्र में, यही लोग हैं हम ने तैयार किया है उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब। (18)

ऐ ईमान वालो! तुम्हारे लिए हलाल नहीं कि तुम वारिस बन जाओ औ़रतों के ज़बरदस्ती, और न उन्हें रोके रखो कि उन से अपना दिया हुआ कुछ (वापस) ले लो, मगर यह कि वह खुली बेहयाई की मुर्तकिब हों, और उन औ़रतों के साथ दस्तूर के मुताबिक़ गुज़रान करो, फिर अगर वह तुम्हें नापसन्द हों तो अ़ज्न मुमकिन है कि तुम्हें एक चीज़ नापसन्द हो और अल्लाह रखे उस में बहुत भलाई। (19)

और अगर बदल लेना चाहो एक बीवी की जगह दूसरी बीवी, और तुम ने उन में से किसी एक को ख़ज़ाना दिया है तो उस से कुछ वापस न लो, क्या तुम वह लेते हो बुहतान (लगा कर) और सरीह (खुले) गुनाह से? (20)

और तुम वह कैसे वापस लोगे? और अलबत्ता तुम में से एक दूसरे तक पहुँच चुका (सुहबत कर चुका), और उन्हों ने तुम से पुख़्ता अ़हद लिया। (21)

और उन औ़रतों से निकाह न करो जिन से तुम्हारे बाप ने निकाह किया हो, मगर जो (पहले) गुज़र चुका, बेशक यह बेहयाई और ग़ज़ब की बात थी और बुरा रास्ता (ग़लत तरीक़ा) था (22)

तुम पर हराम की गईं तुम्हारी माएँ, और तुम्हारी बेटियां, और तुम्हारी बहनें, और तुम्हारी फूफियां, और तुम्हारी ख़ालाएं, और भतीजियां, और बेटियां बहन की (भांजियां), और तुम्हारी रज़ाई माएँ जिन्हों ने तुम्हें दूध पिलाया और तुम्हारी दूध शरीक बहनें, और तुम्हारी औ़रतों की माएँ (सास), और तुम्हारी वह बेटियां जो तुम्हारी पर्वरिश में हैं तुम्हारी उन बीवियों से जिन से तुम ने सुहबत की, पस अगर तुम ने उन से सुहबत नहीं की तो कुछ गुनाह नहीं है तुम पर, और तुम्हारे उन बेटों की बीवियां जो तुम्हारी पुश्त से हैं, और यह कि तुम दो बहनों को जमा करो मगर जो पहले गुज़र चुका, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, मेहरबान है। (23)

يَـٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا يَحِلُّ لَكُمْ اَنْ تَرِثُوا النِّسَآءَ كَرْهًا ۭ وَلَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न | ज़बरदस्ती | औ़रतें | कि वारिस बन जाओ | तुम्हारे लिए | हलाल नहीं | जो लोग ईमान लाए (ईमान वाले) | ऐ |

تَعْضُلُوْهُنَّ لِتَذْهَبُوْا بِبَعْضِ مَآ اٰتَيْتُمُوْهُنَّ اِلَّآ اَنْ يَّاْتِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुर्तकिब हों | यह कि | मगर | उन को दिया हो | जो | कुछ | कि ले लो | उन्हें रोक रखो |

بِفَاحِشَةٍ مُّبَيِّنَةٍ ۚ وَعَاشِرُوْهُنَّ بِالْمَعْرُوْفِ ۚ فَاِنْ كَرِهْتُمُوْهُنَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह नापसन्द हों | फिर अगर | दस्तूर के मुताबिक़ | और उन से गुज़रान करो | खुली हुई | बेहयाई |

فَعَسٰٓى اَنْ تَكْرَهُوْا شَيْـًٔا وَّيَجْعَلَ اللّٰهُ فِيْهِ خَيْرًا كَثِيْرًا ﴿١٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | बहुत | भलाई | उस में | अल्लाह | और रखे | एक चीज़ | कि तुम को नापसन्द हो | तो मुमकिन है |

وَاِنْ اَرَدْتُّمُ اسْتِبْدَالَ زَوْجٍ مَّكَانَ زَوْجٍ ۙ وَّاٰتَيْتُمْ اِحْدٰىهُنَّ قِنْطَارًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ज़ाना | उन में से एक का | और तुम ने दिया है | दूसरी बीवी | जगह (बदले) | एक बीवी | बदल लेना | तुम चाहो | और अगर |

فَلَا تَاْخُذُوْا مِنْهُ شَيْـًٔا ۭ اَتَاْخُذُوْنَهٗ بُهْتَانًا وَّاِثْمًا مُّبِيْنًا ﴿٢٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | सरीह (खुला) | और गुनाह | बुहतान | क्या तुम वह लेते हो | कुछ | उस से | तो न (वापस) लो |

وَكَيْفَ تَاْخُذُوْنَهٗ وَقَدْ اَفْضٰى بَعْضُكُمْ اِلٰى بَعْضٍ وَّاَخَذْنَ مِنْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम से | और उन्हों ने लिया | दूसरे तक | तुम में एक | पहुँच चुका | और अलबत्ता | तुम उसे लोगे | और कैसे |

مِّيْثَاقًا غَلِيْظًا ﴿٢١﴾ وَلَا تَنْكِحُوْا مَا نَكَحَ اٰبَآؤُكُمْ مِّنَ النِّسَآءِ اِلَّا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | औ़रतें | से | तुम्हारे बाप | जिस से निकाह किया | निकाह करो | और न | 21 | पुख़्ता | अ़हद |

مَا قَدْ سَلَفَ ۭ اِنَّهٗ كَانَ فَاحِشَةً وَّمَقْتًا ۭ وَسَآءَ سَبِيْلًا ﴿٢٢﴾ حُرِّمَتْ ع ٣ ٨ ١٣

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हराम की गई | 22 | रास्ता (तरीक़ा) | और बुरा | और ग़ज़ब की बात | बेहयाई | था | बेशक वह | जो गुज़र चुका |

عَلَيْكُمْ اُمَّهٰتُكُمْ وَبَنٰتُكُمْ وَاَخَوٰتُكُمْ وَعَمّٰتُكُمْ وَخٰلٰتُكُمْ وَبَنٰتُ الْاَخِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और भतीजियां | और तुम्हारी ख़ालाएं | और तुम्हारी फूफियां | और तुम्हारी बहनें | और तुम्हारी बेटियां | तुम्हारी माएँ | तुम पर |

وَبَنٰتُ الْاُخْتِ وَاُمَّهٰتُكُمُ الّٰتِيْٓ اَرْضَعْنَكُمْ وَاَخَوٰتُكُمْ مِّنَ الرَّضَاعَةِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दूध शरीक | से | और तुम्हारी बहनें | तुम्हें दूध पिलाया | वह जिन्हों ने | और तुम्हारी माएँ | और बहन कि बेटियां |

وَاُمَّهٰتُ نِسَآىِٕكُمْ وَرَبَآىِٕبُكُمُ الّٰتِيْ فِيْ حُجُوْرِكُمْ مِّنْ نِّسَآىِٕكُمُ الّٰتِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन से | तुम्हारी बीवियां | से | तुम्हारी पर्वरिश | में | जो कि | और तुम्हारी बेटियां | और तुम्हारी औ़रतों की माएँ |

دَخَلْتُمْ بِهِنَّ ۡ فَاِنْ لَّمْ تَكُوْنُوْا دَخَلْتُمْ بِهِنَّ فَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ ۡ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पर | तो नहीं गुनाह | उन से | तुम ने नहीं की सुहबत | पस अगर | उन से | तुम ने सुहबत की |

وَحَلَآىِٕلُ اَبْنَآىِٕكُمُ الَّذِيْنَ مِنْ اَصْلَابِكُمْ ۙ وَاَنْ تَجْمَعُوْا بَيْنَ الْاُخْتَيْنِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो बहनों को | तुम जमा करो | और यह कि | तुम्हारी पुश्त | से | जो | तुम्हारे बेटे | और बीवियां |

اِلَّا مَا قَدْ سَلَفَ ۭ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ غَفُوْرًا رَّحِيْمًا ﴿٢٣﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | मेहरबान | बख़्शने वाला | है | अल्लाह | बेशक | पहले गुज़र चुका | मगर जो |

وَّالۡمُحۡصَنٰتُ مِنَ النِّسَآءِ اِلَّا مَا مَلَكَتۡ اَيۡمَانُكُمۡ‌ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे दाहने हाथ | मालिक हो जाएं | जो-जिस | मगर | औरतें | से | और खावन्द वाली औरतें |

كِتٰبَ اللّٰهِ عَلَيۡكُمۡ‌ۚ وَاُحِلَّ لَكُمۡ مَّا وَرَآءَ ذٰلِكُمۡ اَنۡ تَبۡتَغُوۡا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम चाहो | कि | उन के | सिवा | तुम्हारे लिए | और हलाल की गई | तुम पर | अल्लाह का हुक्म |

بِاَمۡوَالِكُمۡ مُّحۡصِنِيۡنَ غَيۡرَ مُسٰفِحِيۡنَ‌ ؕ فَمَا اسۡتَمۡتَعۡتُمۡ بِهٖ مِنۡهُنَّ فَاٰتُوۡهُنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उन को दो | उन में से | उस से | तुम नफ़ा (लज़्ज़त) हासिल करो | पस जो | हवसरानी को | न | क़ैद (निकाह) में लाने को | अपने मालों से |

اُجُوۡرَهُنَّ فَرِيۡضَةً‌ ؕ وَلَا جُنَاحَ عَلَيۡكُمۡ فِيۡمَا تَرٰضَيۡتُمۡ بِهٖ مِنۡۢ بَعۡدِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद | उस से | तुम बाहम रज़ामन्द हो जाओ | उस में जो | तुम पर | गुनाह | और नहीं | उन के मेहर मुक़र्रर किए हुए |

الۡفَرِيۡضَةِ‌ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيۡمًا حَكِيۡمًا ﴿٢٤﴾ وَمَنۡ لَّمۡ يَسۡتَطِعۡ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताक़त रखे | न | और जो | 24 | हिक्मत वाला | जानने वाला | है | बेशक अल्लाह | मुक़र्रर किया हुआ |

مِنۡكُمۡ طَوۡلًا اَنۡ يَّنۡكِحَ الۡمُحۡصَنٰتِ الۡمُؤۡمِنٰتِ فَمِنۡ مَّا مَلَكَتۡ اَيۡمَانُكُمۡ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे हाथ मालिक हो जाएं | जो | तो-से | मोमिन (जमा) | बीवियां | कि निकाह करे | तुम में से मक़्दूर |

مِّنۡ فَتَيٰتِكُمُ الۡمُؤۡمِنٰتِ‌ ؕ وَاللّٰهُ اَعۡلَمُ بِاِيۡمَانِكُمۡ‌ ؕ بَعۡضُكُمۡ مِّنۡۢ بَعۡضٍ‌ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ (एक दूसरे से) | से | तुम्हारे बाज | तुम्हारे ईमान को | खूब जानता है | और अल्लाह | मोमिन मुसलमान | तुम्हारी कनीज़ें | से |

فَانۡكِحُوۡهُنَّ بِاِذۡنِ اَهۡلِهِنَّ وَاٰتُوۡهُنَّ اُجُوۡرَهُنَّ بِالۡمَعۡرُوۡفِ مُحۡصَنٰتٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ैदे (निकाह) में आने वालियां | दस्तूर के मुताबिक़ | उन के मेहर | और उन को दो | उन के मालिक | इजाज़त से | सो उन से निकाह करो |

غَيۡرَ مُسٰفِحٰتٍ وَّلَا مُتَّخِذٰتِ اَخۡدَانٍ‌ ۚ فَاِذَآ اُحۡصِنَّ فَاِنۡ اَتَيۡنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह करें | फिर अगर | निकाह में आजाएं | पस जब | चोरी छुपे | आशनाई करने वालियां | और न | मस्ती निकालने वालियां | न कि |

بِفَاحِشَةٍ فَعَلَيۡهِنَّ نِصۡفُ مَا عَلَى الۡمُحۡصَنٰتِ مِنَ الۡعَذَابِ‌ ؕ ذٰلِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | (सज़ा) अज़ाब | से | आज़ाद औरतें | पर | जो | निस्फ़ | तो उन पर | बेहयाई |

لِمَنۡ خَشِىَ الۡعَنَتَ مِنۡكُمۡ‌ ؕ وَاَنۡ تَصۡبِرُوۡا خَيۡرٌ لَّكُمۡ‌ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوۡرٌ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बख़्शने वाला | और अल्लाह | तुम्हारे लिए | बेहतर | तुम सब्र करो | और अगर | तुम में से | तक्लीफ़ (ज़िना) | डरा | उस के लिए जो |

ع ٣ رَّحِيۡمٌ ﴿٢٥﴾ يُرِيۡدُ اللّٰهُ لِيُبَيِّنَ لَكُمۡ وَيَهۡدِيَكُمۡ سُنَنَ الَّذِيۡنَ مِنۡ قَبۡلِكُمۡ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम से पहले | वह जो कि | तरीक़े | और तुम्हें हिदायत दे | तुम्हारे लिए | ताकि बयान कर दे | चाहता है अल्लाह | 25 | रहम करने वाला |

وَيَتُوۡبَ عَلَيۡكُمۡ‌ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيۡمٌ حَكِيۡمٌ ﴿٢٦﴾ وَاللّٰهُ يُرِيۡدُ اَنۡ يَّتُوۡبَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तवज्जुह करे | कि | चाहता है | और अल्लाह | 26 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और अल्लाह | तुम पर | और तवज्जुह करे |

عَلَيۡكُمۡ وَيُرِيۡدُ الَّذِيۡنَ يَتَّبِعُوۡنَ الشَّهَوٰتِ اَنۡ تَمِيۡلُوۡا مَيۡلًا عَظِيۡمًا ﴿٢٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | बहुत जियादा | फिर जाना | फिर जाओ | कि | ख़ाहिशात | जो लोग पैरवी करते हैं | और चाहते हैं | तुम पर |

يُرِيۡدُ اللّٰهُ اَنۡ يُّخَفِّفَ عَنۡكُمۡ‌ ۚ وَخُلِقَ الۡاِنۡسَانُ ضَعِيۡفًا ﴿٢٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | कमज़ोर | इन्सान | और पैदा किया गया | तुम से | हलका कर दे | कि | चाहता है अल्लाह |

और खावन्द वाली औरतें (हराम हैं) मगर (काफ़िरों की औरतें) जिन के मालिक तुम्हारे दाहने हाथ हो जाएं (तुम मालिक हो जाओ), यह तुम पर अल्लाह का हुक्म है, और उन के सिवा सब औरतें तुम्हारे लिए हलाल की गई हैं बशर्त यह कि तुम चाहो अपने मालों से क़ैदे (निकाह) में लाने को, न कि हवसरानी को, पस तुम में से जो उन से नफ़ा (लज़्ज़त) हासिल करें तो उन को उन के मुक़र्रर किए हुए मेहर देदें और तुम पर उस में कुछ गुनाह नहीं जिस पर तुम बाहम रज़ामन्द हो जाओ उस के मुक़र्रर कर लेने के बाद, बेशक अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (24)

और जिस को तुम में से मक़्दूर न हो कि वह (आजाद) मुसलमान बीवियों से निकाह करे तो जो मुसलमान कनीज़ें तुम्हारे हाथ की मिल्क हों (क़ब्ज़े में हों), और अल्लाह तुम्हारे ईमान को खूब जानता है, तुम एक दूसरे के (हम जिन्स हो), सो उन के मालिक की इजाजत से उन से निकाह कर लो, और उन को दे दो उन के मेहर दस्तूर के मुताबिक़, क़ैदे निकाह में आने वालियां न कि मस्ती निकालने वालियां न आशनाई करने वालियां चोरी छुपे, पस जब निकाह में आजाएं फिर अगर वह बेहयाई का काम करें तो उन पर निस्फ़ सज़ा है जो आजाद औरतों पर है, यह उन के लिए जो तुम में से डरे (बदकारी की) तक्लीफ़ में पड़ने से, और अगर तुम सब्र करो तो तुम्हारे लिए बेहतर है, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (25)

अल्लाह चाहता है कि तुम्हारे लिए बयान कर दे और तुम्हें हिदायत दे तुम से पहले लोगों के तरीक़ों की, और तुम पर तवज्जुह करे (तौबा क़ुबूल करे) और अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (26)

और अल्लाह चाहता है कि वह तवज्जुह करे तुम पर, और जो लोग ख़ाहिशात की पैरवी करते हैं वह चाहते हैं कि तुम (राहे हिदायत से) फिर जाओ बहुत ज़ियादा। (27)

अल्लाह चाहता है कि तुम से (बोझ) हलका कर दे, और इन्सान पैदा किया गया है कमज़ोर। (28)

ऐ मोमिनों! अपने माल आपस में न खाओ नाहक़ (तौर पर) मगर यह कि तुम्हारी आपस की ख़ुशी से कोई तिजारत हो, और क़त्ल न करो एक दूसरे को, बेशक अल्लाह तुम पर बहुत मेहरबान है। (29) और जो शख़्स यह करेगा सरकशी (ज़ोर) और ज़ुल्म से, पस अनक़रीब हम उस को आग में डाल देंगे, और यह अल्लाह पर आसान है। (30) अगर तुम बड़े गुनाहों से बचते रहो जो तुम्हें मना किए गए हैं तो हम तुम से दूर कर देंगे तुम्हारे छोटे गुनाह और हम तुम्हें इज़्ज़त के मुक़ाम में दाख़िल कर देंगे। (31) और आर्ज़ू न करो (उस की) जो बड़ाई दी अल्लाह ने तुम में से बाज़ को बाज़ पर, मर्दों के लिए हिस्सा है उस से जो उन्हों ने कमाया, और औरतों के लिए हिस्सा है उस से जो उन्हों ने कमाया, और अल्लाह से उस का फ़ज़्ल मांगो, बेशक अल्लाह हर चीज़ को ख़ूब जानने वाला है। (32) और हम ने हर एक के लिए वारिस मुक़र्रर कर दिए हैं उस (माल) के लिए जो छोड़ मरें वालिदैन और क़राबतदार, और जिन लोगों से तुम्हारा अहद ओ पैमान बन्ध चुका तो उन को उन का हिस्सा दे दो, बेशक अल्लाह हर चीज़ पर गवाह (मुत्तला) है। (33) मर्द औरतों पर हाकिम (निगरान) हैं इस लिए कि अल्लाह ने एक को दूसरे पर फ़ज़ीलत दी और इस लिए कि उन्हों ने अपने माल ख़र्च किए, पस जो नेकोकार हैं (मर्द की) तावे फ़रमान हैं, पीठ पीछे (अदम मौजूदगी में) हिफ़ाज़त करने वाली हैं अल्लाह की हिफ़ाज़त से और तुम्हें डर हो जिन औरतों की बद ख़ूई का पस उन को समझाओ और ख़्वाबगाहों में उन को तन्हा छोड़ दो और उन को मारो, फिर अगर वह तुम्हारा कहा मानें तो उन पर (इल्ज़ाम की) कोई राह तलाश न करो। बेशक अल्लाह सब से आला (बुलन्द) सब से बड़ा है। (34)

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَاْكُلُوْٓا اَمْوَالَكُمْ بَيْنَكُمْ بِالْبَاطِلِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नाहक़ | आपस में | अपने माल | न खाओ | जो लोग ईमान लाए (मोमिन) | ऐ |

اِلَّآ اَنْ تَكُوْنَ تِجَارَةً عَنْ تَرَاضٍ مِّنْكُمْ ۟ وَلَا تَقْتُلُوْٓا اَنْفُسَكُمْ ۟

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने नस्फ़ (एक दूसरे) | और न क़त्ल करो | तुम से | आपस की ख़ुशी से | कोई तिजारत | यह कि हो | मगर |

اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُمْ رَحِيْمًا ﴿٢٩﴾ وَمَنْ يَّفْعَلْ ذٰلِكَ عُدْوَانًا وَّظُلْمًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ज़ुल्म से | सरकशी (ज़ोर) | यह | करेगा | और जो | 29 | बहुत मेहरबान | तुम पर | है | बेशक अल्लाह |

فَسَوْفَ نُصْلِيْهِ نَارًا ۟ وَكَانَ ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرًا ﴿٣٠﴾ اِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | 30 | आसान | अल्लाह पर | यह | और है | आग | उस को डालेंगे | पस अनक़रीब |

تَجْتَنِبُوْا كَبَآئِرَ مَا تُنْهَوْنَ عَنْهُ نُكَفِّرْ عَنْكُمْ سَيِّاٰتِكُمْ وَنُدْخِلْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम तुम्हें दाख़िल कर देंगे | तुम्हारे छोटे गुनाह | तुम से | हम दूर कर देंगे | उस से | जो मना किए गए | बड़े गुनाह | तुम बचते रहो |

مُّدْخَلًا كَرِيْمًا ﴿٣١﴾ وَلَا تَتَمَنَّوْا مَا فَضَّلَ اللّٰهُ بِهٖ بَعْضَكُمْ عَلٰى بَعْضٍ ۟

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ | पर | तुम में से बाज़ | उस से | जो बड़ाई दी अल्लाह | आर्ज़ू करो | और न | 31 | इज़्ज़त | मुक़ाम |

لِلرِّجَالِ نَصِيْبٌ مِّمَّا اكْتَسَبُوْا ۟ وَلِلنِّسَآءِ نَصِيْبٌ مِّمَّا اكْتَسَبْنَ ۟

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने कमाया | उस से जो | हिस्सा | और औरतों के लिए | उन्हों ने कमाया | उस से जो | हिस्सा | मर्दों के लिए |

وَسْـَٔلُوا اللّٰهَ مِنْ فَضْلِهٖ ۟ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمًا ﴿٣٢﴾ وَلِكُلٍّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हर एक के लिए | 32 | जानने वाला | चीज़ | हर | है | बेशक अल्लाह | उस के फ़ज़्ल से | और अल्लाह से सवाल करो (मांगो) |

جَعَلْنَا مَوَالِيَ مِمَّا تَرَكَ الْوَالِدٰنِ وَالْاَقْرَبُوْنَ ۟ وَالَّذِيْنَ عَقَدَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बन्ध चुका | और वह जो कि | और क़राबतदार | वालिदैन | छोड़ मरें | उस से जो | वारिस | हम ने मुक़र्रर किए |

اَيْمَانُكُمْ فَاٰتُوْهُمْ نَصِيْبَهُمْ ۟ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدًا ﴿٣٣﴾ ع ٥ ٨ ٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | गवाह (मुत्तला) | हर चीज़ | ऊपर | है | बेशक अल्लाह | उन का हिस्सा | तो उन का दे दो | तुम्हारा अहद |

اَلرِّجَالُ قَوّٰمُوْنَ عَلَى النِّسَآءِ بِمَا فَضَّلَ اللّٰهُ بَعْضَهُمْ عَلٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन में से बाज़ पर | अल्लाह ने फ़ज़ीलत दी | इस लिए कि | औरतें | पर | हाकिम (निगरान) | मर्द |

بَعْضٍ وَّبِمَآ اَنْفَقُوْا مِنْ اَمْوَالِهِمْ ۟ فَالصّٰلِحٰتُ قٰنِتٰتٌ حٰفِظٰتٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| निगहबानी करने वालियां | तावे फ़रमान | पस नेकोकार औरतें | अपने माल | से | उन्हों ने ख़र्च किए | और इस लिए कि | बाज़ |

لِّلْغَيْبِ بِمَا حَفِظَ اللّٰهُ ۟ وَالّٰتِيْ تَخَافُوْنَ نُشُوْزَهُنَّ فَعِظُوْهُنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस उन को समझाओ | उन की बद ख़ूई | तुम डरते हो | और वह जो | अल्लाह | हिफ़ाज़त की | उस से जो | पीठ पिछे |

وَاهْجُرُوْهُنَّ فِي الْمَضَاجِعِ وَاضْرِبُوْهُنَّ ۟ فَاِنْ اَطَعْنَكُمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वह तुम्हारा कहा मानें | फिर अगर | और उन को मारो | ख़्वाबगाहों में | और उन को तन्हा छोड़ दो |

فَلَا تَبْغُوْا عَلَيْهِنَّ سَبِيْلًا ۟ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيًّا كَبِيْرًا ﴿٣٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | सब से बड़ा | सब से आला | है | बेशक अल्लाह | कोई राह | उन पर | तो न तलाश करो |

وَاِنْ خِفْتُمْ شِقَاقَ بَيْنِهِمَا فَابْعَثُوْا حَكَمًا مِّنْ اَهْلِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मर्द का खानदान | से | एक मुन्सिफ़ | तो मुक़र्रर करदो | उन के दरमियान | ज़िद (कशमकश) | तुम डरो | और अगर |

وَحَكَمًا مِّنْ اَهْلِهَا ۚ اِنْ يُّرِيْدَآ اِصْلَاحًا يُّوَفِّقِ اللّٰهُ بَيْنَهُمَا ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन दोनों में | अल्लाह | मुवाफ़कत कर देगा | सुलह कराना | दोनों चाहेंगे | अगर | औरत का खानदान | से | और एक मुन्सिफ़ |

اِنَّ اللّٰهَ كَانَ عَلِيْمًا خَبِيْرًا ﴿٣٥﴾ وَاعْبُدُوا اللّٰهَ وَلَا تُشْرِكُوْا بِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न शरीक करो उस के साथ | और तुम अल्लाह की इबादत करो | 35 | बहुत बाख़बर | बड़ा जानने वाला | है | बेशक अल्लाह |

شَيْئًا وَّبِالْوَالِدَيْنِ اِحْسَانًا وَّبِذِى الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और यतीम (जमा) | और क़राबतदारों से | अच्छा सुलूक | और माँ बाप से | कुछ-किसी को |

وَالْمَسٰكِيْنِ وَالْجَارِ ذِى الْقُرْبٰى وَالْجَارِ الْجُنُبِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अजनबी | और हमसाया | क़राबत वाले | और हमसाया | और मोहताज (जमा) |

وَالصَّاحِبِ بِالْجَنْۢبِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۙ وَمَا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ ۗ اِنَّ اللّٰهَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बेशक अल्लाह | तुम्हारी मिल्क (कनीज़-गुलाम) | और जो | और मुसाफ़िर | और पास बैठने वाले (हम मजलिस) से |

لَا يُحِبُّ مَنْ كَانَ مُخْتَالًا فَخُوْرَا ﴿٣٦﴾ الَّذِيْنَ يَبْخَلُوْنَ وَيَاْمُرُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हुक्म करते (सिखाते) हैं | बुख्ल करते हैं | जो लोग | 36 | बड़ मारने वाला | इतराने वाला | हो | जो | दोस्त नही रखता |

النَّاسَ بِالْبُخْلِ وَيَكْتُمُوْنَ مَآ اٰتٰهُمُ اللّٰهُ مِنْ فَضْلِهٖ ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना फ़ज़्ल | से | अल्लाह ने उन्हें दिया | जो | और छुपाते हैं | बुख़्ल | लोग |

وَاَعْتَدْنَا لِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابًا مُّهِيْنًا ﴿٣٧﴾ وَالَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़र्च करते हैं | और जो लोग | 37 | ज़िल्लत वाला | अ़ज़ाब | काफ़िरों के लिए | और हम ने तैयार कर रखा है |

اَمْوَالَهُمْ رِئَآءَ النَّاسِ وَلَا يُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَلَا بِالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आख़िरत के दिन पर | और न | अल्लाह पर | ईमान लाते | और नहीं | लोग | दिखावे को | अपने माल |

وَمَنْ يَّكُنِ الشَّيْطٰنُ لَهٗ قَرِيْنًا فَسَآءَ قَرِيْنًا ﴿٣٨﴾ وَمَاذَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और क्या | 38 | साथी | तो बुरा | साथी | उस का | शैतान | हो | और जो-जिस |

عَلَيْهِمْ لَوْ اٰمَنُوْا بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَاَنْفَقُوْا مِمَّا رَزَقَهُمُ اللّٰهُ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | उन्हें दिया | उस से जो | और वह ख़र्च करते | और यौमे आख़िरत पर | अल्लाह पर | अगर वह ईमान लाते | उन पर |

وَكَانَ اللّٰهُ بِهِمْ عَلِيْمًا ﴿٣٩﴾ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَظْلِمُ مِثْقَالَ ذَرَّةٍ ۚ وَاِنْ تَكُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हो | और अगर | ज़र्रा | बराबर | ज़ुल्म नही करता | बेशक अल्लाह | 39 | ख़ूब जानने वाला | उन को | अल्लाह | और है |

حَسَنَةً يُّضٰعِفْهَا وَيُؤْتِ مِنْ لَّدُنْهُ اَجْرًا عَظِيْمًا ﴿٤٠﴾ فَكَيْفَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर कैसा-क्या | 40 | बड़ा | सवाब | अपने पास से | और देता है | उस को कई गुना करता है | कोई नेकी |

اِذَا جِئْنَا مِنْ كُلِّ اُمَّةٍۢ بِشَهِيْدٍ وَّجِئْنَا بِكَ عَلٰى هٰٓؤُلَآءِ شَهِيْدًا ﴿٤١﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | गवाह | इन के | पर | आप को | और बुलाएंगे | एक गवाह | हर उम्मत | से | हम बुलाएंगे | जब |

وقف النبي ﷺ

और अगर तुम डरो उन दोनों के दरमियान ज़िद (कशमकश) से तो मुक़र्रर कर दो एक मुन्सिफ़ मर्द के ख़ानदान से और एक मुन्सिफ़ औरत के ख़ानदान से, अगर वह दोनों सुलह कराना चाहेंगे तो अल्लाह उन दोनों के दरमियान मुवाफ़क़त कर देगा, बेशक अल्लाह बड़ा जानने वाला बहुत बाख़बर है। (35)

और अल्लाह की इबादत करो और उस के साथ शरीक न करो किसी को और अच्छा सुलूक करो माँ बाप से और क़राबतदारों से और यतीमों और मोहताजों से और क़राबत वाले हमसाया से और अजनबी हमसाया से और पास बैठने वाले (हम मजलिस) से और मुसाफ़िर से और जो तुम्हारी मिल्क हों (कनीज़ गुलाम), बेशक अल्लाह उसें दोस्त नहीं रखता जो इतराने वाला, बड़ मारने वाला हो, (36)

और जो बुख़्ल करते हैं और लोगों को बुख़्ल सिखाते हैं और वह छुपाते हैं जो अल्लाह ने उन्हें अपने फ़ज़्ल से दिया, और हम ने काफ़िरों के लिए तैयार कर रखा है ज़िल्लत वाला अ़ज़ाब। (37)

और जो लोग अपने माल लोगों के दिखावे को ख़र्च करते हैं और ईमान नहीं लाते अल्लाह पर और न आख़िरत के दिन पर, और जिस का शैतान साथी हो तो वह बुरा साथी है। (38)

और उन का क्या (नुक़्सान) होता अगर वह ईमान ले आते अल्लाह पर और यौमे आख़िरत पर और उस से ख़र्च करते जो अल्लाह ने उन्हें दिया, और अल्लाह उन को ख़ूब जानने वाला है। (39)

बेशक अल्लाह ज़र्रा बराबर ज़ुल्म नहीं करता, और अगर कोई नेकी हो तो उसे कई गुना कर देता है और देता है अपने पास से बड़ा सवाब। (40)

फिर क्या (कैफ़ियत होगी) जब हम हर उम्मत से एक गवाह बुलाएंगे और आप (स) को इन पर गवाह बना कर बुलाएंगे। (41)

उस दिन आर्ज़ू करेंगे वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया और रसूल की नाफ़रमानी की, काश! (उन्हें मिट्टी में दबा कर) ज़मीन बराबर कर दी जाए, और वह अल्लाह से न छुपा सकेंगे कोई बात। (42)

ऐ ईमान वालो! तुम नमाज़ के नज़दीक न जाओ जब तुम नशे (की हालत में) हो, यहां तक कि समझने लगो जो (ज़बान से) कहते हो, और न (उस वक़्त जब कि) गुस्ल की हाजत हो सिवाए हालते सफ़र के, यहां तक कि तुम गुस्ल कर लो, और अगर तुम मरीज़ हो या सफ़र में या तुम में से कोई जाए ज़रूर (बैतुलख़ला) से आए या तुम औरतों के पास गए (हम सुहबत हुए) फिर तुम ने पानी न पाया तो पाक मिट्टी से तयम्मुम करो, मसह कर लो अपने मुँह और हाथों का, बेशक अल्लाह माफ़ करने वाला, बख़्शने वाला है। (43)

क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा जिन्हें किताब का एक हिस्सा दिया गया, वह मोल लेते हैं (इख़्तियार करते हैं) गुमराही, और चाहते हैं कि तुम रास्ते से भटक जाओ। (44)

और अल्लाह तुम्हारे दुश्मनों को खूब जानता है और अल्लाह काफ़ी है हिमायती, और अल्लाह काफी है मददगार। (45)

बाज़ यहूदी लोग कलिमात ओ अलफ़ाज को उन की जगह से बदल देते हैं (तहरीफ़ करते हैं) और कहते हैं "हम ने सुना" और "नाफ़रमानी की" (कहते हैं हमारी) सुनो (तुम्हें) न सुनवाया जाए। और राइना (कहते हैं) अपनी जबानों को मोड़ कर दीन में ताने की नीय्यत से, और अगर वह कहते "हम ने सुना और इताअ़त की" (और कहते) "सुनिए और हम पर नज़र कीजिए" तो यह उन के लिए बेहतर होता और ज़ियादा दुरुस्त होता, लेकिन अल्लाह ने उन के कुफ़्र के सबब उन पर लानत की, पस वह ईमान नहीं लाते मगर थोड़े। (46)

يَوْمَئِذٍ يَّوَدُّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَعَصَوُا الرَّسُوْلَ لَوْ تُسَوّٰى

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काश बराबर कर दी जाए | रसूल | और नाफ़रमानी की | वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया | आर्ज़ू करेंगे | उस दिन |

بِهِمُ الْاَرْضُ ؕ وَلَا يَكْتُمُوْنَ اللّٰهَ حَدِيْثًا ﴿٤٢﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ ع ٦ ٣

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | ऐ | 42 | कोई बात | अल्लाह | छुपाएँगे | और न | ज़मीन | उन पर |

اٰمَنُوْا لَا تَقْرَبُوا الصَّلٰوةَ وَاَنْتُمْ سُكٰرٰى حَتّٰى تَعْلَمُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| समझने लगो | यहां तक कि | नशे | जब कि तुम | नमाज़ | न नज़दीक जाओ | ईमान लाए |

مَا تَقُوْلُوْنَ وَلَا جُنُبًا اِلَّا عَابِرِيْ سَبِيْلٍ حَتّٰى تَغْتَسِلُوْا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम गुस्ल कर लो | यहां तक कि | हालते सफ़र | सिवाए | गुस्ल की हाजत में | और न | तुम कहते हो | जो |

وَاِنْ كُنْتُمْ مَّرْضٰٓى اَوْ عَلٰى سَفَرٍ اَوْ جَآءَ اَحَدٌ مِّنْكُمْ مِّنَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तुम में | कोई | या आए | सफ़र | पर-में | या | मरीज़ | तुम हो | और अगर |

الْغَآئِطِ اَوْ لٰمَسْتُمُ النِّسَآءَ فَلَمْ تَجِدُوْا مَآءً فَتَيَمَّمُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो तयम्मुम करो | पानी | फ़िर तुम ने न पाया | औरतें | तुम पास गए | या | जाए ज़रूर |

صَعِيْدًا طَيِّبًا فَامْسَحُوْا بِوُجُوْهِكُمْ وَاَيْدِيْكُمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ كَانَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| है | बेशक अल्लाह | और अपने हाथ | अपने मुँह | मसह कर लो | पाक | मिट्टी |

عَفُوًّا غَفُوْرًا ﴿٤٣﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ اُوْتُوْا نَصِيْبًا مِّنَ الْكِتٰبِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किताब | से | एक हिस्सा | दिया गया | वह लोग जो | तरफ़ | क्या तुम ने नहीं देखा | 43 | बख़्शने वाला | माफ़ करने वाला |

يَشْتَرُوْنَ الضَّلٰلَةَ وَيُرِيْدُوْنَ اَنْ تَضِلُّوا السَّبِيْلَ ﴿٤٤﴾ وَاللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह | 44 | रास्ता | भटक जाओ | कि | और वह चाहते हैं | गुमराही | मोल लेते हैं |

الشَّهْرَ الْحَرَامَ وَلَا الْهَدْيَ وَلَا الْقَلَآئِدَ وَلَاۤ اٰمِّيْنَ الْبَيْتَ الْحَرَامَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एहतराम वाला घर (खाने कअ़बा) | क़स्द करने वाले (आने वाले) | और न | गले में पट्टा डाले हुए | और न | नियाज़े कअ़बा | और न | महीने अदब वाले |

يَبْتَغُوْنَ فَضْلًا مِّنْ رَّبِّهِمْ وَرِضْوَانًا ؕ وَاِذَا حَلَلْتُمْ فَاصْطَادُوْا ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो शिकार कर लो | एहराम खोल दो | और जब | और खुशनूदी | अपने रब से | फ़ज़्ल | वह चाहते हैं |

وَلَا يَجْرِمَنَّكُمْ شَنَاٰنُ قَوْمٍ اَنْ صَدُّوْكُمْ عَنِ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मस्जिद हराम (खाने कअ़बा) | से | तुम को रोकती थी | जो | क़ौम | दुश्मनी | तुम्हारे लिए बाइस हो | और न |

وقف لازم اَنْ تَعْتَدُوْا ۘ وَتَعَاوَنُوْا عَلَى الْبِرِّ وَالتَّقْوٰى ۪ وَلَا تَعَاوَنُوْا عَلَى الْاِثْمِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुनाह | पर (में) | और एक दूसरे की मदद न करो | और तक़्वा (परहेज़गारी) | नेकी पर (में) | और एक दूसरे की मदद करो | कि तुम ज़ियादती करो |

الربع وَالْعُدْوَانِ ۪ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٢﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | अ़ज़ाब | सख़्त | बेशक अल्लाह | और डरो अल्लाह से | और ज़ियादती (सरकशी) |

आप (स) से हुक्म दरयाफ़्त करते हैं, आप (स) कह दें अल्लाह तुम्हें कलाला के बारे में हुक्म बताता है। अगर कोई (ऐसा) मर्द मर जाए जिस की कोई औलाद न हो और उस की एक बहन हो तो उस (बहन) को उस के तरके का निस्फ़ मिलेगा, और वह उस का वारिस होगा अगर उस (बहन) की कोई औलाद न हो, फिर अगर (मरने वाले की) दो बहनें हों तो उन के लिए दो तिहाई है उस (भाई) के तरके में से, और अगर भाई बहन कुछ मर्द और कुछ औरतें हों तो एक मर्द के लिऐ दो औ़रतों के बराबर हिस्सा है। अल्लाह तुम्हारे लिए खोल कर बयान करता है ताकि तुम भटक न जाओ और अल्लाह हर चीज़ को जानने वाला है। (176)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

ऐ ईमान वालो! अपने अ़हद पूरे करो, तुम्हारे लिए चौपाए मवेशी हलाल किए गए सिवाए उन के जो तुम्हें सुनाए जाएंगे, मगर शिकार को हलाल न जानो जबकि तुम (हालते) एहराम में हो, बेशक अल्लाह जो चाहे हुक्म करता है। (1)

ऐ ईमान वालो! शआएर अल्लाह (अल्लाह की निशानियां) हलाल न समझो और न अदब वाले महीने (ज़ुलक़अदह, ज़ुलहिज्जह, मोहर्रम, रज्जब) और न नियाज़े कअ़बा (के जानवर) और न गले में (क़ुरबानी के) पट्टा डाले हुए, और न आने वाले खाने कअ़बा को जो अपने रब का फ़ज़्ल और खुशनूदी चाहते हैं। और जब एहराम खोलदो (चाहो) तो शिकार करलो, और (उस) क़ौम की दुश्मनी जो तुम को रोकती थी मस्जिदे हराम (खाने कअ़बा) से (उस का) बाइस न बने कि तुम ज़ियादती करो। और एक दूसरे की मदद करो नेकी और परहेज़गारी में, और एक दूसरे की मदद न करो गुनाह और सरकशी में, और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह का अ़ज़ाब सख़्त है। (2)

हराम कर दिया गया तुम पर मुर्दार और खून और सुव्वर का गोश्त और जिस पर पुकारा गया अल्लाह के सिवा (किसी और का नाम), और गला घोंटने से मरा हुआ और चोट खाकर मरा हुआ और गिर कर मरा हुआ और सींग मारा हुआ, और जिस को दरिन्दे ने खाया हो मगर जो तुम ने ज़ुब्ह कर लिया, और (हराम किया गया) जो आसथाने (परस्तिश गाहों) पर ज़ुबह किया गया, और यह कि तुम तीरों से (पांसे डाल कर) तक्सीम करो, यह गुनाह हैं। आज काफ़िर तुम्हारे दीन से मायूस हो गए, सो तुम उन से न डरो और मुझ से डरो, आज मैं ने तुम्हारे लिए तुम्हारा दीन मुकम्मल कर दिया और तुम पर अपनी नेमत पूरी कर दी, और मैं ने तुम्हारे लिए इस्लाम को दीन की हेसियत से पसन्द किया। फिर जो भूक में लाचार हो जाए (लेकिन) माइल न हो गुनाह की तरफ़ (उस के लिए गुंजाइश है) बेशक अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (3)

आप (स) से पूछते हैं उन के लिए क्या हलाल किया गया है? कह दें तुम्हारे लिए पाक चीजें हलाल की गई हैं और जो तुम शिकारी जानवर सधाओ शिकार पर दौड़ाने को कि तुम उन्हें सिखाते हो उस से जो अल्लाह ने तुम्हें सिखाया है, पस उस में से खाओ जो वह तुम्हारे लिए पकड़ रखें, और उस पर अल्लाह का नाम लो (ज़ुब्ह कर लो) और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह जल्द हिसाब लेने वाला है। (4)

आज तुम्हारे लिए पाक चीज़ें हलाल की गईं, और अहले किताब का खाना तुम्हारे लिए हलाल है, और तुम्हारा खाना उन के लिए हलाल है, और पाक दामन मोमिन औरतें और पाक दामन औरतें उन में से जिन्हें तुम से पहले किताब दी गई (हलाल हैं), जब तुम उन्हें उन के मेहर दे दो (क़ैदे निकाह) में लाने को, न कि मस्ती निकालने को और न चोरी छुपे आश्नाई करने को, और जो ईमान का मुन्किर हुआ उस का अमल ज़ाया हुआ, और वह आखिरत में नुक्सान उठाने वालों में से है। (5)

حُرِّمَتْ عَلَيْكُمُ الْمَيْتَةُ وَالدَّمُ وَلَحْمُ الْخِنْزِيْرِ وَمَآ اُهِلَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुकारा गया | और जो-जिस | और सुव्वर का गोश्त | और खून | मुर्दार | तुम पर | हराम कर दिया गया |

لِغَيْرِ اللّٰهِ بِهٖ وَالْمُنْخَنِقَةُ وَالْمَوْقُوْذَةُ وَالْمُتَرَدِّيَةُ وَالنَّطِيْحَةُ وَمَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो-जिस | और सींग मारा हुआ | और गिर कर मरा हुआ | और चोट खाकर मरा हुआ | और गला घोंटने से मरा हुआ | उस पर | अल्लाह के सिवा |

اَكَلَ السَّبُعُ اِلَّا مَا ذَكَّيْتُمْ وَمَا ذُبِحَ عَلَى النُّصُبِ وَاَنْ تَسْتَقْسِمُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम तक्सीम करो | और यह कि | थानों पर | ज़ुबह किया गया | और जो | तुम ने ज़ुब्ह कर लिया | मगर जो | दरिन्दा | खाया |

بِالْاَزْلَامِ ذٰلِكُمْ فِسْقٌ اَلْيَوْمَ يَئِسَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ دِيْنِكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे दीन से | जिन लोगो ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | मायूस हो गए | आज | गुनाह | यह | तीरों से |

فَلَا تَخْشَوْهُمْ وَاخْشَوْنِ اَلْيَوْمَ اَكْمَلْتُ لَكُمْ دِيْنَكُمْ وَاَتْمَمْتُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और पूरी कर दी | तुम्हारा दीन | तुम्हारे लिए | मैं ने मुकम्मल कर दिया | आज | और मुझ से डरो | सो तुम उन से न डरो |

عَلَيْكُمْ نِعْمَتِيْ وَرَضِيْتُ لَكُمُ الْاِسْلَامَ دِيْنًا فَمَنِ اضْطُرَّ فِيْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | लाचार हो जाए | फिर जो | दीन | इस्लाम | तुम्हारे लिए | और मैं ने पसन्द किया | अपनी नेमत | तुम पर |

مَخْمَصَةٍ غَيْرَ مُتَجَانِفٍ لِّاِثْمٍ فَاِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٣﴾ يَسْـَٔلُوْنَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) से पूछते हैं | 3 | मेह्रबान | बख़्शने वाला | तो बेशक अल्लाह | गुनाह की तरफ़ | माइल हो | न | भूक |

مَاذَآ اُحِلَّ لَهُمْ قُلْ اُحِلَّ لَكُمُ الطَّيِّبٰتُ وَمَا عَلَّمْتُمْ مِّنَ الْجَوَارِحِ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शिकारी जानवर | से | तुम सुधाओ | और जो | पाक चीज़ें | तुम्हारे लिए | हलाल की गई | कह दें | उन के लिए | हलाल किया गया | क्या |

مُكَلِّبِيْنَ تُعَلِّمُوْنَهُنَّ مِمَّا عَلَّمَكُمُ اللّٰهُ فَكُلُوْا مِمَّآ اَمْسَكْنَ عَلَيْكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | वह पकड़ रखें | उस से जो | पस तुम खाओ | अल्लाह | तुम्हें सिखाया | उस से जो | तुम उन्हें सिखाते हो | शिकार पर दौड़ाए हुए |

وَاذْكُرُوا اسْمَ اللّٰهِ عَلَيْهِ وَاتَّقُوا اللّٰهَ اِنَّ اللّٰهَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ﴿٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | तेज हिसाब लेने वाला | बेशक अल्लाह | अल्लाह | और डरो | उस पर | अल्लाह | नाम | और याद करो (लो) |

اَلْيَوْمَ اُحِلَّ لَكُمُ الطَّيِّبٰتُ وَطَعَامُ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ حِلٌّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हलाल | किताब दिए गए (अहले किताब) | वह लोग जो | और खाना | पाक चीज़ें | तुम्हारे लिए | हलाल की गईं | आज |

لَّكُمْ وَطَعَامُكُمْ حِلٌّ لَّهُمْ وَالْمُحْصَنٰتُ مِنَ الْمُؤْمِنٰتِ وَالْمُحْصَنٰتُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और पाक दामन | मोमिन औरतें | से | और पाक दामन औरतें | उन के लिए | हलाल | और तुम्हारा खाना | तुम्हारे लिए |

مِنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكُمْ اِذَآ اٰتَيْتُمُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के मेह्र | तुम उन्हें देदो | जब | तुम से पहले | किताब दी गई | वह लोग जो | से |

مُحْصِنِيْنَ غَيْرَ مُسٰفِحِيْنَ وَلَا مُتَّخِذِيْٓ اَخْدَانٍ وَمَنْ يَّكْفُرْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मुन्किर हुआ | और जो | छुपी आश्नाई | और न बनाने को | न कि मस्ती निकालने का | कैद में लाने को |

بِالْاِيْمَانِ فَقَدْ حَبِطَ عَمَلُهٗ وَهُوَ فِي الْاٰخِرَةِ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٥﴾ ع ٥

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | नुक्सान उठाने वाले | से | आख़िरत में | और वह | उस का अमल | तो ज़ाया हुआ | ईमान से |

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا قُمْتُمْ اِلَى الصَّلٰوةِ فَاغْسِلُوْا

ऐ | वह जो ईमान लाए (ईमान वाले) | जब | तुम उठो | नमाज़ के लिए | तो धोलो

وُجُوْهَكُمْ وَاَيْدِيَكُمْ اِلَى الْمَرَافِقِ وَامْسَحُوْا بِرُءُوْسِكُمْ وَاَرْجُلَكُمْ

अपने मुँह | और अपने हाथ | तक | कुहनियां | और मसह करो | अपने सरों का | और अपने पाऊँ

اِلَى الْكَعْبَيْنِ ؕ وَاِنْ كُنْتُمْ جُنُبًا فَاطَّهَّرُوْا ؕ وَاِنْ كُنْتُمْ

तक | टख़नों | और अगर | तुम हो | नापाक | तो खूब पाक हो जाओ | और अगर | तुम हो

مَّرْضٰٓى اَوْ عَلٰى سَفَرٍ اَوْ جَآءَ اَحَدٌ مِّنْكُمْ مِّنَ الْغَآئِطِ

बीमार | या | पर (में) | सफ़र | और | आए | कोई | तुम में से | बैतुलख़ला से

اَوْ لٰمَسْتُمُ النِّسَآءَ فَلَمْ تَجِدُوْا مَآءً فَتَيَمَّمُوْا صَعِيْدًا

या तुम मिलो (सुहबत की) | औ़रतों से | फिर न पाओ | पानी | तो तयम्मुम कर लो | मिट्टी

طَيِّبًا فَامْسَحُوْا بِوُجُوْهِكُمْ وَاَيْدِيْكُمْ مِّنْهُ ؕ مَا يُرِيْدُ اللّٰهُ

पाक | तो मसह करो | अपने मुँह | और अपने हाथ | उस से | नहीं चाहता | अल्लाह

لِيَجْعَلَ عَلَيْكُمْ مِّنْ حَرَجٍ وَّلٰكِنْ يُّرِيْدُ لِيُطَهِّرَكُمْ

कि करे | तुम पर | कोई | तंगी | और लेकिन | चाहता है | कि तुम्हें पाक करे

وَلِيُتِمَّ نِعْمَتَهٗ عَلَيْكُمْ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿٦﴾ وَاذْكُرُوْا

और यह कि पूरी करे | अपनी नेमत | तुम पर | ताकि तुम | एहसान मानो | 6 | और याद करो

نِعْمَةَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ وَمِيْثَاقَهُ الَّذِيْ وَاثَقَكُمْ بِهٖٓ ۙ

अल्लाह की नेमत | तुम पर (अपने ऊपर) | और उस का अ़हद | जो | तुम ने बान्धा | उस से

اِذْ قُلْتُمْ سَمِعْنَا وَاَطَعْنَا ۫ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ

जब तुम ने कहा | हम ने सुना | और हम ने माना | और अल्लाह से डरो | बेशक अल्लाह | जानने वाला | बात

الصُّدُوْرِ ﴿٧﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْا قَوّٰمِيْنَ لِلّٰهِ

दिलों की | 7 | ऐ | जो लोग ईमान लाए (ईमान वाले) | हो जाओ | खड़े होने वाले | अल्लाह के लिए

شُهَدَآءَ بِالْقِسْطِ ۫ وَلَا يَجْرِمَنَّكُمْ شَنَاٰنُ قَوْمٍ عَلٰٓى

गवाह | इन्साफ़ के साथ | और तुम्हें न उभारे | दुश्मनी | किसी क़ौम | पर

اَلَّا تَعْدِلُوْا ؕ اِعْدِلُوْا ۫ هُوَ اَقْرَبُ لِلتَّقْوٰى وَاتَّقُوا

कि इन्साफ़ न करो | तुम इन्साफ़ करो | वह (यह) | ज़ियादा क़रीब | तक़्वा के | और डरो

اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿٨﴾ وَعَدَ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

अल्लाह | बेशक अल्लाह | खूब बाख़बर | जो तुम करते हो | 8 | वादा किया | अल्लाह | जो लोग ईमान लाए

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ ۙ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿٩﴾

और उन्हों ने अमल किए | अच्छे | उन के लिए | बख़्शिश | और अजर | बड़ा | 9

ऐ ईमान वालो! जब तुम नमाज़ के लिए उठो तो धो लो अपने मुँह और अपने हाथ कुहनियों तक और अपने सरों का मसह करो और अपने पाऊँ (धो) टख़नों तक, और अगर तुम नापाक हो (ग़ुस्ल की हाजत हो) तो खूब पाक हो जाओ (ग़ुस्ल कर लो) और अगर तुम बीमार हो या सफ़र में हो या तुम में से कोई बैतुलख़ला से आए या तुम ने औ़रतों से सुहबत की, फिर न पाओ पानी तो पाक मिट्टी से तयम्मुम कर लो (यानी) उस से अपने मुँह और हाथों का मसह करो, अल्लाह नहीं चाहता कि तुम पर कोई तंगी करे लेकिन चाहता है कि तुम्हें पाक करे और यह कि अपनी नेमत पूरी करे तुम पर ताकि तुम एहसान मानो। (6)

और अपने ऊपर अल्लाह की नेमत याद करो और उस का अ़हद जो तुम ने उस से बान्धा जब तुम ने कहा हम ने सुना और हम ने माना, और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह दिलों की बात जानने वाला है। (7)

ऐ ईमान वालो! अल्लाह के लिए खड़े होने वाले हो जाओ इन्साफ़ की गवाही देने को, और किसी क़ौम की दुश्मनी तुम्हें (उस पर) न उभारे कि इन्साफ़ न करो, तुम इन्साफ़ करो यह तक़्वा के ज़ियादा क़रीब है, और अल्लाह से डरो, बेशक तुम जो करते हो अल्लाह उस से खूब बाख़बर है। (8)

जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए अल्लाह ने वादा किया कि उन के लिए बख़्शिश और बड़ा अजर है। (9)

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया और हमारी आयतों को झुटलाया यही जहन्नम वाले हैं। (10)

ऐ ईमान वालो! अपने ऊपर अल्लाह की नेमत (एहसान) याद करो जब एक गिरोह ने इरादा किया कि वह बढ़ाएं तुम्हारी तरफ़ अपने हाथ (दस्त दराज़ी करने को) तो उस ने तुम से उन के हाथ रोक दिए, और अल्लाह से डरो, और चाहिए कि अल्लाह पर भरोसा करें ईमान वाले। (11)

और अलबत्ता अल्लाह ने बनी इस्राईल से अ़हद लिया, और हम ने उन में से मुक़र्रर किए बारह (12) सरदार, और अल्लाह ने कहा मैं तुम्हारे साथ हूँ अगर तुम नमाज़ क़ाइम रखोगे और देते रहोगे ज़कात और मेरे रसूलों पर ईमान लाओगे और उन की मदद करोगे और अल्लाह को क़र्ज़े हसना (अच्छा क़र्ज़) दोगे, मैं तुम्हारे गुनाह ज़रूर दूर करदूंगा और तुम्हें (उन) बाग़ात में ज़रूर दाख़िल करूंगा जिन के नीचे नहरें बहती हैं, फिर उस के बाद तुम में से जिस ने कुफ़्र किया बेशक वह सीधे रास्ते से गुमराह हुआ। (12)

सो उन के अ़हद तोड़ने पर हम ने उन पर लानत की और उन के दिलों को सख़्त कर दिया, वह कलाम को उस के मवाक़े से फेर देते हैं (बदल देते) हैं और वह भूल गए (फ़रामोश कर बैठे) उस का बड़ा हिस्सा जिस की उन्हें नसीहत की गई थी, और आप (स) उन में से थोड़ों के सिवा हमेशा उनकी ख़ियानत पर ख़बर पाते रहते हैं, सो उन को माफ़ करदें और दरगुज़र करें, बेशक अल्लाह एहसान करने वालों को दोस्त रखता है। (13)

وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَكَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَآ اُولٰٓـئِكَ اَصْحٰبُ الْجَحِيْمِ ﴿۱۰﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | जहन्नम वाले | यही | हमारी आयतें | और झुटलाया | और जिन लोगों ने कुफ़्र किया |

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اذْكُرُوْا نِعْمَتَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अपने ऊपर | अल्लाह | नेमत | तुम याद करो | जो लोग ईमान लाए (ईमान वाले) | ऐ |

اِذْ هَمَّ قَوْمٌ اَنْ يَّبْسُطُوْۤا اِلَيْكُمْ اَيْدِيَهُمْ فَكَفَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पस रोक दिए | अपने हाथ | तुम्हारी तरफ़ | बढ़ाएं | कि | एक गिरोह | जब इरादा किया |

اَيْدِيَهُمْ عَنْكُمْ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ۗ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चाहिए भरोसा करें | अल्लाह | और पर | अल्लाह | और डरो | तुम से | उन के हाथ |

الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿۱۱﴾ وَلَقَدْ اَخَذَ اللّٰهُ مِيْثَاقَ بَنِيْۤ اِسْرَآءِيْلَ ۚ ع ۲ ٦

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बनी इस्राईल | अ़हद | अल्लाह ने लिया | और अलबत्ता | 11 | ईमान वाले |

وَبَعَثْنَا مِنْهُمُ اثْنَيْ عَشَرَ نَقِيْبًا ۗ وَقَالَ اللّٰهُ اِنِّيْ مَعَكُمْ ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक मैं तुम्हारे साथ | अल्लाह | और कहा | सरदार | बारह (12) | उन से | और हम ने मुक़र्रर किए |

لَئِنْ اَقَمْتُمُ الصَّلٰوةَ وَاٰتَيْتُمُ الزَّكٰوةَ وَاٰمَنْتُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और ईमान लाओगे | ज़कात | और देते रहोगे | नमाज़ | क़ाइम रखोगे | अगर |

بِرُسُلِيْ وَعَزَّرْتُمُوْهُمْ وَاَقْرَضْتُمُ اللّٰهَ قَرْضًا حَسَنًا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हसना | क़र्ज़ | अल्लाह | और क़र्ज़ दोगे | और उन की मदद करोगे | मेरे रसूलों पर |

لَّاُكَفِّرَنَّ عَنْكُمْ سَيِّاٰتِكُمْ وَلَاُدْخِلَنَّكُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बहती हैं | बाग़ात | और ज़रूर दाख़िल कर दूंगा तुम्हें | तुम्हारे गुनाह | तुम से | मैं ज़रूर दूर करदूंगा |

مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۚ فَمَنْ كَفَرَ بَعْدَ ذٰلِكَ مِنْكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम में से | उस के बाद | कुफ़्र किया | फिर जो-जिस | नहरें | उन के नीचे | से |

فَقَدْ ضَلَّ سَوَآءَ السَّبِيْلِ ﴿۱۲﴾ فَبِمَا نَقْضِهِمْ مِّيْثَاقَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का अ़हद | उनका तोड़ना | सो बसबब (पर) | 12 | रास्ता | सीधा | बेशक गुमराह हुआ |

لَعَنّٰهُمْ وَجَعَلْنَا قُلُوْبَهُمْ قٰسِيَةً ۚ يُحَرِّفُوْنَ الْكَلِمَ عَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | कलाम | वह फेर देते हैं | सख़्त | उन के दिल (जमा) | और हम ने कर दिया | हम ने उन पर लानत की |

مَّوَاضِعِهٖ ۙ وَنَسُوْا حَظًّا مِّمَّا ذُكِّرُوْا بِهٖ ۚ وَلَا تَزَالُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और हमेशा | उन्हें जिस की नसीहत की गई | उस से जो | एक बड़ा हिस्सा | और वह भूल गए | उस के मवाक़े |

تَطَّلِعُ عَلٰى خَآئِنَةٍ مِّنْهُمْ اِلَّا قَلِيْلًا مِّنْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | थोड़े | सिवाए | उन से | ख़ियानत | पर | आप ख़बर पाते रहते हैं |

فَاعْفُ عَنْهُمْ وَاصْفَحْ ۗ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿۱۳﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | एहसान करने वाले | दोस्त रखता है | बेशक अल्लाह | और दरगुज़र कर | उन को | सो माफ़ कर |

وَمِنَ الَّذِيْنَ قَالُوْٓا اِنَّا نَصٰرٰٓى اَخَذْنَا مِيْثَاقَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन का अ़हद | हम ने लिया | नसारा | हम | जिन लोगो ने कहा | और से |

فَنَسُوْا حَظًّا مِّمَّا ذُكِّرُوْا بِهٖ ۠ فَاَغْرَيْنَا بَيْنَهُمُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन के दरमियान | तो हम ने लगा दी | जिस की नसीहत की गई थी | उस से जो | एक बड़ा हिस्सा | फिर वह भूल गए |

الْعَدَاوَةَ وَالْبَغْضَآءَ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۭ وَسَوْفَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और जल्द | रोज़े क़ियामत | तक | और बुग़ज़ | अ़दावत |

يُنَبِّئُهُمُ اللّٰهُ بِمَا كَانُوْا يَصْنَعُوْنَ ﴿١٤﴾ يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ऐ अहले किताब | 14 | करते थे | जो वह | अल्लाह | उन्हें जता देगा |

قَدْ جَآءَكُمْ رَسُوْلُنَا يُبَيِّنُ لَكُمْ كَثِيْرًا مِّمَّا

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बहुत सी बातें जो | तुम्हारे लिए | वह ज़ाहिर करते हैं | हमारे रसूल | यक़ीनन तुम्हारे पास आगए |

كُنْتُمْ تُخْفُوْنَ مِنَ الْكِتٰبِ وَيَعْفُوْا عَنْ كَثِيْرٍ ۬

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बहुत उमूर से | और वह दरगुज़र करता है | किताब से | छुपाते | तुम थे |

قَدْ جَآءَكُمْ مِّنَ اللّٰهِ نُوْرٌ وَّكِتٰبٌ مُّبِيْنٌ ﴿١٥﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | रौशन | और किताब | नूर | अल्लाह से | तहक़ीक़ तुम्हारे पास आगया |

يَّهْدِيْ بِهِ اللّٰهُ مَنِ اتَّبَعَ رِضْوَانَهٗ سُبُلَ السَّلٰمِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सलामती | राहें | उस की रज़ा | जो ताबे हुआ | अल्लाह | उस से | हिदायत देता है |

وَيُخْرِجُهُمْ مِّنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ بِاِذْنِهٖ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अपने हुक्म से | नूर की तरफ़ | अन्धेरे | से | और वह उन्हें निकालता है |

وَيَهْدِيْهِمْ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ﴿١٦﴾ لَقَدْ كَفَرَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तहक़ीक़ काफ़िर हो गए | 16 | सीधा | रास्ता | तरफ़ | और उन्हें हिदायत देता है |

الَّذِيْنَ قَالُوْٓا اِنَّ اللّٰهَ هُوَ الْمَسِيْحُ ابْنُ مَرْيَمَ ۭ

| | | | |
|---|---|---|---|
| इब्ने मरयम | वही मसीह (अ) | बेशक अल्लाह | जिन लोगो ने कहा |

قُلْ فَمَنْ يَّمْلِكُ مِنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا اِنْ اَرَادَ اَنْ يُّهْلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हलाक कर दे | अगर वह चाहे कि | कुछ भी | अल्लाह के आगे | बस चलता है | तो किस | कह दीजिए |

الْمَسِيْحَ ابْنَ مَرْيَمَ وَاُمَّهٗ وَمَنْ فِى الْاَرْضِ جَمِيْعًا ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सब | ज़मीन | में | और जो | और उस की माँ | इब्ने मरयम | मसीह (अ) |

وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا ۭ يَخْلُقُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह पैदा करता है | उन दोनों के दरमियान | और जो | और ज़मीन | आस्मानों | और अल्लाह के लिए सल्तनत |

مَا يَشَآءُ ۭ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿١٧﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | क़ादिर | हर शै | पर | और अल्लाह | जो वह चाहता है |

और उन लोगों से जिन्हों ने कहा हम नसारा हैं, हम ने उन का अ़हद लिया, फिर वह उस का बड़ा हिस्सा भूल गए जिस की उन्हें नसीहत की गई थी तो हम ने उन के दरमियान लगा दिया (डाल दिया) रोज़े क़ियामत तक अ़दावत और बुग़ज़, और अल्लाह जल्द उन्हें जता देगा जो वह करते थे। **(14)**

ऐ अहले किताब! यक़ीनन तुम्हारे पास हमारे रसूल (मुहम्मद (स) आगए, वह तुम्हारे लिए (तुम पर) बहुत सी बातें ज़ाहिर करते हैं जो तुम किताब में से छुपाते थे और वह बहुत उमूर से दरगुज़र करते हैं, तहक़ीक़ तुम्हारे पास आगया अल्लाह की तरफ़ से नूर और रौशन किताब। **(15)**

उस से अल्लाह सलामती की राहों की उसे हिदायत देता है जो उस की रज़ा के ताबे हुआ और वह उन्हें निकालता है अन्धेरों से नूर की तरफ़ अपने हुक्म से और उन्हें सीधे रास्ते की हिदायत देता है। **(16)**

तहक़ीक़ काफ़िर हो गए वह जिन लोगों ने कहा अल्लाह वही मसीह (अ) इब्ने मरयम (अ) है। कह दीजिएः तो किस का बस चलता है अल्लाह के आगे कुछ भी। अगर वह चाहे कि मसीह (अ) इब्ने मरयम (अ) को और उस की माँ को हलाक कर दे और जो ज़मीन में है सब को। और अल्लाह के लिए है सल्तनत आस्मानों की और ज़मीन की और जो कुछ उन के दरमियान है, वह पैदा करता है जो वह चाहता है, और अल्लाह हर शै पर क़ादिर है। **(17)**

और यहूद ओ नसारा ने कहा हम अल्लाह के बेटे और उस के प्यारे हैं, कह दीजिए फिर वह तुम्हारे गुनाहों पर तुम्हें सजा क्यों देता है? (नहीं) बल्कि तुम भी एक बशर हो उस की मखलूक़ में से, वह जिस को चाहता है बख़्श देता है और जिस को चाहता है अ़ज़ाब देता है। और अल्लाह के लिए है सल्तनत आस्मानों की और जमीन की और जो कुछ उन के दरमियान है, और उसी की तरफ़ लौट कर जाना है। (18)

ऐ अहले किताब। तुम्हारे पास हमारे रसूल (मुहम्मद (स) आ गए वह नबियों का सिलसिला टूट जाने के बाद तुम पर खोल कर बयान करते हैं कि कहीं तुम यह कहो हमारे पास कोई ख़ुशख़बरी सुनाने वाला नहीं आया और न डराने वाला, तहक़ीक़ तुम्हारे पास (मुहम्मद (स) ख़ुशख़बरी सुनाने वाले और डराने वाले आगए, और अल्लाह हर शै पर क़ादिर है। (19)

और जब मूसा (अ) ने अपनी क़ौम को कहाः ऐ मेरी क़ौम! अपने ऊपर अल्लाह की नेमत याद करो जब उस ने तुम में नबी बनाए और तुम्हें बादशाह बनाया और तुम्हें दिया जो जहानों में किसी को नहीं दिया। (20)

ऐ मेरी क़ौम! अर्ज़े मुक़द्दस में दाख़िल हो जो अल्लाह ने तुम्हारे लिए लिख दी है और अपनी पीठ फेरते हुए न लौटो वरना तुम नुक़्सान में जा पड़ोगे। (21)

उन्हों ने कहा ऐ मूसा (अ)! बेशक उस में एक जबरदस्त क़ौम है, और हम वहां हरगिज दाखिल न होंगे यहां तक कि वह उस में से निकल जाएं, फिर अगर वह उस में से निकले तो हम जरूर उस में दाखिल होंगे। (22)

डरने वालों में से दो आदमियों ने कहा, उन दोनों पर अल्लाह ने इन्आम किया थाः कि तुम उन पर दरवाज़े से (हमला कर के) दाखिल हो जाओ, जब तुम उस में दाख़िल होगे तो तुम ही ग़ालिब होगे, और अल्लाह पर भरोसा रखो अगर तुम ईमान वाले हो। (23)

وَقَالَتِ الْيَهُوْدُ وَالنَّصٰرٰى نَحْنُ اَبْنٰٓؤُا اللّٰهِ وَاَحِبَّآؤُهٗ ؕ قُلْ فَلِمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर क्यों | कह दीजिए | और उस के प्यारे | अल्लाह | बेटे | हम | और नसारा | यहूद | और कहा |

يُعَذِّبُكُمْ بِذُنُوْبِكُمْ ؕ بَلْ اَنْتُمْ بَشَرٌ مِّمَّنْ خَلَقَ ؕ يَغْفِرُ لِمَنْ يَّشَآءُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह चाहता है | जिस को | वह बख़्श देता है | उस ने पैदा किया (मख़लूक़) | उन में से | बशर | तुम | बल्कि | तुम्हारे गुनाहों पर | तुम्हें अ़ज़ाब देता है |

وَيُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ ؕ وَلِلّٰهِ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | और ज़मीन | आस्मानों | सल्तनत | और अल्लाह के लिए | जिस को वह चाहता है | और अ़ज़ाब देता है |

بَيْنَهُمَا ۫ وَاِلَيْهِ الْمَصِيْرُ ﴿١٨﴾ يٰٓاَهْلَ الْكِتٰبِ قَدْ جَآءَكُمْ رَسُوْلُنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारे रसूल | तहक़ीक़ तुम्हारे पास आए | ऐ अहल किताब | 18 | लौट कर जाना है | और उसी की तरफ़ | उन दोनों के दरमियान |

يُبَيِّنُ لَكُمْ عَلٰى فَتْرَةٍ مِّنَ الرُّسُلِ اَنْ تَقُوْلُوْا مَا جَآءَنَا مِنْۢ بَشِيْرٍ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ुशख़बरी देने वाला | कोई | हमारे पास नहीं आया | तुम कहो | कि कहीं | रसूल (जमा) | से (के) | सिलसिला टूट जाना | पर (बाद) | तुम्हारे लिए | वह खोल कर बयान करते हैं |

وَّلَا نَذِيْرٍ ؗ فَقَدْ جَآءَكُمْ بَشِيْرٌ وَّنَذِيْرٌ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर शै | पर | और अल्लाह | और डराने वाले | ख़ुशख़बरी सुनाने वाले | तहक़ीक़ तुम्हारे पास आगए | डराने वाला | और न |

قَدِيْرٌ ﴿١٩﴾ وَاِذْ قَالَ مُوْسٰى لِقَوْمِهٖ يٰقَوْمِ اذْكُرُوْا نِعْمَةَ اللّٰهِ ع ٣ ٨

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की नेमत | तुम याद करो | ऐ मेरी क़ौम | अपनी क़ौम को | मूसा | कहा | और जब | 19 | क़ादिर |

عَلَيْكُمْ اِذْ جَعَلَ فِيْكُمْ اَنْۢبِيَآءَ وَجَعَلَكُمْ مُّلُوْكًا ۖۗ وَّاٰتٰىكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हें दिया | बादशाह | और तुम्हें बनाया | नबी (जमा) | तुम में | उस ने बनाया | जब | अपने ऊपर |

مَّا لَمْ يُؤْتِ اَحَدًا مِّنَ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٢٠﴾ يٰقَوْمِ ادْخُلُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दाख़िल हो जाओ | ऐ मेरी क़ौम | 20 | जहानों में | से | किसी को | दिया | जो नहीं |

الْاَرْضَ الْمُقَدَّسَةَ الَّتِيْ كَتَبَ اللّٰهُ لَكُمْ وَلَا تَرْتَدُّوْا عَلٰٓى اَدْبَارِكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी पीठ | पर | लौटो | और न | तुम्हारे लिए | अल्लाह ने लिख दी | जो | अर्ज़े मुक़द्दस (उस पाक सर ज़मीन) |

فَتَنْقَلِبُوْا خٰسِرِيْنَ ﴿٢١﴾ قَالُوْا يٰمُوْسٰٓى اِنَّ فِيْهَا قَوْمًا جَبَّارِيْنَ ۖۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबरदस्त | एक क़ौम | बेशक उस में | ऐ मूसा (अ) | उन्हों ने कहा | 21 | नुक़्सान में | वरना तुम जा पड़ोगे |

وَاِنَّا لَنْ نَّدْخُلَهَا حَتّٰى يَخْرُجُوْا مِنْهَا ۚ فَاِنْ يَّخْرُجُوْا مِنْهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से | वह निकले | फिर अगर | उस से | वह निकल जाएं | यहां तक कि | हरगिज़ दाख़िल न होंगे | और हम बेशक |

فَاِنَّا دٰخِلُوْنَ ﴿٢٢﴾ قَالَ رَجُلٰنِ مِنَ الَّذِيْنَ يَخَافُوْنَ اَنْعَمَ اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह ने इन्आ़म किया था | डरने वाले | उन लोगों से जो | दो आदमी | कहा | 22 | दाख़िल होंगे | तो हम जरूर |

عَلَيْهِمَا ادْخُلُوْا عَلَيْهِمُ الْبَابَ ۚ فَاِذَا دَخَلْتُمُوْهُ فَاِنَّكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तो तुम | तुम दाख़िल होगे उस में | पस जब | दरवाजा | तुम दाख़िल हो उन पर (हमला कर दो) | उन दोनो पर |

غٰلِبُوْنَ ۚ۬ وَعَلَى اللّٰهِ فَتَوَكَّلُوْٓا اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٢٣﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | ईमान वाले | अगर तुम हो | भरोसा रखो | और अल्लाह पर | ग़ालिब आओगे |

قَالُوْا يٰمُوْسٰٓى اِنَّا لَنْ نَّدْخُلَهَآ اَبَدًا مَّا دَامُوْا فِيْهَا فَاذْهَبْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो जा | उस में | जब तक वह है | कभी भी | हरगिज़ वहां दाख़िल न होंगे | बेशक हम | ऐ मूसा | उन्हों ने कहा |

اَنْتَ وَرَبُّكَ فَقَاتِلَآ اِنَّا هٰهُنَا قٰعِدُوْنَ ﴿٢٤﴾ قَالَ رَبِّ اِنِّىْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं बेशक | ऐ मेरे रब | मूसा (अ) ने कहा | 24 | बैठे है | यहीं | हम | तुम दोनों लड़ो | और तेरा रब | तू |

لَآ اَمْلِكُ اِلَّا نَفْسِىْ وَاَخِىْ فَافْرُقْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ الْقَوْمِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ौम | और दरमियान | हमारे दरमियान | पस जुदाई कर दे | और अपना भाई | अपनी जान के सिवा | इख़्तियार नही रखता |

الْفٰسِقِيْنَ ﴿٢٥﴾ قَالَ فَاِنَّهَا مُحَرَّمَةٌ عَلَيْهِمْ اَرْبَعِيْنَ سَنَةً ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साल | चालीस | उन पर | हराम करदी गई | पस यह | उस ने कहा | 25 | नाफ़रमान |

يَتِيْهُوْنَ فِى الْاَرْضِ ۗ فَلَا تَاْسَ عَلَى الْقَوْمِ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٢٦﴾ ع ٨

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | नाफ़रमान | क़ौम | पर | तू अफ़सोस न कर | ज़मीन में | भटकते फिरेंगे |

وقف لازم

وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ ابْنَىْ اٰدَمَ بِالْحَقِّ ۘ اِذْ قَرَّبَا قُرْبَانًا فَتُقُبِّلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो क़ुबूल कर ली गई | कुछ नियाज | जब दोनों ने पेश की | अहवाल-ए-वाक़ई | आदम के दो बेटे | ख़बर | उन्हें | और सुना |

مِنْ اَحَدِهِمَا وَلَمْ يُتَقَبَّلْ مِنَ الْاٰخَرِ ۗ قَالَ لَاَقْتُلَنَّكَ ۗ قَالَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने कहा | मैं तुझे ज़रूर मार डालूंगा | उस ने कहा | दूसरे से | और न क़ुबूल की गई | उन में से एक | से |

النصف

اِنَّمَا يَتَقَبَّلُ اللّٰهُ مِنَ الْمُتَّقِيْنَ ﴿٢٧﴾ لَئِنْۢ بَسَطْتَّ اِلَىَّ يَدَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना हाथ | मेरी तरफ़ | अलबत्ता अगर तू बढ़ाएगा | 27 | परहेज़गार (जमा) | से | अल्लाह | क़ुबूल करता है | बेशक सिर्फ़ |

لِتَقْتُلَنِىْ مَآ اَنَا بِبَاسِطٍ يَّدِىَ اِلَيْكَ لِاَقْتُلَكَ ۚ اِنِّىْٓ اَخَافُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डरता हूँ | बेशक मैं | कि तुझे क़त्ल करूँ | तेरी तरफ़ | अपना हाथ | बढ़ाने वाला | मैं नहीं | कि मुझे क़त्ल करे |

اللّٰهَ رَبَّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٢٨﴾ اِنِّىْٓ اُرِيْدُ اَنْ تَبُوْٓاَ بِاِثْمِىْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे गुनाह | कि तू हासिल करे | चाहता हूँ | बेशक मैं | 28 | परवरदिगार सारे जहान का | अल्लाह |

وَاِثْمِكَ فَتَكُوْنَ مِنْ اَصْحٰبِ النَّارِ ۚ وَذٰلِكَ جَزٰٓؤُا الظّٰلِمِيْنَ ﴿٢٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | ज़ालिम (जमा) | सज़ा | और यह | जहन्नम वाले | से | फिर तू हो जाए | और अपने गुनाह |

فَطَوَّعَتْ لَهٗ نَفْسُهٗ قَتْلَ اَخِيْهِ فَقَتَلَهٗ فَاَصْبَحَ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٣٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | नुक़्सान उठाने वाले | से | तो वह हो गया | सो उस ने उस को क़त्ल कर दिया | अपना भाई | क़त्ल | उस का नफ़्स | उस को | फिर राज़ी किया |

فَبَعَثَ اللّٰهُ غُرَابًا يَّبْحَثُ فِى الْاَرْضِ لِيُرِيَهٗ كَيْفَ يُوَارِىْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह छुपाए | कैसे | ताकि उसे दिखाए | ज़मीन में | कुरेदता था | एक कव्वा | अल्लाह | फिर भेजा |

سَوْءَةَ اَخِيْهِ ۗ قَالَ يٰوَيْلَتٰٓى اَعَجَزْتُ اَنْ اَكُوْنَ مِثْلَ هٰذَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस-यह | जैसा | कि मैं हो जाऊँ | मुझ से न हो सका | हाए अफ़सोस मुझ पर | उस ने कहा | अपना भाई | लाश |

الْغُرَابِ فَاُوَارِىَ سَوْءَةَ اَخِىْ ۚ فَاَصْبَحَ مِنَ النّٰدِمِيْنَ ﴿٣١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | नादिम होने वाले | से | पस वह हो गया | अपना भाई | लाश | फिर छुपाऊँ | कव्वा |

उन्हों ने कहा ऐ मूसा (अ)! जब तक वह उस में हैं हम वहां कभी भी हर्रागज़ दाख़िल न होगें, सो तू जा और तेरा रब, तुम दोनों लड़ो, हम तो यहीं बैठे हैं। (24)

मूसा (अ) ने कहा ऐ मेरे रब! बेशक मैं इख़्तियार नहीं रखता सिवाए अपनी जान के और अपने भाई के, पस हमारे और हमारी नाफ़रमान क़ौम के दरमियान जुदाई डाल दे (फ़ैसला कर दे)। (25)

अल्लाह ने कहा पस यह सरजमीन हराम कर दी गई उन पर चालीस साल, वह जमीन में भटकते फिरेगें, तू नाफ़रमान क़ौम पर अफ़सोस न कर। (26)

उन्हें आदम (अ) के दो बेटों का हाले वाक़ई सुनाओ, जब दोनों ने कुछ नियाज़ पेश की तो उन में से एक की क़ुबूल कर ली गई और दूसरे से क़ुबूल न की गई, उस ने (भाई को) कहा मैं तुझे ज़रूर मार डालूंगा, उस ने कहा अल्लाह सिर्फ़ क़ुबूल करता है परहेज़गारों से। (27)

अलबत्ता अगर तू मेरी तरफ़ अपना हाथ मुझे क़त्ल करने के लिए बढ़ाएगा, मैं (फिर भी) अपना हाथ तेरी तरफ बढ़ाने वाला नहीं कि तुझे क़त्ल करूँ, बेशक मैं सारे जहान के परवरदिगार अल्लाह से डरता हूँ। (28)

बेशक मैं चाहता हूँ कि तू हासिल करे (ज़िम्मेदार हो जाए) मेरे गुनाह का और अपने गुनाह का, फिर तू जहन्नम वालों में से होजाए और जालिमों की यही सजा है। (29)

फिर उस को उस के नफ़्स ने अपने भाई के क़त्ल पर आमादा कर लिया, उस ने उस को क़त्ल कर दिया तो नुक़्सान उठाने वालों में से हो गया। (30)

फिर अल्लाह ने भेजा एक कव्वा जमीन कुरेदता ताकि वह उसे दिखाए कि वह अपने भाई की लाश कैसे छुपाए। उस ने कहा हाए अफ़सोस! मुझ से इतना न हो सका कि उस कव्वे जैसा हो जाऊँ कि अपने भाई की लाश को छुपाऊँ, पस वह नादिम (पशेमां) होने वालों में से होगया। (31)

उस वजह से हम ने बनी इस्राईल पर लिख दिया कि जिस ने किसी एक जान को किसी जान के (बदले के) बग़ैर या मुल्क में फ़साद करने के बग़ैर क़त्ल किया तो गोया उस ने क़त्ल किया तमाम लोगों को, और जिस ने (किसी एक को) ज़िन्दा रखा (बचाया) तो गोया उस ने तमाम लोगों को ज़िन्दा रखा (बचा लिया), और उन के पास आ चुके हमारे रसूल रौशन दलाइल के साथ, फिर उस के बाद उन में से अक्सर ज़मीन में हद से बढ़ जाने वाले हैं। **(32)**

यही सज़ा है (उन की) जो लोग अल्लाह और उस के रसूल से जंग करते हैं और सई करते हैं मुल्क में फ़साद करने की कि वह क़त्ल किए जाएं या सूली दिए जाएं या उन के हाथ और पाऊँ काटे जाएं मुख़ालिफ़ जानिब से (एक तरफ़ का हाथ दूसरी तरफ़ का पाऊँ), या मुल्क बदर कर दिए जाएं, यह उन के लिए दुनिया में रुसवाई है और उन के लिए आख़िरत में बड़ा अज़ाब है। **(33)**

मगर वह लोग जिन्हों ने उस से पहले तौबा कर ली कि तुम क़ाबू पाओ उन पर, तो जान लो कि अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। **(34)**

ऐ ईमान वालो! डरो अल्लाह से और उस की तरफ़ (उस का) क़ुर्ब तलाश करो और उस के रास्ते में जिहाद करो ताकि तुम फ़लाह पाओ। **(35)**

जिन लोगों ने कुफ़्र किया जो कुछ ज़मीन में है अगर सब का सब और उस के साथ और इतना ही उन के पास हो कि वह उस की क़ियामत के दिन अज़ाब के फ़िदये (बदला) में दें तो वह उन से क़ुबूल न किया जाएगा, और उन के लिए अज़ाब है दर्दनाक। **(36)**

مِنْ اَجْلِ ذٰلِكَ ۛ كَتَبْنَا عَلٰى بَنِیْٓ اِسْرَآءِیْلَ اَنَّهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि जो-जिस | बनी इस्राईल | पर | हम ने लिख दिया | उस | वजह | से |

مَنْ قَتَلَ نَفْسًاۢ بِغَیْرِ نَفْسٍ اَوْ فَسَادٍ فِی الْاَرْضِ فَكَاَنَّمَا قَتَلَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने क़त्ल किया | तो गोया | ज़मीन (मुल्क) में | या फ़साद करना | किसी जान के बग़ैर | कोई जान | कोई क़त्ल करे |

النَّاسَ جَمِیْعًا ؕ وَمَنْ اَحْیَاهَا فَكَاَنَّمَآ اَحْیَا النَّاسَ جَمِیْعًا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तमाम | लोग | उस ने ज़िन्दा रखा | तो गोया | उस को ज़िन्दा रखा | और जो-जिस | तमाम | लोग |

وَلَقَدْ جَآءَتْهُمْ رُسُلُنَا بِالْبَیِّنٰتِ ثُمَّ اِنَّ كَثِیْرًا مِّنْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन में से | अक्सर | बेशक | फिर | रौशन दलाइल के साथ | हमारे रसूल | और उन के पास आ चुके |

بَعْدَ ذٰلِكَ فِی الْاَرْضِ لَمُسْرِفُوْنَ ﴿٣٢﴾ اِنَّمَا جَزٰٓؤُا الَّذِیْنَ یُحَارِبُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जंग करते हैं | जो लोग | सज़ा | यही | 32 | हद से बढ़ने वाले | ज़मीन (मुल्क) में | उस के बाद |

اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَیَسْعَوْنَ فِی الْاَرْضِ فَسَادًا اَنْ یُّقَتَّلُوْٓا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कि वह क़त्ल किए जाएं | फ़साद करने | जमीन (मुल्क) में | और कोशिश करते हैं | और उस का रसूल (स) | अल्लाह |

اَوْ یُصَلَّبُوْٓا اَوْ تُقَطَّعَ اَیْدِیْهِمْ وَاَرْجُلُهُمْ مِّنْ خِلَافٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक दूसरे के मुख़ालिफ़ से | से | और उन के पाऊँ | उन के हाथ | काटे जाएं | या | वह सूली दिए जाएं | या |

اَوْ یُنْفَوْا مِنَ الْاَرْضِ ؕ ذٰلِكَ لَهُمْ خِزْیٌ فِی الدُّنْیَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुनिया में | रुसवाई | उन के लिए | यह | मुल्क से | या मुल्क बदर कर दिए जाएं |

وَلَهُمْ فِی الْاٰخِرَةِ عَذَابٌ عَظِیْمٌ ﴿٣٣﴾ اِلَّا الَّذِیْنَ تَابُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जिन्हों ने तौबा कर ली | मगर | 33 | बड़ा | अज़ाब | आख़िरत में | और उन के लिए |

مِنْ قَبْلِ اَنْ تَقْدِرُوْا عَلَیْهِمْ ۚ فَاعْلَمُوْٓا اَنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बख़्शने वाला | अल्लाह | कि | तो जान लो | उन पर | तुम क़ाबू पाओ | कि | उस से पहले |

رَّحِیْمٌ ﴿٣٤﴾ یٰٓاَیُّهَا الَّذِیْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَابْتَغُوْٓا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तलाश करो | अल्लाह | डरो | जो लोग ईमान लाए | ऐ | 34 | मेहरबान |

اِلَیْهِ الْوَسِیْلَةَ وَجَاهِدُوْا فِیْ سَبِیْلِهٖ لَعَلَّكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ताकि तुम | उस का रास्ता | में | और जिहाद करो | क़ुर्ब | उस की तरफ़ |

تُفْلِحُوْنَ ﴿٣٥﴾ اِنَّ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا لَوْ اَنَّ لَهُمْ مَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | उन के लिए | यह कि | अगर | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | बेशक | 35 | फ़लाह पाओ |

فِی الْاَرْضِ جَمِیْعًا وَّمِثْلَهٗ مَعَهٗ لِیَفْتَدُوْا بِهٖ مِنْ عَذَابِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अज़ाब | से | उस के साथ | कि फ़िदया (बदले में) दें | उस के साथ | और इतना | सब का सब | ज़मीन में |

یَوْمِ الْقِیٰمَةِ مَا تُقُبِّلَ مِنْهُمْ ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِیْمٌ ﴿٣٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | दर्दनाक | अज़ाब | और उन के लिए | उन से | क़ुबूल किया जाएगा | न | क़ियामत का दिन |

معانقة ٥ عند المتأخرين ١٢
وقف النبي ﷺ
ع ٥
٨
٩

يُـرِيْـدُوْنَ اَنْ يَّخْرُجُوْا مِنَ النَّارِ وَمَا هُمْ بِخٰرِجِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निकलने वाले | हालांकि नहीं वह | आग | से | वह निकल जाएं | कि | वह चाहेंगे |

مِنْهَا ۡ وَلَهُمْ عَذَابٌ مُّقِيْمٌ ﴿٣٧﴾ وَالسَّارِقُ وَالسَّارِقَةُ فَاقْطَعُوْٓا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काट दो | और चोर औरत | और चोर मर्द | 37 | हमेशा रहने वाला | अज़ाब | और उन के लिए | उस से |

اَيْدِيَهُمَا جَزَآءًۢ بِمَا كَسَبَا نَكَالًا مِّنَ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ालिब | और अल्लाह | अल्लाह | से | इब्रत | उस की जो उन्हों ने किया | सज़ा | उन दोनों के हाथ |

حَكِيْمٌ ﴿٣٨﴾ فَمَنْ تَابَ مِنْۢ بَعْدِ ظُلْمِهٖ وَاَصْلَحَ فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक अल्लाह | और इस्लाह की | अपना ज़ुल्म | बाद | से | पस जो-जिस तौबा की | 38 | हिक्मत वाला |

يَتُوْبُ عَلَيْهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٣٩﴾ اَلَمْ تَعْلَمْ اَنَّ اللّٰهَ لَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उसी की | अल्लाह | कि | क्या तू नहीं जानता | 39 | मेहरबान | बख़्शने वाला | बेशक अल्लाह | उस की तौबा क़ुबूल करता है |

مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ يُعَذِّبُ مَنْ يَّشَآءُ وَيَغْفِرُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और बख़्शदे | जिसे चाहे | अज़ाब दे | और ज़मीन | आस्मानों | सल्तनत |

لِمَنْ يَّشَآءُ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٤٠﴾ يٰٓاَيُّهَا الرَّسُوْلُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रसूल (स) | ऐ | 40 | क़ादिर | हर शै | पर | और अल्लाह | जिस को चाहे |

لَا يَحْزُنْكَ الَّذِيْنَ يُسَارِعُوْنَ فِي الْكُفْرِ مِنَ الَّذِيْنَ قَالُوْٓا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने कहा | जो लोग | से | कुफ़्र | में | भाग दौड़ करते हैं | जो लोग | आप को ग़मगीन न करें |

ع ٣ / عند المتقدمين ١٢

اٰمَنَّا بِاَفْوَاهِهِمْ وَلَمْ تُؤْمِنْ قُلُوْبُهُمْ ۛۚ وَمِنَ الَّذِيْنَ هَادُوْا ۛۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो यहूदी हुए | और से | उन के दिल | और मोमिन नहीं | अपने मुँह से (जमा) | हम ईमान लाए |

سَمّٰعُوْنَ لِلْكَذِبِ سَمّٰعُوْنَ لِقَوْمٍ اٰخَرِيْنَ ۙ لَمْ يَاْتُوْكَ ؕ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह आप (स) तक नहीं आए | दूसरी | क़ौम के लिए | वह जासूस है | झूट के लिए | जासूसी करते हैं |

يُحَرِّفُوْنَ الْكَلِمَ مِنْۢ بَعْدِ مَوَاضِعِهٖ ۚ يَقُوْلُوْنَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कहते हैं | उस का ठिकाना | बाद | कलाम | वह फेर देते हैं |

اِنْ اُوْتِيْتُمْ هٰذَا فَخُذُوْهُ وَاِنْ لَّمْ تُؤْتَوْهُ فَاحْذَرُوْا ؕ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तो उस से बचो | यह तुम्हें न दिया जाए | और अगर | उस को क़ुबूल कर लो | यह | अगर तुम्हें दिया जाए |

وَمَنْ يُّرِدِ اللّٰهُ فِتْنَتَهٗ فَلَنْ تَمْلِكَ لَهٗ مِنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुछ | अल्लाह | से | उस के लिए | तू हरगिज़ न आ सकेगा | गुमराह करना | अल्लाह चाहे | और जो-जिस |

اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ لَمْ يُرِدِ اللّٰهُ اَنْ يُّطَهِّرَ قُلُوْبَهُمْ ؕ لَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | उन के दिल | पाक करे | कि | अल्लाह | नहीं चाहा | वह लोग जो | यही लोग |

فِي الدُّنْيَا خِزْيٌ ۚۖ وَّلَهُمْ فِي الْاٰخِرَةِ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ﴿٤١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | बड़ा | अज़ाब | आख़िरत | में | और उन के लिए | रुसवाई | दुनिया में |

वह चाहेंगे कि वह आग से निकल जाएं हालांकि वह उस से निकलने वाले नहीं, और उन के लिए हमेशा रहने वाला (दाइमी) अज़ाब है। (37)

चोर मर्द और चोर औरत दोनों के हाथ काट दो यह सज़ा है उस की जो उन्हों ने किया, इब्रत है अल्लाह की तरफ़ से, और अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (38)

पस जिस ने तौबा की अपने ज़ुल्म के बाद और इस्लाह कर ली तो बेशक अल्लाह उस की तौबा क़ुबूल करता है, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (39)

क्या तू नहीं जानता कि अल्लाह ही की है सल्तनत आस्मानों की और ज़मीन की? वह जिसे चाहे अज़ाब दे और जिस को चाहे बख़्शदे, और अल्लाह हर शै पर क़ादिर है। (40)

ऐ रसूल (स)! आप (स) को वह लोग ग़मगीन न करें जो कुफ़्र में भाग दौड़ करते हैं, वह लोग जो अपने मुँह से कहते हैं हम ईमान लाए हालांकि उन के दिल मोमिन नहीं, और वह जो यहूदी हुए वह झूट के लिए जासूसी करते हैं, वह जासूस है एक दूसरी जमाअत के जो आप (स) तक नहीं आए, कलाम को फेर देते हैं (बदल डालते) हैं उस के ठिकाने के बाद (ठिकाना छोड़ कर), कहते हैं अगर तुम्हें यह दिया जाए तो उस को क़ुबूल कर लो और अगर तुम्हें न दिया जाए तो उस से बचो, और जिस को अल्लाह गुमराह करना चाहे तो उस के लिए तू अल्लाह के हाँ कुछ न कर सकेगा, यही लोग हैं जिन्हें अल्लाह ने नहीं चाहा कि उन के दिल पाक करे, उन के लिए दुनिया में रुसवाई है और उन के लिए आख़िरत में बड़ा अज़ाब है। (41)

झूट के लिए जासूसी करने वाले, हराम खाने वाले, पस अगर वह आप (स) के पास आएं तो आप (स) उन के दरमियान फ़ैसला कर दें या उन से मुँह फेर लें, और अगर आप (स) उन से मुँह फेर लें तो हरगिज़ आप (स) का कुछ न बिगाड़ सकेंगे, और अगर आप (स) फ़ैसला करें तो उन के दरमियान इन्साफ़ से फ़ैसला करें, बेशक अल्लाह दोस्त रखता है इन्साफ़ करने वालों को। **(42)**

और वह आप (स) को कैसे मुन्सिफ़ बनाते हैं जबकि उन के पास तौरात है जिस में अल्लाह का हुक्म है, फिर उस के बाद वह फिर जाते हैं, और वह मानने वाले नहीं। **(43)**

बेशक हम ने नाज़िल की तौरात। उस में हिदायत और नूर है, उस के ज़रीआ हमारे नबी जो फ़रमांबरदार थे हुक्म देते थे यहूद को, और दर्वेश और उलमा (भी) इस लिए कि वह अल्लाह की किताब के निगहबान मुक़र्रर किए गए थे और उस पर निगरान थे, पस तुम लोगों से न डरो और मुझ (ही) से डरो और न हासिल करो मेरी आयतों के बदले थोड़ी क़ीमत, और जो उस के मुताबिक़ फ़ैसला न करे जो अल्लाह ने नाज़िल किया है सो यही लोग काफ़िर हैं। **(44)**

और हम ने उस (किताब) में उन पर फ़र्ज़ कर दिया कि जान के बदले जान, आँख के बदले आँख, और नाक के बदले नाक, और कान के बदले कान, और दाँत के बदले दाँत है, और ज़ख्मों का क़िसास (बदला) है, फिर जिस ने उस (क़िसास) को माफ़ कर दिया तो वह उस के लिए कफ़्फ़ारा है, और जो उस के मुताबिक़ फ़ैसला नहीं करते जो अल्लाह ने नाज़िल किया तो यही लोग ज़ालिम हैं। **(45)**

سَمّٰعُوْنَ لِلْكَذِبِ اَكّٰلُوْنَ لِلسُّحْتِ ؕ فَاِنْ جَآءُوْكَ فَاحْكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो फ़ैसला कर दें आप (स) | आप (स) के पास आएं | पस अगर | हराम | बड़े खाने वाले | झूट के लिए | जासूसी करने वाले |

بَيْنَهُمْ اَوْ اَعْرِضْ عَنْهُمْ ۚ وَاِنْ تُعْرِضْ عَنْهُمْ فَلَنْ يَّضُرُّوْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) का बिगाड़ सकेंगे | तो हरगिज़ न | उन से | आप (स) मुँह फेर लें | और अगर | उन से | मुँह फेर लें | या | उन के दरमियान |

شَيْـًٔا ؕ وَاِنْ حَكَمْتَ فَاحْكُمْ بَيْنَهُمْ بِالْقِسْطِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त रखता है | बेशक अल्लाह | इन्साफ़ से | उन के दरमियान | तो फ़ैसला करें | आप फ़ैसला करें | और अगर | कुछ |

الْمُقْسِطِيْنَ ﴿٤٢﴾ وَكَيْفَ يُحَكِّمُوْنَكَ وَعِنْدَهُمُ التَّوْرٰىةُ فِيْهَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | तौरात | जबकि उन के पास | वह आप (स) को मुन्सिफ़ बनाएंगे | और कैसे | 42 | इन्साफ़ करने वाले |

حُكْمُ اللّٰهِ ثُمَّ يَتَوَلَّوْنَ مِنْ بَعْدِ ذٰلِكَ ؕ وَمَآ اُولٰٓئِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग | और नहीं | उस | बाद | फिर जाते हैं | फिर | अल्लाह का हुक्म |

بِالْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٤٣﴾ اِنَّآ اَنْزَلْنَا التَّوْرٰىةَ فِيْهَا هُدًى وَّنُوْرٌ ۚ ع ٦ ١٠

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नूर | हिदायत | उस में | तौरात | हम ने नाज़िल की | बेशक हम | 43 | मानने वाले |

يَحْكُمُ بِهَا النَّبِيُّوْنَ الَّذِيْنَ اَسْلَمُوْا لِلَّذِيْنَ هَادُوْا

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उन लोगों के लिए जो यहूदी हुए (यहूद को) | जो फ़रमांबरदार थे | नबी (जमा) | उस के ज़रीआ | हुक्म देते थे |

وَالرَّبّٰنِيُّوْنَ وَالْاَحْبَارُ بِمَا اسْتُحْفِظُوْا مِنْ كِتٰبِ اللّٰهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की किताब | से (की) | वह निगहबान किए गए | इस लिए कि | और उलमा | अल्लाह वाले (दर्वेश) |

وَكَانُوْا عَلَيْهِ شُهَدَآءَ ۚ فَلَا تَخْشَوُا النَّاسَ وَاخْشَوْنِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और डरो मुझ से | लोग | पस न डरो | निगरान (मुहाफ़िज़) | उस पर | और थे |

وَلَا تَشْتَرُوْا بِاٰيٰتِيْ ثَمَنًا قَلِيْلًا ؕ وَمَنْ لَّمْ يَحْكُمْ بِمَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के मुताबिक़ जो | फ़ैसला न करे | और जो | थोड़ी | क़ीमत | मेरी आयतों के बदले | और न ख़रीदो (न हासिल करो) |

اَنْزَلَ اللّٰهُ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْكٰفِرُوْنَ ﴿٤٤﴾ وَكَتَبْنَا عَلَيْهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | और हम ने लिखा (फ़र्ज़ किया) | 44 | काफ़िर (जमा) | वह | सो यही लोग | अल्लाह ने नाज़िल किया |

فِيْهَآ اَنَّ النَّفْسَ بِالنَّفْسِ ۙ وَالْعَيْنَ بِالْعَيْنِ وَالْاَنْفَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और नाक | आँख के बदले | और आँख | जान के बदले | जान | कि | उस में |

بِالْاَنْفِ وَالْاُذُنَ بِالْاُذُنِ وَالسِّنَّ بِالسِّنِّ ۙ وَالْجُرُوْحَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और ज़ख्मों | दाँत के बदले | और दाँत | कान के बदले | और कान | नाक के बदले |

قِصَاصٌ ؕ فَمَنْ تَصَدَّقَ بِهٖ فَهُوَ كَفَّارَةٌ لَّهٗ ؕ وَمَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | उस के लिए | कफ़्फ़ारा | तो वह | उस को | माफ़ कर दिया | फिर जो-जिस | बदला |

لَّمْ يَحْكُمْ بِمَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٤٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | ज़ालिम (जमा) | वह | तो यही लोग | अल्लाह | नाज़िल किया | उस के मुताबिक़ जो | फ़ैसला नहीं करता |

وَقَفَّيْنَا عَلٰۤى اٰثَارِهِمْ بِعِيْسَى ابْنِ مَرْيَمَ مُصَدِّقًا لِّمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की जो | तस्दीक़ करने वाला | इब्ने मरयम | ईसा (अ) | उन के निशाने क़दम | पर | और हम ने पीछे भेजा |

بَيْنَ يَدَيْهِ مِنَ التَّوْرٰىةِ ۪ وَاٰتَيْنٰهُ الْاِنْجِيْلَ فِيْهِ هُدًى وَّنُوْرٌ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नूर | हिदायत | उस में | इंजील | और हम ने उसे दी | तौरात | से | उस से पहले |

وَّمُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ مِنَ التَّوْرٰىةِ وَهُدًى وَّمَوْعِظَةً

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और नसीहत | और हिदायत | तौरात | से | उस से पहले | उस की जो | और तस्दीक़ करने वाली |

لِّلْمُتَّقِيْنَ ﴿٤٦﴾ وَلْيَحْكُمْ اَهْلُ الْاِنْجِيْلِ بِمَاۤ اَنْزَلَ اللّٰهُ فِيْهِ ۗ وَمَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | उस में | अल्लाह | नाज़िल किया | उस के साथ जो | इंजील वाले | और फ़ैसला करें | 46 | परहेज़गारों के लिए |

لَّمْ يَحْكُمْ بِمَاۤ اَنْزَلَ اللّٰهُ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَاَنْزَلْنَاۤ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम ने नाज़िल की | 47 | फ़ासिक़ (नाफ़रमान) | वह | तो यही लोग | अल्लाह | नाज़िल किया | उस के मुताबिक़ जो | फ़ैसला नहीं करता |

اِلَيْكَ الْكِتٰبَ بِالْحَقِّ مُصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَيْهِ مِنَ الْكِتٰبِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किताब | से | उस से पहले | उस की जो | तस्दीक़ करने वाली | सच्चाई के साथ | किताब | आप की तरफ़ |

وَمُهَيْمِنًا عَلَيْهِ فَاحْكُمْ بَيْنَهُمْ بِمَاۤ اَنْزَلَ اللّٰهُ وَلَا تَتَّبِعْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न पैरवी करें | अल्लाह | नाज़िल किया | उस से जो | उन के दरमियान | सो फ़ैसला करें | उस पर | और निगहबान ओ मुहाफ़िज़ |

اَهْوَآءَهُمْ عَمَّا جَآءَكَ مِنَ الْحَقِّ ؕ لِكُلٍّ جَعَلْنَا مِنْكُمْ شِرْعَةً

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दस्तूर | तुम में से | हम ने मुक़र्रर किया है | हर एक के लिए | हक़ | से | तुम्हारे पास आगया | उस से | उन की ख़ाहिशात |

وَّمِنْهَاجًا ؕ وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ لَجَعَلَكُمْ اُمَّةً وَّاحِدَةً وَّلٰكِنْ لِّيَبْلُوَكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि तुम्हें आज़माए | और लेकिन | वाहिदा (एक) | उम्मत | तो तुम्हें कर देता | अल्लाह चाहता | और अगर | और रास्ता |

فِيْ مَاۤ اٰتٰىكُمْ فَاسْتَبِقُوا الْخَيْرٰتِ ؕ اِلَى اللّٰهِ مَرْجِعُكُمْ جَمِيْعًا فَيُنَبِّئُكُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह तुम्हें बतलादेगा | सब को | तुम्हें लौटना | अल्लाह | तरफ़ | नेकियाँ | पस सबक़त करो | उस ने तुम्हें दिया | जो | में |

بِمَا كُنْتُمْ فِيْهِ تَخْتَلِفُوْنَ ﴿٤٨﴾ وَاَنِ احْكُمْ بَيْنَهُمْ بِمَاۤ اَنْزَلَ اللّٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | नाज़िल किया | उस से जो | उन के दरमियान | और फ़ैसला करें | 48 | इख़्तिलाफ़ करते | उस में | तुम थे | जो |

وَلَا تَتَّبِعْ اَهْوَآءَهُمْ وَاحْذَرْهُمْ اَنْ يَّفْتِنُوْكَ عَنْۢ بَعْضِ مَاۤ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | बाज़ (किसी) | से | बहका न दें | कि | और उन से बचते रहो | उन की ख़ाहिशों | और न चलें |

اَنْزَلَ اللّٰهُ اِلَيْكَ ؕ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَاعْلَمْ اَنَّمَا يُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ يُّصِيْبَهُمْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हें पहुँचादे | कि | अल्लाह | चाहता है | सिर्फ़ यही | तो जान लो | वह मुँह फेर लें | फिर अगर | आप की तरफ़ | अल्लाह | नाज़िल किया |

بِبَعْضِ ذُنُوْبِهِمْ ؕ وَاِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ لَفٰسِقُوْنَ ﴿٤٩﴾ اَفَحُكْمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या हुक्म | 49 | नाफ़रमान | लोग | से | अक्सर | और बेशक | उन के गुनाह | बसबब बाज़ |

الْجَاهِلِيَّةِ يَبْغُوْنَ ؕ وَمَنْ اَحْسَنُ مِنَ اللّٰهِ حُكْمًا لِّقَوْمٍ يُّوْقِنُوْنَ ﴿٥٠﴾ ع ١١

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | यक़ीन रखते हैं | लोगों के लिए | हुक्म | अल्लाह | से | बेहतर | और किस | वह चाहते हैं | जाहिलियत |

और हम ने ईसा (अ) इब्ने मरयम (अ) को उन के निशाने क़दम पर भेजा, उस की तस्दीक़ करने वाला जो उस (ईसा (अ)) से पहले तौरात से थी, और हम ने उसे इंजील दी, उस में हिदायत और नूर है और उस की तस्दीक़ करने वाली जो उस से पहले तौरात से थी और परहेज़गारों के लिए हिदायत ओ नसीहत थी। **(46)**

और इंजील वाले उस के साथ फ़ैसला करें जो अल्लाह ने उस में नाज़िल किया, और जो उस के मुताबिक़ फ़ैसला नहीं करते जो अल्लाह ने नाज़िल किया है तो यही लोग फ़ासिक़ (नाफ़रमान) हैं। **(47)**

और हम ने आप (स) की तरफ़ किताब सच्चाई के साथ नाज़िल की अपने से पहली किताबों की तस्दीक़ करने वाली और उस पर निगहबान ओ मुहाफ़िज़, सो उन के दरमियान फ़ैसला करें उस से जो अल्लाह ने नाज़िल किया और उन की ख़ाहिशात की पैरवी न करें उस के बाद (जबकि) तुम्हारे पास हक़ आगया, हम ने मुक़र्रर किया है तुम में से हर एक के लिए (अलग) दस्तूर और (जुदा) रास्ते, और अगर अल्लाह चाहता तो तुम्हें उम्मते वाहिदा (एक उम्मत) कर देता, लेकिन (वह चाहता है) ताकि वह तुम्हें उस में आज़माए जो उस ने तुम्हें दिया है, पस नेकियों में सबक़त करो, तुम सब को अल्लाह की तरफ़ लौट कर जाना है वह तुम्हें बतला देगा जिस बात में तुम इख़्तिलाफ़ करते थे। **(48)**

और उन के दरमियान फ़ैसला करें उस से जो नाज़िल किया अल्लाह ने, और उन की ख़ाहिशों पर न चलो और उन से बचते रहो कि तुम्हें बहका न दें किसी ऐसे (हुक्म) से जो नाज़िल किया है अल्लाह ने आप (स) की तरफ़, फिर अगर वह मुँह फेर लें तो जान लो कि अल्लाह सिर्फ़ यही चाहता है कि उन्हें (सज़ा) पहुँचादे उन के बाज़ गुनाहों के सबब, और उन में से अक्सर लोग नाफ़रमान हैं। **(49)**

क्या वह (फिर) जाहिलियत का हुक्म (रस्म ओ रिवाज) चाहते हैं? और अल्लाह से बेहतर हुक्म किस का है उन लोगों के लिए जो यक़ीन रखते हैं? **(50)**

ऐ ईमान वालो! यहूद और नसारा को दोस्त न बनाओ, उन में से बाज़ दोस्त हैं बाज़ के (एक दूसरे के दोस्त हैं) और तुम में से जो कोई उन से दोस्ती रखेगा तो बेशक वह उन में से होगा, बेशक अल्लाह हिदायत नहीं देता ज़ालिम लोगों को। **(51)**

पस तू देखेगा जिन लोगों के दिलों में रोग है वह उन (यहूद ओ नसारा) की तरफ़ दौड़ते हैं, वह कहते हैं हमें डर है कि हम पर गर्दिशे (ज़माना) न आजाए, सो क़रीब है कि अल्लाह फ़तह ले आए या अपने पास से कोई हुक्म (लाए) तो वह अपने दिलों में जो छुपाते थे उस पर पछताते रह जाएं। **(52)**

और मोमिन कहेंगे क्या यह वही लोग हैं जो अल्लाह की पक्की क़स्में खाते थे कि वह तुम्हारे साथ हैं। उन के अ़मल अकारत गए, पस वह नुक़सान उठाने वाले (हो कर) रह गए। **(53)**

ऐ ईमान वालो! तुम में से जो कोई अपने दीन से फिरेगा तो अ़नक़रीब अल्लाह ऐसी क़ौम लाएगा जिन्हें वह महबूब रखता है और वह उसे महबूब रखते हैं, वह मोमिनों पर नरम दिल हैं काफ़िरों पर ज़बरदस्त हैं, अल्लाह की राह में जिहाद करते हैं और किसी मलामत करने वाले की मलामत से नहीं डरते, यह अल्लाह का फ़ज़्ल है वह जिस को चाहता है देता है, और अल्लाह वुस्अ़त वाला, इल्म वाला है। **(54)**

तुम्हारे रफ़ीक़ तो सिर्फ़ अल्लाह और उस का रसूल और ईमान वाले हैं, और वह जो नमाज़ क़ाइम करते हैं और ज़कात देते हैं और (अल्लाह के हुज़ूर) झुकने वाले हैं। **(55)**

जो दोस्त रखें अल्लाह और उस के रसूल (स) को और ईमान वालों को, तो बेशक अल्लाह की जमाअ़त ही (सब पर) ग़ालिब होगी। **(56)**

---

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوا الْيَهُوْدَ وَالنَّصٰرٰۤى اَوْلِيَآءَ ؕۘ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त | और नसारा | यहूद | न बनाओ | ईमान लाए | जो लोग | ऐ |

بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ؕ وَمَنْ يَّتَوَلَّهُمْ مِّنْكُمْ فَاِنَّهٗ مِنْهُمْ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
क्या अब यह वही लोग नहीं हैं कि तुम क़सम खाया करते थे कि अल्लाह उन्हें अपनी कोई रहमत न पहुँचाएगा, आज उन्हें से कहा गया कि तुम जन्नत में दाख़िल हो जाओ, न तुम पर कोई ख़ौफ़ है न तुम ग़मगीन होगे। (49)

और दोज़ख़ वाले पुकारेंगे जन्नत वालों को कि हम पर (थोड़ा) पानी बहाओ (पहुँचाओ) या उस में से (कुछ) जो अल्लाह ने तुम्हें दिया है, वह कहेंगे बेशक अल्लाह ने यह काफ़िरों पर हराम कर दिया है। (50)

जिन्हों ने अपने दीन को खेल कूद बना लिया और दुनिया की ज़िन्दगी ने उन्हें धोके में डाल दिया, पस आज हम उन्हें भुलादेंगें जैसे उन्हों ने (आज के) इस दिन का मिलना फ़रामोश कर दिया था, और जैसे हमारी आयतों से इन्कार करते थे। (51)

और हम उन के पास एक किताब लाए जिसे हम ने तफ़सील से बयान किया इल्म (की बुनियाद) पर ईमान लाने वाले लोगों के लिए हिदायत और रहमत। (52)

क्या वह यही इन्तिज़ार कर रहे हैं कि उस का कहा हुआ पूरा हो जाए, जिस दिन उस का कहा हुआ हो जाएगा, तो वह लोग जिन्हों ने उसे पहले भुला दिया था वह कहेंगे, बेशक हमारे रब के रसूल हक़ बात लाए थे, तो क्या हमारे लिए कोई सिफ़ारिश करने वाले हैं कि हमारी सिफ़ारिश करें, या हम (दुनिया में) लौटाए जाएं कि हम उस के ख़िलाफ़ अ़मल करें जो हम (पहले) करते थे, बेशक उन्हों ने अपनी जानों का (अपना) नुक़्सान किया, और उन से गुम हो गया जो वह झूट घड़ते थे। (53)

बेशक तुम्हारा रब अल्लाह है जिस ने आस्मानों और ज़मीन छः दिन में बनाए, और फिर क़रार फ़रमाया अ़र्श पर, रात को दिन पर ढांक देता है, उस के पीछे (दिन) दौड़ता हुआ आता है, और सूरज और चाँद और सितारे उस के हुक्म से मुसख़्ख़र हैं, याद रखो उसी के लिए है पैदा करना और हुक्म देना, अल्लाह बरकत वाला है सारे जहानों का रब। (54)

अपने रब को पुकारो गिड़ गिड़ा कर और आहिस्ता से, बेशक वह हद से गुज़रने वालों को दोस्त नहीं रखता। (55)

और फ़साद न मचाओ ज़मीन में उस की इस्लाह के बाद, और उसे पुकारो डरते और उम्मीद रखते हुए, बेशक अल्लाह की रहमत क़रीब है नेकी करने वालों के। (56)

और वही है जो अपनी रहमत (बारिश) से पहले हवाएं बतौरे ख़ुशख़बरी भेजता है, यहां तक कि जब वह भारी बादल उठा लाएं तो हम ने उन्हें किसी मुर्दा शहर की तरफ़ हांक दिया, फिर उस से पानी उतारा (बरसाया) फिर हम ने निकाले उस से हर क़िस्म के फल, इसी तरह हम मुर्दों को निकालेंगे ताकि तुम ग़ौर करो। (57)

وَلَـقَـدْ جِئْـنٰـهُـمْ بِـكِـتٰـبٍ فَـصَّـلْـنٰـهُ عَـلٰى عِـلْـمٍ هُـدًى وَّرَحْـمَـةً

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और रहमत | हिदायत | इल्म | पर | हम ने उसे तफ़सील से बयान किया | एक किताब | और अलबत्ता हम लाए उन के पास |

لِّـقَـوْمٍ يُّـؤْمِـنُـوْنَ ﴿٥٢﴾ هَـلْ يَـنْـظُـرُوْنَ اِلَّا تَـاْوِيْـلَـهٗ ؕ يَـوْمَ يَـاْتِـىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आएगा | जिस दिन | उस का कहना पूरा हो जाए | मगर (यही कि) | वह इन्तिज़ार कर रहे हैं | क्या | 52 | जो ईमान लाए हैं | लोगों के लिए |

تَـاْوِيْـلُـهٗ يَـقُـوْلُ الَّـذِيْـنَ نَـسُـوْهُ مِـنْ قَـبْـلُ قَـدْ جَـآءَتْ رُسُـلُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रसूल (जमा) | बेशक लाए | पहले से | उन्हों ने भुला दिया | वह लोग जो | कहेंगे | उस का कहा हुआ |

رَبِّنَا بِالْحَقِّ ۚ فَهَلْ لَّنَا مِنْ شُفَعَآءَ فَيَشْفَعُوْا لَنَآ اَوْ نُـرَدُّ فَنَعْمَلَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो हम करें | या हम लौटाए जाएं | हमारी | कि सिफ़ारिश करें | सिफ़ारिश करने वाले | कोई | हमारे लिए | तो क्या है | हक़ | हमारा रब |

غَـيْـرَ الَّـذِىْ كُنَّا نَعْمَلُ ؕ قَـدْ خَـسِـرُوْٓا اَنْـفُـسَـهُـمْ وَضَـلَّ عَنْهُمْ مَّـا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | उन से | और गुम हो गया | अपनी जानें | बेशक नुक़्सान किया उन्हों ने | हम करते थे | उस के ख़िलाफ़ जो |

كَانُـوْا يَـفْـتَـرُوْنَ ﴿٥٣﴾ اِنَّ رَبَّـكُـمُ اللّٰهُ الَّـذِىْ خَـلَـقَ الـسَّـمٰـوٰتِ ع ٦ ١٣

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान (जमा) | पैदा किया | वह जा जिस | अल्लाह | तुम्हारा रब | बेशक | 53 | वह इफ़्तिरा करते (झूट घड़ते) थे |

وَالْاَرْضَ فِـىْ سِـتَّـةِ اَيَّـامٍ ثُـمَّ اسْـتَـوٰى عَلَى الْـعَـرْشِ ۫ يُغْشِى الَّيْلَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रात | ढांकता है | अ़र्श | पर | क़रार फ़रमाया | फिर | दिन | छः (6) | में | और ज़मीन |

الـنَّـهَـارَ يَـطْـلُـبُـهٗ حَـثِـيْـثًا ۙ وَّالـشَّـمْـسَ وَالْـقَـمَـرَ وَالـنُّـجُـوْمَ مُـسَـخَّـرٰتٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मुसख़्ख़र | और सितारे | और चाँद | और सूरज | दौड़ता हुआ | उस के पीछे आता है | दिन |

بِـاَمْـرِهٖ ؕ اَلَا لَـهُ الْخَلْقُ وَالْاَمْـرُ ؕ تَبٰرَكَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٥٤﴾ اُدْعُـوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुकारो | 54 | तमाम जहान | रब | बरकत वाला है अल्लाह | और हुक्म देना | पैदा करना | उस के लिए | याद रखो | उस का हुक्म |

رَبَّكُمْ تَضَرُّعًا وَّخُفْيَةً ؕ اِنَّـهٗ لَا يُحِبُّ الْمُعْتَدِيْنَ ﴿٥٥﴾ وَلَا تُفْسِدُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न फ़साद मचाओ | 55 | हद से गुज़रने वाले | दोस्त नहीं रखता | बेशक वह | और आहिस्ता | गिड़ गिड़ा कर | अपने रब को |

فِى الْاَرْضِ بَعْدَ اِصْلَاحِهَا وَادْعُـوْهُ خَوْفًا وَّطَمَعًا ؕ اِنَّ رَحْـمَـتَ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की रहमत | बेशक | और उम्मीद रखते | डरते | और उसे पुकारो | उस की इस्लाह | बाद | ज़मीन में |

قَـرِيْـبٌ مِّـنَ الْـمُـحْـسِـنِـيْـنَ ﴿٥٦﴾ وَهُـوَ الَّـذِىْ يُـرْسِـلُ الـرِّيٰـحَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हवाएं | भेजता है | जो-जिस | और वह | 56 | एहसान (नेकी) करने वाले | से | क़रीब |

بُـشْـرًاۢ بَـيْـنَ يَـدَىْ رَحْـمَـتِـهٖ ؕ حَـتّٰـى اِذَآ اَقَـلَّـتْ سَـحَـابًا ثِـقَـالًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारी | बादल | उठा लाएं | जब | यहां तक कि | अपनी रहमत (बारिश) | आगे | बतौरे ख़ुशख़बरी |

سُـقْـنٰـهُ لِـبَـلَـدٍ مَّـيِّـتٍ فَـاَنْـزَلْـنَـا بِـهِ الْـمَـآءَ فَـاَخْـرَجْـنَـا بِـهٖ مِـنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | उस से | फिर हम ने निकाला | पानी | उस से | फिर हम ने उतारा | मुर्दा | किसी शहर की तरफ़ | हम ने उन्हें हांक दिया |

كُلِّ الـثَّـمَـرٰتِ ؕ كَـذٰلِـكَ نُـخْـرِجُ الْـمَـوْتٰى لَـعَـلَّـكُـمْ تَـذَكَّـرُوْنَ ﴿٥٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | ग़ौर करो | ताकि तुम | मुर्दे | हम निकालेंगे | इसी तरह | हर फल |

وَالْبَلَدُ الطَّيِّبُ يَخْرُجُ نَبَاتُهٗ بِاِذْنِ رَبِّهٖ ۚ وَالَّذِىْ خَبُثَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना पाकीज़ा (खराब) | और वह जो | उस का रब | हुक्म से | उस का सबज़ह | निकलता है | पाकीज़ा | और ज़मीन |

ع ٧ ٥ ١٤ لَا يَخْرُجُ اِلَّا نَكِدًا ۚ كَذٰلِكَ نُصَرِّفُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّشْكُرُوْنَ ﴿٥٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | वह शुक्र अदा करते हैं | लोगों के लिए | आयतें | फेर फेर कर बयान करते हैं | इसी तरह | नाकिस | मगर | नहीं निकलता |

لَقَدْ اَرْسَلْنَا نُوْحًا اِلٰى قَوْمِهٖ فَقَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं | अल्लाह की इबादत करो | ऐ मेरी कौम | पस उस ने कहा | उस की कौम | तरफ़ | नूह (अ) | अलबत्ता हम ने भेजा |

لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۗ اِنِّىْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيْمٍ ﴿٥٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | एक बड़ा दिन | अज़ाब | तुम पर | डरता हूँ | बेशक मैं | उस के सिवा | कोई माबूद | तुम्हारे लिए |

قَالَ الْمَلَاُ مِنْ قَوْمِهٖٓ اِنَّا لَنَرٰىكَ فِىْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ ﴿٦٠﴾ قَالَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने कहा | 60 | खुली | गुमराही | में | अलबत्ता तुझे देखते हैं | बेशक हम | उस की कौम | से | सरदार | वाले |

يٰقَوْمِ لَيْسَ بِىْ ضَلٰلَةٌ وَّلٰكِنِّىْ رَسُوْلٌ مِّنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | सारे जहान | रब | से | भेजा हुआ | और लेकिन मैं | कुछ भी गुमराही | मेरे अन्दर | नहीं | ऐ मेरी कौम |

اُبَلِّغُكُمْ رِسٰلٰتِ رَبِّىْ وَاَنْصَحُ لَكُمْ وَاَعْلَمُ مِنَ اللّٰهِ مَا لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿٦٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | तुम जानते | जो नहीं | अल्लाह (की तरफ़) से | और जानता हूँ | तुम्हें | और नसीहत करता हूँ | अपना रब | पैग़ाम (जमा) | मैं पहुँचाता हूँ तुम्हें |

اَوَعَجِبْتُمْ اَنْ جَآءَكُمْ ذِكْرٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ عَلٰى رَجُلٍ مِّنْكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम में से | एक आदमी | पर | तुम्हारा रब | से | नसीहत | तुम्हारे पास आई | कि | क्या तुम्हें तअज्जुब हुआ |

لِيُنْذِرَكُمْ وَلِتَتَّقُوْا وَلَعَلَّكُمْ تُرْحَمُوْنَ ﴿٦٣﴾ فَكَذَّبُوْهُ فَاَنْجَيْنٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो हम ने उसे बचा लिया | पस उन्हों ने उसे झुटलाया | 63 | रह्म किया जाए | और ताकि तुम पर | और ताकि तुम परहेज़गारी इख़्तियार करो | ताकि वह डराए तुम्हें |

وَالَّذِيْنَ مَعَهٗ فِى الْفُلْكِ وَاَغْرَقْنَا الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारी आयतें | उन्हों ने झुटलाया | वह लोग जो | और हम ने गर्क़ कर दिया | कश्ती में | उस के साथ | और जो लोग |

ع ٨ ٦ ١٥ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا عَمِيْنَ ﴿٦٤﴾ وَاِلٰى عَادٍ اَخَاهُمْ هُوْدًا ۗ قَالَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने कहा | हूद (अ) | उन के भाई | आद | और तरफ़ | 64 | अन्धे | लोग | थे | बेशक वह |

يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۗ اَفَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿٦٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 65 | तो क्या तुम नहीं डरते | उस के सिवा | माबूद | कोई | तुम्हारे लिए नहीं | अल्लाह की इबादत करो | ऐ मेरी कौम |

قَالَ الْمَلَاُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖٓ اِنَّا لَنَرٰىكَ فِىْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| में | अलबत्ता हम तुझे देखते हैं | उस की कौम | से | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | सरदार | बोले |

سَفَاهَةٍ وَّاِنَّا لَنَظُنُّكَ مِنَ الْكٰذِبِيْنَ ﴿٦٦﴾ قَالَ يٰقَوْمِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ मेरी कौम | उस ने कहा | 66 | झूटे | से | और हम बेशक तुझे गुमान करते हैं | बेवकूफ़ी |

لَيْسَ بِىْ سَفَاهَةٌ وَّلٰكِنِّىْ رَسُوْلٌ مِّنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | तमाम जहान | रब | से | भेजा हुआ | और लेकिन मैं | कोई बेवकूफ़ी | मुझ में | नहीं |

और पाकीज़ा ज़मीन से उस का सबज़ह उस के रब के हुक्म से (पाकीजा ही) निकलता है, और जो ख़राब है उस से नहीं निकलता मगर नाक़िस, उसी तरह हम शुक्र गुजार लोगों के लिए आयतें फेर फेर कर बयान करते हैं। (58)

अलबत्ता हम ने नूह (अ) को उस की कौम की तरफ़ भेजा, पस उस ने कहा ऐ मेरी कौम! अल्लाह की इबादत करो, उस के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, बेशक मैं डरता हूँ तुम पर एक बड़े दिन के अ़ज़ाब से। (59)

उस की क़ौम के सरदार बोलेः हम तुझे खुली गुमराही में देखते हैं। (60)

उस ने कहा, ऐ मेरी क़ौम! मेरे अन्दर कुछ भी गुमराही (की बात) नहीं लेकिन मैं भेजा हुआ (रसूल) हूँ सारे जहानों के रब की तरफ़ से। (61)

मैं तुम्हें अपने रब के पैग़ाम पहुँचाता हूँ और तुम्हें नसीहत करता हूँ और अल्लाह (की तरफ़) से जानता हूँ जो तुम नहीं जानते। (62)

क्या तुम्हें तअ़ज्जुब हुआ कि तुम्हारे पास तुम्हारे रब की तरफ़ से एक नसीहत तुम में से एक आदमी पर आई ताकि वह तुम्हें डराए, और ताकि तुम परहेज़गारी इख़्तियार करो, और ताकि तुम पर रह्म किया जाए। (63)

पस उन्हों ने उसे झुटलाया तो हम ने उसे और उन लोगों को जो कश्ती में उस के साथ थे बचा लिया, और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुटलाया उन्हें हम ने ग़र्क़ कर दिया, बेशक वह लोग (हक़ शनासी से) अन्धे थे। (64)

और आ़द की तरफ़ (भेजा) उन के भाई हूद (अ) को, और उस ने कहा ऐ मेरी कौम! अल्लाह की इबादत करो, उस के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, तो क्या तुम डरते नहीं? (65)

उस की क़ौम के काफ़िर सरदार बोले अलबत्ता हम तुझे देखते हैं बेवकूफ़ी में और हम बेशक तुझे झूटों में से गुमान करते हैं। (66)

उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! मुझ में बेवकूफ़ी (की कोई बात) नहीं, लेकिन मैं तमाम जहानों के रब का भेजा हुआ (रसूल) हूँ। (67)

मैं तुम्हें अपने रब का पैग़ाम पहुँचाता हूँ और मैं तुम्हारा ख़ैर ख़ाह, अमीन हूँ। **(68)**

क्या तुम्हें तअज्जुब हुआ कि तुम्हारे पास आई तुम्हारे रब की तरफ़ से एक नसीहत तुम में से एक आदमी पर ताकि वह तुम्हें डराए, और तुम याद करो जब उस ने तुम्हें क़ौमे नूह (अ) के बाद जांनशीन बनाया, और तुम्हें ज़ियादा दिया जिस्म में फैलाओ (डील डौल), सो अल्लाह की नेमतें याद करो ताकि तुम फ़लाह (कामयाबी) पाओ। **(69)**

वह बोले, क्या तू हमारे पास इस लिए आया है कि हम अल्लाह वाहिद की इबादत करें और छोड़ दें जिन्हें हमारे बाप दादा पूजते थे, तो ले आ जिस का तू हम से वादा करता है (धमकाता है) अगर तू सच्चे लोगों में से है। **(70)**

उस ने कहा अलबत्ता तुम पर तुम्हारे रब की तरफ़ से पड़ गया अज़ाब और ग़ज़ब, क्या तुम मुझ से उन नामों के बारे में झगड़ते हो जो तुम ने और तुम्हारे बाप दादा ने रख लिए हैं, नहीं नाज़िल की अल्लाह ने उस के लिए कोई सनद, सो तुम इन्तिज़ार करो, मैं (भी) तुम्हारे साथ इन्तिज़ार करने वालों में से हूँ। **(71)**

तो हम ने उस को बचा लिया और उन को जो उस के साथ थे अपनी रहमत से, और हम ने उन लोगों की जड़ काट दी जिन्हों ने हमारी आयतों को झुटलाया और वह न थे ईमान लाने वाले। **(72)**

और समूद की तरफ़ (भेजा) उन के भाई सालेह (अ) को, उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! अल्लाह की इबादत करो, तुम्हारा उस के सिवा कोई माबूद नहीं, तहक़ीक़ तुम्हारे पास तुम्हारे रब की तरफ़ से निशानी आ चुकी है, यह अल्लाह की ऊँटनी तुम्हारे लिए एक निशानी है, सो उसे छोड़ दो कि अल्लाह की ज़मीन में खाए, और उसे बुराई से हाथ न लगाओ वरना तुम्हें दर्दनाक अज़ाब पकड़ लेगा। **(73)**

أُبَلِّغُكُمْ رِسٰلٰتِ رَبِّيْ وَاَنَا لَكُمْ نَاصِحٌ اَمِيْنٌ (68) اَوَعَجِبْتُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या तुम्हें तअज्जुब हुआ | 68 | अमीन | ख़ैर ख़ाह | तुम्हारा | और मैं | अपना रब | पैग़ाम (जमा) | मैं तुम्हें पहुँचाता हूँ |

اَنْ جَآءَكُمْ ذِكْرٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ عَلٰى رَجُلٍ مِّنْكُمْ لِيُنْذِرَكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि वह तुम्हें डराए | तुम में से | एक आदमी | पर | तुम्हारा रब | से | नसीहत | तुम्हारे पास आई | कि |

وَاذْكُرُوْٓا اِذْ جَعَلَكُمْ خُلَفَآءَ مِنْۢ بَعْدِ قَوْمِ نُوْحٍ وَّزَادَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हें ज़ियादा दिया | क़ौमे नूह | बाद | जांनशीन | उस ने तुम्हें बनाया | जब | और तुम याद करो |

فِي الْخَلْقِ بَصْۜطَةً ۚ فَاذْكُرُوْٓا اٰلَآءَ اللّٰهِ لَعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ (69)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | फ़लाह (कामयाबी) पाओ | ताकि तुम | अल्लाह की नेमतें | सो याद करो | फैलाव | ख़ल्क़त (जिस्म) | में |

قَالُوْٓا اَجِئْتَنَا لِنَعْبُدَ اللّٰهَ وَحْدَهٗ وَنَذَرَ مَا كَانَ يَعْبُدُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूजते थे | जो-जिस | और हम छोड़ दें | वाहिद (अकेले) | अल्लाह | कि हम इबादत करें | क्या तू हमारे पास आया | वह बोले |

اٰبَآؤُنَا ۚ فَاْتِنَا بِمَا تَعِدُنَآ اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ (70)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 70 | सच्चे लोग | से | तू है | अगर | जिस का हम से वादा करता है | तो ले आ हम पर | हमारे बाप दादा |

قَالَ قَدْ وَقَعَ عَلَيْكُمْ مِّنْ رَّبِّكُمْ رِجْسٌ وَّغَضَبٌ ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और ग़ज़ब | अज़ाब | तुम्हारा रब | से | तुम पर | अलबत्ता पड़ गया | उस ने कहा |

اَتُجَادِلُوْنَنِيْ فِيْٓ اَسْمَآءٍ سَمَّيْتُمُوْهَآ اَنْتُمْ وَاٰبَآؤُكُمْ مَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं | और तुम्हारे बाप दादा | तुम | तुम ने उन के रख लिए हैं | नाम (जमा) | में | क्या तुम झगड़ते हो मुझ से |

نَزَّلَ اللّٰهُ بِهَا مِنْ سُلْطٰنٍ ۭ فَانْتَظِرُوْٓا اِنِّيْ مَعَكُمْ مِّنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तुम्हारे साथ | बेशक मैं | सो तुम इन्तिज़ार करो | सनद | कोई | उस के लिए | अल्लाह ने नाज़िल की |

الْمُنْتَظِرِيْنَ (71) فَاَنْجَيْنٰهُ وَالَّذِيْنَ مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी | रहमत से | उस के साथ थे | और वह लोग जो | तो हम ने उसे नजात दी (बचा लिया) | 71 | इन्तिज़ार करने वाले |

وَقَطَعْنَا دَابِرَ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا وَمَا كَانُوْا مُؤْمِنِيْنَ (72) ع ۹ ۸ ۱۶

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | ईमान लाने वाले | और न थे | हमारी आयात | उन्हों ने झुटलाया | वह लोग जो | जड़ | और हम ने काट दी |

وَاِلٰى ثَمُوْدَ اَخَاهُمْ صٰلِحًا ۘ قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ وقف لازم

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम अल्लाह की इबादत करो | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | सालेह (अ) | उन के भाई | समूद | और तरफ़ |

مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۭ قَدْ جَآءَتْكُمْ بَيِّنَةٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | से | निशानी | तहक़ीक़ आ चुकी तुम्हारे पास | उस के सिवा | माबूद | कोई | तुम्हारे लिए नहीं |

هٰذِهٖ نَاقَةُ اللّٰهِ لَكُمْ اٰيَةً فَذَرُوْهَا تَاْكُلْ فِيْٓ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| में | कि खाए | सो उसे छोड़ दो | एक निशानी | तुम्हारे लिए | अल्लाह की ऊँटनी | यह |

اَرْضِ اللّٰهِ وَلَا تَمَسُّوْهَا بِسُوْٓءٍ فَيَاْخُذَكُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ (73)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | दर्दनाक | अज़ाब | वरना पकड़ लेगा तुम्हें | बुराई से | उसे हाथ लगाओ | और न | अल्लाह की ज़मीन |

وَاذْكُـــرُوْٓا اِذْ جَعَلَكُمْ خُلَفَآءَ مِنْۢ بَعْدِ عَادٍ وَّبَوَّاَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हें ठिकाना दिया | आ़द | बाद | जांनशीन | तुम्हें बनाया उस ने | जब | और तुम याद करो |

فِى الْاَرْضِ تَتَّخِذُوْنَ مِنْ سُهُوْلِهَا قُصُوْرًا وَّتَنْحِتُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तराशते हो | महल (जमा) | उस की नर्म जगह | से | बनाते हो | ज़मीन | में |

الْجِبَالَ بُيُوْتًا ۚ فَاذْكُرُوْٓا اٰلَآءَ اللّٰهِ وَلَا تَعْثَوْا فِى الْاَرْضِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन (मुल्क) में | और न फिरो | अल्लाह की नेमतें | सो याद करो | मकानात | पहाड़ |

مُفْسِدِيْنَ ﴿٧٤﴾ قَالَ الْمَلَاُ الَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की कौ़म | से | तकब्बुर किया (मुतकब्बिर) | वह जिन्हों ने | सरदार | बोले | 74 | फ़साद करने वाले (फ़साद करते) |

لِلَّذِيْنَ اسْتُضْعِفُوْا لِمَنْ اٰمَنَ مِنْهُمْ اَتَعْلَمُوْنَ اَنَّ صٰلِحًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सालेह (अ) | कि | क्या तुम जानते हो | उन से | ईमान लाए | उन से जो | ज़ईफ़ (कमज़ोर) बनाए गए | उन लोगों से |

مُّرْسَلٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ۗ قَالُوْٓا اِنَّا بِمَآ اُرْسِلَ بِهٖ مُؤْمِنُوْنَ ﴿٧٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | ईमान रखते हैं | उस के साथ भेजा गया | उस पर जो | बेशक हम | उन्हों ने कहा | अपना रब | से | भेजा हुआ |

قَالَ الَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْٓا اِنَّا بِالَّذِىْٓ اٰمَنْتُمْ بِهٖ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम ईमान लाए उस पर | वह जिस पर | हम | तकब्बुर किया | वह जिन्हों ने | बोले |

كٰفِرُوْنَ ﴿٧٦﴾ فَعَقَرُوا النَّاقَةَ وَعَتَوْا عَنْ اَمْرِ رَبِّهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | हुक्म | से | और सरकशी की | ऊँटनी | उन्हों ने कूचें काट दीं | 76 | कुफ़्र करने वाले (मुन्किर) |

وَقَالُوْا يٰصٰلِحُ ائْتِنَا بِمَا تَعِدُنَآ اِنْ كُنْتَ مِنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तू है | अगर | जिस का तू हम से वादा करता है | ले आ | ऐ सालेह (अ) | और बोले |

الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٧٧﴾ فَاَخَذَتْهُمُ الرَّجْفَةُ فَاَصْبَحُوْا فِىْ دَارِهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने घर | में | तो रह गए | ज़ल्ज़ला | पस उन्हें आ पकड़ा | 77 | रसूल (जमा) |

جٰثِمِيْنَ ﴿٧٨﴾ فَتَوَلّٰى عَنْهُمْ وَقَالَ يٰقَوْمِ لَقَدْ اَبْلَغْتُكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तहक़ीक़ मैं ने तुम्हें पहुँचा दिया | ऐ मेरी कौ़म | और कहा | उन से | फिर मुँह फेरा | 78 | औन्धे |

رِسَالَةَ رَبِّىْ وَنَصَحْتُ لَكُمْ وَلٰكِنْ لَّا تُحِبُّوْنَ النّٰصِحِيْنَ ﴿٧٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | ख़ैर ख़ाह (जमा) | तुम पसन्द नहीं करते | और लेकिन | तुम्हारी | और ख़ैर ख़ाही की | अपना रब | पैग़ाम |

وَلُوْطًا اِذْ قَالَ لِقَوْمِهٖٓ اَتَاْتُوْنَ الْفَاحِشَةَ مَا سَبَقَكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो तुम से पहले नहीं की | क्या आते हो बेहयाई के पास (बेहयाई करते हो) | अपनी कौ़म से | कहा | जब | और लूत (अ) |

بِهَا مِنْ اَحَدٍ مِّنَ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٨٠﴾ اِنَّكُمْ لَتَاْتُوْنَ الرِّجَالَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मर्द (जमा) | जाते हो | बेशक तुम | 80 | सारे जहान | से | किसी ने | ऐसी |

شَهْوَةً مِّنْ دُوْنِ النِّسَآءِ ۗ بَلْ اَنْتُمْ قَوْمٌ مُّسْرِفُوْنَ ﴿٨١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | हद से गुज़र जाने वाले | लोग | तुम | बल्कि | औ़रतें | अ़लावा (छोड़ कर) | शहवत से |

और याद करो जब तुम्हें आ़द के बाद जांनशीन बनाया और तुम्हें ज़मीन में ठिकाना दिया, बनाते हो उस की नर्म जगह में महल और तराशते हो पहाड़ों के मकानात, सो अल्लाह की नेमतें याद करो, और मुल्क में फ़साद मचाते न फिरो। (74)

सरदार बोले उन की कौ़म के जो मुतकब्बिर थे, उन ग़रीब लोगों से जो उन में से ईमान ला चुके थे: क्या तुम जानते हो कि सालेह (अ) अपने रब की तरफ़ से भेजा हुआ है (रसूल है), उन्हों ने कहा बेशक वह जो कुछ दे कर भेजा गया है हम उस पर ईमान रखते हैं। (75)

वह जिन्हों ने तकब्बुर किया (सरदार) बोले तुम जिस पर ईमान लाए हो हम उस के मुन्किर हैं। (76)

उन्हों ने ऊँटनी की कूचें काट दीं और अपने रब के हुक्म से सरकशी की और बोले ऐ सालेह (अ)! ले आ जिस का तू हम से वादा करता है (धमकाता है) अगर तू रसूलों में से है। (77)

पस ज़ल्ज़ले ने उन्हें आ पकड़ा तो अपने घरों में औन्धे पड़े रह गए। (78)

फिर (सालेह (अ) ने उन से मुँह फेरा और कहा ऐ मेरी कौ़म! मैं ने तुम्हें अपने रब का पैग़ाम पहुँचाया और तुम्हारी ख़ैर ख़ाही की, लेकिन तुम ख़ैर ख़ाहों को पसन्द नहीं करते। (79)

लूत (अ) (को भेजा) जब उस ने अपनी कौ़म से कहा, क्या तुम वह बेहयाई करते हो जो तुम से पहले सारे जहान में किसी ने नहीं की। (80)

बेशक तुम मर्दों के पास शहवत से जाते हो औ़रतों को छोड़ कर, बल्कि तुम हद से गुज़र जाने वाले लोग हो। (81)

और उस की क़ौम का जवाब न था मगर यह कि उन्हों ने कहाः उन्हें (लूत (अ) को) अपनी बस्ती से निकाल दो, यह लोग पाकीज़गी चाहते हैं। (82)

सो हम ने नजात दी उस को और उस के घर वालों को सिवाए उस की बीवी के जो पीछे रह जाने वालों में से थी। (83)

और हम ने उन पर (पत्थरों की) एक बारिश बरसाई, पस देखो मुजरिमों का कैसा अन्जाम हुआ? (84)

और हम ने मदयन की तरफ़ उन के भाई शुऐब (अ) (को भेजा), उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! अल्लाह की इबादत करो, उस के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, तहक़ीक़ तुम्हारे पास एक दलील पहुँच चुकी है तुम्हारे रब (की तरफ़) से, पस नाप और तोल पूरा करो और लोगों की अशिया न घटाओ, (घटा कर न दो) और मुल्क में इस्लाह के बाद फ़साद न (मचाओ), तुम्हारे लिए यह बेहतर है अगर तुम ईमान वाले हो। (85)

और हर रास्ते पर न बैठो कि तुम (राहगीरों को) डराओ और उसे अल्लाह के रास्ते से रोको जो उस पर ईमान लाया, और उस में कजी ढूँडो, और याद करो जब तुम थोड़े थे तो उस ने तुम्हें बढ़ा दिया, और देखो! फ़साद करने वालों का अन्जाम कैसा हुआ? (86)

और अगर तुम में एक गिरोह है जो उस पर ईमान लाया जिस के साथ मैं भेजा गया हूँ और एक गिरोह (है जो) ईमान नहीं लाया तो तुम सब्र करो यहां तक कि फ़ैसला कर दे अल्लाह हमारे दरमियान, और वह बेहतरीन फ़ैसला करने वाला है। (87)

وَمَا كَانَ جَوَابَ قَوْمِهٖٓ اِلَّآ اَنْ قَالُوْٓا اَخْرِجُوْهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हें निकाल दो | उन्हों ने कहा | यह कि | मगर | उस की क़ौम | जवाब | था | और न |

مِّنْ قَرْيَتِكُمْ ۚ اِنَّهُمْ اُنَاسٌ يَّتَطَهَّرُوْنَ ﴿٨٢﴾ فَاَنْجَيْنٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने नजात दी उस को | 82 | पाकीज़गी चाहते हैं | यह लोग | बेशक | अपनी बस्ती | से |

وَاَهْلَهٗٓ اِلَّا امْرَاَتَهٗ ۖ كَانَتْ مِنَ الْغٰبِرِيْنَ ﴿٨٣﴾ وَاَمْطَرْنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम ने बारिश बरसाई | 83 | पीछे रहने वाले | से | वह थी | उस की बीवी | मगर | और उस के घर वाले |

عَلَيْهِمْ مَّطَرًا ۖ فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُجْرِمِيْنَ ﴿٨٤﴾ ع ١٠/١٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 84 | मुजरिमीन | अन्जाम | हुआ | कैसा हुआ | पस देखो | एक बारिश | उन पर |

وَاِلٰى مَدْيَنَ اَخَاهُمْ شُعَيْبًا ۗ قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की इबादत करो | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | शुऐब (अ) | उन के भाई | मदयन | और तरफ़ |

مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ۖ قَدْ جَآءَتْكُمْ بَيِّنَةٌ مِّنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | एक दलील | तहक़ीक़ पहुँच चुकी तुम्हारे पास | उस के सिवा | कोई माबूद | से | नहीं तुम्हारा |

رَّبِّكُمْ فَاَوْفُوا الْكَيْلَ وَالْمِيْزَانَ وَلَا تَبْخَسُوا النَّاسَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लोग | और न घटाओ | और तोल | नाप | पस पूरा करो | तुम्हारा रब |

اَشْيَآءَهُمْ وَلَا تُفْسِدُوْا فِى الْاَرْضِ بَعْدَ اِصْلَاحِهَا ۖ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उस की इस्लाह | बाद | ज़मीन (मुल्क) में | फ़साद मचाओ | और न | उन की अशिया |

ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٨٥﴾ ۚ وَلَا تَقْعُدُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बैठो | और न | 85 | ईमान वाले | तुम हो | अगर | तुम्हारे लिए | बेहतर | यह |

بِكُلِّ صِرَاطٍ تُوْعِدُوْنَ وَتَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का रास्ता | से | और तुम रोको | तुम डराओ | रास्ता | हर |

مَنْ اٰمَنَ بِهٖ وَتَبْغُوْنَهَا عِوَجًا ۚ وَاذْكُرُوْٓا اِذْ كُنْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम थे | जब | और याद करो | कजी | और ढूँडो उस में | उस पर | ईमान लाया | जो |

قَلِيْلًا فَكَثَّرَكُمْ ۠ وَانْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अन्जाम | हुआ | कैसा | और देखो | तो उस ने तुम्हें बढ़ा दिया | थोड़े |

الْمُفْسِدِيْنَ ﴿٨٦﴾ وَاِنْ كَانَ طَآئِفَةٌ مِّنْكُمْ اٰمَنُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाया | तुम से | एक गिरोह | है | और अगर | 86 | फ़साद करने वाले |

بِالَّذِيْٓ اُرْسِلْتُ بِهٖ وَطَآئِفَةٌ لَّمْ يُؤْمِنُوْا فَاصْبِرُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम सब्र कर लो | ईमान नहीं लाया | और एक गिरोह | जिस के साथ | मैं भेजा गया | उस पर जो |

حَتّٰى يَحْكُمَ اللّٰهُ بَيْنَنَا ۚ وَهُوَ خَيْرُ الْحٰكِمِيْنَ ﴿٨٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 87 | फ़ैसला करने वाला | बेहतर | और वह | हमारे दरमियान | फ़ैसला कर दे अल्लाह | यहां तक कि |

قَالَ الْمَلَاُ الَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖ لَنُخْرِجَنَّكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम तुझे ज़रूर निकाल देंगे | उस की क़ौम | से | तकब्बुर करते थे (बड़े बनते थे) | वह जो कि | सरदार | बोले |

يٰشُعَيْبُ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَكَ مِنْ قَرْيَتِنَآ اَوْ لَتَعُوْدُنَّ فِيْ مِلَّتِنَا ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारे दीन | में | या यह कि तुम लौट आओ | हमारी बस्ती | से | तेरे साथ | ईमान लाए | और वह जो | ऐ शुऐब (अ) |

قَالَ اَوَلَوْ كُنَّا كٰرِهِيْنَ ﴿٨٨﴾ قَدِ افْتَرَيْنَا عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اِنْ عُدْنَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम लौट आएं | अगर | झूटा | अल्लाह पर | अलबत्ता हम ने बुहतान बान्धा (बान्धेंगे) | 88 | नापसन्द करते हों | हम हों | क्या ख़ाह | उस ने कहा |

فِيْ مِلَّتِكُمْ بَعْدَ اِذْ نَجّٰىنَا اللّٰهُ مِنْهَا ؕ وَمَا يَكُوْنُ لَنَآ اَنْ نَّعُوْدَ فِيْهَآ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | कि हम लौट आएं | हमारे लिए | और नहीं है | उस से | हम को बचा लिया अल्लाह | जब | बाद | तुम्हारा दीन | में |

اِلَّآ اَنْ يَّشَآءَ اللّٰهُ رَبُّنَا ؕ وَسِعَ رَبُّنَا كُلَّ شَيْءٍ عِلْمًا ؕ عَلَى اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह पर | इल्म में | हर शै | हमारा रब | अहाता कर लिया है | हमारा रब | अल्लाह | यह कि चाहे | मगर |

تَوَكَّلْنَا ؕ رَبَّنَا افْتَحْ بَيْنَنَا وَبَيْنَ قَوْمِنَا بِالْحَقِّ وَاَنْتَ خَيْرُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेहतर | और तू | हक़ के साथ | हमारी क़ौम | और दरमियान | हमारे दरमियान | फ़ैसला कर दे | हमारा रब | हम ने भरोसा किया |

الْفٰتِحِيْنَ ﴿٨٩﴾ وَقَالَ الْمَلَاُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖ لَئِنِ اتَّبَعْتُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम ने पैरवी की | अगर | उस की क़ौम | से | कुफ़्र किया | वह जिन्हों ने | सरदार | और बोले | 89 | फ़ैसला करने वाला |

شُعَيْبًا اِنَّكُمْ اِذًا لَّخٰسِرُوْنَ ﴿٩٠﴾ فَاَخَذَتْهُمُ الرَّجْفَةُ فَاَصْبَحُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुबह के वक़्त रह गए | ज़लज़ला | तो उन्हें आ लिया | 90 | ख़सारे में होगे | उस सूरत में | तो तुम ज़रूर | शुऐब (अ) |

فِيْ دَارِهِمْ جٰثِمِيْنَ ﴿٩١﴾ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا شُعَيْبًا كَاَنْ لَّمْ يَغْنَوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न बस्ते थे | गोया | शुऐब (अ) | झुटलाया | वह जिन्हों ने | 91 | औन्धे पड़े | अपने घर | में |

فِيْهَا ۛ اَلَّذِيْنَ كَذَّبُوْا شُعَيْبًا كَانُوْا هُمُ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٩٢﴾ فَتَوَلّٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर मुहँ फेरा | 92 | ख़सारा पाने वाले | वही | वह हुए | शुऐब | झुटलाया | वह जिन्हों ने | उस में वहां |

عَنْهُمْ وَقَالَ يٰقَوْمِ لَقَدْ اَبْلَغْتُكُمْ رِسٰلٰتِ رَبِّيْ وَنَصَحْتُ لَكُمْ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारी | और ख़ैर ख़ाही की | अपना रब | पैग़ाम (जमा) | मैं ने पहुँचा दिए तुम्हें | अलबत्ता | ऐ मेरी क़ौम | और कहा | उन से |

فَكَيْفَ اٰسٰى عَلٰى قَوْمٍ كٰفِرِيْنَ ﴿٩٣﴾ وَمَآ اَرْسَلْنَا فِيْ قَرْيَةٍ مِّنْ نَّبِيٍّ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नबी | कोई | किसी बस्ती | में | और न भेजा हम ने | 93 | काफ़िर (जमा) | क़ौम | पर | ग़म खाऊँ | तो कैसे |

اِلَّآ اَخَذْنَآ اَهْلَهَا بِالْبَاْسَآءِ وَالضَّرَّآءِ لَعَلَّهُمْ يَضَّرَّعُوْنَ ﴿٩٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | आजिज़ी करें | ताकि वह | और तक्लीफ़ | सख़्ती में | वहां के लोग | हम ने पकड़ा | मगर |

ثُمَّ بَدَّلْنَا مَكَانَ السَّيِّئَةِ الْحَسَنَةَ حَتّٰى عَفَوْا وَّقَالُوْا قَدْ مَسَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहुँच चुकी है | और कहने लगे | वह बढ़ गए | यहां तक कि | भलाई | बुराई | जगह | हम ने बदली | फिर |

اٰبَآءَنَا الضَّرَّآءُ وَالسَّرَّآءُ فَاَخَذْنٰهُمْ بَغْتَةً وَّهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿٩٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | बेख़बर थे | और वह | अचानक | पस हम ने उन्हें पकड़ा | और ख़ुशी | तक्लीफ़ | हमारे बाप दादा |

उस की क़ौम के बड़े सरदार जो बड़े बनते थे बोले ऐ शुऐब (अ)! हम ज़रूर निकाल देंगे तुझे और उन्हें जो तेरे साथ ईमान लाए हैं अपनी बस्ती से या यह कि तुम हमारे दीन में लौट आओ, फ़रमाया ख़्वाह हम नापसन्द करते हों (फिर भी?)। (88)

अलबत्ता हम अल्लाह पर झूटा बुहतान बान्धेंगे अगर हम उस के बाद तुम्हारे दीन में लौट आएं जबकि अल्लाह ने हमें उस से बचा लिया है और हमारा काम नहीं कि हम उस में लौट आएं मगर यह कि अल्लाह हमारा रब चाहे, हमारे रब ने अपने इल्म में हर शै का अहाता कर लिया है, हम ने अल्लाह पर भरोसा किया, ऐ हमारे रब! फ़ैसला कर दे हमारे दरमियान और हमारी क़ौम के दरमियान हक़ के साथ और तू बेहतर फ़ैसला करने वाला है। (89)

और वह सरदार बोले जिन्हों ने कुफ़्र किया उस की क़ौम के, अगर तुम ने शुऐब (अ) की पैरवी की तो उस सूरत में तुम ख़ुद ख़सारे में होगे। (90)

तो उन्हें ज़लज़ले ने आ लिया, पस वह सुबह के वक़्त अपने घरों में औन्धे पड़े रह गए। (91)

जिन्हों ने शुऐब (अ) को झुटलाया (वह ऐसे मिटे) गोया (कभी) बसते न थे वह जिन्हों ने शुऐब (अ) को झुटलाया वही ख़सारा पाने वाले हुए। (92)

फिर उस ने उस से मुहँ फेरा और कहा ऐ मेरी क़ौम! मैं ने तुम्हें अपने रब के पैग़ाम पहुँचा दिए और तुम्हारी ख़ैर ख़ाही कर चुका तो (अब) काफ़िर क़ौम पर कैसे ग़म खाऊँ? (93)

और हम ने किसी बस्ती में कोई नबी नहीं भेजा मगर हम ने वहां के लोगों को सख़्ती में पकड़ा और तक्लीफ़ में ताकि वह आजिज़ी करें। (94)

फिर हम ने बुराई की जगह भलाई से बदली यहां तक कि वह बढ़ गए और कहने लगे तक्लीफ़ और ख़ुशी हमारे बाप दादा को पहुँच चुकी है, पस हम ने उन्हें अचानक पकड़ा और वह बेख़बर थे। (95)

और अगर बस्तियों वाले ईमान ले आते और परहेज़गारी इख़्तियार करते तो अलबत्ता हम उन पर बरकतें खोल देते ज़मीन और आस्मान से, लेकिन उन्हों ने झुटलाया तो हम ने उन्हें पकड़ा उस के नतीजे में जो वह करते थे। (96)

क्या अब वे ख़ौफ़ हैं बस्तियों वाले कि उन पर हमारा अज़ाब रातों रात आ जाए और वह सोए हुए हों। (97)

क्या बस्तियों वाले उस से बे ख़ौफ़ हैं कि उन पर हमारा अज़ाब दिन चढ़े आ जाए और वह खेल कूद रहे हों। (98)

क्या वह अल्लाह की तदबीर से बे ख़ौफ़ हो गए? सो बे ख़ौफ़ नहीं होते अल्लाह की तदबीर से मगर ख़सारा उठाने वाले। (99)

क्या उन लोगों को हिदायत न मिली जो ज़मीन के वारिस हुए वहां के रहने वालों के बाद, अगर हम चाहते तो उन के गुनाहों के सबब उन पर मुसीबत डालते, और हम उन के दिलों पर मुहर लगाते हैं, सो वह सुनते नहीं। (100)

यह बस्तियां हैं जिन की ख़बरें हम तुम पर बयान करते हैं, और अलबत्ता उन के पास आए उन के रसूल निशानियां ले कर, सो वह ईमान न लाए क्योंकि उस से पहले उन्हों ने झुटलाया था, इसी तरह अल्लाह काफ़िरों के दिलों पर मुहर लगाता है। (101)

और हम ने उन के अक्सर में अ़हद का कोई पास न पाया और दरहक़ीक़त हम ने उन में अक्सर नाफ़रमान बद किर्दार पाए। (102)

फिर हम ने उन के बाद मूसा (अ) को अपनी निशानियों के साथ भेजा फ़िरऔन की तरफ़ और उस के सरदारों की तरफ़ तो उन्हों ने उन (निशानियों) का इन्कार किया, सो तुम देखो फ़साद करने वालों का अन्जाम क्या हुआ? (103)

और कहा मूसा (अ) ने, ऐ फ़िरऔन! बेशक मैं तमाम जहानों के रब की तरफ़ से रसूल हूँ। (104)

وَلَوْ اَنَّ اَهْلَ الْقُرٰٓى اٰمَنُوْا وَاتَّقَوْا لَفَتَحْنَا عَلَيْهِمْ بَرَكٰتٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बरकतें | उन पर | तो अलबत्ता हम खोल देते | और परहेज़गारी करते | ईमान लाते | बस्तियों वाले | यह होता कि | और अगर |

مِّنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ وَلٰكِنْ كَذَّبُوْا فَاَخَذْنٰهُمْ بِمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के नतीजे में | तो हम ने उन्हें पकड़ा | उन्हों ने झुटलाया | और लेकिन | और ज़मीन | आस्मान | से |

كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ﴿٩٦﴾ اَفَاَمِنَ اَهْلُ الْقُرٰٓى اَنْ يَّاْتِيَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन पर आए | कि | बस्तियों वाले | क्या बेख़ौफ़ हैं | 96 | जो वह करते थे |

بَاْسُنَا بَيَاتًا وَّهُمْ نَآىِٕمُوْنَ ﴿٩٧﴾ اَوَاَمِنَ اَهْلُ الْقُرٰٓى اَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | बस्तियों वाले | क्या बेख़ौफ़ है | 97 | सोए हुए हों | और वह | रातों रात | हमारा अ़ज़ाब |

يَّاْتِيَهُمْ بَاْسُنَا ضُحًى وَّهُمْ يَلْعَبُوْنَ ﴿٩٨﴾ اَفَاَمِنُوْا مَكْرَ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की तदबीर | क्या वह बेख़ौफ़ हो गए | 98 | खेल कूद रहे हों | और वह | दिन चढ़े | हमारा अज़ाब | उन पर आ जाए |

فَلَا يَاْمَنُ مَكْرَ اللّٰهِ اِلَّا الْقَوْمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿٩٩﴾ اَوَلَمْ يَهْدِ ع ١٢ ٢

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत मिली | क्या न | 99 | ख़सारा उठाने वाले | लोग | मगर | अल्लाह की तदबीर | बेख़ौफ़ नही होते |

لِلَّذِيْنَ يَرِثُوْنَ الْاَرْضَ مِنْۢ بَعْدِ اَهْلِهَآ اَنْ لَّوْ نَشَآءُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर हम चाहते | कि | वहां के रहने वाले | बाद | ज़मीन | वारिस हुए | वह लोग जो |

اَصَبْنٰهُمْ بِذُنُوْبِهِمْ ۚ وَنَطْبَعُ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَهُمْ لَا يَسْمَعُوْنَ ﴿١٠٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | नहीं सुनते हैं | सो वह | उन के दिल | पर | और हम मुहर लगाते हैं | उन के गुनाहों के सबब | तो हम उन पर मुसीबत डालते |

تِلْكَ الْقُرٰى نَقُصُّ عَلَيْكَ مِنْ اَنْۢبَآىِٕهَا ۚ وَلَقَدْ جَآءَتْهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आए उन के पास | और अलबत्ता | उन की कुछ ख़बरें | से | तुम पर | हम बयान करते हैं | बस्तियां | यह |

رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ ۚ فَمَا كَانُوْا لِيُؤْمِنُوْا بِمَا كَذَّبُوْا مِنْ قَبْلُ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से पहले | उन्हों ने झुटलाया | क्योंकि | वह ईमान लाते | सो न | निशानियां ले कर | उन के रसूल |

كَذٰلِكَ يَطْبَعُ اللّٰهُ عَلٰى قُلُوْبِ الْكٰفِرِيْنَ ﴿١٠١﴾ وَمَا وَجَدْنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने पाया | और न | 101 | काफ़िर (जमा) | दिल (जमा) | पर | मुहर लगाता है अल्लाह | इसी तरह |

لِاَكْثَرِهِمْ مِّنْ عَهْدٍ ۚ وَاِنْ وَّجَدْنَآ اَكْثَرَهُمْ لَفٰسِقِيْنَ ﴿١٠٢﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 102 | नाफ़रमान बद किर्दार | उन में अक्सर | हम ने पाए | और दरहक़ीक़त | अ़हद का पास | उन के अक्सर में |

ثُمَّ بَعَثْنَا مِنْۢ بَعْدِهِمْ مُّوْسٰى بِاٰيٰتِنَآ اِلٰى فِرْعَوْنَ وَمَلَا۟ىِٕهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसके सरदार | तरफ़ फ़िरऔन | अपनी निशानियों के साथ | मूसा (अ) | उन के बाद | हम ने भेजा | फिर |

فَظَلَمُوْا بِهَا ۚ فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُفْسِدِيْنَ ﴿١٠٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 103 | फ़साद करने वाले | अन्जाम | हुआ | क्या | सो तुम देखो | उन का | तो उन्हों ने ज़ुल्म (इन्कार) किया |

وَقَالَ مُوْسٰى يٰفِرْعَوْنُ اِنِّىْ رَسُوْلٌ مِّنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٠٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 104 | तमाम जहान | रब | से | रसूल | बेशक मैं | ऐ फ़िरऔन | मूसा | और कहा |

حَقِيْقٌ عَلٰٓى اَنْ لَّآ اَقُوْلَ عَلَى اللّٰهِ اِلَّا الْحَقَّ قَدْ جِئْتُكُمْ بِبَيِّنَةٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तहक़ीक़ तुम्हारे पास लाया हूँ निशानियां | मगर हक़ | अल्लाह पर | मैं न कहूँ | कि | पर | शायां |

مِّنْ رَّبِّكُمْ فَاَرْسِلْ مَعِىَ بَنِىْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿١٠٥﴾ قَالَ اِنْ كُنْتَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तू | अगर | बोला | 105 | बनी इस्राईल | मेरे साथ | पस भेज दे | तुम्हारा रब | से |

جِئْتَ بِاٰيَةٍ فَاْتِ بِهَآ اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿١٠٦﴾ فَاَلْقٰى عَصَاهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना असा | पस उस ने डाला | 106 | सच्चे | से | अगर तू है | तो वह ले आ | लाया है कोई निशानी |

فَاِذَا هِىَ ثُعْبَانٌ مُّبِيْنٌ ﴿١٠٧﴾ وَّنَزَعَ يَدَهٗ فَاِذَا هِىَ بَيْضَآءُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नूरानी | पस नागाह वह | अपना हाथ | और निकाला | 107 | सरीह (साफ़) | अज़दहा | पस वह अचानक |

ع ١٣ ٣

لِلنّٰظِرِيْنَ ﴿١٠٨﴾ قَالَ الْمَلَاُ مِنْ قَوْمِ فِرْعَوْنَ اِنَّ هٰذَا لَسٰحِرٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह जादूगर | बेशक | फ़िरऔन | क़ौम | से | सरदार | बोले | 108 | नाज़िरीन के लिए |

عَلِيْمٌ ﴿١٠٩﴾ يُّرِيْدُ اَنْ يُّخْرِجَكُمْ مِّنْ اَرْضِكُمْ فَمَاذَا تَاْمُرُوْنَ ﴿١١٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 110 | कहते हो | तो अब क्या | तुम्हारी सरजमीन | से | तुम्हें निकाल दे | कि | चाहता है | 109 | इल्म वाला (माहिर) |

قَالُوْٓا اَرْجِهْ وَاَخَاهُ وَاَرْسِلْ فِى الْمَدَآئِنِ حٰشِرِيْنَ ﴿١١١﴾ يَاْتُوْكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरे पास ले आएं | 111 | इकटठा करने वाले (नक़ीब) | शहरों में | और भेज | और उस का भाई | रोक ले | वह बोले |

بِكُلِّ سٰحِرٍ عَلِيْمٍ ﴿١١٢﴾ وَجَآءَ السَّحَرَةُ فِرْعَوْنَ قَالُوْٓا اِنَّ لَنَا لَاَجْرًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई अजर (इन्आम) | हमारे लिए | यक़ीनन | वह बोले | फ़िरऔन | जादूगर (जमा) | और आए | 112 | इल्म वाला (माहिर) | जादूगर | हर |

اِنْ كُنَّا نَحْنُ الْغٰلِبِيْنَ ﴿١١٣﴾ قَالَ نَعَمْ وَاِنَّكُمْ لَمِنَ الْمُقَرَّبِيْنَ ﴿١١٤﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 114 | मुक़र्रबीन | अलबत्ता-से | और तुम बेशक | हाँ | उस ने कहा | 113 | ग़ालिब (जमा) | हम | हुए | अगर |

قَالُوْا يٰمُوْسٰٓى اِمَّآ اَنْ تُلْقِىَ وَاِمَّآ اَنْ نَّكُوْنَ نَحْنُ الْمُلْقِيْنَ ﴿١١٥﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 115 | डालने वाले | हम | हों | यह कि | और या (वरना) | तू डाल | यह कि | या | ऐ मूसा (अ) | वह बोले |

قَالَ اَلْقُوْا ۚ فَلَمَّآ اَلْقَوْا سَحَرُوْٓا اَعْيُنَ النَّاسِ وَاسْتَرْهَبُوْهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हें डराया | लोग | आँखें | सिह्र कर दिया | उन्हों ने डाला | पस जब | तुम डालो | कहा |

وَجَآءُوْ بِسِحْرٍ عَظِيْمٍ ﴿١١٦﴾ وَاَوْحَيْنَآ اِلٰى مُوْسٰٓى اَنْ اَلْقِ عَصَاكَ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना असा | डालो | कि | मूसा (अ) | तरफ़ | और हम ने वहि भेजी | 116 | बड़ा | और वह लाए जादू |

فَاِذَا هِىَ تَلْقَفُ مَا يَاْفِكُوْنَ ﴿١١٧﴾ فَوَقَعَ الْحَقُّ وَبَطَلَ مَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | और बातिल हो गया | हक़ | पस साबित हो गया | 117 | जो उन्हों ने ढकोस्ला बनाया था | निगलने लगा | वह | तो नागाह |

كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١١٨﴾ فَغُلِبُوْا هُنَالِكَ وَانْقَلَبُوْا صٰغِرِيْنَ ﴿١١٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 119 | जलील | और लौटे | वहीं | पस मग़लूब हो गए | 118 | वह करते थे |

وَاُلْقِىَ السَّحَرَةُ سٰجِدِيْنَ ﴿١٢٠﴾ قَالُوْٓا اٰمَنَّا بِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٢١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121 | तमाम जहान (जमा) | रब पर | हम ईमान लाए | वह बोले | 120 | सिज्दा करने वाले | जादूगर | और गिर गए |

शायां है कि मैं न कहूँ अल्लाह पर मगर हक़, तहक़ीक़ मैं तुम्हारे पास तुम्हारे रब की तरफ़ से निशानियां लाया हूँ, पस मेरे साथ बनी इस्राईल को भेज दे। (105)

बोला अगर तू कोई निशानी लाया है तो वह ले आ, अगर तू सच्चों में से है। (106)

पस उस (मूसा अ) ने डाला अपना असा, पस अचानक वह साफ़ अज़दहा हो गया। (107)

और अपना हाथ (गरेबान) से निकाला तो नागाह वह नाज़िरीन के लिए नूरानी हो गया। (108)

फ़िरऔन की क़ौम के सरदार बोले बेशक यह तो माहिर जादूगर है। (109)

चाहता है कि तुम्हें निकाल दे तुम्हारी सरज़मीन से, तो अब क्या कहते हो (क्या मश्वरा है)? (110)

वह बोले उस को और उस के भाई को रोक ले और शहरों में भेज दे नक़ीब। (111)

तेरे पास हर माहिर जादूगर ले आएं। (112)

और जादूगर फ़िरऔन के पास आए, वह बोले यक़ीनन हमारे लिए कोई इन्आम हो गा अगर हम ग़ालिब हुए। (113)

उस ने कहा हाँ! तुम बेशक (मेरे) मुक़र्रबीन में से होगे। (114)

वह बोले, ऐ मूसा (अ)! या तू डाल वरना हम डालने वाले हैं। (115)

(मूसा अ) ने कहा तुम डालो, पस जब उन्हों ने डाला लोगों की आँखों पर सिह्र कर दिया और उन्हें डराया और वह बड़ा जादू लाए थे। (116)

और हम ने मूसा (अ) की तरफ़ वहि भेजी कि अपना असा डालो, नागाह वह निगलने लगा जो ढकोस्ला उन्हों ने बनाया था। (117)

पस हक़ साबित हो गया और वह जो करते थे बातिल हो गया। (118)

पस वह वहीं मग़लूब हो गए और लौटे जलील हो कर। (119)

और जादूगर सिज्दे में गिर गए, (120)

वह बोले कि हम तमाम जहानों के रब पर ईमान ले आए। (121)

(यानी) मूसा (अ) और हारून (अ) के रब पर। **(122)**

फ़िरऔन बोला क्या तुम उस पर ईमान ले आए इस से क़ब्ल कि मैं तुम्हें इजाज़त दूँ? बेशक यह एक चाल है कि शहर में तुम ने चली है ताकि उस के रहने वालों को यहां से निकाल दो, पस जल्द (उस का नतीजा) मालूम कर लोगे। **(123)**

मैं ज़रूर काट डालूँगा तुम्हारे (एक तरफ़ के) हाथ और दूसरी तरफ़ के पाऊँ, फिर मैं तुम सब को ज़रूर सूली दूँगा। **(124)**

वह बोले बेशक हम अपने रब की तरफ़ लौटने वाले हैं। **(125)**

और तुझ को हम से दुश्मनी नहीं मगर सिर्फ़ यह कि हम अपने रब की निशानियों पर ईमान लाए जब वह हमारे पास आ गईं, ऐ हमारे रब! हम पर सब्र के दहाने खोल दे और हमें मौत दे (उस हाल में कि हम) मुसलमान हों। **(126)**

और सरदार बोले फ़िरऔन की क़ौम के, क्या तू मूसा (अ) और उस की क़ौम को छोड़ रहा है कि वह ज़मीन में फ़साद करें और वह (मूसा अ) तुझे छोड़ दे और तेरे माबूदों को, उस ने कहा हम अनक़रीब उन के बेटों को क़त्ल कर डालेंगे और बेटियों को ज़िन्दा छोड़ देंगे, और हम उन पर ज़ोर आवर हैं। **(127)**

मूसा (अ) ने अपनी क़ौम से कहा कि तुम अल्लाह से मदद मांगो और सब्र करो, बेशक ज़मीन अल्लाह की है, वह अपने बन्दों में से जिस को चाहता है उस का वारिस बना देता है, और अन्जाम कार परहेज़गारों के लिए है। **(128)**

वह बोले हम अज़ीयत दिए गए इस से क़ब्ल कि आप हम में आए और उस के बाद कि आप हम में आए, (मूसा (अ) ने) कहा क़रीब है तुम्हारा रब तुम्हारे दुश्मन को हलाक कर दे और तुम्हें ज़मीन में ख़लीफ़ा (नाइब) बना दे, फिर देखेगा तुम कैसे काम करते हो। **(129)**

और अलबत्ता हम ने पकड़ा फ़िरऔन वालों को क़हतों में और फलों के नुक़सान में ताकि वह नसीहत पकड़ें। **(130)**

رَبِّ مُوْسٰى وَهٰرُوْنَ ﴿١٢٢﴾ قَالَ فِرْعَوْنُ اٰمَنْتُمْ بِهٖ قَبْلَ اَنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | पहले | उस पर | क्या तुम ईमान लाए | फ़िरऔन | बोला | 122 | और हारून | मूसा (अ) | रब |

اٰذَنَ لَكُمْ ۚ اِنَّ هٰذَا لَمَكْرٌ مَّكَرْتُمُوْهُ فِى الْمَدِيْنَةِ لِتُخْرِجُوْا مِنْهَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यहां से | ताकि निकाल दो | शहर | में | जो तुम ने चली | एक चाल है | यह | बेशक | मैं इजाज़त दूँ तुम्हें |

اَهْلَهَا ۚ فَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ﴿١٢٣﴾ لَاُقَطِّعَنَّ اَيْدِيَكُمْ وَاَرْجُلَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हारे पाऊँ | तुम्हारे हाथ | मैं ज़रूर काट डालूँगा | 123 | तुम मालूम कर लोगे | पस जल्द | उस के रहने वाले |

مِّنْ خِلَافٍ ثُمَّ لَاُصَلِّبَنَّكُمْ اَجْمَعِيْنَ ﴿١٢٤﴾ قَالُوْٓا اِنَّآ اِلٰى رَبِّنَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | तरफ़ | बेशक हम | वह बोले | 124 | सब को | मैं तुम्हें ज़रूर सूली दूँगा | फिर | दूसरी तरफ़ | से |

مُنْقَلِبُوْنَ ﴿١٢٥﴾ وَمَا تَنْقِمُ مِنَّآ اِلَّآ اَنْ اٰمَنَّا بِاٰيٰتِ رَبِّنَا لَمَّا

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब | अपना रब | निशानियां | हम ईमान लाए | यह कि | मगर | हम से | तुझ को दुश्मनी | और नहीं | 125 | लौटने वाले |

جَآءَتْنَا ۚ رَبَّنَآ اَفْرِغْ عَلَيْنَا صَبْرًا وَّتَوَفَّنَا مُسْلِمِيْنَ ﴿١٢٦﴾ وَقَالَ ع ١٤/٢

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बोले | 126 | मुसलमान (जमा) | और हमें मौत दे | सब्र | हम पर | दहाने खोल दे | हमारा रब | वह हमारे पास आएं |

الْمَلَاُ مِنْ قَوْمِ فِرْعَوْنَ اَتَذَرُ مُوْسٰى وَقَوْمَهٗ لِيُفْسِدُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि वह फ़साद करें | और उस की क़ौम | मूसा | क्या तू छोड़ रहा है | फ़िरऔन | क़ौम | से (के) | सरदार |

فِى الْاَرْضِ وَيَذَرَكَ وَاٰلِهَتَكَ ۚ قَالَ سَنُقَتِّلُ اَبْنَآءَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के बेटे | हम अनक़रीब क़त्ल कर देंगे | उस ने कहा | और तेरे माबूद | और वह छोड़ दे तुझे | ज़मीन | में |

وَنَسْتَحْيٖ نِسَآءَهُمْ ۚ وَاِنَّا فَوْقَهُمْ قٰهِرُوْنَ ﴿١٢٧﴾ قَالَ مُوْسٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा (अ) | कहा | 127 | ज़ोर आवर (जमा) | उन पर | और हम | उन की औरतें (बेटियां) | और ज़िन्दा छोड़ देंगे |

لِقَوْمِهِ اسْتَعِيْنُوْا بِاللّٰهِ وَاصْبِرُوْا ۚ اِنَّ الْاَرْضَ لِلّٰهِ ۙ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की | ज़मीन | बेशक | और सब्र करो | अल्लाह से | तुम मदद मांगो | अपनी क़ौम से |

يُوْرِثُهَا مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ ۗ وَالْعَاقِبَةُ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿١٢٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | परहेज़गारों के लिए | और अन्जाम कार | अपने बन्दे | से | चाहता है | जिस | वह उस का वारिस बनाता है |

قَالُوْٓا اُوْذِيْنَا مِنْ قَبْلِ اَنْ تَاْتِيَنَا وَمِنْ بَعْدِ مَا جِئْتَنَا ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप आए हम में | और बाद | आप (अ) हम में आते | कि | क़ब्ल | से | हम अज़ीयत दिए गए | वह बोले |

قَالَ عَسٰى رَبُّكُمْ اَنْ يُّهْلِكَ عَدُوَّكُمْ وَيَسْتَخْلِفَكُمْ فِى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | और तुम्हें ख़लीफ़ा बना दे | तुम्हारा दुश्मन | हलाक कर दे | कि | तुम्हारा रब | क़रीब है | उस ने कहा |

الْاَرْضِ فَيَنْظُرَ كَيْفَ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٢٩﴾ وَلَقَدْ اَخَذْنَآ ع ١٥/٥

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने पकड़ा | और अलबत्ता | 129 | तुम काम करते हो | कैसे | फिर देखेगा | ज़मीन |

اٰلَ فِرْعَوْنَ بِالسِّنِيْنَ وَنَقْصٍ مِّنَ الثَّمَرٰتِ لَعَلَّهُمْ يَذَّكَّرُوْنَ ﴿١٣٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 130 | नसीहत पकड़ें | ताकि वह | फल (जमा) | से (में) | और नुक़सान | क़हतों में | फ़िरऔन वाले |

فَاِذَا جَآءَتْهُمُ الْحَسَنَةُ قَالُوْا لَنَا هٰذِهٖ ۚ وَاِنْ تُصِبْهُمْ سَيِّئَةٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई बुराई | पहुँचती | और अगर | यह | हमारे लिए | वह कहने लगे | भलाई | आई उन के पास | फिर जब |

يَّطَّيَّرُوْا بِمُوْسٰى وَمَنْ مَّعَهٗ ۗ اَلَآ اِنَّمَا طٰٓئِرُهُمْ عِنْدَ اللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के पास | उन की बदनसीबी | इस के सिवा नहीं | याद रखो | और जो उन के साथ (साथी) | मूसा से | बदशगूनी लेते |

وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿١٣١﴾ وَقَالُوْا مَهْمَا تَاْتِنَا بِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम पर तू लाएगा | जो कुछ | और वह कहने लगे | 131 | नहीं जानते | उन के अक्सर | और लेकिन |

مِنْ اٰيَةٍ لِّتَسْحَرَنَا بِهَا ۙ فَمَا نَحْنُ لَكَ بِمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٣٢﴾ فَاَرْسَلْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर हम ने भेजे | 132 | ईमान लाने वाले | तुझ पर | हम | तो नहीं | उस से | कि हम पर जादू करे | कैसी भी निशानी |

عَلَيْهِمُ الطُّوْفَانَ وَالْجَرَادَ وَالْقُمَّلَ وَالضَّفَادِعَ وَالدَّمَ اٰيٰتٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निशानियां | और खून | और मेंडक | और जुएं-चचड़ी | और टिड्डी | तूफ़ान | उन पर |

مُّفَصَّلٰتٍ ۟ فَاسْتَكْبَرُوْا وَكَانُوْا قَوْمًا مُّجْرِمِيْنَ ﴿١٣٣﴾ وَلَمَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जब | 133 | मुजरिम (जमा) | एक क़ौम (लोग) | और वह थे | तो उन्हों ने तकब्बुर किया | जुदा जुदा |

وَقَعَ عَلَيْهِمُ الرِّجْزُ قَالُوْا يٰمُوْسَى ادْعُ لَنَا رَبَّكَ بِمَا عَهِدَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अहद | सबब जो | अपना रब | हमारे लिए | दुआ कर | ऐ मूसा | कहने लगे | अज़ाब | उन पर | वाक़ हुआ |

عِنْدَكَ ۚ لَئِنْ كَشَفْتَ عَنَّا الرِّجْزَ لَنُؤْمِنَنَّ لَكَ وَلَنُرْسِلَنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम ज़रूर भेज देंगे | तुझ पर | हम ज़रूर ईमान लाएंगे | अज़ाब | हम से | तू ने खोल दिया (उठा लिया) | अगर | तेरे पास |

مَعَكَ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿١٣٤﴾ فَلَمَّا كَشَفْنَا عَنْهُمُ الرِّجْزَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अज़ाब | उन से | हम ने खोल दिया (उठा लिया) | फिर जब | 134 | बनी इस्राईल | तेरे साथ |

اِلٰٓى اَجَلٍ هُمْ بٰلِغُوْهُ اِذَا هُمْ يَنْكُثُوْنَ ﴿١٣٥﴾ فَانْتَقَمْنَا مِنْهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | फिर हम ने इन्तिक़ाम लिया | 135 | अहद तोड़ देते | वह | उसी वक़्त | उस तक पहुँचना था | उन्हें | एक मुद्दत तक |

فَاَغْرَقْنٰهُمْ فِى الْيَمِّ بِاَنَّهُمْ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا وَكَانُوْا عَنْهَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | और वह थे | हमारी आयतों को | झुटलाया | क्योंकि उन्हों | दर्या में | पस उन्हें ग़र्क़ कर दिया |

غٰفِلِيْنَ ﴿١٣٦﴾ وَاَوْرَثْنَا الْقَوْمَ الَّذِيْنَ كَانُوْا يُسْتَضْعَفُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कमज़ोर समझे जाते | थे | वह जो | क़ौम | और हम ने वारिस किया | 136 | ग़ाफ़िल (जमा) |

مَشَارِقَ الْاَرْضِ وَمَغَارِبَهَا الَّتِيْ بٰرَكْنَا فِيْهَا ۗ وَتَمَّتْ كَلِمَتُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वादा | और पूरा हो गया | उस में | हम ने बरकत रखी | वह जिस | और उस के मग़रिब (जमा) | ज़मीन | मशरिक़ (जमा) |

رَبِّكَ الْحُسْنٰى عَلٰى بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ۙ بِمَا صَبَرُوْا ۗ وَدَمَّرْنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम ने बरबाद कर दिया | उन्हों ने सब्र किया | बदले में | बनी इस्राईल | पर | अच्छा | तेरा रब |

مَا كَانَ يَصْنَعُ فِرْعَوْنُ وَقَوْمُهٗ وَمَا كَانُوْا يَعْرِشُوْنَ ﴿١٣٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 137 | बह ऊँचा फैलाते थे | और जो | और उस की क़ौम | फ़िरऔन | बनाते थे (बनाया था) | जो |

जब उन के पास आई भलाई तो वह कहने लगे यह हमारे लिए है, और कोई बुराई पहुँचती तो मूसा (अ) और उन के साथियों से बदशगूनी (बद नसीबी) लेते, याद रखो! इस के सिवा नहीं कि उन की बदनसीबी अल्लाह के पास है, लेकिन उन के अक्सर नहीं जानते। **(131)**

और वह कहने लगे तू हम पर कैसी भी निशानी लाएगा कि उस से हम पर जादू करे तो (भी) हम तुझ पर ईमान लाने वाले नहीं। **(132)**

फिर हम ने उन पर भेजे तूफ़ान, और टिड्डी, और जुएं, और मेंडक, और खून, जुदा जुदा निशानियां, तो उन्हों ने तकब्बुर किया और वह मुजरिम क़ौम के लोग थे। **(133)**

और जब उन पर अज़ाब वाक़ हुआ तो कहने लगे कि ऐ मूसा (अ) तू हमारे लिए दुआ कर अपने रब से (उस) अहद के सबब जो तेरे पास है, अगर तू ने हम से अज़ाब उठा लिया तो हम ज़रूर तुझ पर ईमान ले आएंगे और बनी इस्राईल को तेरे साथ ज़रूर भेज देंगे। **(134)**

फिर जब हम ने उन से अज़ाब उठा लिया एक मुद्दत तक (जिसे आख़िर कार) उन्हें पहुँचना था, उसी वक़्त वह अहद तोड़ देते। **(135)**

फिर हम ने उन से इन्तिक़ाम लिया और उन्हें दर्या में ग़र्क़ कर दिया क्योंकि उन्हों ने हमारी आयतों को झुटलाया और वह उन से ग़ाफ़िल थे। **(136)**

और हम ने उस क़ौम को वारिस कर दिया जो कमज़ोर समझे जाते थे, (उस) ज़मीन के मशरिक़ ओ मग़रिब का जिस में हम ने बरकत रखी है (सर ज़मीने फ़लसतीन ओ शाम), और बनी इस्राईल पर तेरे रब का वादा पूरा हो गया उस के बदले में कि उन्हों ने सब्र किया, और हम ने बरबाद कर दिया जो फ़िरऔन और उस की क़ौम ने बनाया था और जो वह ऊँचा फैलाते थे (उन के बुलन्द ओ बाला महल्लात)। **(137)**

और हम ने उतारा बनी इस्राईल को बहरे (क़ुलज़ुम) के पार, पस वह एक ऐसी क़ौम के पास आए जो अपने बुतों (की पूजा) पर जमे बैठे थे, वह बोले ऐ मूसा (अ)! हमारे लिए ऐसे बुत बना दे जैसे उन के हैं, (मूसा अ) ने कहा बेशक तुम लोग जहल (नादानी) करते हो। (138)

बेशक यह लोग जिस (बुत परस्ती) में लगे हुए हैं वह तबाह होने वाली है और बातिल है वह जो यह कर रहे हैं। (139)

मूसा (अ) ने कहा: किया अल्लाह के सिवा तुम्हारे लिए कोई और माबूद तलाश करूँ? हालांकि उस ने तुम्हें सारे जहान पर फ़ज़ीलत दी। (140)

और (याद करो) जब हम ने तुम्हें फ़िरऔन वालों से नजात दी, वह तुम्हें बुरे अज़ाब से तकलीफ़ देते थे, तुम्हारे बेटों को मार डालते और तुम्हारी बेटियों को जीता छोड़ देते थे। और उस में तुम्हारे लिए तुम्हारे रब की तरफ़ से बड़ी आज़माइश थी। (141)

और हम ने मूसा (अ) से वादा किया तीस (30) रातों का और उस को दस (10) (और बढ़ा कर) पूरा किया तो उस के रब की मुद्दत चालीस (40) रात पूरी हुई, और मूसा (अ) ने अपने भाई हारून (अ) से कहा मेरे नाइब रहो मेरी क़ौम में और इस्लाह करना और मुफ़्सिदों के रास्ते की पैरवी न करना। (142)

और जब मूसा (अ) आए हमारी वादा गाह पर और अपने रब से कलाम किया, मूसा (अ) ने कहा ऐ मेरे रब! मुझे दिखा कि मैं तुझे देखूँ, अल्लाह ने कहा तू मुझे हरगिज न देख सकेगा, अलबत्ता पहाड़ की तरफ़ देख, पस अगर वह अपनी जगह ठहरा रहा तो तभी मुझे देख लेगा, पस जब उस के रब ने तजल्ली की पहाड़ की तरफ़ (तो) उस को रेज़ा रेज़ा कर दिया और मूसा (अ) बेहोश हो कर गिर पड़े, फिर जब होश आया तो उस ने कहा, तू पाक है, मैं ने तौबा की तेरी तरफ़ और मैं ईमान लाने वालों में सब से पहला हूँ। (143)

وَجٰوَزْنَا بِبَنِيٓ اِسْرَآءِيْلَ الْبَحْرَ فَاَتَوْا عَلٰى قَوْمٍ يَّعْكُفُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जमे बैठे थे | एक क़ौम | पर (पास) | पस वह आए | बहरे (क़ुलज़ुम) | बनी इस्राईल को | और हम ने पार उतारा |

عَلٰٓى اَصْنَامٍ لَّهُمْ ۚ قَالُوْا يٰمُوْسَى اجْعَلْ لَّنَآ اِلٰهًا كَمَا لَهُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | जैसे | बुत | हमारे लिए | बना दे | ऐ मूसा (अ) | वह बोले | अपने | सनम (जमा) बुत | पर |

اٰلِهَةٌ ۗ قَالَ اِنَّكُمْ قَوْمٌ تَجْهَلُوْنَ ﴿١٣٨﴾ اِنَّ هٰٓؤُلَآءِ مُتَبَّرٌ مَّا هُمْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह | जो | तबाह होने वाली है | यह लोग | बेशक | 138 | जहल करते हो | तुम लोग | बेशक तुम | उस ने कहा | माबूद (जमा) बुत |

فِيْهِ وَبٰطِلٌ مَّا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٣٩﴾ قَالَ اَغَيْرَ اللّٰهِ اَبْغِيْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तलाश करूँ तुम्हारे लिए | क्या अल्लाह के सिवा | उस ने कहा | 139 | वह कर रहे हैं | जो | और बातिल | उस में |

اِلٰهًا وَّهُوَ فَضَّلَكُمْ عَلَى الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٤٠﴾ وَاِذْ اَنْجَيْنٰكُمْ مِّنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | हम ने तुम्हें नजात दी | और जब | 140 | सारे जहान | पर | फ़ज़ीलत दी तुम्हें | हालांकि वह | कोई माबूद |

اٰلِ فِرْعَوْنَ يَسُوْمُوْنَكُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ ۚ يُقَتِّلُوْنَ اَبْنَآءَكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे बेटे | मार डालते थे | अज़ाब | बुरा | तुम्हें तकलीफ़ देते थे | फ़िरऔन वाले |

وَيَسْتَحْيُوْنَ نِسَآءَكُمْ ۚ وَفِيْ ذٰلِكُمْ بَلَآءٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ عَظِيْمٌ ﴿١٤١﴾ ١٦ ع ١٢ ٦

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 141 | बड़ी | तुम्हारा रब | से | आज़माइश | और उस में तुम्हारे लिए | तुम्हारी औरतें (बेटियां) | और जीता छोड़ देते थे |

وَوٰعَدْنَا مُوْسٰى ثَلٰثِيْنَ لَيْلَةً وَّاَتْمَمْنٰهَا بِعَشْرٍ فَتَمَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो पूरी हुई | दस (10) से | और उस को हम ने पूरा किया | रात | तीस (30) | मूसा (अ) | और हम ने वादा किया |

مِيْقَاتُ رَبِّهٖٓ اَرْبَعِيْنَ لَيْلَةً ۚ وَقَالَ مُوْسٰى لِاَخِيْهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने भाई से | मूसा | और कहा | रात | चालीस (40) | उस का रब | मुद्दत |

هٰرُوْنَ اخْلُفْنِيْ فِيْ قَوْمِيْ وَاَصْلِحْ وَلَا تَتَّبِعْ سَبِيْلَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रास्ता | और न पैरवी करना | और इस्लाह करना | मेरी क़ौम में | मेरा ख़लीफ़ा (नाइब) रह | हारून (अ) |

الْمُفْسِدِيْنَ ﴿١٤٢﴾ وَلَمَّا جَآءَ مُوْسٰى لِمِيْقَاتِنَا وَكَلَّمَهٗ رَبُّهٗ ۙ قَالَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने कहा | अपना रब | और उस ने कलाम किया | हमारी वादा गाह पर | मूसा (अ) | आया | और जब | 142 | मुफ़्सिद (जमा) |

رَبِّ اَرِنِيْٓ اَنْظُرْ اِلَيْكَ ۚ قَالَ لَنْ تَرٰىنِيْ وَلٰكِنِ انْظُرْ اِلَى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | तू देख | और लेकिन (अलबत्ता) | तू मुझे हरगिज़ न देखेगा | उस ने कहा | तेरी तरफ़ | मैं देखूं | मुझे दिखा | ऐ मेरे रब |

الْجَبَلِ فَاِنِ اسْتَقَرَّ مَكَانَهٗ فَسَوْفَ تَرٰىنِيْ ۚ فَلَمَّا تَجَلّٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तजल्ली की | पस जब | तू मुझे देख लेगा | तो तभी | अपनी जगह | वह ठहरा रहा | पस अगर | पहाड़ |

رَبُّهٗ لِلْجَبَلِ جَعَلَهٗ دَكًّا وَّخَرَّ مُوْسٰى صَعِقًا ۚ فَلَمَّآ اَفَاقَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| होश आया | फिर जब | बेहोश | मूसा (अ) | और गिरा | रेज़ा रेज़ा | उसको कर दिया | पहाड़ की तरफ़ | उस का रब |

قَالَ سُبْحٰنَكَ تُبْتُ اِلَيْكَ وَاَنَا اَوَّلُ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٤٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 143 | ईमान लाने वाले | सब से पहला | और मैं | तेरी तरफ़ | मैं ने तौबा की | तू पाक है | उस ने कहा |

قَالَ يٰمُوْسٰٓى اِنِّى اصْطَفَيْتُكَ عَلَى النَّاسِ بِرِسٰلٰتِىْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने पैग़ामात से | लोग | पर | मैं ने तुझे चुन लिया | बेशक मैं | ऐ मूसा | कहा |

وَبِكَلَامِىْ ۖ فَخُذْ مَآ اٰتَيْتُكَ وَكُنْ مِّنَ الشّٰكِرِيْنَ ﴿١٤٤﴾ وَكَتَبْنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम ने लिख दी | 144 | शुक्र गुज़ार (जमा) | से | और रहो | जो मैं ने तुझे दिया | पस पकड़ ले | और अपने कलाम से |

لَهٗ فِى الْاَلْوَاحِ مِنْ كُلِّ شَىْءٍ مَّوْعِظَةً وَّتَفْصِيْلًا لِّكُلِّ شَىْءٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर चीज़ की | और तफ़सील | नसीहत | हर चीज़ | से | तख़्तियां | में | उस के लिए |

فَخُذْهَا بِقُوَّةٍ وَّاْمُرْ قَوْمَكَ يَاْخُذُوْا بِاَحْسَنِهَا ۗ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उस की अच्छी बातें | वह पकड़ें (इख़्तियार करें) | और हुक्म दे अपनी क़ौम | क़ुव्वत से | पस तू उसे पकड़ ले |

سَاُورِيْكُمْ دَارَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿١٤٥﴾ سَاَصْرِفُ عَنْ اٰيٰتِىَ الَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | अपनी आयात | से | मैं अनक़रीब फेर दूंगा | 145 | नाफ़रमानों का घर | अनक़रीब मैं तुम्हें दिखाऊंगा |

يَتَكَبَّرُوْنَ فِى الْاَرْضِ بِغَيْرِ الْحَقِّ ۗ وَاِنْ يَّرَوْا كُلَّ اٰيَةٍ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हर निशानी | वह देख लें | और अगर | नाहक़ | ज़मीन में | तकब्बुर करते हैं |

لَّا يُؤْمِنُوْا بِهَا ۚ وَاِنْ يَّرَوْا سَبِيْلَ الرُّشْدِ لَا يَتَّخِذُوْهُ سَبِيْلًا ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रास्ता | न पकड़ें (इख़्तियार करें) | हिदायत | रास्ता | देख लें | और अगर | न ईमान लाएं उस पर |

وَاِنْ يَّرَوْا سَبِيْلَ الْغَىِّ يَتَّخِذُوْهُ سَبِيْلًا ۗ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस लिए कि उन्हों ने | यह | रास्ता | इख़्तियार कर लें उसे | गुमराही | रास्ता | देख लें | और अगर |

كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا وَكَانُوْا عَنْهَا غٰفِلِيْنَ ﴿١٤٦﴾ وَالَّذِيْنَ كَذَّبُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झुटलाया | और जो लोग | 146 | ग़ाफ़िल (जमा) | उस से | और थे | हमारी आयात | झुटलाया |

بِاٰيٰتِنَا وَلِقَآءِ الْاٰخِرَةِ حَبِطَتْ اَعْمَالُهُمْ ۗ هَلْ يُجْزَوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह बदला पाएंगे | क्या | उन के अ़मल | ज़ाया हो गए | आख़िरत | और मुलाक़ात | हमारी आयात को |

ع اِلَّا مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٤٧﴾ وَاتَّخَذَ قَوْمُ مُوْسٰى مِنْۢ بَعْدِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद | मूसा | क़ौम | और बनाया | 147 | वह करते थे | जो | मगर |

مِنْ حُلِيِّهِمْ عِجْلًا جَسَدًا لَّهٗ خُوَارٌ ۗ اَلَمْ يَرَوْا اَنَّهٗ لَا يُكَلِّمُهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं कलाम करता उन से | कि वह | क्या न देखा उन्हों ने | गाय की आवाज़ | उस में | एक धड़ | एक बछड़ा | अपने ज़ेवर | से |

وقف لازم وَلَا يَهْدِيْهِمْ سَبِيْلًا ۘ اِتَّخَذُوْهُ وَكَانُوْا ظٰلِمِيْنَ ﴿١٤٨﴾ وَلَمَّا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और जब | 148 | और वह ज़ालिम थे | उन्हों ने बना लिया | रास्ता | और नहीं दिखाता उन्हें |

سُقِطَ فِىْٓ اَيْدِيْهِمْ وَرَاَوْا اَنَّهُمْ قَدْ ضَلُّوْا ۙ قَالُوْا لَئِنْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगर | वह कहने लगे | तहक़ीक़ गुमराह हो गए | कि वह | और देखा उन्हों ने | गिरे अपने हाथों में (नादिम हुए) |

لَّمْ يَرْحَمْنَا رَبُّنَا وَيَغْفِرْ لَنَا لَنَكُوْنَنَّ مِنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿١٤٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 149 | ख़सारा पाने वाले | से | ज़रूर हो जाएंगे हम | और (न) बख़्श दिया | हमारा रब | रहम न किया हम पर |

अल्लाह ने कहा ऐ मूसा (अ)! बेशक मैं ने तुझे लोगों पर चुन लिया अपने पैग़ामात और अपने कलाम से, पस जो मैं ने तुझे दिया है (क़ुव्वत से) पकड़ ले और शुक्र गुज़ारों में से रहो। **(144)**

और हम ने उस के लिए लिख दी तख़्तियों में हर चीज़ की नसीहत, हर चीज़ की तफ़सील, पस तू उसे क़ुव्वत से पकड़ ले और हुक्म दे अपनी क़ौम को कि वह उस के बेहतर मफ़हूम की पैरवी करें, अनक़रीब मैं तुम्हें नाफ़रमानों का घर (अन्जाम) दिखाऊंगा। **(145)**

मैं अनक़रीब फेर दूंगा उन लोगों को अपनी आयतों से जो ज़मीन में नाहक़ तकब्बुर करते हैं, और अगर वह हर निशानी देख लें (फिर भी) उस पर ईमान न लाएं, और अगर हिदायत का रास्ता देख लें तो भी उस रास्ते को इख़्तियार न करें, और अगर देख लें गुमराही का रास्ता तो इख़्तियार कर लें, यह इस लिए कि उन्हों ने हमारी आयात को झुटलाया और वह उस से ग़ाफ़िल थे। **(146)**

और जिन लोगों ने झुटलाया हमारी आयात को और आख़िरत की मुलाक़ात को, उन के अ़मल ज़ाया हो गए, वह क्या बदला पाएंगे मगर (वही) जो वह करते थे। **(147)**

और मूसा (अ) की क़ौम ने उस के बाद बनाया अपने ज़ेवर से एक बछड़ा, (महज़) एक धड़ जिस में गाय की आवाज़ थी, क्या उन्हों ने न देखा कि न वह उन से कलाम करता है न उन्हें दिखाता है रास्ता? उन्हों ने उसे (माबूद) बना लिया और वह ज़ालिम थे। **(148)**

और जब वह नादिम हुए और उन्हों ने देखा कि वह गुमराह हो गए तो कहने लगे अगर हमारे रब ने हम पर रहम न किया और हमें न बख़्श दिया तो हम ज़रूर हो जाएंगे ख़सारा पाने वालों में से। **(149)**

और जब मूसा (अ) लौटा अपनी क़ौम की तरफ़ गुस्से में भरा हुआ, रंजीदा, उस ने कहा किस क़द्र बुरी मेरी जांनशीनी की तुम ने मेरे बाद! क्या तुम ने अपने परवरदिगार के हुक्म से जल्दी की? और उस (मूसा अ) ने तख़्तियाँ डाल दीं और सर (बालों से) पकड़ा अपने भाई का और उसे अपनी तरफ़ खींचने लगा, वह (हारून अ) बोला ऐ मेरे माँ जाए! लोगों ने मुझे कमज़ोर समझा और क़रीब था कि मुझे क़त्ल कर डाले, पस मुझ पर दुश्मनों को खुश न कर और मुझे जालिम लोगों के साथ शामिल न कर। (150)

उस ने (मूसा अ) ने कहा, ऐ मेरे रब! मुझे और मेरे भाई को बख्श दे और हमें अपनी रहमत में दाखिल कर, और तू सब से ज़ियादा रहम करने वाला है। (151)

बेशक जिन लोगों ने बछड़े को (माबूद) बना लिया, अ़नक़रीब उन्हें उन के रब का ग़जब पहुंचेगा और ज़िल्लत दुनिया की ज़िन्दगी में, और इसी तरह हम बुहतान बान्धने वालों को सज़ा देते हैं। (152)

और जिन लोगों ने बुरे अ़मल किए फिर उस के बाद तौबा की और वह ईमान ले आए, बेशक तुम्हारा रब उस (तौबा) के बाद बख़्शने वाला, मेह्रबान है। (153)

और जब मूसा (अ) का गुस्सा फ़रू हुआ, उस ने तख़्तियों को उठा लिया, और उन की तहरीर में हिदायत और रहमत है उन लोगों के लिए जो अपने रब से डरते हैं। (154)

और मूसा (अ) ने अपनी क़ौम से हमारे वादे के लिए सत्तर (70) आदमी चुन लिए, फिर जब उन्हें जल्ज़ले ने आ लिया, उस ने कहा ऐ मेरे रब! तू अगर चाहता तो इस से पहले इन्हें और मुझे हलाक कर देता, क्या तू हमें उस पर हलाक कर देगा जो हम में से बेवक़ूफ़ों ने किया! यह नहीं मगर (सिर्फ़) तेरी आजमाइश है, तू उस से जिस को चाहे गुमराह करे और तू जिस को चाहे हिदायत दे, तू हमारा कारसाज है, सो हमें बख्श दे और हम पर रह्म फ़रमा और तू बहतरीन बख्शने वाला है। (155)

وَلَمَّا رَجَعَ مُوْسٰٓى اِلٰى قَوْمِهٖ غَضْبَانَ اَسِفًا ۙ قَالَ بِئْسَمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या बुरी | उस ने कहा | रंजीदा | गुस्से में भरा हुआ | अपनी क़ौम की तरफ़ | मूसा (अ) | लौटा | और जब |

خَلَفْتُمُوْنِيْ مِنْۢ بَعْدِيْ ۚ اَعَجِلْتُمْ اَمْرَ رَبِّكُمْ ۚ وَاَلْقَى الْاَلْوَاحَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तख़्तियाँ | डाल दीं | अपना परवरदिगार | हुक्म | क्या जल्दी की तुम ने | मेरे बाद | तुम ने मेरी जानशीनी की |

وَاَخَذَ بِرَاْسِ اَخِيْهِ يَجُرُّهٗٓ اِلَيْهِ ۗ قَالَ ابْنَ اُمَّ اِنَّ الْقَوْمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ौम-लोग | बेशक | ऐ मेरे माँ जाए | वह बोला | अपनी तरफ़ | उसे खींचने लगा | अपना भाई | सर | और पकड़ा |

اسْتَضْعَفُوْنِيْ وَكَادُوْا يَقْتُلُوْنَنِيْ ۖ فَلَا تُشْمِتْ بِيَ الْاَعْدَآءَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुश्मन (जमा) | मुझ पर | पस खुश न कर | मुझे क़त्ल कर डालें | और क़रीब थे | कमज़ोर समझा मुझे |

وَلَا تَجْعَلْنِيْ مَعَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ۝١٥٠ قَالَ رَبِّ اغْفِرْ لِيْ وَلِاَخِيْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और मेरा भाई | मुझे बख़्श दे | ऐ मेरे रब | उस ने कहा | 150 | ज़ालिम (जमा) | क़ौम (लोग) | साथ | और मुझे न बना (शामिल न कर) |

وَاَدْخِلْنَا فِيْ رَحْمَتِكَ ۖ وَاَنْتَ اَرْحَمُ الرّٰحِمِيْنَ ۝١٥١ اِنَّ الَّذِيْنَ اتَّخَذُوا ع ۱۸ ۸

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने बना लिया | वह लोग जो | बेशक | 151 | सब से जियादा रहम करने वाला | और तू | अपनी रहमत में | और हमें दाखिल कर |

الْعِجْلَ سَيَنَالُهُمْ غَضَبٌ مِّنْ رَّبِّهِمْ وَذِلَّةٌ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुनिया | ज़िन्दगी | में | और ज़िल्लत | उन के रब का | ग़ज़ब | अ़नक़रीब उन्हें पहुँचेगा | बछड़ा |

وَكَذٰلِكَ نَجْزِي الْمُفْتَرِيْنَ ۝١٥٢ وَالَّذِيْنَ عَمِلُوا السَّيِّاٰتِ ثُمَّ تَابُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तौबा की | फिर | बुरे | अ़मल किए | और जिन लोगों ने | 152 | बुहतान बान्धने वाले | हम सज़ा देते हैं | और इसी तरह |

مِنْۢ بَعْدِهَا وَاٰمَنُوْٓا ۡ اِنَّ رَبَّكَ مِنْۢ بَعْدِهَا لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ۝١٥٣

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 153 | मेह्रबान | बख़्शने वाला | उस के बाद | तुम्हारा रब | बेशक | और ईमान लाए | उस के बाद |

وَلَمَّا سَكَتَ عَنْ مُّوْسَى الْغَضَبُ اَخَذَ الْاَلْوَاحَ ۚ وَفِيْ نُسْخَتِهَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन की तहरीर में | तख़्तियाँ | लिया - उठा लिया | गुस्सा | मूसा (अ) | से-का | ठहरा (फ़रू हुआ) | और जब |

هُدًى وَّرَحْمَةٌ لِّلَّذِيْنَ هُمْ لِرَبِّهِمْ يَرْهَبُوْنَ ۝١٥٤ وَاخْتَارَ مُوْسٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा | और चुन लिए | 154 | डरते हैं | अपने रब से | वह | उन लोगों के लिए जो | और रहमत | हिदायत |

قَوْمَهٗ سَبْعِيْنَ رَجُلًا لِّمِيْقَاتِنَا ۚ فَلَمَّآ اَخَذَتْهُمُ الرَّجْفَةُ قَالَ رَبِّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ मेरे रब | उस ने कहा | ज़ल्ज़ला | उन्हें पकड़ा (आ लिया) | फिर जब | हमारे वादे के वक़्त के लिए | मर्द | सत्तर (70) | अपनी क़ौम |

لَوْ شِئْتَ اَهْلَكْتَهُمْ مِّنْ قَبْلُ وَاِيَّايَ ۭ اَتُهْلِكُنَا بِمَا فَعَلَ السُّفَهَآءُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेवक़ूफ़ (जमा) | किया | उस पर जो | क्या तू हमें हलाक करेगा | और मुझे | इस से पहले | इन्हें हलाक कर देता | अगर तू चाहता |

مِنَّا ۚ اِنْ هِيَ اِلَّا فِتْنَتُكَ ۭ تُضِلُّ بِهَا مَنْ تَشَآءُ وَتَهْدِيْ مَنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो जिस | और तू हिदायत दे | तू चाहे | जिस | उस से | तू गुमराह करे | तेरी आज़माइश | मगर | यह नहीं | हम में से |

تَشَآءُ ۭ اَنْتَ وَلِيُّنَا فَاغْفِرْ لَنَا وَارْحَمْنَا وَاَنْتَ خَيْرُ الْغٰفِرِيْنَ ۝١٥٥

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 155 | बख़्शने वाला | बेहतरीन | और तू | और हम पर रह्म फ़रमा | सो हमें बख़्श दे | हमारा कारसाज़ | तू | तू चाहे |

وَاكْتُبْ لَنَا فِيْ هٰذِهِ الدُّنْيَا حَسَنَةً وَّفِي الْاٰخِرَةِ اِنَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक हम | और आख़िरत में | भलाई | दुनिया | इस | में | हमारे लिए | और लिख दे |

هُدْنَآ اِلَيْكَ ؕ قَالَ عَذَابِيْٓ اُصِيْبُ بِهٖ مَنْ اَشَآءُ ۚ وَرَحْمَتِيْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और मेरी रहमत | मैं चाहूँ | जिस | उस को | मैं पहुँचाता हूँ (दूँ) | अपना अज़ाब | उस ने फ़रमाया | तेरी तरफ़ | हम ने रुजूअ किया |

وَسِعَتْ كُلَّ شَيْءٍ ؕ فَسَاَكْتُبُهَا لِلَّذِيْنَ يَتَّقُوْنَ وَيُؤْتُوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और देते हैं | डरते हैं | उन के लिए जो | सो मैं अनक़रीब वह लिख दूँगा | हर शै | वसीअ़ है |

الزَّكٰوةَ وَالَّذِيْنَ هُمْ بِاٰيٰتِنَا يُؤْمِنُوْنَ ۝١٥٦ اَلَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | 156 | ईमान रखते हैं | हमारी आयात पर | वह | और वह जो | ज़कात |

يَتَّبِعُوْنَ الرَّسُوْلَ النَّبِيَّ الْاُمِّيَّ الَّذِيْ يَجِدُوْنَهٗ مَكْتُوْبًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लिखा हुआ | उसे पाते हैं | वह जो - जिस | उम्मी | नबी | रसूल | पैरवी करते हैं |

عِنْدَهُمْ فِي التَّوْرٰىةِ وَالْاِنْجِيْلِ ۫ يَاْمُرُهُمْ بِالْمَعْرُوْفِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भलाई | वह हुक्म देता है उन्हें | और इंजील | तौरेत | में | अपने पास |

وَيَنْهٰىهُمْ عَنِ الْمُنْكَرِ وَيُحِلُّ لَهُمُ الطَّيِّبٰتِ وَيُحَرِّمُ عَلَيْهِمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | और हराम करता है | पाकीज़ा चीज़ें | उन के लिए | और हलाल करता है | बुराई | से | और रोकता है उन्हें |

الْخَبٰٓئِثَ وَيَضَعُ عَنْهُمْ اِصْرَهُمْ وَالْاَغْلٰلَ الَّتِيْ كَانَتْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| थे | जो | और तौक़ | उन के बोझ | उन से | और उतारता है | नापाक चीज़ें |

عَلَيْهِمْ ؕ فَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا بِهٖ وَعَزَّرُوْهُ وَنَصَرُوْهُ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और उस की मदद की | और उस की रफ़ाक़त (हिमायत) की | ईमान लाए उस पर | पस जो लोग | उन पर |

ع ١٩ ٩
وَاتَّبَعُوا النُّوْرَ الَّذِيْٓ اُنْزِلَ مَعَهٗٓ ۙ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ۝١٥٧

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 157 | फ़लाह पाने वाले | वह | वही लोग | उस के साथ | उतारा गया | जो | नूर | और पैरवी की |

قُلْ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اِنِّيْ رَسُوْلُ اللّٰهِ اِلَيْكُمْ جَمِيْعَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सब | तुम्हारी तरफ़ | अल्लाह का रसूल | बेशक मैं | लोगो | ऐ | कह दें |

الَّذِيْ لَهٗ مُلْكُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ يُحْيٖ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़िन्दा करता है | वह | मगर | माबूद | नहीं | और ज़मीन | आसमान (जमा) | बादशाहत | उस की | वह जो |

وَيُمِيْتُ ۠ فَاٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهِ النَّبِيِّ الْاُمِّيِّ الَّذِيْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | उम्मी | नबी | और उस का रसूल | अल्लाह पर | सो तुम ईमान लाओ | और मारता है |

يُؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَكَلِمٰتِهٖ وَاتَّبِعُوْهُ لَعَلَّكُمْ تَهْتَدُوْنَ ۝١٥٨

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 158 | हिदायत पाओ | ताकि तुम | और उस की पैरवी करो | और उस के सब कलाम | अल्लाह पर | ईमान रखता है |

وَمِنْ قَوْمِ مُوْسٰٓى اُمَّةٌ يَّهْدُوْنَ بِالْحَقِّ وَبِهٖ يَعْدِلُوْنَ ۝١٥٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 159 | इन्साफ़ करते हैं | और उस के मुताबिक़ | हक़ की | हिदायत देता है | एक गिरोह | क़ौमे मूसा | और से (में) |

और हमारे लिए इस दुनिया में और आख़िरत में भलाई लिख दे, बेशक हम ने तेरी तरफ़ रुजूअ किया, उस ने फ़रमाया मैं अपना अज़ाब जिस को चाहूँ दूँ, और मेरी रहमत हर शै पर वसीअ है, सो मैं वह अनक़रीब लिख दूँगा उन के लिए जो डरते हैं और ज़कात देते हैं और हमारी आयात पर ईमान रखते हैं। (156)

वह लोग जो पैरवी करते हैं (हमारे) रसूल (मुहम्मद स) नबी उम्मी की, जिसे वह लिखा हुआ पाते हैं अपने पास तौरेत में और इंजील में, वह उन्हें हुक्म देता है भलाई का और उन्हें रोकता है बुराई से, और उन के लिए हलाल करता है पाकीज़ा चीज़ें और उन पर हराम करता है नापाक चीज़ें, और उतारता है (उन के सरों) से बोझ और (उन की गर्दनों से) तौक़ जो उन पर थे, पस जो लोग उस पर ईमान लाए और उन्हों ने उस की हिमायत की और उस की मदद की और उस नूर की पैरवी की जो उस के साथ उतारा गया है, वही फ़लाह पाने वाले हैं। (157)

आप कह दें, ऐ लोगो! बेशक मैं तुम सब की तरफ़ अल्लाह का रसूल हूँ, वह जिस की बादशाहत है आस्मानों पर और ज़मीन में, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, वही ज़िन्दा करता है और मारता है, सो तुम ईमान लाओ अल्लाह पर और उस के रसूल नबी उम्मी (मुहम्मद स) पर, वह जो ईमान रखता है अल्लाह पर और उस के सब कलामों पर, और उस की पैरवी करो ताकि तुम हिदायत पाओ। (158)

और मूसा (अ) की क़ौम में एक गिरोह है जो हक़ की हिदायत देता है और वह उसी के मुताबिक़ इन्साफ़ करते हैं। (159)

और हम ने उन्हें जुदा कर दिया (तक़सीम कर दिया) बारह क़बीले (गिरोह गिरोह की सूरत में) और जब उस की क़ौम ने उस से पानी मांगा, हम ने मूसा की तरफ़ वहि भेजी कि मारो अपनी लाठी उस पत्थर पर, तो उस से बारह चश्मे फूट निकले, हर शख़्स ने पहचान लिया अपना घाट, और हम ने उन पर अब्र का साया किया और उन पर मन्न (एक क़िस्म का गोन्द) और सलवा (बटेर जैसा परिन्दा) उतारा, तुम खाओ पाकीज़ा चीज़ों में से जो हम ने तुम्हें दीं और उन्हों ने हमारा कुछ न बिगाड़ा लेकिन वह अपनी जानों पर ज़ुल्म करते थे। **(160)**

और जब उन से कहा गया तुम इस शहर में रहो और इस से खाओ जैसे तुम चाहो और "हित्ततुन" (बख़्श दे) कहो और दरवाज़े (में) सिज्दा करते हुए दाख़िल हो, हम तुम्हें तुम्हारी ख़ताएं बख़्श देंगे, हम अनक़रीब नेकी करने वालों को ज़ियादा देंगे। **(161)**

पस बदल डाला उन में से ज़ालिमों ने उस के सिवा लफ़्ज़ जो उन्हें कहा गया था, सो हम ने उन पर अज़ाब भेजा आस्मान से क्योंकि वह ज़ुल्म करते थे। **(162)**

और उन से उस बस्ती के बारे में पूछो जो दर्या के किनारे पर थी, जब वह "सब्त" (हफ़्ता) के हुक्म के बारे में हद से बढ़ने लगे, उन के सब्त (हफ़्ते) के दिन मछलियां उन के सामने आजातीं और जिस दिन "सब्त" न होता न आतीं, इसी तरह हम उन्हें आज़माते क्योंकि वह नाफ़रमानी करते थे। **(163)**

وَقَطَّعْنٰهُمُ اثْنَتَیْ عَشْرَةَ اَسْبَاطًا اُمَمًا ؕ وَاَوْحَیْنَاۤ اِلٰی

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | और वहि भेजी हम ने | गिरोह गिरोह | बाप दादा की औलाद (क़बीले) | बारह (12) | और हम ने जुदा कर दिया उन्हें |

مُوْسٰٓی اِذِ اسْتَسْقٰىهُ قَوْمُهٗۤ اَنِ اضْرِبْ بِّعَصَاكَ الْحَجَرَ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पत्थर | अपनी लाठी | मारो | कि | उसकी क़ौम | उस ने पानी मांगा | जब | मूसा |

فَانْۢبَجَسَتْ مِنْهُ اثْنَتَا عَشْرَةَ عَیْنًا ؕ قَدْ عَلِمَ كُلُّ اُنَاسٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शख़्स | हर | जान लिया (पहचान लिया) | चश्मे | बारह (12) | उस से | तो फूट निकले |

مَّشْرَبَهُمْ ؕ وَظَلَّلْنَا عَلَیْهِمُ الْغَمَامَ وَاَنْزَلْنَا عَلَیْهِمُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | और हम ने उतारा | अब्र | उन पर | और हम ने साया किया | अपना घाट |

الْمَنَّ وَالسَّلْوٰی ؕ كُلُوْا مِنْ طَیِّبٰتِ مَا رَزَقْنٰكُمْ ؕ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो हम ने तुम्हें दी | पाकीज़ा | से | तुम खाओ | और सलवा | मन्न |

وَمَا ظَلَمُوْنَا وَلٰكِنْ كَانُوْۤا اَنْفُسَهُمْ یَظْلِمُوْنَ ﴿١٦٠﴾ وَاِذْ قِیْلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कहा गया | और जब | 160 | ज़ुल्म करते | अपनी जानों पर | वह थे | और लेकिन | और हमारा कुछ न बिगाड़ा उन्हों ने |

لَهُمُ اسْكُنُوْا هٰذِهِ الْقَرْیَةَ وَكُلُوْا مِنْهَا حَیْثُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसे | इस से | और खाओ | शहर | इस | तुम रहो | उन से |

شِئْتُمْ وَقُوْلُوْا حِطَّةٌ وَّادْخُلُوا الْبَابَ سُجَّدًا نَّغْفِرْ لَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम बख़्श देंगे तुम्हें | सिज्दा करते हुए | दरवाज़ा | और दाख़िल हो | हित्ता (बख़्श दे) | और कहो | तुम चाहो |

خَطِیْٓـٰٔتِكُمْ ؕ سَنَزِیْدُ الْمُحْسِنِیْنَ ﴿١٦١﴾ فَبَدَّلَ الَّذِیْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह जिन्हों ने | पस बदल डाला | 161 | नेकी करने वाले | अनक़रीब हम ज़ियादा देंगे | तुम्हारी ख़ताएं |

ظَلَمُوْا مِنْهُمْ قَوْلًا غَیْرَ الَّذِیْ قِیْلَ لَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हें | कहा गया | वह जो | सिवा | लफ़्ज़ | उन से | ज़ुल्म किया (ज़ालिम) |

فَاَرْسَلْنَا عَلَیْهِمْ رِجْزًا مِّنَ السَّمَآءِ بِمَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्योंकि | आस्मान | से | अज़ाब | उन पर | सो हम ने भेजा |

كَانُوْا یَظْلِمُوْنَ ﴿١٦٢﴾ وَسْـَٔلْهُمْ عَنِ الْقَرْیَةِ الَّتِیْ كَانَتْ ع ٢٠/١٠

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| थी | वह जो कि | बस्ती | से (बारे में) | और पूछो उन से | 162 | वह ज़ुल्म करते थे |

حَاضِرَةَ الْبَحْرِ ۘ اِذْ یَعْدُوْنَ فِی السَّبْتِ اِذْ تَاْتِیْهِمْ وقف لازم

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के सामने आजातीं | जब | हफ़्ते में | हद से बढ़ने लगे | जब | दर्या | सामने (किनारे) |

حِیْتَانُهُمْ یَوْمَ سَبْتِهِمْ شُرَّعًا وَّیَوْمَ لَا یَسْبِتُوْنَ ۙ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सब्त न होता | और जिस दिन | खुल्लम खुल्ला (सामने) | उन का सब्त | दिन | मछलियां उन की |

لَا تَاْتِیْهِمْ ۚ كَذٰلِكَ ۚ نَبْلُوْهُمْ بِمَا كَانُوْا یَفْسُقُوْنَ ﴿١٦٣﴾ النصف / معانقة ٦ عند المتأخرين ١٢

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 163 | वह नाफ़रमानी करते थे | क्योंकि | हम उन्हें आज़माते थे | इसी तरह | वह न आती थी |

وَاِذْ قَالَتْ اُمَّةٌ مِّنْهُمْ لِمَ تَعِظُوْنَ قَوْمَا ۙ اللّٰهُ مُهْلِكُهُمْ اَوْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | उन्हें हलाक करने वाला | अल्लाह | ऐसी क़ौम | क्यों नसीहत करते हो | उन में से | एक गिरोह | कहा | और जब |

مُعَذِّبُهُمْ عَذَابًا شَدِيْدًا ؕ قَالُوْا مَعْذِرَةً اِلٰى رَبِّكُمْ وَلَعَلَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और शायद कि वह | तुम्हारा रब | तरफ़ | माज़िरत | वह बोले | सख़्त | अज़ाब | उन्हें अज़ाब देने वाला |

يَتَّقُوْنَ ﴿۱۶۴﴾ فَلَمَّا نَسُوْا مَا ذُكِّرُوْا بِهٖۤ اَنْجَيْنَا الَّذِيْنَ يَنْهَوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मना करते थे | वह जो कि | हम ने बचा लिया | उन्हें समझाई गई थी | जो | वह भूल गए | फिर जब | 164 | डरें |

عَنِ السُّوْٓءِ وَاَخَذْنَا الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا بِعَذَابٍ بَئِيْسٍ بِمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्योंकि | बुरा | अज़ाब में | ज़ुल्म किया | वह लोग जिन्हों ने | और हम ने पकड़ लिया | बुराई से |

كَانُوْا يَفْسُقُوْنَ ﴿۱۶۵﴾ فَلَمَّا عَتَوْا عَنْ مَّا نُهُوْا عَنْهُ قُلْنَا لَهُمْ كُوْنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन को हो जाओ | हम ने हुक्म दिया | उस से | जिस से मना किए गए थे | से | सरकशी करने लगे | फिर जब | 165 | नाफ़रमानी करते थे |

قِرَدَةً خٰسِـِٕيْنَ ﴿۱۶۶﴾ وَاِذْ تَاَذَّنَ رَبُّكَ لَيَبْعَثَنَّ عَلَيْهِمْ اِلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तक | उन पर | अलबत्ता ज़रूर भेजता रहेगा | तुम्हारा रब | ख़बर दी | और जब | 166 | ज़लील ओ ख़ार | बन्दर |

يَوْمِ الْقِيٰمَةِ مَنْ يَّسُوْمُهُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ ؕ اِنَّ رَبَّكَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | बेशक | बुरा अज़ाब | तक्लीफ़ दे उन्हें | जो | रोज़े क़ियामत |

لَسَرِيْعُ الْعِقَابِ ۖۚ وَاِنَّهٗ لَغَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿۱۶۷﴾ وَقَطَّعْنٰهُمْ فِى الْاَرْضِ اُمَمًا ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गिरोह दर गिरोह | ज़मीन में | और परागन्दा कर दिया हम ने उन्हें | 167 | मेहरबान | बख़्शने वाला | और बेशक वह | जल्द अज़ाब देने वाला |

مِنْهُمُ الصّٰلِحُوْنَ وَمِنْهُمْ دُوْنَ ذٰلِكَ ؗ وَبَلَوْنٰهُمْ بِالْحَسَنٰتِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अच्छाइयों में | और आज़माया हम ने उन्हें | उस | सिवा | और उन से | नेकोकार | उन से |

وَالسَّيِّاٰتِ لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ﴿۱۶۸﴾ فَخَلَفَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ خَلْفٌ وَّرِثُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह वारिस हुए | नाख़लफ़ | उन के बाद | पीछे आए | 168 | रुजूअ करें | ताकि वह | और बुराइयों में |

الْكِتٰبَ يَاْخُذُوْنَ عَرَضَ هٰذَا الْاَدْنٰى وَيَقُوْلُوْنَ سَيُغْفَرُ لَنَا ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अब हमें बख़्श दिया जाएगा | और कहते हैं | इस अदना ज़िन्दगी | मताअ़ (असबाब) | वह लेते हैं | किताब |

وَاِنْ يَّاْتِهِمْ عَرَضٌ مِّثْلُهٗ يَاْخُذُوْهُ ؕ اَلَمْ يُؤْخَذْ عَلَيْهِمْ مِّيْثَاقُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अहद | उन पर (उन से) | क्या नहीं लिया गया | उस को ले लें | उस जैसा | माल ओ असबाब | आए उन के पास | और अगर |

الْكِتٰبِ اَنْ لَّا يَقُوْلُوْا عَلَى اللّٰهِ اِلَّا الْحَقَّ وَدَرَسُوْا مَا فِيْهِ ؕ وَالدَّارُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और घर | जो उस में | और उन्हों ने पढ़ा | सच | मगर | अल्लाह पर (के बारे में) | वह न कहें | कि | किताब |

الْاٰخِرَةُ خَيْرٌ لِّلَّذِيْنَ يَتَّقُوْنَ ؕ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ﴿۱۶۹﴾ وَالَّذِيْنَ يُمَسِّكُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मज़बूत पकड़े हुए हैं | और जो लोग | 169 | क्या तुम समझते नहीं | परहेज़गार | उन के लिए जो | बेहतर | आख़िरत |

بِالْكِتٰبِ وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ ؕ اِنَّا لَا نُضِيْعُ اَجْرَ الْمُصْلِحِيْنَ ﴿۱۷۰﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 170 | नेकोकार (जमा) | अजर | ज़ाया नहीं करते | बेशक हम | नमाज़ | और क़ाइम रखते हैं | किताब को |

और जब उन में से एक गिरोह ने कहा तुम ऐसी क़ौम को क्यों नसीहत करते हो जिसे अल्लाह हलाक करने वाला है या अज़ाब देने वाला है सख़्त अज़ाब, वह बोले तुम्हारे रब के पास माज़िरत पेश करने के लिए और (इस उम्मीद पर) कि शायद वह डरें। (164)

फिर जब वह भूल गए जो उन्हें समझाई गई थी, जो बुराई से रोकते थे हम ने उन्हें बचा लिया, और जिन लोगों ने ज़ुल्म किया हम ने उन्हें बुरे अज़ाब में पकड़ लिया क्योंकि वह नाफ़रमानी करते थे। (165)

फिर जब वह उस से सरकशी करने लगे जिस से मना किए गए थे तो हम ने हुक्म दिया उन को ज़लील ओ ख़ार बन्दर हो जाओ। (166)

और जब तुम्हारे रब ने ख़बर दी कि अलबत्ता वह इन (यहूद) पर ज़रूर भेजता रहेगा रोज़े क़ियामत तक (ऐसे अफ़्राद) जो उन्हें बुरे अज़ाब से तक्लीफ़ दें, बेशक तुम्हारा रब सज़ा देने में तेज़ है, और बेशक वह बख़्शने वाला मेह्रबान है। (167)

फिर हम ने उन्हें ज़मीन में परागन्दा कर दिया गिरोह दर गिरोह, उन में से (कुछ) नेकोकार हैं और उन में से (कुछ) उस के सिवा हैं, और हम ने उन्हें आज़माया अच्छाइयों और बुराइयों में ताकि वह रुजूअ करें। (168)

पीछे आए उन के बाद नाख़लफ़ जो किताब के वारिस हुए, वह इस अदना ज़िन्दगी का असबाब लेते हैं और कहते हैं अब हमें बख़्श दिया जाएगा, और अगर उन के पास उस जैसा माल ओ असबाब (फिर) आए तो उस को ले लें, क्या नहीं लिया गया उन से अहद (जो) किताब (तौरेत) में है कि वह अल्लाह के बारे में न कहें मगर सच और उन्हों ने पढ़ा है जो उस (तौरेत) में है, और आख़िरत का घर बेहतर है उन के लिए जो परहेज़गार हैं, क्या तुम समझते नहीं? (169)

और जो लोग मज़बूत पकड़ते हैं किताब को और नमाज़ क़ाइम करते हैं, बेशक हम नेकोकारों का अजर ज़ाया नहीं करते। (170)

और (याद करो) जब हम ने उठाया पहाड़ उन के ऊपर गोया कि वह साइबान है और उन्हों ने गुमान किया गोया कि वह उन के ऊपर गिरने वाला है, जो हम ने तुम्हें दिया है वह मज़बूती से पकड़ो और जो उस में है याद करो ताकि तुम परहेज़गार बन जाओ। **(171)**

और (याद करो) जब तुम्हारे रब ने निकाली आदम की पुश्त से उन की औलाद, और उन्हें उन की जानों पर (उन पर) गवाह बनाया, क्या मैं तुम्हारा रब नहीं हूँ? वह बोले क्यों नहीं! हम गवाह हैं, कभी तुम कियामत के दिन कहो बेशक हम इस से गाफ़िल (बेख़बर) थे। **(172)**

या तुम कहो शिर्क तो इस से कब्ल हमारे बाप दादा ने किया और उन के बाद हम (उन की) औलाद हुए, सो क्या तू हमें हलाक करता है उस पर जो ग़लत कारों ने किया। **(173)**

और इसी तरह हम आयतें खोल कर बयान करते हैं ताकि वह रुजूअ करें (लौट आएं)। **(174)**

और उन्हें उस शख़्स की ख़बर सुनाओ जिसे हम ने अपनी आयतें दीं तो वह उस से साफ़ निकल गया तो शैतान उस के पीछे लग गया, सो वह हो गया गुमराहों में से। **(175)**

और अगर हम चाहते तो उसे उन (आयतों) के ज़रीए बुलन्द करते, लेकिन वह ज़मीन की तरफ़ माइल हो गया, और उस ने पैरवी की अपनी ख़ाहिशात की, तो उस का हाल कुत्ते जैसा है, अगर तू उस पर हमला करे तो हांपे या उसे छोड़ दे तो (फिर भी) हांपे, यह मिसाल उन लोगों की है जिन्हों ने हमारी आयतों को झुटलाया, सो (यह) अहवाल बयान कर दो ताकि वह ग़ौर करें। **(176)**

बुरी मिसाल है उन लोगों की जिन्हों ने हमारी आयतों को झुटलाया और अपनी जानों पर ज़ुल्म करते थे **(177)**

अल्लाह जिस को हिदायत दे वही हिदायत याफ़्ता है, और जिस को गुमराह कर दे सो वही लोग घाटा पाने वाले हैं। **(178)**

وَاِذْ نَتَقْنَا الْجَبَلَ فَوْقَهُمْ كَاَنَّهٗ ظُلَّةٌ وَّظَنُّوْٓا اَنَّهٗ وَاقِعٌۢ بِهِمْ ۚ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | गिरने वाला | कि वह | और उन्हों ने गुमान किया | साइबान | गोया कि वह | उन के ऊपर | पहाड़ | उठाया हम ने | और जब |

خُذُوْا مَآ اٰتَيْنٰكُمْ بِقُوَّةٍ وَّاذْكُرُوْا مَا فِيْهِ لَعَلَّكُمْ تَتَّقُوْنَ ١٧١

ع ٢١ / ١١

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 171 | परहेज़गार बन जाओ | ताकि तुम | जो उस में | और याद करो | मज़बूती से | दिया हम ने तुम्हें | जो | तुम पकड़ो |

وَاِذْ اَخَذَ رَبُّكَ مِنْ بَنِيْٓ اٰدَمَ مِنْ ظُهُوْرِهِمْ ذُرِّيَّتَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन की औलाद | उन की पुश्त | से | बनी आदम | से (की) | तुम्हारा रब | लिया (निकाली) | और जब |

وَاَشْهَدَهُمْ عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ ۚ اَلَسْتُ بِرَبِّكُمْ ۭ قَالُوْا بَلٰى ۚۛ شَهِدْنَا ۚۛ اَنْ

معانقة ٧ عند المتأخرين ١٢

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि (कभी) | हम गवाह हैं | हां, क्यों नहीं | वह बोले | तुम्हारा रब | क्या नहीं हूँ मैं | उन की जानें | पर | और गवाह बनाया उन को |

تَقُوْلُوْا يَوْمَ الْقِيٰمَةِ اِنَّا كُنَّا عَنْ هٰذَا غٰفِلِيْنَ ١٧٢ اَوْ تَقُوْلُوْٓا اِنَّمَآ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस के सिवा नहीं (सिर्फ़) | तुम कहो | या | 172 | ग़ाफ़िल (जमा) | उस | से | थे | बेशक हम | क़ियामत के दिन | तुम कहो |

اَشْرَكَ اٰبَاۗؤُنَا مِنْ قَبْلُ وَكُنَّا ذُرِّيَّةً مِّنْۢ بَعْدِهِمْ ۚ اَفَتُهْلِكُنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सो क्या तू हमें हलाक करता है | उन के बाद | औलाद | और थे हम | उस से कब्ल | हमारे बाप दादा | शिर्क किया |

بِمَا فَعَلَ الْمُبْطِلُوْنَ ١٧٣ وَكَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ وَلَعَلَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ताकि वह | आयतें | हम खोल कर बयान करते हैं | और इसी तरह | 173 | अहले बातिल (ग़लत कार) | किया | उस पर जो |

يَرْجِعُوْنَ ١٧٤ وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ الَّذِيْٓ اٰتَيْنٰهُ اٰيٰتِنَا فَانْسَلَخَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो साफ़ निकल गया | हमारी आयतें | हम ने उस को दी | वह जो कि | ख़बर | उन पर (उन्हें) | और पढ़ (सुनाओ) | 174 | रुजूअ करें |

مِنْهَا فَاَتْبَعَهُ الشَّيْطٰنُ فَكَانَ مِنَ الْغٰوِيْنَ ١٧٥ وَلَوْ شِئْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम चाहते | और अगर | 175 | गुमराह (जमा) | से | सो हो गया | शैतान | तो उस के पीछे लगा | उस से |

لَرَفَعْنٰهُ بِهَا وَلٰكِنَّهٗٓ اَخْلَدَ اِلَى الْاَرْضِ وَاتَّبَعَ هَوٰىهُ ۚ فَمَثَلُهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उस का हाल | अपनी ख़ाहिशात | और उस ने पैरवी की | ज़मीन की तरफ़ | गिर पड़ा (माइल होगया) | और लेकिन वह | उन के ज़रीए | उसे बुलन्द करते |

كَمَثَلِ الْكَلْبِ ۚ اِنْ تَحْمِلْ عَلَيْهِ يَلْهَثْ اَوْ تَتْرُكْهُ يَلْهَثْ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हांपे | या उसे छोड़ दे | वह हांपे | उस पर | तू हमला करे | अगर | कुत्ता | मानिंद-जैसा |

ذٰلِكَ مَثَلُ الْقَوْمِ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا ۚ فَاقْصُصِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पस बयान कर दो | हमारी आयात | उन्हों ने झुटलाया | वह जो कि | लोग | मिसाल | यह |

الْقَصَصَ لَعَلَّهُمْ يَتَفَكَّرُوْنَ ١٧٦ سَاۗءَ مَثَلَا ۨالْقَوْمُ الَّذِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | लोग | मिसाल | बुरी | 176 | ग़ौर करें | ताकि वह | अहवाल (क़िस्से) |

كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا وَاَنْفُسَهُمْ كَانُوْا يَظْلِمُوْنَ ١٧٧ مَنْ يَّهْدِ اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह हिदायत दे | जो - जिस | 177 | ज़ुल्म करते | वह थे | और अपनी जानें | हमारी आयात | उन्हों ने झुटलाया |

فَهُوَ الْمُهْتَدِيْ ۚ وَمَنْ يُّضْلِلْ فَاُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ١٧٨

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 178 | घाटा पाने वाले | वह | सो वही लोग | गुमराह कर दे | और जिस | हिदायत याफ़्ता | तो वही |

وَلَقَدْ ذَرَاْنَا لِجَهَنَّمَ كَثِيْرًا مِّنَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ ۖ لَهُمْ قُلُوْبٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल | उन के | और इन्सान | जिन | से | बहुत से | जहन्नम के लिए | और हम ने पैदा किए |

لَّا يَفْقَهُوْنَ بِهَا ۡ وَلَهُمْ اَعْيُنٌ لَّا يُبْصِرُوْنَ بِهَا ۡ وَلَهُمْ اٰذَانٌ لَّا يَسْمَعُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं सुनते | कान | और उन के लिए | उन से | नहीं देखते | आँखें | और उन के लिए | उन से | समझते नहीं |

بِهَا ۭ اُولٰٓئِكَ كَالْاَنْعَامِ بَلْ هُمْ اَضَلُّ ۭ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْغٰفِلُوْنَ ﴿١٧٩﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 179 | ग़ाफ़िल (जमा) | वह | यही लोग | बदतरीन गुमराह | वह | बल्कि | चौपायों के मानिंद | यही लोग | उन से |

وَلِلّٰهِ الْاَسْمَاۗءُ الْحُسْنٰى فَادْعُوْهُ بِهَا ۠ وَذَرُوا الَّذِيْنَ يُلْحِدُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कज रवी करते हैं | वह लोग जो | और छोड़ दो | उन से | पस उस को पुकारो | अच्छे | और अल्लाह के लिए नाम (जमा) |

فِيْٓ اَسْمَاۗىِٕهٖ ۭ سَيُجْزَوْنَ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٨٠﴾ وَمِمَّنْ خَلَقْنَآ اُمَّةٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक उम्मत (गिरोह) | हम ने पैदा किया | और से जो | 180 | वह करते थे | जो | अनक़रीब वह बदला पाएंगे | उस के नाम | में |

ع ٢٢/١٠/١٢

يَّهْدُوْنَ بِالْحَقِّ وَبِهٖ يَعْدِلُوْنَ ﴿١٨١﴾ وَالَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारी आयात को | उन्हों ने झुटलाया | और वह लोग जो | 181 | फ़ैसला करते हैं | और उस के मुताबिक़ | हक़ के साथ (ठीक) | वह बतलाते हैं |

سَنَسْتَدْرِجُهُمْ مِّنْ حَيْثُ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿١٨٢﴾ وَاُمْلِيْ لَهُمْ ۭ اِنَّ كَيْدِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरी ख़ुफ़िया तदबीर | बेशक | उन के लिए | और मैं ढील दूँगा | 182 | वह न जानेंगे (ख़बर न होगी) | इस तरह | आहिस्ता आहिस्ता उन को पकड़ेंगे |

مَتِيْنٌ ﴿١٨٣﴾ اَوَلَمْ يَتَفَكَّرُوْا ۫ مَا بِصَاحِبِهِمْ مِّنْ جِنَّةٍ ۭ اِنْ هُوَ اِلَّا نَذِيْرٌ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डराने वाले | मगर | वह | नहीं | जुनून | से | नहीं उन के साहिब को | क्या वह ग़ौर नहीं करते | 183 | पुख़्ता |

مُّبِيْنٌ ﴿١٨٤﴾ اَوَلَمْ يَنْظُرُوْا فِيْ مَلَكُوْتِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا خَلَقَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पैदा किया | और जो | और ज़मीन | आस्मान (जमा) | बादशाहत | में | क्या वह नहीं देखते | 184 | साफ़ |

اللّٰهُ مِنْ شَيْءٍ ۙ وَّاَنْ عَسٰٓى اَنْ يَّكُوْنَ قَدِ اقْتَرَبَ اَجَلُهُمْ ۚ فَبِاَيِّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो किस | उनकी अजल (मौत) | क़रीब आगई हो | हो | कि | शायद | और यह कि | कोई चीज़ | अल्लाह |

حَدِيْثٍۢ بَعْدَهٗ يُؤْمِنُوْنَ ﴿١٨٥﴾ مَنْ يُّضْلِلِ اللّٰهُ فَلَا هَادِيَ لَهٗ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस को | हिदायत देने वाला | तो नहीं | गुमराह करे अल्लाह | जिस | 185 | वह ईमान लाएंगे | इस के बाद | बात |

وَيَذَرُهُمْ فِيْ طُغْيَانِهِمْ يَعْمَهُوْنَ ﴿١٨٦﴾ يَسْـَٔلُوْنَكَ عَنِ السَّاعَةِ اَيَّانَ مُرْسٰىهَا ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का क़ाइम होना | कब है | घड़ी (क़ियामत) | से (बारे में) | वह आप (स) से पूछते हैं | 186 | बहकते हैं | उन की सरकशी | में | वह छोड़ देता है उन्हें |

وقف لازم / وقف منزل

قُلْ اِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ رَبِّيْ ۚ لَا يُجَلِّيْهَا لِوَقْتِهَآ اِلَّا هُوَ ۘ ثَقُلَتْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारी है | वह (अल्लाह) | सिवा | उस के वक़्त पर | उस को ज़ाहिर न करेगा | मेरा रब | पास | उस का इल्म | सिर्फ़ | कह दें |

فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۭ لَا تَاْتِيْكُمْ اِلَّا بَغْتَةً ۭ يَسْـَٔلُوْنَكَ كَاَنَّكَ حَفِيٌّ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुतलाशी | गोया कि आप | आप (स) से पूछते हैं | अचानक | मगर | आएगी तुम पर | न | और ज़मीन | आस्मानों | में |

عَنْهَا ۭ قُلْ اِنَّمَا عِلْمُهَا عِنْدَ اللّٰهِ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿١٨٧﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 187 | नहीं जानते | लोग | अक्सर | और लेकिन | अल्लाह के पास | उस का इल्म | सिर्फ़ | कह दें | उस के |

और हम ने जहन्नम के लिए बहुत से जिन और इन्सान पैदा किए, उन के दिल हैं उन से समझते नहीं, और उन की आँखें हैं उन से वह देखते नहीं, और उन के कान हैं वह सुनते नहीं उन से, यही लोग चौपायों की मानिंद हैं बल्कि (उन से भी) बदतरीन गुमराह हैं, यही लोग ग़ाफ़िल हैं। (179)

और अल्लाह के लिए हैं अच्छे नाम, सो तुम उस को उन (ही) से पुकारो, और उन लोगों को छोड़ दो जो उस के नामों में कज रवी करते हैं, जो वह करते थे अनक़रीब वह उस का बदला पाएंगे। (180)

और जो लोग हम ने पैदा किए (उन में) एक गिरोह है जो ठीक राह बतलाते हैं और उस के मुताबिक़ फ़ैसला करते हैं। (181)

और जिन लोगों ने हमारी आयतों को झुटलाया, आहिस्ता आहिस्ता हम उन को पकड़ेंगे कि उन्हें ख़बर भी न होगी। (182)

और मैं उन के लिए ढील दूँगा, बेशक मेरी ख़ुफ़िया तदबीर पुख़्ता है। (183)

क्या वह ग़ौर नहीं करते? कि उन के साहिब (मुहम्मद स) को कुछ जुनून नहीं, वह नहीं मगर साफ़ साफ़ डराने वाले। (184)

क्या वह नहीं देखते? बादशाहत आस्मानों और ज़मीन की और जो अल्लाह ने कोई चीज़ (भी) पैदा की है, और यह कि शायद क़रीब आगई हो उन की अजल (मौत की घड़ी), तो इस के बाद किस बात पर वह ईमान लाएंगे? (185)

जिस को अल्लाह गुमराह करे तो कोई हिदायत देने वाला नहीं उस को। और वह उन्हें उन की सरकशी में बहकते छोड़ देता है। (186)

वह आप (स) से क़ियामत के बारे में पूछते हैं कि कब है उस के क़ाइम होने (का वक़्त)? आप (स) कह दें उस का इल्म सिर्फ़ मेरे रब के पास है, उस को उस के वक़्त पर अल्लाह के सिवा कोई ज़ाहिर न करेगा। भारी है आस्मानों और ज़मीन में, और तुम पर न आएगी (वाक़े होगी) मगर अचानक, आप (स) से (यूँ) पूछते हैं गोया कि आप (स) उस के मुतलाशी हैं, आप (स) कह दें: इस का इल्म सिर्फ़ अल्लाह के पास है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (187)

आप (स) कह दें: मैं मालिक नहीं अपनी ज़ात के लिए नफ़ा का न नुक़्सान का मगर जो अल्लाह चाहे, और अगर मैं ग़ैब जानता होता तो मैं बहुत भलाई जमा कर लेता, और मुझे कोई बुराई न पहुँचती, मैं बस डराने वाला ख़ुशख़बरी सुनाने वाला हूँ उन लोगों के लिए (जो) ईमान रखते हैं। (188)

वही है जिस ने तुम्हें एक जान से पैदा किया, उस से बनाया उस का जोड़ा ताकि उस के पास सुकून हासिल करे, फिर जब मर्द ने उसे ढांप लिया तो उसे हलका सा हमल रहा, फिर वह उस को लिए फिरी, फिर जब वह बोझल हो गई तो दोनों ने अपने रब अल्लाह को पुकारा, अगर तू ने हमें सालेह बच्चा दिया तो हम ज़रूर तेरे शुक्र करने वालों में से होंगे। (189)

फिर जब अल्लाह ने उन्हें सालेह बच्चा दिया तो जो अल्लाह ने उन्हें दिया था उन्हों ने उस में शरीक ठहराए, सो अल्लाह उस से बरतर है जो वह शरीक ठहराते हैं (190)

क्या वह उन्हें शरीक ठहराते हैं जो कुछ भी पैदा नहीं करते बल्कि वह पैदा किए जाते हैं (ख़ालिक़ नहीं, मख़्लूक़ हैं)। (191)

और वह उन की मदद की क़ुदरत नहीं रखते और न ख़ुद अपनी मदद कर सकते हैं। (192)

और अगर तुम उन्हें हिदायत की तरफ़ बुलाओ तो वह तुम्हारी पैरवी न करें, तुम्हारे लिए बराबर है ख़्वाह तुम उन्हें बुलाओ या ख़ामोश रहो। (193)

बेशक तुम जिन्हें पुकारते हो अल्लाह के सिवा, वह तुम्हारे जैसे बन्दे हैं, फिर उन्हें पुकारो तो चाहिए था कि वह तुम्हें जवाब दें अगर तुम सच्चे हो। (194)

क्या उन के पाऊँ हैं जिन से वह चलते हैं, या उन के हाथ हैं जिन से वह पकड़ते हैं, या उन की आँखें हैं जिन से वह देखते हैं, या उन के कान हैं जिन से वह सुनते हैं, कह दें, पुकारो अपने शरीकों को, फिर मुझ पर दाओ चलो, पस मुझे मोहलत न दो। (195)

قُلْ لَّآ اَمْلِكُ لِنَفْسِىْ نَفْعًا وَّلَا ضَرًّا اِلَّا مَا شَآءَ اللّٰهُ ؕ وَلَوْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | अल्लाह चाहे | जो | मगर | नुक़्सान | और न | नफ़ा | अपनी ज़ात के लिए | मैं मालिक नहीं | कह दें |

كُنْتُ اَعْلَمُ الْغَيْبَ لَاسْتَكْثَرْتُ مِنَ الْخَيْرِ ۛۚ وَمَا مَسَّنِىَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहुँचती मुझे | और न | बहुत भलाई | से | मैं अलबत्ता जमा कर लेता | ग़ैब | जानता | मैं होता |

السُّوْٓءُ ۛۚ اِنْ اَنَا اِلَّا نَذِيْرٌ وَّبَشِيْرٌ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿١٨٨﴾ هُوَ الَّذِىْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो-जिस | वह | 188 | ईमान रखते हैं | लोगों के लिए | और ख़ुशख़बरी सुनाने वाला | डराने वाला | मगर (सिर्फ़) | मैं | बस (फ़क़त) | कोई बुराई |

ع ٢٤ ١٣ معانقة ٨ عند المتأخرين ١٢

خَلَقَكُمْ مِّنْ نَّفْسٍ وَّاحِدَةٍ وَّجَعَلَ مِنْهَا زَوْجَهَا لِيَسْكُنَ اِلَيْهَا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की तरफ़ (पास) | ताकि वह सुकून हासिल करे | उस का जोड़ा | उस से | और बनाया | एक | जान | से | पैदा किया तुम्हें |

فَلَمَّا تَغَشّٰىهَا حَمَلَتْ حَمْلًا خَفِيْفًا فَمَرَّتْ بِهٖ ۚ فَلَمَّآ اَثْقَلَتْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बोझल हो गई | फिर जब | उस के साथ (उसको) | फिर वह लिए फिरी | हलका सा | हमल | उसे हमल रहा | मर्द ने उस को ढांप लिया | फिर जब |

دَّعَوَا اللّٰهَ رَبَّهُمَا لَئِنْ اٰتَيْتَنَا صَالِحًا لَّنَكُوْنَنَّ مِنَ الشّٰكِرِيْنَ ﴿١٨٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 189 | शुक्र करने वाले | से | हम ज़रूर होंगे | सालेह | तू ने हमें दिया | अगर | दोनों का (अपना) रब | दोनों ने पुकारा अल्लाह को |

فَلَمَّآ اٰتٰىهُمَا صَالِحًا جَعَلَا لَهٗ شُرَكَآءَ فِيْمَآ اٰتٰىهُمَا ۚ فَتَعٰلَى اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो अल्लाह बरतर | उन्हें दिया | उस में जो | शरीक | उस के | उन दोनों ने ठहराए | सालेह बच्चा | उस ने दिया उन्हें | फिर जब |

عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿١٩٠﴾ اَيُشْرِكُوْنَ مَا لَا يَخْلُقُ شَيْئًا وَّهُمْ يُخْلَقُوْنَ ﴿١٩١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 191 | पैदा किए जाते हैं | और वह | कुछ भी | नहीं पैदा करते | जो | क्या वह शरीक ठहराते हैं | 190 | वह शरीक करते हैं | उस से जो |

وَلَا يَسْتَطِيْعُوْنَ لَهُمْ نَصْرًا وَّلَآ اَنْفُسَهُمْ يَنْصُرُوْنَ ﴿١٩٢﴾ وَاِنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | 192 | मदद करते हैं | ख़ुद अपनी | और न | मदद | उन की | वह क़ुदरत नहीं रखते |

تَدْعُوْهُمْ اِلَى الْهُدٰى لَا يَتَّبِعُوْكُمْ ؕ سَوَآءٌ عَلَيْكُمْ اَدَعَوْتُمُوْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़्वाह तुम उन्हें बुलाओ | तुम पर (तुम्हारे लिए) | बराबर | न पैरवी करें तुम्हारी | हिदायत | तरफ़ | तुम उन्हें बुलाओ |

اَمْ اَنْتُمْ صَامِتُوْنَ ﴿١٩٣﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए अल्लाह | से | तुम पुकारते हो | वह जिन्हें | बेशक | 193 | ख़ामोश रहो | या तुम |

عِبَادٌ اَمْثَالُكُمْ فَادْعُوْهُمْ فَلْيَسْتَجِيْبُوْا لَكُمْ اِنْ كُنْتُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम हो | अगर | तुम्हें | फिर चाहिए कि वह जवाब दें | पस पुकारो उन्हें | तुम्हारे जैसे | बन्दे |

صٰدِقِيْنَ ﴿١٩٤﴾ اَلَهُمْ اَرْجُلٌ يَّمْشُوْنَ بِهَآ ۫ اَمْ لَهُمْ اَيْدٍ يَّبْطِشُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह पकड़ते हैं | उन के हाथ | या | उन से | वह चलते हैं | क्या उन के पाऊँ | 194 | सच्चे |

بِهَآ ۫ اَمْ لَهُمْ اَعْيُنٌ يُّبْصِرُوْنَ بِهَآ اَمْ لَهُمْ اٰذَانٌ يَّسْمَعُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुनते हैं | कान | या उन के | उन से | देखते हैं | आँखें | उन की | या | उन से |

بِهَا ؕ قُلِ ادْعُوْا شُرَكَآءَكُمْ ثُمَّ كِيْدُوْنِ فَلَا تُنْظِرُوْنِ ﴿١٩٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 195 | पस न दो मुझे मोहलत | मुझ पर दाओ चलो | फिर | अपने शरीक | पुकारो | कह दें | उन से |

اِنَّ وَلِـيِّۦَ اللّٰهُ الَّـذِىْ نَـزَّلَ الْـكِـتٰـبَ ۖ وَهُـوَ يَتَوَلَّى الصّٰلِحِيْنَ ﴿١٩٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 196 | नेक बन्दे | हिमायत करता है | और वह | किताब | नाज़िल कि | वह जिस | अल्लाह | मेरा कारसाज़ | बेशक |

وَالَّـذِيْـنَ تَـدْعُـوْنَ مِـنْ دُوْنِـهٖ لَا يَـسْـتَـطِـيْـعُـوْنَ نَـصْـرَكُـمْ وَلَاۤ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न | तुम्हारी मदद | कुदरत रखते वह | नही | उस के सिवा | पुकारते हैं | और जो लोग |

اَنْفُسَهُمْ يَـنْـصُـرُوْنَ ﴿١٩٧﴾ وَاِنْ تَـدْعُـوْهُـمْ اِلَـى الْـهُـدٰى لَا يَـسْمَعُوْا ۖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न सुनें वह | हिदायत | तरफ़ | तुम पुकारो उन्हें | और अगर | 197 | वह मदद करें | खुद अपनी |

وَتَـرٰىـهُـمْ يَـنْـظُـرُوْنَ اِلَـيْـكَ وَهُـمْ لَا يُـبْـصِـرُوْنَ ﴿١٩٨﴾ خُـذِ الْعَفْوَ وَاْمُـرْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हुक्म दें | दरगुज़र | पकड़ें (करें) | 198 | नही देखते है | हालाकि | तेरी तरफ़ | वह तकते है | और तू उन्हें देखता है |

بِـالْـعُـرْفِ وَاَعْـرِضْ عَـنِ الْـجٰـهِـلِـيْـنَ ﴿١٩٩﴾ وَاِمَّـا يَـنْـزَغَـنَّـكَ مِـنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तुझे उभारे | और अगर | 199 | जाहिल (जमा) | से | और मुँह फेर लें | भलाई का |

الشَّيْطٰنِ نَـزْغٌ فَاسْتَعِذْ بِـاللّٰهِ ۭ اِنَّـهٗ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٢٠٠﴾ اِنَّ الَّـذِيْـنَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो लोग | बेशक | 200 | जानने वाला | सुनन वाला | बेशक वह | अल्लाह की | तो पनाह में आजा | कोई छेड़ | शैतान |

اتَّـقَـوْا اِذَا مَـسَّـهُـمْ طٰـۤـىِٕـفٌ مِّـنَ الـشَّـيْـطٰـنِ تَـذَكَّـرُوْا فَـاِذَا هُـمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह | तो फ़ौरन | वह याद करते है | शैतान | से | कोई गुजरने वाला (वस्वसा) | उन्हें छूता है (पहुँचता है) | जब | डरते हैं |

مُّبْصِرُوْنَ ﴿٢٠١﴾ وَاِخْوَانُهُمْ يَمُدُّوْنَهُمْ فِى الْغَيِّ ثُمَّ لَا يُقْصِرُوْنَ ﴿٢٠٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 202 | वह कमी नहीं करते | फिर | गुमराही | में | वह उन्हें खींचते है | और उन के भाई | 201 | देख लेते है |

وَاِذَا لَـمْ تَـاْتِـهِـمْ بِـاٰيَـةٍ قَـالُـوْا لَـوْلَا اجْتَبَيْتَهَا ۭ قُـلْ اِنَّـمَاۤ اَتَّـبِـعُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं पैरवी करता हूँ | सिर्फ़ | कह दें | उसे घड़ लिया | क्यों नही | कहते है | कोई आयत | तुम न लाओ उन के पास | और जब |

مَـا يُـوْحٰـى اِلَـيَّ مِـنْ رَّبِّــيْ ۚ هٰـذَا بَـصَـآىِٕـرُ مِـنْ رَّبِّـكُـمْ وَهُـدًى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हिदायत | तुम्हारा रब | से | सूझ की बातें | यह | मेरा रब | से | मेरी तरफ़ | जो वहि की जाती है |

وَّرَحْـمَـةٌ لِّـقَـوْمٍ يُّـؤْمِـنُـوْنَ ﴿٢٠٣﴾ وَاِذَا قُـرِئَ الْـقُـرْاٰنُ فَـاسْـتَـمِـعُـوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो सुनो | कुरआन | पढ़ा जाए | और जब | 203 | ईमान रखते हैं | लोगों के लिए | और रहमत |

لَـهٗ وَاَنْـصِـتُـوْا لَـعَـلَّـكُـمْ تُـرْحَـمُـوْنَ ﴿٢٠٤﴾ وَاذْكُـرْ رَّبَّـكَ فِـيْ نَفْسِكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना दिल | में | अपना रब | और याद करो | 204 | रह्म किया जाए | ताकि तुम पर | और चुप रहो | उस को |

تَـضَـرُّعًـا وَّخِـيْـفَـةً وَّدُوْنَ الْـجَـهْـرِ مِـنَ الْـقَـوْلِ بِـالْـغُـدُوِّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सुबह | आवाज़ | से | बुलन्द | और बग़ैर | और डरते हुए | आजिज़ी से |

وَالْاٰصَـالِ وَلَا تَـكُـنْ مِّـنَ الْـغٰـفِـلِـيْـنَ ﴿٢٠٥﴾ اِنَّ الَّـذِيْـنَ عِـنْـدَ رَبِّـكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरा रब | नज़्दीक | जो लोग | बेशक | 205 | बेख़बर (जमा) | से | और न हो | और शाम |

ع ٢٤ ٨ ١٣ السجدة ١ اللازمة لَا يَـسْـتَـكْـبِـرُوْنَ عَـنْ عِـبَـادَتِـهٖ وَيُـسَـبِّـحُـوْنَـهٗ وَلَـهٗ يَـسْـجُـدُوْنَ ﴿٢٠٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 206 | सिज्दा करते हैं | और उसी को | और उस की तस्बीह करते हैं | उस की इबादत | से | तकब्बुर नहीं करते |

बेशक मेरा कारसाज़ अल्लाह है, जिस ने किताब नाजिल की और वह नेक बन्दों की हिमायत करता है। (196)

और उस (अल्लाह) के सिवा जिन को तुम पुकारते हो, वह कुदरत नहीं रखते तुम्हारी मदद की और न खुद अपनी मदद ही करने के क़ाबिल हैं। (197)

और अगर तुम उन्हें पुकारो हिदायत की तरफ़ तो वह (कुछ) न सुनें और तू उन्हें देखता है कि वह तेरी तरफ़ तकते हैं हालांकि वह (कुछ) नहीं देखते। (198)

आप (स) दरगुज़र करें और भलाई का हुक्म दें और जाहिलों से मुँह फेर लें। (199)

और अगर तुझे उभारे शैतान की तरफ़ से कोई छेड़ तो अल्लाह की पनाह में आजा, बेशक वह सुनने वाला जानने वाला है। (200)

बेशक जो लोग (अल्लाह से) डरते हैं जब उन्हें पहुँचता है शैतान (की तरफ़ से) कोई वस्वसा, वह (अल्लाह को) याद करते हैं तो वह फ़ौरन (राहे सवाब) देख लेते हैं। (201)

और उन (शैतानों) के भाई उन्हें गुमराही में खींचते हैं, फिर वह कमी नहीं करते। (202)

और जब तुम उन के पास कोई आयत न लाओ तो वह कहते हैं: तू क्यों नहीं (खुद) घड़ लेता, आप (स) कह दें मैं तो सिर्फ़ उस की पैरवी करता हूँ जो मेरे रब की तरफ़ से मेरी तरफ़ वहि की जाती है, यह (कुरआन) सूझ की बातें हैं तुम्हारे रब की तरफ़ से, और हिदायत ओ रहमत उन लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं। (203)

और जब कुरआन पढ़ा जाए तो (पूरी तवज्जुह) से सुनो उस को और चुप रहो ताकि तुम पर रह्म किया जाए। (204)

और अपने रब को याद करो अपने दिल में आजिज़ी से और डरते हुए और बुलन्द आवाज़ के बग़ैर सुबह ओ शाम, और बेख़बरों से न हो। (205)

बेशक जो लोग तेरे रब के नज़्दीक हैं, वह उस की इबादत से तकब्बुर नहीं करते और उस की तस्बीह करते हैं और उसी को सिज्दा करते हैं। (206)

## آيَاتُهَا ٧٥ ❀ (٨) سُوْرَةُ الْاَنْفَالِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٠

आयात 75 | (8) सूरतुल अंफ़ाल (ग़नाइम) | रुकूआत 10

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يَسْـَٔلُوْنَكَ عَنِ الْاَنْفَالِ قُلِ الْاَنْفَالُ لِلّٰهِ وَالرَّسُوْلِ فَاتَّقُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) से पूछते हैं | से (बारे में) | ग़नीमत | कह दें | ग़नीमत | अल्लाह के लिए | और रसूल | पस डरो |

اللّٰهَ وَاَصْلِحُوْا ذَاتَ بَيْنِكُمْ وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗٓ اِنْ كُنْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और दुरुस्त करो | अपने तईं | आपस में | और अल्लाह की इताअ़त करो | और उस का रसूल | अगर | तुम हो |

مُّؤْمِنِيْنَ ١ اِنَّمَا الْمُؤْمِنُوْنَ الَّذِيْنَ اِذَا ذُكِرَ اللّٰهُ وَجِلَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मोमिन (जमा) | 1 | दरहक़ीक़त | मोमिन (जमा) | वह लोग | जब | ज़िक्र किया जाए अल्लाह का | डर जाएं |

قُلُوْبُهُمْ وَاِذَا تُلِيَتْ عَلَيْهِمْ اٰيٰتُهٗ زَادَتْهُمْ اِيْمَانًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के दिल | और जब | पढ़ी जाएं | उन पर | उस की आयात | वह ज़ियादा करें | ईमान |

وَّعَلٰى رَبِّهِمْ يَتَوَكَّلُوْنَ ٢ الَّذِيْنَ يُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَمِمَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह अपने रब पर | भरोसा करते हैं | 2 | वह लोग जो | क़ाइम करते हैं | नमाज़ | और उस से जो |

رَزَقْنٰهُمْ يُنْفِقُوْنَ ٣ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ حَقًّا لَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने उन्हें दिया | वह ख़र्च करते हैं | 3 | यही लोग | वह | मोमिन (जमा) | सच्चे | उन के लिए |

دَرَجٰتٌ عِنْدَ رَبِّهِمْ وَمَغْفِرَةٌ وَّرِزْقٌ كَرِيْمٌ ٤ كَمَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दरजे | पास | उन का रब | और बख़्शिश | और रिज़्क़ | इज़्ज़त वाला | 4 | जैसा कि |

اَخْرَجَكَ رَبُّكَ مِنْ بَيْتِكَ بِالْحَقِّ وَاِنَّ فَرِيْقًا مِّنَ الْمُؤْمِنِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) को निकाला | आप का रब | से | आप का घर | हक़ के साथ | और बेशक | एक जमाअ़त | से (का) | अहले ईमान |

لَكٰرِهُوْنَ ٥ يُجَادِلُوْنَكَ فِي الْحَقِّ بَعْدَ مَا تَبَيَّنَ كَاَنَّمَا يُسَاقُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नाख़ुश | 5 | वह आप (स) से झगड़ते थे | में | हक़ | बाद | जबकि | वह ज़ाहिर हो चुका | गोया कि वह | हांके जा रहे हैं |

اِلَى الْمَوْتِ وَهُمْ يَنْظُرُوْنَ ٦ وَاِذْ يَعِدُكُمُ اللّٰهُ اِحْدَى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | मौत | और वह | देख रह हैं | 6 | और जब | तुम्हें वादा देता था | अल्लाह | एक का |

الطَّآئِفَتَيْنِ اَنَّهَا لَكُمْ وَتَوَدُّوْنَ اَنَّ غَيْرَ ذَاتِ الشَّوْكَةِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दो गिरोह | कि वह | तुम्हारे लिए | और चाहते थे | कि | बग़ैर कांटे वाला |

تَكُوْنُ لَكُمْ وَيُرِيْدُ اللّٰهُ اَنْ يُّحِقَّ الْحَقَّ بِكَلِمٰتِهٖ وَيَقْطَعَ دَابِرَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हो | तुम्हारे लिए | और चाहता था अल्लाह | कि | साबित कर दे | हक़ | अपने कलिमात से | और काट दे | जड़ |

الْكٰفِرِيْنَ ٧ لِيُحِقَّ الْحَقَّ وَيُبْطِلَ الْبَاطِلَ وَلَوْ كَرِهَ الْمُجْرِمُوْنَ ٨

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काफ़िर (जमा) | 7 | ताकि हक़ साबित करदे | हक़ | और बातिल साबित करदे | बातिल | ख़ाह | नापसन्द करें | मुज्रिम (जमा) | 8 |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

आप (स) से ग़नीमत के बारे में पूछते हैं, कह दें ग़नीमत अल्लाह और रसूल (स) के लिए है, पस अल्लाह से डरो और दुरुस्त करो आपस में (तअल्लुक़ात) और अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअ़त करो अगर तुम मोमिन हो। (1)

दरहक़ीक़त मोमिन वह लोग हैं जब अल्लाह का ज़िक्र किया जाए तो उन के दिल डर जाएं और उन पर (उन के सामने) उस की आयतें पढ़ी जाएं तो वह (आयात) उन का ईमान ज़ियादा करें, और वह अपने रब पर भरोसा करते हैं। (2)

वह लोग जो नमाज़ क़ाइम करते हैं और जो हम ने दिया उस में से ख़र्च करते हैं। (3)

यही लोग सच्चे मोमिन हैं, उन के लिए उन के रब के पास दरजे हैं और बख़्शिश और रिज़्क़ इज़्ज़त वाला। (4)

जैसा कि आप (स) को आप (स) के रब ने आप (स) के घर से हक़ (दुरुस्त तदबीर) के साथ निकाला, और बेशक अहले ईमान की एक जमाअ़त नाख़ुश थी। (5)

वह आप (स) से हक़ के मामले में झगड़ते थे जबकि वह ज़ाहिर हो चुका, गोया कि वह हांके जा रहे हैं मौत की तरफ़, और वह (उसे) देख रहे हैं। (6)

और (याद करो) अल्लाह तुम्हें वादा देता था कि (अबू जहल और अबू सुफ़ियान के) दो गिरोहों में से एक तुम्हारे लिए और तुम चाहते थे कि (जिस में) कांटा न लगे तुम्हारे लिए हो, और अल्लाह चाहता था कि साबित कर दे हक़ अपने कलिमात से, और काफ़िरों की जड़ काट दे। (7)

ताकि हक़ को हक़ साबित कर दे और बातिल को बातिल, ख़ाह मुज्रिम नापसन्द करें। (8)

إِذْ تَسْتَغِيْثُوْنَ رَبَّكُمْ فَاسْتَجَابَ لَكُمْ اَنِّيْ مُمِدُّكُمْ بِاَلْفٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक हज़ार | मदद करूंगा तुम्हारी | कि मैं | तुम्हारी | तो उस ने कुबूल करली | अपना रब | तुम फ़र्याद करते थे | जब |

مِّنَ الْمَلٰٓئِكَةِ مُرْدِفِيْنَ ﴿٩﴾ وَمَا جَعَلَهُ اللّٰهُ اِلَّا بُشْرٰى وَلِتَطْمَئِنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ताकि मुत्मइन हों | ख़ुशख़बरी | मगर | अल्लाह ने बनाया उसे | और नहीं | 9 | एक दूसरे के पीछे (लगातार) | फ़रिश्ते | से |

بِهٖ قُلُوْبُكُمْ ۚ وَمَا النَّصْرُ اِلَّا مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ ۚ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ालिब | बेशक अल्लाह | अल्लाह के पास | से | मगर | मदद | और नहीं | तुम्हारे दिल | उस से |

ع ١ ١٠ ١٥ حَكِيْمٌ ﴿١٠﴾ اِذْ يُغَشِّيْكُمُ النُّعَاسَ اَمَنَةً مِّنْهُ وَيُنَزِّلُ عَلَيْكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पर | और उतारा उस ने | उस से | तस्कीन | ऊँघ | तुम्हें ढाँप लिया (तारी कर दी) | जब | 10 | हिक्मत वाला |

مِّنَ السَّمَآءِ مَآءً لِّيُطَهِّرَكُمْ بِهٖ وَيُذْهِبَ عَنْكُمْ رِجْزَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पलीदी (नापाकी) | तुम से | और दूर कर दे | उस से | ताकि पाक कर दे तुम्हें | पानी | आस्मान | से |

الشَّيْطٰنِ وَلِيَرْبِطَ عَلٰى قُلُوْبِكُمْ وَيُثَبِّتَ بِهِ الْاَقْدَامَ ﴿١١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | क़दम | उस से | और जमा दे | तुम्हारे दिल | पर | और ताकि बान्ध दे (मज़बूत करदे) | शैतान |

اِذْ يُوْحِيْ رَبُّكَ اِلَى الْمَلٰٓئِكَةِ اَنِّيْ مَعَكُمْ فَثَبِّتُوا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाए (मोमिन) | जो लोग | तुम साबित रखो | तुम्हारे साथ | कि मैं | फ़रिश्ते | तरफ़ (को) | तेरा रब | जब वहि भेजी |

سَاُلْقِيْ فِيْ قُلُوْبِ الَّذِيْنَ كَفَرُوا الرُّعْبَ فَاضْرِبُوْا فَوْقَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऊपर | सो तुम ज़र्ब लगाओ | रुअब | कुफ्र किया (काफ़िर) | जिन लोगों ने | दिल (जमा) | में | अनक़रीब डाल दूँगा |

الْاَعْنَاقِ وَاضْرِبُوْا مِنْهُمْ كُلَّ بَنَانٍ ﴿١٢﴾ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि वह | यह इस लिए | 12 | पूर | हर | उन से (उन की) | और ज़र्ब लगाओ | गर्दनें |

شَآقُّوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۚ وَمَنْ يُّشَاقِقِ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ فَاِنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक | और उस का रसूल | अल्लाह | मुख़ालिफ़ होगा | और जो | और उस का रसूल | अल्लाह | मुख़ालिफ़ हुए |

اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿١٣﴾ ذٰلِكُمْ فَذُوْقُوْهُ وَاَنَّ لِلْكٰفِرِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काफ़िरों के लिए | और यक़ीनन | पस चखो | तो तुम | 13 | अज़ाब (मार) | सख़्त | अल्लाह |

عَذَابَ النَّارِ ﴿١٤﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا لَقِيْتُمُ الَّذِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन लोगों से | तुम्हारी मुडभेड़ हो | जब | ईमान लाए | जो लोग | ऐ | 14 | दोज़ख़ | अज़ाब |

كَفَرُوْا زَحْفًا فَلَا تُوَلُّوْهُمُ الْاَدْبَارَ ﴿١٥﴾ وَمَنْ يُّوَلِّهِمْ يَوْمَئِذٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस दिन | उन से फेरे | और जो कोई | 15 | पीठ (जमा) | तो उन से न फेरो | (मैदाने जंग में) लड़ने को | कुफ्र किया |

دُبُرَهٗٓ اِلَّا مُتَحَرِّفًا لِّقِتَالٍ اَوْ مُتَحَيِّزًا اِلٰى فِئَةٍ فَقَدْ بَآءَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस वह लौटा | अपनी जमाअत | तरफ़ | या जा मिलने को | जंग के लिए | घात लगाता हुआ | सिवाए | अपनी पीठ |

بِغَضَبٍ مِّنَ اللّٰهِ وَمَاْوٰىهُ جَهَنَّمُ ۚ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿١٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पलटने की जगह (ठिकाना) | और बुरी | जहन्नम | और उस का ठिकाना | अल्लाह | से | ग़ज़ब के साथ |

(याद करो) जब तुम अपने रब से फ़र्याद करते थे तो उस ने तुम्हारी (दुआ) कुबूल कर ली कि मैं तुम्हारी मदद करूँगा एक हजार लगातार आने वाले फ़रिश्तों से। (9)

और अल्लाह ने उस को नहीं बनाया मगर ख़ुशख़बरी, और ताकि उस से मुत्मइन हों तुम्हारे दिल, और मदद नहीं है मगर अल्लाह के पास से, बेशक अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (10)

(याद करो) जब उस ने तुम पर ऊँघ तारी कर दी, यह उस (अल्लाह) की तरफ़ से तस्कीन (थी) और तुम पर आस्मान से पानी उतारा ताकि तुम्हें पाक कर दे उस से, और तुम से शैतान की डाली हुई नापाकी दूर कर दे, और ताकि तुम्हारे दिल मज़बूत कर दे, और उस से जमा दे (तुम्हारे) क़दम। (11)

(याद करो) जब तुम्हारे रब ने फ़रिश्तों को वहि भेजी कि मैं तुम्हारे साथ हूँ, तुम साबित रखो मोमिनों के (दिल), मैं अनक़रीब काफ़िरों के दिलों में रुअब डाल दूँगा, तुम उन की गर्दनों के ऊपर ज़र्ब लगाओ और उन के एक एक पूर पर ज़र्ब लगाओ। (12)

यह इस लिए हुआ कि वह अल्लाह और उस के रसूल के मुख़ालिफ़ हुए और जो अल्लाह और उस के रसूल का मुख़ालिफ़ होगा (वह याद रखे) बेशक अल्लाह की मार सख़्त है। (13)

तो तुम यह चखो और यक़ीनन काफ़िरों के लिए दोज़ख़ का अज़ाब है। (14)

ऐ ईमान वालो, जब उन से तुम्हारी मुडभेड़ हो जिन्हों ने कुफ़्र किया मैदाने जंग में तो उन से पीठ न फेरो। (15)

और जो कोई उस दिन उन से अपनी पीठ फेरे सिवाए उस के कि घात लगाता हो जंग के लिए या अपनी जमाअत की तरफ़ जा मिलने को, पस वह लौटा अल्लाह के ग़ज़ब के साथ और उस का ठिकाना जहन्नम है, और यह बुरा ठिकाना है। (16)

सो तुम ने उन्हें क़त्ल नहीं किया बल्कि अल्लाह ने उन्हें क़त्ल किया, और आप (स) ने (मुट्ठी भर ख़ाक) नहीं फेंकी जब आप (स) ने फेंकी बल्कि अल्लाह ने फेंकी, और ताकि मोमिनों को एक बेहतरीन आज़माइश से कामयाबी के साथ गुज़ार दे। बेशक अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। **(17)**

यह तो हुआ, और यह कि अल्लाह काफ़िरों का दाओ सुस्त करने वाला है। **(18)**

(काफ़िरो!) अगर तुम फ़ैसला चाहते हो तो अलबत्ता तुम्हारे पास फ़ैसला (इस्लाम की फ़त्ह की सूरत में) आगया है, और अगर तुम बाज़ आजाओ तो वह तुम्हारे लिए बेहतर है, और अगर फिर (यही) करोगे तो हम (भी) फिर करेंगे और तुम्हारा जत्था हरगिज़ तुम्हारे काम न आएगा ख़ाह उस की कस्रत हो और बेशक अल्लाह मोमिनों के साथ है। **(19)**

ऐ ईमान वालो! अल्लाह और उस के रसूल का हुक्म मानो, और उस से न फिरो जबकि तुम सुनते हो। **(20)**

और उन लोगों की तरह न हो जाओ जिन्हों ने कहा हम ने सुना, हालांकि वह सुनते नहीं। **(21)**

बेशक जानवरों से बदतरीन अल्लाह के नज़दीक (वह हैं जो) बहरे गूंगे हैं, जो समझते नहीं। **(22)**

और अगर अल्लाह उन में कोई भलाई जानता तो उन्हें ज़रूर सुना देता, और अगर अल्लाह उन्हें सुना दे तो ज़रूर फिर जाएं, और वह मुँह फेरने वाले हैं। **(23)**

ऐ ईमान वालो! अल्लाह और उस के रसूल (की दावत) कुबूल करो जब वह तुम्हें उस के लिए बुलाएं जो तुम्हें ज़िन्दगी बख़्शे और जान लो कि अल्लाह हाइल हो जाता है आदमी और उस के दिल के दरमियान, और यह कि तुम उसी की तरफ़ (रोज़े हश्र) उठाए जाओगे। **(24)**

और उस फ़ित्ने से डरो जो न पहुँचेगा तुम में से ख़ास तौर पर उन लोगों को जिन्हों ने ज़ुल्म किया, और जान लो कि अल्लाह शदीद अज़ाब देने वाला है। **(25)**

فَلَمْ تَقْتُلُوهُمْ وَلَٰكِنَّ اللَّهَ قَتَلَهُمْ ۚ وَمَا رَمَيْتَ إِذْ رَمَيْتَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आप ने फेंकी | जब | और आप (स) ने न फेंकी थी | उन्हें क़त्ल किया | अल्लाह | बल्कि | सो तुम ने नहीं क़त्ल किया उन्हें |

وَلَٰكِنَّ اللَّهَ رَمَىٰ ۚ وَلِيُبْلِيَ الْمُؤْمِنِينَ مِنْهُ بَلَاءً حَسَنًا ۚ إِنَّ اللَّهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक अल्लाह | अच्छा | आज़माइश | अपनी तरफ़ से | मोमिन (जमा) | और ताकि आज़माए | फेंकी | अल्लाह | बल्कि |

سَمِيعٌ عَلِيمٌ ﴿١٧﴾ ذَٰلِكُمْ وَأَنَّ اللَّهَ مُوهِنُ كَيْدِ الْكَافِرِينَ ﴿١٨﴾ إِنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | 18 | काफ़िर (जमा) | मक्र दाओ | सुस्त करने वाला | और यह कि अल्लाह | यह तो हुआ | 17 | जानने वाला | सुनने वाला |

تَسْتَفْتِحُوا فَقَدْ جَاءَكُمُ الْفَتْحُ ۖ وَإِنْ تَنْتَهُوا فَهُوَ خَيْرٌ لَكُمْ ۖ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | बेहतर | तो वह | तुम बाज़ आजाओ | और अगर | फ़ैसला | आगया तुम्हारे पास | तो अलबत्ता | तुम फ़ैसला चाहते हो |

وَإِنْ تَعُودُوا نَعُدْ ۚ وَلَنْ تُغْنِيَ عَنْكُمْ فِئَتُكُمْ شَيْئًا وَلَوْ كَثُرَتْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ख़ाह कस्रत हो | कुछ | तुम्हारा जत्था | तुम्हारे | काम आएगा | और हरगिज़ न | हम फिर करेंगे | फिर करोगे | और अगर |

وَأَنَّ اللَّهَ مَعَ الْمُؤْمِنِينَ ﴿١٩﴾ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا أَطِيعُوا ع ٢ ١٦

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हुक्म मानो | ईमान लाए | वह लाग जो | ऐ | 19 | मोमिन (जमा) | साथ | और बेशक अल्लाह |

اللَّهَ وَرَسُولَهُ وَلَا تَوَلَّوْا عَنْهُ وَأَنْتُمْ تَسْمَعُونَ ﴿٢٠﴾ وَلَا تَكُونُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न हो जाओ | 20 | सुनते हो | जबकि तुम | उस से | और मत फिरो | अल्लाह और उस का रसूल |

كَالَّذِينَ قَالُوا سَمِعْنَا وَهُمْ لَا يَسْمَعُونَ ﴿٢١﴾ إِنَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक | 21 | वह नहीं सुनते | हालांकि | हम ने सुना | उन्हों ने कहा | उन लोगों की तरह जो |

شَرَّ الدَّوَابِّ عِنْدَ اللَّهِ الصُّمُّ الْبُكْمُ الَّذِينَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो कि | गूंगे | बहरे | अल्लाह के नज़दीक | जानवर (जमा) | बदतरीन |

لَا يَعْقِلُونَ ﴿٢٢﴾ وَلَوْ عَلِمَ اللَّهُ فِيهِمْ خَيْرًا لَأَسْمَعَهُمْ ۖ وَلَوْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | तो ज़रूर सुना देता उन को | कोई भलाई | उन में | जानता अल्लाह | और अगर | 22 | समझते नहीं |

أَسْمَعَهُمْ لَتَوَلَّوْا وَهُمْ مُعْرِضُونَ ﴿٢٣﴾ يَا أَيُّهَا الَّذِينَ آمَنُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाए | वह लोग जो | ऐ | 23 | मुँह फेरने वाले | और वह | वह ज़रूर फिर जाएं | उन्हें सुना दे |

اسْتَجِيبُوا لِلَّهِ وَلِلرَّسُولِ إِذَا دَعَاكُمْ لِمَا يُحْيِيكُمْ ۖ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उस के लिए जो ज़िन्दगी बख़्शे तुम्हें | वह बुलाएं तुम्हें | जब | और उसके रसूल का | अल्लाह का | कुबूल कर लो |

وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ يَحُولُ بَيْنَ الْمَرْءِ وَقَلْبِهِ وَأَنَّهُ إِلَيْهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की तरफ़ | और यह कि | और उस का दिल | आदमी | दरमियान | हाइल हो जाता है | कि अल्लाह | और जान लो |

تُحْشَرُونَ ﴿٢٤﴾ وَاتَّقُوا فِتْنَةً لَا تُصِيبَنَّ الَّذِينَ ظَلَمُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने ज़ुल्म किया | वह लोग जो | न पहुँचेगा | वह फ़ित्ना | और डरो | 24 | तुम उठाए जाओगे |

مِنْكُمْ خَاصَّةً ۖ وَاعْلَمُوا أَنَّ اللَّهَ شَدِيدُ الْعِقَابِ ﴿٢٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | अज़ाब | शदीद | कि अल्लाह | और जान लो | ख़ास तौर पर | तुम में से |

وَاذْكُرُوْٓا اِذْ اَنْتُمْ قَلِيْلٌ مُّسْتَضْعَفُوْنَ فِي الْاَرْضِ تَخَافُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम डरते थे | ज़मीन | में | ज़ईफ़ (कमज़ोर) समझे जाते थे | थोड़े | तुम | जब | और याद करो |

اَنْ يَّتَخَطَّفَكُمُ النَّاسُ فَاٰوٰىكُمْ وَاَيَّدَكُمْ بِنَصْرِهٖ وَرَزَقَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हें रिज़्क़ दिया | अपनी मदद से | और तुम्हें कुव्वत दी | पस ठिकाना दिया उस ने तुम्हें | लोग | उचक ले जाएं तुम्हें | कि |

مِّنَ الطَّيِّبٰتِ لَعَلَّكُمْ تَشْكُرُوْنَ ﴿٢٦﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाए | वह लोग जो | ऐ | 26 | शुक्र गुज़ार हो जाओ | ताकि तुम | पाकीज़ा चीज़ें | से |

لَا تَخُوْنُوا اللّٰهَ وَالرَّسُوْلَ وَتَخُوْنُوْٓا اَمٰنٰتِكُمْ وَاَنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ﴿٢٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | जानते हो | जब कि तुम | अपनी अमानतें | और न ख़ियानत करो | और रसूल | अल्लाह | ख़ियानत न करो |

وَاعْلَمُوْٓا اَنَّمَآ اَمْوَالُكُمْ وَاَوْلَادُكُمْ فِتْنَةٌ ۙ وَّاَنَّ اللّٰهَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और यह कि अल्लाह | बड़ी आज़माइश | और तुम्हारी औलाद | तुम्हारे माल | दरहक़ीक़त | और जान लो |

ع ٣ ١٤ عِنْدَهٗٓ اَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿٢٨﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِنْ تَتَّقُوا اللّٰهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम अल्लाह से डरोगे | अगर | ईमान लाए | वह लोग जो | ऐ | 28 | बड़ा | अजर | पास |

يَجْعَلْ لَّكُمْ فُرْقَانًا وَّيُكَفِّرْ عَنْكُمْ سَيِّاٰتِكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और बख़्श देगा तुम्हें | तुम्हारी बुराइयां | तुम से | और दूर कर देगा | फ़ुरक़ान | तुम्हारे लिए | वह बना देगा |

وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ﴿٢٩﴾ وَاِذْ يَمْكُرُ بِكَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुफ़्र किया (काफ़िर) | वह लोग जिन्हों ने | ख़ुफ़िया तदबीरें करते थे | और जब | 29 | बड़ा | फ़ज़्ल वाला | और अल्लाह |

لِيُثْبِتُوْكَ اَوْ يَقْتُلُوْكَ اَوْ يُخْرِجُوْكَ ۭ وَيَمْكُرُوْنَ وَيَمْكُرُ اللّٰهُ ۭ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और ख़ुफ़िया तदबीर करता है अल्लाह | और वह ख़ुफ़िया तदबीरें करते थे | या निकाल दें तुम्हें | या क़त्ल कर दें तुम्हें | तुम्हें क़ैद कर लें |

وَاللّٰهُ خَيْرُ الْمٰكِرِيْنَ ﴿٣٠﴾ وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ اٰيٰتُنَا قَالُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह कहते हैं | हमारी आयात | उन पर | पढ़ी जाती हैं | और जब | 30 | तदबीर करने वाला | बेहतरीन | और अल्लाह |

قَدْ سَمِعْنَا لَوْ نَشَاۗءُ لَقُلْنَا مِثْلَ هٰذَآ ۙ اِنْ هٰذَآ اِلَّآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर (सिर्फ़) | यह | नहीं | उस | मिस्ल | कि हम कह लें | अगर हम चाहें | अलबत्ता हम ने सुन लिया |

اَسَاطِيْرُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿٣١﴾ وَاِذْ قَالُوا اللّٰهُمَّ اِنْ كَانَ هٰذَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | है | अगर | ऐ अल्लाह | वह कहने लगे | और जब | 31 | पहले (अगले) | क़िस्से कहानियां |

هُوَ الْحَقَّ مِنْ عِنْدِكَ فَاَمْطِرْ عَلَيْنَا حِجَارَةً مِّنَ السَّمَاۗءِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान | से | पत्थर | हम पर | तो बरसा | तेरी तरफ़ | से | हक़ | वह |

اَوِ ائْتِنَا بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ﴿٣٢﴾ وَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيُعَذِّبَهُمْ وَاَنْتَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबकि आप (स) | कि उन्हें अज़ाब दे | अल्लाह | और नहीं है | 32 | दर्दनाक | अज़ाब | या ले आ हम पर |

فِيْهِمْ ۭ وَمَا كَانَ اللّٰهُ مُعَذِّبَهُمْ وَهُمْ يَسْتَغْفِرُوْنَ ﴿٣٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | बख़्शिश मांगते हों | जबकि वह | उन्हें अज़ाब देने वाला | अल्लाह | है | और नहीं | उन में |

और याद करो जब तुम ज़मीन में थोड़े थे, कमज़ोर समझे जाते थे, तुम डरते थे कि तुम्हें उचक ले जाएंगे लोग, पस उस ने तुम्हें ठिकाना दिया और अपनी मदद से कुव्वत दी और पाकीज़ा चीज़ों से तुम्हें रिज़्क़ दिया ताकि तुम शुक्र गुज़ार हो जाओ। (26)

ऐ ईमान वालो! ख़ियानत न करो अल्लाह की और रसूल (स) की, और ख़ियानत न करो अपनी अमानतों में जब कि तुम जानते हो (दीदा ओ दानिस्ता)। (27)

और जान लो कि दरहक़ीक़त तुम्हारे माल और तुम्हारी औलाद बड़ी आज़माइश है, और यह कि अल्लाह के पास बड़ा अजर है। (28)

ऐ ईमान वालो! अगर तुम अल्लाह से डरोगे तो वह तुम्हारे लिए बना देगा (हक़ को बातिल से जुदा करने वाला) फ़ुरक़ान और तुम से तुम्हारी बुराइयां दूर कर देगा और तुम्हें बख़्श देगा, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (29)

और (याद करो) जब काफ़िर आप (स) के बारे में ख़ुफ़िया तदबीरें करते थे कि आप (स) को क़ैद कर लें या क़त्ल कर दें या (मक्के से) निकाल दें, और वह ख़ुफ़िया तदबीरें करते थे और अल्लाह (भी) ख़ुफ़िया तदबीर करता है, और अल्लाह बेहतरीन तदबीर करने वाला है। (30)

और जब उन पर पढ़ी जाती हैं हमारी आयात तो वह कहते हैं अलबत्ता हम ने सुन लिया, अगर हम चाहें तो हम भी इस जैसी (आयात) कह लें, यह तो सिर्फ़ क़िस्से कहानियां हैं अगलों की। (31)

और जब वह कहने लगे ऐ अल्लाह! अगर तेरी तरफ़ से यही हक़ है तो बरसा हम पर आस्मान से पत्थर या हम पर दर्दनाक अज़ाब ले आ। (32)

और अल्लाह (ऐसा) नहीं है कि उन्हें अज़ाब दे जबकि आप (स) उन में हैं, और अल्लाह उन्हें अज़ाब देने वाला नहीं जबकि वह बख़्शिश मांग रहे हों। (33)

और उन में क्या है? कि अल्लाह उन्हें अज़ाब न दे जबकि वह मस्जिदे हराम से रोकते हैं, और वह नहीं हैं उस के मुतवल्ली। उस के मुतवल्ली तो सिर्फ़ मुत्तक़ी हैं, लेकिन उन में से अक्सर नहीं जानते। (34)

और ख़ाने कअ़्बा के नज़दीक उन की नमाज़ क्या होती है मगर सिर्फ़ सीटियाँ और तालियाँ, पस अज़ाब चखो उस के बदले जो तुम कुफ़्र करते थे। (35)

बेशक काफ़िर अपने माल ख़र्च करते हैं ताकि रोकें अल्लाह के रास्ते से, सो अब वह ख़र्च करेंगे, फिर उन पर हस्रत होगी, फिर वह मग़लूब होंगे, और काफ़िर जहन्नम की तरफ़ इकट्ठे किए जाएंगे। (36)

ताकि अल्लाह गन्दे को पाक से जुदा कर दे और गन्दे को एक दूसरे पर रखे, फिर सब को एक ढेर कर दे, फिर उस को जहन्नम में डाल दे, यही लोग हैं ख़सारा पाने वाले। (37)

काफ़िरों से कह दें अगर वह बाज़ आजाएं तो उन्हें माफ़ कर दिया जाएगा जो गुज़र चुका, और अगर वह फिर वही करें तो तहक़ीक़ पहलों की रविश गुज़र चुकी है। (38)

और उन से जंग करो यहां तक कि कोई फ़ित्ना न रहे और दीन पूरा का पूरा अल्लाह का हो जाए, फिर अगर वह बाज़ आजाएं तो बेशक अल्लाह देखने वाला है जो वह करते हैं। (39)

और अगर वह मुँह मोड़ लें तो जान लो कि अल्लाह तुम्हारा साथी है, क्या ख़ूब साथी और क्या ख़ूब मददगार है। (40)

وَمَا لَهُمْ اَلَّا يُعَذِّبَهُمُ اللّٰهُ وَهُمْ يَصُدُّوْنَ عَنِ الْمَسْجِدِ الْحَرَامِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मस्जिदे हराम | से | रोकते हैं | जबकि वह | अल्लाह उन्हें अज़ाब दे | कि न | उन के लिए (उन में) | और क्या |

وَمَا كَانُوْٓا اَوْلِيَآءَهٗ ؕ اِنْ اَوْلِيَآؤُهٗٓ اِلَّا الْمُتَّقُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मुत्तक़ी (जमा) | मगर (सिर्फ़) | उस के मुतवल्ली | नहीं | उस के मुतवल्ली | वह हैं | और नहीं |

وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٣٤﴾ وَمَا كَانَ صَلَاتُهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन की नमाज़ | थी | और नहीं | 34 | नहीं जानते | उन में से अक्सर | और लेकिन |

عِنْدَ الْبَيْتِ اِلَّا مُكَآءً وَّتَصْدِيَةً ؕ فَذُوْقُوا الْعَذَابَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अज़ाब | पस चखो | और तालियां | सीटियां | मगर | ख़ाने कअ़्बा | नज़दीक |

بِمَا كُنْتُمْ تَكْفُرُوْنَ ﴿٣٥﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا يُنْفِقُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़र्च करते हैं | कुफ़्र किया (काफ़िर) | जिन लोगों ने | बेशक | 35 | तुम कुफ़्र करते थे | उस के बदले जो |

اَمْوَالَهُمْ لِيَصُدُّوْا عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ فَسَيُنْفِقُوْنَهَا ثُمَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फिर | सो अब ख़र्च करेंगे | रास्ता अल्लाह का | से | ताकि रोकें | अपने माल |

تَكُوْنُ عَلَيْهِمْ حَسْرَةً ثُمَّ يُغْلَبُوْنَ ؕ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुफ़्र किया (काफ़िर) | और जिन लोगों ने | वह मग़लूब होंगे | फिर | हसरत | उन पर | होगा |

اِلٰى جَهَنَّمَ يُحْشَرُوْنَ ﴿٣٦﴾ لِيَمِيْزَ اللّٰهُ الْخَبِيْثَ مِنَ الطَّيِّبِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाक | से | गन्दा | ताकि अल्लाह जुदा करदे | 36 | इकट्ठे किए जाएंगे | जहन्नम | तरफ़ |

وَيَجْعَلَ الْخَبِيْثَ بَعْضَهٗ عَلٰى بَعْضٍ فَيَرْكُمَهٗ جَمِيْعًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सब | फिर ढेर कर दे | दूसरे | पर | उस के एक | गन्दा | और रखे |

فَيَجْعَلَهٗ فِيْ جَهَنَّمَ ؕ اُولٰٓئِكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿٣٧﴾ قُلْ لِّلَّذِيْنَ ع ٩ ١٨

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से जो | कहदें | 37 | ख़सारा पाने वाले | वह | यही लोग | जहन्नम | में | फिर डाल दे उस को |

كَفَرُوْٓا اِنْ يَّنْتَهُوْا يُغْفَرْ لَهُمْ مَّا قَدْ سَلَفَ ۚ وَاِنْ يَّعُوْدُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर वही करें | और अगर | गुज़र चुका | जो | उन्हें | माफ़ कर दिया जाए | वह बाज़ आजाएं | अगर | उन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) |

فَقَدْ مَضَتْ سُنَّتُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿٣٨﴾ وَقَاتِلُوْهُمْ حَتّٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यहां तक कि | और उन से जंग करो | 38 | पहले लोग | सुन्नत (रविश) | गुज़र चुकी है | तो तहक़ीक़ |

لَا تَكُوْنَ فِتْنَةٌ وَّيَكُوْنَ الدِّيْنُ كُلُّهٗ لِلّٰهِ ۚ فَاِنِ انْتَهَوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह बाज़ आजाएं | फिर अगर | अल्लाह का | सब | दीन | और हो जाए | कोई फ़ित्ना | न रहे |

فَاِنَّ اللّٰهَ بِمَا يَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿٣٩﴾ وَاِنْ تَوَلَّوْا فَاعْلَمُوْٓا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो जान लो | वह मुँह मोड़ लें | और अगर | 39 | देखने वाला | वह करते हैं | जो वह | तो बेशक अल्लाह |

اَنَّ اللّٰهَ مَوْلٰىكُمْ ؕ نِعْمَ الْمَوْلٰى وَنِعْمَ النَّصِيْرُ ﴿٤٠﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | मददगार | और ख़ूब | साथी | ख़ूब | तुम्हारा साथी | कि अल्लाह |

الجزء ١٠

وَاعْلَمُوْٓا اَنَّمَا غَنِمْتُمْ مِّنْ شَيْءٍ فَاَنَّ لِلّٰهِ خُمُسَهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का पांचवा हिस्सा | अल्लाह के वास्ते | सो | किसी चीज़ | से | तुम ग़नीमत लो | जो कुछ | और तुम जान लो |

وَلِلرَّسُوْلِ وَلِذِي الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَابْنِ السَّبِيْلِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और मुसाफ़िरों | और मिस्कीनों | और यतीमों | और क़राबतदारों के लिए | और रसूल के लिए |

اِنْ كُنْتُمْ اٰمَنْتُمْ بِاللّٰهِ وَمَآ اَنْزَلْنَا عَلٰى عَبْدِنَا يَوْمَ الْفُرْقَانِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़ैसले के दिन | अपना बन्दा | पर | हम ने नाज़िल किया | और जो | अल्लाह पर | ईमान रखते | तुम हो | अगर |

يَوْمَ الْتَقَى الْجَمْعٰنِ ۗ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٤١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | कुदरत वाला | हर चीज़ | पर | और अल्लाह | दोनों फ़ौजें भिड़ गईं | जिस दिन |

اِذْ اَنْتُمْ بِالْعُدْوَةِ الدُّنْيَا وَهُمْ بِالْعُدْوَةِ الْقُصْوٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| परला | किनारे पर | और वह | इधर वाला | किनारे पर | तुम | जब |

وَالرَّكْبُ اَسْفَلَ مِنْكُمْ ۗ وَلَوْ تَوَاعَدْتُّمْ لَاخْتَلَفْتُمْ فِي الْمِيْعٰدِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वादे में | अलबत्ता तुम इख़तिलाफ़ करते | तुम बाहम वादा करते | और अगर | तुम से | नीचे | और क़ाफ़िला |

وَلٰكِنْ لِّيَقْضِيَ اللّٰهُ اَمْرًا كَانَ مَفْعُوْلًا ۙ لِّيَهْلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि हलाक हो | हो कर रहने वाला | था | जो काम | अल्लाह | ताकि पूरा कर दे | और लेकिन |

مَنْ هَلَكَ عَنْۢ بَيِّنَةٍ وَّيَحْيٰى مَنْ حَيَّ عَنْۢ بَيِّنَةٍ ۗ وَاِنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेशक | दलील | से | ज़िन्दा रहना है | जिस | और जिन्दा रहे | दलील | से | हलाक हो | जो |

اللّٰهَ لَسَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٤٢﴾ اِذْ يُرِيْكَهُمُ اللّٰهُ فِيْ مَنَامِكَ قَلِيْلًا ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| थोड़ा | तुम्हारी ख़ाब | में | अल्लाह | तुम्हें दिखाया उन्हें | जब | 42 | जानने वाला | सुनने वाला | अल्लाह |

وَلَوْ اَرٰىكَهُمْ كَثِيْرًا لَّفَشِلْتُمْ وَلَتَنَازَعْتُمْ فِي الْاَمْرِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मामले में | और तुम झगड़ते | तो तुम बुज़दिली करते | बहुत जियादा | तुम्हें दिखाता उन्हें | और अगर |

وَلٰكِنَّ اللّٰهَ سَلَّمَ ۗ اِنَّهٗ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٤٣﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | दिलों की बात | जानने वाला | बेशक वह | बचा लिया | अल्लाह | और लेकिन |

وَاِذْ يُرِيْكُمُوْهُمْ اِذِ الْتَقَيْتُمْ فِيْٓ اَعْيُنِكُمْ قَلِيْلًا وَّيُقَلِّلُكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हें थोड़े करके दिखलाए | थोड़ा | तुम्हारी आँखें | में | तुम आमन सामने हुए | जब-तो | वह तुम्हें दिखलाए | और जब |

فِيْٓ اَعْيُنِهِمْ لِيَقْضِيَ اللّٰهُ اَمْرًا كَانَ مَفْعُوْلًا ۗ وَاِلَى اللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह की तरफ़ | हो कर रहने वाला | था | काम | ताकि पूरा कर दे अल्लाह | उन की आँखें | में |

تُرْجَعُ الْاُمُوْرُ ﴿٤٤﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا لَقِيْتُمْ فِئَةً

ع ٥ / ٧ / ١

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई जमाअ़त | तुम्हारा आमना सामना हो | जब | ईमान वाले | ऐ | 44 | काम (जमा) | लौटना (बाज़गश्त) |

فَاثْبُتُوْا وَاذْكُرُوا اللّٰهَ كَثِيْرًا لَّعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ﴿٤٥﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 45 | फ़लाह पाओ | ताकि तुम | बकस्रत | और अल्लाह को याद करो | तो साबित क़दम रहो |

और जान लो कि तुम जो कुछ किसी चीज़ से ग़नीमत हासिल किया है उस का पांचवा हिस्सा अल्लाह के लिए और रसूल के लिए, और (उन के) क़राबतदारों के लिए, और यतीमों और मिस्कीनों और मुसाफ़िरों के लिए, अगर तुम ईमान रखते हो अल्लाह पर और जो हम ने अपने बन्दे पर फ़ैसला (बद्र) के दिन नाज़िल किया। जिस दिन (कुफ़्र ओ इस्लाम की) दोनों फ़ौजें भिड़ गईं, और अल्लाह हर चीज़ पर कुदरत वाला है। (41)

जब तुम इधर वाले किनारे पर थे और वह परले किनारे पर थे, और क़ाफ़िला तुम से नीचे (तराई में) था, अगर (तुम और काफ़िर) बाहम ते करलेते तो अलबत्ता तुम वादे में इख़्तिलाफ़ करते (वक़्त पर न पहुँचते) लेकिन (अल्लाह ने जमा किया) ताकि पूरा कर दे अल्लाह वह काम जो हो कर रहने वाला था, ताकि जो हलाक हो वह दलील से हलाक हो और जिस को ज़िन्दा रहना है वह ज़िन्दा रहे दलील से, और बेशक अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (42)

और जब अल्लाह ने तुम्हें तुम्हारी ख़ाब में उन (काफ़िरों) को दिखाया थोड़ा, और अगर तुम्हें उन (की तादाद) को बहुत दिखाता तो तुम बुज़दिली करते, और (जंग के) मामले में झगड़ते, लेकिन अल्लाह ने बचा लिया, बेशक वह दिलों की बात जानने वाला है। (43)

और जब तुम आमने सामने हुए तो वह (अल्लाह) तुम्हें दिखलाए तुम्हारी आँखों में (दुश्मन को) थोड़े, और तुम्हें उन की आँखों में दिखलाया थोड़ा ताकि अल्लाह पूरा कर दे वह काम जो हो कर रहने वाला था, और तमाम कामों की बाज़गश्त अल्लाह की तरफ़ है। (44)

ऐ ईमान वालो! जब किसी जमाअ़ते (कुफ़्फ़ार) से तुम्हारा आमना सामना हो तो साबित क़दम रहो और अल्लाह को बकस्रत याद करो ताकि तुम फ़लाह (दो जहान में कामयाबी) पाओ। (45)

और इताअत करो अल्लाह की और उस के रसूल (स) की, और आपस में झगड़ा न करो कि बुज़दिल हो जाओगे और तुम्हारी हवा जाती रहेगी (उखड़ जाएगी) और सब्र करो, बेशक अल्लाह साथ है सब्र करने वालों के। (46)

और उन लोगों की तरह न हो जाना जो अपने घरों से निकले इतराते और लोगों के दिखाने को, और अल्लाह के रास्ते से रोकते हुए, और वह जो करते हैं अल्लाह अहाता किए हुए है। (47)

और जब शैतान ने उन के काम ख़ुशनुमा कर के दिखाए, और कहा आज लोगों में से तुम पर कोई ग़ालिब (आने वाला) नहीं, और मैं तुम्हारा रफ़ीक़ (हिमायती) हूँ, फिर जब दोनों लशकर आमने सामने हुए तो अपनी एड़ियों पर उलटा फिर गया और बोला मैं तुम से ला तअ़ल्लुक़ हूँ, मैं देखता हूँ जो तुम नहीं देखते, मैं अल्लाह से डरता हूँ (कि मुझे हलाक न कर दे) और अल्लाह सख़्त अज़ाब देने वाला है। (48)

जब मुनाफ़िक़ और वह लोग जिन के दिलों में मरज़ था कहने लगे कि उन्हें (मुसलमानों को) उन के दीन ने ख़ब्त में मुब्तला कर रखा है, और जो अल्लाह पर भरोसा करे तो बेशक अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (49)

और अगर तू देखे जब फ़रिश्ते काफ़िरों की जान निकालते हैं, मारते (जाते) हैं उन के चहरों और उन की पीठों पर और (कहते जाते हैं) दोज़ख़ का अ़ज़ाब चखो। (50)

यह उस का बदला है जो तुम्हारे हाथों ने (आमाल) आगे भेजे हैं और यह कि अल्लाह बन्दों पर ज़ुल्म करने वाला नहीं। (51)

जैसा कि फ़िरऔ़न वालों का और उन से पहले लोगों का दस्तूर था, उन्होंने अल्लाह की आयतों का इन्कार किया, और अल्लाह ने उन्हें उन के गुनाहों पर पकड़ा, बेशक अल्लाह क़ुव्वत वाला सख़्त अ़ज़ाब देने वाला है। (52)

وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ وَلَا تَنَازَعُوْا فَتَفْشَلُوْا وَتَذْهَبَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और जाती रहेगी | पस बुज़दिल हो जाओगे | और आपस में झगड़ा न करो | और उस का रसूल | अल्लाह | और इताअ़त करो |

رِيْحُكُمْ وَاصْبِرُوْا ؕ اِنَّ اللّٰهَ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ ﴿٤٦﴾ وَلَا تَكُوْنُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न हो जाना | 46 | सब्र करने वाले | साथ | बेशक अल्लाह | और सब्र करो | तुम्हारी हवा |

كَالَّذِيْنَ خَرَجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ بَطَرًا وَّرِئَآءَ النَّاسِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोग | और दिखावा | इतराते | अपने घर | से | निकले | उन की तरह जो |

وَيَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا يَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ﴿٤٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | अहाता किए हुए | वह करते हैं | से-जो | और अल्लाह | अल्लाह का रास्ता | से | और रोकते |

وَاِذْ زَيَّنَ لَهُمُ الشَّيْطٰنُ اَعْمَالَهُمْ وَقَالَ لَا غَالِبَ لَكُمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए (तुम पर) | कोई ग़ालिब नहीं | और कहा | उन के काम | शैतान | उन के लिए | ख़ुशनुमा कर दिया | और जब |

الْيَوْمَ مِنَ النَّاسِ وَاِنِّيْ جَارٌ لَّكُمْ ۚ فَلَمَّا تَرَآءَتِ الْفِئَتٰنِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोनों लशकर | आमने सामने हुए | फिर जब | तुम्हारा | रफ़ीक़ | और बेशक मैं | लोग | से | आज |

نَكَصَ عَلٰى عَقِبَيْهِ وَقَالَ اِنِّيْ بَرِيْٓءٌ مِّنْكُمْ اِنِّيْٓ اَرٰى مَا لَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं | जो | देखता हूँ | मैं बेशक | तुम से | जुदा, ला तअ़ल्लुक़ | बेशक मैं | और बोला | अपनी एड़ियां | पर | उलटा फिर गया |

تَرَوْنَ اِنِّيْٓ اَخَافُ اللّٰهَ ؕ وَاللّٰهُ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٤٨﴾ اِذْ يَقُوْلُ ع ٦ ٢

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कहने लगे | जब | 48 | अज़ाब | सख़्त | और अल्लाह | अल्लाह से डरता हूँ | मैं बेशक | तुम देखते |

الْمُنٰفِقُوْنَ وَالَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ غَرَّ هٰٓؤُلَآءِ دِيْنُهُمْ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का दीन | उन्हें | धोका दे दिया | मरज़ | उन के दिलों में | और वह जो कि | मुनाफ़िक़ (जमा) |

وَمَنْ يَّتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ فَاِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٤٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | तो बेशक अल्लाह | अल्लाह पर | भरोसा करे | और जो |

وَلَوْ تَرٰٓى اِذْ يَتَوَفَّى الَّذِيْنَ كَفَرُوا الْمَلٰٓئِكَةُ يَضْرِبُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मारते हैं | फ़रिश्ते | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | जान निकालते हैं | जब | तू देखे | और अगर |

وُجُوْهَهُمْ وَاَدْبَارَهُمْ ۚ وَذُوْقُوْا عَذَابَ الْحَرِيْقِ ﴿٥٠﴾ ذٰلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | 50 | भड़कता हुआ (दोज़ख़) | अज़ाब | और चखो | और उन की पीठ (जमा) | उन के चहरे |

بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْكُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ لَيْسَ بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ﴿٥١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | बन्दों पर | ज़ुल्म करने वाला | नहीं | और यह कि अल्लाह | तुम्हारे हाथ | आगे भेजे | बदला जो |

كَدَاْبِ اٰلِ فِرْعَوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की आयतों का | उन्हों ने इन्कार किया | उन से पहले | और जो लोग | फ़िरऔ़न वाले | जैसा कि दस्तूर |

فَاَخَذَهُمُ اللّٰهُ بِذُنُوْبِهِمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٥٢﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | अज़ाब | सख़्त | क़ुव्वत वाला | बेशक अल्लाह | उनके गुनाहों पर | तो अल्लाह ने उन्हें पकड़ा |

ذٰلِكَ بِاَنَّ اللّٰهَ لَمْ يَكُ مُغَيِّرًا نِّعْمَةً اَنْعَمَهَا عَلٰى قَوْمٍ حَتّٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब तक | किसी क़ौम को | उसे दी | कोई नेमत | बदलने वाला | नहीं है | इस लिए कि अल्लाह | यह |

يُغَيِّرُوْا مَا بِاَنْفُسِهِمْ ۙ وَاَنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٥٣﴾ كَدَاْبِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसा कि दस्तूर | 53 | जानने वाला | सुनने वाला | और यह कि अल्लाह | उन के दिलों में | जो | वह बदलें |

اٰلِ فِرْعَوْنَ ۙ وَالَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ؕ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِ رَبِّهِمْ فَاَهْلَكْنٰهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो हम ने उन्हें हलाक कर दिया | अपना रब | आयतों को | उन्हों ने झुटलाया | उन से पहले | और वह लोग जो | फ़िरऔन वाले |

بِذُنُوْبِهِمْ وَاَغْرَقْنَآ اٰلَ فِرْعَوْنَ ۚ وَكُلٌّ كَانُوْا ظٰلِمِيْنَ ﴿٥٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | ज़ालिम | थे | और सब | फ़िरऔन वाले | और हम ने ग़र्क़ कर दिया | उन के गुनाहों के सबब |

اِنَّ شَرَّ الدَّوَآبِّ عِنْدَ اللّٰهِ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا فَهُمْ لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٥٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 55 | ईमान नहीं लाते | सो वह | कुफ़्र किया | वह जिन्हों ने | अल्लाह के नजदीक | जानवर (जमा) | बदतरीन | बेशक |

اَلَّذِيْنَ عٰهَدْتَّ مِنْهُمْ ثُمَّ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَهُمْ فِيْ كُلِّ مَرَّةٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर बार | में | अपना मुआहदा | तोड़ देते हैं | फिर | उन से | तुम ने मुआहदा किया | वह लोग जो |

وَّهُمْ لَا يَتَّقُوْنَ ﴿٥٦﴾ فَاِمَّا تَثْقَفَنَّهُمْ فِي الْحَرْبِ فَشَرِّدْ بِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के जरीए | तो भगा दो | जंग में | तुम उन्हें पाओ | पस अगर | 56 | डरते नहीं | और वह |

مَّنْ خَلْفَهُمْ لَعَلَّهُمْ يَذَّكَّرُوْنَ ﴿٥٧﴾ وَاِمَّا تَخَافَنَّ مِنْ قَوْمٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किसी क़ौम | से | तुम्हें ख़ौफ़ हो | और अगर | 57 | इब्रत पकड़ें | अजब नहीं कि वह | उन के पीछे | जो |

ع ١٠ خِيَانَةً فَانْۢبِذْ اِلَيْهِمْ عَلٰى سَوَآءٍ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُحِبُّ الْخَآئِنِيْنَ ﴿٥٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 58 | दग़ाबाज़ (जमा) | पसन्द नहीं करता | बेशक अल्लाह | बराबरी | पर | उन की तरफ़ | तो फेंक दो | ख़ियानत (दग़ाबाज़ी) |

وَلَا يَحْسَبَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا سَبَقُوْا ؕ اِنَّهُمْ لَا يُعْجِزُوْنَ ﴿٥٩﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 59 | वह आजिज़ न कर सकेंगे | बेशक वह | बाज़ी ले गए | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | और हरगिज़ ख़याल न करें |

وَاَعِدُّوْا لَهُمْ مَّا اسْتَطَعْتُمْ مِّنْ قُوَّةٍ وَّمِنْ رِّبَاطِ الْخَيْلِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पले हुए घोड़े | और से | कुव्वत | से | तुम से हो सके | जो | उन के लिए | और तैयार रखो |

تُرْهِبُوْنَ بِهٖ عَدُوَّ اللّٰهِ وَعَدُوَّكُمْ وَاٰخَرِيْنَ مِنْ دُوْنِهِمْ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के सिवा | से | और दूसरे | और तुम्हारे (अपने) दुश्मन | अल्लाह के दुश्मन | उस से | धाक बिठाओ |

لَا تَعْلَمُوْنَهُمْ ۚ اَللّٰهُ يَعْلَمُهُمْ ؕ وَمَا تُنْفِقُوْا مِنْ شَيْءٍ فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का रास्ता | में | कुछ | तुम ख़र्च करोगे | और जो | अल्लाह जानता है उन्हें | तुम उन्हें नहीं जानते |

يُوَفَّ اِلَيْكُمْ وَاَنْتُمْ لَا تُظْلَمُوْنَ ﴿٦٠﴾ وَاِنْ جَنَحُوْا لِلسَّلْمِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुलह की तरफ़ | वह झुकें | और अगर | 60 | तुम्हारा नुक़्सान न किया जाएगा | और तुम | तुम्हें | पूरा पूरा दिया जाएगा |

فَاجْنَحْ لَهَا وَتَوَكَّلْ عَلَى اللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٦١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | जानने वाला | सुनने वाला | वह | बेशक | अल्लाह पर | और भरोसा रखो | उस की तरफ़ | तो सुलह कर लो |

यह इस लिए है कि अल्लाह (कभी) उस नेमत को बदलने वाला नहीं जो उस ने किसी क़ौम को दी जब तक वह (न) बदल डालें जो उन के दिलों में है (अपना अक़ीदा ओ अहवाल) और यह कि अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (53)

जैसा कि दस्तूर था फ़िरऔन वालों का और उन लोगों का जो उन से पहले थे, उन्हों ने अपने रब की आयतों को झुटलाया तो हम ने उन्हें उन के गुनाहों के सबब हलाक कर दिया और फ़िरऔन वालों को ग़र्क़ कर दिया, और वह सब ज़ालिम थे। (54)

बेशक अल्लाह के नज़दीक सब जानवरों से बदतर वह लोग हैं जिन्हों ने कुफ़्र किया, सो वह ईमान नहीं लाते। (55)

वह लोग जिन से तुम ने मुआहदा किया, फिर वह अपना मुआहदा तोड़ देते हैं हर बार, और वह डरते नहीं। (56)

पस अगर तुम उन्हें जंग में पाओ तो (उन्हें ऐसी सज़ा दो कि) उन के जरीए भगा दो उन को जो उन के पीछे हैं, अजब नहीं कि वह इब्रत पकड़ें। (57)

अगर तुम्हें किसी क़ौम से दग़ा बाज़ी का डर हो तो (उन का मुआहदा) फेंक दो उन की तरफ़ बराबरी पर (बराबरी का जवाब दो), बेशक अल्लाह दग़ाबाज़ों को पसन्द नहीं करता। (58)

और काफ़िर हरगिज़ ख़याल न करें कि वह बाजी ले गए, बेशक वह आजिज़ न कर सकेंगे। (59)

और उन के (मुक़ाबले के) लिए तैयार रखो कुव्वत जो तुम से हो सके और पले हुए घोड़े, उस से धाक बिठाओ अल्लाह के दुश्मनों और अपने दुश्मनों पर, और दूसरों पर उन के सिवा जिन्हें तुम नहीं जानते, अल्लाह उन्हें जानता है, और तुम जो कुछ अल्लाह के रास्ते में ख़र्च करोगे तुम्हें पूरा पूरा दिया जाएगा और तुम्हारा नुक़्सान न किया जाएगा। (60)

और अगर वह सुलह की तरफ़ झुकें तो (तुम भी) उस (सुलह) की तरफ़ झुको, और अल्लाह पर भरोसा रखो, बेशक वह सुनने वाला जानने वाला है। (61)

और अगर वह तुम्हें धोका देना चाहें तो बेशक तुम्हारे लिए अल्लाह काफ़ी है, वह जिस ने तुम्हें अपनी मदद से और मुसलमानों से ज़ोर दिया। (62)

और उल्फ़त डाल दी उन के दिलों में, अगर तुम सब कुछ ख़र्च कर देते जो ज़मीन में है उन के दिलों में उल्फ़त न डाल सकते थे लेकिन अल्लाह ने उन के दरमियान उल्फ़त डाल दी, बेशक वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (63)

ऐ नबी (स)! अल्लाह काफ़ी है तुम्हें और तुम्हारे पैरू मोमिनों के लिए। (64)

ऐ नबी (स)! मोमिनों को जिहाद पर तरग़ीब दो, अगर तुम में से बीस (20) सब्र वाले (साबित क़दम) होंगे तो वह दो सौ (200) पर ग़ालिब आएंगे, और अगर तुम में से एक सौ (100) हों तो वह एक हज़ार (1000) काफ़िरों पर ग़ालिब आएंगे, इस लिए कि वह लोग (काफ़िर) समझ नहीं रखते। (65)

अब अल्लाह ने तुम से तख़फ़ीफ़ कर दी, और मालूम कर लिया कि तुम में कमज़ोरी है, पस अगर तुम में से एक सौ (100) सब्र वाले हों तो वह दो सौ (200) पर ग़ालिब आएंगे, अगर तुम में से एक हज़ार (1000) हों तो वह अल्लाह के हुक्म से दो हज़ार (2000) पर ग़ालिब रहेंगे और अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। (66)

किसी नबी के लिए (लाइक़) नहीं कि उस के (क़ब्ज़े में) क़ैदी हों जब तक वह ज़मीन में दुश्मनों को अच्छी तरह कुचल न दे, तुम दुनिया का माल चाहते हो, और अल्लाह आख़िरत चाहता है, और अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (67)

अगर अल्लाह (की तरफ़) से पहले ही लिखा हुआ न होता तो उस (फ़िद्या) के लेने की वजह से तुम्हें पहुँचता बड़ा अ़ज़ाब। (68)

पस उस में से खाओ जो तुम्हें ग़नीमत में हलाल पाक मिला, और अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (69)

وَاِنْ يُّرِيْدُوْٓا اَنْ يَّخْدَعُوْكَ فَاِنَّ حَسْبَكَ اللّٰهُ ؕ هُوَ الَّذِيْٓ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस ने | वह | तुम्हारे लिए काफ़ी है अल्लाह | तो बेशक | तुम्हें धोका दें | कि | वह चाहें | और अगर |

اَيَّدَكَ بِنَصْرِهٖ وَبِالْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٦٢﴾ وَاَلَّفَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ ؕ لَوْ اَنْفَقْتَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम ख़र्च करते | अगर | उन के दिल | दरमियान (में) | और उल्फ़त डाल दी | 62 | और मुसलमानों से | अपनी मदद से | तुम्हें ज़ोर दिया |

مَا فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا مَّآ اَلَّفْتَ بَيْنَ قُلُوْبِهِمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और लेकिन | उन क दिल | में | उल्फ़त डाल सकते | न | सब कुछ | ज़मीन | में | जो |

اَلَّفَ بَيْنَهُمْ ؕ اِنَّهٗ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٣﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ حَسْبُكَ اللّٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | काफ़ी है तुम्हें | नबी (स) | ऐ | 63 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | बेशक वह | उन के दरमियान | उल्फ़त डाल दी |

ع ٨ ٣

وَمَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٦٤﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ حَرِّضِ الْمُؤْمِنِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मोमिन (जमा) | तरग़ीब दो | नबी (स) | ऐ | 64 | मोमिन (जमा) | से | तुम्हारे पैरू हैं | और जो |

عَلَى الْقِتَالِ ؕ اِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ عِشْرُوْنَ صٰبِرُوْنَ يَغْلِبُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ालिब आएंगे | सब्र वाले | बीस (20) | तुम में से | हों | अगर | क़िताल (जिहाद) | पर |

مِائَتَيْنِ ۚ وَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ مِّائَةٌ يَّغْلِبُوْٓا اَلْفًا مِّنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | एक हज़ार (1000) | वह ग़ालिब आएंगे | एक सौ (100) | तुम में से | हों | और अगर | दो सौ (200) |

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَفْقَهُوْنَ ﴿٦٥﴾ اَلْـٰٔنَ خَفَّفَ اللّٰهُ عَنْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम से | अल्लाह ने तख़फ़ीफ़ कर दी | अब | 65 | समझ नहीं रखते | लोग | इस लिए कि वह | वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) |

وَعَلِمَ اَنَّ فِيْكُمْ ضَعْفًا ؕ فَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ مِّائَةٌ صَابِرَةٌ يَّغْلِبُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह ग़ालिब आएंगे | सब्र वाले | एक सो (100) | तुम में से | पस अगर हों | कमज़ोरी | तुम में | कि | और मालूम कर लिया |

مِائَتَيْنِ ۚ وَاِنْ يَّكُنْ مِّنْكُمْ اَلْفٌ يَّغْلِبُوْٓا اَلْفَيْنِ بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के हुक्म से | दो हज़ार (2000) | वह ग़ालिब रहेंगे | एक हज़ार (1000) | तुम में से | हों | और अगर | दो सौ (200) |

وَاللّٰهُ مَعَ الصّٰبِرِيْنَ ﴿٦٦﴾ مَا كَانَ لِنَبِيٍّ اَنْ يَّكُوْنَ لَهٗٓ اَسْرٰى حَتّٰى

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब तक | क़ैदी | उस के | हों | कि | किसी नबी के लिए | नहीं है | 66 | सब्र वाले | साथ | और अल्लाह |

يُثْخِنَ فِي الْاَرْضِ ؕ تُرِيْدُوْنَ عَرَضَ الدُّنْيَا ۖ وَاللّٰهُ يُرِيْدُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चाहता है | और अल्लाह | दुनिया | माल | तुम चाहते हो | ज़मीन | में | ख़ूनरेज़ी कर ले |

الْاٰخِرَةَ ؕ وَاللّٰهُ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٦٧﴾ لَوْلَا كِتٰبٌ مِّنَ اللّٰهِ سَبَقَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले ही | अल्लाह से | लिखा हुआ | अगर न | 67 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और अल्लाह | आख़िरत |

لَمَسَّكُمْ فِيْمَآ اَخَذْتُمْ عَذَابٌ عَظِيْمٌ ﴿٦٨﴾ فَكُلُوْا مِمَّا غَنِمْتُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें ग़नीमत में मिला | उस में जो | पस खाओ | 68 | बड़ा | अ़ज़ाब | तुम ने लिया | उस में जो | तुम्हें पहुँचता |

حَلٰلًا طَيِّبًا ۖ وَّاتَّقُوا اللّٰهَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٦٩﴾ ع ٩ ٥

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | निहायत मेहरबान | बख़्शने वाला | बेशक अल्लाह | और अल्लाह से डरो | पाक | हलाल |

يٰۤاَيُّهَا النَّبِىُّ قُلْ لِّمَنْ فِىْۤ اَيْدِيْكُمْ مِّنَ الْاَسْرٰۤى اِنْ يَّعْلَمِ اللّٰهُ فِىْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | मालूम कर लेगा अल्लाह | अगर | क़ैदी | से | तुम्हारे हाथ | में | उन से जो | कह दें | नबी | ऐ |

قُلُوْبِكُمْ خَيْرًا يُّؤْتِكُمْ خَيْرًا مِّمَّاۤ اُخِذَ مِنْكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बख़्शने वाला | और अल्लाह | तुम्हें | और बख़्शदेगा | तुम से | लिया गया | उस से जो | तुम्हें देगा बेहतर | कोई भलाई | तुम्हारे दिल |

رَّحِيْمٌ ﴿۷۰﴾ وَاِنْ يُّرِيْدُوْا خِيَانَتَكَ فَقَدْ خَانُوا اللّٰهَ مِنْ قَبْلُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इस से क़ब्ल | तो उन्हों ने ख़ियानत की अल्लाह से | आप (स) से खियानत का | वह इरादा करेंगे | और अगर | 70 | निहायत मेह्रबान |

فَاَمْكَنَ مِنْهُمْ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿۷۱﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَهَاجَرُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने हिज्रत की | ईमान लाए | जो लोग | बेशक | 71 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और अल्लाह | उन से (उन्हें) | तो क़ब्ज़े में दे दिया |

وَجٰهَدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَالَّذِيْنَ اٰوَوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ठिकाना दिया | और वह लोग जो | अल्लाह का रास्ता | में | और अपनी जानें | अपने मालों से | और जिहाद किया |

وَّنَصَرُوْۤا اُولٰٓئِكَ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ؕ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाए | और वह लोग जो | बाज़ (दूसरे) | रफ़ीक़ | उन के बाज़ | वही लोग | और मदद की |

وَلَمْ يُهَاجِرُوْا مَا لَكُمْ مِّنْ وَّلَايَتِهِمْ مِّنْ شَىْءٍ حَتّٰى يُهَاجِرُوْا ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह हिज्रत करें | यहां तक कि | कुछ भी (सरोकार) | उन की रफ़ाक़त | से | तुम्हें नहीं | और उन्हों ने हिज्रत न की |

وَاِنِ اسْتَنْصَرُوْكُمْ فِى الدِّيْنِ فَعَلَيْكُمُ النَّصْرُ اِلَّا عَلٰى قَوْمٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह क़ौम | पर (ख़िलाफ़) | मगर | मदद | तो तुम पर (लाज़िम है) | दीन में | वह तुम से मदद मांगें | और अगर |

بَيْنَكُمْ وَبَيْنَهُمْ مِّيْثَاقٌ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿۷۲﴾ وَالَّذِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह लोग | 72 | देखने वाला | तुम करते हो | जो | और अल्लाह | मुआहदा | और उन के दरमियान | तुम्हारे दरमियान |

كَفَرُوْا بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ بَعْضٍ ؕ اِلَّا تَفْعَلُوْهُ تَكُنْ فِتْنَةٌ فِى الْاَرْضِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन में | फ़ित्ना | होगा | अगर तुम ऐसा न करोगे | बाज़ (दूसरे) | रफ़ीक़ | उन के बाज़ | जिन्हों ने कुफ़्र किया |

وَفَسَادٌ كَبِيْرٌ ﴿۷۳﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا فِىْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | और जिहाद किया उन्हों ने | और उन्हों ने हिज्रत की | ईमान लाए | और वह लोग जो | 73 | बड़ा | और फ़साद |

سَبِيْلِ اللّٰهِ وَالَّذِيْنَ اٰوَوْا وَّنَصَرُوْۤا اُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُؤْمِنُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मोमिन (जमा) | वह | वही लोग | और मदद की | ठिकाना दिया | और वह लोग जो | अल्लाह का रास्ता |

حَقًّا ؕ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّرِزْقٌ كَرِيْمٌ ﴿۷۴﴾ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْ بَعْدُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद | ईमान लाए | और वह लोग जो | 74 | इज़्ज़त | और रोज़ी | बख़्शिश | उन के लिए | सच्चे |

وَهَاجَرُوْا وَجٰهَدُوْا مَعَكُمْ فَاُولٰٓئِكَ مِنْكُمْ ؕ وَاُولُوا الْاَرْحَامِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और क़राबतदार | तुम में से | पस वही लोग | तुम्हारे साथ | और उन्हों ने जिहाद किया | और उन्हों ने हिज्रत की |

بَعْضُهُمْ اَوْلٰى بِبَعْضٍ فِىْ كِتٰبِ اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَىْءٍ عَلِيْمٌ ﴿۷۵﴾ ع ١٠ ٦

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | जानने वाला | हर चीज़ | बेशक अल्लाह | अल्लाह का हुक्म | में (रू से) | बाज़ (दूसरे) के | क़रीब (ज़ियादा हक़ दार) | उन के बाज़ |

ऐ नबी (स)! आप (स) के हाथ (क़ब्ज़े) में जो क़ैदी हैं, उन से कह दें कि अगर अल्लाह तुम्हारे दिलों में कोई भलाई मालूम कर लेगा तो तुम्हें उस से बेहतर देगा जो तुम से लिया गया और वह तुम्हें बख़्श देगा, और अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेह्रबान है। (70)

और अगर आप (स) से खियानत का इरादा करेंगे तो उन्हों ने उस से क़ब्ल अल्लाह से ख़ियानत की तो अल्लाह ने उन्हें (तुम्हारे) क़ब्ज़े में दे दिया, और अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (71)

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और अपने मालों और जानों से अल्लाह की राह में जिहाद किया, और जिन लोगे ने ठिकाना दिया और मदद की वही लोग एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत न की, तुम्हें नहीं है कुछ सरोकार उन की रफ़ाक़त से, यहां तक कि वह हिज्रत करें, और अगर वह तुम से दीन में मदद मांगें तो तुम पर मदद लाज़िम है, मगर उस क़ौम के खिलाफ़ नहीं जिस के और तुम्हारे दरमियान मुआहदा हो, और जो तुम करते हो अल्लाह उसे देखने वाला है। (72)

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया वह एक दूसरे के रफ़ीक़ हैं, अगर तुम ऐसा न करोगे तो फ़ित्ना होगा ज़मीन में और बड़ा फ़साद (होगा)। (73)

और जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और जिहाद किया अल्लाह के रास्ते में, और जिन लोगों ने ठिकाना दिया और मदद की वही लोग सच्चे मोमिन हैं, उन के लिए बख़्शिश और इज़्ज़त की रोजी है। (74)

और जो लोग उस के बाद ईमान लाए और उन्हों ने हिज्रत की और तुम्हारे साथ (मिल कर) जिहाद किया पस वही तुम में से हैं, और क़राबतदार (आपस में) एक दूसरे के जियादा हक़ दार हैं अल्लाह के हुक्म से, बेशक अल्लाह हर चीज़ का जानने वाला है। (75)

अल्लाह और उस के रसूल (स) (की तरफ़) से क़तअ़ तअ़ल्लुक़ है उन मुश्रिकों से जिन्हों ने तुम से अ़हद किया हुआ था। (1)

पस (मुश्रिको) ज़मीन में चार महीने चल फिर लो, और जान लो कि तुम अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले नहीं, और यह कि अल्लाह काफ़िरों को रुस्वा करने वाला है। (2)

और अल्लाह और उस के रसूल (की तरफ़) से हज-ए-अक्बर के दिन लोगों के लिए एलान है कि अल्लाह और उस के रसूल का मुश्रिकों से क़तअ़ तअ़ल्लुक़ है, पस अगर तुम तौबा कर लो तो यह तुम्हारे लिए बेहतर है, और अगर तुम ने मुँह फेर लिया तो जान लो कि तुम अल्लाह को आ़जिज़ करने वाले नहीं, और आगाह कर दो उन लोगों को जिन्हों ने कुफ़्र किया अ़ज़ाब दर्दनाक से। (3)

सिवाए उन मुश्रिक लोगों के जिन से तुम ने अ़हद किया था, फिर उन्हों ने तुम से (अ़हद में) कुछ भी कमी न की और न उन्हों ने तुम्हारे ख़िलाफ़ किसी की मदद की, तो उन से उन का अहद उन की (मुक़र्ररा) मुद्दत तक पूरा करो, बेशक अल्लाह परहेज़गारों को दोस्त रखता है। (4)

फिर जब हुर्मत वाले महीने गुज़र जाएं तो मुश्रिकों को क़त्ल करो जहां तुम उन्हें पाओ, और उन्हें पकड़ो और उन्हें घेर लो, और उन के लिए हर घात में बैठो, फिर अगर वह तौबा कर लें और नमाज़ क़ाइम करें और ज़कात अदा करें तो उन का रास्ता छोड़ दो, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेह्रबान है। (5)

और अगर मुश्रिकीन हि से कोई आप (स) से पनाह मांगे तो उसे पनाह दे दें यहां तक कि वह सुन ले अल्लाह का कलाम, फिर उसे उस की अम्न की जगह पहुँचा दें, यह इस लिए है कि वह इल्म नहीं रखते (नादान हैं)। (6)

## آيَاتُهَا ١٢٩ ❀ (٩) سُوْرَةُ التَّوْبَـةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٦

रुकुआत 16 | (9) सूरतुत तौबा | आयात 129

بَـرَآءَةٌ مِّـنَ اللّٰهِ وَرَسُوْلِـهٖٓ اِلَـى الَّـذِيْـنَ عٰهَدْتُّمْ مِّـنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿١﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुश्रिकीन | से | तुम से अ़हद किया | वह लोग जिन्हों ने | तरफ़ | और उस का रसूल (स) | अल्लाह | से | एलान-ए-बरात |

فَسِيْحُوْا فِى الْاَرْضِ اَرْبَعَةَ اَشْهُرٍ وَّاعْلَمُوْٓا اَنَّكُمْ غَيْرُ مُعْجِزِى اللّٰهِ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और क़ौमे इब्राहीम (अ) | और समूद | और आद | क़ौमे नूह | इन से पहले | वह लोग जो | ख़बर |

وَاَصْحٰبِ مَدْيَنَ وَالْمُؤْتَفِكٰتِ ؕ اَتَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ ۚ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वाज़ेह अहकाम ओ दलाइल के साथ | उन के रसूल (जमा) | उन के पास आए | और उलटी हुई बस्तियाँ | और मदयन वाले |

فَمَا كَانَ اللّٰهُ لِيَظْلِمَهُمْ وَلٰكِنْ كَانُوْٓا اَنْفُسَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने ऊपर | वह थे | लेकिन | कि वह उन पर ज़ुल्म करता | अल्लाह | था | सो नहीं |

يَظْلِمُوْنَ ﴿٧٠﴾ وَالْمُؤْمِنُوْنَ وَالْمُؤْمِنٰتُ بَعْضُهُمْ اَوْلِيَآءُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रफ़ीक़ (जमा) | उन में से बाज़ | और मोमिन औरतें | और मोमिन मर्द (जमा) | 70 | ज़ुल्म करते |

وقف لازم بَعْضٍ ۘ يَاْمُرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَيَنْهَوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बुराई | से | और रोकते हैं | भलाई का | वह हुक्म देते हैं | बाज़ |

وَيُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَيُطِيْعُوْنَ اللّٰهَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और इताअत करते हैं | ज़कात | और अदा करते हैं | नमाज़ | और वह क़ाइम करते हैं |

وَرَسُوْلَهٗ ؕ اُولٰٓئِكَ سَيَرْحَمُهُمُ اللّٰهُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَزِيْزٌ حَكِيْمٌ ﴿٧١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 71 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | बेशक अल्लाह | कि उन पर अल्लाह रह्म करेगा | वही लोग | और उस का रसूल |

وَعَدَ اللّٰهُ الْمُؤْمِنِيْنَ وَالْمُؤْمِنٰتِ جَنّٰتٍ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन के नीचे | जारी हैं | जन्नतें | और मोमिन औरतों | मोमिन मर्द (जमा) | वादा किया अल्लाह |

الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا وَمَسٰكِنَ طَيِّبَةً فِيْ جَنّٰتِ عَدْنٍ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमेशा रहने के बाग़ात | में | पाकीज़ा | और मकानात | उन में | हमेशा रहेंगे | नहरें |

ع ٩ ٦ ١٥ وَرِضْوَانٌ مِّنَ اللّٰهِ اَكْبَرُ ؕ ذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٧٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | बड़ी | कामयाबी | वह | यह | सब से बड़ी | अल्लाह | से | और ख़ुशनूदी |

जिस तरह वह लोग जो तुम से क़ब्ल थे, वह तुम से बहुत ज़ोर वाले थे कुव्वत में और ज़ियादा थे माल में और औलाद में, सो उन्हों ने अपने हिस्से से फ़ाइदा उठाया, सो तुम अपने हिस्से से फ़ाइदा उठा लो जैसे उन्हों ने अपने हिस्से से फ़ाइदा उठाया जो तुम से पहले थे, और तुम (बुरी बातों में) घुसे जैसे वह घुसे थे. वही लोग हैं जिन के अ़मल दुनिया और आख़िरत में अकारत गए, और वही लोग हैं ख़सारा उठाने वाले। (69)

क्या इन तक उन लोगों की ख़बर न आई (न पहुँची) जो इन से पहले थे, कौमे नूह और आद और समूद, और क़ौमे इब्राहीम (अ) और मदयन वाले, और वह बस्तियां जो उलट दी गईं, उन के पास उन के रसूल आए वाज़ेह अहकाम ओ दलाइल के साथ, सो अल्लाह ऐसा न था कि उन पर ज़ुल्म करता लेकिन वह अपने ऊपर ज़ुल्म करते थे। (70)

और मोमिन मर्द और मोमिन औरतें उन में से बाज़, बाज़ के (एक दूसरे के) रफ़ीक़ हैं, वह भलाई का हुक्म देते हैं और बुराई से रोकते हैं, और वह नमाज़ क़ाइम करते हैं और ज़कात अदा करते हैं, और अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअत करते हैं, वही लोग हैं जिन पर अल्लाह रह्म करेगा, बेशक अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (71)

अल्लाह ने मोमिन मर्दों और मोमिन औरतों से जन्नतों का वादा किया है जिन के नीचे नहरें जारी हैं, उन में हमेशा रहेंगे, और सदा बहार बाग़ात में पाकीज़ा मकानात, और अल्लाह की ख़ुशनूदी सब से बड़ी बात है, यह बड़ी कामयाबी है। (72)

ऐ नबी (स)! काफ़िरों और मुनाफ़िक़ों से जिहाद करें और उन पर सख़्ती करें, और उन का ठिकाना जहन्नम है, और वह पलटने की बुरी जगह है। (73)

वह अल्लाह की क़स्में खाते हैं कि उन्हों ने नहीं कहा, हालांकि उन्हों ने जरूर कुफ़्र का कलिमा कहा, और अपने इस्लाम (लाने के) बाद उन्हों ने कुफ़्र किया, और उन्हों ने वह कुछ करने का इरादा किया जिसे कर न सके, और उन्हों ने बदला न दिया मगर (सिर्फ़ उस बात का) कि अल्लाह और उस के रसूल (स) ने उन्हें अपने फ़ज़्ल से ग़नी कर दिया, सो अगर वह तौबा कर लें तो उन के लिए बेहतर होगा, और अगर वह फिर जाएं तो अल्लाह उन्हें दर्दनाक अज़ाब देगा दुनिया में और आख़िरत में, और उन के लिए न होगा ज़मीन में कोई हिमायती और न मददगार। (74)

और उन में से (बाज़ वह हैं) जिन्हों ने अल्लाह से अ़हद किया कि अगर वह हमें अपने फज़्ल से दे तो हम जरूर सदक़ा देंगे और हम जरूर हो जाएंगे सालिहीन (नेकोकारों) में से। (75)

फिर जब उस ने उन्हें अपने फ़ज़्ल से दिया तो उन्हों ने उस में बुख़्ल किया और वह फिर गए, वह रूगर्दानी करने वाले हैं। (76)

तो (अल्लाह ने) उस का अन्जाम कार उन के दिलों में निफ़ाक़ रख दिया रोज़े (क़ियामत) तक कि वह उस से मिलेंगे, क्यों कि उन्हों ने जो अल्लाह से वादा किया था उस के ख़िलाफ किया और क्यों कि वह झूट बोलते थे। (77)

क्या वह नहीं जानते? कि अल्लाह उन के भेद और उन की सरगोशियों को जानता है, और यह कि अल्लाह ग़ैब की बातों को खूब जानने वाला है। (78)

वह लोग जो उन मोमिनो पर ऐब लगाते हैं जो खुशी से ख़ैरात करते हैं, और वह लोग जो नहीं पाते मगर अपनी मेहनत (का सिला), वह (मुनाफ़िक़) उन से मज़ाक़ करते हैं, अल्लाह ने उन के मजाक़ (का जवाब) दिया। और उन के लिए दर्दनाक अ़ज़ाब है। (79)

يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ جَاهِدِ الْكُفَّارَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ وَاغْلُظْ عَلَيْهِمْ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | और सख़्ती करें | और मुनाफ़िक़ीन | काफ़िर (जमा) | जिहाद करें | नबी (स) | ऐ |

وَمَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ؕ وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿٧٣﴾ يَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ مَا قَالُوْا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं उन्हों ने कहा | अल्लाह की | वह क़स्में खाते हैं | 73 | पलटने की जगह | और बुरी | जहन्नम | और उन का ठिकाना |

وَلَقَدْ قَالُوْا كَلِمَةَ الْكُفْرِ وَكَفَرُوْا بَعْدَ اِسْلَامِهِمْ وَهَمُّوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और क़सद किया उन्हों ने | उन का (अपना) इस्लाम | बाद | और उन्हों ने कुफ़्र किया | कुफ़्र का | कलिमा | हालांकि जरूर उन्हों ने कहा |

بِمَا لَمْ يَنَالُوْا ۚ وَمَا نَقَمُوْٓا اِلَّآ اَنْ اَغْنٰىهُمُ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस का रसूल | उन्हें ग़नी कर दिया अल्लाह | यह कि | मगर | और उन्हों ने बदला न दिया | उन्हें न मिली | उस का जो |

مِنْ فَضْلِهٖ ۚ فَاِنْ يَّتُوْبُوْا يَكُ خَيْرًا لَّهُمْ ۚ وَاِنْ يَّتَوَلَّوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह फिर जाएं | और अगर | उन के लिए | बेहतर | होगा | वह तौबा कर लें | सो अगर | अपना फ़ज़्ल | से |

يُعَذِّبْهُمُ اللّٰهُ عَذَابًا اَلِيْمًا فِى الدُّنْيَا وَالْاٰخِرَةِ ۚ وَمَا لَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और नही | और आख़िरत | दुनिया में | दर्दनाक | अ़ज़ाब | अ़ज़ाब देगा उन्हें अल्लाह |

فِى الْاَرْضِ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ﴿٧٤﴾ وَمِنْهُمْ مَّنْ عٰهَدَ اللّٰهَ لَئِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता-अगर | अ़हद किया अल्लाह से | जो | और उन से | 74 | कोई मददगार | और न | हिमायती | कोई | ज़मीन में |

اٰتٰىنَا مِنْ فَضْلِهٖ لَنَصَّدَّقَنَّ وَلَنَكُوْنَنَّ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٧٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | सालिहीन | से | और हम जरूर हो जाएंगे | ज़रूर सदक़ा दें हम | अपना फ़ज़्ल | से | हमें दे वह |

فَلَمَّآ اٰتٰىهُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ بَخِلُوْا بِهٖ وَتَوَلَّوْا وَّهُمْ مُّعْرِضُوْنَ ﴿٧٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | रूगर्दानी करने वाले हैं | और वह | और फिर गए | उस में | उन्हों ने बुख़्ल किया | अपना फ़ज़्ल | से | उस ने दिया उन्हें | फिर जब |

فَاَعْقَبَهُمْ نِفَاقًا فِىْ قُلُوْبِهِمْ اِلٰى يَوْمِ يَلْقَوْنَهٗ بِمَآ اَخْلَفُوا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने ख़िलाफ़ किया | क्यों कि | वह उस से मिलेंगे | उस रोज़ | तक | उन के दिल | में | निफ़ाक़ | तो उस ने उन का अन्जाम कार किया |

اللّٰهَ مَا وَعَدُوْهُ وَبِمَا كَانُوْا يَكْذِبُوْنَ ﴿٧٧﴾ اَلَمْ يَعْلَمُوْٓا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जानते | क्या नही | 77 | वह झूट बोलते थे | और क्यों कि | उस से उन्हों ने वादा किया | जो | अल्लाह |

اَنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ سِرَّهُمْ وَنَجْوٰىهُمْ وَاَنَّ اللّٰهَ عَلَّامُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खूब जानने वाला | और यह कि अल्लाह | और उन की सरगोशियां | उन के भेद | जानता है | कि अल्लाह |

الْغُيُوْبِ ﴿٧٨﴾ اَلَّذِيْنَ يَلْمِزُوْنَ الْمُطَّوِّعِيْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मोमिन (जमा) | से (जो) | खुशी से करते हैं | ऐब लगाते हैं | वह लोग जो | 78 | ग़ैब की बातें |

فِى الصَّدَقٰتِ وَالَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ اِلَّا جُهْدَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अपनी मेहनत | मगर | जो वह नही पाते | और वह लोग जो | और सदक़ा (जमा) ख़ैरात | में |

فَيَسْخَرُوْنَ مِنْهُمْ ؕ سَخِرَ اللّٰهُ مِنْهُمْ ۫ وَلَهُمْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٧٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | दर्दनाक | अ़ज़ाब | और उन के लिए | उन से | अल्लाह ने मजाक़ (का जवाब) दिया | उन से | वह मजाक़ करते हैं |

اِسْتَغْفِرْ لَهُمْ اَوْ لَا تَسْتَغْفِرْ لَهُمْ ۗ اِنْ تَسْتَغْفِرْ لَهُمْ سَبْعِيْنَ مَرَّةً

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बार | सत्तर (70) | उन के लिए | आप (स) बख़्शिश मांगें | अगर | उन के लिए | बख़्शिश न मांग | या | उन के लिए | तू बख़्शिश मांग |

فَلَنْ يَّغْفِرَ اللّٰهُ لَهُمْ ۗ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस का रसूल | अल्लाह से | उन्हों ने कुफ़्र किया | क्योंकि वह | यह | उन का | बख़्शेगा अल्लाह | तो हरगिज़ न |

١٠ ع ١٦ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٨٠﴾ فَرِحَ الْمُخَلَّفُوْنَ بِمَقْعَدِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने बैठ रहने से | पीछे रहने वाले | खुश हुए | 80 | नाफ़रमान (जमा) | लोग | हिदायत नहीं देता | और अल्लाह |

خِلٰفَ رَسُوْلِ اللّٰهِ وَكَرِهُوْٓا اَنْ يُّجَاهِدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और अपनी जानें | अपने मालों से | वह जिहाद करें | कि | और उन्हों ने नापसन्द किया | अल्लाह का रसूल | पीछे |

فِيْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَقَالُوْا لَا تَنْفِرُوْا فِي الْحَرِّ ۗ قُلْ نَارُ جَهَنَّمَ اَشَدُّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सब से ज़ियादा | जहन्नम की आग | आप कह दें | गर्मी | में | ना कूच करो | और उन्हों ने कहा | अल्लाह की राह | में |

حَرًّا ۗ لَوْ كَانُوْا يَفْقَهُوْنَ ﴿٨١﴾ فَلْيَضْحَكُوْا قَلِيْلًا وَّلْيَبْكُوْا كَثِيْرًا ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ियादा | और रोएं | थोड़ा | चाहिए वह हसें | 81 | वह समझ रखते | काश | गर्मी में |

جَزَآءًۢ بِمَا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ﴿٨٢﴾ فَاِنْ رَّجَعَكَ اللّٰهُ اِلٰى طَآئِفَةٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किसी गिरोह | तरफ़ | अल्लाह आप को वापस ले जाए | फिर अगर | 82 | वह कमाते थे | उस का जो | बदला |

مِّنْهُمْ فَاسْتَاْذَنُوْكَ لِلْخُرُوْجِ فَقُلْ لَّنْ تَخْرُجُوْا مَعِيَ اَبَدًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कभी भी | मेरे साथ | तुम हरगिज़ न निकलोगे | तो आप कह दें | निकलने के लिए | फिर वह आप (स) से इजाज़त मांगें | उन से |

وَّلَنْ تُقَاتِلُوْا مَعِيَ عَدُوًّا ۗ اِنَّكُمْ رَضِيْتُمْ بِالْقُعُوْدِ اَوَّلَ مَرَّةٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बार | पहली | बैठ रहने को | तुम ने पसन्द किया | बेशक तुम | दुश्मन | मेरे साथ | और हरगिज़ न लड़ोगे |

فَاقْعُدُوْا مَعَ الْخٰلِفِيْنَ ﴿٨٣﴾ وَلَا تُصَلِّ عَلٰٓى اَحَدٍ مِّنْهُمْ مَّاتَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मर गया | उन से | कोई | पर | और न पढ़ना नमाज़ | 83 | पीछे रह जाने वाले | साथ | सो तुम बैठो |

اَبَدًا وَّلَا تَقُمْ عَلٰى قَبْرِهٖ ۗ اِنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَمَاتُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह मरे | और उस का रसूल | अल्लाह से | उन्हों ने कुफ़्र किया | बेशक वह | उस की क़ब्र | पर | और न खड़े होना | कभी |

وَهُمْ فٰسِقُوْنَ ﴿٨٤﴾ وَلَا تُعْجِبْكَ اَمْوَالُهُمْ وَاَوْلَادُهُمْ ۗ اِنَّمَا يُرِيْدُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चाहता है | सिर्फ़ | और उन की औलाद | उन के माल | और आप (स) को तअ़ज्जुब में न डालें | 84 | नाफ़रमान | जब कि वह |

اللّٰهُ اَنْ يُّعَذِّبَهُمْ بِهَا فِي الدُّنْيَا وَتَزْهَقَ اَنْفُسُهُمْ وَهُمْ كٰفِرُوْنَ ﴿٨٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 85 | काफ़िर हों | जब कि वह | उन की जानें | और निकलें | दुनिया में | उस से | उन्हें अज़ाब दे | कि | अल्लाह |

وَاِذَآ اُنْزِلَتْ سُوْرَةٌ اَنْ اٰمِنُوْا بِاللّٰهِ وَجَاهِدُوْا مَعَ رَسُوْلِهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का रसूल | साथ | और जिहाद करो | अल्लाह पर | ईमान लाओ | कि | कोई सूरत | नाज़िल की जाती है | और जब |

اسْتَاْذَنَكَ اُولُوا الطَّوْلِ مِنْهُمْ وَقَالُوْا ذَرْنَا نَكُنْ مَّعَ الْقٰعِدِيْنَ ﴿٨٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | बैठ रह जाने वाले | साथ | हम हो जाएं | छोड़ दे हमें | और कहते हैं | उन से | मक़दूर वाले (मालदार) | आप से इजाज़त चाहते हैं |

आप (स) उन के लिए बख़्शिश मांगें या उन के लिए बख़्शिश न मांगें (बराबर है), अगर आप (स) उन के लिए सत्तर (70) बार (भी) बख़्शिश मांगें तो अल्लाह उन्हें हरगिज़ न बख़्शेगा, यह इस लिए कि उन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) से कुफ़्र किया, और अल्लाह नाफ़रमान लोगों को हिदायत नहीं देता। (80) पीछे रह जाने वाले अपने बैठ रहने से खुश हुए, रसूल (स) (तबूक के लिए निकलने) के बाद, और उन्हों ने नापसन्द किया कि वह जिहाद करें अपने मालों से और अपनी जानों से अल्लाह कि राह में, और उन्हों ने कहा गर्मी में कूच न करो, आप (स) कह दें जहन्नम की आग गर्मी में सब से ज़ियादा है, काश वह समझ सकते। (81) चाहिए कि वह हसें थोड़ा और रोएं ज़ियादा, यह उस का बदला है जो वह कमाते थे। (82) फिर अगर अल्लाह आप को किसी गिरोह कि तरफ़ वापस ले जाए उन में से, फिर वह आप (स) से (जिहाद के लिए) निकलने की इजाज़त मांगें तो आप (स) कह दें: तुम मेरे साथ कभी भी हरगिज़ न निकलोगे, और हरगिज़ न लड़ोगे दुश्मन से मेरे साथ (मिल कर), बेशक तुम ने पहली बार बैठ रहने को पसन्द किया, सो तुम पीछे रहजाने वालों के साथ बैठो। (83) उन में से कोई मर जाए तो कभी उस पर नमाज़ (जनाज़ा) न पढ़ना और न उस कि क़ब्र पर खड़े होना, बेशक उन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) से कुफ़्र किया और वह (उस हाल में) मरे जब कि वह नाफ़रमान थे। (84) और आप (स) को तअ़ज्जुब में न डालें उन के माल और उन की औलाद, अल्लाह तो सिर्फ़ यह चाहता है कि उन्हें उस से दुनिया में अ़ज़ाब दे और (उस हाल में) उन की जानें निकलें जब कि वह काफ़िर हों। (85) और जब कोई सूरत नाज़िल की जाती है कि अल्लाह पर ईमान लाओ और उस के रसूल (स) के साथ (मिल कर) जिहाद करो तो उन में से मक़दूर वाले आप से इजाज़त चाहते हैं, और कहते हैं हमें छोड़ दे कि हम बैठ रह जाने वालों के साथ हो जाएं। (86)

वह राज़ी हुए कि पीछे रह जाने वाली औरतों के साथ हो जाएं, और मुहर लग गई उन के दिलों पर, सो वह समझते नहीं (87)

लेकिन रसूल (स) और वह लोग जो उन के साथ ईमान लाए उन्हों ने अपने मालों से और अपनी जानों से जिहाद किया, और उन्हीं लोगों के लिए भलाइयां हैं, और यही लोग फ़लाह (दो जहान की कामयाबी) पाने वाले हैं। (88)

अल्लाह ने उन के लिए बाग़ात तैयार किए हैं, उन के नीचे नहरें जारी हैं, वह उन में हमेशा रहेंगे, यह बड़ी कामयाबी है। (89)

और देहातियों में से बहाना बनाने वाले आए कि उन को रुख़्सत दी जाए, और वह लोग बैठ रहे जिन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) से झूट बोला, अनक़रीब पहुँचेगा उन लोगों को दर्दनाक अ़ज़ाब जिन्हों ने कुफ़्र किया। (90)

नहीं कोई हर्ज ज़ईफ़ों पर और न मरीज़ों पर, न उन लोगों पर जो नहीं पाते कि वह ख़र्च करें, जब कि वह ख़ैर ख़ाह हों अल्लाह और उस के रसूल के, नेकी करने वालों पर कोई इल्ज़ाम नहीं, और अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (91)

और न उन लोगों पर (कोई हर्ज है) कि जब आप (स) के पास आए कि आप उन्हें सवारी दें, तो आप (स) ने कहा कि (कोई सवारी) नहीं कि उस पर तुम्हें सवार करूं, तो वह (उस हाल में) लौटे और ग़म से उन की आँखों से आंसू बह रहे थे कि वह कुछ नहीं पाते जो वह ख़र्च कर सकें। (92)

इल्ज़ाम सिर्फ़ उन लोगों पर है जो आप (स) से इजाज़त चाहते हैं और वह ग़नी (माल दार) हैं, वह उस से ख़ुश हुए कि वह रह जाएं पीछे रह जाने वाली औरतों के साथ, और अल्लाह ने उन के दिलों पर मुहर लगा दी, सो वह कुछ नहीं जानते। (93)

رَضُوْا بِاَنْ يَّكُوْنُوْا مَعَ الْخَوَالِفِ وَطُبِعَ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के दिल | पर | और मुहर लग गई | पीछे रह जाने वाली औरतें | साथ | हो जाएं | कि वह | वह राज़ी हुए |

فَهُمْ لَا يَفْقَهُوْنَ ﴿٨٧﴾ لٰكِنِ الرَّسُوْلُ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के साथ | ईमान लाए | और वह लोग जो | रसूल | लेकिन | 87 | समझते नहीं | सो वह |

جٰهَدُوْا بِاَمْوَالِهِمْ وَاَنْفُسِهِمْ ؕ وَاُولٰٓئِكَ لَهُمُ الْخَيْرٰتُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| भलाइयां | उन के लिए | और यही लोग | और अपनी जानें | अपने मालों से | उन्हों ने जिहाद किया |

وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٨٨﴾ اَعَدَّ اللّٰهُ لَهُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जारी है | बाग़ात | उन के लिए | अल्लाह ने तैयार किया | 88 | फ़लाह पाने वाले | वह | और यही लोग |

مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ؕ ذٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٨٩﴾ ع ١١ ١٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 89 | बड़ी | कामयाबी | यह | उन में | हमेशा रहेंगे | नहरें | उन के नीचे |

وَجَآءَ الْمُعَذِّرُوْنَ مِنَ الْاَعْرَابِ لِيُؤْذَنَ لَهُمْ وَقَعَدَ الَّذِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | बैठ रहे | उन को | कि रुख़्सत दी जाए | देहाती (जमा) | से | बहाना बनाने वाले | और आए |

كَذَبُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ؕ سَيُصِيْبُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | उन्हो ने कुफ़्र किया | वह लोग जो | अनक़रीब पहुँचेगा | और उस का रसूल | अल्लाह | झूट बोला |

عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٩٠﴾ لَيْسَ عَلَى الضُّعَفَآءِ وَلَا عَلَى الْمَرْضٰى وَلَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न | मरीज़ (जमा) | पर | और न | ज़ईफ़ (जमा) | पर | नहीं | 90 | दर्दनाक | अ़ज़ाब |

عَلَى الَّذِيْنَ لَا يَجِدُوْنَ مَا يُنْفِقُوْنَ حَرَجٌ اِذَا نَصَحُوْا لِلّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के लिए | वह ख़ैर ख़ाह हों | जब | कोई हर्ज | वह ख़र्च करें | जो | नही पाते | वह लोग जो | पर |

وَرَسُوْلِهٖ ؕ مَا عَلَى الْمُحْسِنِيْنَ مِنْ سَبِيْلٍ ؕ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٩١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 91 | निहायत मेहरबान | बख़्शने वाला | और अल्लाह | कोई राह (इल्ज़ाम) | नेकी करने वाले | पर | नहीं | और उस के रसूल |

وَّلَا عَلَى الَّذِيْنَ اِذَا مَآ اَتَوْكَ لِتَحْمِلَهُمْ قُلْتَ لَآ اَجِدُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं नही पाता | आप ने कहा | ता कि आप (स) उन्हें सवारी दें | आप के पास आए | जब | वह लोग जो | पर | और न |

مَآ اَحْمِلُكُمْ عَلَيْهِ ۠ تَوَلَّوْا وَّاَعْيُنُهُمْ تَفِيْضُ مِنَ الدَّمْعِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आँसू (जमा) | से | बह रहे थे | और उन की आँखें | वह लौटे | उस पर | तुम्हें सवार करूं |

حَزَنًا اَلَّا يَجِدُوْا مَا يُنْفِقُوْنَ ﴿٩٢﴾ اِنَّمَا السَّبِيْلُ عَلَى الَّذِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | पर | रास्ता (इल्ज़ाम) | इस के सिवा नहीं (सिर्फ़) | 92 | वह ख़र्च करें | जो | कि वह नही पाते | ग़म से |

يَسْتَاْذِنُوْنَكَ وَهُمْ اَغْنِيَآءُ ۚ رَضُوْا بِاَنْ يَّكُوْنُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह हो जाएं | कि | वह ख़ुश हुए | ग़नी (जमा) | और वह | आप (स) से इजाज़त चाहते है |

مَعَ الْخَوَالِفِ ۙ وَطَبَعَ اللّٰهُ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٩٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 93 | नही जानते | सो वह | उन के दिल | पर | और अल्लाह ने मुहर लगादी | पीछे रह जाने वाली औरतें | साथ |

ربع

يَعْتَذِرُوْنَ اِلَيْكُمْ اِذَا رَجَعْتُمْ اِلَيْهِمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उन की तरफ़ | तुम लौट कर जाओगे | जब | तुम्हारे पास | उज़्र लाएंगे |

قُلْ لَّا تَعْتَذِرُوْا لَنْ نُّؤْمِنَ لَكُمْ قَدْ نَبَّاَنَا اللّٰهُ مِنْ اَخْبَارِكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारी सब ख़बरें (हालात) | अल्लाह | हमें बता चुका है | तुम्हारा | हरगिज़ हम यक़ीन न करेंगे | उज़्र न करो | आप (स) कह दें |

وَسَيَرَى اللّٰهُ عَمَلَكُمْ وَرَسُوْلُهٗ ثُمَّ تُرَدُّوْنَ اِلٰى عٰلِمِ الْغَيْبِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पोशीदा | जानने वाले | तरफ़ | तुम लौटाए जाओगे | फिर | और उस का रसूल | तुम्हारे अमल | अल्लाह | और अभी देखेगा |

وَالشَّهَادَةِ فَيُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٩٤﴾ سَيَحْلِفُوْنَ بِاللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की | अब क़स्में खाएंगे | 94 | तुम करते थे | वह जो | फिर वह तुम्हें जता देगा | और ज़ाहिर |

لَكُمْ اِذَا انْقَلَبْتُمْ اِلَيْهِمْ لِتُعْرِضُوْا عَنْهُمْ فَاَعْرِضُوْا عَنْهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | सो तुम मुँह मोड़ लो | उन से | ताकि तुम दरगुज़र करो | उन की तरफ़ | वापस जाओगे तुम | जब | तुम्हारे आगे |

اِنَّهُمْ رِجْسٌ وَّمَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ جَزَآءًۢ بِمَا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ﴿٩٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 95 | वह कमाते | थे | उस का जो | बदला | जहन्नम | और उन का ठिकाना | पलीद | बेशक वह |

يَحْلِفُوْنَ لَكُمْ لِتَرْضَوْا عَنْهُمْ فَاِنْ تَرْضَوْا عَنْهُمْ فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक अल्लाह | उन से | तुम राज़ी हो जाओ | सो अगर | उन से | ताकि तुम राज़ी हो जाओ | तुम्हारे आगे | वह क़स्में खाते हैं |

لَا يَرْضٰى عَنِ الْقَوْمِ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٩٦﴾ اَلْاَعْرَابُ اَشَدُّ كُفْرًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुफ़्र में | बहुत सख़्त | देहाती | 96 | नाफ़रमान | लोग | से | राज़ी नहीं होता |

وَّنِفَاقًا وَّاَجْدَرُ اَلَّا يَعْلَمُوْا حُدُوْدَ مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ عَلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | अल्लाह | नाज़िल किए | जो | एहकाम | कि वह न जानें | और ज़ियादा लाइक़ | और निफ़ाक़ में |

رَسُوْلِهٖ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿٩٧﴾ وَمِنَ الْاَعْرَابِ مَنْ يَّتَّخِذُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लेते हैं (समझते हैं) | जो | देहाती | और से (बाज़) | 97 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और अल्लाह | अपना रसूल (स) |

مَا يُنْفِقُ مَغْرَمًا وَّيَتَرَبَّصُ بِكُمُ الدَّوَآئِرَ عَلَيْهِمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | गर्दिशें | तुम्हारे लिए | और इन्तिज़ार करते हैं | तावान | जो वह खर्च करते हैं |

دَآئِرَةُ السَّوْءِ وَاللّٰهُ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿٩٨﴾ وَمِنَ الْاَعْرَابِ مَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | देहाती | और से (बाज़) | 98 | जानने वाला | सुनने वाला | और अल्लाह | बुरी | गर्दिश |

يُّؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ وَيَتَّخِذُ مَا يُنْفِقُ قُرُبٰتٍ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नज़दीकियां | जो वह खर्च करे | और समझते हैं | और आख़िरत का दिन | अल्लाह पर | ईमान रखते हैं |

عِنْدَ اللّٰهِ وَصَلَوٰتِ الرَّسُوْلِ اَلَآ اِنَّهَا قُرْبَةٌ لَّهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | नज़दीकी | यक़ीनन वह | हां हां | रसूल | और दुआएं | अल्लाह से |

١٢ ع سَيُدْخِلُهُمُ اللّٰهُ فِيْ رَحْمَتِهٖ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٩٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | निहायत मेहरबान | बख़्शने वाला | बेशक अल्लाह | अपनी रहमत | में | अल्लाह | जल्द दाख़िल करेगा उन्हें |

जब तुम उन की तरफ़ लौट कर जाओगे तो वह तुम्हारे पास उज़्र लाएंगे। कह दो कि उज़्र न करो, हम हरगिज़ यक़ीन न करेंगे तुम्हारा, अल्लाह हमें तुम्हारी सब ख़बरें बता चुका है। और अभी अल्लाह तुम्हारे अ़मल देखेगा और उस का रसूल (स), फिर तुम पोशीदा और ज़ाहिर जानने वाले (अल्लाह) की तरफ़ लौटाए जाओगे, फिर वह तुम्हें जता देगा जो तुम करते थे। (94) जब तुम उन की तरफ़ वापस जाओगे तब तुम्हारे आगे अल्लाह की क़स्में खाएंगे ताकि तुम उन से दरगुज़र करो, सो तुम उन से मुँह मोड़ लो, बेशक वह पलीद हैं, और उन का ठिकाना जहन्नम है, उस का बदला जो वह कमाते थे। (95) वह तुम्हारे आगे क़स्में खाते हैं ताकि तुम उन से राज़ी हो जाओ, सो अगर तुम उन से राज़ी (भी) हो जाओ तो बेशक अल्लाह राज़ी नहीं होता नाफ़रमान लोगों से। (96) देहाती कुफ़्र और निफ़ाक़ में बहुत सख़्त हैं, और ज़ियादा इमकानात हैं कि वह न जानें जो एहकाम अल्लाह ने अपने रसूल (स) पर नाज़िल किए, और अल्लाह जानने वाला, हिक्मत वाला है। (97) और बाज़ देहाती हैं जो (अल्लाह की राह में) जो ख़र्च करते हैं उसे तावान समझते हैं और तुम्हारे लिए गर्दिशों का इन्तिज़ार करते हैं, उन्हीं पर है बुरी गर्दिश, और अल्लाह सुनने वाला जानने वाला है। (98) और बाज़ देहाती हैं जो अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान रखते हैं और जो वह ख़र्च करते हैं उसे अल्लाह से नज़दीकियाँ और रसूल (स) की दुआएं (लेने का ज़रीआ़) समझते हैं, हां हां! यक़ीनन वह नज़दीकी का (ज़रीआ़) है उन के लिए, अल्लाह जल्द उन्हें अपनी रहमत में दाख़िल करेगा, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेहरबान है। (99)

और सब से पहले (ईमान और इस्लाम में) सबक़त करने वाले मुहाजरीन और अन्सार में से, और जिन्हों ने नेकी के साथ पैरवी की, अल्लाह उन से राज़ी हुआ, और वह उस से राज़ी हुए, और उस ने उन के लिए बाग़ात तैयार किए हैं जिन के नीचे नहरें बहती हैं, वह उन में हमेशा हमेशा रहेंगे, यह बड़ी कामयाबी है। (100)
और जो देहाती तुम्हारे इर्द गिर्द हैं उन में से बाज मुनाफ़िक़ हैं, और मदीने वालों में से बाज निफ़ाक़ पर अड़े हुए हैं, तुम उन्हें नहीं जानते, हम उन्हें जानते हैं और हम जल्द उन्हें दो बार अज़ाब देंगे, फिर वह अज़ाबे अज़ीम की तरफ़ लौटाए जाएंगे। (101)
और कुछ और हैं जिन्हों ने अपने गुनाहों का एतराफ़ किया, उन्हों ने एक अच्छा और दूसरा बुरा अ़मल मिला लिया, करीब है कि अल्लाह उन्हें माफ़ करदे, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, निहायत मेह्रबान है। (102)
आप (स) उन के मालों में से ज़कात ले लें, आप (स) उन्हें पाक और साफ़ कर दें उस से, और उन पर दुआ़ए (ख़ैर) करें, बेशक आप(स) की दुआ़ उन के लिए (बाइसे) सुकून है और अल्लाह सुनने वाला, जानने वाला है। (103)
क्या उन्हें इल्म नहीं कि अल्लाह ही अपने बन्दों की तौबा कुबूल करता है, और कुबूल करता है सदक़ात और यह कि अल्लाह ही तौबा कुबूल करने वाला, निहायत मेह्रबान है। (104)
और आप (स) कहदें तुम अ़मल किए जाओ, पस अब देखेगा अल्लाह और उस का रसूल (स) और मोमिन तुम्हारे अमल, और तुम जल्द पोशीदा और ज़ाहिर जानने वाले (अल्लाह) की तरफ़ लौटाए जाओगे, सो वह तुम्हें जता देगा जो तुम करते थे। (105)
और कुछ और हैं वह अल्लाह के हुक्म पर मौक़ूफ़ रखे गए हैं, ख़्वाह वह उन्हें अज़ाब दे और ख़्वाह उन की तौबा कुबूल कर ले, और अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (106)

وَالسّٰبِقُوْنَ الْاَوَّلُوْنَ مِنَ الْمُهٰجِرِيْنَ وَالْاَنْصَارِ وَالَّذِيْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और जिन लोगों | और अन्सार | मुहाजरीन | से | सब से पहले | और सबक़त करने वाले |

اتَّبَعُوْهُمْ بِاِحْسَانٍ ۙ رَّضِيَ اللّٰهُ عَنْهُمْ وَرَضُوْا عَنْهُ وَاَعَدَّ لَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और तैयार किया उस ने | उस से | और वह राज़ी हुए | राज़ी हुआ अल्लाह उन से | नेकी के साथ | उस की पैरवी की |

جَنّٰتٍ تَجْرِيْ تَحْتَهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ؕ ذٰلِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | हमेशा | उन में | हमेशा रहेंगे | नहरें | उन के नीचे | बहती हैं | बाग़ात |

الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿١٠٠﴾ وَمِمَّنْ حَوْلَكُمْ مِّنَ الْاَعْرَابِ مُنٰفِقُوْنَ ۛؕ وَمِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और से (बाज़) | मुनाफ़िक़ (जमा) | देहानी | से बाज़ | तुम्हारे इर्द गिर्द | और उन में जो | 100 | कामयाबी बड़ी |

ع ٥ عند المتقدمين ١٢ وقف منزل

اَهْلِ الْمَدِيْنَةِ ۛ مَرَدُوْا عَلَى النِّفَاقِ ۫ لَا تَعْلَمُهُمْ ؕ نَحْنُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हम | तुम नहीं जानते उन को | निफ़ाक़ | पर | अड़े हुए हैं | मदीने वाले |

نَعْلَمُهُمْ ؕ سَنُعَذِّبُهُمْ مَّرَّتَيْنِ ثُمَّ يُرَدُّوْنَ اِلٰى عَذَابٍ عَظِيْمٍ ﴿١٠١﴾ ع

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | अज़ीम | अज़ाब | तरफ़ | वह लौटाए जाएंगे | फिर | दो बार | जल्द हम उन्हें अज़ाब देंगे | जानते हैं उन्हें |

وَاٰخَرُوْنَ اعْتَرَفُوْا بِذُنُوْبِهِمْ خَلَطُوْا عَمَلًا صَالِحًا وَّاٰخَرَ سَيِّئًا ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुरा | और दूसरा | एक अमल अच्छा | उन्हों ने मिलाया | अपने गुनाहों का | उन्हों ने एतराफ़ किया | और कुछ और |

عَسَى اللّٰهُ اَنْ يَّتُوْبَ عَلَيْهِمْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٠٢﴾ خُذْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लेलें आप (स) | 102 | निहायत मेह्रबान | बख़्शने वाला | बेशक अल्लाह | माफ़ कर दे उन्हें | कि | अल्लाह | करीब है |

مِنْ اَمْوَالِهِمْ صَدَقَةً تُطَهِّرُهُمْ وَتُزَكِّيْهِمْ بِهَا وَصَلِّ عَلَيْهِمْ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | और दुआ़ करो | उस से | और साफ़ कर दो | तुम पाक कर दो | ज़कात | उनके माल (जमा) | से |

اِنَّ صَلٰوتَكَ سَكَنٌ لَّهُمْ ؕ وَاللّٰهُ سَمِيْعٌ عَلِيْمٌ ﴿١٠٣﴾ اَلَمْ يَعْلَمُوْٓا اَنَّ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | क्या उन्हें इल्म नहीं | 103 | जानने वाला | सुनने वाला | और अल्लाह | उन के लिए | सुकून | आप (स) की दुआ़ | बेशक |

اللّٰهَ هُوَ يَقْبَلُ التَّوْبَةَ عَنْ عِبَادِهٖ وَيَاْخُذُ الصَّدَقٰتِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सदक़ात | और कुबूल करता है | अपने बन्दे | से - की | तौबा | कुबूल करता है | वह | अल्लाह |

وَاَنَّ اللّٰهَ هُوَ التَّوَّابُ الرَّحِيْمُ ﴿١٠٤﴾ وَقُلِ اعْمَلُوْا فَسَيَرَى اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | पस अब देखेगा | तुम किए जाओ अमल | और कह दें आप (स) | 104 | निहायत मेह्रबान | तौबा कुबूल करने वाला | वह | और यह कि अल्लाह |

عَمَلَكُمْ وَرَسُوْلُهٗ وَالْمُؤْمِنُوْنَ ؕ وَسَتُرَدُّوْنَ اِلٰى عٰلِمِ الْغَيْبِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जानने वाला पोशीदा | तरफ़ | और जल्द लौटाए जाओगे | और मोमिन (जमा) | और उसका रसूल (स) | तुम्हारे अमल |

وَالشَّهَادَةِ فَيُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٠٥﴾ ع وَاٰخَرُوْنَ مُرْجَوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मौक़ूफ़ रखे गए | और कुछ और | 105 | तुम करते थे | वह जो | सो वह तुम्हें जता देगा | और ज़ाहिर |

لِاَمْرِ اللّٰهِ اِمَّا يُعَذِّبُهُمْ وَاِمَّا يَتُوْبُ عَلَيْهِمْ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿١٠٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 106 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और अल्लाह | तौबा कुबूल कर ले उन की | और ख़्वाह | वह उन्हें अज़ाब दे | ख़्वाह | अल्लाह के हुक्म पर |

وَالَّذِيْنَ اتَّخَذُوْا مَسْجِدًا ضِرَارًا وَّكُفْرًا وَّتَفْرِيْقًا بَيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दरमियान | और फूट डालने को | और कुफ़्र के लिए | नुक़्सान पहुँचाने को | मस्जिद | उन्हों ने बनाई | और वह लोग जो |

الْمُؤْمِنِيْنَ وَاِرْصَادًا لِّمَنْ حَارَبَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ مِنْ قَبْلُ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | से | और उस का रसूल (स) | अल्लाह | उस ने जंग की | उस के वासते जो | और घात की जगह बनाने के लिए | मोमिनों (जमा) |

وَلَيَحْلِفُنَّ اِنْ اَرَدْنَآ اِلَّا الْحُسْنٰى ؕ وَاللّٰهُ يَشْهَدُ اِنَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह यक़ीनन | गवाही देता है | और अल्लाह | भलाई | मगर (सिर्फ़) | हम ने चाहा | नही | और वह अल्बत्ता क़स्में खाएंगे |

لَكٰذِبُوْنَ ﴿١٠٧﴾ لَا تَقُمْ فِيْهِ اَبَدًا ؕ لَمَسْجِدٌ اُسِّسَ عَلَى التَّقْوٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तक़्वा | पर | बुन्याद रखी गई | बेशक वह मस्जिद | कभी | उस में | आप (स) न खड़े होना | 107 | झूटे है |

مِنْ اَوَّلِ يَوْمٍ اَحَقُّ اَنْ تَقُوْمَ فِيْهِ ؕ فِيْهِ رِجَالٌ يُّحِبُّوْنَ اَنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | वह चाहते है | ऐसे लोग | उस में | आप (स) खड़े हों उस में | कि | ज़ियादा लाइक़ | दिन | पहले | से |

يَّتَطَهَّرُوْا ؕ وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُطَّهِّرِيْنَ ﴿١٠٨﴾ اَفَمَنْ اَسَّسَ بُنْيَانَهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी इमारत | बुन्याद रखी | सो क्या वह जो | 108 | पाक रहने वाले | महबूब रखता है | और अल्लाह | वह पाक रहें |

عَلٰى تَقْوٰى مِنَ اللّٰهِ وَرِضْوَانٍ خَيْرٌ اَمْ مَّنْ اَسَّسَ بُنْيَانَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी इमारत | बुन्याद रखी | जो- जिस | या | बेहतर | और खुशनूदी | अल्लाह से | तक़्वा (खौफ़) | पर |

عَلٰى شَفَا جُرُفٍ هَارٍ فَانْهَارَ بِهٖ فِيْ نَارِ جَهَنَّمَ ؕ وَاللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह | दोज़ख़ की आग | में | उस को लेकर | सो गिर पड़ी | गिरने वाला | खाई | किनारा | पर |

لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٠٩﴾ لَا يَزَالُ بُنْيَانُهُمُ الَّذِىْ بَنَوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुन्याद रखी | जो कि | उन की इमारत | हमेशा रहेगी | 109 | ज़ालिम (जमा) | लोग | हिदायत नही देता |

١٣ ع ١١ ٢ رِيْبَةً فِىْ قُلُوْبِهِمْ اِلَّآ اَنْ تَقَطَّعَ قُلُوْبُهُمْ ؕ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿١١٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 110 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और अल्लाह | उन के दिल | यह कि टुकड़े हो जाएं | मगर | उन के दिल | में | शक |

اِنَّ اللّٰهَ اشْتَرٰى مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ اَنْفُسَهُمْ وَاَمْوَالَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उन के माल | उन की जानें | मोमिन (जमा) | से | खरीद लिए | बेशक अल्लाह |

بِاَنَّ لَهُمُ الْجَنَّةَ ؕ يُقَاتِلُوْنَ فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ فَيَقْتُلُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सो वह मारते है | अल्लाह की राह | में | वह लड़ते है | जन्नत | उन के लिए | उस के बदले |

وَيُقْتَلُوْنَ ۟ وَعْدًا عَلَيْهِ حَقًّا فِى التَّوْرٰىةِ وَالْاِنْجِيْلِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और इंजील | तौरात में | सच्चा | उस पर | वादा | और मारे जाते है |

وَالْقُرْاٰنِ ؕ وَمَنْ اَوْفٰى بِعَهْدِهٖ مِنَ اللّٰهِ فَاسْتَبْشِرُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पस खुशियां मनाओ | अल्लाह से | अपना वादा | ज़ियादा पूरा करने वाला | और कौन | और क़ुरआन |

بِبَيْعِكُمُ الَّذِىْ بَايَعْتُمْ بِهٖ ؕ وَذٰلِكَ هُوَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿١١١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | अज़ीम | कामयाबी | वह | और यह | उस से | तुम ने सौदा किया | जो कि | सो अपने सौदे पर |

और वह लोग जिन्हों ने मस्जिद ज़रार (नुक़्सान पहुँचाने के लिए) बनाई और कुफ़्र करने के लिए, और मोमिनों के दरमियान फूट डालने के लिए और उस के वासते घात की जगह बनाने के लिए जिस ने अल्लाह और उस के रसूल (स) से जंग की उस से पहले, और वह अल्बत्ता क़स्में खाएंगे कि हम ने सिर्फ़ भलाई चाही, और अल्लाह गवाही देता है वह यक़ीनन झूटे हैं। **(107)** आप (स) उस में कभी न खड़े होना, बेशक वह मस्जिद जिस की बुन्याद पहले दिन से तक़्वे पर रखी गई है ज़ियादा लाइक़ है कि आप (स) उस में खड़े हों, उस में ऐसे लोग हैं जो चाहते हैं कि वह पाक रहें, और अल्लाह महबूब रखता है पाक रहने वालों को। **(108)** सो क्या वह जिस ने अपनी इमारत की बुन्याद अल्लाह के खौफ़ और (उस की) खुशनूदी पर रखी, वह बेहतर है? या वह जिस ने अपनी इमारत की बुन्याद गिरने वाली खाई (गढ़े) के किनारे पर रखी? सो वह उसको लेकर दोज़ख़ की आग में गिर पड़ी, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। **(109)** वह इमारत जिस की उन्हों ने बुन्याद रखी है हमेशा शक डालती रहेगी उन के दिलों में, मगर यह कि उन के दिल टुकड़े टुकड़े हो जाएं, और अल्लाह जानने वाला, हिक्मत वाला है। **(110)** बेशक अल्लाह ने ख़रीद लीं मोमिनों से उन की जानें और उन के माल, उस के बदले कि उन के लिए जन्नत है, वह लड़ते हैं अल्लाह की राह में, सो वह मारते हैं और मारे (भी) जाते हैं, उस पर सच्चा वादा है तौरात में, और इंजील और क़ुरआन में, और अल्लाह से ज़ियादा कौन अपना वादा पूरा करने वाला है? पस अपने उस सौदे पर खुशियां मनाओ जो तुम ने उस से सौदा किया है, और यह अज़ीम कामयाबी है। **(111)**

तौबा करने वाले, इबादत करने वाले, हम्द ओ सना करने वाले, (अल्लाह की राहे में) सफर करने वाले, रुकूअ करने वाले, सिज्दा करने वाले, नेकी का हुक्म देने वाले, और बुराई से रोकने वाले, और अल्लाह की (क़ाइम करदा) हुदूद की हिफ़ाज़त करने वाले, और मोमिनों को खुशखबरी दो। (112)

नबी (स) के लिए और मोमिनों के लिए (शायां) नहीं कि वह मुश्रिकों के लिए बखशिश चाहें, अगरचे वह उन के क़राबतदार हों, उस के बाद जब कि उन पर जाहिर हो गया कि वह दोज़ख़ वाले हैं। (113)

और इब्राहीम (अ) का अपने बाप के लिए बखशिश चाहना न था मगर एक वादे के सबब जो वह उस बाप से कर चुके थे, फिर जब उन पर जाहिर हो गया कि वह अल्लाह का दुश्मन है तो वह उस से बेज़ार हो गए, बेशक इब्राहीम (अ) नर्म दिल बुर्दबार थे। (114)

और अल्लाह ऐसा नहीं है कि किसी को उस के बाद गुमराह करे, जबकि उस ने उन्हें हिदायत दे दी जब तक उन पर वाजेह न कर दे जिस से वह परहेज़ करें, बेशक अल्लाह हर शै का जानने वाला है। (115)

बेशक अल्लाह ही के लिए है बादशाहत आस्मानों की और जमीन की, वह ज़िन्दगी देता है और (वही) मारता है, और तुम्हारे लिए अल्लाह के सिवा कोई हीमायती है और न मददगार। (116)

अलबत्ता तवज्जुह फ़रमाई अल्लाह ने नबी (स) पर, और मुहाजरीन ओ अन्सार पर, वह जिन्हों ने तंगी की घड़ी में उस की पैरवी की, उस के बाद जबकि क़रीब था कि उन में से एक फ़रीक़ के दिल फिर जाएं, फिर वह उन पर मुतवज्जुह हुआ, बेशक वह उन पर इन्तिहाई शफ़ीक़, निहायत मेह्रबान है। (117)

اَلتَّآئِبُوْنَ الْعٰبِدُوْنَ الْحٰمِدُوْنَ السَّآئِحُوْنَ الرّٰكِعُوْنَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रुकूअ करने वाले | सफ़र करने वाले | हम्द ओ सना करने वाले | इबादत करने वाले | तौबा करने वाले |

السّٰجِدُوْنَ الْاٰمِرُوْنَ بِالْمَعْرُوْفِ وَالنَّاهُوْنَ عَنِ الْمُنْكَرِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बुराई | से | और रोकने वाले | नेकी का | हुक्म देने वाले | सिज्दा करने वाले |

وَالْحٰفِظُوْنَ لِحُدُوْدِ اللّٰهِ ؕ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١١٢﴾ مَا كَانَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नही है | 112 | मोमिन (जमा) | और खुशखबरी दो | अल्लाह की हुदूद की | और हिफ़ाज़त करने वाले |

لِلنَّبِيِّ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اَنْ يَّسْتَغْفِرُوْا لِلْمُشْرِكِيْنَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मुश्रिकों के लिए | वह बख़्शिश चाहें | कि | और जो लोग ईमान लाए (मोमिन) | नबी के लिए |

وَلَوْ كَانُوْۤا اُولِيْ قُرْبٰى مِنْۢ بَعْدِ مَا تَبَيَّنَ لَهُمْ اَنَّهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि वह | उन पर | जब जाहिर हो गया | उस के बाद | क़राबतदार | वह हों | ख़्वाह |

اَصْحٰبُ الْجَحِيْمِ ﴿١١٣﴾ وَمَا كَانَ اسْتِغْفَارُ اِبْرٰهِيْمَ لِاَبِيْهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अपने बाप के लिए | इब्राहीम (अ) | बख़्शिश चाहना | और न था | 113 | दोज़ख़ वाले |

اِلَّا عَنْ مَّوْعِدَةٍ وَّعَدَهَاۤ اِيَّاهُ ۚ فَلَمَّا تَبَيَّنَ لَهٗۤ اَنَّهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि वह | उस पर | ज़ाहिर हो गया | फिर जब | उस से | जो उस ने वादा किया | एक वादे के सबब | मगर |

عَدُوٌّ لِّلّٰهِ تَبَرَّاَ مِنْهُ ؕ اِنَّ اِبْرٰهِيْمَ لَاَوَّاهٌ حَلِيْمٌ ﴿١١٤﴾ وَمَا كَانَ اللّٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और नहीं है | 114 | बुर्दबार | नर्म दिल | इब्राहीम (अ) | बेशक | उस से | वह बेज़ार हो गया | अल्लाह का दुश्मन |

لِيُضِلَّ قَوْمًاۢ بَعْدَ اِذْ هَدٰىهُمْ حَتّٰى يُبَيِّنَ لَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | वाज़ेह करदे | जब तक | जब उन्हें हिदायत दे दी | बाद | कोई क़ौम | कि वह गुमराह करे |

مَّا يَتَّقُوْنَ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿١١٥﴾ اِنَّ اللّٰهَ لَهٗ مُلْكُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बादशाहत | उस के लिए | बेशक अल्लाह | 115 | जानने वाला | हर शै का | बेशक अल्लाह | वह परहेज़ करें | जिस |

السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ ؕ وَمَا لَكُمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और तुम्हारे लिए नही | और वह मारता है | वही ज़िन्दगी देता है | और ज़मीन | आस्मानों |

مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ﴿١١٦﴾ لَقَدْ تَّابَ اللّٰهُ عَلَى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | अल्लाह | अल्बत्ता तवज्जुह फ़रमाई | 116 | और न मददगार | कोई हिमायती | से | अल्लाह के सिवा | कोई |

النَّبِيِّ وَالْمُهٰجِرِيْنَ وَالْاَنْصَارِ الَّذِيْنَ اتَّبَعُوْهُ فِيْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| में | उस की पैरवी की | वह जिन्हों ने | और अन्सार | और मुहाजरीन | नबी (स) |

سَاعَةِ الْعُسْرَةِ مِنْۢ بَعْدِ مَا كَادَ يَزِيْغُ قُلُوْبُ فَرِيْقٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एक फ़रीक़ | दिल (जमा) | फिर जाएं | जब क़रीब था | उस के बाद | तंगी | घड़ी |

مِّنْهُمْ ثُمَّ تَابَ عَلَيْهِمْ ؕ اِنَّهٗ بِهِمْ رَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ ﴿١١٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 117 | निहायत मेह्रबान | इन्तिहाई शफ़ीक़ | उन पर | बेशक वह | उन पर | फिर वह मुतवज्जुह हुआ | उन से |

وَّعَلَى الثَّلٰثَةِ الَّذِيْنَ خُلِّفُوْا ؕ حَتّٰۤى اِذَا ضَاقَتْ عَلَيْهِمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | तंग होगई | जब | यहां तक कि | पीछे रखा गया | वह जो | वह तीन | और पर |

الْاَرْضُ بِمَا رَحُبَتْ وَضَاقَتْ عَلَيْهِمْ اَنْفُسُهُمْ وَظَنُّوْۤا اَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | और उन्हों ने जान लिया | उन की जानें | उन पर | और वह तंग हो गई | बावजूद कुशादगी | ज़मीन |

لَّا مَلْجَاَ مِنَ اللّٰهِ اِلَّاۤ اِلَيْهِ ؕ ثُمَّ تَابَ عَلَيْهِمْ لِيَتُوْبُوْا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि वह तौबा करें | वह मुतवज्जुह हुआ उन पर | फिर | उस की तरफ़ | मगर | अल्लाह | से | नही पनाह |

١٣ ع ٨ ٢ اِنَّ اللّٰهَ هُوَ التَّوَّابُ الرَّحِيْمُ ﴿١١٨﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डरो अल्लाह से | जो लोग ईमान लाए (मोमिन) | ऐ | 118 | निहायत मेहरबान | तौबा कुबूल करने वाला | वह | बेशक अल्लाह |

وَكُوْنُوْا مَعَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿١١٩﴾ مَا كَانَ لِاَهْلِ الْمَدِيْنَةِ وَمَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | मदीने वालों को | न था | 119 | सच्चे लोग | साथ | और हो जाओ |

حَوْلَهُمْ مِّنَ الْاَعْرَابِ اَنْ يَّتَخَلَّفُوْا عَنْ رَّسُوْلِ اللّٰهِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के रसूल (स) | से | कि वह पीछे रहजाते | देहातियों में से | उन के इर्द गिर्द |

وَلَا يَرْغَبُوْا بِاَنْفُسِهِمْ عَنْ نَّفْسِهٖ ؕ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ لَا يُصِيْبُهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नही पहुँचती उन का | इस लिए कि वह | यह | उन की जान | से | अपनी जानों को | और यह कि जियादा चाहें वह |

ظَمَاٌ وَّلَا نَصَبٌ وَّلَا مَخْمَصَةٌ فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ وَلَا يَطَـُٔوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न वह कदम रखते है | अल्लाह की राह | में | काई भूख | और न | और न कोई मुशक्कत | कोई पयास |

مَوْطِئًا يَّغِيْظُ الْكُفَّارَ وَلَا يَنَالُوْنَ مِنْ عَدُوٍّ نَّيْلًا اِلَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | कोई चीज | दुश्मन | मे | और न वह छीनते है | काफ़िर (जमा) | गुस्सा हों | ऐसा कदम |

كُتِبَ لَهُمْ بِهٖ عَمَلٌ صَالِحٌ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُضِيْعُ اَجْرَ الْمُحْسِنِيْنَ ﴿١٢٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 120 | नेकोकार (जमा) | अजर | ज़ाया नही करता | बेशक अल्लाह | नेक अ़मल | उस से | लिखा जाता है उन के लिए |

وَلَا يُنْفِقُوْنَ نَفَقَةً صَغِيْرَةً وَّلَا كَبِيْرَةً وَّلَا يَقْطَعُوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और न ते करते है | और न बड़ा | छोटा | खर्च | वह खर्च करते है | और न |

وَادِيًا اِلَّا كُتِبَ لَهُمْ لِيَجْزِيَهُمُ اللّٰهُ اَحْسَنَ مَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | बेहतरीन | अल्लाह | ताकि जज़ा दे उन्हें | लिखा जाता है उन के लिए | मगर | कोई वादी (मैदान) |

كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٢١﴾ وَمَا كَانَ الْمُؤْمِنُوْنَ لِيَنْفِرُوْا كَآفَّةً ؕ فَلَوْلَا نَفَرَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पस क्यों न कूच करे | सब के सब | कि वह कूच करें | मोमिन (जमा) | और नहीं है | 121 | वह करते थे (उन के आमाल) |

مِنْ كُلِّ فِرْقَةٍ مِّنْهُمْ طَآئِفَةٌ لِّيَتَفَقَّهُوْا فِى الدِّيْنِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दीन में | ताकि वह समझ हमिल करें | एक जमाअत | उन से (उन की) | हर गिरोह | से |

١٥ ع ٢ ٤ وَلِيُنْذِرُوْا قَوْمَهُمْ اِذَا رَجَعُوْۤا اِلَيْهِمْ لَعَلَّهُمْ يَحْذَرُوْنَ ﴿١٢٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 122 | बचते रहें | ताकि वह (अजब नहीं) | उन की तरफ़ | वह लौटें | जब | अपनी कौम | और ताकि वह डर सुनाएं |

और उन तीन पर (जिन का मामला) पीछे रखा गया था, यहां तक कि उन पर तंग होगई ज़मीन अपनी कुशादगी के बावजूद, और उन पर उन की जानें तंग हो गईं (अपनी जानों से तंग आगए) और उन्हों ने जान लिया कि अल्लाह से कोई पनाह नहीं मगर उसी कि तरफ़ है, फिर वह उन पर (अपनी रहमत से) मुतवज्जुह हुआ ताकि वह तौबा करें, बेशक अल्लाह तौबा कुबूल करने वाला, निहायत मेहरबान है। (118) ऐ ईमान वालो! अल्लाह से डरो और सच्चे लोगों के साथ हो जाओ। (119) (लाइक़) न था मदीने वालों को (और उन्हें) जो उन के इर्द गिर्द देहाती हैं कि वह अल्लाह के रसूल (स) से पीछे रहजाएं, और यह कि वह जियादा चाहें अपनी जानों को उन (स) की जान से, यह इस लिए कि उन को नहीं पहुंचती कोई प्यास, और न कोई मुशक़्क़त, और न कोई भूख, अल्लाह की राह में, और न वह ऐसा क़दम रखते हैं कि काफ़िर गुस्सा हों और न वह छीनते हैं दुश्मन से कोई चीज़, मगर उस से (उस के बदले) उन के लिए नेक अ़मल लिखा जाता है, बेशक अल्लाह अजर ज़ाया नहीं करता नेकोकारों का। (120) और वह कोई छोटा या बड़ा (कम या जियादा) खर्च नहीं करते और न वह ते करते हैं कोई मैदान, मगर उन के लिए लिख दिया जाता है, ताकि अल्लाह उन्हें बेहतरीन जज़ा दे। (121) और (ऐसे तो) नहीं कि मोमिन सब के सब कूच करें। पस क्यों न उन के हर गिरोह में से एक जमाअत कूच करे ताकि वह समझ हासिल करें दीन में, और ताकि वह अपनी क़ौम को डर सुनाएं जब उन की तरफ़ लौटें, अजब नहीं कि वह बचते रहें। (122)

ऐ मोमिनो! अपने नज़दीक के काफ़िरों से लड़ो, और चाहिए कि वह तुम्हारे अन्दर पाएं सख़्ती, और जान लो कि अल्लाह परहेज़गारों के साथ है। **(123)**

और जब कोई सूरत नाज़िल की जाती है तो उन में से बाज़ कहते हैं उस ने तुम में से किस का ईमान ज़ियादा कर दिया है? सो जो लोग ईमान लाए हैं उस ने ज़ियादा कर दिया है उन का ईमान, और वह ख़ुशियां मनाते हैं, **(124)**

और वह लोग जिन के दिलों में बीमारी है, उस ने जियादा कर दी उन की गन्दगी पर गन्दगी, और वह मरने तक काफ़िर ही रहे। **(125)**

क्या वह नहीं देखते कि वह हर साल आज़माए जाते हैं? एक बार या दो बार, फिर न वह तौबा करते हैं और न नसीहत पकड़ते हैं। **(126)**

और जब उतारी जाती है कोई सूरत तो उन में से एक दूसरे को देखने लगता है, क्या तुम्हें कोई (मुसलमान) देखता है? फिर वह फिर जाते हैं, अल्लाह ने उन के दिल फेर दिए, क्योंकि वह लोग समझ नहीं रखते। **(127)**

अलबत्ता तुम्हारे पास आया एक रसूल (स) तुम में से, जो तुम्हें तकलीफ़ पहुँचे उस पर गरां है, तुम्हारी (भलाई) का बहुत ख़ाहिशमन्द है। मोमिनों पर शफ़ीक़, निहायत मेहरबान है। **(128)**

फिर अगर वह मुँह मोड़ें तो आप (स) कह दें मुझे काफ़ी है अल्लाह, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, मैं ने उसी पर भरोसा किया, और वह अर्शे अज़ीम का मालिक है। **(129)**

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا قَاتِلُوا الَّذِيْنَ يَلُوْنَكُمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| नज़दीक तुम्हारे | वह जो | लड़ो | वह जो ईमान लाए (मोमिन) | ऐ |

مِّنَ الْكُفَّارِ وَلْيَجِدُوْا فِيْكُمْ غِلْظَةً ؕ وَاعْلَمُوْۤا اَنَّ اللّٰهَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कि अल्लाह | और जान लो | सख़्ती | तुम्हारे अन्दर | और चाहिए कि वह पाएं | कुफ़्फ़ार से (काफ़िर) |

مَعَ الْمُتَّقِيْنَ ﴿١٢٣﴾ وَاِذَا مَاۤ اُنْزِلَتْ سُوْرَةٌ فَمِنْهُمْ مَّنْ يَّقُوْلُ الربع

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कहते हैं | बाज़ | तो उन में से | कोई सूरत | नाज़िल की जाती | और जब | 123 | परहेज़गारों के साथ |

اَيُّكُمْ زَادَتْهُ هٰذِهٖۤ اِيْمَانًا ۚ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो ईमान लाए | सो जो | ईमान | उस ने | जियादा कर दिया (उस का) | तुम में से किस |

فَزَادَتْهُمْ اِيْمَانًا وَّهُمْ يَسْتَبْشِرُوْنَ ﴿١٢٤﴾ وَاَمَّا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और जो | 124 | ख़ुशियां मनाते हैं | और वह | ईमान | उस ने ज़ियादा कर दिया उन का |

الَّذِيْنَ فِيْ قُلُوْبِهِمْ مَّرَضٌ فَزَادَتْهُمْ رِجْسًا اِلٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ (पर) | गन्दगी | उस ने ज़ियादा कर दी उन की | बीमारी | उन के दिल (जमा) | में | वह लोग जो |

رِجْسِهِمْ وَمَاتُوْا وَهُمْ كٰفِرُوْنَ ﴿١٢٥﴾ اَوَلَا يَرَوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्या नहीं वह देखते | 125 | काफ़िर (जमा) | और वह | और वह मरे | उन की गन्दगी |

اَنَّهُمْ يُفْتَنُوْنَ فِيْ كُلِّ عَامٍ مَّرَّةً اَوْ مَرَّتَيْنِ ثُمَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | दो बार | या | एक बार | हर साल में | आज़माए जाते हैं | कि वह |

لَا يَتُوْبُوْنَ وَلَا هُمْ يَذَّكَّرُوْنَ ﴿١٢٦﴾ وَاِذَا مَاۤ اُنْزِلَتْ سُوْرَةٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई सूरत | और उतारी जाती है | और जब | 126 | नसीहत पकड़ते हैं | वह | और न | न वह तौबा करते हैं |

نَّظَرَ بَعْضُهُمْ اِلٰى بَعْضٍ ؕ هَلْ يَرٰىكُمْ مِّنْ اَحَدٍ ثُمَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | कोई | देखता है तुम्हें | क्या | बाज़ (दूसरे) | को | उन में से (कोई एक) | देखना है |

انْصَرَفُوْا ؕ صَرَفَ اللّٰهُ قُلُوْبَهُمْ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लोग | क्योंकि वह | उन के दिल | अल्लाह | फेर दिए | वह फिर जाते हैं |

لَّا يَفْقَهُوْنَ ﴿١٢٧﴾ لَقَدْ جَآءَكُمْ رَسُوْلٌ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ عَزِيْزٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गरां | तुम्हारी जानें (तुम) | से | एक रसूल (स) | अलबत्ता तुम्हारे पास आया | 127 | समझ नहीं रखते |

عَلَيْهِ مَا عَنِتُّمْ حَرِيْصٌ عَلَيْكُمْ بِالْمُؤْمِنِيْنَ رَءُوْفٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्तिहाई शफ़ीक़ | मोमिनों पर | तुम पर | हरीस (बहुत ख़ाहिशमन्द) | तुम्हें तकलीफ़ पहुँचे | जो | उस पर |

رَّحِيْمٌ ﴿١٢٨﴾ فَاِنْ تَوَلَّوْا فَقُلْ حَسْبِيَ اللّٰهُ ۖ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के सिवा | कोई माबूद | नहीं | अल्लाह | मुझे काफ़ी है | ता कह दें | फिर अगर वह मुंह मोड़ें | 128 | निहायत मेहरबान |

عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَهُوَ رَبُّ الْعَرْشِ الْعَظِيْمِ ﴿١٢٩﴾ ١٦ ع ٥

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 129 | अज़ीम | अर्श | मालिक | और वह | मैं ने भरोसा किया | उस पर |

المنزل ٣

## آيَاتُهَا ١٠٩ ❀ (١٠) سُوْرَةُ يُوْنُس ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١١

रुकुआत 11 — (10) सूरह यूनुस यूनुस (अ) — आयात 109

بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓـرٰ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْحَكِيْمِ ﴿١﴾ اَكَانَ لِلنَّاسِ عَجَبًا اَنْ اَوْحَيْنَآ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने वहि भेजी | कि | तअज्जुब | लोगों को | क्या हुआ | 1 | हिक्मत वाली | किताब | आयतें | यह | अलिफ़ लाम रा |

اِلٰى رَجُلٍ مِّنْهُمْ اَنْ اَنْذِرِ النَّاسَ وَبَشِّرِ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اَنَّ لَهُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | कि | जो लोग ईमान लाए (ईमान वाले) | और खुशखबरी दे | लोग | वह डराए | कि | उन से | एक आदमी | तरफ़-पर |

وقف النبي ﷺ

قَدَمَ صِدْقٍ عِنْدَ رَبِّهِمْ ؔ قَالَ الْكٰفِرُوْنَ اِنَّ هٰذَا لَسٰحِرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٢﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | खुला | जादूगर | यह | बेशक | काफ़िर (जमा) | बोले | उन का रब | पास | सच्चा | पाया |

اِنَّ رَبَّكُمُ اللهُ الَّذِىْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِىْ سِتَّةِ اَيَّامٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | छे (6) | में | और ज़मीन | आस्मानों | पैदा किया | वह जिस ने | अल्लाह | बेशक तुम्हारा रब |

ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ يُدَبِّرُ الْاَمْرَ ؕ مَا مِنْ شَفِيْعٍ اِلَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | सिफ़ारिशी | कोई | नहीं | काम | तदबीर करता है | अर्श पर | काइम हुआ | फिर |

مِنْۢ بَعْدِ اِذْنِهٖ ؕ ذٰلِكُمُ اللهُ رَبُّكُمْ فَاعْبُدُوْهُ ؕ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ﴿٣﴾ اِلَيْهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उसी की तरफ़ | 3 | सो क्या तुम धयान नहीं करते | पस उन की बन्दगी करो | तुम्हारा रब | अल्लाह | वह है | उस की इजाजत | बाद |

مَرْجِعُكُمْ جَمِيْعًا ؕ وَعْدَ اللهِ حَقًّا ؕ اِنَّهٗ يَبْدَؤُا الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोबारा पैदा करेगा | फिर | पहली बार पैदा करता है | बेशक वही | सच्चा | अल्लाह | वादा | सब | तुम्हारा लौट कर जाना |

لِيَجْزِىَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ بِالْقِسْطِ ؕ وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुफ़्र किया | और वह लोग जो | इन्साफ़ के साथ | नेक (जमा) | और उन्हों ने अमल किए | ईमान लाए | वह लोग जो | ताकि जज़ा दे |

لَهُمْ شَرَابٌ مِّنْ حَمِيْمٍ وَّعَذَابٌ اَلِيْمٌۢ بِمَا كَانُوْا يَكْفُرُوْنَ ﴿٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | वह कुफ़्र करते थे | क्यों कि | दर्दनाक | और अज़ाब | खौलता हुआ | से | पीना है (पानी) | उन के लिए |

هُوَ الَّذِىْ جَعَلَ الشَّمْسَ ضِيَآءً وَّالْقَمَرَ نُوْرًا وَّقَدَّرَهٗ مَنَازِلَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मन्ज़िलें | और मुक़र्रर कर दीं उस की | नूर (चमकता) | और चाँद | जगमगाता | सूरज | बनाया | जिस ने | वह |

لِتَعْلَمُوْا عَدَدَ السِّنِيْنَ وَالْحِسَابَ ؕ مَا خَلَقَ اللهُ ذٰلِكَ اِلَّا بِالْحَقِّ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हक़ (दुरुस्त तदबीर) से | मगर | यह | अल्लाह | नही पैदा किया | और हिसाब | बरस (जमा) | गिनती | ताकि तुम जान लो |

يُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّعْلَمُوْنَ ﴿٥﴾ اِنَّ فِى اخْتِلَافِ الَّيْلِ وَالنَّهَارِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और दिन | रात | बदलना | में | बेशक | 5 | इल्म वालों के लिए | निशानियां | वह खोल कर बयान करता है |

وَمَا خَلَقَ اللهُ فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّتَّقُوْنَ ﴿٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | परहेज़गारों के लिए | निशानियां हैं | और जमीन | आस्मानों में | अल्लाह ने पैदा किया | और जो |

अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-रा, यह हिक्मत वाली किताब की आयतें हैं। (1) क्या लोगों को तअज्जुब हुआ? कि हम ने वहि भेजी एक आदमी पर उन में से कि वह लोगों को डराए, और ईमान वालों को खुशखबरी दे कि उन के लिए सच्चा पाया (मक़ाम) है उन के रब के पास काफ़िर बोले बेशक यह तो खुला जादूगर है। (2) बेशक तुम्हारा रब अल्लाह है, जिस ने पैदा किया छे (6) दिनों में आस्मानों को और ज़मीन को, फिर वह अर्श पर क़ाइम हुआ, काम की तदबीर करता है, कोई सिफ़ारिश करने वाला नहीं मगर उस की इजाजत के बाद, वह अल्लाह है तुम्हारा रब, पस उस की बन्दगी करो, सो क्या तुम धयान नहीं देते? (3) उस की तरफ़ तुम सब को लौट कर जाना है, अल्लाह का वादा सच्चा है, बेशक वही पहली बार पैदा करता है फिर उस को दोबारा पैदा करेगा, ताकि उन लोगों को इन्साफ़ के साथ जज़ा दे जो ईमान लाए और उन्हों ने नेक अमल किए, और जिन लोगों ने कुफ़्र किया उन के लिए खौलता हुआ पानी है और दर्दनाक अज़ाब है, क्योंकि वह कुफ़्र करते थे (4) वही है जिस ने सूरज को जगमगाता और चाँद को चमकता बनाया और उस की मन्ज़िलें मुक़र्रर कर दीं ताकि तुम बरसों की गिनती जान लो और हिसाब, अल्लाह ने यह नहीं पैदा किया मगर दुरुस्त तदबीर से, वह इल्म वालों के लिए निशानियां खोल कर बयान करता है। (5) बेशक रात और दिन के बदलने में, और जो अल्लाह ने आस्मानों में और जमीन में पैदा किया (उस में) निशानियां हैं परहेजगारों के लिए। (6)

إِنَّ الَّذِيْنَ لَا يَرْجُوْنَ لِقَآءَنَا وَرَضُوْا بِالْحَيٰوةِ الدُّنْيَا

बेशक | वह लोग जो | उम्मीद नहीं रखते | हमारा मिलना | और वह राज़ी हो गए | ज़िन्दगी पर | दुनिया

وَاطْمَاَنُّوْا بِهَا وَالَّذِيْنَ هُمْ عَنْ اٰيٰتِنَا غٰفِلُوْنَ ۝٧ اُولٰٓئِكَ

और वह मुत्मइन हो गए | उस पर | और जो लोग | वह | से | हमारी आयात | ग़ाफ़िल (जमा) | 7 | यही लोग

مَاْوٰىهُمُ النَّارُ بِمَا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ۝٨ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

उन का ठिकाना | जहन्नम | उस का बदला जो | वह कमाते थे | 8 | बेशक | जो लोग ईमान लाए

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ يَهْدِيْهِمْ رَبُّهُمْ بِاِيْمَانِهِمْ ۚ تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهِمُ

और उन्हों ने अमल किए | नेक | उन्हें राह दिखाएगा | उन का रब | उन के ईमान की बदौलत | बहती होंगी | से | उन के नीचे

الْاَنْهٰرُ فِيْ جَنّٰتِ النَّعِيْمِ ۝٩ دَعْوٰىهُمْ فِيْهَا سُبْحٰنَكَ اللّٰهُمَّ

नहरें | में | बाग़ात | नेमत | 9 | उन की दुआ | उस में | पाक है तू | ऐ अल्लाह

وَتَحِيَّتُهُمْ فِيْهَا سَلٰمٌ ۚ وَاٰخِرُ دَعْوٰىهُمْ اَنِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ

और मुलाक़ात के वक़्त की दुआ | उस में | सलाम | और ख़ातिमा | उन की दुआ | कि | तमाम तारीफ़ें | अल्लाह के लिए | रब

الْعٰلَمِيْنَ ۝١٠ وَلَوْ يُعَجِّلُ اللّٰهُ لِلنَّاسِ الشَّرَّ اسْتِعْجَالَهُمْ بِالْخَيْرِ ع ٦

सारे जहान | 10 | और अगर | जल्द भेज देता | अल्लाह | लोगों का | बुराई | जल्द चाहते हैं | भलाई

لَقُضِيَ اِلَيْهِمْ اَجَلُهُمْ ۗ فَنَذَرُ الَّذِيْنَ لَا يَرْجُوْنَ لِقَآءَنَا فِيْ

तो फिर हो चुकी होती | उन की तरफ़ | उन की उम्र की मीआद | पस हम छोड़ देते हैं | वह लोग जो | वह उम्मीद नहीं रखते | हमारी मुलाक़ात | में

طُغْيَانِهِمْ يَعْمَهُوْنَ ۝١١ وَاِذَا مَسَّ الْاِنْسَانَ الضُّرُّ دَعَانَا

उन की सरकशी | वह बहकते हैं | 11 | और जब | पहुँचती है | इन्सान | कोई तक्लीफ़ | वह हमें पुकारता है

لِجَنْۢبِهٖٓ اَوْ قَاعِدًا اَوْ قَآئِمًا ۚ فَلَمَّا كَشَفْنَا عَنْهُ ضُرَّهٗ مَرَّ

अपने पहलू पर (लेटा हुआ) | या (और) | बैठा हुआ | या (और) | खड़ा हुआ | फिर जब | हम दूर कर दें | उस से | उस की तक्लीफ़ | चल पड़ा

كَاَنْ لَّمْ يَدْعُنَآ اِلٰى ضُرٍّ مَّسَّهٗ ۗ كَذٰلِكَ زُيِّنَ لِلْمُسْرِفِيْنَ

गोया कि | हमें पुकारा न था | किसी | तक्लीफ़ | उसे पहुँची | उसी तरह | भला कर दिखाया | हद से बढ़ने वालों को

مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ۝١٢ وَلَقَدْ اَهْلَكْنَا الْقُرُوْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ

जो | वह करते थे (उन के काम) | 12 | और हम ने हलाक कर दीं | उम्मतें | से | तुम से पहले

لَمَّا ظَلَمُوْا ۙ وَجَآءَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ وَمَا

जब | उन्हों ने ज़ुल्म किया | और उन के पास आए | उन के रसूल | खुली निशानियों के साथ | और न

كَانُوْا لِيُؤْمِنُوْا ۗ كَذٰلِكَ نَجْزِي الْقَوْمَ الْمُجْرِمِيْنَ ۝١٣ ثُمَّ جَعَلْنٰكُمْ

ईमान लाते थे | उसी तरह | हम बदला देते हैं | क़ौम | मुज्रिमों की | 13 | फिर | हम ने बनाया तुम्हें

خَلٰٓئِفَ فِي الْاَرْضِ مِنْ بَعْدِهِمْ لِنَنْظُرَ كَيْفَ تَعْمَلُوْنَ ۝١٤

जानशीन | ज़मीन में | उन के बाद | ताकि हम देखें | कैसे | तुम काम करते हो | 14

बेशक जो लोग हमारे मिलने की उम्मीद नहीं रखते, और वह दुनिया की ज़िन्दगी पर राज़ी हो गए, और उस पर मुत्मइन हो गए, और जो लोग हमारी आयतों से ग़ाफ़िल हैं, (7)
यही लोग हैं जिन का ठिकाना जहन्नम है, उस का बदला जो वह कमाते थे। (8)
बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने नेक अमल किए, उन का रब उन्हें राह दिखाएगा उन के ईमान की बदौलत (ऐसे महलात की) जिन के नीचे नहरें बहती होंगी, नेमत के बाग़ात में। (9)
उस में उन की दुआ (हो गी) ऐ अल्लाह! तू पाक है, और उस में उन की वक़्ते मुलाक़ात की दुआ "सलाम" है, और उन की दुआ का ख़ातिमा है तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं जो सारे जहानों का रब है। (10)
और अगर अल्लाह लोगों को जल्द बुराई भेजता जैसे वह जल्द भलाई चाहते हैं तो पूरी हो चुकी होती उन की उम्र की मीआद, पस हम उन लोगों को जो हमारी मुलाक़ात की उम्मीद नहीं रखते सरकशी में बहकते छोड़ देते हैं। (11)
और जब इन्सान को कोई तक्लीफ़ पहुँचती है तो वह लेटा हुआ, और बैठा हुआ, और खड़ा हुआ हमें पुकारता है, फिर जब हम दूर कर दें उस से उस की तक्लीफ़, (यूँ) चल पड़ा गोया कि किसी तक्लीफ़ में जो उसे पहुँची, उस ने हमें पुकारा ही न था, उसी तरह हद से बढ़ने वालों को भला कर दिखाया वह काम जो वह करते थे। (12)
और हम ने तुम से पहले कई उम्मतें हलाक कर दीं जब उन्हों ने ज़ुल्म किया, और उन के पास आए उन के रसूल खुली निशानियों के साथ, और वह ईमान न लाते थे, उसी तरह हम मुज्रिमों की क़ौम को बदला देते हैं। (13)
फिर हम ने तुम्हें ज़मीन में उन के बाद जानशीन बनाया ताकि हम देखें तुम कैसे काम करते हो। (14)

وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِمْ اٰيَاتُنَا بَيِّنٰتٍ ۙ قَالَ الَّذِيْنَ لَا يَرْجُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उम्मीद नहीं रखते | वह लोग जो | कहते हैं | वाज़ेह | हमारी आयात | उन पर (उन के सामने) | पढ़ी जाती है | और जब |

لِقَآءَنَا ائْتِ بِقُرْاٰنٍ غَيْرِ هٰذَآ اَوْ بَدِّلْهُ ؕ قُلْ مَا يَكُوْنُ لِيْٓ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे लिए | नहीं है | आप कह दें | बदलदो इसे | या | इस के अलावा | कोई कुरआन | तुम ले आओ | हम से मिलने की |

اَنْ اُبَدِّلَهٗ مِنْ تِلْقَآئِ نَفْسِيْ ۚ اِنْ اَتَّبِعُ اِلَّا مَا يُوْحٰٓى اِلَيَّ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरी तरफ़ | वहि की जाती है | मगर जो | मैं नही पैरवी करता | अपनी | जानिब | से | उस बदलूं | कि |

اِنِّيْٓ اَخَافُ اِنْ عَصَيْتُ رَبِّيْ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيْمٍ (١٥) قُلْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप कह दें | 15 | बड़ा | दिन | अज़ाब | अपना रब | मैं ने नाफ़रमानी की | अगर | डरता हूँ | बेशक मैं |

لَّوْ شَآءَ اللّٰهُ مَا تَلَوْتُهٗ عَلَيْكُمْ وَلَآ اَدْرٰىكُمْ بِهٖ ۖ فَقَدْ لَبِثْتُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तहकीक मैं रह चुका हूँ | उस की | और न ख़बर देता तुम्हें | तुम पर | न पढ़ता मैं उसे | अगर चाहता अल्लाह |

فِيْكُمْ عُمُرًا مِّنْ قَبْلِهٖ ۭ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ (١٦) فَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से जो | बड़ा ज़ालिम | सो कौन | 16 | अक़्ल से काम लेते तुम | सो क्या न | इस से पहले | एक उम्र | तुम में |

افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا اَوْ كَذَّبَ بِاٰيٰتِهٖ ۭ اِنَّهٗ لَا يُفْلِحُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़लाह नही पाते | बेशक वह | उस की आयतों को | या झुटलाए | झूट | अल्लाह पर | बान्धे |

الْمُجْرِمُوْنَ (١٧) وَيَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ مَا لَا يَضُرُّهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| न ज़रर पहुँचा सके उन्हें | जो | अल्लाह के सिवा | से | और वह पूजते हैं | 17 | मुज्रिम (जमा) |

وَلَا يَنْفَعُهُمْ وَيَقُوْلُوْنَ هٰٓؤُلَآءِ شُفَعَآؤُنَا عِنْدَ اللّٰهِ ۭ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के पास | हमारे सिफ़ारिशी | यह सब | और वह कहते हैं | और न नफ़ा दे सके उन्हें |

قُلْ اَتُنَبِّـُٔوْنَ اللّٰهَ بِمَا لَا يَعْلَمُ فِي السَّمٰوٰتِ وَلَا فِي الْاَرْضِ ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन | में | और न | आस्मानों में | वह नहीं जानता | उस की जो | अल्लाह | क्या तुम ख़बर देते हो | आप (स) कह दें |

سُبْحٰنَهٗ وَتَعٰلٰى عَمَّا يُشْرِكُوْنَ (١٨) وَمَا كَانَ النَّاسُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोग | और न थे | 18 | वह शिर्क करते हैं | उस से जो | और बालातर | वह पाक है |

اِلَّآ اُمَّةً وَّاحِدَةً فَاخْتَلَفُوْا ۭ وَلَوْلَا كَلِمَةٌ سَبَقَتْ مِنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | पहले हो चुकी | बात | और अगर न | फिर उन्हों न इख़्तिलाफ़ किया | उम्मते वाहिद | मगर |

رَّبِّكَ لَقُضِيَ بَيْنَهُمْ فِيْمَا فِيْهِ يَخْتَلِفُوْنَ (١٩) وَيَقُوْلُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह कहते हैं | 19 | वह इख़तिलाफ़ करते हैं | उस में | उस में जो | उन के दरमियान | तो फ़ैसला हो जाता | तेरा रब |

لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ۚ فَقُلْ اِنَّمَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इस के सिवा नही | तो कह दें | उस के रब से | कोई निशानी | उस पर | क्यों न उतरी |

ع ٢ ١٠ الْغَيْبُ لِلّٰهِ فَانْتَظِرُوْا ۚ اِنِّيْ مَعَكُمْ مِّنَ الْمُنْتَظِرِيْنَ (٢٠)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | इन्तिजार करन वाले | से | तुम्हारे साथ | मैं | सो तुम इन्तिजार करो | अल्लाह के लिए | ग़ैब |

और जब पढ़ी जाती हैं उन के सामने हमारी वाज़ेह आयतें, तो जो लोग हम से मिलने की उम्मीद नहीं रखते वह कहते हैं, उस के अलावा तुम कोई और कुरआन ले आओ या उसे बदल दो, आप (स) कह दें मेरे लिए (रवा) नहीं कि मैं अपनी जानिब से बदलूं, मैं पैरवी नहीं करता मगर (उस की) जो मेरी तरफ़ वहि किया जाता है, अगर मैं अपने रब की नाफ़रमानी करूँ तो मैं बड़े दिन के अज़ाब से डरता हूँ। (15)

आप (स) कह दें अगर अल्लाह चाहता तो मैं उसे तुम पर (तुम्हारे सामने) न पढ़ता, और न तुम्हें उस की ख़बर देता, मैं उस से पहले तुम में एक उम्र रह चुका हूँ, सो क्या तुम अक़्ल से काम नहीं लेते? (16)

सो उस से बड़ा ज़ालिम कौन है? जो अल्लाह पर झूट बान्धे या उस की आयतों को झुटलाए, बेशक मुजरिम फ़लाह (दो जहान की कामयाबी) नहीं पाते, (17)

और वह अल्लाह के सिवा उन्हें पूजते हैं जो उन्हें न ज़रर पहुँचा सकें और न नफ़ा दे सकें, और वह कहते हैं यह सब अल्लाह के पास हमारे सिफ़ारशी हैं। आप (स) कह दें क्या तुम अल्लाह को उस की खबर देते हो जो वह नहीं जानता आस्मानों में और न जमीन में, वह पाक है और वह बालातर है उस से जो वह शिर्क करते हैं। (18)

और लोग न थे मगर उम्मते वाहिद, फिर उन्हों ने इख़्तिलाफ़ किया, और अगर तेरे रब की तरफ़ से पहले बात न हो चुकी होती तो फ़ैसला हो जाता उन के दरमियान (उस बात का) जिस में वह इख़तिलाफ़ करते हैं। (19)

और वह कहते हैं उस के रब की तरफ़ से उस पर कोई निशानी क्यों न उतरी? तो आप (स) कह दें उस के सिवा नही कि ग़ैब अल्लाह के लिए है, सो तुम इन्तिज़ार करो, मैं (भी) तुम्हारे साथ इन्तिज़ार करने वालों से हूँ। (20)

और जब हम चखाएं लोगों को रह्मत (का मज़ा) एक तक्लीफ़ के बाद जो उन्हें पहुँची थी तो उसी वक्त वह हमारी आयात में हीले (बनाने लगें) आप (स) कह दें अल्लाह सब से तेज खुफ़िया तदबीर (बना सकता है), बेशक तुम जो हीले साज़ी करते हो हमारे फ़रिश्ते लिखते हैं। (21)

वही है जो तुम्हें चलाता है खुश्की में और दर्या में, यहां तक कि जब तुम कश्ती में हो, और वह उन के साथ (उन्हें ले कर) पाकीज़ा हवा के साथ चलें, और वह उस से खुश हुए, उस (कश्ती) पर एक तुन्द ओ तेज़ हवा आई, और उन पर हर तरफ़ से मौजें आगईं, और उन्हों ने जान लिया कि उन्हें घेर लिया गया है, वह अल्लाह को पुकारने लगे उस की बन्दगी में ख़ालिस हो कर, कि अगर तू ने हमें इस से नजात दे दी तो हम जरूर तेरे शुक्रगुज़ारों में से होंगे। (22)

फिर जब उस ने उन्हें नजात दे दी उस वक़्त वह ज़मीन में नाहक सरकशी करने लगे, ऐ लोगो! इस के सिवा नहीं कि तुम्हारी शरारत (का बवाल) तुम्हारी जानों पर है, दुनिया की ज़िन्दगी के फ़ाइदे (चन्द रोज़ा हैं) फिर तुम्हें हमारी तरफ़ लौटना है फिर हम तुम्हें बतला देंगे जो तुम करते थे। (23)

इस के सिवा नहीं कि दुनिया की ज़िन्दगी की मिसाल पानी जैसी है, हम ने उसे आस्मान से उतारा तो उस से ज़मीन का सब्ज़ह मिला जुला निकला, जिस से लोग और चौपाए खाते हैं, यहां तक कि जब ज़मीन ने अपनी रौनक़ पकड़ ली, और वह मुज़ैयन हो गई, और जमीन वालों ने खयाल किया कि वह उस पर कुदरत रखते हैं तो (अचानक) हमारा हुक्म रात में या दिन के वक़्त आया, तो हम ने उसे कटा हुआ ढेर कर दिया गोया वह कल थी ही नहीं, इसी तरह हम आयतें खोल कर बयान करते हैं उन लोगों के लिए जो ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं। (24)

और अल्लाह सलामती के घर की तरफ़ बुलाता है। और जिसे चाहे सीधे रास्ते की तरफ़ हिदायत देता है। (25)

وَاِذَآ اَذَقْنَا النَّاسَ رَحْمَةً مِّنْۢ بَعْدِ ضَرَّآءَ مَسَّتْهُمْ اِذَا لَهُمْ مَّكْرٌ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जब | हम चखाएं | लोग | रह्मत | बाद | तक्लीफ़ | उन्हें पहुँची | उसी वक्त | उन के लिए | हीला |

فِيْٓ اٰيَاتِنَا ؕ قُلِ اللّٰهُ اَسْرَعُ مَكْرًا ؕ اِنَّ رُسُلَنَا يَكْتُبُوْنَ مَا تَمْكُرُوْنَ ﴿٢١﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | हमारी आयात | आप (स) कह दें | अल्लाह | सब से जल्द | खुफ़िया तदबीर | बेशक | हमारे फ़रिश्ते | वह लिखते हैं | जो तुम हीले साज़ी करते हो | 21 |

هُوَ الَّذِيْ يُسَيِّرُكُمْ فِي الْبَرِّ وَالْبَحْرِ ؕ حَتّٰٓى اِذَا كُنْتُمْ فِي الْفُلْكِ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वही | जो कि | तुम्हें चलाता है | खुश्की में | और दर्या | यहां तक | जब | तुम हो | कश्ती में |

وَجَرَيْنَ بِهِمْ بِرِيْحٍ طَيِّبَةٍ وَّفَرِحُوْا بِهَا جَآءَتْهَا رِيْحٌ عَاصِفٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह चलें | उन के साथ | हवा के साथ | पाकीज़ा | और वह खुश हुए | उस से | उस पर आई | एक हवा | तुन्द ओ तेज़ |

وَّجَآءَهُمُ الْمَوْجُ مِنْ كُلِّ مَكَانٍ وَّظَنُّوْٓا اَنَّهُمْ اُحِيْطَ بِهِمْ ۙ دَعَوُا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन पर आई | मौज | से | हर जगह (हर तरफ़) | और उन्हों ने जान लिया | कि वह | घेर लिया गया | उन्हें | वह पुकारने लगे |

اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۚ لَئِنْ اَنْجَيْتَنَا مِنْ هٰذِهٖ لَنَكُوْنَنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | ख़ालिस हो कर | उस के | दीन (बन्दगी) | अलबत्ता अगर | तू नजात दे हमें | से | उस | तो हम ज़रूर होंगे |

مِنَ الشّٰكِرِيْنَ ﴿٢٢﴾ فَلَمَّآ اَنْجٰىهُمْ اِذَا هُمْ يَبْغُوْنَ فِي الْاَرْضِ بِغَيْرِ الْحَقِّ ؕ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | शुक्रगुज़ार (जमा) | 22 | फिर जब | उन्हें नजात दे दी | उस वक्त | वह | सरकशी करने लगे | में | ज़मीन | नाहक |

يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اِنَّمَا بَغْيُكُمْ عَلٰٓى اَنْفُسِكُمْ ۙ مَّتَاعَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ लोगो | इस के सिवा नही | तुम्हारी शरारत | पर | तुम्हारी जानों | फ़ाइदे | ज़िन्दगी | दुनिया |

ثُمَّ اِلَيْنَا مَرْجِعُكُمْ فَنُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٢٣﴾ اِنَّمَا مَثَلُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | हमारी तरफ़ | तुम्हें लौटना | फिर हम बतला देंगे तुम्हें | वह जो | तुम करते थे | 23 | इस के सिवा नही | मिसाल |

الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا كَمَآءٍ اَنْزَلْنٰهُ مِنَ السَّمَآءِ فَاخْتَلَطَ بِهٖ نَبَاتُ الْاَرْضِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुनिया की ज़िन्दगी | जैसे पानी | हम ने उसे उतारा | आस्मान से | तो मिला जुला निकला | उस से | ज़मीन का सब्ज़ा |

مِمَّا يَاْكُلُ النَّاسُ وَالْاَنْعَامُ ؕ حَتّٰٓى اِذَآ اَخَذَتِ الْاَرْضُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस से | खाते हैं | लोग | और चौपाए | यहां तक कि | जब | पकड़ ली | ज़मीन |

زُخْرُفَهَا وَازَّيَّنَتْ وَظَنَّ اَهْلُهَآ اَنَّهُمْ قٰدِرُوْنَ عَلَيْهَآ ۙ اَتٰىهَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी रौनक़ | और मुज़ैयन हो गई | और ख़याल किया | ज़मीन वाले | कि वह | कुदरत रखते हैं | उस पर | आया |

اَمْرُنَا لَيْلًا اَوْ نَهَارًا فَجَعَلْنٰهَا حَصِيْدًا كَاَنْ لَّمْ تَغْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारा हुक्म | रात में | या दिन के वक़्त | तो हम ने कर दिया | कटा हुआ ढेर | गोया कि | वह न थी |

بِالْاَمْسِ ؕ كَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّتَفَكَّرُوْنَ ﴿٢٤﴾ وَاللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कल | इसी तरह | हम खोल कर बयान करते हैं | आयतें | लोगों के लिए | जो ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं | 24 | और अल्लाह |

يَدْعُوْٓا اِلٰى دَارِ السَّلٰمِ ۚ وَيَهْدِيْ مَنْ يَّشَآءُ اِلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ﴿٢٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलाता है | तरफ़ | सलामती का घर | और हिदायत देता है | जिसे वह चाहे | तरफ़ | रास्ता | सीधा | 25 |

لِلَّذِيْنَ اَحْسَنُوا الْحُسْنٰى وَزِيَادَةٌ ۚ وَلَا يَرْهَقُ وُجُوْهَهُمْ قَتَرٌ وَّلَا ذِلَّةٌ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न ज़िल्लत | सियाही | उन के चहरे | और न चढ़ेगी | और ज़ियादा | भलाई है | उन्हों ने भलाई की | वह लोग जो कि |

اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ الْجَنَّةِ ۚ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿٢٦﴾ وَالَّذِيْنَ كَسَبُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने कमाईं | और वह लोग जो | 26 | हमेशा रहेंगे | उस में | वह सब | जन्नत वाले | वही लोग |

السَّيِّاٰتِ جَزَآءُ سَيِّئَةٍۭ بِمِثْلِهَا ۙ وَتَرْهَقُهُمْ ذِلَّةٌ ۭ مَا لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | से | उन के लिए नहीं | ज़िल्लत | और उन पर चढ़ेगी | उस जैसा | बुराई | बदला | बुराइयां |

مِنْ عَاصِمٍ ۚ كَاَنَّمَآ اُغْشِيَتْ وُجُوْهُهُمْ قِطَعًا مِّنَ الَّيْلِ مُظْلِمًا ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तारीक | रात | से | टुकड़े | उन के चहरे | ढांक दिए गए | गोया कि | बचाने वाला | कोई |

اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ۚ هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿٢٧﴾ وَيَوْمَ نَحْشُرُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम इकट्ठा करेंगे उन्हें | और जिस दिन | 27 | हमेशा रहेंगे | उस में | वह सब | जहन्नम वाले | वही लोग |

جَمِيْعًا ثُمَّ نَقُوْلُ لِلَّذِيْنَ اَشْرَكُوْا مَكَانَكُمْ اَنْتُمْ وَشُرَكَآؤُكُمْ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हारे शरीक | तुम | अपनी जगह | जिन्हों ने शिर्क किया | उन लोगों को | हम कहेंगे | फिर | सब |

فَزَيَّلْنَا بَيْنَهُمْ وَقَالَ شُرَكَآؤُهُمْ مَّا كُنْتُمْ اِيَّانَا تَعْبُدُوْنَ ﴿٢٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | बन्दगी करते | हमारी | तुम न थे | उन के शरीक | और कहेंगे | उन के दरमियान | फिर हम जुदाई डाल देंगे |

فَكَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًا ۢ بَيْنَنَا وَبَيْنَكُمْ اِنْ كُنَّا عَنْ عِبَادَتِكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारी बन्दगी | से | हम थे | कि | और तुम्हारे दरमियान | हमारे दरमियान | गवाह | अल्लाह | पस काफ़ी |

لَغٰفِلِيْنَ ﴿٢٩﴾ هُنَالِكَ تَبْلُوْا كُلُّ نَفْسٍ مَّآ اَسْلَفَتْ وَرُدُّوْٓا اِلَى اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की तरफ़ | और वह लौटाए जाएंगे | उस ने भेजा | जो | हर कोई | जांच लेगा | वहां | 29 | अलबत्ता बेख़बर (जमा) |

ع ٣ النصف ٨

مَوْلٰىهُمُ الْحَقِّ وَضَلَّ عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَفْتَرُوْنَ ﴿٣٠﴾ قُلْ مَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कौन | आप (स) पूछें | 30 | वह झूट बान्धते थे | जो | उन से | और गुम हो जाएगा | सच्चा | उन का (अपना) मौला |

يَّرْزُقُكُمْ مِّنَ السَّمَآءِ وَالْاَرْضِ اَمَّنْ يَّمْلِكُ السَّمْعَ وَالْاَبْصَارَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और आँखें | कान | मालिक है | या कौन | और ज़मीन | आस्मान | से | रिज़्क़ देता है तुम्हें |

وَمَنْ يُّخْرِجُ الْحَيَّ مِنَ الْمَيِّتِ وَيُخْرِجُ الْمَيِّتَ مِنَ الْحَيِّ وَمَنْ يُّدَبِّرُ الْاَمْرَ ۭ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तदबीर करता है काम | और कौन | ज़िन्दा | से | मुर्दा | और निकालता है | मुर्दा | से | ज़िन्दा | निकालता है | और कौन |

فَسَيَقُوْلُوْنَ اللّٰهُ ۚ فَقُلْ اَفَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿٣١﴾ فَذٰلِكُمُ اللّٰهُ رَبُّكُمُ الْحَقُّ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सच्चा | तुम्हारा रब | अल्लाह | पस यह है तुम्हारा | 31 | क्या फिर तुम नहीं डरते | आप कह दें | अल्लाह | सो वह बोल उठेंगे |

فَمَاذَا بَعْدَ الْحَقِّ اِلَّا الضَّلٰلُ ۚ فَاَنّٰى تُصْرَفُوْنَ ﴿٣٢﴾ كَذٰلِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उसी तरह | 32 | तुम फिरे जाते हो | पस किधर | गुमराही | सिवाए | सच के बाद | फिर क्या रह गया |

حَقَّتْ كَلِمَتُ رَبِّكَ عَلَى الَّذِيْنَ فَسَقُوْٓا اَنَّهُمْ لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٣٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | ईमान न लाएंगे | कि वह | उन्हों ने नाफ़रमानी की | वह लोग जो | पर | तेरा रब | बात | सच्ची हुई |

जिन लोगों ने भलाई की उन के लिए भलाई है और (उस से भी) ज़ियादा, और उन के चहरों पर न सियाही चढ़ेगी और न ज़िल्लत, वही लोग जन्नत वाले हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। **(26)** और जिन लोगों ने बुराइयां कमाईं (उन का) बदला उस जैसी बुराई है, और उन पर ज़िल्लत चढ़ेगी, उन के लिए अल्लाह से बचाने वाला कोई नहीं, गोया उन के चहरे ढांक दिए गए हों तारीक रात के टुकड़े से, वही लोग जहन्नम वाले हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। **(27)** और जिस दिन हम उन सब को इकट्ठा करेंगे फिर उन लोगों को कहेंगे जिन्हों ने शिर्क किया अपनी अपनी जगह (रहो) तुम और तुम्हारे शरीक, फिर हम उन के दरमियान जुदाई डाल देंगे, और उन के शरीक कहेंगे, तुम हमारी बन्दगी न करते थे। **(28)** पस हमारे और तुम्हारे दरमियान काफ़ी है अल्लाह गवाह, कि हम तुम्हारी बन्दगी से बेख़बर थे। **(29)** वहां हर कोई जांच लेगा जो उस ने आगे भेजा था और वह अपने सच्चे मौला अल्लाह की तरफ़ लौटाए जाएंगे और उन से गुम हो जाएगा जो वह झूट बान्धते थे। **(30)** आप (स) पूछें कौन आस्मान और ज़मीन से तुम्हें रिज़्क़ देता है? या कौन कान और आँखों का मालिक है? और कौन ज़िन्दा को मुर्दे से निकालता है? और निकालता है मुर्दे को ज़िन्दा से? और कौन कामों की तदबीर करता है? सो वह बोल उठेंगे, अल्लाह! आप (स) कहदें क्या फिर तुम डरते नहीं? **(31)** पस यह है अल्लाह! तुम्हारा सच्चा रब, सच के बाद गुमराही के सिवा क्या रह गया? फिर तुम किधर फिरे जाते हो? **(32)** उसी तरह तेरे रब की बात उन लोगों पर जिन्हों ने नाफ़रमानी की, सच्ची हुई कि वह ईमान न लाएंगे, **(33)**

आप (स) पूछें क्या तुम्हारे शरीकों में से कोई है? जो पहली बार पैदा करे फिर उसे लौटाए, आप (स) कह दें अल्लाह पहली बार पैदा करता है फिर उसे लौटाएगा, पस तुम किधर पलटे जाते हो? (34) आप (स) पूछें क्या तुम्हारे शरीकों में से (कोई) है जो सहीह राह बताए? आप (स) कह दें अल्लाह सहीह राह बताता है, क्या जो सहीह राह बताता है ज़ियादा हक्दार है कि उस की पैरवी की जाए? या वह जो (खुद भी) राह नहीं पाता मगर यह कि उसे राह दिखाई जाए, सो तुम्हें क्या हो गया है? कैसा फ़ैसला करते हो? (35) और उन में से अक्सर पैरवी नहीं करते मगर गुमान की, बेशक गुमान हक् (की मुआरिफ़त) का कुछ भी काम नहीं देता, बेशक अल्लाह खूब जानता है जो वह करते हैं। (36) और यह कुरआन (ऐसा) नहीं कि कोई अल्लाह के (हुक्म के) बग़ैर (अपनी तरफ़ से) बना ले, लेकिन उस की तस्दीक् करने वाला है जो उस से पहले (नाज़िल हुआ) और किताब की तफ़्सील है, उस में कोई शक नहीं कि यह तमाम जहानों के रब (की तरफ़) से है। (37) क्या वह कहते हैं? कि वह उसे बना लाया है, आप (स) कह दें पस उस जैसी एक ही सूरत ले आओ और जिसे तुम बुला सको, बुला लो, अल्लाह के सिवा, अगर तुम सच्चे हो। (38) बल्कि उन्हों ने उसे झुटलाया जिस के इल्म पर उन्हों ने क़ाबू नहीं पाया, और उस की हकीकत अभी उन के पास नहीं आई, उसी तरह उन से पहलों ने झुटलाया, पस आप (स) देखें कैसा हुआ ज़ालिमों का अन्जाम? (39) और उन में से बाज उस पर ईमान लाएंगे, और उन में से बाज उस पर ईमान न लाएंगे, और तेरा रब फ़साद करने वालों को खूब जानता है। (40) और अगर वह आप (स) को झुटलाएं तो आप (स) कह दें मेरे लिए मेरे अमल, और तुम्हारे लिए तुम्हारे अमल, तुम उस के जवाबदह नहीं जो मैं करता हूँ, और मैं उस का जवाबदह नहीं जो तुम करते हो। (41)

قُــلْ هَلْ مِنْ شُرَكَآبِكُمْ مَّنْ يَّبْدَؤُا الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ ؕ قُــلِ اللّٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | आप (स) कह दें | फिर उसे लौटाए | मख़्लूक | पहली बार पैदा करे | जो | तुम्हारे शरीक | से | क्या | आप (स) पूछें |

يَبْــدَؤُا الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ فَاَنّٰى تُؤْفَكُوْنَ ﴿٣٤﴾ قُــلْ هَلْ مِنْ شُرَكَآبِكُمْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे शरीक | से | क्या | आप (स) पूछें | 34 | पलटे जाते हो तुम | पस किधर | उसे लौटाएगा | फिर | मख़्लूक | पहली बार पैदा करता है |

مَّــنْ يَّـهْـدِيْٓ اِلَــى الْــحَـقِّ ؕ قُــلِ اللّٰهُ يَـهْـدِىْ لِـلْـحَـقِّ ؕ اَفَــمَـنْ يَّـهْـدِيْٓ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राह बताता है | पस क्या जो | सहीह | राह बताता है | अल्लाह | आप कहदें | हक् की तरफ़ (सहीह) | राह बताए | जो |

اِلَى الْحَقِّ اَحَقُّ اَنْ يُّتَّبَعَ اَمَّنْ لَّا يَهِدِّيْٓ اِلَّآ اَنْ يُّهْدٰى ۚ فَمَا لَكُمْ ۟

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो तुम्हें क्या हुआ | उसे राह दिखाई जाए | यह कि | मगर | वह राह नही पाता | या जो | पैरवी की जाए | कि | जियादा हक् दार | हक् की तरफ़ (सही) |

كَيْفَ تَحْكُمُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَمَا يَتَّبِعُ اَكْثَرُهُمْ اِلَّا ظَنًّا ؕ اِنَّ الظَّنَّ لَا يُغْنِىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नही काम देता | गुमान | बेशक | मगर गुमान | उन के अक्सर | और पैरवी नही करते | 35 | तुम फ़ैसला करते हो | कैसा |

مِنَ الْـحَقِّ شَيْـًٔـا ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌۢ بِمَا يَفْعَلُوْنَ ﴿٣٦﴾ وَمَـا كَانَ هٰذَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह- इस | और नहीं है | 36 | वह करते हैं | वह जो | खूब जानता है | बेशक अल्लाह | कुछ भी | हक् | से (का) |

الْــقُــرْاٰنُ اَنْ يُّــفْــتَـرٰى مِــنْ دُوْنِ اللّٰهِ وَلٰـكِــنْ تَـصْـدِيْـقَ الَّــذِىْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की जो | तस्दीक | और लेकिन | अल्लाह के बग़ैर | से | कि वह बनाले | कुरआन |

بَيْنَ يَدَيْهِ وَتَفْصِيْلَ الْكِتٰبِ لَا رَيْبَ فِيْهِ مِنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٣٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | तमाम जहानों | रब | से | उस में | कोई शक नही | किताब | और तफ़सील | उस से पहले |

اَمْ يَـقُـوْلُـوْنَ افْـتَـرٰىـهُ ؕ قُــلْ فَـاْتُـوْا بِـسُـوْرَةٍ مِّـثْـلِهٖ وَادْعُــوْا مَـنِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिसे | और बुला लो तुम | उस जैसी | एक ही सूरत | पस ले आओ तुम | आप (स) कह दें | वह उसे बना लाया है | वह कहते हैं | क्या |

اسْتَطَعْتُمْ مِّــنْ دُوْنِ اللّٰهِ اِنْ كُـنْـتُـمْ صٰـدِقِـيْـنَ ﴿٣٨﴾ بَــلْ كَـذَّبُــوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने झुटलाया | बल्कि | 38 | सच्चे | तुम हो | अगर | अल्लाह के सिवा | से | तुम बुला सको |

بِـمَا لَـمْ يُـحِـيْـطُوْا بِعِلْمِهٖ وَلَـمَّـا يَـاْتِـهِـمْ تَـاْوِيْـلُـهٗ ؕ كَـذٰلِـكَ كَـذَّبَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झुटलाया | उसी तरह | उस की हकीकत | उन के पास आई | और अभी नही | उस के इल्म पर | नही काबू पाया | वह जो |

الَّــذِيْـنَ مِــنْ قَـبْـلِـهِـمْ فَـانْـظُرْ كَـيْـفَ كَانَ عَـاقِـبَـةُ الظّٰـلِـمِـيْـنَ ﴿٣٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | ज़ालिम (जमा) | अन्जाम | हुआ | कैसा | पस आप (स) देखें | उन से पहले | वह लोग जो |

وَمِـنْـهُـمْ مَّـنْ يُّـؤْمِـنُ بِـهٖ وَمِـنْـهُـمْ مَّـنْ لَّا يُـؤْمِـنُ بِــهٖ ؕ وَرَبُّــكَ اَعْـلَـمُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खूब जानता है | और तेरा रब | उस पर | नही ईमान लाएंगे | जो (बाज़) | और उन में से | उस पर | ईमान लाएंगे | जो (बाज़) | और उन में से |

بِالْمُفْسِدِيْنَ ﴿٤٠﴾ وَاِنْ كَـذَّبُـوْكَ فَقُلْ لِّـىْ عَمَلِىْ وَلَـكُـمْ عَمَلُكُمْ ۚ ع ١٠ ٩

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे अमल | और तुम्हारे लिए | मेरे अमल | मेरे लिए | तो कह दें | वह तुम्हें झुटलाएं | और अगर | 40 | फ़साद करने वालों को |

اَنْــتُـمْ بَـرِيْٓـــْٔـوْنَ مِـمَّـآ اَعْـمَـلُ وَاَنَــا بَــرِىْٓءٌ مِّـمَّـا تَـعْـمَـلُـوْنَ ﴿٤١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | तुम करते हो | उस का जो | जवाबदेह नहीं | और मैं | मैं करता हूँ | उस के जो | जवाबदह नहीं | तुम |

وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّسْتَمِعُوْنَ اِلَيْكَ ؕ اَفَاَنْتَ تُسْمِعُ الصُّمَّ وَلَوْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़्वाह | बहरे | सुनाओगे | तो क्या तुम | आप (स) की तरफ़ | कान लगाते हैं | जो (बाज़) | और उन में से |

كَانُوْا لَا يَعْقِلُوْنَ ﴿٤٢﴾ وَمِنْهُمْ مَّنْ يَّنْظُرُ اِلَيْكَ ؕ اَفَاَنْتَ تَهْدِى الْعُمْىَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्धे | राह दिखा दोगे | पस क्या तुम | आप (स) की तरफ़ | देखते हैं | जो (बाज़) | और उन से | 42 | वह अक़्ल न रखते हों |

وَلَوْ كَانُوْا لَا يُبْصِرُوْنَ ﴿٤٣﴾ اِنَّ اللّٰهَ لَا يَظْلِمُ النَّاسَ شَيْـًٔا وَّلٰكِنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और लेकिन | कुछ भी | लोग | जुल्म नहीं करना | बेशक अल्लाह | 43 | वह देखते न हों | ख़्वाह |

النَّاسَ اَنْفُسَهُمْ يَظْلِمُوْنَ ﴿٤٤﴾ وَيَوْمَ يَحْشُرُهُمْ كَاَنْ لَّمْ يَلْبَثُوْٓا اِلَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | वह न रहे थे | गोया | जमा करेगा उन्हें | और जिस दिन | 44 | जुल्म करते हैं | अपने आप पर | लोग |

سَاعَةً مِّنَ النَّهَارِ يَتَعَارَفُوْنَ بَيْنَهُمْ ؕ قَدْ خَسِرَ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने झुटलाया | वह लोग | अलबत्ता ख़सारे में रहे | आपस में | वह पहचानेंगे | दिन से (की) | एक घड़ी |

بِلِقَآءِ اللّٰهِ وَمَا كَانُوْا مُهْتَدِيْنَ ﴿٤٥﴾ وَاِمَّا نُرِيَنَّكَ بَعْضَ الَّذِىْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | बाज़ (कुछ) | हम तुझे दिखा दें | और अगर | 45 | हिदायत पाने वाले | वह न थे | अल्लाह से मिलने को |

نَعِدُهُمْ اَوْ نَتَوَفَّيَنَّكَ فَاِلَيْنَا مَرْجِعُهُمْ ثُمَّ اللّٰهُ شَهِيْدٌ عَلٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | गवाह | अल्लाह | फिर | उन का लौटना | पस हमारी तरफ़ | हम तुम्हें उठालें | या | वादा करते हैं हम उन से |

مَا يَفْعَلُوْنَ ﴿٤٦﴾ وَلِكُلِّ اُمَّةٍ رَّسُوْلٌ ۚ فَاِذَا جَآءَ رَسُوْلُهُمْ قُضِىَ بَيْنَهُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के दरमियान | फ़ैसला कर दिया गया | उन का रसूल | आगया | पस जब | रसूल | उम्मत | और हर एक के लिए | 46 | जो वह करते हैं |

بِالْقِسْطِ وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَيَقُوْلُوْنَ مَتٰى هٰذَا الْوَعْدُ اِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | वादा | यह | कब | और वह कहते हैं | 47 | जुल्म नहीं किए जाते | और वह | इन्साफ़ के साथ |

كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٤٨﴾ قُلْ لَّآ اَمْلِكُ لِنَفْسِىْ ضَرًّا وَّلَا نَفْعًا اِلَّا مَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | मगर | और न नफ़ा | किसी नुक़्सान | अपनी जान के लिए | नहीं मालिक हूँ मैं | आप कह दें | 48 | सच्चे | तुम हो |

شَآءَ اللّٰهُ ؕ لِكُلِّ اُمَّةٍ اَجَلٌ ؕ اِذَا جَآءَ اَجَلُهُمْ فَلَا يَسْتَاْخِرُوْنَ سَاعَةً

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक घड़ी | पस न ताख़ीर करेंगे वह | उन का वक़्त | आजाएगा | जब | एक वक़्त मुक़र्रर | हर एक उम्मत के लिए | चाहे अल्लाह |

وَّلَا يَسْتَقْدِمُوْنَ ﴿٤٩﴾ قُلْ اَرَءَيْتُمْ اِنْ اَتٰىكُمْ عَذَابُهٗ بَيَاتًا اَوْ نَهَارًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या दिन के वक़्त | रात का | उस का अज़ाब | अगर तुम पर आए | भला तुम देखो | आप (स) कह दें | 49 | जल्दी करेंगे वह | और न |

مَّاذَا يَسْتَعْجِلُ مِنْهُ الْمُجْرِمُوْنَ ﴿٥٠﴾ اَثُمَّ اِذَا مَا وَقَعَ اٰمَنْتُمْ بِهٖ ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस पर | तुम ईमान लाओगे | वाक़े होगा | जब | क्या फिर | 50 | मुज्रिम (जमा) | उस से - उस की | जल्दी करते हैं | क्या है वह |

آٰلْـٰٔنَ وَقَدْ كُنْتُمْ بِهٖ تَسْتَعْجِلُوْنَ ﴿٥١﴾ ثُمَّ قِيْلَ لِلَّذِيْنَ ظَلَمُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने जुल्म किया (ज़ालिम) | उन लोगों को जो | कहा जाएगा | फिर | 51 | तुम जल्दी मचाते | उस की | और अलबत्ता तुम थे | अब |

ذُوْقُوْا عَذَابَ الْخُلْدِ ۚ هَلْ تُجْزَوْنَ اِلَّا بِمَا كُنْتُمْ تَكْسِبُوْنَ ﴿٥٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | तुम कमाते थे | वह जो | मगर | तुम्हें बदला दिया जाता | क्या नहीं | हमेशगी | अज़ाब | तुम चखो |

और उन में से बाज़ कान लगाते हैं आप (स) की तरफ़, तो क्या तुम बहरों को सुनाओगे? अगरचे वह अक़्ल न रखते हों। (42)
और उन में से बाज़ देखते हैं आप(स) की तरफ़, तो क्या आप(स) अन्धों को राह दिखा देंगे? अगरचे वह देखते न हों। (43)
बेशक अल्लाह जुल्म नहीं करता लोगों पर कुछ भी, लेकिन लोग अपने आप पर जुल्म करते हैं। (44)
और जिस दिन (योमे हश्र) वह उन्हें जमा करेगा गोया वह (दुनिया में) न रहे थे मगर दिन की एक घड़ी, आपस में पहचानेंगे, अलबत्ता वह ख़सारे में रहे जिन्हों ने झुटलाया अल्लाह से मिलने को, और वह हिदायत पाने वाले न थे। (45)
और अगर हम तुम्हें बाज़ वादे दिखा दें जो हम उन से कर रहे हैं या हम तुम्हें (दुनिया से) उठा लें, पस उन्हें हमारी तरफ़ लौटना है, फ़िर अल्लाह उस पर गवाह है जो वह करते हैं। (46)
हर एक उम्मत के लिए एक रसूल है, पस जब उन का रसूल आगया, उन के दरमियान इन्साफ़ के साथ फ़ैसला कर दिया गया, और उन पर जुल्म नहीं किया जाता। (47)
और वह कहते हैं यह वादा कब (पूरा) होगा? अगर तुम सच्चे हो। (48)
आप (स) कह दें मैं अपनी जान के लिए मालिक नहीं हूँ किसी नुक़्सान का न नफ़ा का, मगर जो अल्लाह चाहे, हर एक उम्मत के लिए एक वक्त मुक़र्रर है, जब उन का वक़्त आजाएगा पस न वह एक घड़ी ताखीर करेंगे न जल्दी कर सकेंगे। (49)
आप (स) कह दें भला तुम देखो अगर तुम पर उस का अज़ाब आए रात को या दिन के वक्त, तो वह क्या है जिस की मुज्रिम जल्दी कर रहे हैं? (50)
क्या फिर जब वाक़े हो जाएगा (उस वक्त) तुम उस पर ईमान लाओगे? अब (मानते हो) अलबत्ता तुम उस की जल्दी मचाते थे। (51)
फिर ज़ालिमों को कहा जाएगा तुम हमेशगी का अजाब चखो, तुम्हें वही बदला दिया जाता है जो तुम कमाते थे। (52)

और आप (स) से पूछते हैं क्या वह सच है? आप (स) कहदें हां! मेरे रब की क़सम! बेशक वह ज़रूर सच है, और तुम आजिज़ करने वाले नहीं। (53)
और अगर हर ज़ालिम शख़्स के लिए (वह सब कुछ) हो जो ज़मीन में है, वह उस को फ़िदये में देदे, और वह चुपके चुपके पशेमान होंगे जब अ़ज़ाब देखेंगे, और उन के दरमियान इन्साफ़ के साथ फ़ैसला होगा, और उन पर ज़ुल्म न किया जाएगा। (54)
याद रखो! अल्लाह के लिए है जो आस्मानों में और ज़मीन में है, याद रखो! बेशक अल्लाह का वादा सच है, लेकिन उन के अक्सर जानते नहीं। (55)
वही ज़िन्दगी देता है, और वही मारता है, और उसी की तरफ़ तुम लौटाए जाओगे। (56)
ऐ लोगो! तहक़ीक़ तुम्हारे पास आ गई नसीहत तुम्हारे रब की तरफ़ से, और शिफ़ा उस (रोग) के लिए जो दिलों में है, और मोमिनों के लिए हिदायत ओ रह्मत। (57)
आप (स) कहदें, अल्लाह के फ़ज़्ल से, और उस की रह्मत से, सो वह उस पर ख़ुशी मनाएं, यह उन (सब) से बेहतर है जो वह जमा करते हैं। (58)
आप (स) कह दें, भला देखो जो अल्लाह ने तुम्हारे लिए रिज़्क़ उतारा, फिर तुम ने उस में से कुछ हराम बना लिया और कुछ हलाल, आप (स) कह दें, क्या अल्लाह ने तुम्हें हुक्म दिया? या अल्लाह पर झूट बान्धते हो? (59)
और उन लोगों का क्या ख़याल है? जो घड़ते हैं अल्लाह पर झूट, क़ियामत के दिन (उन का क्या हाल होगा) बेशक अल्लाह लोगों पर फ़ज़्ल करने वाला है, लेकिन उन में से अक्सर शुक्र नहीं करते। (60)
और तुम नहीं होते किसी हाल में, और न उस में से कुछ क़ुरआन पढ़ते हो, और न कोई अ़मल करते हो, मगर हम तुम पर गवाह (बाख़बर) होते हैं जब तुम उस में मशग़ूल होते हो, और नहीं तुम्हारे रब से ग़ाइब एक ज़र्रा बराबर भी ज़मीन में और न आस्मान में, और न उस से छोटा और न बड़ा, मगर रौशन किताब में है। (61)

وَيَسْتَنْۢبِـُٔوْنَكَ اَحَقٌّ هُوَ ۭ قُلْ اِىْ وَرَبِّيْٓ اِنَّهٗ لَحَقٌّ ڱ وَمَآ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِيْنَ ﴿٥٣﴾ ع ٥ ١٣

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | आजिज़ करने वाले | तुम हो | और नहीं | ज़रूर सच | बेशक वह | मेरे रब की क़सम | हां | आप कह दें | वह | क्या सच है | और आप (स) से पूछते हैं |

وَلَوْ اَنَّ لِكُلِّ نَفْسٍ ظَلَمَتْ مَا فِى الْاَرْضِ لَافْتَدَتْ بِهٖ ۭ وَاَسَرُّوا النَّدَامَةَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पशेमान | और वह चुपके चुपके होंगे | उस को | अलबत्ता फिदया देदे | ज़मीन में | जो कुछ | उस ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम) | हर एक शख़्स के लिए | हो | और अगर |

لَمَّا رَاَوُا الْعَذَابَ ۚ وَقُضِيَ بَيْنَهُمْ بِالْقِسْطِ وَهُمْ لَا يُظْلَمُوْنَ ﴿٥٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | ज़ुल्म न किए जाएंगे | और वह | इन्साफ़ के साथ | उन के दरमियान | और फ़ैसला होगा | अज़ाब | वह देखेंगे | जब |

اَلَآ اِنَّ لِلّٰهِ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۭ اَلَآ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ وَّلٰكِنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और लेकिन | सच | अल्लाह का वादा | बेशक | याद रखो | और ज़मीन में | आस्मानों में | अल्लाह के लिए जो | बेशक | याद रखो |

اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٥٥﴾ هُوَ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ وَاِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿٥٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | तुम लौटाए जाओगे | और उस की तरफ़ | और मारता है | ज़िन्दगी देता है | वही | 55 | जानते नहीं | उन के अक्सर |

يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ قَدْ جَاۗءَتْكُمْ مَّوْعِظَةٌ مِّنْ رَّبِّكُمْ وَشِفَاۗءٌ لِّمَا فِي الصُّدُوْرِ ڏ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीनों (दिलों) में | उस के लिए जो | और शिफ़ा | तुम्हारा रब | से | नसीहत | तहक़ीक़ आगई तुम्हारे पास | लोगो | ऐ |

وَهُدًى وَّرَحْمَةٌ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٥٧﴾ قُلْ بِفَضْلِ اللّٰهِ وَبِرَحْمَتِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस की रह्मत से | अल्लाह | फ़ज़्ल से | आप कह दें | 57 | मोमिनों के लिए | ओ रह्मत | और हिदायत |

فَبِذٰلِكَ فَلْيَفْرَحُوْا ۭ هُوَ خَيْرٌ مِّمَّا يَجْمَعُوْنَ ﴿٥٨﴾ قُلْ اَرَءَيْتُمْ مَّآ اَنْزَلَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो उस ने उतारा | भला देखो | आप कह दें | 58 | वह जमा करते हैं | उस से जो | बेहतर | वह-यह | वह ख़ुशी मनाएं | सो उस पर |

اللّٰهُ لَكُمْ مِّنْ رِّزْقٍ فَجَعَلْتُمْ مِّنْهُ حَرَامًا وَّحَلٰلًا ۭ قُلْ آٰللّٰهُ اَذِنَ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हुक्म दिया | क्या अल्लाह | आप (स) कह दें | और कुछ हलाल | कुछ हराम | उस से | फिर तुम ने बना लिया | रिज़्क़ | से | तुम्हारे लिए | अल्लाह |

لَكُمْ اَمْ عَلَى اللّٰهِ تَفْتَرُوْنَ ﴿٥٩﴾ وَمَا ظَنُّ الَّذِيْنَ يَفْتَرُوْنَ عَلَي اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह पर | घड़ते हैं | वह लोग जो | ख़याल | और क्या | 59 | तुम झूट बान्धते हो | अल्लाह पर | या | तुम्हें |

الْكَذِبَ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ۭ اِنَّ اللّٰهَ لَذُوْ فَضْلٍ عَلَي النَّاسِ وَلٰكِنَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और लेकिन | लोगों पर | फ़ज़्ल करने वाला | बेशक अल्लाह | क़ियामत के दिन | झूट |

اَكْثَرَهُمْ لَا يَشْكُرُوْنَ ﴿٦٠﴾ وَمَا تَكُوْنُ فِيْ شَاْنٍ وَّمَا تَتْلُوْا مِنْهُ مِنْ ع ٦ ١١

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से कुछ | उस से | और नहीं पढ़ते | किसी हाल में | और नहीं होते तुम | 60 | शुक्र नहीं करते | उन के अक्सर |

قُرْاٰنٍ وَّلَا تَعْمَلُوْنَ مِنْ عَمَلٍ اِلَّا كُنَّا عَلَيْكُمْ شُهُوْدًا اِذْ تُفِيْضُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब तुम मशग़ूल होते हो | गवाह | तुम पर | हम होते हैं | मगर | कोई अ़मल | और नहीं करते | क़ुरआन |

فِيْهِ ۭ وَمَا يَعْزُبُ عَنْ رَّبِّكَ مِنْ مِّثْقَالِ ذَرَّةٍ فِي الْاَرْضِ وَلَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न | ज़मीन में | एक ज़र्रा | बराबर | से | तुम्हारा रब | से | ग़ाइब | और नहीं | उस में |

فِي السَّمَاۗءِ وَلَآ اَصْغَرَ مِنْ ذٰلِكَ وَلَآ اَكْبَرَ اِلَّا فِيْ كِتٰبٍ مُّبِيْنٍ ﴿٦١﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | किताबे रौशन | में | मगर | बड़ा | और न | उस | से | छोटा | और न | आस्मान | में |

أَلَآ إِنَّ أَوْلِيَآءَ اللّٰهِ لَا خَوْفٌ عَلَيْهِمْ وَلَا هُمْ يَحْزَنُوْنَ ﴿٦٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | ग़मगीन होंगे | वह | और न | उन पर | न कोई ख़ौफ़ | अल्लाह के दोस्त | बेशक | याद रखो |

اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَكَانُوْا يَتَّقُوْنَ ﴿٦٣﴾ لَهُمُ الْبُشْرٰى فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुनिया कि ज़िन्दगी | में | बशारत | उन के लिए | 63 | और वह तक़्वा करते रहे | ईमान लाए | वह लोग जो |

وَفِى الْاٰخِرَةِ ۭ لَا تَبْدِيْلَ لِكَلِمٰتِ اللّٰهِ ۭ ذٰلِكَ هُوَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह | यह | अल्लाह | बातों में | तबदीली नहीं | आख़िरत | और में |

وقف لازم الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٦٤﴾ وَلَا يَحْزُنْكَ قَوْلُهُمْ ۘ اِنَّ الْعِزَّةَ لِلّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के लिए | ग़लबा | बेशक | उन की बात | तुम्हें ग़मगीन करे | और न | 64 | बड़ी | कामयाबी |

جَمِيْعًا ۭ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٦٥﴾ اَلَآ اِنَّ لِلّٰهِ مَنْ فِى السَّمٰوٰتِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मानों में | जो कुछ | अल्लाह के लिए | बेशक | याद रखो | 65 | जानने वाला | सुनने वाला | वह | तमाम |

وَمَنْ فِى الْاَرْضِ ۭ وَمَا يَتَّبِعُ الَّذِيْنَ يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए | पुकारते हैं | वह लोग जो | पैरवी करते हैं | क्या - किस | ज़मीन में | और जो |

اللّٰهِ شُرَكَآءَ ۭ اِنْ يَّتَّبِعُوْنَ اِلَّا الظَّنَّ وَاِنْ هُمْ اِلَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर (सिर्फ़) | वह | और नहीं | गुमान | मगर | वह नहीं पैरवी करते | शरीक (जमा) | अल्लाह |

يَخْرُصُوْنَ ﴿٦٦﴾ هُوَ الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ الَّيْلَ لِتَسْكُنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि तुम सुकून हासिल करो | रात | तुम्हारे लिए | बनाया | जो - जिस | वही | 66 | अटकलें दौड़ाते हैं |

فِيْهِ وَالنَّهَارَ مُبْصِرًا ۭ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّسْمَعُوْنَ ﴿٦٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | सुनने वाले लोगों के लिए | अलबत्ता निशानियां | उस में | बेशक | दिखाने वाला (रौशन) | और दिन | उस में |

قَالُوا اتَّخَذَ اللّٰهُ وَلَدًا سُبْحٰنَهٗ ۭ هُوَ الْغَنِيُّ ۭ لَهٗ مَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | उस के लिए | बेनियाज़ | वह | वह पाक है | बेटा | अल्लाह | बना लिया | वह कहते हैं |

فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى الْاَرْضِ ۭ اِنْ عِنْدَكُمْ مِّنْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कोई | तुम्हारे पास | नहीं | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में |

سُلْطٰنٍۢ بِهٰذَا ۭ اَتَقُوْلُوْنَ عَلَى اللّٰهِ مَا لَا تَعْلَمُوْنَ ﴿٦٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | तुम नहीं जानते | जो | अल्लाह पर | क्या तुम कहते हो | उस के लिए | दलील |

قُلْ اِنَّ الَّذِيْنَ يَفْتَرُوْنَ عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| झूट | अल्लाह पर | घड़ते हैं | वह लोग जो | बेशक | आप (स) कह दें |

لَا يُفْلِحُوْنَ ﴿٦٩﴾ مَتَاعٌ فِى الدُّنْيَا ثُمَّ اِلَيْنَا مَرْجِعُهُمْ ثُمَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | उन को लौटना | हमारी तरफ़ | फिर | दुनिया में | कुछ फ़ाइदा | 69 | वह फ़लाह नहीं पाएंगे |

نُذِيْقُهُمُ الْعَذَابَ الشَّدِيْدَ بِمَا كَانُوْا يَكْفُرُوْنَ ﴿٧٠﴾ ع

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 70 | वह कुफ़्र करते थे | उस के बदले | शदीद | अ़ज़ाब | हम चखाएंगे उन्हें |

याद रखो! बेशक (जो) अल्लाह के दोस्त हैं न कोई ख़ौफ़ उन पर और न वह ग़मगीन होंगे। (62)

और जो लोग ईमान लाए और तक़्वा (ख़ौफ़े ख़ुदा और परहेज़गारी) करते रहे। (63)

उन के लिए बशारत है दुनिया की ज़िन्दगी में और आख़िरत में, अल्लाह की बातों में कोई तबदीली नहीं, यही बड़ी कामयाबी है। (64)

और उन की बात तुम्हें ग़मगीन न करे। बेशक तमाम ग़लबा अल्लाह के लिए है, वह सुनने वाला जानने वाला है। (65)

याद रखो! बेशक जो आस्मानों में और ज़मीन में है अल्लाह के लिए है, और किसी की पैरवी (नहीं) करते वह लोग जो अल्लाह के सिवा शरीकों को पुकारते हैं मगर (सिर्फ़) गुमान की पैरवी करते हैं, और वह सिर्फ़ अटकलें दौड़ाते हैं। (66)

वही है जिस ने बनाई तुम्हारे लिए रात ताकि तुम उस में सुकून हासिल करो और दिन रौशन, बेशक उस में सुनने वाले लोगों के लिए निशानियाँ हैं। (67)

वह कहते हैं अल्लाह ने बना लिया (अपना) बेटा। वह पाक है, वह बेनियाज़ है, उसी के लिए है जो कुछ आस्मानों में और ज़मीन में है, तुम्हारे पास नहीं है उस के लिए कोई दलील, क्या तुम अल्लाह पर वह बात कहते हो जो तुम जानते नहीं? (68)

आप (स) कह दें, बेशक वह लोग जो अल्लाह पर झूट घड़ते हैं फ़लाह (दो जहान की कामयाबी) नहीं पाएंगे। (69)

दुनिया में कुछ फ़ाइदा है, फिर उन को हमारी तरफ़ लौटना है, फिर हम उन्हें शदीद अज़ाब (का मज़ा) चखाएंगे उस के बदले जो वह कुफ़्र करते थे। (70)

और आप (स) उन्हें नूह (अ) का क़िस्सा पढ़ कर सुनाएं, जब उस ने अपनी क़ौम से कहा, ऐ मेरी क़ौम! अगर तुम पर गरां है मेरा क़ियाम और मेरा अल्लाह की आयतों से नसीहत करना, तो मैं ने अल्लाह पर भरोसा किया, पस तुम और तुम्हारे शरीक अपना काम मुक़र्रर (पक्का) कर लो (ताकि) फिर तुम्हें अपने काम पर कोई शुबाह न रहे, फिर मेरे साथ कर गुज़रो, और मुझे मोहलत न दो। (71) फिर अगर तुम मुँह फेर लो तो मैं ने तुम से कोई अजर नहीं मांगा, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह पर है, और मुझे हुक्म दिया गया है कि मैं रहूँ फ़रमांबरदारों में से। (72) तो उन्हों ने उसे (नूह अ) को झुटलाया, सो हम ने बचा लिया उसे और उन्हें जो उस के साथ कश्ती में थे, और हम ने उन्हें जाँनशीन बनाया, और उन लोगों को ग़र्क़ कर दिया जिन्हों ने हमारी आयतों को झुटलाया, सो देखो (उन लोगों का) अन्जाम कैसा हुआ? ज़िन्हें डराया गया था। (73) फिर हम ने उस (नूह अ) के बाद कई रसूल उन की क़ौमों की तरफ़ भेजे तो वह उन के पास रौशन दलीलों के साथ आए, सो उन से न हुआ के वह ईमान ले आएं उस (बात) पर जिसे वह उस से क़ब्ल झुटला चुके थे, इसी तरह हम हद से बढ़ने वालों के दिलों पर मुहर लगाते हैं। (74) फिर हम ने भेजा उन के बाद मूसा (अ) और हारून (अ) को अपनी निशानियों के साथ फ़िरऔन और उस के सरदारों (दरबारियों) की तरफ़, तो उन्हों ने तकब्बुर किया और वह गुनाहगार लोग थे। (75) तो जब उन के पास हमारी तरफ़ से हक़ पहुँचा तो वह कहने लगे, बेशक यह अलबत्ता खुला जादू है। (76) मूसा (अ) ने कहा, क्या तुम हक़ की निस्बत (ऐसा) कहते हो? जब वह तुम्हारे पास आगया, क्या यह जादू है? और जादूगर कामयाब नहीं होते। (77) वह बोले क्या तू हमारे पास (इस लिए) आया है कि हमें उस से फेर दे जिस पर हम ने अपने बाप दादा को पाया, और हो जाए तुम दोनों के लिए ज़मीन में बड़ाई (सरदारी मिल जाए) और हम तुम दोनों के मानने वालों में से नहीं। (78)

وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ نُوْحٍ ۘ اِذْ قَالَ لِقَوْمِهٖ يٰقَوْمِ اِنْ كَانَ كَبُرَ عَلَيْكُمْ وقف لازم

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पर | गरां | अगर है | ऐ मेरी क़ौम | अपनी क़ौम से | जब उस ने कहा | नूह (अ) | ख़बर (क़िस्सा) | उन पर (उन्हें) | और पढ़ो |

مَّقَامِىْ وَتَذْكِيْرِىْ بِاٰيٰتِ اللّٰهِ فَعَلَى اللّٰهِ تَوَكَّلْتُ فَاَجْمِعُوْٓا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पस तुम मुक़र्रर कर लो | मैं ने भरोसा किया | पस अल्लाह पर | अल्लाह की आयतों से | और मेरा नसीहत करना | मेरा क़ियाम |

اَمْرَكُمْ وَشُرَكَآءَكُمْ ثُمَّ لَا يَكُنْ اَمْرُكُمْ عَلَيْكُمْ غُمَّةً ثُمَّ اقْضُوْٓا اِلَىَّ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे साथ | तुम कर गुज़रो | फिर | कोई शुबाह | तुम पर | तुम्हारा काम | न रहे | फिर | और तुम्हारे शरीक | अपना काम |

وَلَا تُنْظِرُوْنِ ﴿٧١﴾ فَاِنْ تَوَلَّيْتُمْ فَمَا سَاَلْتُكُمْ مِّنْ اَجْرٍ ؕ اِنْ اَجْرِىَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा अजर | तो-सिर्फ़ | कोई अजर | तो मैं ने नही मांगा तुम से | तुम मुँह फेर लो | फिर अगर | 71 | और मुझे मोहलत न दो |

اِلَّا عَلَى اللّٰهِ ۙ وَاُمِرْتُ اَنْ اَكُوْنَ مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ ﴿٧٢﴾ فَكَذَّبُوْهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उन्हों ने उसे झुटलाया | 72 | फ़रमांबरदार (जमा) | से | मैं रहूँ | कि | और मुझे हुक्म दिया गया | अल्लाह पर | मगर (सिर्फ़) |

فَنَجَّيْنٰهُ وَمَنْ مَّعَهٗ فِى الْفُلْكِ وَجَعَلْنٰهُمْ خَلٰٓئِفَ وَاَغْرَقْنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम ने ग़र्क़ कर दिया | जाँशीन | और हम ने बनाया उन्हें | कश्ती में | उस के साथ | और जो | सो हम ने बचा लिया उसे |

الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا ۚ فَانْظُرْ كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ الْمُنْذَرِيْنَ ﴿٧٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | डराए गए लोग | अन्जाम | हुआ | कैसा | सो देखो | हमारी आयतों को | उन्हों ने झुटलाया | वह लोग जो |

ثُمَّ بَعَثْنَا مِنْۢ بَعْدِهٖ رُسُلًا اِلٰى قَوْمِهِمْ فَجَآءُوْهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रौशन दलीलों के साथ | वह आए उन के पास | उन की क़ौम | तरफ़ | कई रसूल | उस के बाद | हम ने भेजे | फिर |

فَمَا كَانُوْا لِيُؤْمِنُوْا بِمَا كَذَّبُوْا بِهٖ مِنْ قَبْلُ ؕ كَذٰلِكَ نَطْبَعُ عَلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | हम मुहर लगाते हैं | उसी तरह | उस से क़ब्ल | उस को | उन्हों ने झुटलाया | उस पर जो | सो उन से न हुआ कि वह ईमान ले आएं |

قُلُوْبِ الْمُعْتَدِيْنَ ﴿٧٤﴾ ثُمَّ بَعَثْنَا مِنْۢ بَعْدِهِمْ مُّوْسٰى وَهٰرُوْنَ اِلٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | और हारून (अ) | मूसा (अ) | उन के बाद | हम ने भेजा | फिर | 74 | हद से बढ़ने वाले | दिल (जमा) |

فِرْعَوْنَ وَمَلَا۟ئِهٖ بِاٰيٰتِنَا فَاسْتَكْبَرُوْا وَكَانُوْا قَوْمًا مُّجْرِمِيْنَ ﴿٧٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | गुनाहगार (जमा) | लोग | और वह थे | तो उन्हों ने तकब्बुर किया | अपनी निशानियों के साथ | उस के सरदार | फ़िरऔन |

فَلَمَّا جَآءَهُمُ الْحَقُّ مِنْ عِنْدِنَا قَالُوْٓا اِنَّ هٰذَا لَسِحْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٧٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 76 | खुला | अलबत्ता जादू | यह | बेशक | वह कहने लगे | हमारी तरफ़ | से | हक़ | आया उन के पास | तो जब |

قَالَ مُوْسٰٓى اَتَقُوْلُوْنَ لِلْحَقِّ لَمَّا جَآءَكُمْ ؕ اَسِحْرٌ هٰذَا ؕ وَلَا يُفْلِحُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और कामयाब नहीं होते | यह | क्या जादू | वह आगया तुम्हारे पास | हक़ के लिए (निस्बत) जब | क्या तुम कहते हो | मूसा (अ) | कहा |

السّٰحِرُوْنَ ﴿٧٧﴾ قَالُوْٓا اَجِئْتَنَا لِتَلْفِتَنَا عَمَّا وَجَدْنَا عَلَيْهِ اٰبَآءَنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस पर अपने बाप दादा | पाया हम ने | उस से जो | कि फेर दे हमें | क्या तू आया हमारे पास | वह बोले | 77 | जादूगर |

وَتَكُوْنَ لَكُمَا الْكِبْرِيَآءُ فِى الْاَرْضِ ؕ وَمَا نَحْنُ لَكُمَا بِمُؤْمِنِيْنَ ﴿٧٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 78 | ईमान लाने वालों में से | तुम दोनों के लिए | हम | और नहीं | ज़मीन में | बड़ाई | तुम दोनों के लिए | और हो जाए |

وَقَالَ فِرْعَوْنُ ائْتُوْنِیْ بِكُلِّ سٰحِرٍ عَلِیْمٍ ﴿٧٩﴾ فَلَمَّا جَآءَ السَّحَرَةُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जादूगर | आ गए | फिर जब | 79 | इल्म वाला | जादूगर | हर | ले आओ मेरे पास | फ़िरऔन | और कहा |

قَالَ لَهُمْ مُّوْسٰۤى اَلْقُوْا مَاۤ اَنْتُمْ مُّلْقُوْنَ ﴿٨٠﴾ فَلَمَّاۤ اَلْقَوْا قَالَ مُوْسٰى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा (अ) | कहा | उन्हों ने डाला | फिर जब | 80 | डालने वाले हो | तुम | जो | तुम डालो | मूसा (अ) | उन से | कहा |

مَا جِئْتُمْ بِهِ ۙ السِّحْرُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ سَیُبْطِلُهٗ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا یُصْلِحُ عَمَلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काम | नही दुरुस्त करता | बेशक अल्लाह | अभी बातिल कर देगा उसे | बेशक अल्लाह | जादू | तुम लाए हो | जो |

ع ١٢ ١٣ الْمُفْسِدِیْنَ ﴿٨١﴾ وَیُحِقُّ اللّٰهُ الْحَقَّ بِكَلِمٰتِهٖ وَلَوْ كَرِهَ الْمُجْرِمُوْنَ ﴿٨٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | मुजरिम (गुनाहगार) | नापसन्द करें | ख़्वाह | अपने हुक्म से | हक़ | अल्लाह | और हक़ कर देगा | 81 | फ़साद करने वाले |

فَمَاۤ اٰمَنَ لِمُوْسٰۤى اِلَّا ذُرِّیَّةٌ مِّنْ قَوْمِهٖ عَلٰى خَوْفٍ مِّنْ فِرْعَوْنَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़िरऔन | से (के) | ख़ौफ की वजह से | उस की क़ौम | से | चन्द लड़के | मगर | मूसा (अ) पर | ईमान लाया | सो न |

وَمَلَا۟ئِهِمْ اَنْ یَّفْتِنَهُمْ ؕ وَاِنَّ فِرْعَوْنَ لَعَالٍ فِی الْاَرْضِ ۚ وَاِنَّهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेशक वह | ज़मीन | में | सरकश | फ़िरऔन | और बेशक | वह आफ़त में डाले उन्हें | कि | और उन के सरदार |

لَمِنَ الْمُسْرِفِیْنَ ﴿٨٣﴾ وَقَالَ مُوْسٰى یٰقَوْمِ اِنْ كُنْتُمْ اٰمَنْتُمْ بِاللّٰهِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह पर | ईमान लाए | तुम | अगर | ऐ मेरी क़ौम | मूसा (अ) | और कहा | 83 | हद से बढ़ने वाले | अलबत्ता-से |

فَعَلَیْهِ تَوَكَّلُوْۤا اِنْ كُنْتُمْ مُّسْلِمِیْنَ ﴿٨٤﴾ فَقَالُوْا عَلَى اللّٰهِ تَوَكَّلْنَا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने भरोसा किया | अल्लाह पर | तो उन्हों ने कहा | 84 | फ़रमांबरदार (जमा) | तुम हो | अगर | भरोसा करो | तो उस पर |

رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا فِتْنَةً لِّلْقَوْمِ الظّٰلِمِیْنَ ﴿٨٥﴾ وَنَجِّنَا بِرَحْمَتِكَ مِنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | अपनी रहमत से | और हमें छुड़ादे | 85 | ज़ालिम (जमा) | क़ौम का | तख़्ता-ए-मशक़ | न बना हमें | ऐ हमारे रब |

الْقَوْمِ الْكٰفِرِیْنَ ﴿٨٦﴾ وَاَوْحَیْنَاۤ اِلٰى مُوْسٰى وَاَخِیْهِ اَنْ تَبَوَّاٰ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि घर बनाओ | और उस का भाई | मूसा (अ) | तरफ़ | और हम ने वहि भेजी | 86 | काफ़िर (जमा) | क़ौम |

لِقَوْمِكُمَا بِمِصْرَ بُیُوْتًا وَّاجْعَلُوْا بُیُوْتَكُمْ قِبْلَةً وَّاَقِیْمُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और क़ाइम करो | क़िब्ला रू | अपने घर | और बनाओ | घर | मिसर में | अपनी क़ौम के लिए |

الصَّلٰوةَ ؕ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِیْنَ ﴿٨٧﴾ وَقَالَ مُوْسٰى رَبَّنَاۤ اِنَّكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक तू | ऐ हमारे रब | मूसा (अ) | और कहा | 87 | मोमिनीन | और खुशख़बरी दो | नमाज़ |

اٰتَیْتَ فِرْعَوْنَ وَمَلَاَهٗ زِیْنَةً وَّاَمْوَالًا فِی الْحَیٰوةِ الدُّنْیَا ۙ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुनिया की ज़िन्दगी | में | और माल (जमा) | ज़ीनत | और उस के सरदार | फ़िरऔन | तू ने दिए |

رَبَّنَا لِیُضِلُّوْا عَنْ سَبِیْلِكَ ۚ رَبَّنَا اطْمِسْ عَلٰۤى اَمْوَالِهِمْ وَاشْدُدْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और मुह्र लगा दे | उन के माल | पर | तू मिटा दे | ऐ हमारे रब | तेरा रास्ता | से | कि वह गुमराह करें | ऐ हमारे रब |

عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَلَا یُؤْمِنُوْا حَتّٰى یَرَوُا الْعَذَابَ الْاَلِیْمَ ﴿٨٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | दर्दनाक | अज़ाब | वह देख लें | यहां तक कि | कि वह ईमान न लाएं | उन के दिलों पर |

और फ़िरऔन ने कहा मेरे पास हर इल्म वाला जादूगर ले आओ। (79) फिर जब जादूगर आगए तो मूसा (अ) ने उन से कहा तुम डालो, जो डालने वाले हो (तुम्हें डालना है)। (80) फिर उन्हों ने डाला तो मूसा (अ) ने कहा तुम जो लाए हो जादू है, बेशक अल्लाह अभी उसे बातिल करदेगा, बेशक अल्लाह फ़साद करने वालों के काम दुरुस्त नहीं करता। (81) और अल्लाह हक़ को अपने हुक्म से हक़ (साबित) कर देगा अगरचे गुनाहगार नापसन्द करें (82) सो मूसा (अ) पर कोई ईमान न लाया मगर उस की क़ौम के चन्द लड़के ख़ौफ़ की वजह से फ़िरऔन और उन के सरदारों के, कि वह उन्हें आफ़त में न डाल दे, और बेशक फ़िरऔन ज़मीन (मुल्क) में सरकश था, और बेशक वह हद से बढ़ने वालों में से था। (83) और मूसा (अ) ने कहा ऐ मेरी क़ौम! अगर तुम अल्लाह पर ईमान लाए हो तो उसी पर भरोसा करो अगर तुम फ़रमांबरदार हो। (84) तो उन्हों ने कहा हम ने अल्लाह पर भरोसा किया, ऐ हमारे रब! हमें न बना ज़ालिमों की क़ौम का तख़्ता-ए-मशक़ (85) और हमें अपनी रहमत से काफ़िरों की क़ौम से छुड़ादे, (86) और हम ने मूसा (अ) और उस के भाई की तरफ़ वहि भेजी कि अपनी क़ौम के लिए मिसर में घर बनाओ और बनाओ अपने घर क़िब्ला रू (नमाज की जगह), और नमाज क़ाइम करो, और मोमिनों को खुशख़बरी दो। (87) और मूसा (अ) ने कहा ऐ हमारे रब! बेशक तू ने फ़िरऔन और उस के लशकर को दुनिया की ज़िन्दगी में ज़ीनत और बहुत से माल दिए हैं, ऐ हमारे रब! कि वह तेरे रास्ते से गुमराह करें, ऐ हमारे रब! उन के माल मिटा दे, और उन के दिलों पर मुह्र लगा दे कि वह ईमान न लाएं यहां तक कि दर्दनाक अज़ाब देख लें। (88)

उस ने फ़रमाया तुम्हारी दुआ क़ुबूल हो चुकी है सो तुम दोनों साबित क़दम रहो, और उन लोगों की राह न चलना जो नावाक़िफ़ हैं। (89)
और हम ने बनी इस्राइल को पार कर दिया दर्या से, पस फ़िरऔन और उस के लशकर ने सरकशी और ज़ियादती से उन का पीछा किया, यहां तक कि जब उसको ग़रक़ाबी ने आ पकड़ा वह कहने लगा कि मैं ईमान लाया कि उस के सिवा कोई माबूद नहीं जिस पर बनी इस्राइल ईमान लाए और मैं हूँ फ़रमांबरदारों में से। (90)
क्या अब? (ईमान की बात करता है) और अलबत्ता पहले तो नाफ़रमानी करता रहा और तू फ़साद करने वालों में से रहा। (91)
सो आज हम तुझे तेरे बदन से बचाएंगे (ग़रक़ नहीं करेंगे) ताकि तू (तेरी लाश) उन के लिए जो तेरे बाद आएं (इब्रत की) एक निशानी रहे, और बेशक लोगों में से अक्सर हमारी निशानियों से ग़ाफ़िल हैं। (92)
और हम ने बनी इस्राइल को अच्छा ठिकाना दिया, और हम ने उन्हें रिज़्क़ दिया पाकीज़ा चीज़ों से, सो उन्हों ने इख़्तिलाफ़ न किया यहां तक कि उन के पास इल्म आगया, बेशक तुम्हारा रब उन के दरमियान फ़ैसला करेगा रोज़े क़ियामत जिस (बात) में वह इख़्तिलाफ़ करते थे। (93)
पस अगर तू उस (के बारे) में शक में हो तो हम ने उतारा तेरी तरफ़, तो उन लोगों से पूछ जो तुझ से पहले किताब पढ़ते हैं, तहक़ीक़ तेरे पास हक़ आगया है तुम्हारे रब की तरफ़ से, पस शक करने वालों से न होना। (94)
और न उन लोगों से होना जिन्हों ने झुटलाया अल्लाह की आयतों को, फिर तुम ख़सारा पाने वालों से हो जाओ। (95)
बेशक जिन लोगों पर तुम्हारे रब की बात साबित हो गई वह ईमान न लाएंगे। (96)
अगरचे उन के पास हर निशानी आजाए, यहां तक कि वह दर्दनाक अज़ाब देख लें। (97)

قَالَ قَدْ اُجِيْبَتْ دَّعْوَتُكُمَا فَاسْتَقِيْمَا وَلَا تَتَّبِعٰٓنِّ سَبِيْلَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राह | और न चलना | सो तुम दोनों साबित क़दम रहो | तुम्हारी दुआ | क़ुबूल हो चुकी | उस ने फ़रमाया |

الَّذِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٨٩﴾ وَجٰوَزْنَا بِبَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ الْبَحْرَ فَاَتْبَعَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पस पीछा किया उन का | दर्या | बनी इस्राईल का | और हम ने पार कर दिया | 89 | नावाक़िफ़ हैं | उन लोगों की जो |

فِرْعَوْنُ وَجُنُوْدُهٗ بَغْيًا وَّعَدْوًا ۭ حَتّٰٓى اِذَآ اَدْرَكَهُ الْغَرَقُ قَالَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह कहने लगा | ग़रक़ाबी | जब उसे आ पकड़ा | यहां तक कि | और ज़ियादती | सरकशी | और उस का लशकर | फ़िरऔन |

اٰمَنْتُ اَنَّهٗ لَآ اِلٰهَ اِلَّا الَّذِيْٓ اٰمَنَتْ بِهٖ بَنُوْٓا اِسْرَآءِيْلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बनी इस्राईल | उस पर | वह जिस पर ईमान लाए | सिवाए | माबूद | नहीं | कि वह | मैं ईमान लाया |

وَاَنَا مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ ﴿٩٠﴾ آٰلْـٰٔنَ وَقَدْ عَصَيْتَ قَبْلُ وَكُنْتَ مِنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | और तू रहा | पहले | और अलबत्ता तू नाफ़रमानी करता रहा | क्या अब | 90 | फ़रमांबरदार (जमा) | से | और मैं |

الْمُفْسِدِيْنَ ﴿٩١﴾ فَالْيَوْمَ نُنَجِّيْكَ بِبَدَنِكَ لِتَكُوْنَ لِمَنْ خَلْفَكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरे बाद आएं | उन के लिए जो | ताकि तू रहे | तेरे बदन से | हम तुझे बचा लेंगे | सो आज | 91 | फ़साद करने वाले |

اٰيَةً ۭ وَاِنَّ كَثِيْرًا مِّنَ النَّاسِ عَنْ اٰيٰتِنَا لَغٰفِلُوْنَ ﴿٩٢﴾ وَلَقَدْ بَوَّاْنَا ع ١٠ ١٤

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अलबत्ता हम ने ठिकाना दिया | 92 | ग़ाफ़िल हैं | हमारी निशानियां | से | लोगों में से | अक्सर | और बेशक | एक निशानी |

بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ مُبَوَّاَ صِدْقٍ وَّرَزَقْنٰهُمْ مِّنَ الطَّيِّبٰتِ ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाकीज़ा चीज़ें | से | और हम ने रिज़्क़ दिया उन्हें | अच्छा | ठिकाना | बनी इस्राईल |

فَمَا اخْتَلَفُوْا حَتّٰى جَآءَهُمُ الْعِلْمُ ۭ اِنَّ رَبَّكَ يَقْضِيْ بَيْنَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के दरमियान | फ़ैसला करेगा | तुम्हारा रब | बेशक | इल्म | आगया उन के पास | यहां तक कि | उन्हों ने इख़्तिलाफ़ न किया |

يَوْمَ الْقِيٰمَةِ فِيْمَا كَانُوْا فِيْهِ يَخْتَلِفُوْنَ ﴿٩٣﴾ فَاِنْ كُنْتَ فِيْ شَكٍّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में शक में | तू है | पस अगर | 93 | वह इख़्तिलाफ़ करते | उस में | वह थे | उस में जो | रोज़े क़ियामत |

مِّمَّآ اَنْزَلْنَآ اِلَيْكَ فَسْـَٔـلِ الَّذِيْنَ يَقْرَءُوْنَ الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكَ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम से पहले | किताब | पढ़ते हैं | वह लोग जो | तो पूछ लें | तेरी तरफ़ | हम ने उतारा | उस से जो |

لَقَدْ جَآءَكَ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ فَلَا تَكُوْنَنَّ مِنَ الْمُمْتَرِيْنَ ﴿٩٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 94 | शक करने वाले | से | पस न होना | तेरा रब | से | हक़ | तहक़ीक़ आगया तेरे पास |

وَلَا تَكُوْنَنَّ مِنَ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ فَتَكُوْنَ مِنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | फिर तू हो जाए | अल्लाह | आयतों को | उन्हों ने झुटलाया | वह लोग जो | से | और न होना |

الْخٰسِرِيْنَ ﴿٩٥﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ حَقَّتْ عَلَيْهِمْ كَلِمَتُ رَبِّكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरा रब | बात | उन पर | साबित हो गई | बेशक वह लोग जो | 95 | ख़सारा पाने वाले |

لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٩٦﴾ وَلَوْ جَآءَتْهُمْ كُلُّ اٰيَةٍ حَتّٰى يَرَوُا الْعَذَابَ الْاَلِيْمَ ﴿٩٧﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 97 | दर्दनाक | अज़ाब | वह देख लें | यहां तक कि | हर निशानी | आजाए उन के पास | ख़्वाह | 96 | वह ईमान न लाएंगे |

فَلَوْلَا كَانَتْ قَرْيَةٌ اٰمَنَتْ فَنَفَعَهَآ اِيْمَانُهَآ اِلَّا قَوْمَ يُوْنُسَ ۗ لَمَّآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब | क़ौमे यूनुस (अ) | मगर | उस का ईमान | तो नफ़ा देता उस को | कि वह ईमान लाती | कोई बस्ती | हुई | पस क्यों न |

اٰمَنُوْا كَشَفْنَا عَنْهُمْ عَذَابَ الْخِزْيِ فِي الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَمَتَّعْنٰهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नफ़ा पहुँचाया उन्हें | दुनिया की ज़िन्दगी | में | रुसवाई | अ़ज़ाब | उन से | हम ने उठा लिया | वह ईमान लाए |

اِلٰى حِيْنٍ ﴿٩٨﴾ وَلَوْ شَآءَ رَبُّكَ لَاٰمَنَ مَنْ فِي الْاَرْضِ كُلُّهُمْ جَمِيْعًا ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह सब के सब | ज़मीन में | जो | अलबत्ता ईमान ले आते | तेरा रब | चाहता | और अगर | 98 | एक मुद्दत तक |

اَفَاَنْتَ تُكْرِهُ النَّاسَ حَتّٰى يَكُوْنُوْا مُؤْمِنِيْنَ ﴿٩٩﴾ وَمَا كَانَ لِنَفْسٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किसी शख़्स के लिए | और नहीं है | 99 | मोमिन (जमा) | वह हो जाएं | यहां तक कि | लोग | मजबूर करेगा | पस क्या तू |

اَنْ تُؤْمِنَ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ۗ وَيَجْعَلُ الرِّجْسَ عَلَى الَّذِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | पर | गन्दगी | और वह डालता है | हुक्मे इलाही | मगर (बग़ैर) | ईमान लाए | कि |

لَا يَعْقِلُوْنَ ﴿١٠٠﴾ قُلِ انْظُرُوْا مَاذَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۗ وَمَا تُغْنِي

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नहीं फ़ाइदा देती | और ज़मीन | आस्मानों | में | क्या है | देखो | आप कह दें | 100 | अक़्ल नहीं रखते |

الْاٰيٰتُ وَالنُّذُرُ عَنْ قَوْمٍ لَّا يُؤْمِنُوْنَ ﴿١٠١﴾ فَهَلْ يَنْتَظِرُوْنَ اِلَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | वह इन्तिज़ार करते हैं | तो क्या | 101 | वह नहीं मानते | लोग | से | और डराने वाले | निशानियां |

مِثْلَ اَيَّامِ الَّذِيْنَ خَلَوْا مِنْ قَبْلِهِمْ ۗ قُلْ فَانْتَظِرُوْٓا اِنِّيْ مَعَكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे साथ | बेशक मैं | पस तुम इन्तिज़ार करो | आप (स) कह दें | उन से पहले | जो गुज़र चुके | वह लोग | दिन (वाक़िआत) | जैसे |

مِّنَ الْمُنْتَظِرِيْنَ ﴿١٠٢﴾ ثُمَّ نُنَجِّيْ رُسُلَنَا وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كَذٰلِكَ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उसी तरह | वह ईमान लाए | और वह लोग जो | अपने रसूल (जमा) | हम बचालेते हैं | फिर | 102 | इन्तिज़ार करने वाले | से |

ع ١٠ 15 حَقًّا عَلَيْنَا نُنْجِ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٠٣﴾ قُلْ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اِنْ كُنْتُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर तुम हो | ऐ लोगो! | आप (स) कह दें | 103 | मोमिनीन | हम बचालेंगे | हक़ हम पर |

فِيْ شَكٍّ مِّنْ دِيْنِيْ فَلَآ اَعْبُدُ الَّذِيْنَ تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | सिवाए | तुम पूजते हो | वह जो कि | तो मैं इबादत नहीं करता | मेरे दीन | से | किसी शक में |

وَلٰكِنْ اَعْبُدُ اللّٰهَ الَّذِيْ يَتَوَفّٰىكُمْ ۖ وَاُمِرْتُ اَنْ اَكُوْنَ مِنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | मैं हूँ | कि | और मुझे हुक्म दिया गया | तुम्हें उठालेता है | वह जो | मैं अल्लाह की इबादत करता हूँ | और लेकिन |

الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٠٤﴾ وَاَنْ اَقِمْ وَجْهَكَ لِلدِّيْنِ حَنِيْفًا ۚ وَلَا تَكُوْنَنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हरगिज़ न होना | सब से मुँह मोड़ कर | दीन के लिए | अपना मुँह | सीधा रख | और यह कि | 104 | मोमिनीन |

مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿١٠٥﴾ وَلَا تَدْعُ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ مَا لَا يَنْفَعُكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न तुझे नफ़ा दे | जो | अल्लाह | सिवाए | और न पुकार | 105 | मुशरिकीन | से |

وَلَا يَضُرُّكَ ۚ فَاِنْ فَعَلْتَ فَاِنَّكَ اِذًا مِّنَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٠٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 106 | ज़ालिम (जमा) | से | उस वक़्त | तो बेशक तू | तू ने किया | फिर अगर | नुक़्सान पहुँचाए | और न |

पस क्यों न हुई कोई बस्ती कि वह ईमान लाती तो उस को उस का ईमान नफ़ा देता, मगर यूनुस (अ) की क़ौम (कि वह ईमान ले आई), जब वह ईमान लाए तो हम ने उन से दुनिया की जिन्दगी में रुसवाई का अज़ाब उठा लिया, और उन्हें एक मुददत तक नफ़ा पहुँचाया। (98) और अगर चाहता तेरा रब अलबत्ता जो ज़मीन में हैं सब के सब ईमान ले आते, पस क्या तू लोगों को मजबूर करेगा? यहां तक कि वह मोमिन हो जाएं। (99) और किसी शख़्स के लिए (अपने इख़्तियार में) नहीं कि वह अल्लाह के हुक्म के बग़ैर ईमान ले आए, और वह डालता है (कुफ़्र की) गन्दगी उन लोगों पर जो अ़क्ल नहीं रखते। (100) आप (स) कह दें देखो क्या कुछ है? आस्मानों में और ज़मीन में। और निशानियां और डराने वाले (रसूल) उन लोगों को फ़ाइदा नहीं देते जो नहीं मानते। (101) तो क्या वह इन्तिजार कर रहे हैं मगर उन्हीं लोगों जैसे वाक़िआत का जो उन से पहले गुजर चुके, आप (स) कह दें पस तुम इन्तिज़ार करो बेशक मैं भी तुम्हारे साथ इन्तिज़ार करने वालों से हूँ। (102) फिर हम बचा लेते हैं अपने रसूलों को, और उसी तरह उन को जो ईमान लाए, हम पर हक़ (ज़िम्मा) है हम बचालेंगे मोमिनों को। (103) आप (स) कह दें, ऐ लोगो! अगर तुम मेरे दीन (के मुतअ़ल्लिक़) किसी शक में हो तो मैं इबादत नहीं करता उन की जिन को तुम अल्लाह के सिवा पूजते हो, लेकिन मैं उस अल्लाह की इबादत करता हूँ जो तुम्हें (दुनिया से) उठा लेता है, और मुझे हुक्म दिया गया कि मोमिनों में से रहूँ। (104) और यह कि अपना मुँह सब से मोड़ कर दीन के लिए सीधा रख, और हरगिज मुश्रिकों में से न होना। (105) और अल्लाह के सिवा उसे न पुकार जो न तुझे नफ़ा दे सके, और न कोई नुक्सान पहुंचा सके, फिर अगर तू ने (ऐसा) किया तो उस वक़्त तू बेशाक ज़ालिमों में से होगा। (106)

और अगर अल्लाह तुझे पहुँचाए कोई नुक़सान तो उस के सिवा कोई उस को हटाने वाला नहीं, और अगर वह तेरा भला चाहे तो कोई उस के फ़ज्ल को रोकने वाला नहीं, वह पहुँचाता है उस को अपने बन्दों में से जिस को चाहता है, और वह बख़्शने वाला, निहायत मेहरबान है। (107) आप (स) कह दें, ऐ लोगो! तुम्हारे पास तुम्हारे रब की तरफ़ से हक़ पहुँच चुका, तो जिस ने हिदायत पाई सिर्फ़ अपनी जान के लिए हिदायत पाई, और जो गुमराह हुआ तो सिर्फ़ अपने बुरे को गुमराह हुआ, और मैं तुम पर मुख़्तार नहीं हूँ। (108) और (उस की) पैरवी करो जो तुम्हारी तरफ़ वहि होती है, और सबर करो यहां तक कि अल्लाह फ़ैसला कर दे, और वह बेहतरीन फ़ैसला करने वाला है। (109)

अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रह्म करने वाला है

अलिफ़-लाम-रा, यह किताब है, इस की आयात मज़बूत की गईं, फिर तफ़सील की गईं हिक्मत वाले, ख़बरदार के पास से (1) यह कि अल्लाह के सिवा किसी की इबादत न करो, बेशक मैं उस (की तरफ़) से तुम्हारे लिए डराने वाला और ख़ुशख़बरी देने वाला हूँ। (2) और यह कि मग़्फ़िरत तलब करो अपने रब से, फिर उस की तरफ़ रुजूअ करो वह तुम्हें फ़ाइदा पहुँचाएगा अच्छा सामान, एक मुक़र्ररा वक़्त तक, और देगा हर फ़ज्ल वाले को अपना फ़ज्ल, और अगर तुम फिर जाओ तो बेशक मैं तुम पर एक बड़े दिन के अज़ाब से डरता हूँ। (3) अल्लाह की तरफ़ तुम्हें लौटना है, और वह हर चीज़ पर क़ुदरत वाला है। (4) याद रखो! बेशक वह अपने सीने दोहरे करते हैं ताकि उस (अल्लाह) से छुपालें, याद रखो! जब वह अपने कपड़े पहनते हैं वह जानता है जो वह छुपाते हैं और जो वह ज़ाहिर करते हैं, बेशक वह दिलों के भेद जानने वाला है। (5)

وَاِنْ يَّمْسَسْكَ اللّٰهُ بِضُرٍّ فَلَا كَاشِفَ لَهٗٓ اِلَّا هُوَ ۚ وَاِنْ يُّرِدْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरा चाहे | और अगर | उस के सिवा | उस का | तो नही हटाने वाला | कोई नुक़्सान | अल्लाह | पहुँचाए तुझे | और अगर |

بِخَيْرٍ فَلَا رَآدَّ لِفَضْلِهٖ ۗ يُصِيْبُ بِهٖ مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ ۗ وَهُوَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | अपने बन्दे | से | चाहता है | जिसे | उस को | वह पहुँचाता है | उस के फ़ज्ल को | तो नही कोई रोकने वाला | भला |

الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ﴿١٠٧﴾ قُلْ يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ قَدْ جَآءَكُمُ الْحَقُّ مِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | हक़ | पहुँच चुका तुम्हार पास | ऐ लोगो! | आप (स) कह दें | 107 | निहायत मेहरबान | बख़्शने वाला |

رَّبِّكُمْ ۚ فَمَنِ اهْتَدٰى فَاِنَّمَا يَهْتَدِيْ لِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ ضَلَّ فَاِنَّمَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो सिर्फ़ | गुमराह हुआ | और जो | अपनी जान के लिए | उस ने हिदायत पाई | तो सिर्फ़ | हिदायत पाई | तो जो | तुम्हारा रब |

يَضِلُّ عَلَيْهَا ۚ وَمَآ اَنَا عَلَيْكُمْ بِوَكِيْلٍ ﴿١٠٨﴾ وَاتَّبِعْ مَا يُوْحٰٓى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वहि होती है | जो | और पैरवी करो | 108 | मुख़्तार | तुम पर | मैं | और नही | उस पर (बुरे को) | वह गुमराह हुआ |

اِلَيْكَ وَاصْبِرْ حَتّٰى يَحْكُمَ اللّٰهُ ۚ وَهُوَ خَيْرُ الْحٰكِمِيْنَ ﴿١٠٩﴾　ع ١١ ١٦

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 109 | फ़ैसला करने वाला | बेहतरीन | और वह | अल्लाह | फ़ैसला कर दे | यहां तक कि | और सबर करो | तुम्हारी तरफ़ |

آيَاتُهَا ١٢٣ ❀ (١١) سُوْرَةُ هُوْدٍ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٠

रुकूआत 10　　(11) सूरह हूद / हूद (अ)　　आयात 123

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है

الٓرٰ ۚ كِتٰبٌ اُحْكِمَتْ اٰيٰتُهٗ ثُمَّ فُصِّلَتْ مِنْ لَّدُنْ حَكِيْمٍ خَبِيْرٍ ﴿١﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ख़बरदार | हिक्मत वाले | पास | से | तफ़्सील की गई | फिर | इस की आयात | मज़बूत की गई | यह किताब | अलिफ़ लाम रा |

اَلَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّا اللّٰهَ ۗ اِنَّنِيْ لَكُمْ مِّنْهُ نَذِيْرٌ وَّبَشِيْرٌ ﴿٢﴾ وَّاَنِ اسْتَغْفِرُوْا

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मग़्फ़िरत तलब करो | और यह कि | 2 | और ख़ुशख़बरी देने वाला | डरान वाला | उस से | तुम्हार लिए | बेशक मैं | अल्लाह के सिवा | इबादत करो | यह कि न |

رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ يُمَتِّعْكُمْ مَّتَاعًا حَسَنًا اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुक़र्रर | वक़्त | तक | अच्छी | मताअ़ | वह फ़ाइदा पहुँचाएगा तुम्हें | उस की तरफ़ रुजूअ करो | फिर | अपना रब |

وَّيُؤْتِ كُلَّ ذِيْ فَضْلٍ فَضْلَهٗ ۗ وَاِنْ تَوَلَّوْا فَاِنِّيْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ़ज़ाब | तुम पर | डरता हूँ | तो बेशक मैं | फिर जाओ | और अगर तुम | अपना फ़ज्ल | फ़ज्ल वाला | हर | और देगा |

يَوْمٍ كَبِيْرٍ ﴿٣﴾ اِلَى اللّٰهِ مَرْجِعُكُمْ ۚ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٤﴾ اَلَآ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| याद रखो | 4 | कुदरत वाला | हर शै | पर | और वह | लौटना है तुम्हें | अल्लाह की तरफ़ | 3 | बड़ा | एक दिन |

اِنَّهُمْ يَثْنُوْنَ صُدُوْرَهُمْ لِيَسْتَخْفُوْا مِنْهُ ۗ اَلَا حِيْنَ يَسْتَغْشُوْنَ ثِيَابَهُمْ ۙ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने कपड़े | पहनते है | जब | याद रखो | उस से | ताकि छुपालें | अपने सीने | दोहरे करते हैं | बेशक वह |

يَعْلَمُ مَا يُسِرُّوْنَ وَمَا يُعْلِنُوْنَ ۚ اِنَّهٗ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | दिलों के भेद | जानने वाला | बेशक वह | और जो वह ज़ाहिर करते हैं | जो वह छुपाते हैं | वह जानता है |

الربع
وَمَا مِنْ دَآبَّةٍ فِي الْاَرْضِ اِلَّا عَلَى اللّٰهِ رِزْقُهَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का रिज़्क़ | अल्लाह | पर | मगर | ज़मीन | में (पर) | चलने वाला | से (कोई) | और नहीं |

وَيَعْلَمُ مُسْتَقَرَّهَا وَمُسْتَوْدَعَهَا ؕ كُلٌّ فِيْ كِتٰبٍ مُّبِيْنٍ ﴿٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | रौशन किताब | में | सब कुछ | और उस के सौंपे जाने की जगह | उस का ठिकाना | और वह जानता है |

وَهُوَ الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ وَّكَانَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और था | छः (6) दिन | में | और ज़मीन | आस्मान (जमा) | पैदा किया | जो - जिस | और वही |

عَرْشُهٗ عَلَى الْمَآءِ لِيَبْلُوَكُمْ اَيُّكُمْ اَحْسَنُ عَمَلًا ؕ وَلَئِنْ قُلْتَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप कहें | और अगर | अ़मल में | बेहतर | तुम में कौन | ताकि तुम्हें आजमाए | पानी पर | उस का अर्श |

اِنَّكُمْ مَّبْعُوْثُوْنَ مِنْۢ بَعْدِ الْمَوْتِ لَيَقُوْلَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْٓا اِنْ هٰذَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं यह | उन्हों ने कुफ़्र किया | वह लोग जो | तो जरूर कहेंगे वह | मौत मरना | बाद | उठाए जाओगे | कि तुम |

اِلَّا سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٧﴾ وَلَئِنْ اَخَّرْنَا عَنْهُمُ الْعَذَابَ اِلٰٓى اُمَّةٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक मुद्दत | तक | अ़ज़ाब | उन से | हम रोक रखें | और अगर | 7 | खुला | जादू | मगर (सिर्फ़) |

مَّعْدُوْدَةٍ لَّيَقُوْلُنَّ مَا يَحْبِسُهٗ ؕ اَلَا يَوْمَ يَاْتِيْهِمْ لَيْسَ مَصْرُوْفًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टाला जाएगा | न | उन पर आएगा | जिस दिन | याद रखो | क्या रोक रही है उसे | तो वह ज़रूर कहेंगे | गिनी हुई मुऐयन |

ع ١
عَنْهُمْ وَحَاقَ بِهِمْ مَّا كَانُوْا بِهٖ يَسْتَهْزِءُوْنَ ﴿٨﴾ وَلَئِنْ اَذَقْنَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम चखादें | और अगर | 8 | मज़ाक़ उड़ाते | उस का | थे | जिस | उन्हें | और घेरलेगा | उन से |

الْاِنْسَانَ مِنَّا رَحْمَةً ثُمَّ نَزَعْنٰهَا مِنْهُ ۚ اِنَّهٗ لَيَئُوْسٌ كَفُوْرٌ ﴿٩﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | नाशुक्रा | अलबत्ता मायूस | बेशक वह | उस से | हम छीन लें वह | फिर | कोई रहमत | अपनी तरफ़ से | इन्सान को |

وَلَئِنْ اَذَقْنٰهُ نَعْمَآءَ بَعْدَ ضَرَّآءَ مَسَّتْهُ لَيَقُوْلَنَّ ذَهَبَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जाती रहीं | तो वह ज़रूर कहेगा | उसे पहुँची | सख़्ती के बाद | नेमत (आराम) | उसे चखादें | और अगर |

السَّيِّاٰتُ عَنِّيْ ؕ اِنَّهٗ لَفَرِحٌ فَخُوْرٌ ﴿١٠﴾ اِلَّا الَّذِيْنَ صَبَرُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन लोगों ने सब्र किया | मगर | 10 | शेख़ीख़ोर | इतराने वाला | बेशक वह | मुझ से | बुराइयां |

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ ؕ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ كَبِيْرٌ ﴿١١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | बड़ा | और सवाब | बख़्शिश | उन के लिए | यही लोग | नेक | और अ़मल किए |

فَلَعَلَّكَ تَارِكٌۢ بَعْضَ مَا يُوْحٰٓى اِلَيْكَ وَضَآئِقٌۢ بِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से | और तंग होगा | तेरी तरफ़ | वहि किया गया | जो | कुछ हिस्सा | छोड़ दोगे | तो शायद (क्या) तुम |

صَدْرُكَ اَنْ يَّقُوْلُوْا لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ كَنْزٌ اَوْ جَآءَ مَعَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के साथ | आया | या | ख़ज़ाना | उस पर | उतरा | क्यों न | कि वह कहते हैं | तेरा सीना (दिल) |

مَلَكٌ ؕ اِنَّمَآ اَنْتَ نَذِيْرٌ ؕ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ وَّكِيْلٌ ﴿١٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | इख़्तियार रखने वाला | हर शै | पर | और अल्लाह | डराने वाले | कि तुम | इसके सिवा नहीं | फ़रिश्ता |

और कोई ज़मीन पर चलने (फिरने) वाला नहीं, मगर उस का रिज़्क़ अल्लाह पर (अल्लाह के ज़िम्मे) है, और वह जानता है उस का ठिकाना और उस के सौंपे जाने की जगह, सब कुछ रौशन किताब (लौहे महफ़ूज़) में है। (6) और वही है जिस ने पैदा किए आस्मान और ज़मीन छः दिन में, और उस का अर्श पानी पर था, ताकि तुम्हें वह आजमाए कि तुम में कौन बेहतर है अ़मल में? और अगर आप (स) कहें कि तुम मरने के बाद उठाए जाओगे तो वह लोग जरूर कहेंगे जिन्हों ने कुफ़्र किया कि यह सिर्फ़ खुला जादू है। (7) और अगर हम उन से अज़ाब रोक रखें एक मुद्दते मुऐयन तक वह ज़रूर कहेंगे क्या चीज़ उसे रोक रही है? याद रखो! जिस दिन उन पर (अ़ज़ाब) आएगा उन से न टाला जाएगा, और उन्हें घेर लेगा जिस का वह मज़ाक़ उड़ाते थे। (8) और अगर हम इन्सान को अपनी तरफ से किसी रहमत का मज़ा चखादें फिर वह उस से छीन लें, तो बेशक वह मायूस, नाशुक्रा हो जाता है। (9) और अगर हम उसे सख़्ती के बाद आराम चखा दें जो उसे पहुँची हो तो वह ज़रूर कहेगा मुझ से बुराइयां जाती रहीं, बेशक वह इतराने वाला शेख़ी ख़ोर है। (10) मगर जिन लोगों ने सब्र किया और नेक अ़मल किए यही लोग हैं जिन के लिए बख़्शिश और बड़ा सवाब है। (11) तो क्या तुम छोड़ दोगे (उस का) कुछ हिस्सा जो तुम्हारी तरफ वहि किया गया है, और उस से तुम्हारा दिल तंग होगा कि वह कहते हैं कि उस पर क्यों न उतरा कोई ख़ज़ाना या उस के (साथ) फ़रिश्ता (क्यों न) आया? इस के सिवा नहीं कि तुम डराने वाले हो और अल्लाह हर शै पर इख़्तियार रखने वाला है। (12)

क्या वह कहते हैं? कि उस ने इस (कुरआन) को खुद घड़ लिया है, आप (स) कह दें तो तुम भी इस जैसी दस (10) सूरतें घड़ी हुई ले आओ और जिस को तुम (मदद के लिए) बुला सको बुला लो अल्लाह के सिवा, अगर तुम सच्चे हो। (13)
फिर अगर वह तुम्हारे (उस चैलेंज का) जवाब न दे सकें तो जान लो कि यह तो अल्लाह के इल्म से नाज़िल किया गया है, और यह कि उस के सिवा कोई माबूद नहीं, पस क्या तुम इस्लाम लाते हो? (14)
जो कोई चाहता है दुनिया की ज़िन्दगी और उस की जीनत, हम उन के लिए उन के अमल इस (दुनिया) में पूरे कर देंगे और उस में उन की कमी न की जाएगी। (15)
यही लोग हैं जिन के लिए आखिरत में आग के सिवा कुछ नहीं, और अकारत गया जो इस (दुनिया) में उन्हों ने किया और जो वह करते थे नाबूद हुए। (16)
पस क्या (यह उस के बराबर है) जो अपने रब के खुले रास्ते पर हो और उस के साथ उस (अल्लाह की तरफ़) से गवाह हो, और उस से पहले मूसा (अ) की किताब इमाम (रहनुमा) और रहमत (थी) यही लोग इस (कुरआन) पर ईमान लाते हैं और गिरोहों में से जो इस का मुन्किर हो तो दोजख उस का ठिकाना है, पस तू शक में न हो इस से, बेशक वह तेरे रब (की तरफ़) से हक़ है, लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (17)
और कौन है उस से बढ़ कर जालिम? जो अल्लाह पर झूट बान्धे, यह लोग अपने रब के सामने पेश किए जाएंगे और गवाह कहेंगे कि यही हैं जिन्हों ने अपने रब पर झूट बोला, याद रखो! जालिमों पर अल्लाह की फटकार है। (18)
जो लोग अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं, और उस में कजी ढून्डते हैं, और वह आखिरत के मुन्किर हैं। (19)

اَمْ يَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ؕ قُلْ فَاْتُوْا بِعَشْرِ سُوَرٍ مِّثْلِهٖ مُفْتَرَيٰتٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घड़ी हुई | इस जैसी | दस सूरतें | तो तुम ले आओ | आप (स) कहदें | उस को खुद घड़ लिया है | क्या वह कहते है |

وَّادْعُوْا مَنِ اسْتَطَعْتُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿١٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | सच्चे | हो | अगर तुम | अल्लाह | सिवाए | जिस को तुम बुला सको | और तुम बुला लो |

فَاِلَّمْ يَسْتَجِيْبُوْا لَكُمْ فَاعْلَمُوْٓا اَنَّمَآ اُنْزِلَ بِعِلْمِ اللّٰهِ وَاَنْ لَّآ اِلٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई माबूद नही | और यह कि | अल्लाह के इल्म से | नाज़िल किया गया है | कि यह तो | तो जान लो | तुम्हारा | फिर अगर वह जवाब न दे सकें |

اِلَّا هُوَ ۚ فَهَلْ اَنْتُمْ مُّسْلِمُوْنَ ﴿١٤﴾ مَنْ كَانَ يُرِيْدُ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दुनिया कि जिन्दगी | चाहता है | जो | 14 | तुम इस्लाम लाते हो | पस क्या | उस के सिवा |

وَزِيْنَتَهَا نُوَفِّ اِلَيْهِمْ اَعْمَالَهُمْ فِيْهَا وَهُمْ فِيْهَا لَا يُبْخَسُوْنَ ﴿١٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | कमी किए जाएंगे (नुक्सान न होगा) | न | इस में | और वह | इस में | उन के अमल | उन के लिए | हम पूरा कर देंगे | और उस की जीनत |

اُولٰٓئِكَ الَّذِيْنَ لَيْسَ لَهُمْ فِى الْاٰخِرَةِ اِلَّا النَّارُ ۖ وَحَبِطَ مَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | और अकारत गया | आग के सिवा | आख़िरत में | उन के लिए | वह जो कि | यही लोग |

صَنَعُوْا فِيْهَا وَبٰطِلٌ مَّا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٦﴾ اَفَمَنْ كَانَ عَلٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | हो | पस क्या जो | 16 | वह करते थे | जो | और नाबूद हुए | उस में | उन्हों ने किया |

بَيِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّهٖ وَيَتْلُوْهُ شَاهِدٌ مِّنْهُ وَمِنْ قَبْلِهٖ كِتٰبُ مُوْسٰٓى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा (अ) की किताब | उस से पहले | और | उस से | गवाह | और उस के साथ हो | अपने रब के | खुला रास्ता |

اِمَامًا وَّرَحْمَةً ؕ اُولٰٓئِكَ يُؤْمِنُوْنَ بِهٖ ؕ وَمَنْ يَّكْفُرْ بِهٖ مِنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | मुन्किर हो इस का | और जो | उस पर | ईमान लाते हैं | यही लोग | और रहमत | इमाम |

الْاَحْزَابِ فَالنَّارُ مَوْعِدُهٗ ۚ فَلَا تَكُ فِىْ مِرْيَةٍ مِّنْهُ ۚ اِنَّهُ الْحَقُّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बेशक वह हक़ | उस से | शक में | पस तू न हो | तो आग (दोज़ख़) उस का ठिकाना | गिरोहों में |

مِنْ رَّبِّكَ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يُؤْمِنُوْنَ ﴿١٧﴾ وَمَنْ اَظْلَمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सब से बड़ा जालिम | और कौन | 17 | ईमान नही लाते | अक्सर लोग | और लेकिन | तेरे रब से |

مِمَّنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا ؕ اُولٰٓئِكَ يُعْرَضُوْنَ عَلٰى رَبِّهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने रब के सामने | पेश किए जाएंगे | यह लोग | झूट | अल्लाह पर | बान्धे | उस से जो |

وَيَقُوْلُ الْاَشْهَادُ هٰٓؤُلَآءِ الَّذِيْنَ كَذَبُوْا عَلٰى رَبِّهِمْ ۚ اَلَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| याद रखो | अपने रब पर | झूट बोला | वह जिन्हों ने | यही हैं | गवाह (जमा) | और वह कहेंगे |

لَعْنَةُ اللّٰهِ عَلَى الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٨﴾ الَّذِيْنَ يَصُدُّوْنَ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का रास्ता | से | रोकते है | वह लोग जो | 18 | ज़ालिम (जमा) | पर | अल्लाह की फटकार |

وَيَبْغُوْنَهَا عِوَجًا ؕ وَهُمْ بِالْاٰخِرَةِ هُمْ كٰفِرُوْنَ ﴿١٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | मुन्किर (जमा) | वह | आख़िरत से | और वह | कजी | और उस मे ढून्डते हैं |

أُولٰٓـئِكَ لَمْ يَكُوْنُوْا مُعْجِزِيْنَ فِى الْاَرْضِ وَمَا كَانَ لَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और नही है | ज़मीन में | आजिज़ करने वाले, थकाने वाले | नही है | यह लोग |

وقف لازم مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ اَوْلِيَآءَ ۘ يُضٰعَفُ لَهُمُ الْعَذَابُ ؕ مَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | अज़ाब | उन के लिए | दुगना | हिमायती | कोई | अल्लाह | सिवा | से |

كَانُوْا يَسْتَطِيْعُوْنَ السَّمْعَ وَمَا كَانُوْا يُبْصِرُوْنَ ﴿٢٠﴾ أُولٰٓـئِكَ الَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जिन्हों ने | यही लोग | 20 | वह देखते थे | और न | सुनना | वह ताक़त रखते थे |

خَسِرُوْٓا اَنْفُسَهُمْ وَضَلَّ عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَفْتَرُوْنَ ﴿٢١﴾ لَا جَرَمَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शक नही | 21 | वह इफ़तिरा करते थे (झूट बान्धते थे) | जो | उन से | और गुम हो गया | अपनी जानों का (अपना) | नुक़्सान किया |

اَنَّهُمْ فِى الْاٰخِرَةِ هُمُ الْاَخْسَرُوْنَ ﴿٢٢﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने अमल किए | जो लोग ईमान लाए | बेशक | 22 | सब से ज़ियादा नुक़्सान उठाने वाले | वह | आख़िरत में | कि वह |

الصّٰلِحٰتِ وَاَخْبَتُوْٓا اِلٰى رَبِّهِمْ ۙ أُولٰٓـئِكَ اَصْحٰبُ الْجَنَّةِ ۚ هُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | वह | जन्नत वाले | यही लोग | अपने रब के आगे | और आजिज़ी की | नेक |

فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿٢٣﴾ مَثَلُ الْفَرِيْقَيْنِ كَالْاَعْمٰى وَالْاَصَمِّ وَالْبَصِيْرِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और देखता | और बहरा | जैसे अन्धा | दोनों फ़रीक़ | मिसाल | 23 | हमेशा रहेंगे |

ع ١٦ ٢/٢ وَالسَّمِيْعِ ؕ هَلْ يَسْتَوِيٰنِ مَثَلًا ؕ اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ﴿٢٤﴾ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और हम ने भेजा | 24 | क्या तुम ग़ौर नही करते | मिसाल (हालत) में | क्या दोनों बराबर है | और सुनता |

نُوْحًا اِلٰى قَوْمِهٖٓ ۡ اِنِّىْ لَكُمْ نَذِيْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٢٥﴾ اَنْ لَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए | न परस्तिश करो तुम | कि | 25 | खुला | डराने वाला | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | उस की क़ौम | तरफ़ | नूह (अ) |

اللّٰهَ ؕ اِنِّىْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ اَلِيْمٍ ﴿٢٦﴾ فَقَالَ الْمَلَاُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सरदार | तो बोले | 26 | दुख देने वाला दिन | अज़ाब | तुम पर | बेशक मैं डरता हूँ | अल्लाह |

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَوْمِهٖ مَا نَرٰىكَ اِلَّا بَشَرًا مِّثْلَنَا وَمَا نَرٰىكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम नही देखते तुझे | हमारे अपने जैसा | एक आदमी | मगर | हम तुझ नही देखते | उस की क़ौम के | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) |

اتَّبَعَكَ اِلَّا الَّذِيْنَ هُمْ اَرَاذِلُنَا بَادِىَ الرَّاْىِ ۚ وَمَا نَرٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम देखते | और नही | सरसरी नज़र से | नीच लोग हम में | वह | वह लोग जो | सिवाए | तेरी पैरवी करें |

لَكُمْ عَلَيْنَا مِنْ فَضْلٍ بَلْ نَظُنُّكُمْ كٰذِبِيْنَ ﴿٢٧﴾ قَالَ يٰقَوْمِ اَرَءَيْتُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम देखा तो | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | 27 | झूट | बल्कि हम ख़याल करते है तुम्हें | फ़ज़ीलत | कोई | हम पर | तुम्हारे लिए |

اِنْ كُنْتُ عَلٰى بَيِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّىْ وَاٰتٰىنِىْ رَحْمَةً مِّنْ عِنْدِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने पास से | रहमत | और उस ने दी मुझे | अपने रब से | वाज़ेह दलील | पर | मैं हूँ | अगर |

فَعُمِّيَتْ عَلَيْكُمْ ؕ اَنُلْزِمُكُمُوْهَا وَاَنْتُمْ لَهَا كٰرِهُوْنَ ﴿٢٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | बेज़ार हो | उस से | और तुम | क्या हम वह तुम्हें जबरदस्ती मनवाएं | तुम्हें | वह दिखाई नही देती |

यह लोग ज़मीन में आजिज करने वाले नहीं, और उन के लिए नहीं है अल्लाह के सिवा कोई हिमायती, उन के लिए दुगना अ़ज़ाब है, वह न सुनने की ताक़त रखते थे और न वह देखते थे। (20)

यही लोग है जिन्हों ने अपनी जानों का नुक़्सान किया और उन से गुम हो गया जो वह झूट बान्धते थे। (21)

कोई शक नही कि वह आखिरत में सब से ज़ियादा नुक़्सान उठाने वाले है। (22)

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने नेक अ़मल किए, और अपने रब के आगे आजिज़ी की, यही लोग जन्नत वाले है, वह उस में हमेशा रहेंगे। (23)

दोनों फ़रीक़ की मिसाल (ऐसी है) जैसे एक अन्धा और बहरा और (दूसरा) देखता और सुनता है, क्या वह दोनों बराबर है हालत में? क्या तुम ग़ौर नहीं करते? (24)

और हम ने नूह (अ) को उस की क़ौम की तरफ़ भेजा कि बेशक मैं तुम्हारे लिए (तुम्हें) डराने वाला हूँ खुला (खोल कर) (25)

कि अल्लाह के सिवा किसी की परस्तिश न करो, बेशक मैं तुम पर एक दुख देने वाले दिन के अज़ाब से डरता हूँ (26)

तो उस क़ौम के वह सरदार जिन्हों ने कुफ़्र किया, बोले हम तुझे नहीं देखते मगर हमारे अपने जैसा एक आदमी, और हम नहीं देखते कि किसी ने तेरी पैरवी की हो उन के सिवा जो हम में नीच लोग हैं (वह भी) सरसरी नजर से (बे सोचे समझे) और हम नहीं देखते तुम्हारे लिए अपने ऊपर कोई फ़जीलत, बल्कि हम तुम्हें झूटा खयाल करते है। (27)

उस ने कहा, ऐ मेरी क़ौम! देखो तो, अगर मैं वाजेह दलील पर हूँ अपने रब (की तरफ़) से और उस ने मुझे अपने पास से रहमत दी है, वह तुम्हें दिखाई नहीं देती, तो क्या हम वह तुम्हें जबरदस्ती मनवाएं? और तुम उस से बेजार हो। (28)

وَيٰقَوْمِ لَآ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَيْهِ مَالًا ۭ اِنْ اَجْرِيَ اِلَّا عَلَى اللّٰهِ وَمَآ

और ऐ मेरी क़ौम | मैं नही मांगता तुम से | इस पर | कुछ माल | नही | मेरा अजर | मगर | अल्लाह पर | और नही

اَنَا بِطَارِدِ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ۭ اِنَّهُمْ مُّلٰقُوْا رَبِّهِمْ وَلٰكِنِّيْٓ اَرٰىكُمْ قَوْمًا

मैं हांकने वाला | वह जो ईमान लाए | बेशक वह | मिलने वाले | अपना रब | और लेकिन मैं | देखता हूँ तुम्हें | एक क़ौम

تَجْهَلُوْنَ ﴿٢٩﴾ وَيٰقَوْمِ مَنْ يَّنْصُرُنِيْ مِنَ اللّٰهِ اِنْ طَرَدْتُّهُمْ ۭ

जहालत करते हो | 29 | और ऐ मेरी क़ौम | कौन बचाएगा मुझे | से | अल्लाह | अगर | मैं हांक दूँ उन्हें

اَفَلَا تَذَكَّرُوْنَ ﴿٣٠﴾ وَلَآ اَقُوْلُ لَكُمْ عِنْدِيْ خَزَاۗىِٕنُ اللّٰهِ وَلَآ اَعْلَمُ

क्या तुम ग़ौर नही करते | 30 | और मैं नही कहता | तुम्हें | मेरे पास | अल्लाह के ख़ज़ाने | और मैं नही जानता

الْغَيْبَ وَلَآ اَقُوْلُ اِنِّىْ مَلَكٌ وَّلَآ اَقُوْلُ لِلَّذِيْنَ تَزْدَرِيْٓ اَعْيُنُكُمْ

ग़ैब | और मैं नही कहता | कि मैं | फ़रिश्ता | और मैं नही कहता | उन लोगों को जिन्हें | हक़ीर समझती हैं | तुम्हारी आँखें

لَنْ يُّؤْتِيَهُمُ اللّٰهُ خَيْرًا ۭ اَللّٰهُ اَعْلَمُ بِمَا فِيْٓ اَنْفُسِهِمْ ښ اِنِّىْٓ

हरगिज़ न देगा उन्हें | अल्लाह | कोई भलाई | अल्लाह | ख़ूब जानता है | जो कुछ | उन के दिलों में | बेशक मैं

اِذًا لَّمِنَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٣١﴾ قَالُوْا يٰنُوْحُ قَدْ جٰدَلْتَنَا فَاَكْثَرْتَ جِدَالَنَا

उस वक़्त | अलबत्ता ज़ालिमों से | 31 | वह बोले | ऐ नूह (अ) | तू ने झगड़ा किया हम से | सो बहुत | हम से झगड़ा किया

فَاْتِنَا بِمَا تَعِدُنَآ اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿٣٢﴾ قَالَ اِنَّمَا يَاْتِيْكُمْ

पस ले आ | वह जो तू हम से वादा करता है | अगर तू है | से | सच्चे (जमा) | 32 | उस ने कहा | सिर्फ़ लाएगा तुम पर

بِهِ اللّٰهُ اِنْ شَاۗءَ وَمَآ اَنْتُمْ بِمُعْجِزِيْنَ ﴿٣٣﴾ وَلَا يَنْفَعُكُمْ نُصْحِيْٓ اِنْ

उस को | अल्लाह | अगर चाहेगा वह | और तुम नहीं | आजिज कर देने वाले | 33 | और न नफ़ा देगी तुम्हें | मेरी नसीहत | अगर

اَرَدْتُّ اَنْ اَنْصَحَ لَكُمْ اِنْ كَانَ اللّٰهُ يُرِيْدُ اَنْ يُّغْوِيَكُمْ ۭ هُوَ رَبُّكُمْ ۣ

मैं चाहूँ | कि मैं नसीहत करूँ | तुम्हें | अगर (जबकि) | है | अल्लाह चाहे | कि गुमराह करे तुम्हें | वह | तुम्हारा रब

وَاِلَيْهِ تُرْجَعُوْنَ ﴿٣٤﴾ اَمْ يَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ۭ قُلْ اِنِ افْتَرَيْتُهٗ

और उसी की तरफ़ | तुम लौट कर जाओगे | 34 | क्या | वह कहते हैं | बना लाया है उस को | कह दें | अगर मैं ने उसे बना लिया है

فَعَلَيَّ اِجْرَامِيْ وَاَنَا بَرِيْۗءٌ مِّمَّا تُجْرِمُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَاُوْحِيَ اِلٰى نُوْحٍ ٣ ع ١١ ٢

तो मुझ पर | मेरा गुनाह | और मैं | बरी | उस से जो | तुम गुनाह करते हो | 35 | और वहि भेजी गई | नूह (अ) की तरफ़

اَنَّهٗ لَنْ يُّؤْمِنَ مِنْ قَوْمِكَ اِلَّا مَنْ قَدْ اٰمَنَ فَلَا تَبْتَىِٕسْ

कि वह | हरगिज ईमान न लाएगा | से | तेरी क़ौम | सिवाए | जो | ईमान लाचुका | पस तू ग़मगीन न हो

بِمَا كَانُوْا يَفْعَلُوْنَ ﴿٣٦﴾ وَاصْنَعِ الْفُلْكَ بِاَعْيُنِنَا وَوَحْيِنَا

उस पर जो | वह करते हैं | 36 | और तू बना | कश्ती | हमारे सामने | और हमारे हुक्म से

وَلَا تُخَاطِبْنِيْ فِي الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا ۚ اِنَّهُمْ مُّغْرَقُوْنَ ﴿٣٧﴾

और न बात करना मुझ से | में | जिन लोगों ने ज़ुल्म किया (जालिम) | बेशक वह | डूबने वाले | 37

और ऐ मेरी क़ौम! मैं तुम से उस पर कुछ माल नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह पर है, और जो ईमान लाए हैं मैं उन्हें हांकने वाला (दूर करने वाला) नहीं, बेशक वह अपने रब से मिलने वाले हैं, लेकिन मैं देखता हूँ कि तुम एक क़ौम हो कि जहालत करते हो। (29)
और ऐ मेरी क़ौम! अगर मैं उन्हें हांक दूँ तो मुझे अल्लाह से कौन बचा लेगा? क्या तुम ग़ौर नहीं करते? (30)
और मैं नहीं कहता कि मेरे पास अल्लाह के खज़ाने हैं और न मैं ग़ैब (की बातें) जानता हुँ, और मैं नहीं कहता कि मैं फ़रिश्ता हूँ, और जिन लोगों को तुम्हारी आँखें हक़ीर समझती हैं (तुम हक़ीर समझते हो) मैं नहीं कहता अल्लाह उन्हें हरगिज़ कोई भलाई न देगा, जो कुछ उन के दिलों में है अल्लाह खूब जानता है (अगर एसा कहूँ तो) उस वक़्त अलबत्ता मैं जालिमों से होंगा। (31)
वह बोले ऐ नूह (अ)! तू ने हम से झगड़ा किया, सो हम से बहुत झगड़ा किया, पस वह (अजाब) ले आ जिस का तू हम से वादा करता है, अगर तू सच्चों में से है। (32)
उस ने कहा तुम पर लाएगा सिर्फ़ अल्लाह उस (अज़ाब) को अगर वह चाहेगा, और तुम आजिज कर देने वाले नहीं हो। (33)
और मेरी नसीहत तुम्हें नफ़ा न देगी अगर मैं चाहूँ कि मैं तुम्हें नसीहत करूँ जब कि अल्लाह चाहे कि तुम्हें गुमराह करे, वही तुम्हारा रब है, और उसी की तरफ़ तुम लौट कर जाओगे। (34)
क्या वह कहते हैं इस (कुरआन) को बना लाया है? आप (स) कह दें अगर मैं ने इस को बना लिया है तो मुझ पर है मेरा गुनाह, और मैं उस से बरी हूँ जो तुम गुनाह करते हो। (35)
और नूह (अ) की तरफ़ वहि की गई कि तेरी क़ौम से (अब) हरग़िज कोई ईमान न लाएगा, सिवाए उस के जो ईमान ला चुका, पस तू उस पर ग़मगीन न हो जो वह करते हैं। (36)
और तू हमारे सामने कश्ती बना और हमारे हुक्म से और ज़ालिमों (के हक़) में मुझ से बात न करना, बेशक वह डूबने वाले हैं। (37)

وَيَصۡنَعُ الۡفُلۡكَ وَكُلَّمَا مَرَّ عَلَيۡهِ مَلَاٌ مِّنۡ قَوۡمِهٖ سَخِرُوۡا مِنۡهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से (पर) | वह हँसते | उस की क़ौम | से (के) | सरदार | उस पर | गुज़रते | और जब भी | कश्ती | और वह बनाता था |

قَالَ اِنۡ تَسۡخَرُوۡا مِنَّا فَاِنَّا نَسۡخَرُ مِنۡكُمۡ كَمَا تَسۡخَرُوۡنَ ﴿٣٨﴾ فَسَوۡفَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो अनक़रीब | 38 | तुम हँसते हो | जैसे | तुम से (पर) | हँसेंगे | तो बेशक हम | हम से (पर) | तुम हँसते हो | अगर | उस ने कहा |

تَعۡلَمُوۡنَ مَنۡ يَّاۡتِيۡهِ عَذَابٌ يُّخۡزِيۡهِ وَيَحِلُّ عَلَيۡهِ عَذَابٌ مُّقِيۡمٌ ﴿٣٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | दाइमी | अज़ाब | उस पर | और उतरता है | उस को रुस्वा करे | ऐसा अज़ाब | किस पर आता है | तुम जान लोगे |

حَتّٰۤى اِذَا جَآءَ اَمۡرُنَا وَفَارَ التَّنُّوۡرُ قُلۡنَا احۡمِلۡ فِيۡهَا مِنۡ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | उस में | चढ़ा ले | हम ने कहा | तन्नूर | और जोश मारा | हमारा हुक्म | जब आया | यहां तक कि |

كُلٍّ زَوۡجَيۡنِ اثۡنَيۡنِ وَاَهۡلَكَ اِلَّا مَنۡ سَبَقَ عَلَيۡهِ الۡقَوۡلُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हुक्म | उस पर | हो चुका | जो | मगर | और अपने घर वाले | दो (नर मादा) | हर एक जोड़ा |

وَمَنۡ اٰمَنَ وَمَاۤ اٰمَنَ مَعَهٗۤ اِلَّا قَلِيۡلٌ ﴿٤٠﴾ وَقَالَ ارۡكَبُوۡا فِيۡهَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस में | सवार हो जाओ | और उस ने कहा | 40 | मगर थोड़े | उस पर | ईमान लाए | और न | ईमान लाया | और जो |

بِسۡمِ اللّٰهِ مَجۡرٖٮهَا وَمُرۡسٰٮهَا اِنَّ رَبِّىۡ لَغَفُوۡرٌ رَّحِيۡمٌ ﴿٤١﴾ وَهِىَ تَجۡرِىۡ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चली | और वह | 41 | निहायत मेहरबान | अलबत्ता बख़्शने वाला | मेरा रब | बेशक | और उसका ठहरना | उस का चलना | अल्लाह के नाम से |

بِهِمۡ فِىۡ مَوۡجٍ كَالۡجِبَالِ وَنَادٰى نُوۡحُ اۨبۡنَهٗ وَكَانَ فِىۡ مَعۡزِلٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किनारे में | और था | अपना बेटा | नूह (अ) | और पुकारा | पहाड़ जैसी | लहरों में | उन को ले कर |

يّٰبُنَىَّ ارۡكَبْ مَّعَنَا وَلَا تَكُنۡ مَّعَ الۡكٰفِرِيۡنَ ﴿٤٢﴾ قَالَ سَاٰوِىۡۤ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं जल्द पनाह ले लेता हूँ | उस ने कहा | 42 | काफ़िरों के साथ | और न रहो | हमारे साथ | सवार हो जा | ऐ मेरे बेटे |

اِلٰى جَبَلٍ يَّعۡصِمُنِىۡ مِنَ الۡمَآءِ قَالَ لَا عَاصِمَ الۡيَوۡمَ مِنۡ اَمۡرِ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का हुक्म | से | आज | कोई बचाने वाला नहीं | उस ने कहा | पानी से | वह बचा लेगा मुझे | किसी पहाड़ की तरफ़ |

اِلَّا مَنۡ رَّحِمَ وَحَالَ بَيۡنَهُمَا الۡمَوۡجُ فَكَانَ مِنَ الۡمُغۡرَقِيۡنَ ﴿٤٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | डूबने वाले | से | तो वह हो गया | मौज | उन के दरमियान | और आगई | जिस पर वह रह्म करे | सिवाए |

وَقِيۡلَ يٰۤاَرۡضُ ابۡلَعِىۡ مَآءَكِ وَيٰسَمَآءُ اَقۡلِعِىۡ وَغِيۡضَ الۡمَآءُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पानी | और ख़ुश्क कर दिया गया | थम जा | और ऐ आस्मान | अपना पानी | निगल ले | ऐ ज़मीन | और कहा गया |

وَقُضِىَ الۡاَمۡرُ وَاسۡتَوَتۡ عَلَى الۡجُوۡدِىِّ وَقِيۡلَ بُعۡدًا لِّلۡقَوۡمِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोगों के लिए | दूरी | और कहा गया | जूदी पहाड़ पर | और जा लगी | काम | और पूरा हो चुका (तमाम हो गया) |

الظّٰلِمِيۡنَ ﴿٤٤﴾ وَنَادٰى نُوۡحٌ رَّبَّهٗ فَقَالَ رَبِّ اِنَّ ابۡنِىۡ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा बेटा | बेशक | ऐ मेरे रब | पस उस ने कहा | अपना रब | नूह (अ) | और पुकारा | 44 | ज़ालिम (जमा) |

مِنۡ اَهۡلِىۡ وَاِنَّ وَعۡدَكَ الۡحَقُّ وَاَنۡتَ اَحۡكَمُ الۡحٰكِمِيۡنَ ﴿٤٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | हाकिम (जमा) | सब से बड़ा हाकिम | और तू | सच्चा | तेरा वादा | और बेशक | मेरे घर वालों में से |

और वह (नूह अ) कश्ती बनाता था और जब भी उस की क़ौम के सरदार उस (के पास) से गुज़रते तो वह उस पर हँस्ते, उस (नूह अ) ने कहा अगर तुम हम पर हँस्ते हो तो बेशक हम (भी) तुम पर हँसेंगे जैसे तुम हँस्ते हो। (38)
सो अनक़रीब तुम जान लोगे किस पर ऐसा अज़ाब आता है जो उस को रुस्वा करे और उतरता है उस पर दाइमी अज़ाब। (39)
यहां तक कि जब हमारा हुक्म आया, और तन्नूर ने जोश मारा (उबल पड़ा) हम ने कहा उस (कश्ती) में चढ़ा ले हर एक का जोड़ा, नर और मादा, और अपने घर वाले उस के सिवाए जिस पर (ग़र्क़ाबी का) हुक्म हो चुका है और जो ईमान लाया (उसे भी सवार कर ले) और उस पर ईमान न लाए थे मगर थोड़े। (40)
और उस ने कहा इस में सवार हो जाओ, अल्लाह के नाम से है इस का चलना और इस का ठहरना, बेशक अलबत्ता मेरा रब बख़्शने वाला, निहायत मेह्रबान है। (41)
और वह (कश्ती) उन को ले कर पहाड़ जैसी लहरों में चली और नूह (अ) ने अपने बेटे को पुकारा, और वह (उस से) किनारे था, ऐ मेरे बेटे! हमारे साथ सवार हो जा, और काफ़िरों के साथ न रहो। (42)
उस ने कहा मैं किसी पहाड़ की तरफ़ जल्दी पनाह ले लेता हूं, वह मुझे पानी से बचा लेगा, उस ने कहा आज कोई बचाने वाला नहीं अल्लाह के हुक्म से, सिवाए उस के जिस पर वह रह्म करे, और उन के दरमियान मौज आगई (हाइल हो गई) तो वह भी डूबने वालों में (शामिल) हो गया। (43)
और कहा गया ऐ ज़मीन! अपना पानी निगल ले, और ऐ आस्मान थम जा, और पानी को ख़ुश्क कर दिया गया, और तमाम हो गया काम, और (कश्ती) जा लगी जूदी पहाड़ पर, और कहा दूरी (लानत) हो ज़ालिम लोगों के लिए। (44)
और पुकारा नूह (अ) ने अपने रब को, पस उस ने कहा ऐ मेरे रब! बेशक मेरा बेटा मेरे घर वालों में से है, और बेशक तेरा वादा सच्चा है, और तू हाकिमों में सब से बड़ा हाकिम है। (45)

उस ने फ़रमाया, ऐ नूह (अ)! बेशक वह तेरे घर वालों में से नहीं, बेशक उस के अमल नाशाइस्ता हैं, सो मुझ से ऐसी बात का सवाल न कर जिस का तुझे इल्म नहीं, बेशक मैं तुझे नसीहत करता हूँ कि तू नादानों में से (न) हो जाए, **(46)**

उस ने कहा ऐ मेरे रब! मैं तेरी पनाह चाहता हूँ कि मैं तुझ से ऐसी बात का सवाल करूँ जिस का मुझे इल्म न हो, और अगर तू मुझे न बख़्शे और मुझ पर रहम न करे तो मैं नुक़सान पाने वालों में से हो जाऊं। **(47)**

कहा गया, ऐ नूह (अ)! हमारी तरफ़ से सलामती के साथ उतर जाओ और बरकतें हों तुझ पर, और उन गिरोहों पर जो तेरे साथ हैं और कुछ गिरोह हैं कि हम उन्हें जल्द (दुनिया में) फ़ाइदा देंगे, फिर उन्हें हम से पहुँचेगा अ़ज़ाब दर्दनाक। **(48)**

यह ग़ैब की ख़बरें जो हम तुम्हारी तरफ़ वहि करते हैं, न तुम उन को जानते थे इस से पहले और न तुम्हारी क़ौम (जानती थी), पस सब्र करो, बेशक परहेज़गारों का अन्जाम अच्छा है। **(49)**

क़ौमे आ़द की तरफ़ उन के भाई हूद (अ) (आए), उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! अल्लाह की इबादत करो, उस के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, तुम सिर्फ़ झूट बान्धते हो (इफ़्तिरा करते हो) **(50)**

ऐ मेरी क़ौम! उस पर मैं तुम से कोई सिला नहीं मांगता, मेरा सिला सिर्फ़ उसी पर है जिस ने मुझे पैदा किया, फिर क्या तुम समझते नहीं? **(51)**

और ऐ मेरी क़ौम! अपने रब से बख़्शिश मांगो, फिर उसी की तरफ़ रुजूअ़ करो (तौबा करो), वह तुम पर आस्मान से ज़ोर की बारिश भेजेगा, और तुम्हें क़ुव्वत पर क़ुव्वत बढ़ाएगा और मुजरिम हो कर रूगर्दानी न करो। **(52)**

वह बोले ऐ हूद (अ)! तू हमारे पास कोई सनद ले कर नहीं आया, और हम छोड़ने वाले नहीं अपने माबूदों को तेरे कहने से, और हम तुझ पर ईमान लाने वाले नहीं। **(53)**

قَالَ يٰنُوْحُ اِنَّهٗ لَيْسَ مِنْ اَهْلِكَ ۚ اِنَّهٗ عَمَلٌ غَيْرُ صَالِحٍ ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नाशाइस्ता | अ़मल | बेशक वह | तेरे घर वाले | से | नहीं | बेशक वह | ऐ नूह (अ) | उस ने फ़रमाया |

فَلَا تَسْـَٔلْنِ مَا لَيْسَ لَكَ بِهٖ عِلْمٌ ۗ اِنِّيْٓ اَعِظُكَ اَنْ تَكُوْنَ مِنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तू हो जाए | कि | बेशक मैं नसीहत करता हूँ तुझे | इल्म | उस का | तुझ को | ऐसी बात कि नहीं | सो मुझ से सवाल न कर |

الْجٰهِلِيْنَ ﴿٤٦﴾ قَالَ رَبِّ اِنِّيْٓ اَعُوْذُ بِكَ اَنْ اَسْـَٔلَكَ مَا لَيْسَ لِيْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुझे | ऐसी बात कि नहीं | मैं सवाल करूँ तुझ से | कि | तुझ से | मैं पनाह चाहता हूँ | ऐ मेरे रब | उस ने कहा | 46 | नादान (जमा) |

بِهٖ عِلْمٌ ۗ وَاِلَّا تَغْفِرْ لِيْ وَتَرْحَمْنِيْٓ اَكُنْ مِّنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٤٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | नुक़्सान पाने वाले | से | हो जाऊं | और तू मुझ पर रहम न करे | और अगर तू न बख़्शे मुझे | इल्म | उस का |

قِيْلَ يٰنُوْحُ اهْبِطْ بِسَلٰمٍ مِّنَّا وَبَرَكٰتٍ عَلَيْكَ وَعَلٰٓى اُمَمٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और गिरोह पर | तुझ पर | और बरकतें | हमारी तरफ़ से | सलामती के साथ | उतर जाओ तुम | ऐ नूह (अ) | कहा गया |

مِّمَّنْ مَّعَكَ ۗ وَاُمَمٌ سَنُمَتِّعُهُمْ ثُمَّ يَمَسُّهُمْ مِّنَّا عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٤٨﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 48 | दर्दनाक | अ़ज़ाब | हम से | उन्हें पहुँचेगा | फिर | हम उन्हें जल्द फ़ाइदा देंगे | और कुछ गिरोह | तेरे साथ | से जो |

تِلْكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الْغَيْبِ نُوْحِيْهَآ اِلَيْكَ ۚ مَا كُنْتَ تَعْلَمُهَآ اَنْتَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम | तुम उन को जानते थे | न | तुम्हारी तरफ़ | हम वहि करते हैं उसे | ग़ैब की ख़बरें | से | यह |

وَلَا قَوْمُكَ مِنْ قَبْلِ هٰذَا ۛ فَاصْبِرْ ۛ اِنَّ الْعَاقِبَةَ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿٤٩﴾ ع

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | परहेज़गारों के लिए | अच्छा अन्जाम | बेशक | पस सब्र करो | इस से पहले | से | तुम्हारी क़ौम | और न |

وَاِلٰى عَادٍ اَخَاهُمْ هُوْدًا ۗ قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई माबूद | तुम्हारा नहीं | अल्लाह | तुम इबादत करो | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | हूद (अ) | उन के भाई | क़ौमे आद | और तरफ़ |

غَيْرُهٗ ۗ اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا مُفْتَرُوْنَ ﴿٥٠﴾ يٰقَوْمِ لَآ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَيْهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस पर | मैं तुम से नहीं मांगता | ऐ मेरी क़ौम | 50 | झूट बान्धते हो | मगर (सिर्फ़) | तुम | नहीं | उस के सिवा |

اَجْرًا ۗ اِنْ اَجْرِيَ اِلَّا عَلَى الَّذِيْ فَطَرَنِيْ ۗ اَفَلَا تَعْقِلُوْنَ ﴿٥١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | क्या फिर तुम समझते नहीं | जिस ने मुझे पैदा किया | पर | मगर (सिर्फ़) | मेरा सिला | नहीं | कोई अजर (सिला) |

وَيٰقَوْمِ اسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ يُرْسِلِ السَّمَآءَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान | वह भेजेगा | उसी की तरफ़ रुजूअ़ करो | फिर | अपना रब | तुम बख़्शिश मांगो | और ऐ मेरी क़ौम |

عَلَيْكُمْ مِّدْرَارًا وَّيَزِدْكُمْ قُوَّةً اِلٰى قُوَّتِكُمْ وَلَا تَتَوَلَّوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और रूगर्दानी न करो | तुम्हारि क़ुव्वत | तरफ़ (पर) | क़ुव्वत | और तुम्हें बढ़ाएगा | ज़ोर की बारिश | तुम पर |

مُجْرِمِيْنَ ﴿٥٢﴾ قَالُوْا يٰهُوْدُ مَا جِئْتَنَا بِبَيِّنَةٍ وَّمَا نَحْنُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम | और नहीं | कोई दलील (सनद) ले कर | तू नहीं आया हमारे पास | ऐ हूद (अ) | वह बोले | 52 | मुजरिम हो कर |

بِتَارِكِيْٓ اٰلِهَتِنَا عَنْ قَوْلِكَ وَمَا نَحْنُ لَكَ بِمُؤْمِنِيْنَ ﴿٥٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 53 | ईमान लाने वाले | तेरे लिए (तुझ पर) | हम | और नहीं | तेरे कहने से | अपने माबूद | छोड़ने वाले |

معانقة ٩ عند المتأخرين ١٢
الوقف على قاصر احسن والبق ١٢

إِن نَّقُولُ إِلَّا اعْتَرَاكَ بَعْضُ آلِهَتِنَا بِسُوٓءٍ ۗ قَالَ إِنِّيٓ أُشْهِدُ اللَّهَ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | गवाह करता हूँ | बेशक मैं | उस ने कहा | बुरी तरह | हमारा माबूद | किसी | तुझे आसेब पहुँचाया है | मगर | हम कहते हैं | नहीं |

وَاشْهَدُوٓا أَنِّي بَرِيٓءٌ مِّمَّا تُشْرِكُونَ ﴿٥٤﴾ مِن دُونِهِ ۖ فَكِيدُونِي جَمِيعًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सब | सो मक्र (बुरी तदबीर) करो मेरे बारे में | उस के सिवा | 54 | तुम शरीक करते हो | उन से | बेज़ार हूँ | बेशक मैं | और तुम गवाह रहो |

ثُمَّ لَا تُنظِرُونِ ﴿٥٥﴾ إِنِّي تَوَكَّلْتُ عَلَى اللَّهِ رَبِّي وَرَبِّكُم ۚ مَّا مِن دَآبَّةٍ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई | चलने वाला | नहीं | और तुम्हारा रब | मेरा रब | अल्लाह पर | मैं ने भरोसा किया | बेशक मैं | 55 | मुझे मोहलत न दो | फिर |

إِلَّا هُوَ آخِذٌۢ بِنَاصِيَتِهَآ ۚ إِنَّ رَبِّي عَلَىٰ صِرَاطٍ مُّسْتَقِيمٍ ﴿٥٦﴾ فَإِن

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर अगर | 56 | सीधा | रास्ता | पर | मेरा रब | बेशक | उस की चोटी से | पकड़ने वाला | वह | मगर |

تَوَلَّوْا فَقَدْ أَبْلَغْتُكُم مَّآ أُرْسِلْتُ بِهِۦٓ إِلَيْكُمْ ۚ وَيَسْتَخْلِفُ رَبِّي قَوْمًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई और क़ौम | मेरा रब | और क़ाइम मुक़ाम कर देगा | तुम्हारी तरफ़ | उस के साथ | जो मुझे भेजा गया | मैं ने तुम्हें पहुँचा दिया | तुम रूगर्दानी करोगे |

غَيْرَكُمْ وَلَا تَضُرُّونَهُۥ شَيْـًٔا ۚ إِنَّ رَبِّي عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ حَفِيظٌ ﴿٥٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 57 | निगहबान | हर शै | पर | मेरा रब | बेशक | कुछ | और तुम न बिगाड़ सकोगे उस का | तुम्हारे सिवा |

وَلَمَّا جَآءَ أَمْرُنَا نَجَّيْنَا هُودًا وَالَّذِينَ آمَنُوا مَعَهُۥ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी | रहमत से | उस के साथ | और वह लोग जो ईमान लाए | हूद (अ) | हम ने बचा लिया | हमारा हुक्म | आया | और जब |

وَنَجَّيْنَاهُم مِّنْ عَذَابٍ غَلِيظٍ ﴿٥٨﴾ وَتِلْكَ عَادٌ ۖ جَحَدُوا بِآيَاتِ رَبِّهِمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | आयतों का | उन्हों ने इन्कार किया | आद | और यह | 58 | सख़्त | अ़ज़ाब | से | और हम ने उन्हें बचा लिया |

وَعَصَوْا رُسُلَهُۥ وَاتَّبَعُوٓا أَمْرَ كُلِّ جَبَّارٍ عَنِيدٍ ﴿٥٩﴾ وَأُتْبِعُوا فِي

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | और उन के पीछे लगाई गई | 59 | ज़िद्दी | हर सरकश | हुक्म | और पैरवी की | अपने रसूल | और उन्हों ने नाफ़रमानी की |

هَٰذِهِ الدُّنْيَا لَعْنَةً وَيَوْمَ الْقِيَامَةِ ۗ أَلَآ إِنَّ عَادًا كَفَرُوا رَبَّهُمْ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | वह मुन्किर हुए | आद | बेशक | याद रखो | और रोज़े क़ियामत | लानत | इस दुनिया |

ركوع ٥ وقف لازم

أَلَا بُعْدًا لِّعَادٍ قَوْمِ هُودٍ ﴿٦٠﴾ وَإِلَىٰ ثَمُودَ أَخَاهُمْ صَالِحًا ۚ قَالَ يَٰقَوْمِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | सालेह (अ) | उन का भाई | और समूद की तरफ़ | 60 | हूद की क़ौम | आद के लिए | फटकार | याद रखो |

اعْبُدُوا اللَّهَ مَا لَكُم مِّنْ إِلَٰهٍ غَيْرُهُۥ ۖ هُوَ أَنشَأَكُم مِّنَ الْأَرْضِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन से | पैदा किया तुम्हें | वह | उस के सिवा | कोई माबूद | तुम्हारे लिए | नहीं | अल्लाह की इबादत करो |

وَاسْتَعْمَرَكُمْ فِيهَا فَاسْتَغْفِرُوهُ ثُمَّ تُوبُوٓا إِلَيْهِ ۚ إِنَّ رَبِّي قَرِيبٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नज़दीक | मेरा रब | बेशक | रुजूअ करो उस की तरफ़ (तौबा करो) | फिर | सो उस से बख़्शिश मांगो | उस में | और बसाया तुम्हें उस ने |

مُّجِيبٌ ﴿٦١﴾ قَالُوا يَٰصَٰلِحُ قَدْ كُنتَ فِينَا مَرْجُوًّا قَبْلَ هَٰذَآ ۖ أَتَنْهَىٰنَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या तू हमें मना करता है | इस से क़ब्ल | मरकज़े उम्मीद | हम में (हमारे दरमियान) | तू था | ऐ सालेह (अ) | वह बोले | 61 | क़ुबूल करने वाला |

أَن نَّعْبُدَ مَا يَعْبُدُ آبَآؤُنَا وَإِنَّنَا لَفِي شَكٍّ مِّمَّا تَدْعُونَآ إِلَيْهِ مُرِيبٍ ﴿٦٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 62 | क़वी शुबाह में | उस की तरफ़ | तू हमें बुलाता है | उस से जो | शक में हैं | और बेशक हम | हमारे बाप दादा | उसे जिस की परस्तिश करते थे | कि हम परस्तिश करें |

हम यही कहते हैं कि तुझे आसेब पहुँचाया है हमारे किसी माबूद ने बुरी तरह, उस ने कहा बेशक मैं अल्लाह को गवाह करता हूँ और तुम (भी) गवाह रहो, मैं उन से बेज़ार हूँ जिन को तुम शरीक करते हो (54) उस के सिवा, सो मेरे बारे में सब मक्र (बुरी तदबीर) कर लो, फिर मुझे मोहलत न दो। (55) मैं ने अल्लाह पर भरोसा किया (जो) मेरा रब है और तुम्हारा रब है, कोई चलने (फिरने) वाला नहीं मगर वह उस की चोटी से पकड़ने वाला है (क़ब्ज़े में लिए हुए है) बेशक मेरा रब है रास्ते पर सीधे। (56) फिर अगर तुम रूगर्दानी करोगे तो जिस के साथ मुझे तुम्हारी तरफ़ भेजा गया वह मैं ने तुम्हें पहुँचा चुका, और क़ाइम मुक़ाम कर देगा मेरा रब तुम्हारे सिवा किसी और क़ौम को, और तुम उस का कुछ न बिगाड़ सकोगे, बेशक मेरा रब हर शै पर निगहबान है। (57) और जब हमारा हुक्म आया, हम ने हूद (अ) को और जो लोग उस के साथ ईमान लाए अपनी रहमत से बचा लिया, और हम ने उन्हें बचा लिया सख़्त अ़ज़ाब से। (58) और यह आद थे और उन्हों ने अपने रब की आयतों का इन्कार किया, और अपने रसूलों की नाफ़रमानी की, और हर सरकश ज़िद्दी की पैरवी की। (59) और लानत उन के पीछे लगाई गई, इस दुनिया में और रोज़े क़ियामत, याद रखो! आद अपने रब के मुन्किर हुए, याद रखो! हूद (अ) की क़ौम आद पर फटकार है। (60) और समूद की तरफ़ उन के भाई सालेह (अ) को (भेजा), उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! अल्लाह की इबादत करो, उस के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, उस ने तुम्हें ज़मीन से पैदा किया, और तुम्हें उस में बसाया, पस उस से बख़्शिश मांगो, फिर उस से तौबा करो, बेशक मेरा रब नज़दीक है, क़ुबूल करने वाला है। (61) वह बोले ऐ सालेह (अ)! तू हमारे दरमियान इस से क़ब्ल मरकज़े उम्मीद था (तुझ से बड़ी उम्मीदें थीं) क्या तू हमें मना करता है कि हम उन की परस्तिश (न) करें जिन की हमारे बाप दादा परस्तिश करते थे, तो जिस की तरफ़ तू हमें बुलाता है उस में हम क़वी शुबाह में हैं। (62)

उस ने कहा, ऐ मेरी क़ौम! तुम क्या देखते हो (भला देखो तो) अगर मैं अपने रब की तरफ़ से रौशन दलील पर हूँ, और उस ने मुझे अपनी तरफ़ से रहमत दी है तो अगर मैं उस की नाफ़रमानी करूँ, मुझे अल्लाह से कौन बचाएगा? तुम मेरे लिए नुक़्सान के सिवा कुछ नहीं बढ़ाते। (63) और ऐ मेरी क़ौम! यह अल्लाह की ऊँटनी है, तुम्हारे लिए निशानी, पस उसे छोड़ दो कि अल्लाह की ज़मीन में खाती (फिरे) और उस को न छूओ (न पहुँचाओ) कोई बुराई (नुक़्सान) पस तुम्हें बहुत जल्द अ़ज़ाब पकड़लेगा। (64) फिर उन्हों ने उस की कूँचें काट दीं तो उस (सालेह अ) ने कहा, तुम अपने घरों में बरत लो तीन दिन और, यह झूटा न होने वाला वादा है (पूरा हो कर रहेगा)। (65) फिर जब हमारा हुक्म आया हम ने सालेह (अ) को बचा लिया और उन लोगों को जो उस के साथ ईमान लाए अपनी रहमत (के ज़रीए), और उस दिन की रुस्वाई से, बेशक तुम्हारा रब क़वी, ग़ालिब है। (66) और ज़ालिमों को चिंघाड़ ने आ पकड़ा, पस उन्हों ने सुबह की (सुबह के वक़्त) अपने घरों में औन्धे पड़े रह गए। (67) गोया वह कभी यहां बसे ही न थे, याद रखो! बेशक क़ौमे समूद अपने रब के मुन्किर हुए, याद रखो! समूद पर फटकार है। (68) और हमारे फ़रिश्ते अलबत्ता इब्राहीम (अ) के पास ख़ुशख़बरी ले कर आए, वह सलाम बोले, उस (इब्राहीम अ) ने सलाम कहा, फिर उस ने देर न की एक भुना हुआ बछड़ा ले आया। (69) फिर जब उस (इब्राहीम अ) ने देखा कि उन के हाथ खाने की तरफ़ नहीं पहुँचते तो वह उन से डरा और दिल में उन से ख़ौफ़ महसूस किया, वह बोले डरो मत, बेशक हम क़ौमे लूत (अ) की तरफ़ भेजे गए हैं। (70) और उस की बीवी खड़ी हुई थी तो वह हँस पड़ी सो हम ने उसे ख़ुशख़बरी दी इस्हाक़ (अ), और इस्हाक़ (अ) के बाद याक़ूब (अ) की। (71) वह बोली अए है! क्या मेरे बच्चा होगा? हालांकि मैं बुढ़िया हूँ और यह मेरा ख़ाविन्द बूढ़ा है, बेशक यह एक अ़जीब बात है। (72)

قَالَ يٰقَوْمِ اَرَءَيْتُمْ اِنْ كُنْتُ عَلٰى بَيِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّىْ وَاٰتٰىنِىْ مِنْهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी तरफ़ से | और उस ने मुझे दी | अपने रब से | रौशन दलील पर | अगर मैं हूँ | क्या देखते हो तुम | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा |

رَحْمَةً فَمَنْ يَّنْصُرُنِىْ مِنَ اللّٰهِ اِنْ عَصَيْتُهٗ فَمَا تَزِيْدُوْنَنِىْ غَيْرَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए | तुम मेरे लिए बढ़ाते | तो नहीं | मैं उस की नाफ़रमानी करूँ | अगर | अल्लाह से | मेरी मदद करेगा (बचाएगा) | तो कौन | रहमत |

تَخْسِيْرٍ ﴿٦٣﴾ وَيٰقَوْمِ هٰذِهٖ نَاقَةُ اللّٰهِ لَكُمْ اٰيَةً فَذَرُوْهَا تَاْكُلْ فِىْٓ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | खाए | पस उसे छोड़ दो | निशानी | तुम्हारे लिए | अल्लाह की ऊँटनी | यह | और ऐ मेरी क़ौम | 63 | नुक़्सान |

اَرْضِ اللّٰهِ وَلَا تَمَسُّوْهَا بِسُوْٓءٍ فَيَاْخُذَكُمْ عَذَابٌ قَرِيْبٌ ﴿٦٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | क़रीब (बहुत जल्द) | अ़ज़ाब | पस तुम्हें पकड़ लेगा | बुराई से | और उस को न छूओ तुम | अल्लाह की ज़मीन |

فَعَقَرُوْهَا فَقَالَ تَمَتَّعُوْا فِىْ دَارِكُمْ ثَلٰثَةَ اَيَّامٍ ذٰلِكَ وَعْدٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वादा | यह | तीन दिन | अपने घरों में | बरत लो | उस ने कहा | उन्हों ने उस की कूँचें काट दीं |

غَيْرُ مَكْذُوْبٍ ﴿٦٥﴾ فَلَمَّا جَآءَ اَمْرُنَا نَجَّيْنَا صٰلِحًا وَّالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह लोग जो ईमान लाए | सालेह (अ) | हम ने बचा लिया | हमारा हुक्म | आया | फिर जब | 65 | न झूटा होने वाला |

مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا وَمِنْ خِزْىِ يَوْمِئِذٍ ۭ اِنَّ رَبَّكَ هُوَ الْقَوِىُّ الْعَزِيْزُ ﴿٦٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | ग़ालिब | क़वी | वह | तुम्हारा रब | बेशक | उस दिन की | और रुस्वाई से | अपनी रहमत से | उस के साथ |

وَاَخَذَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوا الصَّيْحَةُ فَاَصْبَحُوْا فِىْ دِيَارِهِمْ جٰثِمِيْنَ ﴿٦٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 67 | औन्धे पड़े रह गए | अपने घर | में | पस उन्हों ने सुबह की | चिंघाड़ | वह जिन्हों ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम) | और आ पकड़ा |

كَاَنْ لَّمْ يَغْنَوْا فِيْهَا ۭ اَلَآ اِنَّ ثَمُوْدَا۟ كَفَرُوْا رَبَّهُمْ ۭ اَلَا بُعْدًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फटकार | याद रखो | अपने रब के | मुन्किर हुए | समूद | बेशक | याद रखो | उस में | न बसे थे | गोया |

لِّثَمُوْدَ ﴿٦٨﴾ وَلَقَدْ جَآءَتْ رُسُلُنَآ اِبْرٰهِيْمَ بِالْبُشْرٰى قَالُوْا سَلٰمًا ۭ ع ٦

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सलाम | वह बोले | ख़ुशख़बरी ले कर | इब्राहीम (अ) | हमारे फ़रिश्ते | और अलबत्ता आए | 68 | समूद पर |

قَالَ سَلٰمٌ فَمَا لَبِثَ اَنْ جَآءَ بِعِجْلٍ حَنِيْذٍ ﴿٦٩﴾ فَلَمَّا رَآ اَيْدِيَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने देखे उन के हाथ | फिर जब | 69 | भुना हुआ | एक बछड़ा ले आया | कि | फिर उस ने देर न की | सलाम | उस ने कहा |

لَا تَصِلُ اِلَيْهِ نَكِرَهُمْ وَاَوْجَسَ مِنْهُمْ خِيْفَةً ۭ قَالُوْا لَا تَخَفْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम डरो मत | वह बोले | ख़ौफ़ | उन से | और महसूस किया | वह उन से डरा | उन की तरफ़ | नहीं पहुँचते |

اِنَّآ اُرْسِلْنَآ اِلٰى قَوْمِ لُوْطٍ ﴿٧٠﴾ وَامْرَاَتُهٗ قَآئِمَةٌ فَضَحِكَتْ فَبَشَّرْنٰهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो हम ने उसे ख़ुशख़बरी दी | तो वह हँस पड़ी | खड़ी हुई | और उस की बीवी | 70 | क़ौमे लूत | तरफ़ | बेशक हम भेजे गए हैं |

بِاِسْحٰقَ ۙ وَمِنْ وَّرَآءِ اِسْحٰقَ يَعْقُوْبَ ﴿٧١﴾ قَالَتْ يٰوَيْلَتٰٓى ءَاَلِدُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या मेरे बच्चा होगा | ऐ ख़राबी (अए है) | वह बोली | 71 | याक़ूब (अ) | इस्हाक़ (अ) | और से (के) बाद | इस्हाक़ (अ) की |

وَاَنَا عَجُوْزٌ وَّهٰذَا بَعْلِىْ شَيْخًا ۭ اِنَّ هٰذَا لَشَىْءٌ عَجِيْبٌ ﴿٧٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | अ़जीब | एक चीज़ (बात) | यह | बेशक | बूढ़ा | मेरा ख़ावन्द | और यह | बुढ़िया | हालांकि मैं |

قَالُوْٓا اَتَعْجَبِيْنَ مِنْ اَمْرِ اللّٰهِ رَحْمَتُ اللّٰهِ وَبَرَكٰتُهٗ عَلَيْكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पर | और उस की बरकतें | अल्लाह की रहमत | अल्लाह का हुक्म | से | क्या तू तअज्जुब करती है | वह बोले |

اَهْلَ الْبَيْتِ ؕ اِنَّهٗ حَمِيْدٌ مَّجِيْدٌ ﴿٧٣﴾ فَلَمَّا ذَهَبَ عَنْ اِبْرٰهِيْمَ الرَّوْعُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खौफ | इब्राहीम (अ) | से (का) | जाता रहा | फिर जब | 73 | बुजर्गी वाला | खूबियां वाला | बेशक वह | ऐ घर वालो |

وَجَآءَتْهُ الْبُشْرٰى يُجَادِلُنَا فِيْ قَوْمِ لُوْطٍ ﴿٧٤﴾ اِنَّ اِبْرٰهِيْمَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इब्राहीम (अ) | बेशक | 74 | क़ौमे लूत | में | हम से झगड़ने लगा | खुशख़बरी | और उस के पास आगई |

لَحَلِيْمٌ اَوَّاهٌ مُّنِيْبٌ ﴿٧٥﴾ يٰۤاِبْرٰهِيْمُ اَعْرِضْ عَنْ هٰذَا ۚ اِنَّهٗ قَدْ جَآءَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आचुका | बेशक यह | इस से | ऐराज़ कर | ऐ इब्राहीम (अ) | 75 | रुजूअ करने वाला | नर्म दिल | बुर्दबार |

اَمْرُ رَبِّكَ ۚ وَاِنَّهُمْ اٰتِيْهِمْ عَذَابٌ غَيْرُ مَرْدُوْدٍ ﴿٧٦﴾ وَلَمَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जब | 76 | न टलाया जाने वाला | अजाब | उन पर आगया | और बेशक उन | तेरे रब का हुक्म |

جَآءَتْ رُسُلُنَا لُوْطًا سِيْٓءَ بِهِمْ وَضَاقَ بِهِمْ ذَرْعًا وَّقَالَ هٰذَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | और बोला | दिल में | उन से | और तंग हुआ | उन से | वह ग़मगीन हुआ | लूत (अ) के पास | हमारे फ़रिश्ते | आए |

يَوْمٌ عَصِيْبٌ ﴿٧٧﴾ وَجَآءَهٗ قَوْمُهٗ يُهْرَعُوْنَ اِلَيْهِ ؕ وَمِنْ قَبْلُ كَانُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस से क़ब्ल | उस की तरफ़ | दौड़ती हुई | उस की क़ौम | और उस के पास आई | 77 | बड़ा सख़्ती का दिन |

يَعْمَلُوْنَ السَّيِّاٰتِ ؕ قَالَ يٰقَوْمِ هٰٓؤُلَآءِ بَنَاتِيْ هُنَّ اَطْهَرُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निहायत पाकीज़ा | यह | मेरी बेटियां | यह | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | बुरे काम | वह करते थे |

لَكُمْ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَلَا تُخْزُوْنِ فِيْ ضَيْفِيْ ؕ اَلَيْسَ مِنْكُمْ رَجُلٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक आदमी | तुम से (तुम में) | क्या नही | मेरे मेहमानों में | और न रुस्वा करो मुझे | अल्लाह | पस डरो | तुम्हारे लिए |

رَّشِيْدٌ ﴿٧٨﴾ قَالُوْا لَقَدْ عَلِمْتَ مَا لَنَا فِيْ بَنٰتِكَ مِنْ حَقٍّ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हक़ | कोई | तेरी बेटियों में | हमारे लिए | नही | तू तो जानता है | वह बोले | 78 | नेक चलन |

وَاِنَّكَ لَتَعْلَمُ مَا نُرِيْدُ ﴿٧٩﴾ قَالَ لَوْ اَنَّ لِيْ بِكُمْ قُوَّةً

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई जोर | तुम पर | मेरे लिए (मेरा) | काश कि | उस ने कहा | 79 | चाहते है? | हम क्या | खूब जानता है | और बेशक तू |

اَوْ اٰوِيْٓ اِلٰى رُكْنٍ شَدِيْدٍ ﴿٨٠﴾ قَالُوْا يٰلُوْطُ اِنَّا رُسُلُ رَبِّكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | भेजे हुए | बेशक हम | ऐ लूत (अ) | वह बोले | 80 | मजबूत पाया | तरफ़ | या मै पनाह लेना |

لَنْ يَّصِلُوْٓا اِلَيْكَ فَاَسْرِ بِاَهْلِكَ بِقِطْعٍ مِّنَ الَّيْلِ وَلَا يَلْتَفِتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न मुड़ कर देखे | रात | से (का) | कोई हिस्सा | अपने घर वालों के साथ | सो ले निकल | तुम तक | वह हरगिज नही पहुँचेंगे |

مِنْكُمْ اَحَدٌ اِلَّا امْرَاَتَكَ ؕ اِنَّهٗ مُصِيْبُهَا مَآ اَصَابَهُمْ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन को पहुँचेगा | जो | उस को पहुँचने वाला | बेशक वह | तुम्हारी बीवी | सिवा | कोई | तुम में से |

اِنَّ مَوْعِدَهُمُ الصُّبْحُ ؕ اَلَيْسَ الصُّبْحُ بِقَرِيْبٍ ﴿٨١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | नज्दीक | सुब्ह | क्या नही | सुब्ह | उन का वादा | बेशक |

वह बोले क्या तू अल्लाह के हुक्म से (अल्लाह की कुदरत पर) तअ़ज्जुब करती है? तुम पर अल्लाह की रहमत और उस की बरकतें ऐ घर वालो! बेशक वह खूबियों वाला, बुजर्गी वाला है। (73)

फिर जब इब्राहीम (अ) का ख़ौफ़ जाता रहा, और उस के पास खुशख़बरी आगई, वह हम से क़ौमे लूत (अ) (के बारे) में झगड़ने लगा। (74)

बेशक इब्राहीम (अ) बुर्दबार, नर्म दिल रुजूअ़ करने वाला। (75)

ऐ इब्राहीम (अ)! उस से एराज़ कर (यह ख़याल छोड़ दे) बेशक तेरे रब का हुक्म आचुका, और बेशक उन पर न टलाया जाने वाला अ़जाब आने वाला है (आया ही चाहता है)। (76)

और जब हमारे फ़रिशते लूत (अ) के पास आए वह उस से ग़मगीन हुआ और तंग दिल हुआ उन (की तरफ़) से और बोला यह बड़ा सख़्ती का दिन है। (77)

और उस के पास उस की क़ौम दौड़ती हुई आई, और वह उस से क़ब्ल बुरे काम करते थे, उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! यह मेरी बेटियां (मौजूद) हैं, यह तुम्हारे लिए निहायत पाकीज़ा हैं, पस अल्लाह से डरो और मुझे मेरे मेहमानों में रुस्वा न करो, क्या तुम में एक आदमी (भी) नेक चलन नहीं? (78)

वह बोले तू तो जानता है, तेरी बेटियों में हमारे लिए कोई हक़ (ग़र्ज़) नहीं, और बेशक तू खूब जानता है हम किया चाहते हैं? (79)

उस ने कहा काश मेरा तुम पर कोई जोर होता, या मैं किसी मज़बूत पाए की पनाह लेता। (80)

वह (फ़रिश्ते) बोले, ऐ लूत (अ)! बेशक हम तुम्हारे रब के भेजे हुए है वह तुम तक हरगिज़ न पहुंच सकेंगा, सो तुम अपने घर वालों के साथ रात के किसी हिस्से में (रातों रात) निकलो, और मुड़ कर न देखे तुम में से तुम्हारी बीवी के सिवा कोई, बेशक जो उन को पहुंचेगा उस को पहुंचने वाला है (पहुँच कर रहेगा), बेशक उन पर (अ़ज़ाब के) वादे का वक्त सुब्ह है, क्या सुब्ह नज्दीक नहीं? (81)

पस जब हमारा हुक्म आया, हम ने उन का बुलन्द पस्त कर दिया (ज़ेर ज़बर कर दिया) और हम ने बरसाए उस (बस्ती) पर संगरेज़े के पत्थर तह ब तह (लगातार)। (82) तेरे रब के पास निशान किए हुए, और यह नहीं है ज़ालिमों से कुछ दूर। (83)

और मदयन की तरफ़ उन के भाई शुऐब (अ) (आए), उस ने कहाः ऐ मेरी क़ौम! अल्लाह की इबादत करो, अल्लाह के सिवा तुम्हारा कोई माबूद नहीं, और माप तोल में कमी न करो, बेशक मैं तुम्हें आसूदा हाल देखता हूँ, और बेशक मैं तुम पर एक घेर लेने वाले दिन के अज़ाब से डरता हूँ। (84)

और ऐ मेरी क़ौम! इन्साफ़ से माप तोल पूरा करो, लोगों को उन की चीज़ें घटा कर न दो, और ज़मीन में फ़साद करते न फिरो। (85)

अल्लाह (का दिया हुआ जो) बच रहे तुम्हारे लिए बेहतर है, अगर तुम ईमान वाले हो, और मैं तुम पर निगहबान नहीं हूँ। (86)

वह बोले ऐ शुऐब (अ)! क्या तेरी नमाज़ तुझे हुक्म देती है (सिखाती है)? कि उन्हें छोड़ दें जिन की हमारे बाप दादा परस्तिश करते थे, या अपने मालों में हम जो चाहें न करें, (ताने भरे अंदाज में बोले) बेशक तुम ही बाविक़ार, नेक चलन हो? (87)

उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! तुम्हारा क्या ख़याल है? मैं अपने रब की तरफ़ से अगर रौशन दलील पर हूँ और उस ने मुझे अपनी तरफ़ से अच्छी रोज़ी दी है, और मैं नहीं चाहता कि मैं (खुद) उस के ख़िलाफ़ करूँ जिस से तुम्हें रोकता हूँ, जिस क़द्र मुझ से हो सके मैं सिर्फ़ इस्लाह चाहता हूँ और मेरी तौफ़ीक़ सिर्फ़ अल्लाह ही से है, उसी पर मैं ने भरोसा किया और उसी की तरफ़ रुजूअ करता हूँ। (88)

فَلَمَّا جَآءَ اَمْرُنَا جَعَلْنَا عَالِيَهَا سَافِلَهَا وَاَمْطَرْنَا عَلَيْهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस पर | और हम ने<br>बरसाए | उस का नीचा<br>(पस्त) | उस का ऊपर<br>(बुलन्द) | हम ने<br>करदिया | हमारा<br>हुक्म | आया | पस जब |

حِجَارَةً مِّنْ سِجِّيْلٍ ۙ مَّنْضُوْدٍ ﴿٨٢﴾ مُّسَوَّمَةً عِنْدَ رَبِّكَ ؕ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तेरे रब के पास | निशान<br>किए हुए | 82 | तह ब तह | कंकर<br>(संगरेज़े) | पत्थर |

وَمَا هِيَ مِنَ الظّٰلِمِيْنَ بِبَعِيْدٍ ﴿٨٣﴾ وَاِلٰى مَدْيَنَ اَخَاهُمْ شُعَيْبًا ؕ ع ١٥ النصف

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुऐब (अ) | उन का<br>भाई | और मदयन<br>की तरफ़ | 83 | कुछ दूर | ज़ालिम<br>(जमा) | से | यह | और<br>नहीं |

قَالَ يٰقَوْمِ اعْبُدُوا اللّٰهَ مَا لَكُمْ مِّنْ اِلٰهٍ غَيْرُهٗ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के सिवा | कोई माबूद | तुम्हारे लिए नहीं | अल्लाह | इबादत<br>करो | ऐ मेरी<br>क़ौम | उस ने<br>कहा |

وَلَا تَنْقُصُوا الْمِكْيَالَ وَالْمِيْزَانَ اِنِّيْٓ اَرٰىكُمْ بِخَيْرٍ وَّاِنِّيْٓ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और<br>बेशक मैं | आसूदा<br>हाल | तुम्हें<br>देखता हूँ | बेशक मैं | और तोल | माप | और न कमी करो |

اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ مُّحِيْطٍ ﴿٨٤﴾ وَيٰقَوْمِ اَوْفُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूरा करो | और ऐ<br>मेरी क़ौम | 84 | एक घेरलेने वाला दिन | अज़ाब | तुम पर | डरता हूँ |

الْمِكْيَالَ وَالْمِيْزَانَ بِالْقِسْطِ وَلَا تَبْخَسُوا النَّاسَ اَشْيَآءَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन की चीज़ | लोग | और न घटाओ | इन्साफ़ से | और तोल | माप |

وَلَا تَعْثَوْا فِى الْاَرْضِ مُفْسِدِيْنَ ﴿٨٥﴾ بَقِيَّتُ اللّٰهِ خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | तुम्हारे<br>लिए | बेहतर | अल्लाह | बचा<br>हुआ | 85 | फ़साद<br>करते हुए | ज़मीन में | और न फिरो |

كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ۚ وَمَآ اَنَا عَلَيْكُمْ بِحَفِيْظٍ ﴿٨٦﴾ قَالُوْا يٰشُعَيْبُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ शुएब<br>(अ) | वह बोले | 86 | निगहबान | तुम पर | मैं | और<br>नहीं | ईमान वाले | तुम हो |

اَصَلٰوتُكَ تَاْمُرُكَ اَنْ نَّتْرُكَ مَا يَعْبُدُ اٰبَآؤُنَآ اَوْ اَنْ نَّفْعَلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम न करें | या | हमारे<br>बाप दादा | जो परस्तिश<br>करते थे | हम<br>छोड़ दें | कि | तुझे हुक्म<br>देती है | क्या तेरी नमाज़ |

فِيْٓ اَمْوَالِنَا مَا نَشٰٓؤُا ؕ اِنَّكَ لَاَنْتَ الْحَلِيْمُ الرَّشِيْدُ ﴿٨٧﴾ قَالَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने<br>कहा | 87 | नेक चलन | बुर्दबार<br>(बाविक़ार) | अलबत्ता<br>तू | बेशक तू | जो हम चाहें | अपने मालों में |

يٰقَوْمِ اَرَءَيْتُمْ اِنْ كُنْتُ عَلٰى بَيِّنَةٍ مِّنْ رَّبِّيْ وَرَزَقَنِيْ مِنْهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी<br>तरफ़ से | उस ने मुझे<br>रोज़ी दी | अपना<br>रब | से | रौशन<br>दलील | पर | मैं हूँ | अगर | क्या तुम देखते हो<br>(क्या ख़याल है) | ऐ मेरी<br>क़ौम |

رِزْقًا حَسَنًا ؕ وَمَآ اُرِيْدُ اَنْ اُخَالِفَكُمْ اِلٰى مَآ اَنْهٰىكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस से मैं<br>तुम्हें रोकता हूँ | तरफ़ | मैं उस के<br>ख़िलाफ़ करूँ | कि | और मैं नहीं<br>चाहता | अच्छी | रोज़ी |

عَنْهُ ؕ اِنْ اُرِيْدُ اِلَّا الْاِصْلَاحَ مَا اسْتَطَعْتُ ؕ وَمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और<br>नहीं | मुझ से हो सके | जो<br>(जिस क़द्र) | इस्लाह | मगर<br>(सिर्फ़) | मैं चाहता | नहीं | उस से |

تَوْفِيْقِيْٓ اِلَّا بِاللّٰهِ ؕ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَاِلَيْهِ اُنِيْبُ ﴿٨٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | मैं रुजूअ<br>करता हूँ | और उसी<br>की तरफ़ | मैं ने भरोसा<br>किया | उस पर | अल्लाह से | मगर<br>(सिर्फ़) | मेरी तौफ़ीक़ |

وَيٰقَوْمِ لَا يَجْرِمَنَّكُمْ شِقَاقِيْٓ اَنْ يُّصِيْبَكُمْ مِّثْلُ مَآ اَصَابَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो पहुँचा | उस जैसा | कि तुम्हें पहुँचे | मेरी ज़िद | तुम्हें आमादा न करदे | और ऐ मेरी क़ौम |

قَوْمَ نُوْحٍ اَوْ قَوْمَ هُوْدٍ اَوْ قَوْمَ صٰلِحٍ ۭ وَمَا قَوْمُ لُوْطٍ مِّنْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम से | क़ौमे लूत | और नहीं | क़ौमे सालेह | या | क़ौमे हूद | या | क़ौमे नूह (अ) |

بِبَعِيْدٍ ﴿٨٩﴾ وَاسْتَغْفِرُوْا رَبَّكُمْ ثُمَّ تُوْبُوْٓا اِلَيْهِ ۭ اِنَّ رَبِّيْ رَحِيْمٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| निहायत मेहरबान | मेरा रब | बेशक | उस की तरफ़ रुजूअ करो | फिर | अपना रब | और बख़्शिश मांगो | 89 | कुछ दूर |

وَّدُوْدٌ ﴿٩٠﴾ قَالُوْا يٰشُعَيْبُ مَا نَفْقَهُ كَثِيْرًا مِّمَّا تَقُوْلُ وَاِنَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेशक हम | उन से जो तू कहता है | बहुत | हम नहीं समझते | ऐ शुऐब (अ) | उन्हों ने कहा | 90 | मुहब्बत वाला |

لَنَرٰىكَ فِيْنَا ضَعِيْفًا ۚ وَلَوْلَا رَهْطُكَ لَرَجَمْنٰكَ ۡ وَمَآ اَنْتَ عَلَيْنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम पर | तू | और नहीं | तुझ पर पथराओ करते | और अगर तेरा कुम्बा न होता | ज़ईफ़ (कमज़ोर) | अपने दरमियान | तुझे देखते हैं |

بِعَزِيْزٍ ﴿٩١﴾ قَالَ يٰقَوْمِ اَرَهْطِيْٓ اَعَزُّ عَلَيْكُمْ مِّنَ اللّٰهِ ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | से | तुम पर | ज़ियादा ज़ोर वाला | क्या मेरा कुम्बा | ऐ मेरी क़ौम | उस ने कहा | 91 | ग़ालिब |

وَاتَّخَذْتُمُوْهُ وَرَاۗءَكُمْ ظِهْرِيًّا ۭ اِنَّ رَبِّيْ بِمَا تَعْمَلُوْنَ مُحِيْطٌ ﴿٩٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 92 | अहाता किए हुए | उसे जो तुम करते हो | मेरा रब | बेशक | पीठ पीछे | अपने पीछे | और तुम ने उसे लिया (डाल रखा) |

وَيٰقَوْمِ اعْمَلُوْا عَلٰي مَكَانَتِكُمْ اِنِّىْ عَامِلٌ ۭ سَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम जान लोगे | जल्द | काम करता हूँ | बेशक मैं | अपनी जगह | पर | तुम काम करते रहो | ऐ मेरी क़ौम |

مَنْ يَّاْتِيْهِ عَذَابٌ يُّخْزِيْهِ وَمَنْ هُوَ كَاذِبٌ ۭ وَارْتَقِبُوْٓا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम इन्तिज़ार करो | झूटा | वह | और कौन? | उस को रुस्वा कर देगा | अज़ाब | उस पर आता है | कौन - किस? |

اِنِّىْ مَعَكُمْ رَقِيْبٌ ﴿٩٣﴾ وَلَمَّا جَاۗءَ اَمْرُنَا نَجَّيْنَا شُعَيْبًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शुऐब (अ) | हम ने बचा लिया | हमारा हुक्म | और जब आया | 93 | इन्तिज़ार | तुम्हारे साथ | मैं बेशक |

وَّالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ بِرَحْمَةٍ مِّنَّا ۚ وَاَخَذَتِ الَّذِيْنَ ظَلَمُوا الصَّيْحَةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कड़क (चिंघाड़) | उन्हों ने ज़ुल्म किया | वह लोग जो | और आलिया | अपनी से | अपनी रहमत से | उस के साथ | और जो लोग ईमान लाए |

فَاَصْبَحُوْا فِيْ دِيَارِهِمْ جٰثِمِيْنَ ﴿٩٤﴾ كَاَنْ لَّمْ يَغْنَوْا فِيْهَا ۭ اَلَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| याद रखो | उस में (बाहा) | वह नहीं बसे | गोया | 94 | औन्धे पड़े हुए | अपने घरों में | सो सुबह की उन्हों ने |

بُعْدًا لِّمَدْيَنَ كَمَا بَعِدَتْ ثَمُوْدُ ﴿٩٥﴾ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى ع

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा (अ) | और हम ने भेजा | 95 | समूद | जैसे दूर हुए | मदयन के लिए | दूरी है |

بِاٰيٰتِنَا وَسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿٩٦﴾ اِلٰى فِرْعَوْنَ وَمَلَا۟ىِٕهٖ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उस के सरदार | फ़िरऔन कि तरफ़ | 96 | रौशन | और दलील | अपनी निशानियाँ के साथ |

فَاتَّبَعُوْٓا اَمْرَ فِرْعَوْنَ ۚ وَمَآ اَمْرُ فِرْعَوْنَ بِرَشِيْدٍ ﴿٩٧﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 97 | दुरुस्त | फ़िरऔन का हुक्म | और न | फ़िरऔन का हुक्म | तो उन्हों ने पैरवी की |

और ऐ मेरी क़ौम! तुम्हें मेरी ज़िद आमादा न कर दे कि तुम्हें (अ़ज़ाब) पहुँचे उस जैसा जो क़ौमे नूह (अ) या क़ौमे हूद (अ) या क़ौमे सालेह (अ) को, और क़ौमे लूत (अ) नहीं है तुम से कुछ दूर। **(89)** और अपने रब से बख़्शिश मांगो, फिर उस की तरफ़ रुजूअ करो, बेशक मेरा रब निहायत मेहरबान, मुहब्बत वाला है। **(90)** उन्हों ने कहा ऐ शुऐब (अ)! तू जो कहता है उन में से हम बहुत (सी बातें) नहीं समझते और बेशक हम तुझे देखते हैं अपने दरमियान कमज़ोर, और तेरा कुम्बा (भाई बन्द) न होते तो हम तुझ पर पथराओ करते और तू हम पर ग़ालिब नहीं। **(91)** उस ने कहा ऐ मेरी क़ौम! क्या मेरा कुम्बा तुम पर अल्लाह से ज़ियादा ज़ोर वाला है? और तुम ने उसे अपनी पीठ पीछे डाल रखा है, बेशक मेरा रब जो तुम करते हो उसे एहाता (क़ाबू) किए हुए है। **(92)** और ऐ मेरी क़ौम! तुम अपनी जगह काम करते रहो मैं (अपना) काम करता हूँ, तुम जल्द जान लोगे किस पर वह अ़ज़ाब आता है जो उस को रुस्वा कर देगा? और कौन झूटा है? और तुम इन्तिज़ार करो, बेशक मैं (भी) तुम्हारे साथ इन्तिज़ार में हूँ। **(93)** और जब हमारा हुक्म आया, हम ने शुऐब (अ) को और जो लोग उस के साथ ईमान लाए अपनी रहमत से बचा लिया, और जिन लोगों ने ज़ुल्म किया उन्हें चिंघाड़ ने आलिया, सो उन्हों ने सुबह की (सुबह के वक़्त) अपने घरों में औन्धे पड़े रह गए। **(94)** गोया वह वहां बसे (ही) न थे, याद रखो! (रहमत से) दूरी है मदयन के लिए जैसे दूर हुए समूद। **(95)** और हम ने भेजा मूसा (अ) को अपनी निशानियों और रौशन दलील के साथ, **(96)** फ़िरऔन और उसके सरदारों की तरफ़, तो उन्हों ने फ़िरऔन के हुक्म की पैरवी की और फ़िरऔन का हुक्म दुरुस्त न था। **(97)**

क़ियामत के दिन वह अपनी क़ौम के आगे होगा, तो वह उन्हें दोज़ख़ में ला उतारेगा और बुरा है घाट (उन के) उतरने का मुक़ाम। (98) और इस (दुनिया) में उन के पीछे लानत लगादी गई और क़ियामत के दिन, बुरा है (यह) इन्आम जो उन्हें दिया गया। (99) यह बस्तियों की ख़बरें हैं कि हम तुझ को बयान करते हैं, उन में कुछ मौजूद हैं और (कुछ की जड़ें) कट चुकी हैं। (100) और हम ने उन पर ज़ुल्म नहीं किया, बल्कि उन्हों ने अपनी जानों पर ज़ुल्म किया, सो उन के कुछ काम न आए वह माबूद जिन्हें वह अल्लाह के सिवा पुकारते थे, जब तेरे रब का हुक्म आया, और उन्हें हलाकत के सिवा उन्हों ने कुछ न बढ़ाया। (101) और ऐसी ही है तेरे रब की पकड़ जब वह बस्तियों को पकड़ता है और वह ज़ुल्म करते हों, बेशक उस की पकड़ दर्दनाक, सख़्त है। (102) बेशक इस में अलबत्ता उस के लिए निशानी है जो डरा आख़िरत के अज़ाब से, यह एक दिन है जिस में सब लोग जमा होंगे, और यह एक दिन है पेश होने (हाज़री) का। (103) और हम पीछे नहीं हटाते (मुलतवी नहीं करते) मगर (सिर्फ़) एक मुक़र्ररा मुद्दत तक के लिए। (104) जब वह दिन आएगा कोई शख़्स बात न कर सकेगा, मगर उस की इजाज़त से, सो कोई उन में बदबख़्त है और कोई ख़ुश बख़्त। (105) पस जो बदबख़्त हुए वह दोज़ख़ में हैं, उन के लिए उस में चीख़ना और दहाड़ना है। (106) वह उस में हमेशा रहेंगे, जब तक ज़मीन और आस्मान हैं, मगर जितना तेरा रब चाहे, बेशक तेरा रब जो चाहे कर गुज़रने वाला है। (107) और जो लोग ख़ुश बख़्त हुए सो वह हमेशा जन्नत में रहेंगे, जब तक ज़मीन और आस्मान हैं, मगर जितना तेरा रब चाहे, (यह) बख़्शिश है ख़त्म न होने वाली। (108)

يَقْدُمُ قَوْمَهٗ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ فَاَوْرَدَهُمُ النَّارَ وَبِئْسَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और बुरा | दोज़ख़ | तो ला उतारेगा उन्हें | क़ियामत के दिन | अपनी क़ौम | आगे होगा |

الْوِرْدُ الْمَوْرُوْدُ (٩٨) وَاُتْبِعُوْا فِيْ هٰذِهٖ لَعْنَةً وَّيَوْمَ الْقِيٰمَةِ بِئْسَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बुरा | और क़ियामत के दिन | लानत | इस में | और उन के पीछे लगादी गई | 98 | घाट (उतरने का मुक़ाम) |

الرِّفْدُ الْمَرْفُوْدُ (٩٩) ذٰلِكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الْقُرٰى نَقُصُّهٗ عَلَيْكَ مِنْهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | तुझ पर (को) | हम यह बयान करते हैं | बस्तियों की ख़बरें | से | यह | 99 | उन्हें इन्आम दिया गया | इन्आम |

قَآئِمٌ وَّحَصِيْدٌ (١٠٠) وَمَا ظَلَمْنٰهُمْ وَلٰكِنْ ظَلَمُوْٓا اَنْفُسَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी जानों पर | उन्हों ने ज़ुल्म किया | और लेकिन (बल्कि) | और हम ने ज़ुल्म नहीं किया उन पर | 100 | और कट चुकीं | क़ाइम (मौजूद) |

فَمَآ اَغْنَتْ عَنْهُمْ اٰلِهَتُهُمُ الَّتِيْ يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | अलावा | वह पुकारते थे | वह जो | उन के माबूद | उन से (के) | सो न काम आए |

مِنْ شَيْءٍ لَّمَّا جَآءَ اَمْرُ رَبِّكَ ۚ وَمَا زَادُوْهُمْ غَيْرَ تَتْبِيْبٍ (١٠١)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 101 | सिवाए हलाकत | और न बढ़ाया उन्हें | तेरे रब का हुक्म | आया | जब | कुछ भी |

وَكَذٰلِكَ اَخْذُ رَبِّكَ اِذَآ اَخَذَ الْقُرٰى وَهِيَ ظَالِمَةٌ ۚ اِنَّ اَخْذَهٗٓ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की पकड़ | बेशक | ज़ुल्म करते हों | और वह | बस्तियां | जब उस ने पकड़ा (पकड़ता है) | तेरा रब | पकड़ | और ऐसी ही |

اَلِيْمٌ شَدِيْدٌ (١٠٢) اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً لِّمَنْ خَافَ عَذَابَ الْاٰخِرَةِ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आख़िरत का अज़ाब | उस के लिए है जो डरा | अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक | 102 | दर्दनाक सख़्त |

ذٰلِكَ يَوْمٌ مَّجْمُوْعٌ ۙ لَّهُ النَّاسُ وَذٰلِكَ يَوْمٌ مَّشْهُوْدٌ (١٠٣)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 103 | पेश होने का | एक दिन | और यह | सब लोग | उस में | जमा होंगे | एक दिन | यह |

وَمَا نُؤَخِّرُهٗٓ اِلَّا لِاَجَلٍ مَّعْدُوْدٍ (١٠٤) يَوْمَ يَاْتِ لَا تَكَلَّمُ نَفْسٌ اِلَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | कोई शख़्स | न बात करेगा | वह आएगा | जिस दिन | 104 | गिनी हुई (मुक़र्ररा) | एक मुद्दत के लिए | मगर | और हम नहीं हटाते पीछे |

بِاِذْنِهٖ ۚ فَمِنْهُمْ شَقِيٌّ وَّسَعِيْدٌ (١٠٥) فَاَمَّا الَّذِيْنَ شَقُوْا فَفِي النَّارِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोज़ख़ | सो में | बदबख़्त | जो लोग | पस | 105 | और कोई ख़ुश बख़्त | कोई बदबख़्त | सो उन में | उस की इजाज़त से |

لَهُمْ فِيْهَا زَفِيْرٌ وَّشَهِيْقٌ (١٠٦) خٰلِدِيْنَ فِيْهَا مَا دَامَتِ السَّمٰوٰتُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान (जमा) | जब तक हैं | उस में | हमेशा रहेंगे | 106 | और दहाड़ना | चीख़ना | उस में | उन के लिए |

وَالْاَرْضُ اِلَّا مَا شَآءَ رَبُّكَ ۚ اِنَّ رَبَّكَ فَعَّالٌ لِّمَا يُرِيْدُ (١٠٧)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 107 | जो वह चाहे | कर गुज़रने वाला | तेरा रब | बेशक | तेरा रब | जितना चाहे | मगर | और ज़मीन |

وَاَمَّا الَّذِيْنَ سُعِدُوْا فَفِي الْجَنَّةِ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا مَا دَامَتِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जब तक हैं | उस में | हमेशा रहेंगे | सो जन्नत में | ख़ुश बख़्त हुए | वह लोग जो | और जो |

السَّمٰوٰتُ وَالْاَرْضُ اِلَّا مَا شَآءَ رَبُّكَ ۚ عَطَآءً غَيْرَ مَجْذُوْذٍ (١٠٨)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 108 | ख़त्म न होने वाली | अता बख़्शिश | तेरा रब | जितना चाहे | मगर | और ज़मीन | आस्मान (जमा) |

فَلَا تَكُ فِيْ مِرْيَةٍ مِّمَّا يَعْبُدُ هٰٓؤُلَآءِ ۚ مَا يَعْبُدُوْنَ اِلَّا كَمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसे | मगर | वह नहीं पूजते | यह लोग | पूजते हैं | उस से<br>जो | शक ओ शुबह में | पस तू न रह |

يَعْبُدُ اٰبَآؤُهُمْ مِّنْ قَبْلُ ۚ وَاِنَّا لَمُوَفُّوْهُمْ نَصِيْبَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन का हिस्सा | उन्हें पूरा<br>फेर देंगे | और बेशक<br>हम | उस से क़ब्ल | उन के<br>बाप दादा | पूजते थे |

ع ١٢ ٩ غَيْرَ مَنْقُوْصٍ (١٠٩) وَلَقَدْ اٰتَيْنَا مُوْسَى الْكِتٰبَ فَاخْتُلِفَ فِيْهِ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | सो इख़्तिलाफ़<br>किया गया | किताब | मूसा (अ) | और अलबत्ता<br>हम ने दी | 109 | घटाए बग़ैर |

وَلَوْ لَا كَلِمَةٌ سَبَقَتْ مِنْ رَّبِّكَ لَقُضِيَ بَيْنَهُمْ ۚ وَاِنَّهُمْ لَفِيْ شَكٍّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता<br>शक में | और बेशक<br>वह | उन के<br>दरमियान | अलबत्ता फ़ैसला<br>कर दिया जाता | तेरा रब | से | पहले<br>हो चुकी | एक<br>बात | और अगर<br>न |

مِّنْهُ مُرِيْبٍ (١١٠) وَاِنَّ كُلًّا لَّمَّا لَيُوَفِّيَنَّهُمْ رَبُّكَ اَعْمَالَهُمْ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के अमल | तेरा रब | उन्हें पूरा<br>बदला देगा | जब | सब | और<br>बेशक | 110 | धोके में<br>डालने वाला | उस से |

اِنَّهٗ بِمَا يَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ (١١١) فَاسْتَقِمْ كَمَآ اُمِرْتَ وَمَنْ تَابَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तौबा<br>की | और जो | तुम्हें हुक्म<br>दिया गया | जैसे | सो तुम<br>क़ाइम रहो | 111 | बाख़बर | जो वह करते हैं | बेशक<br>वह |

مَعَكَ وَلَا تَطْغَوْا ۚ اِنَّهٗ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ (١١٢) وَلَا تَرْكَنُوْٓا اِلَى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | और न झुको | 112 | देखने<br>वाला | तुम करते<br>हो | उस से<br>जो | बेशक<br>वह | और सरकशी<br>न करो | तुम्हारे<br>साथ |

الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا فَتَمَسَّكُمُ النَّارُ ۙ وَمَا لَكُمْ مِّنْ دُوْنِ اللّٰهِ مِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई | अल्लाह | सिवा | तुम्हारे<br>लिए | और<br>नही | आग | पस तुम्हें<br>छुएगी | ज़ुल्म किया<br>उन्हों ने | वह जिन्हों ने |

اَوْلِيَآءَ ثُمَّ لَا تُنْصَرُوْنَ (١١٣) وَاَقِمِ الصَّلٰوةَ طَرَفَيِ النَّهَارِ وَزُلَفًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुछ<br>हिस्सा | दिन | दोनों<br>तरफ़ | नमाज़ | और क़ाइम<br>रखो | 113 | न मदद दिए<br>जाओगे | फिर | मददगार -<br>हिमायती |

مِّنَ الَّيْلِ ۚ اِنَّ الْحَسَنٰتِ يُذْهِبْنَ السَّيِّاٰتِ ۚ ذٰلِكَ ذِكْرٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नसीहत | यह | बुराइयां | मिटा<br>देती हैं | नेकियां | बेशक | रात | से (के) |

لِلذّٰكِرِيْنَ (١١٤) وَاصْبِرْ فَاِنَّ اللّٰهَ لَا يُضِيْعُ اَجْرَ الْمُحْسِنِيْنَ (١١٥)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 115 | नेकी करने<br>वाले | अजर | ज़ाया नही<br>करता | अल्लाह | बेशक | और सब्र<br>करो | 114 | नसीहत मानने<br>वालों के लिए |

فَلَوْلَا كَانَ مِنَ الْقُرُوْنِ مِنْ قَبْلِكُمْ اُولُوْا بَقِيَّةٍ يَّنْهَوْنَ عَنِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | रोकते | साहबे ख़ैर | तुम से<br>पहले | से | क़ौमें | से | पस क्यों न हुए |

الْفَسَادِ فِى الْاَرْضِ اِلَّا قَلِيْلًا مِّمَّنْ اَنْجَيْنَا مِنْهُمْ ۚ وَاتَّبَعَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और पीछे<br>रहे | उन में | हम ने<br>बचा लिया | से जो | थोड़े | मगर | ज़मीन में | फ़साद |

الَّذِيْنَ ظَلَمُوْا مَآ اُتْرِفُوْا فِيْهِ وَكَانُوْا مُجْرِمِيْنَ (١١٦)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 116 | गुनाहगार | और वह थे | उस में | जो उन्हें दी गई | उन्हों ने ज़ुल्म<br>किया (ज़ालिम) | वह लोग जो |

وَمَا كَانَ رَبُّكَ لِيُهْلِكَ الْقُرٰى بِظُلْمٍ وَّاَهْلُهَا مُصْلِحُوْنَ (١١٧)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 117 | नेकोकार | जब कि वहां<br>के लोग | ज़ुल्म से | बस्तियां | कि हलाक<br>कर दे | तेरा रब | और नही है |

पस उस से शक ओ शुबह में न रहो जो यह (काफ़िर) पूजते हैं, वह नहीं पूजते मगर जैसे उस से क़ब्ल उन के बाप दादा पूजते थे, और बेशक हम उन्हें उन का हिस्सा घटाए बग़ैर पूरा फेर देंगे। (109)
और हम ने अलबत्ता मूसा (अ) को किताब दी, सो उस में इख़्तिलाफ़ किया गया, और अगर तेरे रब की तरफ़ से एक बात पहले न हो चुकी होती तो अलबत्ता उन के दरमियान फ़ैसला कर दिया जाता, और अलबत्ता वह इस (कुरआन की तरफ़) से धोके में डालने वाले शक में हैं। (110)
और बेशक जब (वक़्त आएगा) सब को पूरा पूरा बदला देगा तेरा रब उन के आमाल का, बेशक जो वह करते हैं वह उस से बाख़बर है। (111)
सो तुम क़ाइम रहो जैसे तुम्हें हुक्म दिया गया है, और वह भी जिस ने तौबा की तुम्हारे साथ, और सरकशी न करो, बेशक जो तुम करते हो वह उस को देख रहा है। (112)
और उन की तरफ़ न झुको जिन्हों ने ज़ुल्म किया, पस तुम्हें आग छुएगी (आ लगेगी), और तुम्हारे लिए अल्लाह के सिवा कोई मददगार नहीं, फिर मदद न दिए जाओगे (मदद न पाओगे)। (113)
और नमाज़ क़ाइम रखो दिन के दोनों तरफ़ (सुब्ह ओ शाम) और रात के कुछ हिस्से में, बेशक नेकियां मिटा देती हैं बुराइयों को, यह नसीहत है नसीहत मानने वालों के लिए। (114)
और सब्र करो, बेशक अल्लाह अजर ज़ाया नहीं करता नेकी करने वालों का। (115)
पस तुम से पहले जो क़ौमें हुईं उन में साहबाने ख़ैर क्यों न हुए? कि रोकते ज़मीन में फ़साद से, मगर थोड़े से जिन्हें हम ने उन से बचा लिया और ज़ालिम (उन्हीं लज़्ज़तों के) पीछे पड़े रहे जो उन्हें दी गई थीं, और वह गुनाहगार थे। (116)
और तेरा रब ऐसा नहीं है कि बस्तियों को ज़ुल्म से हलाक कर दे जबकि वहां के लोग नेकोकार हों। (117)

وَلَوْ شَآءَ رَبُّكَ لَجَعَلَ النَّاسَ اُمَّةً وَّاحِدَةً وَّلَا يَزَالُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह हमेशा रहेंगे | एक | उम्मत | लोग (जमा) | तो कर देता | तेरा रब | चाहता | और अगर |

مُخْتَلِفِيْنَ ﴿١١٨﴾ اِلَّا مَنْ رَّحِمَ رَبُّكَ ۚ وَلِذٰلِكَ خَلَقَهُمْ ۚ وَتَمَّتْ كَلِمَةُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बात | और पूरी हुई | पैदा किया उन्हें | और उसी लिए | तेरा रब | रहम किया | जो - जिस | मगर | 118 | इख़तिलाफ़ करते हुए |

رَبِّكَ لَاَمْلَـَٔنَّ جَهَنَّمَ مِنَ الْجِنَّةِ وَالنَّاسِ اَجْمَعِيْنَ ﴿١١٩﴾ وَكُلًّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हर बात | 119 | इकटठे | और इन्सान | जिन (जमा) | से | जहन्नम | अलबत्ता भर दूँगा | तेरा रब |

نَقُصُّ عَلَيْكَ مِنْ اَنْۢبَآءِ الرُّسُلِ مَا نُثَبِّتُ بِهٖ فُؤَادَكَ ۚ وَجَآءَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तेरे पास आया | तेरा दिल | उस से | कि हम साबित करें (तसल्ली दें) | रसूल (जमा) | ख़बरें (अहवाल) | से | तुझ पर | हम बयान करते हैं |

فِيْ هٰذِهِ الْحَقُّ وَمَوْعِظَةٌ وَّذِكْرٰى لِلْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١٢٠﴾ وَقُلْ لِّلَّذِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | और कह दें | 120 | मोमिनों के लिए | और याद दिहानी | और नसीहत | हक़ | इस | में |

لَا يُؤْمِنُوْنَ اعْمَلُوْا عَلٰى مَكَانَتِكُمْ ۚ اِنَّا عٰمِلُوْنَ ﴿١٢١﴾ وَانْتَظِرُوْا ۚ اِنَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम भी | और तुम इन्तिज़ार करो | 121 | काम करते हैं | हम | अपनी जगह | पर | तुम काम किए जाओ | ईमान नहीं लाते |

مُنْتَظِرُوْنَ ﴿١٢٢﴾ وَلِلّٰهِ غَيْبُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاِلَيْهِ يُرْجَعُ الْاَمْرُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काम | बाज़गशत | और उसी की तरफ़ | और ज़मीन | आस्मानों | ग़ैब | और अल्लाह के पास | 122 | मुन्तज़िर (जमा) |

كُلُّهٗ فَاعْبُدْهُ وَتَوَكَّلْ عَلَيْهِ ۚ وَمَا رَبُّكَ بِغَافِلٍ عَمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٢٣﴾ ع ١٢ ١٠

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 123 | तुम करते हो | उस से जा | ग़ाफ़िल (बेख़बर) | तुम्हारा रब | और नहीं | उस पर | और भरोसा करो | सो उस की इबादत करो | तमाम |

## آيَاتُهَا ١١١ ❀ (١٢) سُوْرَةُ يُوْسُفَ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٢

रुकुआत 12 — (12) सूरह यूसुफ़ यूसुफ़ (अ) — आयात 111

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓرٰ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ﴿١﴾ اِنَّآ اَنْزَلْنٰهُ قُرْءٰنًا عَرَبِيًّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अरबी | कुरआन | उसे नाज़िल किया | बेशक हम ने | 1 | रौशन | किताब | आयतें | यह | अलिफ़ लाम रा |

لَّعَلَّكُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿٢﴾ نَحْنُ نَقُصُّ عَلَيْكَ اَحْسَنَ الْقَصَصِ بِمَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस लिए कि | क़िस्सा | बहुत अच्छा | तुम पर | बयान करते हैं | हम | 2 | समझो | ताकि तुम |

اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ هٰذَا الْقُرْاٰنَ ۖ وَاِنْ كُنْتَ مِنْ قَبْلِهٖ لَمِنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता-से | इस से क़ब्ल | तू था | और तहक़ीक़ | कुरआन | यह | तुम्हारी तरफ़ | हम ने भेजा |

الْغٰفِلِيْنَ ﴿٣﴾ اِذْ قَالَ يُوْسُفُ لِاَبِيْهِ يٰٓاَبَتِ اِنِّيْ رَاَيْتُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं ने देखा | बेशक मैं | ऐ मेरे बाप | अपने बाप से | यूसुफ़ (अ) | कहा | जब | 3 | बेख़बर (जमा) |

اَحَدَ عَشَرَ كَوْكَبًا وَّالشَّمْسَ وَالْقَمَرَ رَاَيْتُهُمْ لِيْ سٰجِدِيْنَ ﴿٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सिजदा करते | अपने लिए | मैं ने उन्हें देखा | और चाँद | और सूरज | सितारे | ग्यारह (11) |

और अगर तेरा रब चाहता तो लोगों को एक (ही) उम्मत कर देता और वह हमेशा इख़तिलाफ़ करते रहेंगे। (118)
मगर जिस पर तेरे रब ने रहम किया, और उसी लिए उन्हें पैदा किया, और पूरी हुई तेरे रब की बात, अलबत्ता जहन्नम को भर दूँगा जिन्नों और इन्सानों से इकटठे। (119)
और हर बात हम तुम से रसूलों के अहवाल की बयान करते हैं ताकि उस से तुम्हारे दिल को तसल्ली दें, और तुम्हारे पास आया इस में हक़, और मोमिनों के लिए नसीहत और याद दिहानी। (120)
और उन लोगों को कह दें जो ईमान नहीं लाते, तुम अपनी जगह काम किए जाओ, हम (अपनी जगह) काम करते हैं। (121)
और तुम इन्तिज़ार करो, हम भी मुन्तजिर हैं। (122)
और अल्लाह के पास है आस्मानों और ज़मीन के ग़ैब (छुपी हुई बातें), और उस की तरफ़ तमाम कामों की बाज़गशत है, सो उस की इबादत करो, और उस पर भरोसा करो, और तुम्हारा रब उस से बेख़बर नहीं जो तुम करते हो। (123)
अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रहम करने वाला है
अलिफ़-लाम-रा, यह रौशन किताब की आयतें हैं। (1)
बेशक हम ने उसे कुरआन अरबी जबान में नाज़िल किया, ताकि तुम समझो। (2)
हम तुम पर बहुत अच्छा क़िस्सा बयान करते हैं, इस लिए कि हम ने तुम्हारी तरफ़ यह कुरआन भेजा और तहक़ीक़ तुम उस से क़ब्ल अलबत्ता बेख़बरों में से थे। (3)
(याद करो) जब यूसुफ़ (अ) ने अपने बाप से कहा, ऐ मेरे बाप! बेशक मैं ने ग्यारह (11) सितारों और सूरज चाँद को (सपने में) देखा, मैं ने उन्हें अपने लिए सिजदा करते देखा। (4)

قَالَ يٰبُنَيَّ لَا تَقْصُصْ رُءْيَاكَ عَلٰٓى اِخْوَتِكَ فَيَكِيْدُوْا لَكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरे लिए | वह चाल चलेंगे | अपने भाई | पर (से) | अपना ख़्वाब | न बयान करना | ऐ मेरे बेटे | उस ने कहा |

كَيْدًا ۗ اِنَّ الشَّيْطٰنَ لِلْاِنْسَانِ عَدُوٌّ مُّبِيْنٌ ﴿٥﴾ وَكَذٰلِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसी तरह | 5 | खुला | दुश्मन | इन्सान के लिए (का) | शैतान | बेशक | कोई चाल |

يَجْتَبِيْكَ رَبُّكَ وَيُعَلِّمُكَ مِنْ تَاْوِيْلِ الْاَحَادِيْثِ وَيُتِمُّ نِعْمَتَهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी नेमत | और मुकम्मल करेगा | बातों | अन्जाम निकालना | से | और सिखाएगा तुझे | तेरा रब | चुन लेगा तुझे |

عَلَيْكَ وَعَلٰٓى اٰلِ يَعْقُوْبَ كَمَآ اَتَمَّهَا عَلٰٓى اَبَوَيْكَ مِنْ قَبْلُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस से पहले | तेरे बाप दादा | पर | उस ने उसे पूरा किया | जैसे | याक़ूब (अ) के घर वाले | और पर | तुझ पर |

ع ١ ٦ ١١ اِبْرٰهِيْمَ وَاِسْحٰقَ ۗ اِنَّ رَبَّكَ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿٦﴾ لَقَدْ كَانَ فِيْ يُوْسُفَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यूसुफ़ (अ) | में | बेशक है | 6 | हिक्मत वाला | इल्म वाला | तेरा रब | बेशक | और इसहाक़ (अ) | इब्राहीम (अ) |

وَاِخْوَتِهٖٓ اٰيٰتٌ لِّلسَّآئِلِيْنَ ﴿٧﴾ اِذْ قَالُوْا لَيُوْسُفُ وَاَخُوْهُ اَحَبُّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ियादा प्यारा | और उस का भाई | ज़रूर यूसुफ़ (अ) | उन्हों ने कहा | जब | 7 | पूछने वालों के लिए | निशानियां | और उस के भाई |

اِلٰٓى اَبِيْنَا مِنَّا وَنَحْنُ عُصْبَةٌ ۗ اِنَّ اَبَانَا لَفِيْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنِ ۚ ﴿٨﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | सरीह | अलबत्ता ग़लती में | हमारा बाप | बेशक | एक जमाअ़त | जब कि हम | हम से | हमारा बाप | तरफ़ (को) |

اقْتُلُوْا يُوْسُفَ اَوِ اطْرَحُوْهُ اَرْضًا يَّخْلُ لَكُمْ وَجْهُ اَبِيْكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे बाप | मुँह (तवज्जुह) | तुम्हारे लिए | ख़ाली हो जाए | किसी सर ज़मीन | उसे डाल आओ | या | यूसुफ़ (अ) | मार डालो |

وَتَكُوْنُوْا مِنْ بَعْدِهٖ قَوْمًا صٰلِحِيْنَ ﴿٩﴾ قَالَ قَآئِلٌ مِّنْهُمْ لَا تَقْتُلُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न क़त्ल करो | उन से | एक कहने वाला | कहा | 9 | नेक (जमा) | लोग | उस के बाद | से | और तुम हो जाओ |

يُوْسُفَ وَاَلْقُوْهُ فِيْ غَيٰبَتِ الْجُبِّ يَلْتَقِطْهُ بَعْضُ السَّيَّارَةِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चलता (मुसाफ़िर) | कोई | उठाले उस को | कुआं | अन्धा (गहरा) | में | और उसे डाल आओ | यूसुफ़ (अ) |

اِنْ كُنْتُمْ فٰعِلِيْنَ ﴿١٠﴾ قَالُوْا يٰٓاَبَانَا مَا لَكَ لَا تَاْمَنَّا عَلٰى يُوْسُفَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यूसुफ़ (अ) | पर (बारे में) | तू हमारा भरोसा नहीं करता | क्या हुआ तुझे | ऐ हमारे अब्बा | कहने लगे | 10 | तुम करने वाले हो (करना ही है) | अगर |

وَاِنَّا لَهٗ لَنٰصِحُوْنَ ﴿١١﴾ اَرْسِلْهُ مَعَنَا غَدًا يَّرْتَعْ وَيَلْعَبْ وَاِنَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेशक हम | और खेले कूदे | वह खाए | कल | हमारे साथ | उसे भेज दे | 11 | अलबत्ता ख़ैर ख़्वाह | उस के | और बेशक हम |

لَهٗ لَحٰفِظُوْنَ ﴿١٢﴾ قَالَ اِنِّيْ لَيَحْزُنُنِيْٓ اَنْ تَذْهَبُوْا بِهٖ وَاَخَافُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और मैं डरता हूँ | उसे | तुम लेजाओ | कि | ग़मगीन करता है | बेशक मुझे | उस ने कहा | 12 | अलबत्ता मुहाफ़िज़ | उस के |

اَنْ يَّاْكُلَهُ الذِّئْبُ وَاَنْتُمْ عَنْهُ غٰفِلُوْنَ ﴿١٣﴾ قَالُوْا لَئِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | वह बोले | 13 | बेख़बर (जमा) | उस से | और तुम | भेड़िया | उसे खाजाए | कि |

اَكَلَهُ الذِّئْبُ وَنَحْنُ عُصْبَةٌ اِنَّآ اِذًا لَّخٰسِرُوْنَ ﴿١٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | ज़ियांकार | उस सूरत में | बेशक हम | एक जमाअत | और हम | भेड़िया | उसे खा जाए |

उस ने कहा ऐ मेरे बेटे! अपना सपना अपने भाइयों से बयान न करना कि वह तेरे लिए कोई चाल चलेंगे, बेशक शैतान इन्सान का खुला दुश्मन है। (5) और तेरा रब उसी तरह तुझे चुन लेगा, और तुझे सिखाएगा बातों का अन्जाम निकालना (ख़्वाबों की ताबीर) और तुझ पर अपनी नेमत पूरी करेगा, और याक़ूब (अ) के घर वालों पर, जैसे उस ने इस से पहले तेरे बाप दादा इब्राहीम (अ) और इसहाक़ (अ) पर उसे पूरा किया, बेशक तेरा रब इल्म वाला, हिक्मत वाला है। (6) बेशक यूसुफ़ (अ) और उस के भाइयों में पूछने वालों के लिए खुली निशानियां हैं। (7) जब उन्हों ने कहा ज़रूर यूसुफ़ (अ) और उस का भाई हमारे बाप को हम से ज़्यादा प्यारे हैं, जब कि हम एक जमाअ़त (क़वी) हैं, बेशक हमारे अब्बा सरीह ग़लती में हैं। (8) यूसुफ़ (अ) को मार डालो, या उसे किसी सर ज़मीन में डाल आओ कि तुम्हारे बाप की तवज्जुह तुम्हारे लिए ख़ाली (ख़ास) हो जाए, और तुम उस के बाद (हो जाना) उस के बाद नेक लोग। (9) उन में से एक कहने वाले ने कहा, यूसुफ़ (अ) को क़त्ल न करो, और उसे डाल आओ अन्धे कुएं में कि उसे कोई मुसाफ़िर उठा ले (जाए), अगर तुम्हें करना ही है। (10) कहने लगे ऐ हमारे अब्बा! तुझे क्या हुआ है? तू यूसुफ़ (अ) के बारे में हमारा एतिबार नहीं करता, और बेशक हम तो उस के ख़ैर ख़्वाह हैं। (11) कल उसे हमारे साथ भेजदे वह (जंगल के फल) खाए और खेले कूदे, और बेशक हम उस के मुहाफ़िज़ हैं। (12) उस ने कहा बेशक मुझे यह ग़मगीन (फ़िक्रमन्द) करता है कि तुम उसे ले जाओ और मैं डरता हूँ कि उसे भेड़िया खाजाए, और तुम उस से बेख़बर रहो। (13) वह बोले अगर उसे भेड़िया खाजाए जब कि हम एक क़वी जमाअत हैं, उस सूरत में बेशक हम ज़ियांकार ठहरे। (14)

फिर जब वह उसे लेगए और उन्हों ने इत्तिफ़ाक़ कर लिया कि उसे अन्धे कुआं में डालदें, और हम ने उस की तरफ़ वहि भेजी कि तू उन्हें उन के इस काम को ज़रूर जताएगा और वह न जानते (तुझे न पहचानते) होंगे। (15)
और अन्धेरा पड़े वह अपने बाप के पास रोते हुए आए। (16)
बोले! ऐ हमारे अब्बा! हम लगे दौड़ने आगे निकलने को, और हम ने यूसुफ़ (अ) को अपने असबाब के पास छोड़ दिया तो उसे भेड़िया खागया, और तू नहीं हम पर बावर करने वाला अगरचे हम सच्चे हों। (17)
और वह उस की क़मीस़ पर झूटा ख़ून (लगा कर) लाए, उस ने कहा (नहीं) बल्कि तुम्हारे लिए तुम्हारे दिलों ने एक बात बना ली है, पस (सब्र) ही अच्छा है और जो तुम बयान करते हो उस पर अल्लाह (ही) से मदद चाहता हूँ। (18)
और (उधर) एक क़ाफ़िला आया, पस उन्हों ने अपना पानी भरने वाला भेजा, उस ने अपना डोल डाला, उस ने कहा, आहा ख़ुशी की बात है, यह एक लड़का है और उन्हों ने उसे माले तिजारत समझ कर छुपा लिया, और अल्लाह ख़ूब जानता है जो वह करते थे। (19)
और उन्हों ने उसे बेच दिया खोटे दामों गिनती के चन्द दिरहमों में, और वह उस से बेज़ार हो रहे थे। (20)
और मिसर के जिस शख़्स ने उस को ख़रीदा उस ने कहा अपनी औरत कोः इसे इज़्ज़त ओ इकराम से रख, शायद कि हमें नफ़ा पहुँचाए, या हम इसे बेटा बना लें, और इस तरह हम ने यूसुफ़ (अ) को मुल्क (मिसर) में जगह दी, और ताकि हम उसे बातों का अन्जाम निकालना (ख़्वाबों की ताबीर) सिखाएं और अल्लाह अपने काम पर ग़ालिब है, लेकिन अक्सर लोग नहीं जानते। (21)
और जब वह (यूसुफ़ अ) अपनी कुव्वत (जवानी) को पहुँच गया हम ने उसे हुक्म और इल्म अता किया, और उसी तरह हम नेकी करने वालों को जज़ा देते हैं। (22)

فَلَمَّا ذَهَبُوْا بِهٖ وَاَجْمَعُوْٓا اَنْ يَّجْعَلُوْهُ فِیْ غَيٰبَتِ الْجُبِّ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुआं | अन्धा | में | उसे डालदें | कि | और उन्हों ने इत्तिफ़ाक़ कर लिया | वह उस को ले गए | फिर जब |

وَاَوْحَيْنَآ اِلَيْهِ لَتُنَبِّئَنَّهُمْ بِاَمْرِهِمْ هٰذَا وَهُمْ لَا يَشْعُرُوْنَ ﴿١٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | न जानते होंगे | और वह | उस | उन का काम | कि तू उन्हें ज़रूर जताएगा | उस की तरफ़ | और हम ने वहि भेजी |

وَجَآءُوْٓ اَبَاهُمْ عِشَآءً يَّبْكُوْنَ ﴿١٦﴾ قَالُوْا يٰٓاَبَانَآ اِنَّا ذَهَبْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दौड़ने गए | हम | ऐ हमारे अब्बा | वह बोले | 16 | रोते हुए | अन्धेरा पड़े | अपने बाप के पास | और वह आए |

نَسْتَبِقُ وَتَرَكْنَا يُوْسُفَ عِنْدَ مَتَاعِنَا فَاَكَلَهُ الذِّئْبُ ۚ وَمَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नहीं | भेड़िया | तो उसे खागया | अपना असबाब | पास | यूसुफ़ (अ) | और हम ने छोड़ दिया | आगे निकलने |

اَنْتَ بِمُؤْمِنٍ لَّنَا وَلَوْ كُنَّا صٰدِقِيْنَ ﴿١٧﴾ وَجَآءُوْ عَلٰى قَمِيْصِهٖ الثلثة

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की क़मीस | पर | और वह आए (लाए) | 17 | सच्चे | और ख़्वाह हों हम | हम पर | बावर करने वाला | तू |

بِدَمٍ كَذِبٍ ۗ قَالَ بَلْ سَوَّلَتْ لَكُمْ اَنْفُسُكُمْ اَمْرًا ۗ فَصَبْرٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस सब्र | एक बात | तुम्हारे दिल | तुम्हारे लिए | बना ली | बल्कि | उस ने कहा | झूटा | ख़ून के साथ |

جَمِيْلٌ ۗ وَاللّٰهُ الْمُسْتَعَانُ عَلٰى مَا تَصِفُوْنَ ﴿١٨﴾ وَجَآءَتْ سَيَّارَةٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक क़ाफ़िला | और आया | 18 | जो तुम बयान करते हो | पर | मदद चाहता हूँ | और अल्लाह | अच्छा |

فَاَرْسَلُوْا وَارِدَهُمْ فَاَدْلٰى دَلْوَهٗ ۗ قَالَ يٰبُشْرٰى هٰذَا غُلٰمٌ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक लड़का | यह | आहा - ख़ुशी की बात | उस ने कहा | अपना डोल | पस उस ने डाला | अपना पानी भरने वाला | पस उन्हों ने भेजा |

وَاَسَرُّوْهُ بِضَاعَةً ۗ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ ۢ بِمَا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٩﴾ وَشَرَوْهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने उसे बेच दिया | 19 | वह करते थे | उसे जो | जानने वाला | और अल्लाह | माले तिजारत समझ कर | और उसे छुपा लिया |

بِثَمَنٍۢ بَخْسٍ دَرَاهِمَ مَعْدُوْدَةٍ ۚ وَكَانُوْا فِيْهِ مِنَ الزّٰهِدِيْنَ ﴿٢٠﴾ ع ۲ ۱۲

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | बेरग़बत, बेज़ार | से | उस में | और वह थे | गिनती के | दिरहम | खोटे | दाम |

وَقَالَ الَّذِى اشْتَرٰىهُ مِنْ مِّصْرَ لِامْرَاَتِهٖٓ اَكْرِمِىْ مَثْوٰىهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उसे इज़्ज़त ओ इकराम से रख | अपनी औरत को | मिसर | से | उसे ख़रीदा | वह जो, जिस | और बोला |

عَسٰٓى اَنْ يَّنْفَعَنَآ اَوْ نَتَّخِذَهٗ وَلَدًا ۗ وَكَذٰلِكَ مَكَّنَّا لِيُوْسُفَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यूसुफ़ (अ) को | हम ने जगह दी | और इस तरह | बेटा | हम उसे बना लें | या | हम को नफ़ा पहुँचाए | कि | शायद |

فِى الْاَرْضِ ۡ وَلِنُعَلِّمَهٗ مِنْ تَاْوِيْلِ الْاَحَادِيْثِ ۗ وَاللّٰهُ غَالِبٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ालिब | और अल्लाह | बातें | अन्जाम निकालना | से | और ताकि उसे सिखाएं | ज़मीन (मुल्क) | में |

عَلٰٓى اَمْرِهٖ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٢١﴾ وَلَمَّا بَلَغَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहुँच गया | और जब | 21 | नही जानते | लोग | अक्सर | और लेकिन | अपने काम पर |

اَشُدَّهٗٓ اٰتَيْنٰهُ حُكْمًا وَّعِلْمًا ۗ وَكَذٰلِكَ نَجْزِى الْمُحْسِنِيْنَ ﴿٢٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | नेकी करने वाले | हम जज़ा देते हैं | और उसी तरह | और इल्म | हुक्म | हम ने उसे अता किया | अपनी कुव्वत |

وَرَاوَدَتْهُ الَّتِىْ هُوَ فِىْ بَيْتِهَا عَنْ نَّفْسِهٖ وَغَلَّقَتِ الْاَبْوَابَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दरवाज़े | और बन्द कर दिए | अपने आप को रोकने से | उस का घर | में | उस | वह औरत जो | और उसे फुसलाया |

وَقَالَتْ هَيْتَ لَكَ ؕ قَالَ مَعَاذَ اللّٰهِ اِنَّهٗ رَبِّىْۤ اَحْسَنَ مَثْوَاىَ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और रहना सहना | बहुत अच्छा | मेरा मालिक | बेशक वह | अल्लाह की पनाह | उस ने कहा | आजा जल्दी कर | और बोली |

اِنَّهٗ لَا يُفْلِحُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٢٣﴾ وَلَقَدْ هَمَّتْ بِهٖ ۚ وَهَمَّ بِهَا ۚ لَوْلَاۤ اَنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | अगर न होता | उस का | और वह इरादा करते | उस का | और बेशक उस औरत ने इरादा किया | 23 | ज़ालिम (जमा) | भलाई नहीं पाते | बेशक |

رَّاٰ بُرْهَانَ رَبِّهٖ ؕ كَذٰلِكَ لِنَصْرِفَ عَنْهُ السُّوْٓءَ وَالْفَحْشَآءَ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेहयाई | बुराई | उस से | हम ने फेर दिया | उसी तरह | अपना रब | दलील | वह देखे |

اِنَّهٗ مِنْ عِبَادِنَا الْمُخْلَصِيْنَ ﴿٢٤﴾ وَاسْتَبَقَا الْبَابَ وَقَدَّتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और औरत ने फाड़ दी | दरवाज़ा | और दानों दौड़े | 24 | बरगुज़ीदा | हमारे बन्दे | से | बेशक वह |

قَمِيْصَهٗ مِنْ دُبُرٍ وَّاَلْفَيَا سَيِّدَهَا لَدَا الْبَابِ ؕ قَالَتْ مَا جَزَآءُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या सज़ा? | वह कहने लगी | दरवाज़े के पास | औरत का खावन्द | और दोनों को मिला | पीछे से | उस की क़मीस |

مَنْ اَرَادَ بِاَهْلِكَ سُوْٓءًا اِلَّاۤ اَنْ يُّسْجَنَ اَوْ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ﴿٢٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | दर्दनाक अज़ाब | या | क़ैद किया जाए | यह कि | सिवाए | बुराई | तेरी बीवी से | इरादा किया | जो - जिस |

قَالَ هِىَ رَاوَدَتْنِىْ عَنْ نَّفْسِىْ وَشَهِدَ شَاهِدٌ مِّنْ اَهْلِهَا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के लोग | से | एक गवाह | और गवाही दी | मेरा नफ़्स | से | मुझे फुसलाया | उस | उस ने कहा |

اِنْ كَانَ قَمِيْصُهٗ قُدَّ مِنْ قُبُلٍ فَصَدَقَتْ وَهُوَ مِنَ الْكٰذِبِيْنَ ﴿٢٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
عَلٰى بَصِيۡرَةٍ اَنَا وَمَنِ اتَّبَعَنِىۡ ؕ وَسُبۡحٰنَ اللّٰهِ وَمَاۤ اَنَا مِنَ الۡمُشۡرِكِيۡنَ ﴿١٠٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 108 | मुश्रिक (जमा) | से | और मैं नहीं | और अल्लाह पाक है | मेरी पैरवी की | और जो-जिस | मैं | दानाई पर (समझ बूझ के मुताबिक़) |

وَمَاۤ اَرۡسَلۡنَا مِنۡ قَبۡلِكَ اِلَّا رِجَالًا نُّوۡحِىۡۤ اِلَيۡهِمۡ مِّنۡ اَهۡلِ الۡقُرٰى ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बस्तियों वाले | से | उन की तरफ़ | हम वहि भेजते थे | मर्द | मगर-सिर्फ़ | तुम से पहले | और हम ने नही भेजा |

اَفَلَمۡ يَسِيۡرُوۡا فِى الۡاَرۡضِ فَيَنۡظُرُوۡا كَيۡفَ كَانَ عَاقِبَةُ الَّذِيۡنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो | अन्जाम | हुआ | कैसा - क्या | पस वह देखते | ज़मीन (मुल्क) में | क्या पस उन्हों ने सैर नहीं की |

مِنۡ قَبۡلِهِمۡ ؕ وَلَدَارُ الۡاٰخِرَةِ خَيۡرٌ لِّلَّذِيۡنَ اتَّقَوۡا ؕ اَفَلَا تَعۡقِلُوۡنَ ﴿١٠٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 109 | पस क्या तुम समझते नहीं | जिन्हों ने परहेज किया | उन के लिए जो | बेहतर | और अलबत्ता आख़िरत का घर | उन से पहले |

حَتّٰۤى اِذَا اسۡتَيۡـَٔسَ الرُّسُلُ وَظَنُّوۡۤا اَنَّهُمۡ قَدۡ كُذِبُوۡا جَآءَهُمۡ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के पास आई | उन से झूट कहा गया | कि वह | और उन्हों ने गुमान किया | रसूल (जमा) | मायूस होने लगे | जब | यहां तक |

نَصۡرُنَا ۙ فَنُجِّىَ مَنۡ نَّشَآءُ ؕ وَلَا يُرَدُّ بَاۡسُنَا عَنِ الۡقَوۡمِ الۡمُجۡرِمِيۡنَ ﴿١١٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 110 | मुज्रिम (जमा) | क़ौम | से | हमारा अ़ज़ाब | और नहीं फेरा जाता | हम ने जिन्हें चाहा | पस बचा दिए गए | हमारी मदद |

لَقَدۡ كَانَ فِىۡ قَصَصِهِمۡ عِبۡرَةٌ لِّاُولِى الۡاَلۡبَابِ ؕ مَا كَانَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं है | अक़्लमन्दों के लिए | इब्रत (नसीहत) | उन के क़िस्से | में | है | अलबत्ता |

حَدِيۡثًا يُّفۡتَرٰى وَلٰكِنۡ تَصۡدِيۡقَ الَّذِىۡ بَيۡنَ يَدَيۡهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उस से (अपने से) पहली | वह जो | तस्दीक़ | और लेकिन (बल्कि) | बनाई हुई | बात |

ع ١٢ ٦ وَتَفۡصِيۡلَ كُلِّ شَىۡءٍ وَّهُدًى وَّرَحۡمَةً لِّقَوۡمٍ يُّؤۡمِنُوۡنَ ﴿١١١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | जो ईमान लाते है | लोगों के लिए | और रहमत | और हिदायत | हर बात | और तफ़सील (बयान) |

अगरचे तुम (कितना ही) चाहो और अक्सर लोग ईमान लाने वाले नहीं। (103)

और तुम उन से उस पर कोई अजर नहीं मांगते, यह (और कुछ) नहीं, सारे जहानों के लिए नसीहत है। (104)

और आस्मानों में और ज़मीन में कितनी ही निशानियां हैं वह उन पर गुज़रते हैं, लेकिन वह उन से मुँह फेरने वाले हैं। (105)

और उन में से अक्सर अल्लाह पर ईमान नहीं लाते मगर वह मुश्रिक हैं। (106)

पस किया वह (उस से) बेख़ौफ़ हो गए कि उन पर अल्लाह के अज़ाब की आफ़त आजाए, या उन पर आजाए अचानक क़ियामत, और उन्हें खबर (भी) न हो। (107)

आप (स) कह दें यह मेरा रास्ता है, मैं अल्लाह की तरफ़ बुलाता हूँ, समझ बूझ के मुताबिक़, मैं (भी) और वह (भी) जिस ने मेरी पैरवी की, और अल्लाह पाक है, और मैं मुश्रिकों में से नहीं। (108)

और हम ने तुम से पहले बस्तियों में रहने वाले लोगों में से सिर्फ़ मर्द (नबी) भेजे जिन की तरफ़ हम वही भजते थे, पस क्या उन्हों ने सैर नहीं की मुल्क में? कि वह देखते उन से पहले लोगों का अन्जाम क्या हुआ? और अलबत्ता आख़िरत का घर उन लोगों के लिए बेहतर है जिन्हों ने परहेज़ किया, पस क्या तुम नहीं समझते? (109)

यहां तक कि जब (ज़ाहिरी असबाब से) रसूल मायूस होने लगे और उन्हों ने गुमान किया कि उन से झूट कहा गया था, उन के पास हमारी मदद आगई, पस जिन्हें हम ने चाहा वह बचा दिए गए और हमारा अजाब नहीं फेरा जाता मुज्रिमों की कौम से। (110)

अलबत्ता उन के क़िस्सों में अक़्लमन्दों के लिए इब्रत है यह बनाई हुई बात नहीं, बल्कि तस्दीक़ है अपने से पहलों की, और बयान है हर बात का, और हिदायत ओ रहमत है उन लोगों के लिए जो ईमान लाते हैं। (111)

अल्लाह के नाम से जो निहायत
मेहरबान, रहम करने वाला है
अलिफ-लाम-मीम-रा - यह किताब
(कुरआन) की आयतें हैं, और जो
तुम्हारे रब की तरफ से तुम्हारी
तरफ उतारा गया हक़ है, मगर
अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (1)
अल्लाह जिस ने आस्मानों को
बुलन्द किया किसी सुतून (सहारे)
के बग़ैर तुम देखते हो उसे, फिर
अ़र्श पर क़रार पकड़ा, और सूरज
और चाँद को मुसख़्ख़र किया (काम
पर लगाया) हर एक चलता है
एक मुद्दत मुक़र्ररा तक, अल्लाह
काम की तदबीर करता है, वह
निशानियाँ बयान करता है ताकि
तुम अपने रब से मिलने का यक़ीन
कर लो। (2)
और वही है जिस ने ज़मीन को
फैलाया, और उस में पहाड़ बनाए
और नहरें (चलाईं) और हर क़िस्म
के फल (पैदा किए) और उस में
दो, दो क़िस्म के (तल्ख़ ओ शीरीं)
फल बनाए, और वह दिन को
रात से ढाँपता है, बेशक उस में
निशानियाँ हैं ग़ौर ओ फ़िक्र करने
वाले लोगों के लिए। (3)
और ज़मीन में पास पास क़ित्आत
हैं, और बाग़ात हैं अंगूरों के, और
खेतियाँ और खजूर एक जड़ से दो
शाख़ों वाली और बग़ैर दो शाख़ों
की, एक ही पानी से (हालांकि)
सैराब की जाती हैं, और हम
बेहतर बना देते हैं उन में से एक
को दूसरे पर ज़ाइक़े में, इस में
निशानियाँ हैं उन लोगों के लिए जो
अ़क़्ल से काम लेते हैं। (4)
और अगर तुम तअ़ज्जुब करो तो
उन का यह कहना अजब है: जब
हम मिट्टी हो गए क्या हम (अज़
सरे नौ) नई ज़िन्दगी पाएंगे? वही
लोग हैं जो अपने रब के मुन्किर
हुए, और वही हैं जिन की गर्दनों में
तौक़ होंगे, और वही दोज़ख़ वाले
हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। (5)

## آيَاتُهَا ٤٣ ❀ (١٣) سُوْرَةُ الرَّعْدِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٦

| | | |
|---|---|---|
| रुकूआत 6 | (13) सूरतुर रअ्द गरज | आयात 43 |

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓـمّٓرٰ ۚ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ ؕ وَالَّـذِىْٓ اُنْـزِلَ اِلَيْكَ مِنْ رَّبِّكَ الْحَقُّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हक़ | तुम्हारे रब की तरफ़ से | तुम्हारी तरफ़ | उतारा गया | और वह जो कि | किताब | आयतें | यह | अलिफ लाम मीम रा |

وَلٰـكِنَّ اَكْـثَـرَ الـنَّـاسِ لَا يُـؤْمِـنُـوْنَ ۝١ اَللّٰهُ الَّـذِىْ رَفَـعَ الـسَّمٰوٰتِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान (जमा) | बुलन्द किया | वह जिस ने | अल्लाह | 1 | ईमान नहीं लाते | अक्सर लोग | और लेकिन (मगर) |

بِغَيْرِ عَمَدٍ تَرَوْنَهَا ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ وَسَخَّرَ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और चाँद | सूरज | और काम पर लगाया | अ़र्श पर | क़रार पकड़ा | फिर | तुम उसे देखते हो | किसी सुतून के बग़ैर |

كُلٌّ يَّـجْـرِىْ لِاَجَـلٍ مُّـسَـمًّى ؕ يُـدَبِّـرُ الْاَمْـرَ يُـفَـصِّـلُ الْاٰيٰـتِ لَعَلَّكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि तुम | निशानियाँ | वह बयान करता है | काम | तदबीर करता है | मुक़र्ररा | एक मुद्दत | चलता है | हर एक |

بِلِقَآءِ رَبِّـكُـمْ تُـوْقِـنُـوْنَ ۝٢ وَهُـوَ الَّـذِىْ مَـدَّ الْاَرْضَ وَجَـعَـلَ فِيْهَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | और बनाया | ज़मीन | फैलाया | वह जिस | और वही | 2 | तुम यक़ीन कर लो | अपना रब | मिलने का |

رَوَاسِـىَ وَاَنْـهٰـرًا ؕ وَمِـنْ كُلِّ الـثَّـمَـرٰتِ جَـعَـلَ فِيْهَا زَوْجَـيْـنِ اثْـنَيْنِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दो, दो क़िस्म | जोड़े | उस में | बनाया | हर एक फल (जमा) | और से | और नहरें | पहाड़ (जमा) |

يُغْشِى الَّـيْـلَ الـنَّـهَارَ ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِـكَ لَاٰيٰـتٍ لِّـقَـوْمٍ يَّـتَـفَـكَّـرُوْنَ ۝٣

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं | लोगों के लिए | निशानियाँ | उस | में | बेशक | दिन | रात | वह ढाँपता है |

وَفِـى الْاَرْضِ قِـطَـعٌ مُّـتَـجٰـوِرٰتٌ وَّجَـنّٰـتٌ مِّـنْ اَعْـنَـابٍ وَّزَرْعٌ وَّنَـخِيْلٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और खजूर | और खेतियाँ | अंगूर (जमा) | से के | और बाग़ात | पास पास | क़ित्आत | ज़मीन | और में |

صِـنْـوَانٌ وَّغَـيْـرُ صِـنْـوَانٍ يُّـسْـقٰى بِـمَـآءٍ وَّاحِـدٍ ۟ وَنُـفَـضِّـلُ بَعْضَهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का एक | और हम फ़ज़ीलत देते हैं | एक | पानी से | सैराब किया जाता है | दो शाख़ों वाली | और बग़ैर | एक जड़ से दो शाख़ों वाली |

عَـلٰى بَـعْـضٍ فِـى الْاُكُلِ ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِـكَ لَاٰيٰـتٍ لِّـقَـوْمٍ يَّـعْـقِـلُـوْنَ ۝٤

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | अक़्ल से काम लेते हैं | लोगों के लिए | निशानियाँ | उस | में | बेशक | ज़ाइक़ा | में | दूसरा | पर |

وَاِنْ تَـعْـجَـبْ فَـعَـجَـبٌ قَـوْلُـهُـمْ ءَاِذَا كُـنَّـا تُـرٰبًـا ءَاِنَّـا لَـفِـىْ خَلْقٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़िन्दगी पाएंगे | क्या हम | मिट्टी | हो गए हम | क्या जब | उन का कहना | तो अजब | तुम तअ़ज्जुब करो | और अगर |

جَـدِيْـدٍ ؕ اُولٰٓـئِـكَ الَّـذِيْـنَ كَـفَـرُوْا بِـرَبِّـهِـمْ ۚ وَاُولٰٓـئِـكَ الْاَغْـلٰـلُ فِىْٓ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | तौक़ (जमा) | और वही हैं | अपने रब के | मुन्किर हुए | जो लोग | वही | नई |

اَعْـنَـاقِـهِـمْ ۚ وَاُولٰٓـئِـكَ اَصْـحٰـبُ الـنَّـارِ ۚ هُـمْ فِـيْـهَا خٰـلِـدُوْنَ ۝٥

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | हमेशा रहेंगे | उस में | वह | दोज़ख़ वाले | और वही हैं | उन की गर्दनों |

وَيَسْتَعْجِلُوْنَكَ بِالسَّيِّئَةِ قَبْلَ الْحَسَنَةِ وَقَدْ خَلَتْ مِنْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| से | और (हालांकि) गुज़र चुकी | भलाई (रहमत) से पहले | बुराई (अज़ाब) | और वह तुम से जल्दी मांगते हैं |

قَبْلِهِمُ الْمَثُلٰتُ ۗ وَاِنَّ رَبَّكَ لَذُوْ مَغْفِرَةٍ لِّلنَّاسِ عَلٰى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | लोगों के लिए | अलबत्ता मग़फ़िरत वाला | तुम्हारा रब | और बेशक | सज़ाएं | उन से क़ब्ल |

ظُلْمِهِمْ ۚ وَاِنَّ رَبَّكَ لَشَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٦﴾ وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | और कहते हैं | 6 | अलबत्ता सख़्त अज़ाब देने वाला | तुम्हारा रब | और बेशक | उन का ज़ुल्म |

لَوْلَآ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ۗ اِنَّمَآ اَنْتَ مُنْذِرٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डराने वाले | तुम | उस के सिवा नहीं | उस का रब | से | कोई निशानी | उस पर | क्यों न उतरी |

ع وَلِكُلِّ قَوْمٍ هَادٍ ﴿٧﴾ اَللّٰهُ يَعْلَمُ مَا تَحْمِلُ كُلُّ اُنْثٰى وَمَا تَغِيْضُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुकड़ता है | और जो | हर मादा | जो पेट में रखती है | जानता है | अल्लाह | 7 | हादी | और हर क़ौम के लिए |

الْاَرْحَامُ وَمَا تَزْدَادُ ۗ وَكُلُّ شَيْءٍ عِنْدَهٗ بِمِقْدَارٍ ﴿٨﴾ عٰلِمُ الْغَيْبِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जानने वाला हर ग़ैब | 8 | एक अन्दाज़े से | उस के नज़्दीक | चीज़ | और हर | बढ़ता है | और जो | रह्म (जमा) |

وَالشَّهَادَةِ الْكَبِيْرُ الْمُتَعَالِ ﴿٩﴾ سَوَآءٌ مِّنْكُمْ مَّنْ اَسَرَّ الْقَوْلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बात | आहिस्ता कहे | जो | तुम में | बराबर | 9 | बुलन्द मरतबा | सब से बड़ा | और ज़ाहिर |

وَمَنْ جَهَرَ بِهٖ وَمَنْ هُوَ مُسْتَخْفٍ بِالَّيْلِ وَسَارِبٌ بِالنَّهَارِ ﴿١٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | दिन में | और चलने वाला | रात में | छुप रहा है | वह | और जो | पुकार कर - उस को | और जो |

لَهٗ مُعَقِّبٰتٌ مِّنْۢ بَيْنِ يَدَيْهِ وَمِنْ خَلْفِهٖ يَحْفَظُوْنَهٗ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वह उसकी हिफ़ाज़त करते हैं | और उस के पीछे | उस (इन्सान) के आगे से | पहरेदार | उस के |

مِنْ اَمْرِ اللّٰهِ ۗ اِنَّ اللّٰهَ لَا يُغَيِّرُ مَا بِقَوْمٍ حَتّٰى يُغَيِّرُوْا مَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | वह बदल लें | यहां तक कि | किसी क़ौम के पास (अच्छी हालत) | जो | नहीं बदलता | अल्लाह | बेशक | अल्लाह का हुक्म | से |

بِاَنْفُسِهِمْ ۗ وَاِذَآ اَرَادَ اللّٰهُ بِقَوْمٍ سُوْٓءًا فَلَا مَرَدَّ لَهٗ ۚ وَمَا لَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और नहीं | उस के लिए | तो नहीं फिरना | बुराई | किसी क़ौम से | इरादा करता है अल्लाह | और जब | अपने दिलों में (अपनी हालत) |

مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّالٍ ﴿١١﴾ هُوَ الَّذِيْ يُرِيْكُمُ الْبَرْقَ خَوْفًا وَّطَمَعًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उम्मीद दिलाने को | डराने को | बिजली | तुम्हें दिखाता है | वह जो कि | वह | 11 | कोई मददगार | उस के सिवा |

وَّيُنْشِئُ السَّحَابَ الثِّقَالَ ﴿١٢﴾ وَيُسَبِّحُ الرَّعْدُ بِحَمْدِهٖ وَالْمَلٰٓئِكَةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और फ़रिश्ते | उस की तारीफ़ के साथ | गरज | और पाकीज़गी बयान करती है | 12 | बोझल | बादल | और उठाता है |

مِنْ خِيْفَتِهٖ ۚ وَيُرْسِلُ الصَّوَاعِقَ فَيُصِيْبُ بِهَا مَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस | उसे | फिर गिराता है | गरजने वाली बिजलियां | और वह भेजता है | उस के डर से | से |

يَّشَآءُ وَهُمْ يُجَادِلُوْنَ فِي اللّٰهِ ۚ وَهُوَ شَدِيْدُ الْمِحَالِ ﴿١٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | पकड़ | सख़्त | और वह | अल्लाह (के बारे) में | झगड़ते हैं | और वह | वह चाहता है |

और वह तुम से रहमत से पहले जल्द अज़ाब मांगते हैं, हालांकि गुज़र चुकी हैं उन से क़ब्ल (इब्रत नाक) सज़ाएं, और बेशक तुम्हारा रब उनके ज़ुल्म के बावजूद लोगों के लिए मग़फ़िरत वाला है, और बेशक तुम्हारा रब सख़्त अज़ाब देने वाला है। (6)

और काफ़िर कहते हैं उस के रब की तरफ़ से उस पर कोई निशानी क्यों न उतरी? उस के सिवा नहीं के तुम डराने वाले हो, और हर क़ौम के लिए हादी हुआ है। (7)

अल्लाह जानता है जो हर मादा पेट में रखती है और जो रह्म में सुकड़ता और बढ़ता है, और उस के नज़्दीक हर चीज़ एक अन्दाज़े से है। (8)

जानने वाला है हर ग़ैब और ज़ाहिर का, सब से बड़ा, बुलन्द मरतबा है। (9)

(उस के लिए) बराबर है तुम में से जो आहिस्ता बात कहे और जो उस को पुकार कर कहे और जो रात में छुप रहा है और जो दिन में चलने (फिरने) वाला है। (10)

उस के पहरेदार हैं इन्सान के आगे से और उस के पीछे से, वह अल्लाह के हुक्म से उस की हिफ़ाज़त करते हैं, बेशक अल्लाह किसी क़ौम की अच्छी हालत नहीं बदलता यहां तक कि वह ख़ुद अपनी हालत बदल लें, और जब अल्लाह किसी क़ौम से बुराई का इरादा करता है तो उस के लिए फिरना नहीं (वह टल नहीं सकती) और उन के लिए उस के सिवा कोई मददगार नहीं। (11)

वही है जो तुम्हें बिजली दिखाता है डराने को और उम्मीद दिलाने को और उठाता है बोझल बादल। (12)

और गरज उस की तारीफ़ के साथ पाकी बयान करती है और फ़रिश्ते उस के डर से (उस की तस्बीह करते हैं) और वह गरजने वाली बिजलियां भेजता है, फिर उन्हें जिस पर चाहता है गिराता है और वह (काफ़िर) अल्लाह के बारे में झगड़ते हैं और वह सख़्त पकड़ वाला है। (13)

उस को पुकारना हक़ है, और उस के सिवा वह जिन को पुकारते हैं वह उन्हें कुछ भी जवाब नहीं देते मगर जैसे (कोई) अपनी दोनों हथेलियां पानी की तरफ़ फैलादे ताकि (पानी) उस के मुँह तक पहुँच जाए, और वह उस तक हरगिज़ पहुँचने वाला नहीं, और काफ़िरों की पुकार गुमराही के सिवा कुछ नहीं। **(14)**
और अल्लाह ही को सिज्दा करता है जो आस्मानों और जमीन में है, खुशी से या न खुशी से, और सुब्ह ओ शाम उन के साए (भी)। **(15)**
आप (स) पूछें आस्मानों और ज़मीन का रब कौन है? कह दें, अल्लाह है, कह दें तो क्या तुम उस के सिवा बनाते हो हिमायती जो अपनी जानों के लिए (भी) बस नहीं रखते कुछ नफ़ा का और न नुक़्सान का, कह दें क्या बराबर होता है अन्धा और देखने वाला? या क्या उजाला और अन्धेरे बराबर हो जाएंगे? क्या वह अल्लाह के लिए जो शरीक बनालेते हैं उन्हों ने (मखलूक़) पैदा की है उस के पैदा करने की तरह? सो पैदाइश उन पर मुशतबह हो गई, कह दें अल्लाह हर शै का पैदा करने वाला है और वह यकता ग़ालिब है। **(16)**
उस ने आस्मानों से पानी उतारा, सो नदी नाले अपने अपने अन्दाज़े से बह निकले, फिर उठा लाया (ऊपर ले आया) नाला फूला हुआ झाग, और जो आग में तपाते हैं जेवर बनाने को या और असबाब बनाने को, (उस में भी) उस जैसा झाग (मैल) होता है, उसी तरह अल्लाह हक़ और बातिल को बयान करता है, सो झाग दूर हो जाता है (जाया हो जाता है) सूख कर, लेकिन जो लोगों को नफ़ा पहुँचाता है वह जमीन में ठहरा रहता है (बाक़ी रहेता है) इसी तरह अल्लाह मिसालें बयान करता है। **(17)**

لَهٗ دَعْوَةُ الْحَقِّ ؕ وَالَّذِيْنَ يَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِهٖ لَا يَسْتَجِيْبُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जवाब नही देते | उस के सिवा | वह पुकारते हैं | और जिन को | हक़ | पुकारना | उस को |

لَهُمْ بِشَيْءٍ اِلَّا كَبَاسِطِ كَفَّيْهِ اِلَى الْمَآءِ لِيَبْلُغَ فَاهُ وَمَا هُوَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह | और नही | उस के मुँह तक | ताकि पहुँच जाए | पानी की तरफ़ | अपनी हथेलियां | जैसे फैला दे | मगर | कुछ भी | उन को |

بِبَالِغِهٖ ؕ وَمَا دُعَآءُ الْكٰفِرِيْنَ اِلَّا فِيْ ضَلٰلٍ ﴿١٤﴾ وَلِلّٰهِ يَسْجُدُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह ही को सिज्दा करता है | 14 | गुमराही | में | सिवाए | काफ़िर (जमा) | पुकार | और नही | उस तक पहुँचने वाला |

مَنْ فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ طَوْعًا وَّكَرْهًا وَّظِلٰلُهُمْ بِالْغُدُوِّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सुब्ह | और उन के साए | या नाखुशी से | खुशी से | और ज़मीन | आस्मानों | में | जो |

وَالْاٰصَالِ ﴿١٥﴾ قُلْ مَنْ رَّبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ قُلِ اللّٰهُ ؕ

السجدة ٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | कह दें | और ज़मीन | आस्मानों का रब | कौन | पूछें | 15 | और शाम |

قُلْ اَفَاتَّخَذْتُمْ مِّنْ دُوْنِهٖۤ اَوْلِيَآءَ لَا يَمْلِكُوْنَ لِاَنْفُسِهِمْ نَفْعًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुछ नफ़ा | अपनी जानों के लिए | वह बस नहीं रखते | हिमायती | उस के सिवा | तो क्या तुम बनाते हो | कह दें |

وَّلَا ضَرًّا ؕ قُلْ هَلْ يَسْتَوِي الْاَعْمٰى وَالْبَصِيْرُ ۙ اَمْ هَلْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या | या | और बीना (देखने वाला) | नाबीना (अन्धा) | बराबर होता है | क्या | कह दें | और न नुक़्सान |

تَسْتَوِي الظُّلُمٰتُ وَالنُّوْرُ ۚ اَمْ جَعَلُوْا لِلّٰهِ شُرَكَآءَ خَلَقُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने पैदा किया है | शरीक | अल्लाह के लिए | वह बनाते है | क्या | और उजाला | अन्धेरे (जमा) | बराबर हो जाएगा |

كَخَلْقِهٖ فَتَشَابَهَ الْخَلْقُ عَلَيْهِمْ ؕ قُلِ اللّٰهُ خَالِقُ كُلِّ شَيْءٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर शै | पैदा करने वाला | अल्लाह | कह दें | उन पर | पैदाइश | तो मुशतवह होगई | उस के पैदा करने की तरह |

وَّهُوَ الْوَاحِدُ الْقَهَّارُ ﴿١٦﴾ اَنْزَلَ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَسَالَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो बह निकले | पानी | आस्मानों से | उस ने उतारा | 16 | ज़बरदस्त (ग़ालिब) | यकता | और वह |

اَوْدِيَةٌۢ بِقَدَرِهَا فَاحْتَمَلَ السَّيْلُ زَبَدًا رَّابِيًا ؕ وَمِمَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस से जो | फूला हुआ | झाग | नाला | फिर उठा लाया | अपने अपने अन्दाज़े से | नदी नाले |

يُوْقِدُوْنَ عَلَيْهِ فِي النَّارِ ابْتِغَآءَ حِلْيَةٍ اَوْ مَتَاعٍ زَبَدٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झाग | असबाब | या | ज़ेवर | हासिल करने (बनाने) को | आग में | उस पर | तपाए है |

مِّثْلُهٗ ؕ كَذٰلِكَ يَضْرِبُ اللّٰهُ الْحَقَّ وَالْبَاطِلَ ۬ؕ فَاَمَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सो | और बातिल | हक़ | अल्लाह | बयान करता है | उसी तरह | उसी जैसा |

الزَّبَدُ فَيَذْهَبُ جُفَآءً ۚ وَاَمَّا مَا يَنْفَعُ النَّاسَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लोग | जो नफ़ा पहुँचाता है | और लेकिन | सूख कर | दूर हो जाता है | झाग |

فَيَمْكُثُ فِي الْاَرْضِ ؕ كَذٰلِكَ يَضْرِبُ اللّٰهُ الْاَمْثَالَ ﴿١٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | मिसालें | अल्लाह | बयान करना है | इसी तरह | ज़मीन में | तो ठहरा रहता है |

وقف النبي ﷺ لِلَّذِيْنَ اسْتَجَابُوْا لِرَبِّهِمُ الْحُسْنٰى ۞ وَالَّذِيْنَ لَمْ يَسْتَجِيْبُوْا لَهٗ لَوْ اَنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह कि | अगर | उस का (हुक्म) | न माना | और जिन लोगों ने | भलाई | अपने रब (का हुक्म) | उन्हों ने मान लिया | उन के लिए जिन्हों ने |

لَهُمْ مَّا فِى الْاَرْضِ جَمِيْعًا وَّمِثْلَهٗ مَعَهٗ لَافْتَدَوْا بِهٖ ؕ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | वही है | उस को | कि फ़िदये में देदें | उस के साथ | और उस जैसा | सब | जो कुछ ज़मीन में | उन के लिए (उन का) |

ع ٢ / ١١ / ٨ النصف سُوْٓءُ الْحِسَابِ ۙ وَمَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ؕ وَبِئْسَ الْمِهَادُ ﴿١٨﴾ اَفَمَنْ يَّعْلَمُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जानता है | पस क्या जो | 18 | बिछाना (जगह) | और बुरा | जहन्नम | और उन का ठिकाना | हिसाब | बुरा |

اَنَّمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ مِنْ رَّبِّكَ الْحَقُّ كَمَنْ هُوَ اَعْمٰى ؕ اِنَّمَا يَتَذَكَّرُ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| समझते है | इस के सिवा नहीं | अन्धा | वह | उस जैसा | हक़ | तुम्हारा रब | से | तुम्हारी तरफ़ | उतारा गया | कि जो |

اُولُوا الْاَلْبَابِ ﴿١٩﴾ الَّذِيْنَ يُوْفُوْنَ بِعَهْدِ اللّٰهِ وَلَا يَنْقُضُوْنَ الْمِيْثَاقَ ﴿٢٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | पुख़्ता क़ौल ओ इक़रार | और वह नहीं तोड़ते | अल्लाह का अ़हद | पूरा करते है | और वह जो कि | 19 | अक़्ल वाले |

وَالَّذِيْنَ يَصِلُوْنَ مَآ اَمَرَ اللّٰهُ بِهٖٓ اَنْ يُّوْصَلَ وَيَخْشَوْنَ رَبَّهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | और वह डरते हैं | जोड़ा जाए | कि | उस का | अल्लाह ने हुक्म दिया | जो | जोड़े रखते हैं | और वह जो कि |

وَيَخَافُوْنَ سُوْٓءَ الْحِسَابِ ﴿٢١﴾ وَالَّذِيْنَ صَبَرُوا ابْتِغَآءَ وَجْهِ رَبِّهِمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | ख़ुशी | हासिल करने के लिए | उन्हों ने सब्र किया | और वह लोग जो | 21 | हिसाब | बुरा | और ख़ौफ़ खाते हैं |

وَاَقَامُوا الصَّلٰوةَ وَاَنْفَقُوْا مِمَّا رَزَقْنٰهُمْ سِرًّا وَّعَلَانِيَةً وَّيَدْرَءُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और टाल देते हैं | और ज़ाहिर | पोशीदा | हम ने उन्हें दिया | उस से जो | और ख़र्च किया | नमाज | और उन्हों ने क़ाइम की |

بِالْحَسَنَةِ السَّيِّئَةَ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ عُقْبَى الدَّارِ ﴿٢٢﴾ جَنّٰتُ عَدْنٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हमेशगी | बाग़ात | 22 | आख़िरत का घर | उन के लिए | वही हैं | बुराई | नेकी से |

يَدْخُلُوْنَهَا وَمَنْ صَلَحَ مِنْ اٰبَآئِهِمْ وَاَزْوَاجِهِمْ وَذُرِّيّٰتِهِمْ وَالْمَلٰٓئِكَةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और फ़रिश्ते | और उन की औलाद | और उन की बीवियां | उन के बाप दादा | से (में) | नेक हुए | और जो | वह उस में दाख़िल होंगे |

يَدْخُلُوْنَ عَلَيْهِمْ مِّنْ كُلِّ بَابٍ ﴿٢٣﴾ سَلٰمٌ عَلَيْكُمْ بِمَا صَبَرْتُمْ فَنِعْمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस ख़ूब | तुम ने सब्र किया | इस लिए कि | तुम पर | सलामती | 23 | हर दरवाज़ा | से | उन पर | दाख़िल होंगे |

عُقْبَى الدَّارِ ﴿٢٤﴾ وَالَّذِيْنَ يَنْقُضُوْنَ عَهْدَ اللّٰهِ مِنْۢ بَعْدِ مِيْثَاقِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का पुख़्ता करना | उस के बाद | अल्लाह का अहद | तोड़ते हैं | और वह लोग जो | 24 | आख़िरत का घर |

وَيَقْطَعُوْنَ مَآ اَمَرَ اللّٰهُ بِهٖٓ اَنْ يُّوْصَلَ وَيُفْسِدُوْنَ فِى الْاَرْضِ ۙ اُولٰٓئِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यही हैं | जमीन में | और वह फ़साद करते हैं | कि वह जोड़ा जाए | उस का | अल्लाह ने हुक्म दिया | जो | और वह काटते हैं |

لَهُمُ اللَّعْنَةُ وَلَهُمْ سُوْٓءُ الدَّارِ ﴿٢٥﴾ اَللّٰهُ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيَقْدِرُ ؕ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तंग करता है | जिस के लिए वह चाहता है | रिज़्क़ | कुशादा करता है | अल्लाह | 25 | बुरा घर | और उनके लिए | लानत | उन के लिए |

ع ٣ / ٨ / ٩ وَفَرِحُوْا بِالْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ؕ وَمَا الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا فِى الْاٰخِرَةِ اِلَّا مَتَاعٌ ﴿٢٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | मताअ़ हक़ीर | मगर (सिर्फ़) | आख़िरत (के मुक़ाबले) में | दुनिया की ज़िन्दगी | और नहीं | दुनिया | ज़िन्दगी से | और वह ख़ुश हैं |

जिन लोगों ने अपने रब का हुक्म मान लिया उन के लिए भलाई है, और जिन्हों ने उस का हुक्म न माना अगर जो कुछ ज़मीन में है सब उन का हो और उस के साथ उस जैसा (और भी हो) कि वह उस को फ़िदये में देदें (फिर भी बचाओ न होगा), उन्हीं लोगों के लिए हिसाब बुरा है, और उन का ठिकाना जहन्नम है और (वह) बुरी जगह है। (18) क्या जो शख़्स जानता है कि जो उतारा गया तुम पर तुम्हारे रब की तरफ़ से, वह हक़ है उस जैसा (हो सकता है) जो अन्धा हो, इस के सिवा नहीं कि अक़्ल वाले ही समझते हैं। (19) वह जो कि अल्लाह का अ़हद पूरा करते हैं, और पुख़्ता क़ौल ओ इक़रार नहीं तोड़ते। (20) और वह लोग जो जोड़े रखते हैं जिस के लिए अल्लाह ने हुक्म दिया कि जोड़ा जाए, और वह अपने रब से डरते हैं, और बुरे हिसाब का ख़ौफ़ खाते हैं। (21) और जिन लोगों ने अपने रब की ख़ुशी हासिल करने के लिए सब्र किया, और उन्हों ने नमाज़ क़ाइम की, और जो हम ने उन्हें दिया उस से ख़र्च किया पोशीदा और जाहिर, और वह नेकी से बुराई को टाल देते हैं, वही हैं जिन के लिए आख़िरत का घर है। (22) हमेशगी के बाग़ात (हैं) उन में वह दाख़िल होंगे, और वह जो उन के बाप दादा, और उन की बीवियों, और औलाद में से नेक हुए और उन पर हर दरवाजे से फ़रिश्ते दाख़िल होंगे, (23) (यह कहते हुए कि) तुम पर सलामती हो इस लिए कि तुम ने सब्र किया पस ख़ूब है आख़िरत का घर। (24) और जो लोग अल्लाह का अहद उस को पुख़्ता करने के बाद तोड़ते हैं, और वह काटते हैं जिस के लिए अल्लाह ने हुक्म दिया जो उसे जोड़ा जाए, और वह ज़मीन (मुल्क) में फ़साद करते हैं, यही लोग हैं जिन के लिए लानत है और उन के लिए बुरा घर है। (25) अल्लाह जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ कुशादा करता है, और (जिस के लिए चाहता है) तंग करता है, और वह दुनिया की ज़िन्दगी से ख़ुश हैं, और दुनिया की ज़िन्दगी आख़िरत के मुक़ाबले में मताअ़ हक़ीर है। (26)

और काफ़िर कहते हैं उस पर उस के रब (की तरफ़) से कोई निशानी क्यों न उतारी गई? आप (स) कह दें बेशक अल्लाह गुमराह करता है जिस को चाहता है, और अपनी तरफ़ उस को राह दिखाता है जो (उस की तरफ़) रुजूअ़ करे। (27) जो लोग ईमान लाए और इत्मीनान पाते हैं जिन के दिल अल्लाह की याद से, याद रखो! अल्लाह की याद (ही) से दिल इत्मीनान पाते हैं। (28) जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अ़मल किए नेक, उन के लिए ख़ुशहाली है और अच्छा ठिकाना। (29) इसी तरह हम ने तुम्हें उस उम्मत में भेजा है, गुज़र चुकी हैं इस से पहले उम्मतें ताकि जो हम ने तुम्हारी तरफ़ वहि किया है तुम उन को पढ़ कर (सुनाओ) और वह (अल्लाह) रहमान के मुन्किर होते हैं आप (स) कहदें वह मेरा रब है उस के सिवा कोई माबूद नहीं, उस पर मैं ने भरोसा किया और उसी की तरफ़ मेरा रुजूअ़ है (रुजूअ़ करता हूँ)। (30)
और अगर ऐसा क़ुरआन होता कि उस से पहाड़ चल पड़ते, या उस से ज़मीन फट जाती, या उस से मुर्दे बात करने लगते (फिर भी यह ईमान न लाते) बल्कि अल्लाह ही के लिए है तमाम कामों (का इख़्तियार), तो क्या मोमिनों को (उस से) इत्मीनान नहीं हुआ कि अगर अल्लाह चाहता तो सब लोगों को हिदायत दे देता और काफ़िरों को उन के आमाल के बदले हमेशा सख़्त मुसीबत पहुंचती रहेगी, या उतरेगी क़रीब उन के घर के, यहां तक कि अल्लाह का वादा आजाए और बेशक अल्लाह वादे के खिलाफ़ नहीं करता। (31)
और अलबत्ता तुम से पहले रसूलों का मज़ाक़ उड़ाया गया, तो मैं ने काफ़िरों को ढील दी, फिर मैं ने उन की पकड़ की सो मेरा बदला (अ़ज़ाब) कैसा था? (32)
पस क्या जो हर शख़्स के आमाल का निगरान है (वह बुतों की तरह हो सकता है?) और उन्हों ने बना लिए अल्लाह के शरीक, आप (स) कहदें उन के नाम तो लो या तुम (अल्लाह) को वह बतलाते हो जो पूरी ज़मीन में उस के इल्म में नहीं, या महज ज़ाहिरी (ऊपरी) बात करते हो, बल्कि जिन लोगों ने कुफ़्र किया उन के लिए उन के फ़रेब ख़ुशनुमा बना दिए गए और वह राहे (हिदायत) से रोक दिए गए और जिस को अल्लाह गुमराह करे उस के लिए कोई हिदायत देने वाला नहीं। (33)

وَيَقُولُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَوْلَاۤ اُنْزِلَ عَلَيْهِ اٰيَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ ؕ قُلْ اِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और कहते हैं | वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | क्यों न | उतारी गई | उस पर | कोई निशानी | से | उस का रब | आप कह दें | बेशक अल्लाह |

يُضِلُّ مَنْ يَّشَآءُ وَيَهْدِيْۤ اِلَيْهِ مَنْ اَنَابَ ۝٢٧ اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَتَطْمَئِنُّ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गुमराह करता है | जिस को चाहता है | और राह दिखाता है | अपनी तरफ़ | जो | रुजूअ़ करे | 27 | जो लोग | ईमान लाए | और इत्मीनान पाते हैं |

قُلُوْبُهُمْ بِذِكْرِ اللّٰهِ ؕ اَلَا بِذِكْرِ اللّٰهِ تَطْمَئِنُّ الْقُلُوْبُ ۝٢٨ اَلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन के दिल | अल्लाह के ज़िक्र से | याद रखो | अल्लाह के ज़िक्र से | इत्मीनान पाते हैं | दिल (जमा) | 28 | जो लोग | ईमान लाए |

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ طُوْبٰى لَهُمْ وَحُسْنُ مَاٰبٍ ۝٢٩ كَذٰلِكَ اَرْسَلْنٰكَ فِيْۤ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने अ़मल किए | नेक (जमा) | ख़ुशहाली | उन के लिए | और अच्छा | ठिकाना | 29 | इसी तरह | हम ने तुम्हें भेजा | में |

اُمَّةٍ قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهَاۤ اُمَمٌ لِّتَتْلُوَاۡ عَلَيْهِمُ الَّذِيْۤ اَوْحَيْنَاۤ اِلَيْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस उम्मत | गुज़र चुकी हैं | उस से पहले | उम्मतें | ताकि तुम पढ़ो | उन पर (उन को) | वह जो कि | हम ने वहि किया | तुम्हारी तरफ़ |

وَهُمْ يَكْفُرُوْنَ بِالرَّحْمٰنِ ؕ قُلْ هُوَ رَبِّيْ لَاۤ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ وَاِلَيْهِ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | मुन्किर होते हैं | रह्मान के | कह दें | वह | मेरा रब | नहीं कोई माबूद | उस के सिवा | उस पर | मैं ने भरोसा किया | और उस की तरफ़ |

مَتَابِ ۝٣٠ وَلَوْ اَنَّ قُرْاٰنًا سُيِّرَتْ بِهِ الْجِبَالُ اَوْ قُطِّعَتْ بِهِ الْاَرْضُ

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा रुजूअ़ | 30 | और अगर | यह के (होता) | ऐसा क़ुरआन | चलाए जाते | उस से | पहाड़ | या | फट जाती | उस से | ज़मीन |

اَوْ كُلِّمَ بِهِ الْمَوْتٰى ؕ بَلْ لِّلّٰهِ الْاَمْرُ جَمِيْعًا ؕ اَفَلَمْ يَايْـَٔسِ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اَنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या बात करने लगते | उस से | मुर्दे | बल्कि | अल्लाह के लिए | काम | तमाम | तो क्या इत्मीनान नहीं हुआ | वह लोग जो ईमान लाए (मोमिन) | कि |

لَّوْ يَشَآءُ اللّٰهُ لَهَدَى النَّاسَ جَمِيْعًا ؕ وَلَا يَزَالُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا تُصِيْبُهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर अल्लाह चाहता | तो हिदायत दे देता | लोग | सब | और हमेशा | वह लोग जो काफ़िर हुए (काफ़िर) | उन्हें पहुँचेगी |

بِمَا صَنَعُوْا قَارِعَةٌ اَوْ تَحُلُّ قَرِيْبًا مِّنْ دَارِهِمْ حَتّٰى يَاْتِيَ وَعْدُ اللّٰهِ ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बदले जो उन्हों ने किया (आमाल) | सख़्त मुसीबत | या उतरेगी | क़रीब | से (के) | उन के घर | यहां तक | आजाए | अल्लाह का वादा |

اِنَّ اللّٰهَ لَا يُخْلِفُ الْمِيْعَادَ ۝٣١ وَلَقَدِ اسْتُهْزِئَ بِرُسُلٍ مِّنْ قَبْلِكَ فَاَمْلَيْتُ ع ٥ ١٠

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक अल्लाह | ख़िलाफ़ नहीं करता | वादा | 31 | और अलबत्ता | मज़ाक़ उड़ाया गया | रसूलों का | तुम से पहले | तो मैं ने ढील दी |

لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا ثُمَّ اَخَذْتُهُمْ ۫ فَكَيْفَ كَانَ عِقَابِ ۝٣٢ اَفَمَنْ هُوَ قَآئِمٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | फिर | मैं ने उन की पकड़ की | सो कैसा | था | मेरा बदला | 32 | पस क्या जो | वह | निगरान |

عَلٰى كُلِّ نَفْسٍ بِمَا كَسَبَتْ ۚ وَجَعَلُوْا لِلّٰهِ شُرَكَآءَ ؕ قُلْ سَمُّوْهُمْ ؕ اَمْ تُنَبِّـُٔوْنَهٗ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | हर शख़्स | जो उस ने कमाया (आमाल) | और उन्हों ने बना लिए | अल्लाह के | शरीक (जमा) | आप कहदें | उन के नाम लो | या | तुम उसे बतलाते हो |

بِمَا لَا يَعْلَمُ فِي الْاَرْضِ اَمْ بِظَاهِرٍ مِّنَ الْقَوْلِ ؕ بَلْ زُيِّنَ لِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | उस के इल्म में नहीं | ज़मीन में | या | महज ज़ाहिरी | से | बात | बल्कि ख़ुशनुमा बना दिए गए | उन लोगों के लिए जिन्हों ने कुफ़्र किया |

مَكْرُهُمْ وَصُدُّوْا عَنِ السَّبِيْلِ ؕ وَمَنْ يُّضْلِلِ اللّٰهُ فَمَا لَهٗ مِنْ هَادٍ ۝٣٣

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के फ़रेब | और वह रोक दिए गए | से | राह | और जो - जिस | गुमराह कर अल्लाह | तो नहीं | उस के लिए | कोई हिदायत देने वाला | 33 |

لَهُمْ عَـذَابٌ فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَلَعَذَابُ الْاٰخِرَةِ اَشَقُّ ۚ وَمَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और नहीं | निहायत तक्लीफ़दह | और अलबत्ता आख़िरत का अज़ाब | दुनिया की ज़िन्दगी | में | अज़ाब | उन के लिए |

لَهُمْ مِّنَ اللّٰهِ مِنْ وَّاقٍ ﴿٣٤﴾ مَثَلُ الْجَنَّةِ الَّتِىْ وُعِدَ الْمُتَّقُوْنَ ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परहेज़गार (जमा) | वादा किया गया | और जो कि | जन्नत | कैफियत | 34 | कोई बचाने वाला | अल्लाह से | उन के लिए |

تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۗ اُكُلُهَا دَآئِمٌ وَّظِلُّهَا ۗ تِلْكَ عُقْبَى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अन्जाम | यह | और उस का साया | दाइम | उस के फल | नहरें | उस के नीचे | बहती हैं |

الَّذِيْنَ اتَّقَوْا ۖ وَّعُقْبَى الْكٰفِرِيْنَ النَّارُ ﴿٣٥﴾ وَالَّذِيْنَ اٰتَيْنٰهُمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने उन्हें दी | और वह लोग जो | 35 | जहन्नम | काफ़िरों | और अन्जाम | परहेज़गारों (जमा) |

الْكِتٰبَ يَفْرَحُوْنَ بِمَآ اُنْزِلَ اِلَيْكَ وَمِنَ الْاَحْزَابِ مَنْ يُّنْكِرُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्कार करते हैं | जो | गिरोह | और बाज़ | तुम्हारी तरफ़ | नाज़िल किया गया | उस से जो | वह खुश होते हैं | किताब |

بَعْضَهٗ ۗ قُلْ اِنَّمَآ اُمِرْتُ اَنْ اَعْبُدَ اللّٰهَ وَلَآ اُشْرِكَ بِهٖ ۗ اِلَيْهِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की तरफ़ | उस का | और न शरीक ठहराऊं | अल्लाह | मैं इबादत करूँ | कि | मुझे हुक्म दिया गया | इस के सिवा नहीं | आप कहदें | उस की बाज |

اَدْعُوْا وَاِلَيْهِ مَاٰبِ ﴿٣٦﴾ وَكَذٰلِكَ اَنْزَلْنٰهُ حُكْمًا عَرَبِيًّا ۗ وَلَئِنِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | अरबी ज़बान में | हुक्म | हम ने उस को नाज़िल किया | और उसी तरह | 36 | मेरा ठिकाना | और उसी की तरफ़ | मैं बुलाता हूँ |

اتَّبَعْتَ اَهْوَآءَهُمْ بَعْدَ مَا جَآءَكَ مِنَ الْعِلْمِ ۙ مَا لَكَ مِنَ اللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह से | तेरे लिए नहीं | इल्म (वहि) | जब कि तेरे पास आगया | बाद | उन की ख़ाहिशात | तू ने पैरवी की |

ع ٥ ٦ ١١ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا وَاقٍ ﴿٣٧﴾ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا رُسُلًا مِّنْ قَبْلِكَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम से पहले | रसूल (जमा) | और अलबत्ता हम ने भेजे | 37 | और न कोई बचाने वाला | कोई हिमायती |

وَجَعَلْنَا لَهُمْ اَزْوَاجًا وَّذُرِّيَّةً ۗ وَمَا كَانَ لِرَسُوْلٍ اَنْ يَّاْتِىَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाए | कि | किसी रसूल के लिए | और नहीं हुआ | और औलाद | बीवियां | उन को | और हम ने दी |

بِاٰيَةٍ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ۗ لِكُلِّ اَجَلٍ كِتَابٌ ﴿٣٨﴾ يَمْحُوا اللّٰهُ مَا يَشَآءُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो वह चाहता है | मिटा देता है अल्लाह | 38 | एक तहरीर | हर वादे के लिए | अल्लाह की इजाज़त से | बग़ैर | कोई निशानी |

وَيُثْبِتُ ۖ وَعِنْدَهٗٓ اُمُّ الْكِتٰبِ ﴿٣٩﴾ وَاِنْ مَّا نُرِيَنَّكَ بَعْضَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुछ हिस्सा | तुम्हें दिखा दें हम | और अगर | 39 | अस्ल किताब (लौहे महफूज़) | उस के पास | और बाक़ी रखता है |

الَّذِىْ نَعِدُهُمْ اَوْ نَتَوَفَّيَنَّكَ فَاِنَّمَا عَلَيْكَ الْبَلٰغُ وَعَلَيْنَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम पर (हमारा काम) | पहुँचाना | तुम पर (तुम्हारे ज़िम्मे) | तो इस के सिवा नहीं | हम तुम्हें वफ़ात दें | या | हम ने उन से वादा किया | वह जो कि |

الْحِسَابُ ﴿٤٠﴾ اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّا نَاْتِى الْاَرْضَ نَنْقُصُهَا مِنْ اَطْرَافِهَا ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के किनारे | से | उस का घटाते | ज़मीन | कि हम चले आते हैं | क्या वह नहीं देखते | 40 | हिसाब लेना |

وَاللّٰهُ يَحْكُمُ لَا مُعَقِّبَ لِحُكْمِهٖ ۗ وَهُوَ سَرِيْعُ الْحِسَابِ ﴿٤١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | हिसाब लेने वाला | जल्द | और वह | उस के हुक्म को | कोई पीछे डालने वाला नहीं | हुक्म फ़रमाता है | और अल्लाह |

उन के लिए दुनिया की जिन्दगी में अज़ाब है, अलबत्ता आखिरत का अज़ाब निहायत तक्लीफ़दह है और उन के लिए कोई अल्लाह से बचाने वाला नहीं। (34)

और उस जन्नत की कैफियत जिस का परहेज़गारों से वादा किया गया है (यह है) उस के नीचे नहरें बहती हैं, उस के फल दाइम (हमेशा) हैं और उस का साया (भी) यह है अन्जाम परहेज़गारों का, और काफ़िरों का अन्जाम जहन्नम है। (35)

और जिन लोगों को हम ने दी है किताब (अहले किताब) वह उस से खुश होते हैं जो तुम्हारी तरफ़ उतारा गया, और बाज़ गिरोह उस की बाज (बातों) का इन्कार करते हैं। आप (स) कहदें उस के सिवा नहीं कि मुझे हुक्म दिया गया है कि मैं अल्लाह की इबादत करूँ, और उस का शरीक न ठहराऊं, मैं उस की तरफ़ बुलाता हूँ और उसी की तरफ़ मेरा ठिकाना है। (36)

और उसी तरह हम ने इस (कुरआन) को अरबी ज़बान में हुक्म नाज़िल किया है, और अगर तू ने उन की ख़ाहिशात की पैरवी की उस के बाद जब कि तेरे पास आगया इल्म, न तेरे लिए अल्लाह से (अल्लाह के सामने) कोई हिमायती होगा, न कोई बचाने वाला। (37)

और अलबत्ता हम ने रसूल भेजे तुम से पहले, और हम ने उन को दी बीवियां और औलाद, और किसी रसूल के लिए (इख़्तियार में) नहीं हुआ कि वह लाए कोई निशानी अल्लाह की इजाज़त के बग़ैर, हर वादे के लिए एक तहरीर है। (38)

और अल्लाह जो चाहता है मिटा देता है और बाक़ी रखता है (जो वह चाहता है) और उस के पास लौहे महफूज़ है। (39)

और अगर हम तुम्हें कुछ हिस्सा (उस अज़ाब का) दिखा दें जिस का हम ने उन से वादा किया है, या तुम्हें वफ़ात दे दें, तो इस के सिवा नहीं कि तुम्हारे ज़िम्मे पहुँचाना है और हिसाब लेना हमारा काम है। (40)

क्या वह नहीं देखते? कि हम चले आते हैं ज़मीन को उस के किनारों से घटाते, और अल्लाह हुक्म फ़रमाता है, कोई उस के हुक्म को पीछे डालने वाला नहीं, और वह तेज़ हिसाब लेने वाला है। (41)

وَقَدْ مَكَرَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ فَلِلّٰهِ الْمَكْرُ جَمِيْعًا ۭ يَعْلَمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जानता है | सब | चाल (तदबीर) | तो अल्लाह के लिए | उन से पहले | उन लोगों ने जो | और चालें चलीं |

مَا تَكْسِبُ كُلُّ نَفْسٍ ۭ وَسَيَعْلَمُ الْكُفّٰرُ لِمَنْ عُقْبَى الدَّارِ ﴿٤٢﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | आक़िबत का घर | किस के लिए | काफ़िर | और अनक़रीब जान लेंगे | हर नफ़्स (शख़्स) | जो कमाता है |

وَيَقُوْلُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَسْتَ مُرْسَلًا ۭ قُلْ كَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًا ۢ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गवाह | अल्लाह | काफ़ी है | आप (स) कहदें | रसूल | तू नहीं | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | और कहते हैं |

بَيْنِيْ وَبَيْنَكُمْ ۙ وَمَنْ عِنْدَهٗ عِلْمُ الْكِتٰبِ ﴿٤٣﴾ ع ٦ ١٢

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 43 | किताब का इल्म | उस के पास | और जो | और तुम्हारे दरमियान | मेरे दरमियान |

آيَاتُهَا ٥٢ ❀ (١٤) سُوْرَةُ اِبْرٰهِيْمَ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٧

रुकूआत 7 | (14) सूरह इब्राहीम | आयात 52

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

الٓرٰ ۣ كِتٰبٌ اَنْزَلْنٰهُ اِلَيْكَ لِتُخْرِجَ النَّاسَ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नूर की तरफ़ | अन्धेरों से | लोग | ताकि तुम निकालो | तुम्हारी तरफ़ | हम ने उस को उतारा | एक किताब | अलिफ़ लाम रा |

بِاِذْنِ رَبِّهِمْ اِلٰى صِرَاطِ الْعَزِيْزِ الْحَمِيْدِ ﴿١﴾ اللّٰهِ الَّذِيْ لَهٗ مَا

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो कुछ | उसी के लिए | वह जो कि | अल्लाह | 1 | ख़ूबियों वाला | ज़बरदस्त | रास्ता | तरफ़ | उन का रब | हुक्म से |

فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۭ وَوَيْلٌ لِّلْكٰفِرِيْنَ مِنْ عَذَابٍ شَدِيْدِ ﴿٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | सख़्त | अज़ाब | से | काफ़िरों के लिए | और ख़राबी | ज़मीन में | और जो कुछ | आस्मानों में |

الَّذِيْنَ يَسْتَحِبُّوْنَ الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا عَلَى الْاٰخِرَةِ وَيَصُدُّوْنَ عَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | और रोकते हैं | आख़िरत पर | दुनिया | ज़िन्दगी | पसन्द करते हैं | वह जो कि |

سَبِيْلِ اللّٰهِ وَيَبْغُوْنَهَا عِوَجًا ۭ اُولٰۗىِٕكَ فِيْ ضَلٰلٍۢ بَعِيْدٍ ﴿٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | दूर | गुमराही | में | वही लोग | कजी | और उस में ढूंडते हैं | अल्लाह का रास्ता |

وَمَآ اَرْسَلْنَا مِنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا بِلِسَانِ قَوْمِهٖ لِيُبَيِّنَ لَهُمْ ۭ فَيُضِلُّ اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर गुमराह करता है अल्लाह | उन के लिए | ताकि खोल कर बयान करदे | उस की क़ौम की | ज़बान में | मगर | कोई रसूल | और हम ने नहीं भेजा |

مَنْ يَّشَاۗءُ وَيَهْدِيْ مَنْ يَّشَاۗءُ ۭ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और वह | जिस को चाहता है | और हिदायत देता है | जिस को वह चाहता है |

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا مُوْسٰى بِاٰيٰتِنَآ اَنْ اَخْرِجْ قَوْمَكَ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नूर की तरफ़ | अन्धेरों से | अपनी क़ौम | तू निकाल | कि | अपनी निशानियों के साथ | मूसा (अ) | और अलबत्ता हम ने भेजा |

وَذَكِّرْهُمْ بِاَيّٰىمِ اللّٰهِ ۭ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّكُلِّ صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ﴿٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | शुकर गुज़ार | हर सब्र करने वाले के लिए | अलबत्ता निशानियां | उस | में | बेशक | अल्लाह के दिन | और याद दिला उन्हें |

और जो उन से पहले थे उन्हों ने चालें चलीं तो सारी चाल तो अल्लाह ही की है, वह जानता है जो कमाता है हर शख़्स, और अनक़रीब काफ़िर जान लेंगे आक़िबत का घर किस के लिए है। (42) और काफ़िर कहते हैं: तू रसूल नहीं, आप (स) कह दें, मेरे और तुम्हारे दरमियान अल्लाह गवाह काफ़ी है, और वह जिस के पास किताब का इल्म है। (43)

अल्लाह के नाम से जो निहायत मेहरबान, रहम करने वाला है

अलिफ़-लाम-रा - यह एक किताब है, हम ने तुम्हारी तरफ़ उतारी, ताकि तुम लोगों को निकालो उन के रब के हुक्म से अन्धेरों से नूर की तरफ़, ग़ालिब, ख़ूबियों वाले अल्लाह के रास्ते की तरफ़, (1) उसी के लिए है जो कुछ आस्मानों में है और ज़मीन में है, और काफ़िरों के लिए सख़्त अज़ाब से ख़राबी है। (2) जो दुनिया की ज़िन्दगी को पसन्द करते हैं आख़िरत पर, और अल्लाह के रास्ते से रोकते हैं, और उस में कजी ढूंडते हैं, यही लोग दूर की गुमराही में हैं। (3) और हम ने कोई रसूल नहीं भेजा मगर उस की क़ौम की ज़बान में, ताकि वह उन के लिए (अल्लाह के अहकाम) खोल कर बयान कर दे फिर अल्लाह जिस को चाहता है गुमराह करता है, और जिस को चाहता है हिदायत देता है, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (4) और अलबत्ता हम ने मूसा (अ) को अपनी निशानियों के साथ भेजा कि अपनी क़ौम को अन्धेरों से रोशनी की तरफ़ निकाल, और उन्हें अल्लाह के (अज़ीम वाक़िआत के) दिन याद दिला, बेशक उस में हर इन्तिहाई सब्र करने वाले, शुक्र गुज़ार के लिए निशानियां हैं। (5)

وَاِذْ قَالَ مُوْسٰى لِقَوْمِهِ اذْكُرُوْا نِعْمَةَ اللّٰهِ عَلَيْكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने ऊपर | अल्लाह की नेमत | तुम याद करो | अपनी क़ौम को | मूसा (अ) | कहा | और जब |

اِذْ اَنْجٰىكُمْ مِّنْ اٰلِ فِرْعَوْنَ يَسُوْمُوْنَكُمْ سُوْٓءَ الْعَذَابِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बुरा अ़ज़ाब | वह तुम्हें पहुँचाते थे | फ़िरऔ़न की क़ौम | से | जब उस ने नजात दी तुम्हें |

وَيُذَبِّحُوْنَ اَبْنَآءَكُمْ وَيَسْتَحْيُوْنَ نِسَآءَكُمْ ۭ وَفِيْ ذٰلِكُمْ بَلَاۗءٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आज़माइश | उस | और में | तुम्हारी औरतें | और ज़िन्दा छोड़ते थे | तुम्हारे बेटे | और ज़ुबह करते थे |

ع ٢ ١٣ مِّنْ رَّبِّكُمْ عَظِيْمٌ ۝٦ وَاِذْ تَاَذَّنَ رَبُّكُمْ لَىِٕنْ شَكَرْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम शुक्र करोगे | अलबत्ता अगर | तुम्हारा रब | और जब आगाह किया | 6 | बड़ी | तुम्हारा रब | से |

لَاَزِيْدَنَّكُمْ وَلَىِٕنْ كَفَرْتُمْ اِنَّ عَذَابِيْ لَشَدِيْدٌ ۝٧ وَقَالَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और कहा | 7 | बड़ा सख़्त | मेरा अ़ज़ाब | बेशक | तुम ने नाशुक्री की | और अलबत्ता अगर | तो मैं ज़रूर तुम्हें और ज़ियादा दूंगा |

مُوْسٰٓى اِنْ تَكْفُرُوْٓا اَنْتُمْ وَمَنْ فِي الْاَرْضِ جَمِيْعًا ۙ فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक अल्लाह | सब | ज़मीन में | और जो | तुम | नाशुक्री करोगे | अगर | मूसा (अ) |

صلے عند المتقدمين ١٣ لَغَنِيٌّ حَمِيْدٌ ۝٨ اَلَمْ يَاْتِكُمْ نَبَؤُا الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम से पहले | वह लोग जो | ख़बर | क्या तुम्हें नहीं आई | 8 | सब ख़ूबियों वाला | बेनियाज़ |

قَوْمِ نُوْحٍ وَّعَادٍ وَّثَمُوْدَ ڛ وَالَّذِيْنَ مِنْۢ بَعْدِهِمْ ڛ لَا يَعْلَمُهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन की ख़बर नहीं | उन के बाद | और वह जो | और समूद | और आद | नूह (अ) की क़ौम |

اِلَّا اللّٰهُ ۭ جَاۗءَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ فَرَدُّوْٓا اَيْدِيَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अपने हाथ | तो उन्हों ने लौटाए | निशानियों के साथ | उन के रसूल | उन के पास आए | अल्लाह के सिवाए |

فِيْٓ اَفْوَاهِهِمْ وَقَالُوْٓا اِنَّا كَفَرْنَا بِمَآ اُرْسِلْتُمْ بِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के साथ | तुम्हें भेजा गया | वह जो | बेशक हम नहीं मानते | और वह बोले | उन के मुँह | में |

وقف لازم وَاِنَّا لَفِيْ شَكٍّ مِّمَّا تَدْعُوْنَنَآ اِلَيْهِ مُرِيْبٍ ۝٩ قَالَتْ رُسُلُهُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के रसूल | कहा | 9 | तरद्दुद में डालते हुए | उस की तरफ़ | तुम हमें बुलाते हो | उस से जो | शक | अलबत्ता में | और बेशक हम |

اَفِي اللّٰهِ شَكٌّ فَاطِرِ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۭ يَدْعُوْكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह तुम्हें बुलाता है | और ज़मीन | आस्मानों | बनाने वाला | शुबाह - शक | क्या अल्लाह में |

لِيَغْفِرَ لَكُمْ مِّنْ ذُنُوْبِكُمْ وَيُؤَخِّرَكُمْ اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एक मुद्दत मुक़र्ररा | तक | और मोहलत दे तुम्हें | तुम्हारे गुनाह | से (कुछ) | ता कि बख़्शदे तुम्हें |

قَالُوْٓا اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُنَا ۭ تُرِيْدُوْنَ اَنْ تَصُدُّوْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हमें रोक दो | कि | तुम चाहते हो | हम जैसे | बशर | सिर्फ़ | तुम | नहीं | वह बोले |

عَمَّا كَانَ يَعْبُدُ اٰبَاۗؤُنَا فَاْتُوْنَا بِسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ۝١٠

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | रौशन | दलील, मोजिज़ा | पस लाओ हमारे पास | हमारे बाप दादा | पूजते थे | उस से जो |

और (याद करो) जब कहा मूसा (अ) ने अपनी क़ौम को, तुम अपने ऊपर अल्लाह की नेमत याद करो, जब उस ने तुम्हें फ़िरऔ़न की क़ौम से नजात दी, वह तुम्हें बुरा अ़ज़ाब पहुँचाते थे, और तुम्हारे बेटों को ज़ुबह करते थे, और तुम्हारी औ़रतों (लड़कियों) को ज़िन्दा छोड़ देते थे, और उस में तुम्हारे रब की तरफ़ से बड़ी आज़माइश थी। (6) और जब तुम्हारे रब ने आगाह किया, अलबत्ता अगर तुम शुक्र करोगे तो मैं ज़रूर तुम्हें और ज़ियादा दूंगा, अलबत्ता अगर तुम ने नाशुक्री की तो बेशक मेरा अज़ाब बड़ा सख़्त है। (7) और मूसा (अ) ने कहा अगर नाशुक्री करोगे तुम और जो ज़मीन में है सब के सब, तो बेशक अल्लाह बेनियाज़, सब ख़ूबियों वाला है। (8) क्या तुम्हें उन लोगों की ख़बर नहीं आई जो तुम से पहले थे (मिसल के लिऐ) क़ौमे नूह (अ), आद और समूद, और वह जो उन के बाद हुए, उन की ख़बर (किसी को) नहीं अल्लाह के सिवा, उन के पास उन के रसूल निशानियों के साथ आए, तो उन्हों ने अपने हाथ उन के मुँह में लौटाए (ख़ामोश कर दिया) और बोले तुम्हें जिस (रिसालत) के साथ भेजा गया है हम नहीं मानते, और अलबत्ता तुम हमें जिस की तरफ़ बुलाते हो हम शक में हैं तरद्दुद में डालते हुए। (9) उन के रसूलों ने कहा क्या तुम्हें ज़मीन और आस्मान के बनाने वाले अल्लाह के बारे में शक है? वह तुम्हें बुलाता है ताकि तुम्हारे कुछ गुनाह बख़्श दे, और एक मुद्दत मुक़र्ररा तक तुम्हें मोहलत दे, वह बोले नहीं तुम सिर्फ़ हम जैसे बशर हो, तुम चाहते हो कि हमें रोक दो जिन को हमारे बाप दादा पूजते थे, पस हमारे पास रौशन दलील (मोजिज़ा) लाओ। (10)

उन के रसूलों ने उन से कहा (बेशक) हम सिर्फ़ तुम जैसे बशर हैं लेकिन अल्लाह अपने बन्दों में से जिस पर चाहे एहसान करता है, और हमारे लिए (हमारा काम) नहीं कि हम अल्लाह के हुक्म के बग़ैर तुम्हारे पास कोई दलील (मोजिज़ा) लाएं, और मोमिनों को अल्लाह पर ही भरोसा करना चाहिए। **(11)** और हमें क्या हुआ? कि हम अल्लाह पर भरोसा न करें, और उस ने हमें हमारी राहें दिखा दी हैं, और तुम हमें जो ईज़ा देते हो हम उस पर ज़रूर सब्र करेंगे, और भरोसा करने वालों को अल्लाह पर ही भरोसा करना चाहिए। **(12)** और काफ़िरों ने अपने रसूलों से कहा हम तुम्हें ज़रूर निकाल देंगे अपनी ज़मीन (मुल्क) से, या तुम हमारे दीन में लौट आओ तो उन के रब ने उन की तरफ़ वहि भेजी कि हम ज़ालिमों को ज़रूर हलाक कर देंगे। **(13)** और अलबत्ता हम तुम्हें उन के बाद उस ज़मीन में ज़रूर आबाद कर देंगे, यह इस लिए है जो डरा मेरे रूबरू खड़ा होने से, और डरा मेरे एलाने अज़ाब से। **(14)** और उन्हों ने (अंबिया ने) फ़तह मांगी, और नामुराद हुआ हर सरकश, ज़िद्दी। **(15)** उस के पीछे जहन्नम है, और उसे पीप का पानी पिलाया जाएगा। **(16)** वह उसे घूंट घूंट पिएगा, और उसे गले से न उतार सकेगा, और उसे मौत आएगी हर तरफ़ से और वह मरेगा नहीं, और उस के पीछे सख़्त अज़ाब है। **(17)** उन लोगों की मिसाल जो अपने रब के मुन्किर हुए, उन के अमल राख की तरह हैं कि उस पर आन्धी के दिन ज़ोर की हवा चली (और सब उड़ा लेगई) जो उन्हों ने कमाया उन्हें उस से किसी चीज़ पर कुदरत न होगी, यही है दूर की (परले दरजे की) गुमराही। **(18)** क्या तू ने नहीं देखा? कि अल्लाह ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया हक़ के साथ (ठीक ठीक) अगर वह चाहे तुम्हें ले जाए और ले आए कोई नई मख़्लूक़। **(19)** और यह अल्लाह पर कुछ दुश्वार नहीं। **(20)**

قَالَتْ لَهُمْ رُسُلُهُمْ اِنْ نَّحْنُ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُكُمْ وَلٰكِنَّ اللّٰهَ يَمُنُّ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एहसान करता है | अल्लाह | और लेकिन | तुम जैसे | बशर | सिर्फ़ | हम | नहीं | उन के रसूल | उन से | कहा |

عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ مِنْ عِبَادِهٖ ۭ وَمَا كَانَ لَنَآ اَنْ نَّاْتِيَكُمْ بِسُلْطٰنٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई दलील | तुम्हारे पास लाएं | कि | हमारे लिए | और नहीं है | अपने बन्दे | से | जिस पर चाहे |

اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ۭ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ⑪ وَمَا لَنَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारे लिए | और क्या | 11 | मोमिन (जमा) | पस भरोसा करना चाहिए | और अल्लाह पर | अल्लाह के हुक्म से | मगर (बग़ैर) |

اَلَّا نَتَوَكَّلَ عَلَى اللّٰهِ وَقَدْ هَدٰىنَا سُبُلَنَا ۭ وَلَنَصْبِرَنَّ عَلٰى مَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | पर | और हम ज़रूर सब्र करेंगे | हमारी राहें | और उस ने हमें दिखा दीं | अल्लाह पर | कि हम न भरोसा करें |

اٰذَيْتُمُوْنَا ۭ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُتَوَكِّلُوْنَ ⑫ وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا ع ٢ ١٢

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | और कहा | 12 | भरोसा करने वाले | पस भरोसा करना चाहिए | और अल्लाह पर | तुम हमें ईज़ा देते हो |

لِرُسُلِهِمْ لَنُخْرِجَنَّكُمْ مِّنْ اَرْضِنَآ اَوْ لَتَعُوْدُنَّ فِيْ مِلَّتِنَا ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारे दीन में | तुम लौट आओ | या | अपनी ज़मीन | से | ज़रूर हम तुम्हें निकाल देंगे | अपने रसूलों को |

فَاَوْحٰٓى اِلَيْهِمْ رَبُّهُمْ لَنُهْلِكَنَّ الظّٰلِمِيْنَ ⑬ وَلَنُسْكِنَنَّكُمُ الْاَرْضَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन | और अलबत्ता हम तुम्हें आबाद करेंगे | 13 | ज़ालिम (जमा) | ज़रूर हम हलाक कर देंगे | उन का रब | उन की तरफ़ | तो वहि भेजी |

مِنْۢ بَعْدِهِمْ ۭ ذٰلِكَ لِمَنْ خَافَ مَقَامِيْ وَخَافَ وَعِيْدِ ⑭ وَاسْتَفْتَحُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने फ़तह मांगी | 14 | वईद (एलाने अज़ाब) | और डरा | मेरे रूबरू खड़ा होना | डरा | उस के लिए जो | यह | उन के बाद |

وَخَابَ كُلُّ جَبَّارٍ عَنِيْدٍ ⑮ مِّنْ وَّرَاۗىِٕهٖ جَهَنَّمُ وَيُسْقٰى مِنْ مَّاۗءٍ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पानी | से | और उसे पिलाया जाएगा | जहन्नम | उस के पीछे | 15 | ज़िद्दी | सरकश | हर | और नामुराद हुआ |

صَدِيْدٍ ⑯ يَّتَجَرَّعُهٗ وَلَا يَكَادُ يُسِيْغُهٗ وَيَاْتِيْهِ الْمَوْتُ مِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | मौत | और आएगी उसे | गले से उतार सकेगा उसे | और न | उसे घूंट घूंट पिएगा | 16 | पीप वाला |

كُلِّ مَكَانٍ وَّمَا هُوَ بِمَيِّتٍ ۭ وَمِنْ وَّرَاۗىِٕهٖ عَذَابٌ غَلِيْظٌ ⑰ مَثَلُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मिसाल | 17 | सख़्त | अज़ाब | और उस के पीछे | मरने वाला | और न वह | हर तरफ़ |

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ اَعْمَالُهُمْ كَرَمَادِ ۨاشْتَدَّتْ بِهِ الرِّيْحُ فِيْ يَوْمٍ عَاصِفٍ ۭ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आन्धी वाला | दिन | में | हवा | उस पर | ज़ोर की चली | राख की तरह | उन के अमल | अपने रब के | वह लोग जो मुन्किर हुए |

لَا يَقْدِرُوْنَ مِمَّا كَسَبُوْا عَلٰى شَيْءٍ ۭ ذٰلِكَ هُوَ الضَّلٰلُ الْبَعِيْدُ ⑱

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | दूर | गुमराही | वह | यह | किसी चीज़ पर | उन्हों ने कमाया | उस से जो | उन्हें कुदरत न होगी |

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ بِالْحَقِّ ۭ اِنْ يَّشَاْ يُذْهِبْكُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें लेजाए | वह चाहे | अगर | हक़ के साथ | और ज़मीन | आस्मानों | पैदा किया | अल्लाह | कि | क्या तू ने न देखा |

وَيَاْتِ بِخَلْقٍ جَدِيْدٍ ⑲ وَّمَا ذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ بِعَزِيْزٍ ⑳

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | कुछ दुश्वार | अल्लाह पर | यह | और नहीं | 19 | नई | मख़्लूक़ | और लाए |

وَبَـــرَزُوْا لِلّٰهِ جَمِيْعًا فَقَالَ الضُّعَفٰٓؤُا لِلَّذِيْنَ اسْتَكْبَرُوْٓا اِنَّا كُنَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक हम थे | बड़े बनते थे | उन लोगों से जो | कमजोर | फिर कहेंगे | सब | अल्लाह के आगे | और वह हाज़िर होंगे |

شَدِيْدًا ۚ كَانَ ذٰلِكَ فِى الْكِتٰبِ مَسْطُوْرًا ﴿٥٨﴾ وَمَا مَنَعَنَآ اَنْ نُّرْسِلَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम भेजें | कि | और नहीं हमें रोका | 58 | लिखा हुआ | किताब में | यह | है | सख़्त |

بِالْاٰيٰتِ اِلَّآ اَنْ كَذَّبَ بِهَا الْاَوَّلُوْنَ ۚ وَاٰتَيْنَا ثَمُوْدَ النَّاقَةَ مُبْصِرَةً

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिखाने को (ज़रीए बसीरत) | ऊँटनी | समूद | और हम ने दी | अगले लोग (जमा) | उन को | झुटलाया | यह कि | मगर | निशानियाँ |

فَظَلَمُوْا بِهَا ۚ وَمَا نُرْسِلُ بِالْاٰيٰتِ اِلَّا تَخْوِيْفًا ﴿٥٩﴾ وَاِذْ قُلْنَا لَكَ اِنَّ رَبَّكَ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | बेशक | तुम से | हम ने कहा | और जब | 59 | डराने को | मगर | निशानियाँ | और हम नहीं भेजते | उन्हों ने उस पर ज़ुल्म किया |

اَحَاطَ بِالنَّاسِ ۚ وَمَا جَعَلْنَا الرُّءْيَا الَّتِيْٓ اَرَيْنٰكَ اِلَّا فِتْنَةً لِّلنَّاسِ وَالشَّجَرَةَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और (थोहर का) दरख़्त | लोगों के लिए | आज़माइश | मगर | हम ने तुम्हें दिखाई | वह जो कि | नुमाइश | और हम ने नहीं किया | लोगों को | अहाता किए हुए |

ع ٨ ٦ الْمَلْعُوْنَةَ فِى الْقُرْاٰنِ ۚ وَنُخَوِّفُهُمْ ۙ فَمَا يَزِيْدُهُمْ اِلَّا طُغْيَانًا كَبِيْرًا ﴿٦٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | बड़ी | सरकशी | मगर (सिर्फ़) | तो नहीं बढ़ती उन्हें | और हम डराते हैं उन्हें | क़ुरआन में | जिस पर लानत की गई |

وَاِذْ قُلْنَا لِلْمَلٰٓئِكَةِ اسْجُدُوْا لِاٰدَمَ فَسَجَدُوْٓا اِلَّآ اِبْلِيْسَ ۭ قَالَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने कहा | इब्लीस | सिवाए | तो उन्हों ने सिजदा किया | आदम (अ) को | तुम सिजदा करो | फ़रिश्तों से | हम ने कहा | और जब |

ءَاَسْجُدُ لِمَنْ خَلَقْتَ طِيْنًا ﴿٦١﴾ قَالَ اَرَءَيْتَكَ هٰذَا الَّذِيْ كَرَّمْتَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तू ने इज़्ज़त दी | वह जिसे | यह | भला तू देख | उस ने कहा | 61 | मिट्टी से | तू ने पैदा किया | उस को जिसे | क्या मैं सिजदा करूँ |

عَلَيَّ ۡ لَىِٕنْ اَخَّرْتَنِ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ لَاَحْتَنِكَنَّ ذُرِّيَّتَهٗٓ اِلَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए | उस की औलाद | जड़ से उखाड़ दूँगा ज़रूर | रोज़े क़ियामत | तक | तू मुझे ढील दे | अलबत्ता अगर | मुझ पर |

قَلِيْلًا ﴿٦٢﴾ قَالَ اذْهَبْ فَمَنْ تَبِعَكَ مِنْهُمْ فَاِنَّ جَهَنَّمَ جَزَاۗؤُكُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारी सज़ा | जहन्नम | तो बेशक | उन में से | तेरी पैरवी की | पस जिस | तू जा | उस ने फ़रमाया | 62 | चन्द एक |

جَزَاۗءً مَّوْفُوْرًا ﴿٦٣﴾ وَاسْتَفْزِزْ مَنِ اسْتَطَعْتَ مِنْهُمْ بِصَوْتِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी आवाज़ से | उन में से | तेरा बस चले | जो - जिस | और फुसला ले | 63 | भरपूर | सज़ा |

وَاَجْلِبْ عَلَيْهِمْ بِخَيْلِكَ وَرَجِلِكَ وَشَارِكْهُمْ فِي الْاَمْوَالِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| माल (जमा) | में | और उन से साझा कर ले | और पयादे | अपने सवार | उन पर | और चढ़ा ला |

وَالْاَوْلَادِ وَعِدْهُمْ ۭ وَمَا يَعِدُهُمُ الشَّيْطٰنُ اِلَّا غُرُوْرًا ﴿٦٤﴾ اِنَّ عِبَادِيْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे बन्दे | बेशक | 64 | धोका | मगर (सिर्फ़) | शैतान | और नहीं उन से वादा करता | और वादे कर उन से | और औलाद |

لَيْسَ لَكَ عَلَيْهِمْ سُلْطٰنٌ ۭ وَكَفٰى بِرَبِّكَ وَكِيْلًا ﴿٦٥﴾ رَبُّكُمُ الَّذِيْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो कि | तुम्हारा रब | 65 | कारसाज | तेरा रब | और काफ़ी | ज़ोर - ग़ल्बा | उन पर | तेरा | नहीं |

يُزْجِيْ لَكُمُ الْفُلْكَ فِي الْبَحْرِ لِتَبْتَغُوْا مِنْ فَضْلِهٖ ۭ اِنَّهٗ كَانَ بِكُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पर | है | बेशक वह | उस का फ़ज़्ल | से | ताकि तुम तलाश करो | दर्या में | किश्ती | तुम्हार लिए | चलाता है |

رَحِيْمًا ﴿٦٦﴾ وَاِذَا مَسَّكُمُ الضُّرُّ فِي الْبَحْرِ ضَلَّ مَنْ تَدْعُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम पुकारते थे | जो | गुम हो जाते हैं | दर्या में | तकलीफ़ | तुम्हें छूती (पहुँचती) है | और जब | 66 | निहायत मेह्रबान |

اِلَّآ اِيَّاهُ ۚ فَلَمَّا نَجّٰىكُمْ اِلَى الْبَرِّ اَعْرَضْتُمْ ۭ وَكَانَ الْاِنْسَانُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इन्सान | और है | तुम फिर जाते हो | ख़ुश्की की तरफ़ | वह तुम्हें बचा लाया | फिर जब | उस के सिवा |

كَفُوْرًا ﴿٦٧﴾ اَفَاَمِنْتُمْ اَنْ يَّخْسِفَ بِكُمْ جَانِبَ الْبَرِّ اَوْ يُرْسِلَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह भेजे | या | ख़ुश्की की तरफ़ | तुम्हें | धंसा दे | कि | सो क्या तुम निडर हो गए हो | 67 | बड़ा नाशुक्रा |

عَلَيْكُمْ حَاصِبًا ثُمَّ لَا تَجِدُوْا لَكُمْ وَكِيْلًا ﴿٦٨﴾ اَمْ اَمِنْتُمْ اَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | तुम बेफ़िक्र हो गए | या | 68 | कोई कारसाज़ | अपने लिए | तुम न पाओ | फिर | पत्थर बरसाने वाली हवा | तुम पर |

يُّعِيْدَكُمْ فِيْهِ تَارَةً اُخْرٰى فَيُرْسِلَ عَلَيْكُمْ قَاصِفًا مِّنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से का | सख़्त झोंका | तुम पर | फिर भेज दे वह | दोबारा | उस में | वह तुम्हें ले जाए |

الرِّيْحِ فَيُغْرِقَكُمْ بِمَا كَفَرْتُمْ ۙ ثُمَّ لَا تَجِدُوْا لَكُمْ عَلَيْنَا بِهٖ تَبِيْعًا ﴿٦٩﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 69 | पीछा करने वाला | उस पर | हम पर (हमारा) | अपने लिए | तुम न पाओ | फिर | तुम ने नाशुक्री की | बदले में | फिर तुम्हें ग़र्क़ कर दे | हवा |

और जब हम ने फ़रिश्तों से कहा कि आदम (अ) को सिज्दा करो, तो इब्लीस के सिवा उन सब ने सिज्दा किया, उस ने कहा क्या मैं उसे सिज्दा करूँ? जिसे तू ने मिट्टी से पैदा किया। (61) उस ने कहा भला देख तो यह है वह जिसे तू ने मुझ पर इज़्ज़त दी, अलबत्तता अगर तू मुझे रोज़े क़ियामत तक ढील दे तो मैं चन्द एक के सिवा उस की औलाद को ज़रूर जड़ से उखाड़ दूँगा। (62) उस ने फ़रमाया तू जा, पस उन में से जिस ने तेरी पैरवी की तो बेशक जहन्नम तुम्हारी सज़ा है, सज़ा भी भरपूर। (63) और फुसला ले जिस पर तेरा बस चले उन में से अपनी आवाज़ से, और उन पर अपने सवार और पयादे चढ़ा ला, और उन से साझा कर ले माल और औलाद में, और उन से वादे कर, और उन से शैतान का वादा करना सिर्फ़ धोका है।। (64) बेशक मेरे बन्दों पर तेरा कोई ज़ोर नहीं, और तेरा रब काफ़ी है कारसाज़। (65) तुम्हारा रब वह है जो कि तुम्हारे लिए दर्या में किश्ती चलाता है ताकि तुम उस का फ़ज़्ल (रिज़्क़) तलाश करो, बेशक वह तुम पर निहायत मेह्रबान है। (66) और जब तुम्हें दर्या में तक्लीफ़ पहुँचती है तो गुम हो जाते हैं (भूल जाते हो) जिन्हें उस के सिवा तुम पुकारते थे, फिर जब वह तुम्हें बचा लाया, ख़ुश्की की तरफ़, तो तुम फिर जाते हो, और इन्सान बड़ा नाशुक्रा है। (67) सो क्या तुम निडर हो गए हो कि वह ज़मीन में धंसा दे तुम्हें ख़ुश्की की तरफ़ (ले जा कर) या तुम पर पत्थर बरसाने वाली हवा भेजे, फिर तुम अपने लिए कोई कारसाज न पाओ। (68) या तुम बेफ़िक्र हो गए हो कि वह तुम्हें दोबारा उस (दर्या) में ले जाए, फिर तुम पर हवा का सख़्त झोंका (तूफ़ान) भेज दे फिर तुम्हें नाशुक्री के बदले में ग़र्क़ कर दे, फिर तुम अपने लिए उस पर हमारा कोई पीछा करने वाला न पाओ। (69)

और तहक़ीक़ हम ने औलादे आदम (अ) को इज्ज़त बख़्शी, और हम ने उन्हें ख़ुश्की और दर्या में सवारी दी, और हम ने उन्हें पाकीज़ा चीज़ों से रिज़्क़ दिया, और हम ने उन्हें अपनी बहुत सी मख़्लूक़ पर बड़ाई दे कर फ़ज़ीलत दी। (70)
जिस दिन हम तमाम लोगों को बुलाएंगे उन के पेशवाओं के साथ, पस जिस को उस की किताब (आमाल नामा) दाएं हाथ में दी गई तो वह लोग अपना आमाल नामा पढ़ेंगे और वह ज़ुल्म न किए जाएंगे एक धागे के बराबर (भी)। (71)
और जो इस दुनिया में अन्धा रहा पस वह आख़िरत में (भी) अन्धा (उठेगा) और रास्ते से भटका हुआ। (72)
और उस वहि से जो हम ने तुम्हारी तरफ़ की है क़रीब था कि वह तुम्हें उस से बिचला दें (फिसला दें) ताकि हम पर उस (वहि) के सिवा तुम झूट बान्धो और उस सूरत में अलबत्ता वह तुम्हें दोस्त बना लेते। (73)
और अगर हम तुम्हें साबित क़दम न रखते तो अलबत्ता तुम उन की तरफ़ झुकने लगते कुछ थोड़ा सा। (74)
उस सूरत में हम तुम्हें जिन्दगी में दुगनी (सज़ा) चखाते और दुगनी मौत (के बाद), फिर तुम अपने लिए न पाते हमारे मुक़ाबले में कोई मददगार। (75)
और तहक़ीक़ क़रीब था कि वह तुम्हें सरज़मीने मक्का से फिसला ही दें ताकि वह तुम्हें यहां से निकाल दें और उस सूरत में वह तुम्हारे पीछे न ठहर पाते मगर थोड़ा (अर्सा)। (76)
आप (स) से पहले जो रसूल हम ने भेजे (यही) सुन्नत (चली आ रही) है और तुम हमारी सुन्नत में कोई तबदीली न पाओगे। (77)
सूरज ढलने से रात के अन्धेरे तक नमाज़ क़ाइम करें, और सुब्ह का क़ुरआन, बेशक सुब्ह का क़ुरआन (पढ़ने में फ़िरिश्ते) हाज़िर होते हैं। (78)
और रात का कुछ हिस्सा क़ुरआन की तिलावत के साथ बेदार रहें, यह तुम्हारे लिए ज़ाइद है, क़रीब है कि तुम्हारा रब तुम्हें मुक़ामे महमूद में खड़ा कर दे। (79)
और आप (स) कहें ऐ मेरे रब! मुझे दाख़िल कर सच्चा दाख़िल करना, और मुझे निकाल सच्चा निकालना (अच्छी तरह), और अपनी तरफ़ से मेरे लिए अता कर ग़ल्बा, मदद देने वाला। (80)

وَلَقَدْ كَرَّمْنَا بَنِيْٓ اٰدَمَ وَحَمَلْنٰهُمْ فِي الْبَرِّ وَالْبَحْرِ وَرَزَقْنٰهُمْ مِّنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मे | और हम ने उन्हें रिज़्क़ दिया | और दर्या | ख़ुश्की में | दी | और हम ने उन्हें सवारी | औलादे आदम (अ) | हम ने इज़्ज़त बख़्शी | और तहक़ीक़ |

الطَّيِّبٰتِ وَفَضَّلْنٰهُمْ عَلٰى كَثِيْرٍ مِّمَّنْ خَلَقْنَا تَفْضِيْلًا ﴿٧٠﴾ يَوْمَ ع ١٠/٧

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस दिन | 70 | बड़ाई दे कर | हम ने पैदा किया (अपनी मख़्लूक़) | उस से जो | बहुत सी | पर | और हम ने उन्हें फ़ज़ीलत दी | पाकीज़ा चीज़ें |

نَدْعُوْا كُلَّ اُنَاسٍۭ بِاِمَامِهِمْ ۚ فَمَنْ اُوْتِيَ كِتٰبَهٗ بِيَمِيْنِهٖ فَاُولٰٓئِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो वह लोग | उस के दाएं हाथ में | उसकी किताब | दिया गया | पस जो | उन के पेशवाओं के साथ | तमाम लोग | हम बुलाएंगे |

يَقْرَءُوْنَ كِتٰبَهُمْ وَلَا يُظْلَمُوْنَ فَتِيْلًا ﴿٧١﴾ وَمَنْ كَانَ فِيْ هٰذِهٖٓ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इस (दुनिया) में | और जो रहा | 71 | एक धागे बराबर | और न वह ज़ुल्म किए जाएंगे | अपना आमाल नामा | पढ़ेंगे |

اَعْمٰى فَهُوَ فِي الْاٰخِرَةِ اَعْمٰى وَاَضَلُّ سَبِيْلًا ﴿٧٢﴾ وَاِنْ كَادُوْا لَيَفْتِنُوْنَكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि तुम्हें बिचला दें | वह क़रीब था | और तहक़ीक़ | 72 | रास्ता | और बहुत भटका हुआ | अन्धा | आख़िरत में | पस वह | अन्धा |

عَنِ الَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ لِتَفْتَرِيَ عَلَيْنَا غَيْرَهٗ ۖ وَاِذًا لَّاتَّخَذُوْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता वह तुम्हें बना लेते | और उस सूरत में | इस के सिवा | हम पर | ताकि तुम झूट बान्धो | तुम्हारी तरफ़ | हम ने वहि की | वह जो | से |

خَلِيْلًا ﴿٧٣﴾ وَلَوْلَآ اَنْ ثَبَّتْنٰكَ لَقَدْ كِدْتَّ تَرْكَنُ اِلَيْهِمْ شَيْـًٔا قَلِيْلًا ﴿٧٤﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 74 | थोड़ा | कुछ | उनकी तरफ़ | अलबत्ता तुम झुकने लगते | हम तुम्हें साबित क़दम रखते | यह कि | और अगर न | 73 | दोस्त |

اِذًا لَّاَذَقْنٰكَ ضِعْفَ الْحَيٰوةِ وَضِعْفَ الْمَمَاتِ ثُمَّ لَا تَجِدُ لَكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने लिए | तुम न पाते | फिर | मौत | और दुगनी | ज़िन्दगी | दुगनी | उस सूरत में हम तुम्हें चखाते |

عَلَيْنَا نَصِيْرًا ﴿٧٥﴾ وَاِنْ كَادُوْا لَيَسْتَفِزُّوْنَكَ مِنَ الْاَرْضِ لِيُخْرِجُوْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि वह तुम्हें निकाल दें | ज़मीन (मक्का) | से | कि तुम्हें फिसला ही दें | क़रीब था | और तहक़ीक़ | 75 | कोई मददगार | हम पर (हमारे मुक़ाबले में) |

مِنْهَا وَاِذًا لَّا يَلْبَثُوْنَ خِلٰفَكَ اِلَّا قَلِيْلًا ﴿٧٦﴾ سُنَّةَ مَنْ قَدْ اَرْسَلْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने भेजा | जो | सुन्नत | 76 | थोड़ा | मगर | तुम्हारे पीछे | वह न ठहर पाते | और उस सूरत में | यहां से |

قَبْلَكَ مِنْ رُّسُلِنَا وَلَا تَجِدُ لِسُنَّتِنَا تَحْوِيْلًا ﴿٧٧﴾ اَقِمِ الصَّلٰوةَ لِدُلُوْكِ ع ٨/٨

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ढलने से | नमाज़ | क़ाइम करें आप (स) | 77 | कोई तबदीली | हमारी सुन्नत में | और तुम न पाओगे | अपने रसूल (जमा) | से | आप से पहले |

الشَّمْسِ اِلٰى غَسَقِ الَّيْلِ وَقُرْاٰنَ الْفَجْرِ ۭ اِنَّ قُرْاٰنَ الْفَجْرِ كَانَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| है | सुब्ह का क़ुरआन | बेशक | सुब्ह (फ़ज्र) | और क़ुरआन | रात | अन्धेरा | तक | सूरज |

مَشْهُوْدًا ﴿٧٨﴾ وَمِنَ الَّيْلِ فَتَهَجَّدْ بِهٖ نَافِلَةً لَّكَ ۖ عَسٰٓى اَنْ يَّبْعَثَكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि तुम्हें खड़ा करे | क़रीब | तुम्हारे लिए | नफ़िल (ज़ाइद) | इस (क़ुरआन) के साथ | सो बेदार रहें | रात | और कुछ हिस्सा | 78 | हाज़िर किया गया (फ़रिश्तों को) |

رَبُّكَ مَقَامًا مَّحْمُوْدًا ﴿٧٩﴾ وَقُلْ رَّبِّ اَدْخِلْنِيْ مُدْخَلَ صِدْقٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सच्चा | दाख़िल करना | मुझे दाख़िल कर | ऐ मेरे रब | और कहें | 79 | मुक़ामे महमूद | तुम्हारा रब |

وَّاَخْرِجْنِيْ مُخْرَجَ صِدْقٍ وَّاجْعَلْ لِّيْ مِنْ لَّدُنْكَ سُلْطٰنًا نَّصِيْرًا ﴿٨٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 80 | मदद देने वाला | ग़ल्बा | अपनी तरफ़ से | मेरे लिए | और अता कर | सच्चा | निकालना | और मुझे निकाल |

وَقُـــلْ جَـآءَ الْـحَقُّ وَزَهَـقَ الْـبَاطِلُ ۚ اِنَّ الْـبَاطِلَ كَانَ زَهُوْقًا ﴿٨١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और कह दें आप (स) | आया हक | और नाबूद हो गया | बातिल | बेशक | बातिल | है ही मिटने वाला | 81 |

وَنُـنَـــزِّلُ مِنَ الْقُرْاٰنِ مَا هُوَ شِفَآءٌ وَّرَحْمَةٌ لِّلْمُؤْمِنِيْنَ ۙ وَلَا يَزِيْدُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम नाज़िल करते हैं | से | कुरआन | जो | वह शिफ़ा | और रहमत | मोमिनों के लिए | और नहीं जियादा होता |

الظّٰلِمِيْنَ اِلَّا خَسَارًا ﴿٨٢﴾ وَاِذَآ اَنْعَمْنَا عَلَى الْاِنْسَانِ اَعْرَضَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ालिम (जमा) | सिवाए | घाटा | 82 | और जब | हम नेमत बख़्शते हैं | पर - को | इन्सान | वह रूगर्दान हो जाता है |

وَنَاٰ بِجَانِبِهٖ ۚ وَاِذَا مَسَّهُ الشَّرُّ كَانَ يَئُوْسًا ﴿٨٣﴾ قُلْ كُلٌّ يَّعْمَلُ عَلٰى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और पहलू फेर लेता है | और जब | उसे पहुँचती है | बुराई | वह हो जाता | मायूस | 83 | कह दें हर एक | काम करता है | पर |

٩ ع ١
شَاكِلَتِهٖ ۗ فَرَبُّكُمْ اَعْلَمُ بِمَنْ هُوَ اَهْدٰى سَبِيْلًا ﴿٨٤﴾ وَيَسْـَٔلُوْنَكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना तरीका | सो तुम्हारा परवरदिगार | ख़ूब जानता है | कि वह कौन | जियादा सहीह | रास्ता | 84 | और आप (स) से पूछते हैं |

عَـــنِ الرُّوْحِ ۗ قُلِ الرُّوْحُ مِنْ اَمْرِ رَبِّيْ وَمَآ اُوْتِيْتُمْ مِّنَ الْعِلْمِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से - के बारे में | रूह | कह दें | रूह | हुक्म से | मेरा रब | और नहीं | तुम्हें दिया गया | इल्म से |

اِلَّا قَلِيْلًا ﴿٨٥﴾ وَلَئِنْ شِئْنَا لَنَذْهَبَنَّ بِالَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | थोड़ा सा | 85 | और अगर | हम चाहें | तो अलबत्ता हम ले जाएं | वह जो कि | हम ने वहि की | तुम्हारी तरफ़ |

ثُمَّ لَا تَجِدُ لَكَ بِهٖ عَلَيْنَا وَكِيْلًا ﴿٨٦﴾ اِلَّا رَحْمَةً مِّنْ رَّبِّكَ ۗ اِنَّ فَضْلَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर तुम न पाओ | अपने वास्ते | उस के लिए | हमारे (मुक़ाबले) पर | कोई मददगार | 86 | मगर | रहमत | तुम्हारे रब से | बेशक उस का फ़ज़्ल |

كَانَ عَلَيْكَ كَبِيْرًا ﴿٨٧﴾ قُلْ لَّئِنِ اجْتَمَعَتِ الْاِنْسُ وَالْجِنُّ عَلٰٓى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| है | तुम पर | बड़ा | 87 | कह दें | अगर | जमा हो जाएं | तमाम इन्सान | और जिन | पर |

اَنْ يَّاْتُوْا بِمِثْلِ هٰذَا الْقُرْاٰنِ لَا يَاْتُوْنَ بِمِثْلِهٖ وَلَوْ كَانَ بَعْضُهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | वह लाएं | मानिंद | इस कुरआन | न ला सकेंगे | इस के मानिंद | और अगरचे हो जाएं | उन के बाज़ |

لِبَعْضٍ ظَهِيْرًا ﴿٨٨﴾ وَلَقَدْ صَرَّفْنَا لِلنَّاسِ فِيْ هٰذَا الْقُرْاٰنِ مِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ के लिए | मददगार | 88 | और हम ने तरह तरह से बयान किया है | लोगों के लिए | में | इस कुरआन | से |

كُلِّ مَثَلٍ فَاَبٰٓى اَكْثَرُ النَّاسِ اِلَّا كُفُوْرًا ﴿٨٩﴾ وَقَالُوْا لَنْ نُّؤْمِنَ لَكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर मिसाल | पस कुबूल न किया | अक्सर लोग | सिवाए | नाशुक्री | 89 | और वह बोले | हम हरगिज़ ईमान नहीं लाएंगे | तुझ पर |

حَتّٰى تَفْجُرَ لَنَا مِنَ الْاَرْضِ يَنْبُوْعًا ﴿٩٠﴾ اَوْ تَكُوْنَ لَكَ جَنَّةٌ مِّنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यहां तक कि | तू रवां कर दे | हमारे लिए | ज़मीन से | कोई चश्मा | 90 | या हो जाए | तेरे लिए | एक बाग़ | से का |

نَّخِيْلٍ وَّعِنَبٍ فَتُفَجِّرَ الْاَنْهٰرَ خِلٰلَهَا تَفْجِيْرًا ﴿٩١﴾ اَوْ تُسْقِطَ السَّمَآءَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खजूर (जमा) | और अंगूर | पस तू रवां कर दे | नहरें | उस के दरमियान | बहती हुई | 91 | या | तू गिरा दे | आस्मान |

كَمَا زَعَمْتَ عَلَيْنَا كِسَفًا اَوْ تَاْتِيَ بِاللّٰهِ وَالْمَلٰٓئِكَةِ قَبِيْلًا ﴿٩٢﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसा कि तू कहा करता है | हम पर | टुकड़े | या तू ले आ | अल्लाह को | और फ़रिश्ते | रूबरू | 92 |

और कह दें हक़ आया और बातिल नाबूद हो गया, बेशक बातिल है ही मिटने वाला (नीस्त औ नाबूद होने वाला)। (81)
और हम कुरआन नाज़िल करते हैं जो मोमिनों के लिए शिफ़ा और रहमत है, और ज़ालिमों के लिए ज़ियादा नहीं होता घाटे के सिवा। (82)
और जब हम इन्सान को नेमत बख़्शते हैं वह रूगर्दान हो जाता है, और पहलू फेर लेता है, और जब उसे बुराई पहुँचती है तो वह मायूस हो जाता है। (83)
कह दें हर एक अपने तरीके पर काम करता है, सो तुम्हारा परवरदिगार ख़ूब जानता है कि कौन ज़ियादा सहीह रास्ते पर है? (84)
और वह आप (स) से रूह के मुतअल्लिक़ पूछते हैं, आप (स) कह दें रूह मेरे रब के हुक्म से है, और तुम्हें इल्म नहीं दिया गया मगर थोड़ा सा। (85)
और अगर हम चाहें तो अलबत्ता हम ले जाएं (सल्ब कर लें) जो वहि हम ने तुम्हारी तरफ़ की है, फिर तुम उस के लिए अपने वास्ते न पाओ हमारे मुक़ाबले पर कोई मददगार। (86)
मगर तुम्हारे रब की रहमत से है (कि ऐसा नहीं होता), बेशक तुम पर उस का बड़ा फ़ज़्ल है। (87)
आप (स) कह दें अगर तमाम इन्सान और जिन (इस बात) पर जमा हो जाएं कि वह इस कुरआन के मानिंद ले आएं तो वह इस के मानिंद न ला सकेंगे अगरचे उन के बाज़, बाज़ के लिए (वह एक दूसरे के) मददगार हो जाएं। (88)
और हम ने लोगों के लिए इस कुरआन में तरह तरह से बयान कर दी है हर मिसाल, पस अक्सर लोगों ने नाशुक्री के सिवा कुबूल न किया। (89)
और वह बोले कि हम तुझ पर हरगिज़ ईमान न लाएंगे, यहां तक कि तू हमारे लिए ज़मीन से कोई चश्मा रवां कर दे। (90)
या तेरे लिए खजूरों और अंगूर का एक बाग़ हो, पस तू उस के दरमियान बहती नहरें रवां कर दे। (91)
या जैसे तू कहा करता है हम पर आस्मान के टुकड़े गिरा दे, या अल्लाह को और फ़रिश्तों को रूबरू ले आ। (92)

या तेरे लिए सोने का एक घर हो, या तू आस्मान में चढ़ जाए, और हम हरगिज़ तेरे चढ़ने को न मानेंगे जब तक तू हम पर एक किताब न उतारे जिसे हम पढ़ लें, आप (स) कह दें पाक है मेरा रब, मैं सिर्फ़ एक बशर हूँ (अल्लाह का) रसूल। **(93)** और लोगों को (किसी बात ने) नहीं रोका कि वह ईमान लाएं जब उन के पास हिदायत आ गई, मगर यह कि उन्हों ने कहा क्या अल्लाह ने एक बशर को रसूल (बना कर) भेजा है? **(94)** आप (स) कह दें, अगर होते ज़मीन में फ़रिश्ते चलते फिरते, इत्मीनान से रहते तो हम ज़रूर उन पर आस्मानों से फ़रिश्ते रसूल (बना कर) उतारते। **(95)** आप (स) कह दें मेरे और तुम्हारे दरमियान अल्लाह की गवाही काफ़ी है, बेशक वह अपने बन्दों का ख़बर रखने वाला, देखने वाला है। **(96)** और जिसे अल्लाह हिदायत दे पस वही हिदायत पाने वाला है, और जिसे वह गुमराह करे पस तू उन के लिए उस के सिवा हरगिज़ कोई मददगार न पाएगा, और हम क़ियामत के दिन उन्हें उन के चहरों के बल अन्धे और गूंगे और बहरे उठाएंगे, उन का ठिकाना जहन्नम है, जब कभी जहन्नम की आग बुझने लगेगी हम उन के लिए और भड़का देंगे। **(97)** यह उन की सज़ा है क्यों कि उन्हों ने हमारी आयतों का इन्कार किया और उन्हों ने कहा क्या जब हम हड्डियाँ और रेज़ा रेज़ा हो जाएंगे, क्या हम अज़ सरे नौ पैदा कर के ज़रूर उठाए जाएंगे? **(98)** क्या उन्हों ने नहीं देखा कि अल्लाह जिस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया है इस पर क़ादिर है कि उन जैसे पैदा करे, और उस ने उन के लिए मुक़र्रर किया एक वक़्त, इस में कोई शक नहीं, ज़ालिमों ने नाशुक्री के सिवा क़ुबूल न किया। **(99)** आप कह दें अगर तुम मालिक होते मेरे रब की रहमत के ख़ज़ानों के, तो तुम ख़र्च हो जाने के डर से ज़रूर बन्द रखते, और इन्सान बहुत तंग दिल है। **(100)**

اَوْ يَكُوْنَ لَكَ بَيْتٌ مِّنْ زُخْرُفٍ اَوْ تَرْقٰى فِى السَّمَآءِ ۗ وَلَنْ نُّؤْمِنَ

या | हो | तेरे लिए | एक घर | से - का | सोना | या | तू चढ़ जाए | आस्मान में | और हम हरगिज़ न मानेंगे

لِرُقِيِّكَ حَتّٰى تُنَزِّلَ عَلَيْنَا كِتٰبًا نَّقْرَؤُهٗ ۗ قُلْ سُبْحَانَ رَبِّىْ هَلْ كُنْتُ

तेरे चढ़ने को | यहां तक कि | तू उतारे | हम पर | एक किताब | हम पढ़ लें जिसे | आप कह दें | पाक है | मेरा रब | नहीं हूँ मैं

ع ١٠ ٩ ١٠ اِلَّا بَشَرًا رَّسُوْلًا ﴿٩٣﴾ وَمَا مَنَعَ النَّاسَ اَنْ يُّؤْمِنُوْٓا اِذْ جَآءَهُمُ

मगर-सिर्फ़ | एक बशर | रसूल | 93 | और नहीं | रोका | लोग (जमा) | कि वह ईमान लाएं | जब | उन के पास आ गई

الْهُدٰٓى اِلَّآ اَنْ قَالُوْٓا اَبَعَثَ اللّٰهُ بَشَرًا رَّسُوْلًا ﴿٩٤﴾ قُلْ لَّوْ كَانَ

हिदायत | मगर | यह कि | उन्हों ने कहा | क्या भेजा | अल्लाह | एक बशर | रसूल | 94 | कह दें | अगर होते

فِى الْاَرْضِ مَلٰٓئِكَةٌ يَّمْشُوْنَ مُطْمَئِنِّيْنَ لَنَزَّلْنَا عَلَيْهِمْ مِّنَ السَّمَآءِ

ज़मीन में | फ़रिश्ते | चलते फिरते | इत्मीनान से रहते | हम ज़रूर उतारते | उन पर | आस्मान से

مَلَكًا رَّسُوْلًا ﴿٩٥﴾ قُلْ كَفٰى بِاللّٰهِ شَهِيْدًاۢ بَيْنِىْ وَبَيْنَكُمْ ۗ اِنَّهٗ كَانَ

फ़रिश्ता | रसूल | 95 | कह दें | काफ़ी है | अल्लाह की | गवाह | मेरे दरमियान | और तुम्हारे दरमियान | बेशक वह | है

بِعِبَادِهٖ خَبِيْرًاۢ بَصِيْرًا ﴿٩٦﴾ وَمَنْ يَّهْدِ اللّٰهُ فَهُوَ الْمُهْتَدِ ۚ وَمَنْ

अपने बन्दों का | ख़बर रखने वाला | देखने वाला | 96 | और जिसे | हिदायत दे | अल्लाह | पस वही | हिदायत पाने वाला | और जिसे

يُّضْلِلْ فَلَنْ تَجِدَ لَهُمْ اَوْلِيَآءَ مِنْ دُوْنِهٖ ۗ وَنَحْشُرُهُمْ يَوْمَ الْقِيٰمَةِ

गुमराह करे | पस तू हरगिज़ न पाएगा | उन के लिए | मददगार | उस के सिवा | और हम उठाएंगे उन्हें | क़ियामत के दिन

عَلٰى وُجُوْهِهِمْ عُمْيًا وَّبُكْمًا وَّصُمًّا ۗ مَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ۗ كُلَّمَا خَبَتْ

पर बल | उन के चहरे | अन्धे | और गूंगे | और बहरे | उन का ठिकाना | जहन्नम | जब कभी | बुझने लगेगी

النصف زِدْنٰهُمْ سَعِيْرًا ﴿٩٧﴾ ذٰلِكَ جَزَآؤُهُمْ بِاَنَّهُمْ كَفَرُوْا بِاٰيٰتِنَا وَقَالُوْٓا

हम उन के लिए जियादा कर देंगे | भड़काना | 97 | यह | उन की सजा | क्यों कि वह | उन्हों ने इन्कार किया | हमारी आयतों का | और उन्हों ने कहा

ءَاِذَا كُنَّا عِظَامًا وَّرُفَاتًا ءَاِنَّا لَمَبْعُوْثُوْنَ خَلْقًا جَدِيْدًا ﴿٩٨﴾

क्या जब | हो जाएंगे हम | हड्डियां | और रेज़ा रेज़ा | क्या हम | ज़रूर उठाए जाएंगे | पैदा कर के | अज़ सरे नौ | 98

اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ الَّذِىْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ قَادِرٌ عَلٰٓى

क्या नहीं | उन्हों ने देखा | कि | अल्लाह | जिस ने | पैदा किया | आस्मान (जमा) | और जमीन | कादिर | पर

اَنْ يَّخْلُقَ مِثْلَهُمْ وَجَعَلَ لَهُمْ اَجَلًا لَّا رَيْبَ فِيْهِ ۗ فَاَبَى الظّٰلِمُوْنَ

कि वह पैदा करे | उन जैसे | उस ने मुक़र्रर किया | उन के लिए | एक वक़्त | नहीं शक | उस में | तो क़ुबूल न किया | ज़ालिम (जमा)

اِلَّا كُفُوْرًا ﴿٩٩﴾ قُلْ لَّوْ اَنْتُمْ تَمْلِكُوْنَ خَزَآئِنَ رَحْمَةِ رَبِّىْٓ اِذًا

नाशुक्री के सिवा | 99 | आप कह दें | अगर | तुम | मालिक होते | ख़ज़ाने | रहमत | मेरा रब | जब

ع ١١ ٧ ١١ لَّاَمْسَكْتُمْ خَشْيَةَ الْاِنْفَاقِ ۗ وَكَانَ الْاِنْسَانُ قَتُوْرًا ﴿١٠٠﴾

तुम ज़रूर बन्द रखते | डर से | ख़र्च हो जाना | और है | इन्सान | तंग दिल | 100

وَلَقَدْ اٰتَيْنَا مُوْسٰى تِسْعَ اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ فَسْـَٔلْ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ اِذْ جَآءَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के पास आया | जब | बनी इस्राईल | पस पूछ तू | खुली निशानियां | नौ (9) | मूसा (अ) | और अलबत्ता हम ने दीं |

فَقَالَ لَهٗ فِرْعَوْنُ اِنِّيْ لَاَظُنُّكَ يٰمُوْسٰى مَسْحُوْرًا ﴿۱۰۱﴾ قَالَ لَقَدْ عَلِمْتَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता तू ने जान लिया | उस ने कहा | 101 | जादू किया गया | ऐ मूसा | तुझ पर गुमान करता हूँ | बेशक मैं | फ़िरऔन | उस को | तो कहा |

مَآ اَنْزَلَ هٰٓؤُلَآءِ اِلَّا رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ بَصَآئِرَ ۚ وَاِنِّيْ لَاَظُنُّكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुझ पर गुमान करता हूँ | और बेशक मैं | बसीरत (जमा) | आस्मानों और जमीन का परवरदिगार | मगर | इस को | नहीं नाज़िल किया |

يٰفِرْعَوْنُ مَثْبُوْرًا ﴿۱۰۲﴾ فَاَرَادَ اَنْ يَّسْتَفِزَّهُمْ مِّنَ الْاَرْضِ فَاَغْرَقْنٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो हम ने उसे गर्क़ कर दिया | जमीन से | उन्हें निकाल दे | कि | पस उस ने इरादा किया | 102 | हलाक शुदा | ऐ फ़िरऔन |

وَمَنْ مَّعَهٗ جَمِيْعًا ﴿۱۰۳﴾ وَّقُلْنَا مِنْۢ بَعْدِهٖ لِبَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ اسْكُنُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम रहो | बनी इस्राईल को | उस के बाद | और हम ने कहा | 103 | सब | उसके साथ | और जो |

الْاَرْضَ فَاِذَا جَآءَ وَعْدُ الْاٰخِرَةِ جِئْنَا بِكُمْ لَفِيْفًا ﴿۱۰۴﴾ وَبِالْحَقِّ اَنْزَلْنٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने इसे नाजिल किया | और हक़ के साथ | 104 | जमा कर के | तुम को | हम ले आएंगे | आखिरत का वादा | आएगा | फिर जब | जमीन (मुल्क) |

وقف لازم

وَبِالْحَقِّ نَزَلَ ۗ وَمَآ اَرْسَلْنٰكَ اِلَّا مُبَشِّرًا وَّنَذِيْرًا ﴿۱۰۵﴾ وَقُرْاٰنًا فَرَقْنٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने जुदा जुदा किया | और क़ुरआन | 105 | और डर सुनाने वाला | मगर खुशखबरी देने वाला | हम ने आप (स) को भेजा | और नहीं | नाज़िल हुआ | और सच्चाई के साथ |

لِتَقْرَاَهٗ عَلَى النَّاسِ عَلٰى مُكْثٍ وَّنَزَّلْنٰهُ تَنْزِيْلًا ﴿۱۰۶﴾ قُلْ اٰمِنُوْا بِهٖٓ اَوْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| या | तुम इस पर ईमान लाओ | आप कह दें | 106 | आहिस्ता आहिस्ता | और हम ने उस नाज़िल किया | ठहर ठहर कर | लोग | पर | ताकि तुम उसे पढ़ो |

لَا تُؤْمِنُوْا ۗ اِنَّ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ مِنْ قَبْلِهٖٓ اِذَا يُتْلٰى عَلَيْهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के सामने | वह पढ़ा जाता है | जब | इस से क़ब्ल | इल्म दिया गया | वह लोग जिन्हें | बेशक | तुम ईमान न लाओ |

يَخِرُّوْنَ لِلْاَذْقَانِ سُجَّدًا ﴿۱۰۷﴾ وَّيَقُوْلُوْنَ سُبْحٰنَ رَبِّنَآ اِنْ كَانَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| है | बेशक | हमारा रब | पाक है | और वह कहते हैं | 107 | सिज्दा करते हुए | ठोड़ियों के बल | वह गिर पड़ते हैं |

وَعْدُ رَبِّنَا لَمَفْعُوْلًا ﴿۱۰۸﴾ وَيَخِرُّوْنَ لِلْاَذْقَانِ يَبْكُوْنَ وَيَزِيْدُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन में जियादा करता है | रोते हुए | ठोड़ियों के बल | और वह गिर पड़ते हैं | 108 | जरूर पूरा हो कर रहने वाला | हमारा रब | वादा |

السجدة ۳

خُشُوْعًا ﴿۱۰۹﴾ قُلِ ادْعُوا اللّٰهَ اَوِ ادْعُوا الرَّحْمٰنَ ۗ اَيًّا مَّا تَدْعُوْا فَلَهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो उसी के लिए | तुम पुकारोगे | जो कुछ भी | रहमान | या तुम पुकारो | अल्लाह | तुम पुकारो | आप कहदें | 109 | आजिज़ी |

الْاَسْمَآءُ الْحُسْنٰى ۚ وَلَا تَجْهَرْ بِصَلَاتِكَ وَلَا تُخَافِتْ بِهَا وَابْتَغِ بَيْنَ ذٰلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के दरमियान | और ढूंडो | उस में | और न बिलकुल पस्त करो तुम | अपनी नमाज़ में | और न बुलन्द करो तुम | सब से अच्छे नाम |

سَبِيْلًا ﴿۱۱۰﴾ وَقُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِيْ لَمْ يَتَّخِذْ وَلَدًا وَّلَمْ يَكُنْ لَّهٗ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के लिए | और नहीं है | कोई औलाद | नहीं बनाई | वह जिस ने | अल्लाह के लिए | तमाम तारीफ़ें | और कह दें | 110 | रास्ता |

ع ۱۲ / ۱۱ / ۱۲

شَرِيْكٌ فِي الْمُلْكِ وَلَمْ يَكُنْ لَّهٗ وَلِيٌّ مِّنَ الذُّلِّ وَكَبِّرْهُ تَكْبِيْرًا ﴿۱۱۱﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 111 | खूब बड़ाई | और उस की बड़ाई करो | नातवानी | से, सबब | कोई मददगार | उस का | और नहीं है | सलतनत में | कोई शरीक |

और हम ने मूसा (अ) को नौ (9) खुली निशानियां दीं, पस बनी इस्राईल से पूछ, जब वह (मूसा अ) उन के पास आए तो फ़िरऔन ने उस को कहा बेशक मैं गुमान करता हूँ तुम पर जादू किया गया है (सिहर ज़दा हो)। (101)
उस ने कहा, अलबत्ता तू जान चुका है कि इस को नाजिल नहीं किया मगर आस्मानों और जमीन के परवरदिगार ने बसीरत (समझ बूझ की बातें), और ऐ फ़िरऔन! बेशक मैं तुझे गुमान करता हूँ हलाक शुदा (हलाक हुआ चाहता है)। (102)
पस उस ने इरादा किया कि उन्हें सरजमीने (मिस्र) से निकाल दे तो हम ने उसे और जो उस के साथ थे सब को ग़र्क़ कर दिया। (103)
और हम ने कहा उस के बाद बनी इस्राईल को कि तुम उस मुल्क में रहो, फिर जब आखिरत का वादा आएगा हम तुम सब को ले आएंगे जमा कर के (समेट कर)। (104)
और हम ने इसे (कुरआन को) हक़ के साथ नाजिल किया और वह सच्चाई के साथ नाजिल हुआ, और हम ने आप (स) को नहीं भेजा मगर खुश ख़बरी देने वाला और डर सुनाने वाला। (105)
और कुरआन हम ने जुदा जुदा कर के (थोड़ा थोड़ा) नाजिल किया ताकि तुम लोगों पर ठहर ठहर कर पढ़ो, और हम ने उसे आहिस्ता आहिस्ता (बतद्रीज) नाज़िल किया। (106)
आप (स) कह दें तुम उस पर ईमान लाओ या न लाओ, बेशक जिन्हें इस से क़ब्ल इल्म दिया गया है, जब वह उन के सामने पढ़ा जाता है तो वह सिज्दा करते हुए ठोड़ियों के बल गिर पड़ते हैं। (107)
और वह कहते हैं हमारा रब पाक है, बेशक हमारे रब का वादा ज़रूर पूरा हो कर रहने वाला है। (108)
और वह रोते हुए ठोड़ियों के बल गिर पड़ते हैं और यह (कुरआन) उन में आजिजी और जियादा करता है। (109)
आप (स) कह दें तुम पुकारो अल्लाह (कह कर) या पुकारो रहमान (कह कर) जो कुछ भी पुकारोगे उसी के लिए हैं सब से अच्छे नाम, और न अपनी नमाज़ में (आवाज बहुत) बुलन्द करो और न उस में बिलकुल पस्त करो (बल्कि) उस के दरमियान का रास्ता ढून्डो। (110)
और आप (स) कह दें तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, वह जिस ने कोई औलाद नहीं बनाई, और सलतनत में उस का कोई शरीक नहीं, और न कोई उस का मददगार है नातवानी के सबब, और खूब उस की बड़ाई (बयान) करो। (111)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं जिस ने अपने बन्दे (मुहम्मद स) पर (यह) किताब नाज़िल की, और उस में कोई कजी न रखी। (1)

(बल्कि) ठीक सीधी (उतारी) ताकि डर सुनाए उस की तरफ़ से सख़्त अ़ज़ाब से, और मोमिनों को ख़ुशख़बरी दे, जो अच्छे अ़मल करते हैं कि उन के लिए अच्छा अजर है, (2)

वह उस में हमेशा रहेंगे। (3)

और वह उन लोगों को डराए जिन्हों ने कहा अल्लाह ने बेटा बना लिया है। (4)

उस का न उन्हें कोई इल्म है और न उन के बाप दादा को था, बड़ी है बात (जो) उन के मुंह से निकलती है, वह नहीं कहते मगर झूट। (5)

तो शायद आप (स) उन के पीछे अपनी जान को हलाक करने वाले हैं, अगर वह ईमान न लाए इस बात पर, ग़म के मारे। (6)

जो कुछ जमीन में है, बेशक हम ने उसे उस के लिए ज़ीनत बनाया है ताकि हम उन्हें आज़माएं कि उन में कौन है अ़मल में बेहतर। (7)

और जो कुछ इस (जमीन) पर है बेशक हम उसे (नाबूद कर के) साफ चटयल मैदान करने वाले हैं। (8)

क्या तुम ने गुमान किया? कि कहफ (ग़ार) और रकीम वाले हमारी निशानियों में से अ़जीब थे। (9)

जब उन जवानों ने गार में पनाह ली तो उन्हों ने कहा, ऐ हमारे रब! हमें अपनी तरफ़ से रहमत दे, और हमारे काम में दुरुस्ती मुहैया कर। (10)

पस हम ने पर्दा डाला उन के कानों पर, उन्हें गार में कई साल (सुलाया)। (11)

## آيَاتُهَا ١١٠ ❀ (١٨) سُوْرَةُ الْكَهْفِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١٢

| रुकूआत 12 | (18) सूरतुल कहफ़<br>गार | आयात 110 |
|---|---|---|

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ الَّذِیْٓ اَنْزَلَ عَلٰی عَبْدِهِ الْكِتٰبَ وَلَمْ يَجْعَلْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न रखी | किताब (कुरआन) | अपने बन्दे पर | नाज़िल की | वह जिस ने | अल्लाह के लिए | तमाम तारीफ़ें |

لَّهٗ عِوَجًا ① قَيِّمًا لِّيُنْذِرَ بَاْسًا شَدِيْدًا مِّنْ لَّدُنْهُ وَيُبَشِّرَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ख़ुशख़बरी दे | उस की तरफ़ से | सख़्त | अ़ज़ाब | ताकि डर सुनाए | ठीक सीधी | 1 | कोई कजी | उस में |

الْمُؤْمِنِيْنَ الَّذِيْنَ يَعْمَلُوْنَ الصّٰلِحٰتِ اَنَّ لَهُمْ اَجْرًا حَسَنًا ②

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | अच्छा अजर | कि उन के लिए | अच्छे | अ़मल करते हैं | वह जो | मोमिनों |

مَّاكِثِيْنَ فِيْهِ اَبَدًا ③ وَّيُنْذِرَ الَّذِيْنَ قَالُوا اتَّخَذَ اللّٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह ने बना लिया है | वह जिन लोगों ने कहा | और वह डराए | 3 | हमेशा | उस में | वह रहेंगे |

وَلَدًا ④ مَا لَهُمْ بِهٖ مِنْ عِلْمٍ وَّلَا لِاٰبَآئِهِمْ كَبُرَتْ كَلِمَةً

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बात | बड़ी है | उन के पाप दादा | और न | कोई इल्म | उन को उस का | नहीं | 4 | बेटा |

تَخْرُجُ مِنْ اَفْوَاهِهِمْ اِنْ يَّقُوْلُوْنَ اِلَّا كَذِبًا ⑤ فَلَعَلَّكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो शायद आप | 5 | झूट | मगर | वह कहते हैं | नहीं | उन के मुँह (जमा) | से | निकलती है |

بَاخِعٌ نَّفْسَكَ عَلٰٓى اٰثَارِهِمْ اِنْ لَّمْ يُؤْمِنُوْا بِهٰذَا الْحَدِيْثِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बात | इस | वह ईमान न लाए | अगर | उन के पीछे | पर | अपनी जान | हलाक करने वाला |

اَسَفًا ⑥ اِنَّا جَعَلْنَا مَا عَلَى الْاَرْضِ زِيْنَةً لَّهَا لِنَبْلُوَهُمْ اَيُّهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कौन उन में से | ताकि हम उन्हें आज़माएं | उसके लिए | ज़ीनत | ज़मीन पर | जो | हम ने बनाया | बेशक हम | 6 | ग़म के मारे |

اَحْسَنُ عَمَلًا ⑦ وَاِنَّا لَجٰعِلُوْنَ مَا عَلَيْهَا صَعِيْدًا جُرُزًا ⑧

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | बंजर (चटयल) | साफ़ मैदान | जो उस पर | अलबत्ता करने वाले | और बेशक हम | 7 | अ़मल में | बेहतर |

اَمْ حَسِبْتَ اَنَّ اَصْحٰبَ الْكَهْفِ وَالرَّقِيْمِ كَانُوْا مِنْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| से | वह थे | और रक़ीम | अस्हाबे कहफ़ (ग़ार वाले) | कि | क्या तुम ने गुमान किया? |

اٰيٰتِنَا عَجَبًا ⑨ اِذْ اَوَى الْفِتْيَةُ اِلَى الْكَهْفِ فَقَالُوْا رَبَّنَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ हमारे रब | तो उन्हों ने कहा | ग़ार | तरफ़-में | जवान (जमा) | पनाह ली | जब | 9 | हमारी निशानियां अ़जीब |

اٰتِنَا مِنْ لَّدُنْكَ رَحْمَةً وَّهَيِّئْ لَنَا مِنْ اَمْرِنَا رَشَدًا ⑩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | दुरुस्ती | हमारे काम में | हमारे लिए | और मुहैया कर | रहमत | अपनी तरफ़ से | हमें दे |

فَضَرَبْنَا عَلٰٓى اٰذَانِهِمْ فِى الْكَهْفِ سِنِيْنَ عَدَدًا ⑪

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | कई साल | ग़ार में | उन के कान (जमा) | पर | पस हम ने मारा (पर्दा डाला) |

ع ١ ١٢ ١٢ ثُمَّ بَعَثْنٰهُمْ لِنَعْلَمَ اَيُّ الْحِزْبَيْنِ اَحْصٰى لِمَا لَبِثُوْٓا اَمَدًا ﴿١٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | मुद्दत | कितनी देर रहे | हिसाब रखा | दोनों गिरोह | कौन-किस | ताकि हम देखें | हम ने उन्हें उठाया | फिर |

نَحْنُ نَقُصُّ عَلَيْكَ نَبَاَهُمْ بِالْحَقِّ ؕ اِنَّهُمْ فِتْيَةٌ اٰمَنُوْا بِرَبِّهِمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने रब पर | वह ईमान लाए | चन्द नौजवान | बेशक वह | ठीक ठीक | उनका हाल | तुझ से | बयान करते है | हम |

وَزِدْنٰهُمْ هُدًى ﴿١٣﴾ وَّرَبَطْنَا عَلٰى قُلُوْبِهِمْ اِذْ قَامُوْا فَقَالُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उन्हों ने कहा | वह खड़े हुए | जब | उन के दिल | पर | और हम ने गिरह लगादी | 13 | हिदायत | और हम ने और ज़ियादा दी उन्हें |

رَبُّنَا رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ لَنْ نَّدْعُوَاۡ مِنْ دُوْنِهٖٓ اِلٰهًا لَّقَدْ قُلْنَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता हम ने कही | कोई माबूद | उस के सिवा | हम पुकारेंगे | हरगिज न | आस्मानों और जमीन का परवरदिगार | हमारा रब |

اِذًا شَطَطًا ﴿١٤﴾ هٰٓؤُلَآءِ قَوْمُنَا اتَّخَذُوْا مِنْ دُوْنِهٖٓ اٰلِهَةً ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और माबूद | उस के सिवा | उन्हों ने बना लिए | हमारी कौम | यह है | 14 | बेजा बात | उस वक्त |

لَوْلَا يَاْتُوْنَ عَلَيْهِمْ بِسُلْطٰنٍۭ بَيِّنٍ ؕ فَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इफ्तिरा करे | उस से जो | बड़ा ज़ालिम | पस कौन | वाज़ेह | कोई दलील | उन पर | क्यों वह नहीं लाते |

عَلَى اللّٰهِ كَذِبًا ﴿١٥﴾ وَاِذِ اعْتَزَلْتُمُوْهُمْ وَمَا يَعْبُدُوْنَ اِلَّا اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के सिवा | और जो वह पूजते है | तुम ने उन से किनारा कर लिया | और जब | 15 | झूट | अल्लाह | पर |

فَاْوٗٓا اِلَى الْكَهْفِ يَنْشُرْ لَكُمْ رَبُّكُمْ مِّنْ رَّحْمَتِهٖ وَيُهَيِّئْ لَكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | मुहैया करेगा | अपनी रहमत | से | तुम्हारा रब | फैला देगा तुम्हें | ग़ार | तरफ़-में | तो पनाह लो |

مِّنْ اَمْرِكُمْ مِّرْفَقًا ﴿١٦﴾ وَتَرَى الشَّمْسَ اِذَا طَلَعَتْ تَّزٰوَرُ عَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | बच कर जाती है | वह निकलती है | जब | सूरज (धूप) | और तुम देखोगे | 16 | सहूलत | तुम्हार काम | से |

كَهْفِهِمْ ذَاتَ الْيَمِيْنِ وَاِذَا غَرَبَتْ تَّقْرِضُهُمْ ذَاتَ الشِّمَالِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाएं तरफ़ | उन से कतरा जाती है | वह ढल जाती है | और जब | दाएं तरफ़ | उन का ग़ार |

وَهُمْ فِيْ فَجْوَةٍ مِّنْهُ ؕ ذٰلِكَ مِنْ اٰيٰتِ اللّٰهِ ؕ مَنْ يَّهْدِ اللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत दे अल्लाह | जो - जिसे | अल्लाह की निशानियां | से | यह | उस (ग़ार) की | खुली जगह | में | और वह |

ع ٢ ٥ ١٢ فَهُوَ الْمُهْتَدِ ۚ وَمَنْ يُّضْلِلْ فَلَنْ تَجِدَ لَهٗ وَلِيًّا مُّرْشِدًا ﴿١٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | सीधी राह दिखाने वाला | कोई रफ़ीक़ | उस के लिए | पस तू हरगिज़ न पाएगा | वह गुमराह करे | और जो-जिस | पस वह हिदायत याफ़्ता |

وَتَحْسَبُهُمْ اَيْقَاظًا وَّهُمْ رُقُوْدٌ ۖ وَّنُقَلِّبُهُمْ ذَاتَ الْيَمِيْنِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दाएं तरफ़ | और हम बदलवाते हैं उन्हें | सोए हुए | हालांकि वह | बेदार | और तू उन्हें समझे |

وَذَاتَ الشِّمَالِ ۖ وَكَلْبُهُمْ بَاسِطٌ ذِرَاعَيْهِ بِالْوَصِيْدِ ؕ لَوِ اطَّلَعْتَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अगर तू झांकता | देहलीज पर | दोनों हाथ | फैलाए हुए | और उन का कुत्ता | और बाएं तरफ़ |

عَلَيْهِمْ لَوَلَّيْتَ مِنْهُمْ فِرَارًا وَّلَمُلِئْتَ مِنْهُمْ رُعْبًا ﴿١٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | दहशत में | उन से | और तू भर जाता | भागता हुआ | उन से | तो पीठ फेरता | उन पर |

फिर हम ने उन्हें उठाया ताकि हम देखें दोनों गिरोहों में से किस ने खूब याद रखा है कि वह कितनी मुद्दत (ग़ार में) रहे? **(12)**

हम तुझ से ठीक ठीक उन का हाल बयान करते हैं, वह चन्द नौजवान थे, वह ईमान लाए अपने रब पर, और हम ने उन्हें हिदायत और ज़ियादा दी। **(13)**

और हम ने उन के दिलों पर गिरह लगा दी (दिल पुख्ता कर दिए) जब वह खड़े हुए तो उन्हों ने कहा हमारा रब परवरदिगार है आस्मानों का और ज़मीन का, हम उस के सिवाए हरगिज़ किसी को माबूद न पुकारेंगे (वरना) अलबत्ता उस वक़्त हम ने बेजा बात कही। **(14)**

यह है हमारी क़ौम, उस ने उस के सिवा और माबूद बना लिए, वह उन पर कोई वाजेह दलील क्यों नहीं लाते? पस कौन है उस से बड़ा ज़ालिम जो अल्लाह पर झूट इफ्तिरा करे। **(15)**

और जब तुम ने उन से और जिन को वह अल्लाह के सिवा पूजते हैं उन से किनारा कर लिया है तो ग़ार में पनाह लो, तुम्हारा रब तुम्हारे लिए अपनी रहमत फैलादेगा, और तुम्हारे काम में तुम्हारे लिए सहूलत मुहैया करेगा। **(16)**

और तुम देखोगे जब धूप निकलती है, वह उन की ग़ार से दाएं तरफ़ बच कर जाती है, और जब वह ढलती है तो उन से बाएं तरफ़ को कतरा जाती है, और वह ग़ार की खुली जगह में हैं, यह अल्लाह की निशानियों में से है, जिसे हिदायत दे अल्लाह, सो वही हिदायत याफ्ता है और जिसे वह गुमराह करे तो उस के लिए हरगिज़ कोई रफ़ीक़, सीधी राह दिखाने वाला न पाओगे। **(17)**

और तू उन्हें बेदार समझे हालांकि वह सोए हुए हैं और हम उन्हें दाएं तरफ़ और बाएं तरफ़ (करवट) बदलवाते हैं, और उन का कुत्ता दोनों हाथ (पंजे) फैलाए हुए है देहलीज़ पर, अगर तू उन पर झांकता तो उन से पीठ फेर कर भागता, और उन से दहशत में भर जाता। **(18)**

और हम ने उसी तरह उन्हें उठाया ताकि वह आपस में एक दूसरे से सवाल करें, उन में से एक कहने वाले ने कहा तुम (यहां) कितनी देर रहे? उन्हों ने कहा हम रहे एक दिन या एक दिन का कुछ हिस्सा, उन्हों ने कहा तुम्हारा रब ख़ूब जानता है तुम कितनी मुद्दत रहे हो? पस अपने में से एक को अपना यह रुपया दे कर भेजो शहर की तरफ़, पस वह देखे कौन सा खाना पाकीज़ा तर है, तो वह उस से तुम्हारे लिए ले आए और नर्मी करे और किसी को तुम्हारी ख़बर न दे बैठे। (19) बेशक अगर वह तुम्हारी ख़बर पालेंगे तो वह तुम्हें संगसार कर देंगे या तुम्हें लौटा लेंगे अपनी मिल्लत में, और उस सूरत में तुम हरगिज़ कभी फ़लाह न पाओगे। (20) और उसी तरह हम ने (लोगों को) उन पर ख़बरदार किया ताकि वह जान लें कि अल्लाह का वादा सच्चा है, और यह कि क़ियामत में कोई शक नहीं, (याद करो) जब वह उन के मामले में आपस में झगड़ते थे, तो उन्हों ने कहा उन पर एक इमारत बनाओ, उन का रब उन्हें ख़ूब जानता है। जो लोग उन के काम पर ग़ालिब थे उन्हों ने कहा हम ज़रूर बनाएंगे उन पर एक मस्जिद (इबादतगाह)। (21) अब (कुछ) कहेंगे वह तीन हैं चौथा उन का कुत्ता है, और (कुछ) कहेंगे वह पाँच हैं और उन का छटा है उन का कुत्ता, बिन देखे फैंकते हैं (अटकल के तुक्के चला रहे हैं), कुछ कहेंगे वह सात हैं और आठवां उन का कुत्ता है, आप (स) कह दें मेरा रब ख़ूब जानता है उन की तेदाद, उन्हें सिर्फ़ थोड़े जानते हैं, पस सरसरी बहस के सिवा उन के (बारे में) न झगड़ो, और न पूछो उन के बारे में उन में से किसी से। (22)

وَكَذٰلِكَ بَعَثْنٰهُمْ لِيَتَسَآءَلُوْا بَيْنَهُمْ ۚ قَالَ قَآئِلٌ مِّنْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन में से | एक कहने वाला | कहा | आपस में | ताकि वह एक दूसरे से सवाल करें | हम ने उन्हें उठाया | और उसी तरह |

كَمْ لَبِثْتُمْ ۚ قَالُوْا لَبِثْنَا يَوْمًا اَوْ بَعْضَ يَوْمٍ ۚ قَالُوْا رَبُّكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | उन्हों ने कहा | एक दिन का कुछ हिस्सा | या | एक दिन | हम रहे | उन्हों ने कहा | तुम कितनी देर रहे |

اَعْلَمُ بِمَا لَبِثْتُمْ ۚ فَابْعَثُوْٓا اَحَدَكُمْ بِوَرِقِكُمْ هٰذِهٖٓ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| यह | अपना रुपया दे कर | अपने में से एक | पस भेजो तुम | जितनी मुद्दत तुम रहे | ख़ूब जानता है |

اِلَى الْمَدِيْنَةِ فَلْيَنْظُرْ اَيُّهَآ اَزْكٰى طَعَامًا فَلْيَاْتِكُمْ بِرِزْقٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खाना | तो वह तुम्हारे लिए ले आए | खाना | पाकीज़ा तर | कौन सा | पस वह देखे | शहर | तरफ़ |

مِّنْهُ وَلْيَتَلَطَّفْ وَلَا يُشْعِرَنَّ بِكُمْ اَحَدًا ﴿١٩﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | किसी को | तुम्हारी | और वह ख़बर न दे बैठे | और नर्मी करे | उस से |

اِنَّهُمْ اِنْ يَّظْهَرُوْا عَلَيْكُمْ يَرْجُمُوْكُمْ اَوْ يُعِيْدُوْكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें लौटा लेंगे | या | तुम्हें संगसार कर देंगे | तुम्हारी | अगर वह ख़बर पा लेंगे | बेशक वह |

فِيْ مِلَّتِهِمْ وَلَنْ تُفْلِحُوْٓا اِذًا اَبَدًا ﴿٢٠﴾ وَكَذٰلِكَ اَعْثَرْنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने ख़बरदार कर दिया | और उसी तरह | 20 | उस सूरत में कभी | और तुम हरगिज़ फ़लाह न पाओगे | अपनी मिल्लत | में |

عَلَيْهِمْ لِيَعْلَمُوْٓا اَنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ وَّاَنَّ السَّاعَةَ لَا رَيْبَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई शक नहीं | क़ियामत | और यह कि | सच्चा | अल्लाह का वादा | कि | ताकि वह जान लें | उन पर |

فِيْهَا ۚ اِذْ يَتَنَازَعُوْنَ بَيْنَهُمْ اَمْرَهُمْ فَقَالُوا ابْنُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बनाओ | तो उन्हों ने कहा | उन का मामला | आपस में | वह झगड़ते थे | जब | उस में |

عَلَيْهِمْ بُنْيَانًا ۚ رَبُّهُمْ اَعْلَمُ بِهِمْ ۚ قَالَ الَّذِيْنَ غَلَبُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो ग़ालिब थे | कहा | ख़ूब जानता है उन्हें | उनका रब | एक इमारत | उन पर |

عَلٰٓى اَمْرِهِمْ لَنَتَّخِذَنَّ عَلَيْهِمْ مَّسْجِدًا ﴿٢١﴾ سَيَقُوْلُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अब वह कहेंगे | 21 | एक मस्जिद | उन पर | हम ज़रूर बनाएंगे | अपने काम | पर |

ثَلٰثَةٌ رَّابِعُهُمْ كَلْبُهُمْ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ خَمْسَةٌ سَادِسُهُمْ كَلْبُهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का कुत्ता | उन का छटा | पाँच | और वह कहेंगे | उन का कुत्ता | उन का चौथा | तीन |

رَجْمًا بِالْغَيْبِ ۚ وَيَقُوْلُوْنَ سَبْعَةٌ وَّثَامِنُهُمْ كَلْبُهُمْ ۚ قُلْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कह दें आप (स) | उन का कुत्ता | और उन का आठवां | सात | और कहेंगे वह | बिन देखे | बात फैंकना |

رَّبِّيْٓ اَعْلَمُ بِعِدَّتِهِمْ مَّا يَعْلَمُهُمْ اِلَّا قَلِيْلٌ ۗ فَلَا تُمَارِ فِيْهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन में | पस न झगड़ो | थोड़े | मगर सिर्फ़ | उन्हें नहीं जानते है | उन की गिनती (तेदाद) | ख़ूब जानता है | मेरा रब |

اِلَّا مِرَآءً ظَاهِرًا ۠ وَّلَا تَسْتَفْتِ فِيْهِمْ مِّنْهُمْ اَحَدًا ﴿٢٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | किसी | उन में से | उनके (बारे में) | पूछ | और न | ज़ाहिरी (सरसरी) | बहस | सिवाए |

* نصف القرآن باعتبار عدد الحروف بان التّاء بعد الياء من النّصف الاول واللام الثانية من النصف الاخير ١٢

ع ٣ ١٥

وَلَا تَقُوْلَنَّ لِشَاىْءٍ اِنِّىْ فَاعِلٌ ذٰلِكَ غَدًا ﴿٢٣﴾ اِلَّآ اَنْ يَّشَآءَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हरगिज़ न कहना तुम | किसी काम को | कि मैं | करने वाला हूँ | यह | कल | 23 | मगर | यह कि | चाहे |

اللّٰهُ ۡ وَاذْكُرْ رَّبَّكَ اِذَا نَسِيْتَ وَقُلْ عَسٰٓى اَنْ يَّهْدِيَنِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | और तू याद कर | अपना रब | जब | तू भूल जाए | और कह | उम्मीद है | कि मुझे हिदायत दे |

رَبِّىْ لِاَقْرَبَ مِنْ هٰذَا رَشَدًا ﴿٢٤﴾ وَلَبِثُوْا فِىْ كَهْفِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा रब | बहुत ज़ियादा क़रीब की | उस से | भलाई | 24 | और वह रहे | में | अपना ग़ार |

ثَلٰثَ مِائَةٍ سِنِيْنَ وَازْدَادُوْا تِسْعًا ﴿٢٥﴾ قُلِ اللّٰهُ اَعْلَمُ بِمَا لَبِثُوْا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तीन सौ (300) | साल | और उन के ऊपर | नौ (9) | 25 | आप (स) कह दें | अल्लाह | खूब जानता है | कितनी मुद्दत वह ठहरे |

لَهٗ غَيْبُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۭ اَبْصِرْ بِهٖ وَاَسْمِعْ ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उसी को | ग़ैब | आस्मानों | और ज़मीन | क्या वह देखता है | और क्या वह सुनता है |

مَا لَهُمْ مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا يُشْرِكُ فِىْ حُكْمِهٖٓ اَحَدًا ﴿٢٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए नहीं | उस के सिवा | कोई मददगार | और वह शरीक नहीं करता | अपने हुक्म में | किसी को | 26 |

وَاتْلُ مَآ اُوْحِىَ اِلَيْكَ مِنْ كِتَابِ رَبِّكَ ۭ لَا مُبَدِّلَ لِكَلِمٰتِهٖ ڟ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और आप पढ़ें | जो वहि की गई | आप की तरफ़ | से | किताब | आप का रब | नहीं कोई बदलने वाला | उस की बातों को |

وَلَنْ تَجِدَ مِنْ دُوْنِهٖ مُلْتَحَدًا ﴿٢٧﴾ وَاصْبِرْ نَفْسَكَ مَعَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम हरगिज़ न पाओगे | उस के सिवा | कोई पनाह गाह | 27 | और रोक रखो | अपना नफ़्स (अपना आप) | साथ |

الَّذِيْنَ يَدْعُوْنَ رَبَّهُمْ بِالْغَدٰوةِ وَالْعَشِيِّ يُرِيْدُوْنَ وَجْهَهٗ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जो पुकारते हैं | अपना रब | सुबह | और शाम | वह चाहते हैं | उस का चहरा (रज़ा) |

وَلَا تَعْدُ عَيْنٰكَ عَنْهُمْ ۚ تُرِيْدُ زِيْنَةَ الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| न दौड़ें (न फिरें) | तुम्हारी आँखें | उन से | तुम तलबगार हो जाओ | आराइश | ज़िन्दगी | दुनिया |

وَلَا تُطِعْ مَنْ اَغْفَلْنَا قَلْبَهٗ عَنْ ذِكْرِنَا وَاتَّبَعَ هَوٰىهُ وَكَانَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और कहा न मानो | जो - जिस | हम ने ग़ाफ़िल कर दिया | उस का दिल | से | अपना ज़िक्र | और पीछे पड़ गया | अपनी ख़ाहिश | और है |

اَمْرُهٗ فُرُطًا ﴿٢٨﴾ وَقُلِ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّكُمْ ۣ فَمَنْ شَآءَ فَلْيُؤْمِنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का काम | हद से बढ़ा हुआ | 28 | और कह दें | हक़ | से | तुम्हारा रब | पस जो | चाह | सो ईमान लाए |

وَّمَنْ شَآءَ فَلْيَكْفُرْ ۙ اِنَّآ اَعْتَدْنَا لِلظّٰلِمِيْنَ نَارًا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | चाहे | सो कुफ़्र करे (न माने) | बेशक हम | हम ने तैयार किया | ज़ालिमों के लिए | आग |

اَحَاطَ بِهِمْ سُرَادِقُهَا ۭ وَاِنْ يَّسْتَغِيْثُوْا يُغَاثُوْا بِمَآءٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घेर लेंगी | उन्हें | उस की क़न्नातें | और अगर | वह फ़र्याद करेंगे | वह दाद रसी किए जाएंगे | पानी से |

كَالْمُهْلِ يَشْوِى الْوُجُوْهَ ۭ بِئْسَ الشَّرَابُ ۭ وَسَآءَتْ مُرْتَفَقًا ﴿٢٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पिघले हुए ताम्बे की मानिंद | वह भून डालेगा | मुँह (जमा) | बुरा है पीना (मशरूब) | और बुरी है | आराम गाह | 29 |

और हरगिज किसी काम को न कहना "कि मैं कल करने वाला हूँ" (कल कर दूँगा), (23)

मगर "यह कि अल्लाह चाहे" (इनशा अल्लाह) और जब तू भूल जाए तो अपने रब को याद कर और कहो उम्मीद है कि मेरा रब मुझे हिदायत दे उस से जियादा क़रीब की भलाई की। (24)

और वह उस ग़ार में तीन सौ (300) साल रहे, और उन के ऊपर नौ (309 साल)। (25)

आप (स) कह दें अल्लाह खूब जानता है वह कितनी मुद्दत ठहरे, उसी को है आस्मानों और जमीन का ग़ैब, क्या (खूब) वह देखता है और क्या (खूब) वह सुनता है। उन के लिए उस के सिवा कोई मददगार नहीं, वह अपने हुक्म में किसी को शरीक नहीं करता। (26)

और आप (स) पढ़ें जो आप (स) की तरफ आप (स) के रब की किताब वहि की गई है, उस की बातों को कोई बदलने वाला नहीं, और तुम हरगिज़ न पाओगे उस के सिवा कोई पनाह गाह। (27)

और अपने आप को उन लोगों के साथ रोके (लगाए) रखो जो अपने रब को पुकारते हैं सुबह और शाम, वह उस की रजा चाहते हैं, और तुम्हारी आँखें उन से न फिरें कि तुम दुनिया की जिन्दगी की आराइश के तलबगार हो जाओ, और उस का कहा न मानो जिस का दिल हम ने अपने ज़िक्र से ग़ाफ़िल कर दिया, और वह अपनी ख़ाहिश के पीछे पड़ गया, और उस का काम हद से बढ़ा हुआ है। (28)

और आप (स) कह दें हक़ तुम्हारे रब की तरफ से है, पस जो चाहे सो ईमान लाए और जो चाहे सो न माने, हम ने बेशक तैयार की है ज़ालिमों के लिए आग, उस की क़न्नातें उन्हें घेर लेंगी, और अगर वह फ़र्याद करेंगे तो पिघले हुए ताम्बे के मानिंद (खौलते) पानी से दाद रसी किए जाएंगे, वह (उन के) मुँह भून डालेगा, बुरा है उन का मशरूब और बुरी है (उन की) आराम गाह (जहन्नम)। (29)

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अमल किए नेक, यक़ीनन हम उस का अजर जाया नहीं करेंगे जिस ने अच्छा अ़मल किया। (30)
यही लोग हैं उन के लिए हमेशगी के बाग़ात हैं, बहती हैं उन के नीचे नहरें, उस में उन्हें सोने के कंगन पहनाए जाएंगे, और वह कपड़े पहनेंगे सब्ज बारीक रेशम के और दबीज़ रेशम के, उस में वह मसहरियों पर तकिया लगाए हुए होंगे, अच्छा बदला और खूब है आराम गाह। (31)
और आप (स) उन के लिए दो आदमियों का हाल बयान करें, हम ने उन में से एक के लिए दो (2) बाग़ बनाए अंगूरों के, और हम ने उन्हें खजूरों के दरख़्तों (की बाड़) से घेर लिया, और उन के दरमियान खेती रखी। (32)
दोनों बाग अपने फल लाए, और उस (पैदावार) में कुछ कमी न करते थे, और हम ने उन दोनों के दरमियान में एक नहर जारी कर दी। (33)
और उस के लिए (बहुत) फल था तो वह अपने साथी से बोला, मैं माल में तुझ से जियादा तर हूँ, और आदमियों (जत्थे) के लिहाज से ज़ियादा बाइज़्ज़त हूँ। (34)
और वह अपने बाग़ में दाख़िल हुआ (इस हाल में कि) वह अपनी जान पर ज़ुल्म कर रहा था, वह बोला मैं गुमान नहीं करता कि यह कभी बरबाद होगा। (35)
और मैं गुमान नहीं करता कि क़ियामत बरपा होने वाली है, और अगर मैं अपने रब की तरफ़ लौटाया गया तो मैं ज़रूर इस से बेहतर लौटने की जगह पाऊँगा। (36)
उस के साथी ने उस से कहा और वह उस से बातें कर रहा था, क्या तू उस के साथ कुफ़्र करता है? जिस ने तुझे मिट्टी से पैदा किया, फिर नुत्फ़े से, फिर उस ने तुझे बनाया (पूरा) मर्द। (37)
लेकिन मैं (कहता हूँ) वही अल्लाह मेरा रब है, और मैं अपने रब के साथ किसी को शरीक नहीं करता। (38)

اِنَّ الَّذِيۡنَ اٰمَنُوۡا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ اِنَّا لَا نُضِيۡعُ اَجۡرَ مَنۡ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो - जिस | अजर | हम ज़ाया नहीं करेंगे | यक़ीनन हम | नेक | और उन्हों ने अ़मल किए | जो लोग ईमान लाए | बेशक |

اَحۡسَنَ عَمَلًا ۚ﴿۳۰﴾ اُولٰٓـئِكَ لَهُمۡ جَنّٰتُ عَدۡنٍ تَجۡرِىۡ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बहती हैं | हमेशगी | बाग़ात | उन के लिए | यही लोग | 30 | अ़मल | अच्छा किया |

مِنۡ تَحۡتِهِمُ الۡاَنۡهٰرُ يُحَلَّوۡنَ فِيۡهَا مِنۡ اَسَاوِرَ مِنۡ ذَهَبٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सोना | से | कंगन | से | उस में | पहनाए जाएंगे | नहरें | उन के नीचे |

وَّيَلۡبَسُوۡنَ ثِيَابًا خُضۡرًا مِّنۡ سُنۡدُسٍ وَّاِسۡتَبۡرَقٍ مُّتَّكِـئِيۡنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तकिया लगाए हुए | और दबीज़ रेशम | बारीक रेशम | से - के | सब्ज़ रंग | कपड़े | और वह पहनेंगे |

فِيۡهَا عَلَى الۡاَرَآئِكِ ؕ نِعۡمَ الثَّوَابُ ؕ وَحَسُنَتۡ مُرۡتَفَقًا ﴿۳۱﴾ وَاضۡرِبۡ ع ٩ ١٦

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बयान करें आप (स) | 31 | आराम गाह | और खूब है | बदला | अच्छा | तख़्तों (मसहरियों) पर | उन में |

لَهُمۡ مَّثَلًا رَّجُلَيۡنِ جَعَلۡنَا لِاَحَدِهِمَا جَنَّتَيۡنِ مِنۡ اَعۡنَابٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंगूर (जमा) | से - के | दो बाग़ | उन में एक के लिए | हम ने बनाए | दो आदमी | मिसाल (हाल) | उन के लिए |

وَّحَفَفۡنٰهُمَا بِنَخۡلٍ وَّجَعَلۡنَا بَيۡنَهُمَا زَرۡعًا ﴿۳۲﴾ كِلۡتَا الۡجَنَّتَيۡنِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दोनों बाग़ | 32 | खेती | उन के दरमियान | और बना दी (रखी) | खजूरों के दरख़्त | और हम ने उन्हें घेर लिया |

|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारी | परवाह नहीं रखता | फ़रमा दें | 76 | और मस्‌कन | आरामगाह | अच्छी है | उस में | वह हमेशा रहेंगे |

رَبِّيْ لَوْلَا دُعَآؤُكُمْ ۚ فَقَدْ كَذَّبْتُمْ فَسَوْفَ يَكُوْنُ لِزَامًا ﴿٧٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | लाज़मी | होगी | पस अनक़रीब | झुटलाया तुम ने | अगर न पुकारो तुम | मेरा रब |

آيَاتُهَا ٢٢٧ ❀ (٢٦) سُوْرَةُ الشُّعَرَآءِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ١١

रुकूआ़त 11 — (26) सूरतुश शुअ़रा शायर (जमा) — आयात 227

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है

طٰسٓمّٓ ﴿١﴾ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْمُبِيْنِ ﴿٢﴾ لَعَلَّكَ بَاخِعٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हलाक कर लोगे | शायद तुम | 2 | रोशन किताब | आयतें | यह | 1 | ता सीन मीम |

نَّفْسَكَ اَلَّا يَكُوْنُوْا مُؤْمِنِيْنَ ﴿٣﴾ اِنْ نَّشَاْ نُنَزِّلْ عَلَيْهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | हम उतार दें | अगर हम चाहें | 3 | ईमान लाते | कि वह नहीं | अपने तईं |

مِّنَ السَّمَآءِ اٰيَةً فَظَلَّتْ اَعْنَاقُهُمْ لَهَا خٰضِعِيْنَ ﴿٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | पस्त | उस के आगे | उन की गर्दनें | तो हो जाएं | कोई निशानी | आस्मान से |

रोज़े क़ियामत उस के लिए अ़ज़ाब दोचन्द कर दिया जाएगा, और वह उस में हमेशा रहेगा, ख़्वार हो कर। (69)
सिवाए उस के जिस ने तौबा की, और वह ईमान लाया, और उस ने नेक अ़मल किए, पस अल्लाह उन लोगों की बुराइयां बदल देगा भलाइयों से, और अल्लाह बख़्शने वाला निहायत मेह्‌रबान है। (70)
और जिस ने तौबा की और नेक अ़मल किए तो बेशक वह रुजूअ़ करता है अल्लाह की तरफ़ (जैसे) रुजूअ़ करने का मुक़ाम (हक़) है। (71)
और वह लोग जो झूट की गवाही नहीं देते और जब बेहूदा चीज़ों के पास से गुज़रें तो गुज़रते हैं बुज़ुर्गाना (सन्‌जीदगी के अन्दाज़ से)। (72)
और वह लोग कि जब उन्हें उन के रब के अहकाम से नसीहत की जाती है तो वह उन पर नहीं गिर पड़ते बहरों और अंधों की तरह। (73)
और वह लोग जो वह कहते हैं ऐ हमारे रब! हमें हमारी बीवियों और हमारी औलाद से आँखों की ठंडक अ़ता फ़रमा, और हमें बनादे परहेज़गारों का पेश्‌वा। (74)
उन लोगों को उन के सब्र की बदौलत (जन्नत के) बाला ख़ाने इन्‌आ़म दिए जाएंगे और वह उस में दुआ़ए ख़ैर और सलाम से पेश्‌वाई किए जाएंगे। (75)
वह उस में हमेशा रहेंगे, (क्या ही) अच्छी है आरामगाह और अच्छा मस्‌कन। (76)
आप (स) फ़रमा दें अगर तुम उस को न पुकारो, तो मेरा रब तुम्हारी परवाह नहीं रखता, अब कि तुम ने झुटलाया, पस अ़नक़रीब (उस की सज़ा) लाज़िमी होगी। (77)
अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है
ता-सीन-मीम। (1)
यह रोशन किताब की आयतें हैं। (2)
शायद आप (स) (उन के ग़म में) अपने तईं हलाक कर लेंगे कि वह ईमान नहीं लाते। (3)
अगर हम चाहें तो उन पर आस्मान से कोई निशानी उतार दें, तो उस के आगे उन की गर्दनें पस्त हो जाएं। (4)

और उन के पास रहमान की तरफ़ से कोई नई नसीहत नहीं आती मगर वह उस से रूगर्दान हो जाते हैं। (5)
पस बेशक उन्हों ने झुटलाया तो जल्द उन के पास उस की खबरें आएंगी (हक़ीक़त मालूम हो जाएगी) जिस का वह मज़ाक़ उड़ाते हैं। (6)
क्या उन्हों ने ज़मीन की तरफ नहीं देखा? कि हम ने उस में किस क़द्र उम्दा उम्दा हर क़िस्म की चीजें जोड़ा जोड़ा उगाई हैं। (7)
बेशक उस में अलबत्ता निशानी है, और उन में अक्सर नहीं हैं ईमान लाने वाले। (8)
और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब है, निहायत मेहरबान। (9)
और (याद करो) जब तुम्हारे रब ने मूसा (अ) को फ़रमाया कि ज़ालिम लोगों के पास जाओ। (10)
(यानी) क़ौमे फ़िरऔन के पास, क्या वह मुझ से नहीं डरते? (11)
उस ने कहा ऐ मेरे रब! बेशक मैं डरता हूँ (मुझे अन्देशह है) कि वह मुझे झुटलाएंगे। (12)
और मेरा दिल तंग होता है, और मेरी जबान (खूब) नहीं चलती, पस हारून (अ) की तरफ़ पैगाम भेज। (13)
और उन का मुझ पर एक इल्ज़ाम (भी) है, पस मुझे डर है कि वह मुझे क़त्ल न कर दें। (14)
फ़रमाया हरगिज़ नहीं, तुम दोनों हमारी निशानियों के साथ जाओ, बेशक हम तुम्हारे साथ हैं सुनने वाले। (15)
पस तुम दोनों फ़िरऔन के पास जाओ तो उसे कहो कि बेशक हम तमाम जहानों के रब के रसूल हैं। (16)
कि तू भेज दे हमारे साथ बनी इस्राईल को। (17)
फ़िरऔन ने कहा क्या हम ने तुझे बचपन में नहीं पाला? और तू हमारे दरमियान रहा अपनी उम्र के कई बरस। (18)
और तू ने वह काम किया जो तू ने किया (एक क़िबती का क़त्ल हो गया) और तू नाशुक्रों में से है। (19)
मूसा (अ) ने कहा मैं ने वह किया था जब मैं राह से बेख़बरों में से था। (20)
जब मैं तुम से ड़रा तो मैं तुम से भाग गया, पस मेरे रब ने मुझे हुक्म अ़ता किया (नबूव्वत दी) और मुझे रसूलों में से बनाया। (21)
और यह नेमत जिस का तू मुझ पर एहसान रखता है? कि तू ने बनी इस्राईल को ग़ुलाम बनाया। (22)
फ़िरऔन ने कहा, और क्या है सारे जहान का रब! (23)

وَمَا يَاْتِيْهِمْ مِّنْ ذِكْرٍ مِّنَ الرَّحْمٰنِ مُحْدَثٍ اِلَّا كَانُوْا عَنْهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से | हो जाते है वह | मगर | नई | रहमान | (तरफ़) से | कोई नसीहत | और नही आती उन के पास |

مُعْرِضِيْنَ ﴿٥﴾ فَقَدْ كَذَّبُوْا فَسَيَاْتِيْهِمْ اَنْۢبٰٓؤُا مَا كَانُوْا بِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का | जो वह थे | ख़बरें | तो जल्द आएंगी उन के पास | पस बेशक उन्हों ने झुटलाया | 5 | रूगरदान |

يَسْتَهْزِءُوْنَ ﴿٦﴾ اَوَلَمْ يَرَوْا اِلَى الْاَرْضِ كَمْ اَنْۢبَتْنَا فِيْهَا مِنْ كُلِّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर किस्म | उस में | उगाई हम ने | किस कद्र | जमीन की तरफ | क्या उन्हों ने नही देखा? | 6 | मजाक़ उड़ाते |

زَوْجٍ كَرِيْمٍ ﴿٧﴾ اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ۚ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٨﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | ईमान लाने वाले | उन में अक्सर | और नही है | अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक | 7 | उम्दा | जोड़ा जोड़ा |

وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿٩﴾ وَاِذْ نَادٰى رَبُّكَ مُوْسٰٓى اَنِ ائْتِ ع ٩ ٥

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि तू जा | मूसा (अ) | तुम्हारा रब | पुकारा (फ़रमाया) | और जब | 9 | रह्म करने वाला | ग़ालिब | अलबत्ता वह | तुम्हारा रब | और बेशक |

الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٠﴾ قَوْمَ فِرْعَوْنَ ۚ اَلَا يَتَّقُوْنَ ﴿١١﴾ قَالَ رَبِّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ मेरे रब | उस ने कहा | 11 | क्या वह मुझ से नही डरते | कौमे फ़िरऔन | 10 | ज़ालिम लोग |

اِنِّيْٓ اَخَافُ اَنْ يُّكَذِّبُوْنِ ﴿١٢﴾ وَيَضِيْقُ صَدْرِيْ وَلَا يَنْطَلِقُ لِسَانِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरी जबान | और नही चलती | मेरा सीना (दिल) | और तंग होता है | 12 | वह मुझे झुटलाएंगे | कि | बेशक मैं डरता हूँ |

فَاَرْسِلْ اِلٰى هٰرُوْنَ ﴿١٣﴾ وَلَهُمْ عَلَيَّ ذَنْۢبٌ فَاَخَافُ اَنْ يَّقْتُلُوْنِ ﴿١٤﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | कि वह मुझे क़त्ल (न) कर दें | पस मैं डरता हूँ | एक इल्ज़ाम | मुझ पर | और उनका | 13 | हारून | तरफ़ | पस पैग़ाम भेज |

قَالَ كَلَّا ۚ فَاذْهَبَا بِاٰيٰتِنَآ اِنَّا مَعَكُمْ مُّسْتَمِعُوْنَ ﴿١٥﴾ فَاْتِيَا فِرْعَوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़िरऔन | पस तुम दोनों जाओ | 15 | सुनने वाले | तुम्हारे साथ | बेशक हम | पस तुम दोनों जाओ हमारी निशानियों के साथ | हरगिज़ नहीं | फ़रमाया |

فَقُوْلَآ اِنَّا رَسُوْلُ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٦﴾ اَنْ اَرْسِلْ مَعَنَا بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿١٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | बनी इस्राईल | हमारे साथ | तू भेज दे | कि | 16 | तमाम जहानों का रब | बेशक हम रसूल | तो उसे कहो |

قَالَ اَلَمْ نُرَبِّكَ فِيْنَا وَلِيْدًا وَّلَبِثْتَ فِيْنَا مِنْ عُمُرِكَ سِنِيْنَ ﴿١٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | कई बरस | अपनी उम्र के | हमारे दरमियान | और तू रहा | बचपन में | अपने दरमियान | क्या हम ने तुझे नही पाला | फ़िरऔन ने कहा |

وَفَعَلْتَ فَعْلَتَكَ الَّتِيْ فَعَلْتَ وَاَنْتَ مِنَ الْكٰفِرِيْنَ ﴿١٩﴾ قَالَ فَعَلْتُهَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं ने वह किया था | मूसा (अ) ने कहा | 19 | नाशुक्रे | से | और तू | जो तू ने किया | अपना (वह) काम | और तू ने किया |

اِذًا وَّاَنَا مِنَ الضَّآلِّيْنَ ﴿٢٠﴾ فَفَرَرْتُ مِنْكُمْ لَمَّا خِفْتُكُمْ فَوَهَبَ لِيْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस अता किया मुझे | जब मैं डरा तुम से | तुम से | तो मैं भाग गया | 20 | राह से बेख़बर (जमा) | से | और मैं | जब |

رَبِّيْ حُكْمًا وَّجَعَلَنِيْ مِنَ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿٢١﴾ وَتِلْكَ نِعْمَةٌ تَمُنُّهَا عَلَيَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तू उस का एहसान रखता है मुझ पर | नेमत | और यह | 21 | रसूल (जमा) | से | और मुझे बनाया | हुक्म | मेरा रब |

اَنْ عَبَّدْتَّ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿٢٢﴾ قَالَ فِرْعَوْنُ وَمَا رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٢٣﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | सारे जहान | रब | और क्या है | फ़िरऔन ने कहा | 22 | बनी इस्राईल | कि तू ने ग़ुलाम बनाया |

قَالَ رَبُّ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَمَا بَيْنَهُمَا ۚ اِنْ كُنْتُمْ مُّوْقِنِيْنَ ﴿٢٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | यक़ीन करने वाले | तुम हो | अगर | और जो उन के दरमियान | और ज़मीन | रब है आस्मानों का | उस ने कहा |

قَالَ لِمَنْ حَوْلَهٗۤ اَلَا تَسْتَمِعُوْنَ ﴿٢٥﴾ قَالَ رَبُّكُمْ وَرَبُّ اٰبَآئِكُمُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे बाप दादा | और रब | तुम्हारा रब | (मूसा अ) ने कहा | 25 | क्या तुम सुनते नही | उस के इर्द गिर्द | उन्हें जो | उस से कहा |

الْاَوَّلِيْنَ ﴿٢٦﴾ قَالَ اِنَّ رَسُوْلَكُمُ الَّذِيْۤ اُرْسِلَ اِلَيْكُمْ لَمَجْنُوْنٌ ﴿٢٧﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | अलबत्ता दीवाना | तुम्हारी तरफ़ | भेजा गया | वह जो | तुम्हारा रसूल | बेशक | फ़िरऔन बोला | 26 | पहले |

قَالَ رَبُّ الْمَشْرِقِ وَالْمَغْرِبِ وَمَا بَيْنَهُمَا ۚ اِنْ كُنْتُمْ تَعْقِلُوْنَ ﴿٢٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | तुम समझते हो | अगर | उन दोनों के दरमियान | और जो | और मग्रिब | मश्रिक | रब | मूसा (अ) ने कहा |

قَالَ لَئِنِ اتَّخَذْتَ اِلٰهًا غَيْرِيْ لَاَجْعَلَنَّكَ مِنَ الْمَسْجُوْنِيْنَ ﴿٢٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | क़ैदी (जमा) | से | तो मैं ज़रूर करदूँगा तुझे | मेरे सिवा | कोई माबूद | तू ने बनाया | अलबत्ता अगर | वह बोला |

قَالَ اَوَلَوْ جِئْتُكَ بِشَيْءٍ مُّبِيْنٍ ﴿٣٠﴾ قَالَ فَاْتِ بِهٖۤ اِنْ كُنْتَ مِنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | अगर तू है | तू ले आ उसे | वह बोला | 30 | वाज़ेह | एक शै (मोजिज़ा) | अगरचे मैं लाऊँ तेरे पास | (मूसा अ) ने कहा |

الصّٰدِقِيْنَ ﴿٣١﴾ فَاَلْقٰى عَصَاهُ فَاِذَا هِيَ ثُعْبَانٌ مُّبِيْنٌ ﴿٣٢﴾ وَّنَزَعَ يَدَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना हाथ | और उस ने खींचा (निकाला) | 32 | खुला (नुमायां) | अज़्दहा | तो अचानक वह | अपना असा | पस मूसा (अ) ने डाला | 31 | सच्चे |

ع ٢ ٢٣ ٦

فَاِذَا هِيَ بَيْضَآءُ لِلنّٰظِرِيْنَ ﴿٣٣﴾ قَالَ لِلْمَلَاِ حَوْلَهٗۤ اِنَّ هٰذَا لَسٰحِرٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जादूगर | बेशक यह | अपने गिर्द | सरदारों से | फ़िरऔन ने कहा | 33 | देखने वालों के लिए | चमकता हुआ | तो यकायक वह |

عَلِيْمٌ ﴿٣٤﴾ يُّرِيْدُ اَنْ يُّخْرِجَكُمْ مِّنْ اَرْضِكُمْ بِسِحْرِهٖ ۖ فَمَاذَا تَاْمُرُوْنَ ﴿٣٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | तो क्या तुम हुक्म (मश्वरा) देते हो | अपने जादू से | तुम्हारी सर ज़मीन | से | तुम्हें निकाल दे | कि | यह चाहता है | 34 | दाना, माहिर |

قَالُوْۤا اَرْجِهْ وَاَخَاهُ وَابْعَثْ فِي الْمَدَآئِنِ حٰشِرِيْنَ ﴿٣٦﴾ يَاْتُوْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ले आएं तेरे पास | 36 | इकटठा करने वाले (नक़ीब) | शहरों | में | और भेज | और उस के भाई को | मोहलत दे उसे | वह बोले |

بِكُلِّ سَحَّارٍ عَلِيْمٍ ﴿٣٧﴾ فَجُمِعَ السَّحَرَةُ لِمِيْقَاتِ يَوْمٍ مَّعْلُوْمٍ ﴿٣٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | जाने पहचाने (मुअय्यन) | एक दिन | मुकर्ररा वक्त पर | जादूगर | पस जमा किए गए | 37 | माहिर | तमाम बड़े जादूगर |

وَّقِيْلَ لِلنَّاسِ هَلْ اَنْتُمْ مُّجْتَمِعُوْنَ ﴿٣٩﴾ لَعَلَّنَا نَتَّبِعُ السَّحَرَةَ اِنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | जादूगर (जमा) | पैरवी करें | ताकि हम | 39 | जमा होने वाले हो (जमा होगे) | तुम | क्या | लोगों से | और कहा गया |

كَانُوْا هُمُ الْغٰلِبِيْنَ ﴿٤٠﴾ فَلَمَّا جَآءَ السَّحَرَةُ قَالُوْا لِفِرْعَوْنَ اَئِنَّ لَنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या यक़ीनन हमारे लिए | फ़िरऔन से | उन्हों ने कहा | जादूगर | आए | पस जब | 40 | ग़ालिब (जमा) | हों वह |

لَاَجْرًا اِنْ كُنَّا نَحْنُ الْغٰلِبِيْنَ ﴿٤١﴾ قَالَ نَعَمْ وَاِنَّكُمْ اِذًا لَّمِنَ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता से | उस वक़्त | और बेशक तुम | हां | उस ने कहा | 41 | ग़ालिब (जमा) | हम | हम हुए | अगर | कुछ इन्आम |

الْمُقَرَّبِيْنَ ﴿٤٢﴾ قَالَ لَهُمْ مُّوْسٰۤى اَلْقُوْا مَاۤ اَنْتُمْ مُّلْقُوْنَ ﴿٤٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | डालने वाले | तुम | जो | तुम डालो | मूसा (अ) | उन से | कहा | 42 | मुक़र्रबीन |

मूसा (अ) ने कहाः रब है आस्मानों का और ज़मीन का, और जो उन के दरमियान है, अगर तुम यक़ीन करने वाले हो। (24)
उस ने अपने इर्द गिर्द वालों से कहा, क्या तुम सुनते नहीं। (25)
मूसा (अ) ने कहाः रब है तुम्हारा और रब है तुम्हारे पहले बाप दादा का। (26)
फ़िरऔन बोला, बेशक तुम्हारा रसूल जो तुम्हारी तरफ़ भेजा गया है अलबत्ता दीवाना है। (27)
मूसा (अ) ने कहाः रब है मश्रिक़ का और मग्रिब का, और जो उन दोनों के दरमियान है, अगर तुम समझते हो। (28)
वह बोला, अलबत्ता अगर तू ने कोई और माबूद बनाया मेरे सिवा, तो मैं जरूर तुझे क़ैद करदूँगा। (29)
मूसा (अ) ने कहा अगरचे मैं तेरे पास एक वाज़ेह मोजिज़ा लाऊँ? (30)
वह बोला तू उसे ले आ अगर तू सच्चों में से है (सच्चा है)। (31)
पस मूसा (अ) ने अपना असा डाला तो वह अचानक नुमायां अज़्दहा बन गया। (32)
और उस ने अपना हाथ (गरेबान से) निकाला तो नागाह वह देखने वालों के लिए चमकता दिखाई देने लगा। (33)
फ़िरऔन ने अपने इर्द गिर्द के सरदारों से कहा बेशक यह माहिर जादूगर है। (34)
वह चाहता है कि तुम्हें अपने जादू (के ज़ोर) से तुम्हारी सर जमीन से निकाल दे तो तुम क्या मशवरा देते हो? (35)
वह बोले उसे और उस के भाई को मोहलत दे, और शह्रों में नक़ीब भेज। (36)
कि तेरे पास तमाम बड़े माहिर जादूगर ले आएं। (37)
पस जादूगर जमा हो गए, एक मुअय्यन दिन, वक़्त मुक़र्रा पर। (38)
और लोगों से कहा गया क्या तुम जमा होगे? (39)
ताकि हम पैरवी करें जादूगरों की, अगर वह ग़ालिब हूँ। (40)
जब जादूगर आए तो उन्हों ने फ़िरऔन से कहा क्या हमारे लिए यक़ीनी तौर पर कुछ इन्आम होगा? अगर हम ग़ालिब आए। (41)
उस ने कहा हां! तुम उस वक़्त बेशक (मेरे) मुक़र्रबीन में से होगे। (42)
कहा मूसा (अ) ने उन से (अपना दाओ) डालो जो तुम डालने वाले हो। (43)

पस उन्हों ने अपनी रस्सियां और लाठियां डालीं, और वह बोले कि बेशक फ़िरअ़ौन के इक्बाल से हम ही गालिब आने वाले हैं। (44)
पस मूसा (अ) ने अपना असा डाला तो वह नागाह निगलने लगा जो उन्हों ने ढकोसला बनाया था। (45)
पस जादूगर सिज्दा करते हुए गिर पड़े। (46)
वह बोले कि हम ईमान लाए सारे जहानों के रब पर। (47)
(जो) रब है मूसा (अ) का और हारून (अ) का। (48)
फ़िरअ़ौन ने कहा तुम उस पर (इस से) पहले ईमान ले आए कि मैं तुम्हें इजाजत दूं, बेशक वह अलबत्ता तुम्हारा बड़ा है जिस ने तुम्हें जादू सिखाया, पस तुम जल्द जान लोगे, मैं ज़रूर तुम्हारे हाथ पाऊं काट डालूंगा, दूसरी तरफ़ के (एक तरफ़ का हाथ दूसरी तरफ़ का पाऊं) और मैं जरूर तुम सब को सूली दूंगा। (49)
वह बोले कुछ हर्ज नहीं बेशक हम अपने रब की तरफ़ लौट कर जाने वाले हैं। (50)
हम उम्मीद रखते हैं कि हमारा रब हमारी खताएं बख़्शदेगा, कि हम पहले ईमान लाने वाले हैं। (51)
और हम ने मूसा (अ) की तरफ़ वहि की कि रातों रात मेरे बन्दों को ले कर निकल, बेशक तुम पीछा किए जाओगे (तुम्हारा तआ़कुब होगा)। (52)
पस भेजा फ़िरअ़ौन ने शहरों में नकीब। (53)
बेशक यह लोग एक थोड़ी (छोटी सी) जमाअत हैं। (54)
और वह बेशक हमें गुस्से में लाने वाले (गुस्सा दिला रहे हैं)। (55)
और बेशक हम एक जमाअ़त हैं मुसल्लह, मोहतात। (56)
(इरशादे इलाही): पस हम ने उन्हें बाग़ात और चश्मों से निकाला। (57)
और ख़ज़ानों और उम्दा ठिकानों से। (58)
इसी तरह हम ने उन का वारिस बनाया बनी इस्राईल को। (59)
पस उन्हों ने सूरज निकलते (सुब्ह सवेरे) उन का पीछा किया। (60)
पस जब दोनों जमाअतों ने एक दूसरे को देखा तो मूसा (अ) के साथी कहने लगे, यकीनन हम पकड़ लिए गए। (61)
मूसा (अ) ने कहा, हरगिज नहीं, बेशक मेरा रब मेरे साथ है, वह मुझे जल्द (बच निकलने की) राह दिखाएगा। (62)
पस हम ने मूसा (अ) की तरफ़ वहि भेजी कि तू अपना असा दर्या पर मार (उन्हों ने मारा) तो दर्या फट गया, पस हर हिस्सा बड़े बड़े पहाड़ की तरह हो गया। (63)
और हम ने उस जगह दूसरों (फ़िरऔनियों) को करीब कर दिया। (64)

فَاَلْقَوْا حِبَالَهُمْ وَعِصِيَّهُمْ وَقَالُوْا بِعِزَّةِ فِرْعَوْنَ اِنَّا لَنَحْنُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक अलबत्ता हम | फ़िरऔन | इक्बाल से | और बोले वह | और अपनी लाठियां | अपनी रस्सियां | पस उन्हों ने डाले |

الْغٰلِبُوْنَ ﴿٤٤﴾ فَاَلْقٰى مُوْسٰى عَصَاهُ فَاِذَا هِىَ تَلْقَفُ مَا يَاْفِكُوْنَ ﴿٤٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | जो उन्हों ने ढकोसला बनाया | निगलने लगा | तो यकायक वह | अपना असा | मूसा (अ) | पस डाला | 44 | गालिब आने वाले |

فَاُلْقِىَ السَّحَرَةُ سٰجِدِيْنَ ﴿٤٦﴾ قَالُوْٓا اٰمَنَّا بِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٤٧﴾ رَبِّ مُوْسٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मूसा (अ) | रब | 47 | सारे जहानों के रब पर | हम ईमान लाए | वह बोले | 46 | सिज्दा करते हुए | पस डाल दिए गए (गिर पड़े) जादूगर |

وَهٰرُوْنَ ﴿٤٨﴾ قَالَ اٰمَنْتُمْ لَهٗ قَبْلَ اَنْ اٰذَنَ لَكُمْ ۚ اِنَّهٗ لَكَبِيْرُكُمُ الَّذِىْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस ने | अलबत्ता बड़ा है तुम्हारा | बेशक वह | तुम्हें | इजाजत दूं | कि मैं | पहले | तुम ईमान लाए उस पर | (फ़िरऔन) ने कहा | 48 | और हारून (अ) |

عَلَّمَكُمُ السِّحْرَ ۚ فَلَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ۚ لَاُقَطِّعَنَّ اَيْدِيَكُمْ وَاَرْجُلَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हारे पैर | तुम्हारे हाथ | अलबत्ता मैं ज़रूर काट डालूंगा | तुम जान लोगे | पस जल्द | जादू | सिखाया तुम्हें |

مِّنْ خِلَافٍ وَّلَاُوصَلِّبَنَّكُمْ اَجْمَعِيْنَ ﴿٤٩﴾ قَالُوْا لَا ضَيْرَ ۫ اِنَّآ اِلٰى رَبِّنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने रब की तरफ़ | बेशक हम | कुछ नुक्सान (हर्ज) नहीं | वह बोले | 49 | सब को | और जरूर तुम्हें सूली दूंगा | एक दूसरे के खिलाफ़ का | से कि |

مُنْقَلِبُوْنَ ﴿٥٠﴾ اِنَّا نَطْمَعُ اَنْ يَّغْفِرَ لَنَا رَبُّنَا خَطٰيٰنَآ اَنْ كُنَّآ اَوَّلَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | कि हम हैं | हमारी खताएं | हमारा रब | हमें | बख़्शदे | कि | बेशक हम उम्मीद रखते हैं | 50 | लौट कर जाने वाले हैं |

الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿٥١﴾ وَاَوْحَيْنَآ اِلٰى مُوْسٰٓى اَنْ اَسْرِ بِعِبَادِىْٓ اِنَّكُمْ مُّتَّبَعُوْنَ ﴿٥٢﴾ ع ١٨ ٣

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | पीछा किए जाओगे | बेशक तुम | मेरे बन्दों को | कि तू रातों रात ले निकल | मूसा (अ) | तरफ़ | और हम ने वहि की | 51 | ईमान लाने वाले |

فَاَرْسَلَ فِرْعَوْنُ فِى الْمَدَآئِنِ حٰشِرِيْنَ ﴿٥٣﴾ اِنَّ هٰٓؤُلَآءِ لَشِرْذِمَةٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक जमाअत | यह लोग हैं | बेशक | 53 | इकटठा करने वाले (नकीब) | शहरों में | फ़िरऔन | पस भेजा |

قَلِيْلُوْنَ ﴿٥٤﴾ وَاِنَّهُمْ لَنَا لَغَآئِظُوْنَ ﴿٥٥﴾ وَاِنَّا لَجَمِيْعٌ حٰذِرُوْنَ ﴿٥٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | मुसल्लह माहतात | एक जमाअत | और बेशक हम | 55 | गुस्से में लाने वाले | हमें | और बेशक वह | 54 | थोड़ी सी |

فَاَخْرَجْنٰهُمْ مِّنْ جَنّٰتٍ وَّعُيُوْنٍ ﴿٥٧﴾ وَّكُنُوْزٍ وَّمَقَامٍ كَرِيْمٍ ﴿٥٨﴾ كَذٰلِكَ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उसी तरह | 58 | उम्दा | और ठिकाने | और खजाने | 57 | और चश्मे | बाग़ात | से | पस हम ने उन्हें निकाला |

وَاَوْرَثْنٰهَا بَنِىْٓ اِسْرَآءِيْلَ ﴿٥٩﴾ فَاَتْبَعُوْهُمْ مُّشْرِقِيْنَ ﴿٦٠﴾ فَلَمَّا تَرَآءَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| देखा एक दूसरे को | पस जब | 60 | सूरज निकलते | पस उन्हों ने पीछा किया उन का | 59 | बनी इस्राईल | और हम ने वारिस बनाया उन का |

الْجَمْعٰنِ قَالَ اَصْحٰبُ مُوْسٰٓى اِنَّا لَمُدْرَكُوْنَ ﴿٦١﴾ قَالَ كَلَّا ۚ اِنَّ مَعِىَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे साथ | बेशक | उस ने कहा हरगिज नहीं | 61 | पकड़ लिए गए | यकीनन हम | मूसा (अ) के साथी | कहा (कहने लगे) | दोनों जमाअतें |

رَبِّىْ سَيَهْدِيْنِ ﴿٦٢﴾ فَاَوْحَيْنَآ اِلٰى مُوْسٰٓى اَنِ اضْرِبْ بِّعَصَاكَ الْبَحْرَ ۚ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दर्या | अपना असा | तू मार | कि | मूसा (अ) | तरफ | पस हम ने वहि भेजी | 62 | वह जल्द मुझे राह दिखाएगा | मेरा रब |

فَانْفَلَقَ فَكَانَ كُلُّ فِرْقٍ كَالطَّوْدِ الْعَظِيْمِ ﴿٦٣﴾ وَاَزْلَفْنَا ثَمَّ الْاٰخَرِيْنَ ﴿٦٤﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | दूसरों को | उस जगह | फिर हम ने करीब कर दिया | 63 | बड़े | पहाड़ की तरह | हर हिस्सा | पस हो गया | तो वह फट गया |

وَاَنْجَيْنَا مُوْسٰى وَمَنْ مَّعَهٗۤ اَجْمَعِيْنَ ﴿٦٥﴾ ثُمَّ اَغْرَقْنَا الْاٰخَرِيْنَ ﴿٦٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 66 | दूसरों को | हम ने गर्क़ कर दिया | फिर | 65 | सब | उस के साथ | और जो | मूसा (अ) | और हम ने बचा लिया |

اِنَّ فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿٦٧﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | और बेशक | 67 | ईमान लाने वाले | उन से अक्सर | थे | और न | अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक |

ع ١٤ ٨ وقف لازم

لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿٦٨﴾ وَاتْلُ عَلَيْهِمْ نَبَاَ اِبْرٰهِيْمَ ﴿٦٩﴾ اِذْ قَالَ لِاَبِيْهِ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने बाप को | उस ने कहा | जब | 69 | इब्राहीम (अ) | ख़बर वाक़िआ | उन पर उन्हें | और आप पढ़ें | 68 | निहायत मेह्रबान | ग़ालिब | अलबत्ता वह |

وَقَوْمِهٖ مَا تَعْبُدُوْنَ ﴿٧٠﴾ قَالُوْا نَعْبُدُ اَصْنَامًا فَنَظَلُّ لَهَا عٰكِفِيْنَ ﴿٧١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 71 | जमे हुए | पस हम बैठे रहते हैं उन के पास | बुतों की | हम परस्तिश करते हैं | उन्हों ने कहा | 70 | तुम परस्तिश करते हो | क्या किस | और अपनी क़ौम |

قَالَ هَلْ يَسْمَعُوْنَكُمْ اِذْ تَدْعُوْنَ ﴿٧٢﴾ اَوْ يَنْفَعُوْنَكُمْ اَوْ يَضُرُّوْنَ ﴿٧٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | या वह नुक़्सान पहुँचाते हैं | या वह नफ़ा पहुँचाते हैं तुम्हें | 72 | तुम पुकारते हो | जब | वह सुनते हैं तुम्हारी | क्या | उस ने कहा |

قَالُوْا بَلْ وَجَدْنَاۤ اٰبَآءَنَا كَذٰلِكَ يَفْعَلُوْنَ ﴿٧٤﴾ قَالَ اَفَرَءَيْتُمْ مَّا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किस | क्या पस तुम ने देखा | इब्राहीम (अ) ने कहा | 74 | वह करते | इसी तरह | अपने बाप दादा | हम ने पाया | बल्कि | वह बोले |

كُنْتُمْ تَعْبُدُوْنَ ﴿٧٥﴾ اَنْتُمْ وَاٰبَآؤُكُمُ الْاَقْدَمُوْنَ ﴿٧٦﴾ فَاِنَّهُمْ عَدُوٌّ لِّيْۤ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरे दुश्मन | तो बेशक वह | 76 | पहले | और तुम्हारे बाप दादा | तुम | 75 | तुम परस्तिश करते हो |

اِلَّا رَبَّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٧٧﴾ الَّذِيْ خَلَقَنِيْ فَهُوَ يَهْدِيْنِ ﴿٧٨﴾ وَالَّذِيْ هُوَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह | और वह जो | 78 | मुझे राह दिखाता है | पस वह | मुझे पैदा किया | वह जिस ने | 77 | सारे जहानों का रब | मगर |

يُطْعِمُنِيْ وَيَسْقِيْنِ ﴿٧٩﴾ وَاِذَا مَرِضْتُ فَهُوَ يَشْفِيْنِ ﴿٨٠﴾ وَالَّذِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह जो | 80 | मुझे शिफ़ा देता है | तो वह | मैं बीमार होता हूँ | और जब | 79 | और मुझे पिलाता है | मुझे खिलाता है |

يُمِيْتُنِيْ ثُمَّ يُحْيِيْنِ ﴿٨١﴾ وَالَّذِيْۤ اَطْمَعُ اَنْ يَّغْفِرَ لِيْ خَطِيْٓـَٔتِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरी ख़ताएं | कि मुझे बख़्श देगा | मैं उम्मीद रखता हूँ | और वह जिस से | 81 | मुझे ज़िन्दा करेगा | फिर | मौत देगा |

يَوْمَ الدِّيْنِ ﴿٨٢﴾ رَبِّ هَبْ لِيْ حُكْمًا وَّاَلْحِقْنِيْ بِالصّٰلِحِيْنَ ﴿٨٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 83 | नेक बन्दों के साथ | और मुझे मिलादे | हुक्म हिक्मत | मुझे अ़ता कर | ऐ मेरे रब | 82 | बदले के दिन |

وَاجْعَلْ لِّيْ لِسَانَ صِدْقٍ فِي الْاٰخِرِيْنَ ﴿٨٤﴾ وَاجْعَلْنِيْ مِنْ وَّرَثَةِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वारिसों में से | और तू मुझे बना दे | 84 | बाद में आने वालों में | अच्छा ख़ैर | मेरे लिए मेरा ज़िक्र | और कर |

جَنَّةِ النَّعِيْمِ ﴿٨٥﴾ وَاغْفِرْ لِاَبِيْۤ اِنَّهٗ كَانَ مِنَ الضَّآلِّيْنَ ﴿٨٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 86 | गुमराह (जमा) | से | वह है | बेशक वह | मेरे बाप को | और बख़्शदे | 85 | नेमतों वाली | जन्नत |

وَلَا تُخْزِنِيْ يَوْمَ يُبْعَثُوْنَ ﴿٨٧﴾ يَوْمَ لَا يَنْفَعُ مَالٌ وَّلَا بَنُوْنَ ﴿٨٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 88 | बेटे | और न | माल | न काम आएगा | जिस दिन | 87 | जिस दिन सब उठाए जाएंगे | और मुझे रुस्वा न करना |

اِلَّا مَنْ اَتَى اللّٰهَ بِقَلْبٍ سَلِيْمٍ ﴿٨٩﴾ وَاُزْلِفَتِ الْجَنَّةُ لِلْمُتَّقِيْنَ ﴿٩٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 90 | परहेज़गारों के लिए | जन्नत | और नज़्दीक कर दी जाएगी | 89 | पाक | दिल | अल्लाह के पास आया | जो | मगर |

और हम ने मूसा (अ) को और जो उन के साथ थे सब को बचा लिया। (65) फिर हम ने दूसरों को गर्क़ कर दिया। (66) बेशक उस में अलबत्ता एक निशानी है, और उन में से अक्सर ईमान लाने वाले न थे। (67) और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब, निहायत मेह्रबान है। (68) और आप (स) उन्हें इब्राहीम (अ) का वाक़िआ पढ़ कर (सुनाएं)। (69) जब उन्हों ने कहा अपने बाप और अपनी क़ौम को, तुम किस की परस्तिश करते हो? (70) उन्हों ने कहा बुतों की परस्तिश करते हैं, पस हम उन के पास जमे बैठे रहते हैं। (71) उस ने कहा क्या वह तुम्हारी सुनते हैं जब तुम पुकारते हो? (72) या वह तुम्हें नफ़ा पहुँचाते हैं? या नुक़्सान पहुँचा सकते हैं? (73) वह बोले (नहीं तो)। बल्कि हम ने अपने बाप दादा को इसी तरह करते पाया है। (74) इब्राहीम (अ) ने कहाः पस क्या तुम ने देखा (गौर भी किया) कि तुम किस की परस्तिश करते हो? (75) और तुम्हारे पहले बाप दादा? (76) तो बेशक वह मेरे दुश्मन हैं सिवाए सारे जहानों के रब के। (77) वह जिस ने मुझे पैदा किया, पस वही मुझे राह दिखाता है। (78) और वही जो मुझे खिलाता है और वही मुझे पिलाता है। (79) और जब मैं बीमार होता हूँ तो वह मुझे शिफ़ा देता है। (80) और वह जो मुझे मौत (से हमकिनार) करेगा, फिर मुझे जिन्दा करेगा। (81) और वह जिस से मैं उम्मीद रखता हूँ कि मुझे बदले के दिन मेरी ख़ताएं बख़्श देगा। (82) ऐ मेरे रब! मुझे हुक्म और हिक्मत अ़ता फ़रमा, और मुझे नेक बन्दों के साथ मिला दे। (83) और मेरा ज़िक्रे ख़ैर (जारी) रख बाद में आने वालों में। (84) और मुझे नेमतों वाली जन्नत के वारिसों में से बना दे। (85) और मेरे बाप को बख़्शदे, बेशक वह गुमराहों में से है। (86) और मुझे उस दिन रुस्वा न करना जब सब उठाए जाएंगे। (87) जिस दिन न काम आएगा माल और न बेटे। (88) मगर जो अल्लाह के पास सलीम (बे ऐब) दिल ले कर आया। (89) और जन्नत परहेज़गारों के नज़्दीक कर दी जाएगी। (90)

और दोज़ख़ ज़ाहिर कर दी जाएगी गुमराहों के लिए। **(91)** और उन्हें कहा जाएगा कहाँ हैं वह जिन की तुम परस्तिश करते थे। **(92)** अल्लाह के सिवा क्या वह तुम्हारी मदद कर सकते हैं? या (ख़ुद) बदला ले सकते हैं? **(93)** पस वह और गुमराह उस (जहन्नम) में औन्धे मुँह डाले जाएंगे। **(94)** और इब्लीस के लशकर सब के सब। **(95)** वह कहेंगे जब कि वह जहन्नम में (बाहम) झगड़ते होंगे। **(96)** अल्लाह की क़सम! बेशक हम खुली गुमराही में थे। **(97)** जब हम तुम्हें सारे जहानों के रब के साथ बराबर ठहराते थे। **(98)** और हमें सिर्फ़ मुजरिमों ने गुमराह किया। **(99)** पस हमारा कोई सिफ़ारिश करने वाला नहीं। **(100)** और न कोई ग़म ख़ार दोस्त है। **(101)** पस काश हमारे लिए दोबारा (दुनिया में) लौटना होता तो हम मोमिनों में से होते। **(102)** बेशक उस में अलबत्ता एक निशानी है, और नहीं हैं उन में अक्सर ईमान लाने वाले। **(103)** और बेशक तुम्हारा रब ग़ालिब है, निहायत मेहरबान। **(104)** नूह (अ) की क़ौम ने झुटलाया रसूलों को। **(105)** (याद करो) जब उन के भाई नूह (अ) ने उन से कहा क्या तुम डरते नहीं? **(106)** बेशक मैं तुम्हारे लिए रसूल हूँ अमानतदार। **(107)** पस अल्लाह से डरो और मेरी इताअत करो। **(108)** मैं इस पर तुम से नहीं मांगता कोई अजर, मेरा अजर तो सिर्फ़ (अल्लाह) रब्बुल आलमीन पर है। **(109)** पस अल्लाह से डरो और मेरी इताअत करो। **(110)** वह बोले क्या हम तुझ पर ईमान ले आएं? जब कि तेरी पैरवी रज़ीलों ने की है। **(111)** नूह (अ) ने कहा मुझे क्या इल्म वह क्या (काम काज) करते थे। **(112)** उन का हिसाब सिर्फ़ मेरे रब पर है, अगर तुम समझो। **(113)** और मैं मोमिनों को (अपने पास से) दूर करने वाला नहीं। **(114)** मैं तो सिर्फ़ साफ़ साफ़ तौर पर डराने वाला हूँ। **(115)** बोले ऐ नूह (अ)! अगर तुम बाज़ न आए तो ज़रूर संगसार कर दिए जाओगे। **(116)** नूह (अ) ने कहा ऐ मेरे रब! बेशक मेरी क़ौम ने मुझे झुटलाया। **(117)**

وَبُـــرِّزَتِ الْجَحِيْمُ لِلْغٰوِيْنَ (٩١) وَقِيْلَ لَهُمْ اَيْنَمَا كُنْتُمْ تَعْبُدُوْنَ (٩٢)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 92 | तुम परस्तिश करते थे | कहां हैं वह जो | उन्हें | और कहा जाएगा | 91 | गुमराहों के लिए | दोज़ख़ | और ज़ाहिर कर दी जाएगी |

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ هَلْ يَنْصُرُوْنَكُمْ اَوْ يَنْتَصِرُوْنَ (٩٣) فَكُبْكِبُوْا فِيْهَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पस औन्धे मुँह डाले जाएंगे उस में | 93 | या बदला ले सकते हैं | वह तुम्हारी मदद कर सकते हैं | क्या | अल्लाह के सिवा |

هُمْ وَالْغَاوٗنَ (٩٤) وَجُنُـوْدُ اِبْلِيْسَ اَجْمَعُوْنَ (٩٥) قَالُوْا وَهُمْ فِـيْـهَـا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस (जहन्नम) में | और वह | वह कहेंगे | 95 | सब के सब | इब्लीस | और लशकर (जमा) | 94 | और गुमराह | वह |

يَخْتَصِمُوْنَ (٩٦) تَـــاللّٰهِ اِنْ كُنَّا لَفِىْ ضَلٰلٍ مُّبِيْنٍ (٩٧) اِذْ نُسَوِّيْكُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम बराबर ठहराते थे तुम्हें | जब | 97 | खुली | गुमराही | अलबत्ता में | बेशक हम थे | क़सम अल्लाह की | 96 | झगड़ते होंगे |

بِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ (٩٨) وَمَآ اَضَلَّنَآ اِلَّا الْمُجْرِمُوْنَ (٩٩) فَمَا لَنَا مِنْ شٰفِعِيْنَ (١٠٠)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | सिफ़ारिश करने वाले | कोई | पस नहीं हमारे लिए | 99 | मुजरिम (जमा) | मगर (सिर्फ़) | और नहीं गुमराह किया हमें | 98 | सारे जहानों के रब के साथ |

وَلَا صَدِيْقٍ حَمِيْمٍ (١٠١) فَلَوْ اَنَّ لَنَا كَرَّةً فَنَكُوْنَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ (١٠٢)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 102 | मोमिन (जमा) | से | तो हम होते | लौटना | कि हमारे लिए | पस काश | 101 | ग़म ख़ार | कोई दोस्त | और न |

اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ۚ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ (١٠٣) وَاِنَّ رَبَّكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा रब | और बेशक | 103 | ईमान लाने वाले | उन के अक्सर | और नहीं है | अलबत्ता एक निशानी | उस में | बेशक |

لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ (١٠٤) كَذَّبَتْ قَوْمُ نُوْحِ ِۨ الْمُرْسَلِيْنَ (١٠٥) اِذْ قَالَ لَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | जब कहा | 105 | रसूलों को | नूह (अ) की क़ौम | झुटलाया | 104 | निहायत मेहरबान | ग़ालिब | अलबत्ता वह |

اَخُوْهُمْ نُوْحٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ (١٠٦) اِنِّىْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِيْنٌ (١٠٧) فَاتَّقُوا اللّٰهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस डरो अल्लाह से | 107 | रसूल अमानत दार | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | 106 | तुम डरते | क्या नहीं | नूह (अ) | उन के भाई |

وَاَطِيْعُوْنِ (١٠٨) وَمَآ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِىَ اِلَّا عَلٰى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | मगर (सिर्फ़) | मेरा अजर | नहीं | अजर | कोई | इस पर | और मैं नहीं मांगता तुम से | 108 | और मेरी इताअत करो |

رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ (١٠٩) فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ (١١٠) قَالُوْٓا اَنُؤْمِنُ لَكَ وَاتَّبَعَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब कि तेरी पैरवी की | तुझ पर | क्या हम ईमान ले आएं | वह बोले | 110 | और मेरी इताअत करो | पस डरो अल्लाह से | 109 | सारे जहां का पालने वाला |

الْاَرْذَلُوْنَ (١١١) قَالَ وَمَا عِلْمِىْ بِمَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ (١١٢) اِنْ حِسَابُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का हिसाब | नहीं | 112 | वह करते थे | उस की जो | और मुझे क्या इल्म | कहा (नूह अ) ने | 111 | रज़ीलों ने |

اِلَّا عَلٰى رَبِّىْ لَوْ تَشْعُرُوْنَ (١١٣) وَمَآ اَنَا بِطَارِدِ الْمُؤْمِنِيْنَ (١١٤) اِنْ اَنَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं मैं | 114 | मोमिन (जमा) | हांकने वाला (दूर करने वाला) | मैं | और नहीं | 113 | तुम समझो | अगर | मेरे रब पर | मगर (सिर्फ़) |

اِلَّا نَذِيْرٌ مُّبِيْنٌ (١١٥) قَالُوْا لَئِنْ لَّمْ تَنْتَهِ يٰنُوْحُ لَتَكُوْنَنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो ज़रूर होगे | ऐ नूह (अ) | तुम बाज़ न आए | अगर | बोले वह | 115 | साफ़ तौर पर | डराने वाला | मगर-सिर्फ़ |

مِنَ الْمَرْجُوْمِيْنَ (١١٦) قَالَ رَبِّ اِنَّ قَوْمِىْ كَذَّبُوْنِ (١١٧)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 117 | मुझे झुटलाया | मेरी क़ौम | बेशक | ऐ मेरे रब | (नूह अ ने) कहा | 116 | संगसार किए जाने वाले | से |

النصف

فَافْتَحْ بَيْنِىْ وَبَيْنَهُمْ فَتْحًا وَّنَجِّنِىْ وَمَنْ مَّعِىَ مِنَ الْمُؤْمِنِيْنَ ﴿١١٨﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 118 | ईमान वाले | से | मेरे साथी | और जो | और नजात दे मुझे | एक खुला फ़ैसला | और उन के दरमियान | मेरे दरमियान | पस फ़ैसला कर दे |

فَاَنْجَيْنٰهُ وَمَنْ مَّعَهٗ فِى الْفُلْكِ الْمَشْحُوْنِ ﴿١١٩﴾ ثُمَّ اَغْرَقْنَا بَعْدُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद | ग़र्क़ कर दिया हम ने | फिर | 119 | भरी हुई | कश्ती में | उस के साथ | और जो | तो हम ने नजात दी उसे |

الْبٰقِيْنَ ﴿١٢٠﴾ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ۭ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٢١﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 121 | ईमान लाने वाले | उन के अक्सर | थे | और न | अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक | 120 | बाक़ियों को |

ع ١٨ ١٠

وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٢٢﴾ كَذَّبَتْ عَادُ ِالْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٢٣﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 123 | रसूल (जमा) | आद | झुटलाया | 122 | निहायत मेह्रबान | ग़ालिब | अलबत्ता वह | तुम्हारा रब | और बेशक |

اِذْ قَالَ لَهُمْ اَخُوْهُمْ هُوْدٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٢٤﴾ اِنِّىْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِيْنٌ ﴿١٢٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 125 | रसूल अमानतदार | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | 124 | क्या तुम डरते नहीं | हूद (अ) | उन के भाई | उन से | जब कहा |

فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٢٦﴾ وَمَآ اَسْـَٔلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِىَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा अजर | नहीं | कोई अजर | उस पर | और मैं नहीं मांगता तुम से | 126 | और मेरी इताअ़त करो | सो तुम डरो अल्लाह से |

اِلَّا عَلٰى رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٢٧﴾ اَتَبْنُوْنَ بِكُلِّ رِيْعٍ اٰيَةً تَعْبَثُوْنَ ﴿١٢٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | खलल को (बिला ज़रूरत) | एक निशानी | हर बुलन्दी पर | क्या तुम तामीर करते हो | 127 | सारे जहां का पालने वाला | पर | मगर (सिर्फ़) |

وَتَتَّخِذُوْنَ مَصَانِعَ لَعَلَّكُمْ تَخْلُدُوْنَ ﴿١٢٩﴾ وَاِذَا بَطَشْتُمْ بَطَشْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गिरिफ़्त करते हो तुम | तुम गिरिफ़्त करते हो | और जब | 129 | तुम हमेशा रहोगे | शायद तुम | मज़बूत शानदार महल | और तुम बनाते हो |

جَبَّارِيْنَ ﴿١٣٠﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٣١﴾ وَاتَّقُوا الَّذِىْٓ اَمَدَّكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मदद की तुम्हारी | वह जिस ने | और डरो | 131 | और मेरी इताअत करो | पस डरो अल्लाह से | 130 | जाबिर बन कर |

بِمَا تَعْلَمُوْنَ ﴿١٣٢﴾ اَمَدَّكُمْ بِاَنْعَامٍ وَّبَنِيْنَ ﴿١٣٣﴾ وَجَنّٰتٍ وَّعُيُوْنٍ ﴿١٣٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 134 | और चश्मे | और बाग़ात | 133 | और बेटों | मवेशियों से | तुम्हारी मदद की | 132 | उस से जो तुम जानते हो |

اِنِّىْٓ اَخَافُ عَلَيْكُمْ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيْمٍ ﴿١٣٥﴾ قَالُوْا سَوَآءٌ عَلَيْنَآ اَوَعَظْتَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ाह तुम नसीहत करो | हम पर | बराबर | वह बोले | 135 | एक बड़ा दिन | अ़ज़ाब | तुम पर | बेशक मैं डरता हूँ |

اَمْ لَمْ تَكُنْ مِّنَ الْوٰعِظِيْنَ ﴿١٣٦﴾ اِنْ هٰذَآ اِلَّا خُلُقُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٣٧﴾ وَمَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नहीं | 137 | अगले लोग | आ़दत | मगर | नहीं है | 136 | नसीहत करने वाले | से | या न हो तुम |

نَحْنُ بِمُعَذَّبِيْنَ ﴿١٣٨﴾ فَكَذَّبُوْهُ فَاَهْلَكْنٰهُمْ ۭ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक | तो हम ने हलाक कर दिया उन्हें | पस उन्हों ने झुटलाया उसे | 138 | अज़ाब दिए जाने वालों में से | हम |

ع ١٨ ١١

وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٣٩﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٤٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 140 | निहायत मेह्रबान | ग़ालिब | अलबत्ता वह | तुम्हारा रब | और बेशक | 139 | ईमान लाने वाले | उन के अक्सर | और नहीं थे |

كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٤١﴾ اِذْ قَالَ لَهُمْ اَخُوْهُمْ صٰلِحٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٤٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 142 | क्या तुम डरते नहीं | सालेह (अ) | उन के भाई | उन से | कहा | जब | 141 | रसूल (जमा) | समूद | झुटलाया |

पस मेरे और उन के दरमियान एक खुला फ़ैसला फ़रमा दे, और मुझे नजात दे, और (उन्हें) जो मेरे साथी ईमान वाले हैं। (118)
तो हम ने उसे और जो उस के साथ भरी हुई कश्ती में सवार थे (उन्हें) नजात दी। (119)
फिर उस के बाद हम ने बाक़ियों को ग़र्क़ कर दिया। (120)
बेशक उस में एक निशानी है, और उन के अक्सर न थे ईमान लाने वाले। (121)
और बेशक तुम्हारा रब ग़ालिब है, निहायत मेह्रबान। (122)
(क़ौमे) आ़द ने रसूलों को झुटलाया। (123)
जब उन से उन के भाई हूद (अ) ने कहा क्या तुम डरते नहीं? (124)
बेशक मैं तुम्हारे लिए अमानतदार रसूल हूँ। (125)
सो तुम अल्लाह से डरो, और मेरी इताअ़त करो। (126)
और मैं तुम से कोई अजर नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह रब्बुल आ़लमीन पर है। (127)
क्या तुम हर बुलन्दी पर बिला ज़रूरत एक निशानी तामीर करते हो? (128)
और तुम बनाते हो मज़बूत, शान्दार महल कि शायद तुम हमेशा रहोगे। (129)
और जब तुम (किसी पर) गिरिफ्त करते हो तो जाबिर (ज़ालिम) बन कर गिरिफ़्त करते हो। (130)
पस अल्लाह से डरो और मेरी इताअत करो। (131)
और उस से डरो जिस ने उस से तुम्हारी मदद की जो तुम जानते हो। (132)
(यानी) मवेशियों और बेटों से तुम्हारी मदद की। (133)
और बाग़ात और चश्मों से। (134)
बेशक मैं तुम पर एक बड़े दिन के अज़ाब से डराता हूँ। (135)
वह बोले, बराबर है हम पर ख़ाह तुम नसीहत करो या नसीहत करने वालों में से न हो। (136)
(कुछ भी) नहीं है, मगर आ़दत है अगले लोगों की। (137)
और हम अज़ाब दिए जाने वालों में से नहीं। (138)
फिर उन्हों ने उसे झुटलाया और हम ने उन्हें हलाक कर दिया, बेशक उस में निशानी है और न थे उन के अक्सर ईमान लाने वाले। (139)
और बेशक तुम्हारा रब ग़ालिब निहायत मेह्रबान है। (140)
(क़ौमे) समूद ने रसूलों को झुटलाया। (141)
जब उन में से उन के भाई सालेह (अ) ने कहा क्या तुम डरते नहीं? (142)

बेशक मैं तुम्हारे लिए अमानतदार रसूल हूँ। (143)
सो तुम अल्लाह से डरो, और मेरी इताअत करो। (144)
और मैं तुम से इस पर कोई अजर नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ अल्लाह रब्बुल आ़लमीन पर है। (145)
क्या तुम यहां की चीज़ों (नेमतों) में बेफ़िक्र छोड़ दिए जाओगे? (146)
बाग़ात और चश्मों में। (147)
और खेतियों और नख़्लिस्तानों में जिन के ख़ोशे रस भरे हैं। (148)
और तुम ख़ुश हो कर पहाड़ों से घर तराशते हो। (149)
सो अल्लाह से डरो और मेरी इताअत करो। (150)
और तुम हद से बढ़ जाने वालों का कहा न मानो। (151)
वह जो फ़साद करते हैं जमीन में, और इस्लाह नहीं करते। (152)
उन्हों ने कहा इस के सिवा नहीं कि तुम सिहरज़दा लोगों में से हो। (153)
तुम नहीं मगर (सिर्फ़) हम जैसे एक बशर हो, पस अगर तुम सच्चे लोगों में से हो (सच्चे हो) तो कोई निशानी ले आओ। (154)
सालेह (अ) ने फ़रमाया यह ऊँटनी है, एक मुअ़य्यन दिन उस के पानी पीने की बारी है और (एक दिन) तुम्हारे लिए पानी पीने की बारी है। (155)
और उसे बुराई से हाथ न लगाना वरना तुम्हें आ पकड़ेगा एक बड़े दिन का अ़ज़ाब। (156)
फिर उन्हों ने उस की कूचें काट दीं पस पशेमान रह गए। (157)
फिर उन्हें अ़ज़ाब ने आ पकड़ा, बेशक उस (वाक़े) में अलबत्ता निशानी (बड़ी इब्रत) है और उन के अक्सर ईमान लाने वाले नहीं। (158)
और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब निहायत मेहरबान है। (159)
क़ौमे लूत (अ) ने रसूलों को झुटलाया। (160)
(याद करो) जब उन के भाई लूत (अ) ने उन से कहा क्या तुम डरते नहीं? (161)
बेशक मैं तुम्हारे लिए अमानतदार रसूल हूँ। (162)
पस तुम अल्लाह से डरो, और मेरी इताअत करो। (163)
और मैं तुम से नहीं मांगता इस पर कोई अजर, मेरा अजर तो सिर्फ़ (अल्लाह) रब्बुल आ़लमीन पर है। (164)
क्या तुम मर्दों के पास (बद फ़ेली) के लिए आते हो? दुनिया जहानों में से। (165)
और तुम छोड़ देते हो (उन्हें) जो तुम्हारे रब ने तुम्हारे लिए तुम्हारी बीवियां पैदा की हैं, (नहीं) बल्कि तुम हद से बढ़ने वाले लोग हो। (166)

اِنِّیْ لَکُمْ رَسُوْلٌ اَمِیْنٌ ﴿١٤٣﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِیْعُوْنِ ﴿١٤٤﴾ وَمَاۤ اَسْـَٔلُکُمْ عَلَیْهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस पर | और मैं नहीं मांगता तुम से | 144 | और मेरी इताअ़त करो | सो तुम डरो अल्लाह से | 143 | रसूल अमानतदार | तुम्हारे लिए | बेशक मैं |

مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِیَ اِلَّا عَلٰی رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ ﴿١٤٥﴾ اَتُتْرَکُوْنَ فِیْ مَا هٰهُنَاۤ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो यहां है | में | क्या छोड़ दिए जाओगे तुम? | 145 | सारे जहां का पालने वाला | पर | मगर | मेरा अजर | नहीं | कोई अजर |

اٰمِنِیْنَ ﴿١٤٦﴾ فِیْ جَنّٰتٍ وَّعُیُوْنٍ ﴿١٤٧﴾ وَّزُرُوْعٍ وَّنَخْلٍ طَلْعُهَا هَضِیْمٌ ﴿١٤٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 148 | नर्म औ नाज़ुक | उन के ख़ोशे | और खजूरें | और खेतियां | 147 | और चश्मे | बाग़ात में | 146 | बेफ़िक्र |

وَتَنْحِتُوْنَ مِنَ الْجِبَالِ بُیُوْتًا فٰرِهِیْنَ ﴿١٤٩﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِیْعُوْنِ ﴿١٥٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 150 | और मेरी इताअत करो | सो डरो अल्लाह से | 149 | ख़ुश हो कर | घर | पहाड़ों से | और तुम तराशते हो |

وَلَا تُطِیْعُوْۤا اَمْرَ الْمُسْرِفِیْنَ ﴿١٥١﴾ الَّذِیْنَ یُفْسِدُوْنَ فِی الْاَرْضِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन | में | फ़साद करते है | जो लोग | 151 | हद से बढ़ जाने वाले | हुक्म | और न कहा मानो |

وَلَا یُصْلِحُوْنَ ﴿١٥٢﴾ قَالُوْۤا اِنَّمَاۤ اَنْتَ مِنَ الْمُسَحَّرِیْنَ ﴿١٥٣﴾ مَاۤ اَنْتَ اِلَّا بَشَرٌ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर (सिर्फ़) एक बशर | तुम नही | 153 | सिहरज़दा लोग | से | तुम | इस के सिवा नहीं | उन्हों ने कहा | 152 | और इस्लाह नहीं करते |

مِّثْلُنَا ۚ فَاْتِ بِاٰیَةٍ اِنْ کُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِیْنَ ﴿١٥٤﴾ قَالَ هٰذِهٖ نَاقَةٌ لَّهَا

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के लिए | ऊँटनी | यह | उस ने कहा | 154 | सच्चे लोग से | तू | अगर | कोई निशानी | पस लाओ | हम जैसा |

شِرْبٌ وَّلَکُمْ شِرْبُ یَوْمٍ مَّعْلُوْمٍ ﴿١٥٥﴾ وَلَا تَمَسُّوْهَا بِسُوْٓءٍ فَیَاْخُذَکُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो (वरना) तुम्हें आ पकड़ेगा | बुराई से | और उसे हाथ न लगाना | 155 | दिन मालूम | एक बारी पानी पीने की | और तुम्हारे लिए | पानी पीने की बारी |

عَذَابُ یَوْمٍ عَظِیْمٍ ﴿١٥٦﴾ فَعَقَرُوْهَا فَاَصْبَحُوْا نٰدِمِیْنَ ﴿١٥٧﴾ فَاَخَذَهُمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर उन्हें आ पकड़ा | 157 | पशेमान | पस रह गए | फिर उन्हों ने कूचें काट दीं उस की | 156 | एक बड़ा दिन | अज़ाब |

الْعَذَابُ ۭ اِنَّ فِیْ ذٰلِکَ لَاٰیَةً ۭ وَمَا کَانَ اَکْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِیْنَ ﴿١٥٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 158 | ईमान लाने वाले | उन के अक्सर | है | और नहीं | अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक | अज़ाब |

وَاِنَّ رَبَّکَ لَهُوَ الْعَزِیْزُ الرَّحِیْمُ ﴿١٥٩﴾ کَذَّبَتْ قَوْمُ لُوْطِ ِۨ الْمُرْسَلِیْنَ ﴿١٦٠﴾ ع ١٩ ٨ ١٢

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 160 | रसूलों को | क़ौमे लूत (अ) | झुटलाया | 159 | निहायत मेहरबान | ग़ालिब | अलबत्ता वह | तुम्हारा रब | और बेशक |

اِذْ قَالَ لَهُمْ اَخُوْهُمْ لُوْطٌ اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٦١﴾ اِنِّیْ لَکُمْ رَسُوْلٌ اَمِیْنٌ ﴿١٦٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 162 | रसूल अमानतदार | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | 161 | क्या तुम डरते नही | लूत (अ) | उन के भाई | उन से | कहा | जब |

فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِیْعُوْنِ ﴿١٦٣﴾ وَمَاۤ اَسْـَٔلُکُمْ عَلَیْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِیَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा अजर | नही | कोई अजर | इस पर | और मैं नहीं मांगता तुम से | 163 | और मेरी इताअत करो | पस तुम डरो अल्लाह से |

اِلَّا عَلٰی رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ ﴿١٦٤﴾ اَتَاْتُوْنَ الذُّکْرَانَ مِنَ الْعٰلَمِیْنَ ﴿١٦٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 165 | तमाम जहानों | से | मर्दों के पास | क्या तुम आते हो | 164 | सारे जहां का पालने वाला | पर | मगर-सिर्फ़ |

وَتَذَرُوْنَ مَا خَلَقَ لَکُمْ رَبُّکُمْ مِّنْ اَزْوَاجِکُمْ ۭ بَلْ اَنْتُمْ قَوْمٌ عٰدُوْنَ ﴿١٦٦﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 166 | हद से बढ़ने वाले | लोग | तुम | बल्कि | तुम्हारी बीवियां | से | तुम्हारा रब | तुम्हारे लिए | जो उस ने पैदा किया | और तुम छोड़ते हो |

قَالُوْا لَىِٕنْ لَّمْ تَنْتَهِ يٰلُوْطُ لَتَكُوْنَنَّ مِنَ الْمُخْرَجِيْنَ ﴿١٦٧﴾ قَالَ اِنِّىْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक मैं | उस ने कहा | 167 | मुख़्रिज (बाहर निकाले जाने वाले) | से | अलबत्ता तुम जरूर होगे | ऐ लूत (अ) | तुम बाज़ न आए | अगर | वाले वह |

لِعَمَلِكُمْ مِّنَ الْقَالِيْنَ ﴿١٦٨﴾ رَبِّ نَجِّنِىْ وَاَهْلِىْ مِمَّا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٦٩﴾ فَنَجَّيْنٰهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो हम ने नजात दी उसे | 169 | वह करते हैं | उस से जो | और मेरे घर वालों | मुझे नजात दे | ऐ मेरे रब | 168 | नफ़्रत करने वाले | से | तुम्हारे अमल से |

وَاَهْلَهٗٓ اَجْمَعِيْنَ ﴿١٧٠﴾ اِلَّا عَجُوْزًا فِى الْغٰبِرِيْنَ ﴿١٧١﴾ ثُمَّ دَمَّرْنَا الْاٰخَرِيْنَ ﴿١٧٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 172 | दूसरे | फिर हम ने हलाक कर दिया | 171 | पीछे रह जाने वालों में | एक बुढ़िया | सिवाए | 170 | सब | और उस के घर वाले |

وَاَمْطَرْنَا عَلَيْهِمْ مَّطَرًا ۚ فَسَآءَ مَطَرُ الْمُنْذَرِيْنَ ﴿١٧٣﴾ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيَةً ۚ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता एक निशानी | उस में | बेशक | 173 | डराए गए | बारिश | पस बुरी | एक बारिश | उन पर | और हम ने बारिश बरसाई |

ع ٩ ١٦ ١٣ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِيْنَ ﴿١٧٤﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ لَهُوَ الْعَزِيْزُ الرَّحِيْمُ ﴿١٧٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 175 | निहायत मेहरबान | ग़ालिब | अलबत्ता वह | तुम्हारा रब | और बेशक | 174 | ईमान लाने वाले | उन के अक्सर | थे | और न |

كَذَّبَ اَصْحٰبُ لْــَٔيْكَةِ الْمُرْسَلِيْنَ ﴿١٧٦﴾ اِذْ قَالَ لَهُمْ شُعَيْبٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शुऐब (अ) | उन्हें | जब कहा | 176 | रसूल (जमा) | एयका (बन) वाले | झुटलाया |

اَلَا تَتَّقُوْنَ ﴿١٧٧﴾ اِنِّىْ لَكُمْ رَسُوْلٌ اَمِيْنٌ ﴿١٧٨﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ وَاَطِيْعُوْنِ ﴿١٧٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 179 | और मेरी इताअत करो | सो डरो तुम अल्लाह से | 178 | रसूल अमानतदार | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | 177 | क्या तुम डरते नही |

وَمَآ اَسْــَٔلُكُمْ عَلَيْهِ مِنْ اَجْرٍ ۚ اِنْ اَجْرِىَ اِلَّا عَلٰى رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٨٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 180 | सारे जहां का पालने वाला | पर | मगर- सिर्फ़ | मेरा अजर | नहीं | कोई अजर | इस पर | और मैं नहीं मांगता तुम से |

اَوْفُوا الْكَيْلَ وَلَا تَكُوْنُوْا مِنَ الْمُخْسِرِيْنَ ﴿١٨١﴾ وَزِنُوْا بِالْقِسْطَاسِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तराज़ू से | और वज़न करो | 181 | नुक़्सान देने वाले | से | और न हो तुम | माप | तुम पूरा करो |

الْمُسْتَقِيْمِ ﴿١٨٢﴾ وَلَا تَبْخَسُوا النَّاسَ اَشْيَآءَهُمْ وَلَا تَعْثَوْا فِى الْاَرْضِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जमीन में | और न फिरो | उन की चीज़ें | लोग | और न घटाओ | 182 | ठीक सीधी |

مُفْسِدِيْنَ ﴿١٨٣﴾ وَاتَّقُوا الَّذِىْ خَلَقَكُمْ وَالْجِبِلَّةَ الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٨٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 184 | पहली | और मख़्लूक़ | पैदा किया तुम्हें | वह जिस ने | और डरो | 183 | फ़साद मचाते हुए |

قَالُوْٓا اِنَّمَآ اَنْتَ مِنَ الْمُسَحَّرِيْنَ ﴿١٨٥﴾ وَمَآ اَنْتَ اِلَّا بَشَرٌ مِّثْلُنَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम जैसा | एक बशर | मगर- सिर्फ़ | और नहीं तू | 185 | सिह्रज़दा (जमा) | से | तू | इस के सिवा नहीं | वह बोले (कहने लगे) |

وَاِنْ نَّظُنُّكَ لَمِنَ الْكٰذِبِيْنَ ﴿١٨٦﴾ فَاَسْقِطْ عَلَيْنَا كِسَفًا مِّنَ السَّمَآءِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान | से-का | एक टुकड़ा | हम पर | सो तू गिरा | 186 | झूटे | अलबत्ता- से | और अलबत्ता हम गुमान करते हैं तुझे |

اِنْ كُنْتَ مِنَ الصّٰدِقِيْنَ ﴿١٨٧﴾ قَالَ رَبِّىْٓ اَعْلَمُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٨٨﴾ فَكَذَّبُوْهُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उन्हों ने झुटलाया उसे | 188 | तुम करते हो | जो कुछ | ख़ूब जानता है | मेरा रब | कहा | 187 | सच्चे | से | अगर तू है |

فَاَخَذَهُمْ عَذَابُ يَوْمِ الظُّلَّةِ ۗ اِنَّهٗ كَانَ عَذَابَ يَوْمٍ عَظِيْمٍ ﴿١٨٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 189 | बड़ा (सख़्त) दिन | अज़ाब | था | बेशक वह | साइबान वाला दिन | अज़ाब | पस पकड़ा उन्हें |

वह बोले ऐ लूत (अ)! अगर तुम बाज न आए तो जरूर (बस्ती से) निकाल दिए जाओगे। (167)
उस ने कहा बेशक मैं तुम्हारे फ़ेले (बद) से नफ़्रत करने वालों में से हूँ (168)
ऐ मेरे रब! मुझे और मेरे घर वालों को उस (के वबाल) से नजात दे जो वह करते हैं। (169)
तो हम ने उसे नजात दी और उस के सब घर वालों को। (170)
सिवाए एक बुढ़िया जो रह गई पीछे रह जाने वालों में। (171)
फिर हम ने दूसरों को हलाक कर दिया। (172)
और हम ने उन पर (पत्थरों की) बारिश बरसाई। पस किया ही बुरी बारिश (उन पर जिन्हें अज़ाब से) डराया गया। (173)
बेशक उस में एक निशानी है और न उन के अक्सर ईमान लाने वाले थे। (174)
और बेशक तुम्हारा रब अलबत्ता ग़ालिब, निहायत मेहरबान है। (175)
झुटलाया एयका (बन) वालों ने रसूलों को। (176)
(याद करो) जब शुऐब (अ) ने उन से कहा क्या तुम डरते नहीं? (177)
बेशक मैं तुम्हारे लिए रसूल हूँ अमानतदार। (178)
सो अल्लाह से डरो और मेरी इताअत करो। (179)
और मैं तुम से इस पर कोई अजर नहीं मांगता, मेरा अजर तो सिर्फ़ (अल्लाह) रब्बुल आ़लमीन पर है। (180)
तुम माप पूरा करो, और नुक़्सान देने वालों में से न हो। (181)
और वज़न करो ठीक सीधी तराज़ू से। (182)
और लोगों को उन की चीज़े घटा कर न दो, और जमीन में न फिरो फ़साद मचाते हुए। (183)
और डरो उस (जाते पाक) से जिस ने तुम्हें पैदा किया और पहली मख़्लूक़ को। (184)
कहने लगे इस के सिवा नहीं कि तू सिह्रज़दा लोगों में से है। (185)
और तू सिर्फ़ हम जैसा एक बशर है, और अलबत्ता हम तुझे झूटों में से गुमान करते हैं। (186)
सो तू हम पर आस्मान का एक टुकड़ा गिरा दे अगर तू सच्चों में से है (सच्चा है)। (187)
शुऐब (अ) ने फ़रमाया, मेरा रब ख़ूब जानता है जो कुछ तुम करते हो। (188)
तो उन्हों ने उसे झुटलाया, पस उन्हें (आग के) साइबान वाले दिन अज़ाब ने आ पकड़ा। बेशक वह बड़े सख़्त दिन का अज़ाब था। (189)

बेशक उस में निशानी है, और उन के अक्सर ईमान लाने वाले न थे। (190)
और बेशक तेरा रब ग़ालिब है, निहायत मेह्रबान। (191)
और बेशक यह (कुरआन) सारे जहानों के रब का उतारा हुआ है। (192)
उस को ले कर उतरा है जिब्रील अमीन (अ)। (193)
तुम्हारे दिल पर, ताकि तुम डर सुनाने वालों में से हो। (194)
रोशन वाज़ेह अ़रबी ज़बान में। (195)
और बेशक यह (इस का ज़िक्र) पहले पैग़म्बरों के सहीफ़ों में है। (196)
क्या यह उन के लिए एक निशानी नहीं? कि इसे जानते हैं उल्माए बनी इस्राईल। (197)
और अगर हम इसे किसी ग़ैर अ़रबी (ज़बान दान) पर नाज़िल करते। (198)
फिर वह इसे उन के सामने पढ़ता (फिर भी) वह इस पर ईमान लाने वाले न होते (ईमान न लाते)। (199)
इसी तरह हम ने मुज्रिमों के दिलों में इन्कार दाख़िल कर दिया है। (200)
वह उस पर ईमान न लाएंगे यहां तक कि वह दर्दनाक अ़ज़ाब (न) देख लें। (201)
तो वह उन पर अचानक आजाएगा और उन्हें ख़बर भी न होगी। (202)
फिर वह कहेंगे क्या हमें मोहलत दी जाएगी। (203)
पस क्या वह हमारे अ़ज़ाब को जल्दी चाहते हैं? (204)
क्या तुम ने देखा (ज़रा देखो)? अगर हम उन्हें बरसों फ़ाइदा पहुँचाएं। (205)
फिर उन पर पहुँचे जिस की उन्हें वईद की जाती थी। (206)
जिस से वह फ़ाइदा उठाते थे उन के क्या काम आएगा? (207)
और हम ने किसी बस्ती को हलाक नहीं किया, मगर उस के लिए डराने वाले। (208)
नसीहत के लिए (पहले भेजे) और हम ज़ुल्म करने वाले न थे। (209)
और इस (कुरआन) को शैतान ले कर नहीं उतरे। (210)
और उन को सज़ावार नहीं (वह उस के क़ाबिल नहीं) और न वह (ऐसा) कर सकते हैं। (211)
बेशक वह सुनने (के मुक़ाम) से दूर कर दिए गए हैं। (212)
पस अल्लाह के साथ किसी और को माबूद न पुकारो कि मुब्तिलाए अ़ज़ाब लोगों में से हो जाओ। (213)
और तुम अपने क़रीब तरीन रिश्तेदारों को डराओ। (214)
और उस के लिए अपने बाज़ू झुकाओ जिस ने तुम्हारी पैरवी की मोमिनों में से। (215)

اِنَّ فِیْ ذٰلِكَ لَاٰیَةً ؕ وَمَا كَانَ اَكْثَرُهُمْ مُّؤْمِنِیْنَ ﴿۱۹۰﴾ وَاِنَّ رَبَّكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरा रब | और बेशक | 190 | ईमान लाने वाले | उन के अक्सर | और न थे | अलबत्ता निशानी | उस में | बेशक |

لَهُوَ الْعَزِیْزُ الرَّحِیْمُ ﴿۱۹۱﴾ وَاِنَّهٗ لَتَنْزِیْلُ رَبِّ الْعٰلَمِیْنَ ﴿۱۹۲﴾ نَزَلَ بِهِ ع ١٠ ١٦ ١٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जिस दिन | 11 | तुम लौटाए जाओगे | फिर उस की तरफ़ | फिर वह उसे दोबारा (पैदा) करेगा | ख़ल्क़त | अल्लाह पहली बार पैदा करता है |

تَقُوْمُ السَّاعَةُ يُبْلِسُ الْمُجْرِمُوْنَ ﴿١٢﴾ وَلَمْ يَكُنْ لَّهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और न होंगे | 12 | मुजरिम (जमा) | नाउम्मीद रह जाएँगे | बरपा होगी क़ियामत |

مِّنْ شُرَكَآئِهِمْ شُفَعٰٓؤُا وَكَانُوْا بِشُرَكَآئِهِمْ كٰفِرِيْنَ ﴿١٣﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | मुन्किर | अपने शरीकों के | और वह हो जाएंगे | कोई सिफ़ारशी | उन के शरीकों में से |

وَيَوْمَ تَقُوْمُ السَّاعَةُ يَوْمَئِذٍ يَّتَفَرَّقُوْنَ ﴿١٤﴾ فَاَمَّا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पस जो लोग ईमान लाए | 14 | मुतफ़र्रिक़ हो जाएंगे | उस दिन | क़ाइम होगी क़ियामत | और जिस दिन |

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ فَهُمْ فِىْ رَوْضَةٍ يُّحْبَرُوْنَ ﴿١٥﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | ख़ुशहाल (आओ भगत) किए जाएंगे | बाग़ में | सो वह | नेक | और उन्हों ने अमल किए |

وَاَمَّا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَكَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا وَلِقَآئِ الْاٰخِرَةِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आख़िरत | और मुलाक़ात को | हमारी आयतों को | और झुटलाया | कुफ़्र किया | और जिन लोगों ने |

فَاُولٰٓئِكَ فِى الْعَذَابِ مُحْضَرُوْنَ ﴿١٦﴾ فَسُبْحٰنَ اللّٰهِ حِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जब | अल्लाह | पस पाकीज़गी (बयान करो) | 16 | हाज़िर (गिरिफ़्तार) किए जाएंगे | अ़ज़ाब में | पस यही लोग |

تُمْسُوْنَ وَحِيْنَ تُصْبِحُوْنَ ﴿١٧﴾ وَلَهُ الْحَمْدُ فِى السَّمٰوٰتِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मानों में | तमाम तारीफ़ें | और उस के लिए | 17 | तुम सुबह करो (सुबह के वक़्त) | और जब | तुम शाम करो (शाम के वक़्त) |

وَالْاَرْضِ وَعَشِيًّا وَّحِيْنَ تُظْهِرُوْنَ ﴿١٨﴾ يُخْرِجُ الْحَىَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़िन्दा | वह निकालता है | 18 | तुम ज़ुहर करने हो (ज़ुहर के वक़्त) | और जब | और बाद ज़वाल (तीसरे पहर) | और ज़मीन |

مِنَ الْمَيِّتِ وَيُخْرِجُ الْمَيِّتَ مِنَ الْحَيِّ وَيُحْيِ الْاَرْضَ بَعْدَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बाद | ज़मीन | और वह ज़िन्दा करता है | ज़िन्दा से | मुर्दा | और निकालता है वह | मुर्दा से |

ع ٢ ٥ مَوْتِهَا ؕ وَكَذٰلِكَ تُخْرَجُوْنَ ﴿١٩﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ خَلَقَكُمْ مِّنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | उस ने पैदा किया तुम्हें | कि | और उस की निशानियों से | 19 | तुम निकाल जाओगे | और उसी तरह | उस का मरना |

تُرَابٍ ثُمَّ اِذَآ اَنْتُمْ بَشَرٌ تَنْتَشِرُوْنَ ﴿٢٠﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ خَلَقَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने पैदा किया | कि | और उस की निशानियों से | 20 | फैले हुए | आदमी | नागहां तुम | फिर | मिट्टी |

لَكُمْ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ اَزْوَاجًا لِّتَسْكُنُوْٓا اِلَيْهَا وَجَعَلَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उस ने किया | उन की तरफ़ (पास) | ताकि तुम सुकून हासिल करो | जोड़े | तुम्हारी जिन्स से | तुम्हारे लिए |

بَيْنَكُمْ مَّوَدَّةً وَّرَحْمَةً ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّتَفَكَّرُوْنَ ﴿٢١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | वह ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं | उन लोगों के लिए | अलबत्ता निशानियां | उस में | बेशक | और मेहरबानी | मुहब्बत | तुम्हारे दरमियान |

وَمِنْ اٰيٰتِهٖ خَلْقُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ وَاخْتِلَافُ اَلْسِنَتِكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारी ज़बानें | और मुख़्तलिफ़ होना | और ज़मीन | आस्मान (जमा) | उस ने पैदा किया | और उस की निशानियों से |

وَاَلْوَانِكُمْ ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّلْعٰلِمِيْنَ ﴿٢٢﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस की निशानियों में | 22 | आ़लिमों (दानिशमन्दों) के लिए | अलबत्ता निशानियां | उस में | बेशक | और तुम्हारे रंग |

مَنَامُكُمْ بِالَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَابْتِغَآؤُكُمْ مِّنْ فَضْلِهٖ ؕ اِنَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बेशक | उस के फ़ज़्ल से | और तुम्हारा तलाश करना | और दिन | रात में | तुम्हारा सोना |

فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّسْمَعُوْنَ ﴿٢٣﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهٖ يُرِيْكُمُ الْبَرْقَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजली | वह दिखाता है तुम्हें | और उस की निशानियों से | 23 | वह सुनते हैं | उन लोगों के लिए | अलबत्ता निशानियां | उस में |

خَوْفًا وَّطَمَعًا وَّيُنَزِّلُ مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَيُحْيٖ بِهِ الْاَرْضَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन | फिर ज़िन्दा करता है उस से | पानी | आस्मान से | और वह नाज़िल करता है | और उम्मीद के लिए | ख़ौफ़ |

بَعْدَ مَوْتِهَا ؕ اِنَّ فِىْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ﴿٢٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | अक़्ल से काम लेते हैं | उन लोगों के लिए | अलबत्ता निशानियां | इस में | बेशक | उस के मरने के बाद |

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया, और झुटलाया हमारी आयतों को, और मुलाक़ात को आख़िरत की, पस यही लोग अ़ज़ाब में गिरफ़्तार किए जाएंगे। (16)

पस तुम अल्लाह की पाकीज़गी बयान करो शाम के वक़्त और सुब्ह के वक़्त (17)

और उसी के लिए हैं तमाम तारीफ़ें आस्मानों में और ज़मीन में, और तीसरे पहर और ज़ुहर के वक़्त। (18)

वह मुर्दा से ज़िन्दा को निकालता है, और ज़िन्दा से मुर्दा को निकालता है, और वह ज़िन्दा करता है ज़मीन को उस के मरने के बाद, और उसी तरह तुम (क़ब्रों से) निकाले जाओगे। (19)

और उस की निशानियों में से है कि उस ने तुम्हें पैदा किया मिट्टी से, फिर नागहां तुम आदमी (जा बजा) फैले हुए। (20)

और उस की निशानियों में से है कि उस ने तुम्हारे लिए पैदा किए तुम्हारी जिन्स से जोड़े (बीवियां) ताकि तुम उन के पास सुकून हासिल करो, और उस ने तुम्हारे दरमियान मुहब्बत और रहमत (पैदा) की, बेशक उस में अलबत्ता उन लोगों के लिए निशानियां हैं जो ग़ौर ओ फ़िक्र करते हैं। (21)

और उस की निशानियों में से हैं आस्मानों और ज़मीन का पैदा करना और तुम्हारी ज़बानों और तुम्हारे रंगों का मुख़्तलिफ़ होना, बेशक उस में दानिशमन्दों के लिए निशानियां हैं। (22)

और उस की निशानियों में से है तुम्हारा सोना रात में और दिन (के वक़्त), और तुम्हारा तलाश करना उस के फ़ज़्ल से (रोज़ी), बेशक उस में निशानियां हैं उन लोगों के लिए जो सुनते हैं। (23)

और उस की निशानियों में से है कि वह तुम्हें बिजली दिखाता है ख़ौफ़ और उम्मीद के लिए, और वह नाज़िल करता है आस्मान से पानी, फिर उस से ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा करता है, बेशक उस में निशानियां हैं उन लोगों के लिए जो अ़क़्ल से काम लेते हैं। (24)

और उस की निशानियों में से है कि उस के हुक्म से ज़मीन और आस्मान क़ाइम हैं। फिर जब वह एक निदा दे कर तुम्हें ज़मीन से बुलाएगा तो तुम यकबारगी निकल आओगे। (25) और उस के लिए है जो आस्मानों में और ज़मीन में है, सब उसी के फ़रमांबरदार हैं। (26) और वही है जो पहली बार ख़ल्क़त को पैदा करता है, फिर उस को दोबारा पैदा करेगा, और यह उस पर बहुत आसान है, और उसी की है बुलन्द तर शान आस्मानों में और ज़मीन में, और वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (27) उस ने तुम्हारे लिए तुम्हारे हाल से एक मिसाल बयान की, क्या तुम्हारे लिए है (उन में) से जिन के तुम मालिक हो (तुम्हारे गुलामों में से) उस रिज़्क़ में कोई शरीक? जो हम ने तुम्हें दिया ताकि तुम सब आपस में बराबर हो जाओ, क्या तुम उन से उस तरह डरते हो जैसे अपनों से डरते हो, उसी तरह हम अ़क्ल वालों के लिए खोल कर निशानियां बयान करते हैं। (28) बल्कि पैरवी की ज़ालिमों ने बेजाने अपनी ख़ाहिशात की, तो जिसे अल्लाह गुमराह करे (उसे) कौन हिदायत देगा? और नहीं है उन के लिए कोई मददगार। (29) पस तुम (अल्लाह) के दीन के लिए (सब से कट कर) यक रुख़ हो कर अपना चेहरा सीधा रखो, अल्लाह की उस फ़ित्रत पर जिस पर उस ने लोगों को पैदा किया, उस की ख़ल्क़ (बनाई हुई फ़ित्रत) में कोई तब्दीली नहीं, यह सीधा दीन है, और लेकिन अक्सर लोग जानते नहीं। (30) सब उस की तरफ़ रुजूअ़ करने वाले (रहो) और तुम उसी से डरो, और तुम क़ाइम रखो नमाज़, और तुम शिर्क करने वालों में से न हो। (31) उन में से जिन्हों ने अपना दीन टुकड़े टुकड़े कर लिया, फ़िर्के फ़िर्के हो गए। सब के सब गिरोह उस पर ख़ुश हैं जो उन के पास है। (32)

وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنْ تَقُوْمَ السَّمَآءُ وَالْاَرْضُ بِاَمْرِهٖ ؕ ثُمَّ اِذَا دَعَاكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब वह तुम्हें बुलाएगा | फिर | उस के हुक्म से | और ज़मीन | आस्मान | क़ाइम हैं | कि | और उस की निशानियों से |

دَعْوَةً ۖ مِّنَ الْاَرْضِ ۖ اِذَآ اَنْتُمْ تَخْرُجُوْنَ ﴿۲۵﴾ وَلَهٗ مَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | और उस के लिए | 25 | निकल आओगे | यकबारगी तुम | ज़मीन से | एक निदा |

فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ كُلٌّ لَّهٗ قٰنِتُوْنَ ﴿۲۶﴾ وَهُوَ الَّذِىْ يَبْدَؤُا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहली बार पैदा करता है | और वही है जो | 26 | फ़रमांबरदार | सब उसी के लिए | और ज़मीन में | आस्मानों में |

الْخَلْقَ ثُمَّ يُعِيْدُهٗ وَهُوَ اَهْوَنُ عَلَيْهِ ؕ وَلَهُ الْمَثَلُ الْاَعْلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुलन्द तर | शान | और उसी के लिए | उस पर | बहुत आसान | और वह (यह) | फिर उस को दोबारा पैदा करेगा | ख़ल्क़त |

ع
فِى السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿۲۷﴾ ضَرَبَ لَكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | उस ने बयान की | 27 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और वह | और ज़मीन | आस्मानों में |

مَّثَلًا مِّنْ اَنْفُسِكُمْ ؕ هَلْ لَّكُمْ مِّنْ مَّا مَلَكَتْ اَيْمَانُكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे दाएं हाथ (गुलाम) | जो मालिक हुए | में | क्या तुम्हारे लिए | तुम्हारी जानें (हाल) | से | एक मिसाल |

مِّنْ شُرَكَآءَ فِىْ مَا رَزَقْنٰكُمْ فَاَنْتُمْ فِيْهِ سَوَآءٌ تَخَافُوْنَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क्या) तुम उन से डरते हो | बराबर | उस में | सो (ताकि) तुम | जो हम ने तुम्हें रिज़्क़ दिया | में | कोई शरीक |

كَخِيْفَتِكُمْ اَنْفُسَكُمْ ؕ كَذٰلِكَ نُفَصِّلُ الْاٰيٰتِ لِقَوْمٍ يَّعْقِلُوْنَ ﴿۲۸﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | अ़क़्ल वालों के लिए | निशानियां | हम खोल कर बयान करते हैं | उसी तरह | अपनी जानें (अपनों से) | जैसे तुम डरते हो |

بَلِ اتَّبَعَ الَّذِيْنَ ظَلَمُوْٓا اَهْوَآءَهُمْ بِغَيْرِ عِلْمٍ ۚ فَمَنْ يَّهْدِىْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तो कौन हिदायत देगा | इल्म के बग़ैर (बेजाने) | अपनी ख़ाहिशात | जिन लोगों ने ज़ुल्म किया (ज़ालिम) | पैरवी की | बल्कि |

مَنْ اَضَلَّ اللّٰهُ ؕ وَمَا لَهُمْ مِّنْ نّٰصِرِيْنَ ﴿۲۹﴾ فَاَقِمْ وَجْهَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना चेहरा | पस सीधा रखो तुम | 29 | मददगार | कोई | उन के लिए | और नहीं | गुमराह करे अल्लाह | जिसे |

لِلدِّيْنِ حَنِيْفًا ؕ فِطْرَتَ اللّٰهِ الَّتِىْ فَطَرَ النَّاسَ عَلَيْهَا ؕ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उस पर | लोगों को पैदा किया उस ने | जो (जिस) | फ़ित्रत अल्लाह की | यक रुख़ हो कर | दीन के लिए |

لَا تَبْدِيْلَ لِخَلْقِ اللّٰهِ ؕ ذٰلِكَ الدِّيْنُ الْقَيِّمُ ۙ وَلٰكِنَّ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और लेकिन | दीन सीधा | यह | अल्लाह की ख़ल्क़ में | तब्दीली नहीं |

اَكْثَرَ النَّاسِ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿۳۰﴾ مُنِيْبِيْنَ اِلَيْهِ وَاتَّقُوْهُ وَاَقِيْمُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और क़ाइम रखो तुम | और तुम डरो उस से | उस की तरफ़ | रुजूअ़ करने वाले | 30 | वह जानते नहीं | अक्सर लोग |

الصَّلٰوةَ وَلَا تَكُوْنُوْا مِنَ الْمُشْرِكِيْنَ ﴿۳۱﴾ مِنَ الَّذِيْنَ فَرَّقُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टुकड़े टुकड़े कर लिया | जिन्हों ने | (उन में) से | 31 | शिर्क करने वाले | से | और न हो तुम | नमाज़ |

دِيْنَهُمْ وَكَانُوْا شِيَعًا ؕ كُلُّ حِزْبٍۢ بِمَا لَدَيْهِمْ فَرِحُوْنَ ﴿۳۲﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | ख़ुश हैं | उन के पास | उस पर | सब गिरोह | फ़िर्के फ़िर्के | और हो गए | अपना दीन |

وَاِذَا مَسَّ النَّاسَ ضُرٌّ دَعَوْا رَبَّهُمْ مُّنِيْبِيْنَ اِلَيْهِ ثُمَّ اِذَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर जब | उस की तरफ़ | रुजूअ करते हैं | अपने रब को | वह पुकारते हैं | कोई तक्लीफ़ | पहुँचती है लोगों को | और जब |

اَذَاقَهُمْ مِّنْهُ رَحْمَةً اِذَا فَرِيْقٌ مِّنْهُمْ بِرَبِّهِمْ يُشْرِكُوْنَ ﴿٣٣﴾ لِيَكْفُرُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि नाशुक्री करें | 33 | शरीक करने लगते हैं | अपने रब के साथ | उन में से | एक गिरोह | नागहां | रहमत | अपनी तरफ़ से | वह उन को चखा देता है |

بِمَآ اٰتَيْنٰهُمْ ۗ فَتَمَتَّعُوْا ۫ فَسَوْفَ تَعْلَمُوْنَ ﴿٣٤﴾ اَمْ اَنْزَلْنَا عَلَيْهِمْ سُلْطٰنًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई सनद | उन पर | क्या हम ने नाज़िल की | 34 | तुम जान लोगे | फिर अनक़रीब | सो फ़ाइदा उठा लो तुम | उस की जो हम ने दिया |

فَهُوَ يَتَكَلَّمُ بِمَا كَانُوْا بِهٖ يُشْرِكُوْنَ ﴿٣٥﴾ وَاِذَآ اَذَقْنَا النَّاسَ رَحْمَةً

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रहमत | लोग | हम चखाएं | और जब | 35 | शरीक करते हैं | उस के साथ | हैं | वह जो | कि वह बतलाती है |

فَرِحُوْا بِهَا ۗ وَاِنْ تُصِبْهُمْ سَيِّئَةٌ ۢ بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْهِمْ اِذَا هُمْ يَقْنَطُوْنَ ﴿٣٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | मायूस हो जाते हैं | नागहां वह | उन के हाथ | आगे भेजा | उस के सबब जो | कोई बुराई | पहुँचे उन्हें | और अगर | तो वह खुश हों उस से |

اَوَلَمْ يَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ يَبْسُطُ الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيَقْدِرُ ۗ اِنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक | और तंग करता है | वह चाहता है | जिस के लिए | रिज़्क़ | कुशादा करता है | कि अल्लाह | क्या उन्हों ने नहीं देखा |

فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّقَوْمٍ يُّؤْمِنُوْنَ ﴿٣٧﴾ فَاٰتِ ذَا الْقُرْبٰى حَقَّهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का हक़ | क़राबत दार | पस दो तुम | 37 | उन लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं | अलबत्ता निशानियां | इस में |

وَالْمِسْكِيْنَ وَابْنَ السَّبِيْلِ ۗ ذٰلِكَ خَيْرٌ لِّلَّذِيْنَ يُرِيْدُوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह चाहते हैं | उन लोगों के लिए जो | बेहतर | यह | और मुसाफ़िर | और मिसकीन |

وَجْهَ اللّٰهِ ۫ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٣٨﴾ وَمَآ اٰتَيْتُمْ مِّنْ رِّبًا لِّيَرْبُوَا۠

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि बढ़े | सूद | से | तुम दो | और जो | 38 | फ़लाह पाने वाले | वह | और वही लोग | अल्लाह की रज़ा |

فِيْٓ اَمْوَالِ النَّاسِ فَلَا يَرْبُوْا عِنْدَ اللّٰهِ ۚ وَمَآ اٰتَيْتُمْ مِّنْ زَكٰوةٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़कात | से | और जो तुम दो | अल्लाह के हां | तो नहीं बढ़ता | लोग (जमा) | माल (जमा) | में |

تُرِيْدُوْنَ وَجْهَ اللّٰهِ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُضْعِفُوْنَ ﴿٣٩﴾ اَللّٰهُ الَّذِيْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह है जिस ने | 39 | चन्द दर चन्द करने वाले | वह | तो वही लोग | अल्लाह की रज़ा | चाहते हुए |

خَلَقَكُمْ ثُمَّ رَزَقَكُمْ ثُمَّ يُمِيْتُكُمْ ثُمَّ يُحْيِيْكُمْ ۗ هَلْ مِنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | क्या | वह तुम्हें ज़िन्दा करेगा | फिर | फिर वह तुम्हें मौत देता है | फिर उस ने तुम्हें रिज़्क़ दिया | पैदा किया तुम्हें |

شُرَكَآئِكُمْ مَّنْ يَّفْعَلُ مِنْ ذٰلِكُمْ مِّنْ شَيْءٍ ۗ سُبْحٰنَهٗ وَتَعٰلٰى عَمَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से जो | और बरतर | वह पाक है | कुछ भी | इन (कामों) में से | करे | जो | तुम्हारे शरीक (जमा) |

ع ١٣ يُشْرِكُوْنَ ﴿٤٠﴾ ظَهَرَ الْفَسَادُ فِي الْبَرِّ وَالْبَحْرِ بِمَا كَسَبَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कमाया | उस से जो | और दर्या (तरी) | खुश्की में | फ़साद | ज़ाहिर हो गया | 40 | वह शरीक ठहराते हैं |

اَيْدِي النَّاسِ لِيُذِيْقَهُمْ بَعْضَ الَّذِيْ عَمِلُوْا لَعَلَّهُمْ يَرْجِعُوْنَ ﴿٤١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | बाज़ आ जाएं वह | शायद वह | उन्हों ने किया (आमाल) | बाज़ | ताकि वह उन्हें (मज़ा) चखाए | लोगों के हाथ |

और जब लोगों को कोई तक्लीफ़ पहुँचती है तो अपने रब को पुकारते हैं उस की तरफ़ रुजूअ करते हुए, फिर जब वह उन्हें अपनी तरफ़ से रहमत (का मजा) चखा देता है तो नागहां एक गिरोह (के लोग) उन में से अपने रब के साथ शरीक करने लगते हैं। (33) कि वह उसकी नाशुक्री करें जो हम ने उन्हें दिया, सो तुम (चन्द रोज़) फ़ाइदा उठा लो, फिर अनक़रीब (तुम उसका अन्जाम) जान लोगे। (34) क्या हम ने उन पर कोई सनद नाजिल की? कि वह बतलाती है जो उस के साथ यह शरीक करते हैं। (35) और जब हम चखाएं लोगों को (रहमत का मज़ा) तो उस से खुश हों, और अगर उन्हें उस के सबब कोई बुराई पुहँचे जो उन के हाथों ने आगे भेजा (उन के आमाल से) तो वह नागहां मायूस हो जाते हैं। (36) क्या उन्हों ने नहीं देखा कि अल्लाह जिस के लिए चाहता है रिज़्क़ कुशादा करता है (और जिस के लिए चाहता है) तंग करता है, बेशक जो लोग ईमान रखते हैं उन के लिए इस में निशानियां हैं। (37) पस तुम क़राबतदारों को उस का हक़ दो और मोहताज और मुसाफ़िर को, यह उन के लिए बेहतर है जो अल्लाह की रज़ा चाहते हैं, और वही लोग फ़लाह (दो जहानों की कामयाबी) पाने वाले हैं। (38) और जो तुम सूद दो कि लोगों के माल बढ़ें (इज़ाफ़ा हो) तो (यह) अल्लाह के हां नहीं बढ़ता और जो तुम अल्लाह की रजा चाहते हुए ज़कात देते हो तो यही लोग हैं (अपना माल और अजर) चन्द दर चन्द करने वाले। (39) अल्लाह ही है जिस ने तुम्हें पैदा किया, फिर तुम्हें रिज़्क़ दिया, फिर वह तुम्हें मौत देता है फिर वह तुम्हें ज़िन्दा करेगा, क्या तुम्हारे शरीकों में से (कोई है) जो उन कामों मे से कुछ भी करे? वह पाक है और बरतर उस से जो वह शरीक ठहराते हैं। (40) फ़साद खुश्की और तरी में ज़ाहिर हो गया (फैल गया) उस से जो कमाया लोगों के हाथों ने (उन के आमाल के सबब) ताकि वह उन के बाज़ आमाल का मजा उन्हें चखाए, शायद वह बाज़ आ जाएं। (41)

आप (स) फ़रमा दें तुम ज़मीन में चलो फिरो, फिर तुम देखो उन का अन्जाम कैसा हुआ जो पहले थे, उन के अक्सर शिर्क करने वाले थे। (42)

पस अपना चेहरा दीने रास्त की तरफ़ सीधा रखो इस से क़ब्ल कि वह दिन आ जाए जिस को टलना नहीं अल्लाह (की तरफ़) से, उस दिन (सब) जुदा जुदा हो जाएंगे। (43)

जिस ने कुफ़्र किया तो उस पर पड़ेगा उस के कुफ़्र (का वबाल), और जिस ने अच्छे अ़मल किए तो वह अपने लिए सामान कर रहे हैं। (44)

ताकि (अल्लाह) अपने फ़ज़्ल से उन लोगों को जज़ा दे जो ईमान लाए, और उन्हों ने अच्छे अमल किए, बेशक अल्लाह काफ़िरों को पसंद नहीं करता। (45)

और उस की निशानियों में से है कि वह भेजता है हवाएं ख़ुशख़बरी देने वाली, और ताकि वह तुम्हें अपनी रहमत का मज़ा चखाए, और ताकि कश्तियां उस के हुक्म से चलें, और ताकि तुम तलाश करो उस का फ़ज़्ल (रिज़्क़) और ताकि तुम शुक्र करो। (46)

और तहक़ीक़ हम ने आप (स) से पहले बहुत से रसूल भेजे उन की क़ौमों की तरफ़, पस वह उन के पास खुली निशानियों के साथ आए, फिर हम ने मुजरिमों से इन्तिक़ाम लिया और हमारे ज़िम्मे है मोमिनों की मदद करना। (47)

अल्लाह (ही है) जो हवाएं भेजता है, तो वह बादल उभारती है, फिर वह फैलाता है बादल, आस्मान में जैसे वह चाहता है और वह उस (बादल) को टुकड़े टुकड़े कर देता है, फिर तू देखे कि उस के दरमियान से मीनह निकलता है, फिर वह अपने बन्दों में से जिसे चाहे वह पहुँचा देता है, तो वह अचानक ख़ुशियां मनाने लगते हैं। (48)

अगरचे उस से क़ब्ल कि (बारिश) उन पर नाज़िल हो वह पहले ही से मायूस हो रहे थे। (49)

قُــلْ سِيْـرُوْا فِـی الْاَرْضِ فَـانْـظُـرُوْا كَـيْـفَ كَانَ عَـاقِـبَـةُ الَّـذِيْـنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का जो | अन्जाम | हुआ | कैसा | फिर तुम देखो | ज़मीन | में | तुम चलो फिरो | आप (स) फ़रमा दें |

مِـنْ قَـبْـلُ ؕ كَانَ اَكْـثَـرُهُـمْ مُّـشْـرِكِـيْـنَ ﴿٤٢﴾ فَـاَقِـمْ وَجْـهَـكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना चेहरा | पस सीधा रखो | 42 | शिर्क करने वाले | उन के अक्सर | थे | पहले (थे) |

لِلدِّيْنِ الْقَيِّمِ مِنْ قَبْلِ اَنْ يَّاْتِیَ يَوْمٌ لَّا مَرَدَّ لَــــهٗ مِنَ اللّٰهِ يَوْمَىِٕذٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस दिन | अल्लाह से | उस के लिए (जिस को) | टलना नहीं | वह दिन | आ जाए | कि | इस से क़ब्ल | दीने रास्त के लिए (तरफ़) |

يَّـصَّـدَّعُـوْنَ ﴿٤٣﴾ مَـنْ كَـفَـرَ فَـعَـلَـيْـهِ كُـفْـرُهٗ ۚ وَمَـنْ عَـمِـلَ صَـالِـحًـا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अच्छे अमल | और जिस ने किए | उस का कुफ़्र | तो उसी पर | जिस ने कुफ़्र किया | 43 | जुदा जुदा हो जाएंगे |

فَلِاَنْفُسِهِمْ يَمْهَدُوْنَ ﴿٤٤﴾ لِيَجْـزِیَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए | उन लोगों का जो ईमान लाए | ताकि जज़ा दे वह | 44 | सामान कर रहे हैं | तो वह अपने लिए |

مِـنْ فَـضْـلِـهٖ ؕ اِنَّــهٗ لَا يُـحِـبُّ الْـكٰـفِـرِيْـنَ ﴿٤٥﴾ وَمِــنْ اٰيٰـتِـهٖۤ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस की निशानियों से | 45 | काफ़िर (जमा) | पसंद नहीं करता | बेशक वह | अपना फ़ज़्ल | से |

اَنْ يُّـرْسِـلَ الـرِّيٰـحَ مُـبَـشِّـرٰتٍ وَّلِـيُـذِيْـقَـكُـمْ مِّـنْ رَّحْـمَـتِـهٖ وَلِـتَـجْـرِیَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और ताकि चलें | से (का) अपनी रहमत | और ताकि वह तुम्हें चखाए | ख़ुशख़बरी देने वाली | हवाएं | कि वह भेजता है |

الْـفُـلْـكُ بِـاَمْـرِهٖ وَلِـتَـبْـتَـغُـوْا مِـنْ فَـضْـلِـهٖ وَلَـعَـلَّـكُـمْ تَـشْـكُـرُوْنَ ﴿٤٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | तुम शुक्र करो | और ताकि तुम | उस का फ़ज़्ल | से | और ताकि तुम तलाश करो | उस के हुक्म से | कश्तियां |

وَلَـقَـدْ اَرْسَـلْـنَـا مِـنْ قَـبْـلِـكَ رُسُــلًا اِلٰی قَـوْمِـهِـمْ فَـجَـآءُوْهُـمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पस वह उन के पास आए | उन की क़ौमें | तरफ़ | बहुत से रसूल | आप (स) से पहले | और तहक़ीक़ हम ने भेजे |

بِـالْـبَـيِّـنٰـتِ فَـانْـتَـقَـمْـنَـا مِـنَ الَّــذِيْـنَ اَجْـرَمُـوْا ؕ وَكَانَ حَـقًّـا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हक़ (ज़िम्मे) | और है | वह जिन्हों ने जुर्म किया (मुजरिम) | से | फिर हम ने इन्तिक़ाम लिया | खुली निशानियों के साथ |

عَـلَـيْـنَـا نَـصْـرُ الْـمُـؤْمِـنِـيْـنَ ﴿٤٧﴾ اَللّٰهُ الَّــذِیْ يُـرْسِـلُ الـرِّيٰـحَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हवाएं | जो भेजता है | अल्लाह | 47 | मोमिनीन | मदद | हम पर (हमारा) |

فَـتُـثِـيْـرُ سَـحَـابًـا فَـيَـبْـسُـطُـهٗ فِـی الـسَّـمَـآءِ كَـيْـفَ يَـشَـآءُ وَيَـجْـعَـلُـهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह उसे कर देता है | वह चाहता है | जैसे | आस्मान में | फिर वह (बादल) फैलाता है | बादल | तो वह उभारती है |

كِـسَـفًـا فَـتَـرَی الْــوَدْقَ يَـخْـرُجُ مِـنْ خِـلٰـلِـهٖ ۚ فَـاِذَآ اَصَــابَ بِـهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह उसे पहुँचा देता है | फिर जब | उस के दरमियान से | निकलती है | बारिश की बूंद | फिर तू देखे | टुकड़े टुकड़े |

مَـنْ يَّـشَـآءُ مِـنْ عِـبَـادِهٖۤ اِذَا هُـمْ يَـسْـتَـبْـشِـرُوْنَ ﴿٤٨﴾ وَاِنْ كَانُـوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| थे | और अगरचे | 48 | ख़ुशियां मनाने लगते हैं | अचानक वह | अपने बन्दों | से | जिसे वह चाहता है |

مِـنْ قَـبْـلِ اَنْ يُّـنَـزَّلَ عَـلَـيْـهِـمْ مِّـنْ قَـبْـلِـهٖ لَـمُـبْـلِـسِـيْـنَ ﴿٤٩﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 49 | अलबत्ता मायूस (जमा) | पहले (ही) से | उन पर | कि वह नाज़िल हो | उस से क़ब्ल |

فَانْظُرْ إِلَىٰ آثَارِ رَحْمَتِ اللَّهِ كَيْفَ يُحْيِي الْأَرْضَ بَعْدَ مَوْتِهَا ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के मरने के बाद | ज़मीन | वह कैसे ज़िन्दा करता है | अल्लाह की रहमत | आसार | तरफ़ | पस देख तो |

إِنَّ ذَٰلِكَ لَمُحْيِي الْمَوْتَىٰ ۖ وَهُوَ عَلَىٰ كُلِّ شَيْءٍ قَدِيرٌ ﴿٥٠﴾ وَلَئِنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | 50 | क़ुदरत रखने वाला | हर शै | पर | और वह | मुर्दे | अलबत्ता ज़िन्दा करने वाला | वही | बेशक |

أَرْسَلْنَا رِيحًا فَرَأَوْهُ مُصْفَرًّا لَظَلُّوا مِنْ بَعْدِهِ يَكْفُرُونَ ﴿٥١﴾ فَإِنَّكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस बेशक आप (स) | 51 | नाशुक्री करने वाले | उस के बाद | ज़रूर हो जाएं | ज़र्द शुदा | फिर वह उसे देखें | हवा | हम भेजें |

لَا تُسْمِعُ الْمَوْتَىٰ وَلَا تُسْمِعُ الصُّمَّ الدُّعَاءَ إِذَا وَلَّوْا مُدْبِرِينَ ﴿٥٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | पीठ दे कर | जब वह फिर जाएं | आवाज़ | बहरों | सुना सकते | और नहीं | मुर्दों | नहीं सुना सकते |

وَمَا أَنْتَ بِهَادِ الْعُمْيِ عَنْ ضَلَالَتِهِمْ ۖ إِنْ تُسْمِعُ إِلَّا مَنْ يُؤْمِنُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो ईमान लाता है | मगर | आप नहीं सुना सकते | उन की गुमराही से | अन्धा | हिदायत देने वाले | और आप (स) नहीं |

بِآيَاتِنَا فَهُمْ مُسْلِمُونَ ﴿٥٣﴾ ۞ اللَّهُ الَّذِي خَلَقَكُمْ مِنْ ضَعْفٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कमज़ोरी | से (में) | वह जिस ने तुम्हें पैदा किया | अल्लाह | 53 | फ़रमांबरदार (जमा) | पस वह | हमारी आयतों पर |

ثُمَّ جَعَلَ مِنْ بَعْدِ ضَعْفٍ قُوَّةً ثُمَّ جَعَلَ مِنْ بَعْدِ قُوَّةٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ुव्वत | बाद | फिर उस ने कर दिया | क़ुव्वत | कमज़ोरी | बाद | उस ने बनाया-दी | फिर |

ضَعْفًا وَشَيْبَةً ۚ يَخْلُقُ مَا يَشَاءُ ۖ وَهُوَ الْعَلِيمُ الْقَدِيرُ ﴿٥٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | क़ुदरत वाला | इल्म वाला | और वह | जो वह चाहता है | वह पैदा करता है | और बुढ़ापा | कमज़ोरी |

وَيَوْمَ تَقُومُ السَّاعَةُ يُقْسِمُ الْمُجْرِمُونَ مَا لَبِثُوا غَيْرَ سَاعَةٍ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एक घड़ी से ज़ियादा | वह नहीं रहे | मुजरिम (जमा) | क़सम खाएंगे | क़ियामत | क़ाइम होगी | और जिस दिन |

كَذَٰلِكَ كَانُوا يُؤْفَكُونَ ﴿٥٥﴾ وَقَالَ الَّذِينَ أُوتُوا الْعِلْمَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इल्म दिया गया | वह लोग जिन्हें | और कहा-कहेंगे | 55 | औन्धे जाते | वह थे | उसी तरह |

وَالْإِيمَانَ لَقَدْ لَبِثْتُمْ فِي كِتَابِ اللَّهِ إِلَىٰ يَوْمِ الْبَعْثِ ۖ فَهَٰذَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पस यह है | जी उठने का दिन | तक | में (मुताबिक़) नविश्ताए इलाही | यक़ीनन तुम रहे हो | और ईमान |

يَوْمُ الْبَعْثِ وَلَٰكِنَّكُمْ كُنْتُمْ لَا تَعْلَمُونَ ﴿٥٦﴾ فَيَوْمَئِذٍ لَا يَنْفَعُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नफ़ा न देगी | पस उस दिन | 56 | न जानते थे | तुम | और लेकिन | जी उठने का दिन |

الَّذِينَ ظَلَمُوا مَعْذِرَتُهُمْ وَلَا هُمْ يُسْتَعْتَبُونَ ﴿٥٧﴾ وَلَقَدْ ضَرَبْنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तहक़ीक़ हम ने बयान की | 57 | राज़ी करना चाहा जाएगा | और न वह | उन की माज़िरत | जिन्हों ने ज़ुल्म किया | वह लोग जो |

لِلنَّاسِ فِي هَٰذَا الْقُرْآنِ مِنْ كُلِّ مَثَلٍ ۚ وَلَئِنْ جِئْتَهُمْ بِآيَةٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम लाओ उन के पास कोई निशानी | और अगर | मिसालें | हर क़िस्म | इस क़ुरआन | में | लोगों के लिए |

لَيَقُولَنَّ الَّذِينَ كَفَرُوا إِنْ أَنْتُمْ إِلَّا مُبْطِلُونَ ﴿٥٨﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 58 | झूट बनाते हो | मगर (सिर्फ़) | तुम नहीं हो | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | तो ज़रूर कहेंगे |

ع ١٣ ٥ ٨

قرأ حفص ضم الضاد وفتحها في الثلاثة لكن الضم مختارة ١٢

पस तू आसार (निशानियों) की तरफ़ देख अल्लाह की रहमत के, वह कैसे ज़मीन को उस के मरने के बाद ज़िन्दा करता है। बेशक वही मुर्दों को ज़िन्दा करने वाला है, और वह हर शै पर क़ुदरत रखने वाला है। (50) और अगर हम हवा भेजें, फिर वह उसे ज़र्द शुदा देखें तो वह ज़रूर हो जाएं उस के बाद नाशुक्री करने वाले। (51) पस बेशक आप (स) न मुर्दों को सुना सकते हैं और न बहरों को आवाज़ सुना सकते हैं, जब वह पीठ दे कर फिर जाएं। (52) आप (स) नहीं अँधे को उस की गुमराही से हिदायत देने वाले, नहीं सुना सकते मगर (सिर्फ़ उसे) जो हमारी आयतों पर ईमान लाता है, पस वही फ़रमांबरदार हैं। (53) अल्लाह ही है वह जिस ने तुम्हें कमज़ोरी से पैदा किया, फिर कमज़ोरी के बाद क़ुव्वत, फिर क़ुव्वत के बाद कमज़ोरी और बुढ़ापा दिया, वह जो चाहता है पैदा करता है, और वह इल्म वाला क़ुदरत वाला है। (54) और जिस दिन क़ियामत क़ाइम होगी क़सम खाएंगे मुजरिम कि वह एक घड़ी से ज़ियादा नहीं रहे, इसी तरह वह औन्धे जाते थे। (55) और वह कहेंगे जिन्हें इल्म और ईमान दिया गयाः यक़ीनन तुम किताबे इलाही के मुताबिक़ जी उठने के दिन तक रहे हो, पस यह है जी उठने का दिन, लेकिन तुम न जानते थे। (56) पस उस दिन नफ़ा न देगी उन लोगों को उन की माज़िरत (उज़्र ख़्वाही) जिन्हों ने ज़ुल्म किया, और न उन से (अल्लाह को) राज़ी करना चाहा जाएगा। (57) और तहक़ीक़ हम ने बयान कीं लोगों के लिए इस क़ुरआन में हर क़िस्म की मिसालें, और अगर तुम उन के पास कोई निशानी लाओ तो काफ़िर ज़रूर कहेंगे, तुम सिर्फ़ झूट बनाते हो। (58)

इसी तरह अल्लाह उन के दिलों पर मुह्‌र लगा देता है जो समझ नहीं रखते। (59)

आप (स) सब्र करें, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है और जो लोग यक़ीन नहीं रखते वह किसी तौर आप को सुबुक (बरदाशत न करने वाला-ओछा) न कर दें। (60)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है

अलिफ़-लाम-मीम। (1)

यह आयतें हैं पुर हिक्मत किताब की। (2)

हिदायत और रहमत हैं नेकोकारों के लिए। (3)

जो लोग नमाज़ क़ाइम करते हैं, और जकात अदा करते हैं, और वह आख़िरत पर यक़ीन रखते हैं। (4)

यही लोग अपने रब (की तरफ़) से हिदायत पर हैं और यही लोग फ़लाह (दो जहान की कामयाबी) पाने वाले हैं। (5)

और लोगों में से कोई ऐसा (बद नसीब भी) है जो ख़रीदता है बेहूदा बातें ताकि वह बेसमझे अल्लाह के रास्ते से गुमराह कर दे, और वह उसे हँसी मज़ाक़ ठहराते हैं, यही लोग हैं जिन के लिए ज़िल्लत वाला अज़ाब है। (6)

और जब उस पर हमारी आयतें पढ़ी (सुनाई) जाती हैं तो तकब्बुर करते हुए मुँह मोड़ लेता है गोया उस ने उसे सुना ही नहीं, गोया उस के कानों में गिरानी (बहरापन) है, पस उसे दर्दनाक अज़ाब की ख़ुशख़बरी दो। (7)

बेशक जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अचछे अमल किए, उन के लिए नेमतों के बाग़ात हैं। (8)

उन में वह हमेशा रहेंगे, अल्लाह का वादा सच्चा है, और वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (9)

उस ने सुतून के बग़ैर आस्मानों को पैदा किया, तुम उन्हें देखते हो, और उस ने डाले ज़मीन में पहाड़ कि तुम्हारे साथ झुक न जाए, और उस ने उस में हर क़िस्म के जानवर फैलाए, और हम ने उतारा आस्मान से पानी, फिर हम ने उस में उगाए हर क़िस्म के उम्दा जोड़े। (10)

كَذٰلِكَ يَطْبَعُ اللّٰهُ عَلٰى قُلُوْبِ الَّذِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٥٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | समझ नहीं रखते | जो लोग | दिल (जमा) | पर | अल्लाह मुह्‌र लगा देता है | उसी तरह |

فَاصْبِرْ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ وَّلَا يَسْتَخِفَّنَّكَ الَّذِيْنَ لَا يُوْقِنُوْنَ ﴿٦٠﴾ ع ٦ ٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | यक़ीन नहीं रखते | जो लोग | और वह हरगिज़ हलका न पाएं आप को | सच्चा | अल्लाह का वादा | बेशक | पस आप सब्र करें |

## آيَاتُهَا ٣٤ ❀ (٣١) سُوْرَةُ لُقْمٰنَ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٤

रुकूआत 4 — (31) सूरह लुक़मान — आयात 34

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है

الٓمّٓ ﴿١﴾ تِلْكَ اٰيٰتُ الْكِتٰبِ الْحَكِيْمِ ﴿٢﴾ هُدًى وَّرَحْمَةً لِّلْمُحْسِنِيْنَ ﴿٣﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नेकोकारों के लिए | और रहमत | हिदायत | 2 | पुर हिक्मत किताब | आयतें | यह | 1 | अलिफ़ लाम मीम |

الَّذِيْنَ يُقِيْمُوْنَ الصَّلٰوةَ وَيُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَهُمْ بِالْاٰخِرَةِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आख़िरत पर | और वह | ज़कात | और अदा करते हैं | नमाज़ | क़ाइम करते हैं | जो लोग |

هُمْ يُوْقِنُوْنَ ﴿٤﴾ اُولٰٓئِكَ عَلٰى هُدًى مِّنْ رَّبِّهِمْ وَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | फ़लाह पाने वाले | वह | और यही लोग | अपने रब से | हिदायत | पर | यही लोग | 4 | वह यक़ीन रखते हैं |

وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَّشْتَرِىْ لَهْوَ الْحَدِيْثِ لِيُضِلَّ عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का रास्ता | से | ताकि वह गुमराह करे | खेल की (बेहूदा) बातें | ख़रीदता है | जो | लोग | और से |

بِغَيْرِ عِلْمٍ ۖ وَّيَتَّخِذَهَا هُزُوًا ۗ اُولٰٓئِكَ لَهُمْ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | ज़िल्लत वाला अज़ाब | उन के लिए | यही लोग | हँसी मज़ाक़ | और वह उसे ठहराते हैं | बे समझे |

وَاِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِ اٰيٰتُنَا وَلّٰى مُسْتَكْبِرًا كَاَنْ لَّمْ يَسْمَعْهَا كَاَنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गोया | उस ने उस सुना नहीं | गोया | तकब्बुर करते हुए | वह मुँह मोड़ लेता है | हमारी आयतें | पढ़ी जाती हैं उस पर | और जब |

فِىْٓ اُذُنَيْهِ وَقْرًا ۚ فَبَشِّرْهُ بِعَذَابٍ اَلِيْمٍ ﴿٧﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने अमल किए | ईमान लाए | बेशक जो लोग | 7 | दर्दनाक | अज़ाब की | पस उस ख़ुशख़बरी दो | गिरानी | उस के कानों में |

الصّٰلِحٰتِ لَهُمْ جَنّٰتُ النَّعِيْمِ ﴿٨﴾ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۗ وَعْدَ اللّٰهِ حَقًّا ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सच्चा | अल्लाह का वादा | उस में | हमेशा रहेंगे | 8 | नेमतों के बाग़ात | उन के लिए | अच्छे |

وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٩﴾ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ بِغَيْرِ عَمَدٍ تَرَوْنَهَا وَاَلْقٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस ने डाले | तुम उन्हें देखते हो | बग़ैर सुतून | आस्मान (जमा) | उस ने पैदा किया | 9 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और वह |

فِى الْاَرْضِ رَوَاسِىَ اَنْ تَمِيْدَ بِكُمْ وَبَثَّ فِيْهَا مِنْ كُلِّ دَآبَّةٍ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जानवर | हर क़िस्म | उस में | और फैलाए | झुक (न) जाए तुम्हारे साथ | कि | पहाड़ (जमा) | ज़मीन में |

وَاَنْزَلْنَا مِنَ السَّمَآءِ مَآءً فَاَنْۢبَتْنَا فِيْهَا مِنْ كُلِّ زَوْجٍ كَرِيْمٍ ﴿١٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | उम्दा | जोड़े | हर क़िस्म | उस में | फिर हम ने उगाए | पानी | आस्मान से | और हम ने उतारा |

هٰذَا خَلْقُ اللّٰهِ فَاَرُوْنِیْ مَاذَا خَلَقَ الَّذِیْنَ مِنْ دُوْنِهٖ ؕ بَلِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बल्कि | उस के सिवा | वह जो | पैदा किया | क्या | पस तुम मुझे दिखाओ | खल्क़त (बनाया हुआ) अल्लाह का | यह |

ع ١١ / ١٠

الظّٰلِمُوْنَ فِیْ ضَلٰلٍ مُّبِیْنٍ ﴿١١﴾ وَلَقَدْ اٰتَیْنَا لُقْمٰنَ الْحِكْمَةَ اَنِ اشْكُرْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम शुक्र करो | कि | हिक्मत | लुक़मान | और अलबत्ता हम ने दी | 11 | खुली गुमराही | में | ज़ालिम (जमा) |

لِلّٰهِ ؕ وَمَنْ یَّشْكُرْ فَاِنَّمَا یَشْكُرُ لِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ كَفَرَ فَاِنَّ اللّٰهَ غَنِیٌّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेनियाज़ | तो बेशक अल्लाह | और जिस ने नाशुक्री की | अपने लिए | वह शुक्र करता है | तो इस के सिवा नहीं (सिर्फ़) | शुक्र करता है | और जो | अल्लाह का |

١٢ وقف النبی ﷺ

حَمِیْدٌ ﴿١٢﴾ وَاِذْ قَالَ لُقْمٰنُ لِابْنِهٖ وَهُوَ یَعِظُهٗ یٰبُنَیَّ لَا تُشْرِكْ بِاللّٰهِ ؕ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के साथ | तू न शरीक ठहरा | ऐ मेरे बेटे | उसे नसीहत कर रहा था | और वह | अपने बेटे को | लुक़मान | कहा | और जब | 12 | तारीफ़ों के साथ |

اِنَّ الشِّرْكَ لَظُلْمٌ عَظِیْمٌ ﴿١٣﴾ وَوَصَّیْنَا الْاِنْسَانَ بِوَالِدَیْهِ ۚ حَمَلَتْهُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उसे पेट में रखा | उस के माँ बाप के बारे में | इन्सान | और हम ने ताकीद कर दी | 13 | अलबत्ता ज़ुल्मे अ़ज़ीम | बेशक शिर्क |

اُمُّهٗ وَهْنًا عَلٰی وَهْنٍ وَّفِصٰلُهٗ فِیْ عَامَیْنِ اَنِ اشْكُرْ لِیْ وَلِوَالِدَیْكَ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और अपने माँ बाप का | कि तू मेरा शुक्र कर | दो साल में | और उस का दूध छुड़ाना | पर कमज़ोरी | कमज़ोरी | उस की माँ |

النصف

اِلَیَّ الْمَصِیْرُ ﴿١٤﴾ وَاِنْ جٰهَدٰكَ عَلٰۤی اَنْ تُشْرِكَ بِیْ مَا لَیْسَ لَكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुझे | जिस का नहीं | मेरा | कि तू शरीक ठहराए | पर (की) | वह मेरे साथ कोशिश करें | और अगर | 14 | लौट कर आना | मेरी तरफ़ |

بِهٖ عِلْمٌ فَلَا تُطِعْهُمَا وَصَاحِبْهُمَا فِی الدُّنْیَا مَعْرُوْفًا ؗ وَّاتَّبِعْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तू पैरवी कर | अच्छे तरीक़े से | दुनिया में | और उन के साथ बसर कर | तू उन दोनों का कहा न मान | कोई इल्म | उस का |

سَبِیْلَ مَنْ اَنَابَ اِلَیَّ ۚ ثُمَّ اِلَیَّ مَرْجِعُكُمْ فَاُنَبِّئُكُمْ بِمَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो कुछ | सो मैं तुम्हें आगाह करूँगा | तुम्हें लौट कर आना है | मेरी तरफ़ | फिर | मेरी तरफ़ | रुजूअ़ करे | जो | रास्ता |

كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٥﴾ یٰبُنَیَّ اِنَّهَاۤ اِنْ تَكُ مِثْقَالَ حَبَّةٍ مِّنْ خَرْدَلٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राई | से (के) | वज़न (बराबर) दाना | अगर हो | बेशक वह | ऐ मेरे बेटे | 15 | तुम करते थे |

فَتَكُنْ فِیْ صَخْرَةٍ اَوْ فِی السَّمٰوٰتِ اَوْ فِی الْاَرْضِ یَاْتِ بِهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ले आएगा उसे | ज़मीन में | या | आस्मानों में | या | सख़्त पत्थर | में | फिर वह हो |

اللّٰهُ ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَطِیْفٌ خَبِیْرٌ ﴿١٦﴾ یٰبُنَیَّ اَقِمِ الصَّلٰوةَ وَاْمُرْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हुक्म दे | क़ाइम कर नमाज़ | ऐ मेरे बेटे | 16 | ख़बरदार | बारीक बीन | बेशक अल्लाह | अल्लाह |

بِالْمَعْرُوْفِ وَانْهَ عَنِ الْمُنْكَرِ وَاصْبِرْ عَلٰی مَاۤ اَصَابَكَ ؕ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो तुझ पर पहुँचे | पर | और सब्र कर | बुरी बात | से | और रोक तू | अच्छे काम |

اِنَّ ذٰلِكَ مِنْ عَزْمِ الْاُمُوْرِ ﴿١٧﴾ وَلَا تُصَعِّرْ خَدَّكَ لِلنَّاسِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोगों से | अपना रुख़्सार | और तू टेढ़ा न कर | 17 | बड़ी हिम्मत के काम | से | बेशक यह |

وَلَا تَمْشِ فِی الْاَرْضِ مَرَحًا ؕ اِنَّ اللّٰهَ لَا یُحِبُّ كُلَّ مُخْتَالٍ فَخُوْرٍ ﴿١٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | ख़ुद पसंद | इतराने वाले | हर किसी | पसंद नहीं करता | बेशक अल्लाह | इतराता | ज़मीन में | और न चल तू |

यह अल्लाह का बनाया हुआ है, पस तुम मुझे दिखाओ क्या पैदा किया उन्हों ने जो उस के सिवा हैं, बल्कि ज़ालिम खुली गुमराही में हैं। (11)

और अलबत्ता हम ने दी लुक़मान को हिक्मत, (और फ़रमाया) कि तुम अल्लाह का शुक्र करो, और जो शुक्र करता है तो वह सिर्फ़ अपने (ही भले के) लिए करता है, और जिस ने नाशुक्री की तो बेशक अल्लाह बेनियाज़, तारीफ़ों के साथ है। (12)

और (याद करो) जब लुक़मान ने अपने बेटे को कहा और वह उसे नसीहत कर रहा था, ऐ मेरे बेटे! तू अल्लाह के साथ शरीक न ठहरा, बेशक शिर्क एक ज़ुल्मे अ़ज़ीम है। (13)

और हम ने इन्सान को ताकीद की उस के माँ बाप के बारे में (हुस्ने सुलूक की) उस की माँ ने कमज़ोरी पर कमज़ोरी (झेलते हुए) उसे पेट में रखा, और दो साल में उस का दूध छुड़ाया, कि मेरा शुक्र कर और अपने माँ बाप का, मेरी तरफ़ (ही) लौट कर आना है। (14)

और अगर वह दोनों तेरे साथ कोशिश करें कि तू मेरा शरीक ठहराए, जिस का तुझे कोई इल्म (सनद) नहीं तो उन का कहा न मान, और दुनिया (के मामलात) में उन के साथ अचछे तरीक़े से बसर कर, और उस के रास्ते की पैरवी कर जो रुजूअ़ करे मेरी तरफ़, फिर तुम्हें मेरी तरफ़ ही लौट कर आना है, सो मैं तुम्हें आगाह करूँगा जो कुछ तुम करते थे। (15)

ऐ मेरे बेटे! अगर (कोई चीज) एक राई के दाने के बराबर (भी) हो, फिर वह किसी सख़्त पत्थर (चटान) में (पोशीदा) हो, या आस्मानों में, या ज़मीन में (पोशीदा) हो, अल्लाह उसे ले आएगा (हाजिर कर देगा), बेशक अल्लाह बारीक बीन, बाख़बर है। (16)

ऐ मेरे बेटे! नमाज़ क़ाइम कर, और अचछे कामों का हुक्म दे, और तू बुरी बातों से रोक और तुझ पर जो (उफ़्ताद) पहुँचे उस पर सब्र कर, बेशक यह बड़ी हिम्मत के कामों में से है। (17)

और तू लोगों से (बात करते हुए) अपना रुख़्सार न टेढ़ा कर, और ज़मीन में इतराता हुआ न चल, बेशक अल्लाह पसंद नहीं करता किसी इतराने वाले, ख़ुद पसंद को। (18)

और अपनी रफ़्तार में मियाना रवी (इख़्तियार) कर, और अपनी आवाज़ को पस्त रख, बेशक आवाज़ों में सब से नापसंदीदा आवाज गधे की है (19)
क्या तुम ने नहीं देखा कि अल्लाह ने तुम्हारे लिए मुसख़्ख़र किया है जो कुछ आस्मानों में और जो कुछ जमीन में है, और उस ने तुम्हें अपनी ज़ाहिर और पोशीदा नेमतें भरपूर दीं, और लोगों में बाज (ऐसे हैं) जो अल्लाह के बारे में झगड़ते हैं बग़ैर इल्म, बग़ैर हिदायत और बग़ैर रोशन किताब के। (20)
और जब उन से कहा जाए, जो अल्लाह ने नाज़िल किया है तुम उस की पैरवी करो तो वह कहते हैं बल्कि हम उस की पैरवी करेंगे जिस पर हम ने अपने बाप दादा को पाया है, क्या (उस सूरत में भी कि) अगर शैतान उन को दोजख के अज़ाब की तरफ़ बुलाता हो? (21)
और जो झुका दे चेहरा (सरे तसलीम ख़म कर दे) अल्लाह की तरफ़, और वह नेकोकार हो, तो बेशक उस ने मजबूत हल्क़ा (दस्त आवेज़) थाम लिया, और अल्लाह की तरफ़ (ही) तमाम कामों की इन्तिहा है। (22)
और जो कुफ़्र करे तो उस का कुफ़्र आप (स) को ग़मगीन न कर दे, उन्हें हमारी तरफ़ (ही) लौटना है, फिर हम उन्हें जरूर जतलाएंगे जो वह करते थे, बेशक अल्लाह दिलों के भेद जानने वाला है। (23)
हम उन्हें थोड़ा (चन्द रोज़ा) फ़ाइदा देंगे, फिर उन्हें खींच लाएंगे सख्त अजाब की तरफ़। (24)
और अगर तुम उन से पूछोः किस ने आस्मानों और ज़मीन को पैदा किया? तो वह यक़ीनन कहेंगे "अल्लाह"। आप (स) फ़रमा दें तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, बल्कि उन के अक्सर नहीं जानते। (25)
अल्लाह ही के लिए है जो कुछ आस्मानों और जमीन में है, बेशक अल्लाह बेनियाज़, तारीफ़ों के क़ाबिल। (26)
और अगर यह हो कि जमीन में जो भी दरख़्त हैं क़लम बन जाएं और समन्दर उस की सियाही (बन जाएं) और उस के बाद सात समन्दर (और हों) तो भी अल्लाह की बातें ख़तम न हों, बेशक अल्लाह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (27)

وَاقْصِدْ فِیْ مَشْیِكَ وَاغْضُضْ مِنْ صَوْتِكَ ؕ اِنَّ اَنْكَرَ الْاَصْوَاتِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवाज़ें | सब से नापसंदीदा | बेशक | अपनी आवाज़ को | और पस्त कर | अपनी रफ़्तार में | और मियाना रवी कर |

لَصَوْتُ الْحَمِیْرِ ﴿١٩﴾ اَلَمْ تَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ سَخَّرَ لَكُمْ مَّا فِی السَّمٰوٰتِ وَمَا ع ٢ ٨ ١١

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो कुछ | आस्मानों में | जो कुछ | तुम्हारे लिए | मुसख़्ख़र किया | कि अल्लाह | क्या तुम ने नहीं देखा | 19 | गधा | आवाज |

فِی الْاَرْضِ وَاَسْبَغَ عَلَیْكُمْ نِعَمَهٗ ظَاهِرَةً وَّبَاطِنَةً ؕ وَمِنَ النَّاسِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लोग | और बाज़ | और पोशीदा | ज़ाहिर | अपनी नेमतें | तुम पर (तुम्हें) | और भरपूर दें | ज़मीन में |

مَنْ یُّجَادِلُ فِی اللّٰهِ بِغَیْرِ عِلْمٍ وَّلَا هُدًی وَّلَا كِتٰبٍ مُّنِیْرٍ ﴿٢٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | और बग़ैर किताबे रोशन | और बग़ैर हिदायत | इल्म | बग़ैर | अल्लाह (के बारे में) | झगड़ता है | जो |

وَاِذَا قِیْلَ لَهُمُ اتَّبِعُوْا مَآ اَنْزَلَ اللّٰهُ قَالُوْا بَلْ نَتَّبِعُ مَا وَجَدْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो हम ने पाया | बल्कि हम पैरवी करेंगे | वह कहते है | नाज़िल किया अल्लाह | जो | तुम पैरवी करो | उन से | कहा जाए | और जब |

عَلَیْهِ اٰبَآءَنَا ؕ اَوَلَوْ كَانَ الشَّیْطٰنُ یَدْعُوْهُمْ اِلٰی عَذَابِ السَّعِیْرِ ﴿٢١﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | दोजख | अजाब | तरफ़ | उन को बुलाता | शैतान | हो | क्या अगर | अपने बाप दादा | उस पर |

وَمَنْ یُّسْلِمْ وَجْهَهٗۤ اِلَی اللّٰهِ وَهُوَ مُحْسِنٌ فَقَدِ اسْتَمْسَكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक उस ने थामा | नेकोकार | और वह | अल्लाह की तरफ़ | अपना चेहरा | झुका दे | और जो |

بِالْعُرْوَةِ الْوُثْقٰی ؕ وَاِلَی اللّٰهِ عَاقِبَةُ الْاُمُوْرِ ﴿٢٢﴾ وَمَنْ كَفَرَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और जो कुफ़्र करे | 22 | तमाम काम (जमा) | इन्तिहा | और अल्लाह की तरफ़ | हल्क़ा मज़बूत |

فَلَا یَحْزُنْكَ كُفْرُهٗ ؕ اِلَیْنَا مَرْجِعُهُمْ فَنُنَبِّئُهُمْ بِمَا عَمِلُوْا ؕ اِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक अल्लाह | वह करते थे | फिर हम उन्हें जरूर जतलाएंगे वह जो | उन का लौटना | हमारी तरफ़ | उस का कुफ़्र | तो आप (स) को ग़मगीन न कर दे |

عَلِیْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٢٣﴾ نُمَتِّعُهُمْ قَلِیْلًا ثُمَّ نَضْطَرُّهُمْ اِلٰی

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | फिर हम उन्हें खींच लाएंगे | थोड़ा | हम उन्हें फ़ाइदा देंगे | 23 | सीनों (दिलों) के भेद | जानने वाला |

عَذَابٍ غَلِیْظٍ ﴿٢٤﴾ وَلَئِنْ سَاَلْتَهُمْ مَّنْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और ज़मीन | आस्मानों (को) | किस ने पैदा किया | तुम उन से पूछो | और अगर | 24 | सख़्त | अज़ाब |

لَیَقُوْلُنَّ اللّٰهُ ؕ قُلِ الْحَمْدُ لِلّٰهِ ؕ بَلْ اَكْثَرُهُمْ لَا یَعْلَمُوْنَ ﴿٢٥﴾ لِلّٰهِ مَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के लिए जो कुछ | 25 | जानते नहीं | बल्कि उन के अक्सर | तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए | फ़रमा दें | तो वह यक़ीनन कहेंगे "अल्लाह" |

فِی السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ هُوَ الْغَنِیُّ الْحَمِیْدُ ﴿٢٦﴾ وَلَوْ اَنَّمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह हो कि जो | और अगर | 26 | तारीफ़ों के क़ाबिल | बेनियाज़ | वह | बेशक अल्लाह | और ज़मीन | आस्मानों में |

فِی الْاَرْضِ مِنْ شَجَرَةٍ اَقْلَامٌ وَّالْبَحْرُ یَمُدُّهٗ مِنْۢ بَعْدِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद | उस की सियाही | और समन्दर | क़लमें | दरख़्त | से-काई | ज़मीन | में |

سَبْعَةُ اَبْحُرٍ مَّا نَفِدَتْ كَلِمٰتُ اللّٰهِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ عَزِیْزٌ حَكِیْمٌ ﴿٢٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | बेशक अल्लाह | अल्लाह की बातें | तो भी ख़तम न हों | समन्दर (जमा) | सात |

مَا خَلْقُكُمْ وَلَا بَعْثُكُمْ اِلَّا كَنَفْسٍ وَّاحِدَةٍ ۭ اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌۢ بَصِيْرٌ ﴿٢٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | देखने वाला | सुनने वाला | बेशक अल्लाह | जैसे एक शख़्स | मगर | और नही तुम्हारा जी उठाना | नही तुम सब का पैदा करना |

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ يُوْلِجُ الَّيْلَ فِي النَّهَارِ وَيُوْلِجُ النَّهَارَ فِي الَّيْلِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रात में | दिन | और दाख़िल करता है | दिन में | रात | दाख़िल करता है | कि अल्लाह | क्या तू ने नही देखा |

وَسَخَّرَ الشَّمْسَ وَالْقَمَرَ ۡ كُلٌّ يَّجْرِيْٓ اِلٰٓى اَجَلٍ مُّسَمًّى وَّاَنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और यह कि अल्लाह | मुक़र्ररा | मुद्दत | तरफ़ | चलता रहेगा | हर एक | और चाँद | सूरज | और उस ने मुसख़्ख़र किया |

بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿٢٩﴾ ذٰلِكَ بِاَنَّ اللّٰهَ هُوَ الْحَقُّ وَاَنَّ مَا يَدْعُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह परस्तिश करते हैं | जो जिस | और यह कि | वही बरहक़ | इस लिए कि अल्लाह | यह | 29 | ख़बरदार | उस से जो कुछ तुम करते हो |

٣ ع ١١ ١٢ مِنْ دُوْنِهِ الْبَاطِلُ ۙ وَاَنَّ اللّٰهَ هُوَ الْعَلِيُّ الْكَبِيْرُ ﴿٣٠﴾ اَلَمْ تَرَ اَنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | क्या तू ने नही देखा | 30 | बड़ाई वाला | बुलन्द मरतबा | वही | और यह कि अल्लाह | बातिल | उस के सिवा |

الْفُلْكَ تَجْرِيْ فِي الْبَحْرِ بِنِعْمَتِ اللّٰهِ لِيُرِيَكُمْ مِّنْ اٰيٰتِهٖ ۭ اِنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक | उस की निशानियां | ताकि वह तुम्हें दिखा दे | अल्लाह की नेमतों के साथ | दर्या में | चलती है | कश्ती |

فِيْ ذٰلِكَ لَاٰيٰتٍ لِّكُلِّ صَبَّارٍ شَكُوْرٍ ﴿٣١﴾ وَاِذَا غَشِيَهُمْ مَّوْجٌ كَالظُّلَلِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| साइबानों की तरह | मौज | उन पर छा जाती है | और जब | 31 | बड़े शुक्र गुज़ार | बड़े सब्र वाले | वास्ते हर | अलबत्ता निशानियां | उस में |

دَعَوُا اللّٰهَ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ۚ فَلَمَّا نَجّٰىهُمْ اِلَى الْبَرِّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ख़ुश्की की तरफ़ | उस ने उन्हें बचा लिया | फिर जब | उस के लिए दीन (इबादत) | ख़ालिस कर के | वह अल्लाह को पुकारते हैं |

فَمِنْهُمْ مُّقْتَصِدٌ ۭ وَمَا يَجْحَدُ بِاٰيٰتِنَآ اِلَّا كُلُّ خَتَّارٍ كَفُوْرٍ ﴿٣٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | नाशुक्रा | अ़हद शिकन | हर | सिवाए | हमारी आयतों का | और इन्कार नहीं करता | मियाना रो | तो उन में कोई |

يٰٓاَيُّهَا النَّاسُ اتَّقُوْا رَبَّكُمْ وَاخْشَوْا يَوْمًا لَّا يَجْزِيْ وَالِدٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई बाप | न काम आएगा | वह दिन | और ख़ौफ़ करो | अपना परवरदिगार | तुम डरो | लोगो | ऐ |

عَنْ وَّلَدِهٖ ۡ وَلَا مَوْلُوْدٌ هُوَ جَازٍ عَنْ وَّالِدِهٖ شَيْـًٔا ۭ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का वादा | बेशक | कुछ | से (के) बाप | काम आएगा | वह | और न कोई बेटा | अपने बेटे | से-के |

حَقٌّ فَلَا تَغُرَّنَّكُمُ الْحَيٰوةُ الدُّنْيَا ۪ وَلَا يَغُرَّنَّكُمْ بِاللّٰهِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अल्लाह से | और तुम्हें हरगिज़ धोका न दे | दुनिया की ज़िन्दगी | सो तुम्हें हरगिज़ धोके में न डाले | सच्चा |

الْغَرُوْرُ ﴿٣٣﴾ اِنَّ اللّٰهَ عِنْدَهٗ عِلْمُ السَّاعَةِ ۚ وَيُنَزِّلُ الْغَيْثَ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारिश | और वह नाज़िल करता है | क़ियामत का इल्म | उस के पास | बेशक अल्लाह | 33 | धोका देने वाला |

وَيَعْلَمُ مَا فِي الْاَرْحَامِ ۭ وَمَا تَدْرِيْ نَفْسٌ مَّاذَا تَكْسِبُ غَدًا ۭ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कल | वह करेगा | क्या | कोई शख़्स | जानता | और नही | (हामिला के) रह्म में | जो | और वह जानता है |

٤ ع ١٣ وَمَا تَدْرِيْ نَفْسٌۢ بِاَيِّ اَرْضٍ تَمُوْتُ ۭ اِنَّ اللّٰهَ عَلِيْمٌ خَبِيْرٌ ﴿٣٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | ख़बरदार | इल्म वाला | बेशक अल्लाह | वह मरेगा | ज़मीन | किस | कोई शख़्स | और नही जानता |

नहीं है तुम सब का पैदा करना और नहीं है तुम्हारा जी उठाना मगर जैसे एक शख़्स (का पैदा करना), बेशक अल्लाह सुनने वाला, देखने वाला है। (28)

क्या तू ने नहीं देखा कि अल्लाह दाखिल करता है रात को दिन में, और दिन को दाख़िल करता है रात में, और उस ने सूरज और चाँद को मुसख़्ख़र किया, हर एक चलता रहेगा मुद्दते मुक़र्ररा (रोजे क़ियामत) तक और यह कि जो कुछ तुम करते हो अल्लाह उस से खबरदार है। (29)

यह इस लिए है कि अल्लाह ही बरहक़ है और यह कि वह उस के सिवा जिस की परस्तिश करते हैं सब बातिल हैं, और यह कि अल्लाह ही बुलन्द मरतबा, बड़ाई वाला है। (30)

क्या तू ने नहीं देखा कि अल्लाह की नेमतों के साथ कश्ती दर्या में चलती है ताकि वह तुम्हें उस की निशानियां दिखा दे, बेशक उस में हर बड़े सब्र करने वाले, शुक्र गुजार के लिए निशानियां हैं। (31)

और जब मौज उन पर साइबानों की तरह छा जाती है तो वह अल्लाह को पुकारते हैं ख़ालिस कर के उसी के लिए इबादत, फिर जब उस ने उन्हें ख़ुश्की की तरफ बचा लिया तो उन में कोई मियाना रो रहता है। और हमारी आयतों का इन्कार नहीं करता सिवाए हर अहद शिकन नाशुक्रे के, (32)

ऐ लोगो! तुम अपने परवरदिगार से डरो, और उस दिन का ख़ौफ करो (जिस दिन) न काम आएगा कोई बाप अपने बेटे के, और न कोई बेटा अपने बाप के कुछ काम आएगा, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है, सो तुम्हें दुनिया की ज़िन्दगी हरगिज़ धोके में न डाल दे, और धोका देने वाला (शैतान) तुम्हें अल्लाह से हरगिज धोका न दे। (33)

बेशक अल्लाह ही के पास है क़ियामत का इल्म, वही बारिश नाजिल करता है, और वह जानता है जो हामिला के रह्म में है, और नहीं जानता कोई शख़्स के वह कल क्या करेगा, और कोई शख़्स नहीं जानता कि वह किस जमीन में मरेगा, बेशक अल्लाह इल्म वाला, ख़बरदार है। (34)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है
अलिफ़-लाम-मीम। (1)
इस में कोई शक नहीं कि इस किताब (कुरआन) का नाज़िल करना तमाम जहानों के परवरदिगार की तरफ़ से है। (2)
क्या वह कहते हैं कि यह उस ने घड़ लिया है? (नहीं) बल्कि यह तुम्हारे परवरदिगार की तरफ़ से हक़ है ताकि तुम उस क़ौम को डराओ जिस के पास कोई डराने वाला नहीं आया तुम से पहले, ताकि वह हिदायत पा लें। (3)
अल्लाह (ही है) जिस ने पैदा किया आस्मानों को और ज़मीन को और जो उन के दरमियान है छः (6) दिन में, फिर उस ने अ़र्श पर क़रार किया, तुम्हारे लिए उस के सिवा नहीं कोई मददगार, और न सिफ़ारिश करने वाला, सो क्या तुम ग़ौर नहीं करते? (4)
वह हर काम की तदबीर करता है आस्मान से ज़मीन तक, फिर (वह काम) उस की तरफ़ रुजूअ़ करेगा एक दिन में, जिस की मिक़दार एक हज़ार साल है उस (हिसाब) से जो तुम शुमार करते हो। (5)
वह पोशीदा और ज़ाहिर का जानने वाला, ग़ालिब, मेहरबान। (6)
वह जिस ने हर शै बहुत ख़ूब बनाई जो उस ने पैदा की और इन्सान की पैदाइश की इब्तिदा मिट्टी से की। (7)
फिर उस की नस्ल को बेक़द्र पानी के ख़ुलासे से बनाया। (8)
फिर उस ने उस के आज़ा को ठीक किया, और उस में फूंकी अपनी (तरफ़ से) अपनी रूह, और तुम्हारे लिए कान और आँखें और दिल बनाए, तुम बहुत कम हो जो शुक्र करते हो। (9)
और उन्हों ने कहा: क्या जब हम ज़मीन में गुम हो जाएंगे तो क्या नई पैदाइश में (आएंगे)? बल्कि वह अपने रब की मुलाक़ात से मुन्किर हैं। (10)

آيَاتُهَا ٣٠ ❀ (٣٢) سُوْرَةُ السَّجْدَةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआत 3 (32) सूरतुस सजदा आयात 30

بِسْمِ اللهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है

الٓمّٓ ﴿١﴾ تَنْزِيْلُ الْكِتٰبِ لَا رَيْبَ فِيْهِ مِنْ رَّبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | परवरदिगार तमाम जहानों का | से | इस में | कोई शक नही | किताब | नाज़िल करना | 1 | अलिफ़ लाम मीम |

اَمْ يَقُوْلُوْنَ افْتَرٰىهُ ۚ بَلْ هُوَ الْحَقُّ مِنْ رَّبِّكَ لِتُنْذِرَ قَوْمًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस क़ौम को | ताकि तुम डराओ | तुम्हारा रब | से | हक़ | यह | बल्कि | यह उस ने घड़ लिया है | वह कहते है | क्या |

مَّآ اَتٰىهُمْ مِّنْ نَّذِيْرٍ مِّنْ قَبْلِكَ لَعَلَّهُمْ يَهْتَدُوْنَ ﴿٣﴾ اَللّٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | 3 | हिदायत पालें | ताकि वह | तुम से पहले | से | डराने वाला | कोई | उन के पास नही आया |

الَّذِيْ خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ وَمَا بَيْنَهُمَا فِيْ سِتَّةِ اَيَّامٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | छः (6) | में | उन के दरमियान | और जो | और ज़मीन | आस्मानों को | पैदा किया | वह जिस ने |

ثُمَّ اسْتَوٰى عَلَى الْعَرْشِ ۗ مَا لَكُمْ مِّنْ دُوْنِهٖ مِنْ وَّلِيٍّ وَّلَا شَفِيْعٍ ۗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न सिफ़ारिश करने वाला | मददगार | से-कोई | उस के सिवा | तुम्हारे लिए नही | अ़र्श पर | उस ने क़रार किया | फिर |

اَفَلَا تَتَذَكَّرُوْنَ ﴿٤﴾ يُدَبِّرُ الْاَمْرَ مِنَ السَّمَآءِ اِلَى الْاَرْضِ ثُمَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | जमीन तक | आस्मान | से | तमाम काम | वह तदबीर करता है | 4 | सो क्या तुम ग़ौर नहीं करते |

يَعْرُجُ اِلَيْهِ فِيْ يَوْمٍ كَانَ مِقْدَارُهٗٓ اَلْفَ سَنَةٍ مِّمَّا تَعُدُّوْنَ ﴿٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
اللّٰهُ رَبُّكُمْ ۚۖ فَتَبٰرَكَ اللّٰهُ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٤﴾ هُوَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार | सो बरकत वाला है अल्लाह | परवरदिगार सारे जहानों का | 64 | वही |

الْحَيُّ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ فَادْعُوْهُ مُخْلِصِيْنَ لَهُ الدِّيْنَ ؕ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ज़िन्दा रहने वाला | नहीं कोई माबूद | सिवाए उस के | पस तुम पुकारो उसे | खालिस कर के | उस के लिए दीन |

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٥﴾ قُلْ اِنِّيْ نُهِيْتُ اَنْ اَعْبُدَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए | परवरदिगार सारे जहानों का | 65 | आप (स) फ़रमा दें | बेशक मैं | मुझे मना कर दिया गया है | कि परस्तिश करूँ मैं |

الَّذِيْنَ تَدْعُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ لَمَّا جَآءَنِيَ الْبَيِّنٰتُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह जिन की | तुम पूजा करते हो | अल्लाह के सिवा | जब | वह मेरे पास आ गईं | खुली निशानियां |

مِنْ رَّبِّيْ وَاُمِرْتُ اَنْ اُسْلِمَ لِرَبِّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿٦٦﴾

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मेरे रब से | और मुझे हुक्म दिया गया | कि मैं अपनी गर्दन झुका दूँ | परवरदिगार के लिए तमाम जहानों का | 66 |

बेशक क़ियामत ज़रूर आने वाली है, इस में कोई शक नहीं, लेकिन अक्सर लोग ईमान नहीं लाते। (59) और तुम्हारे रब ने कहाः तुम मुझ से दुआ करो, मैं तुम्हारी (दुआ) कुबूल करूंगा, बेशक जो लोग मेरी इबादत से तकब्बुर (सरताबी) करते हैं अनक़रीब ख़ार हो कर वह जहन्नम में दाख़िल होंगे। (60) अल्लाह वह है जिस ने बनाई तुम्हारे लिए रात ताकि तुम उस में सुकून हासिल करो और दिन दिखाने को (रौशन बनाया), बेशक अल्लाह फ़ज़्ल वाला है लोगों पर और लेकिन अक्सर लोग शुक्र नहीं करते। (61) यह है अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार, हर शै का पैदा करने वाला, उस के सिवा कोई माबूद नहीं, तो तुम कहां उलटे फिरे जाते हो? (62) इसी तरह वह लोग उलटे फिर जाते हैं जो अल्लाह की आयात का इन्कार करते हैं। (63) अल्लाह, जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को क़रारगाह बनाया और आस्मान को छत (बनाया) और तुम्हें सूरत दी तो बहुत ही हसीन सूरत दी, और तुम्हें पाकीज़ा चीज़ों से रिज़्क़ दिया, यह है अल्लाह तुम्हारा परवरदिगार, सो बरकत वाला है अल्लाह, सारे जहां का परवरदिगार। (64) वही ज़िन्दा रहने वाला है, नहीं कोई माबूद उस के सिवा, पस तुम उसी को पुकारो उस के लिए दीन ख़ालिस करके, तमाम तारीफ़ें अल्लाह के लिए हैं, सारे जहान का परवरदिगार। (65) आप (स) फ़रमा दें: बेशक मुझे मना कर दिया गया है कि मैं उन की परस्तिश करूँ जिन की तुम अल्लाह के सिवा पूजा करते हो, जब मेरे पास आ गईं मेरे रब (की तरफ़) से खुली निशानियां, और मुझे हुक्म दिया गया है कि तमाम जहानों के परवरदिगार के लिए अपनी गर्दन झुका दूँ, (66)

वह जिस ने तुम्हें मिट्टी से पैदा किया, फिर नुत्फ़े से, फिर लोथड़े से, फिर वह तुम्हें निकालता है (माँ के पेट से) बच्चा सा, फिर (तुम्हें बाक़ी रखता है) ताकि तुम अपनी जवानी को पहुँचो, फिर (ज़िन्दा रखता है) ताकि तुम बूढ़े हो जाओ और तुम में से (कोई है) जो फ़ौत हो जाता है उस से क़ब्ल, और ताकि तुम सब (अपने अपने) वक़्ते मुक़र्ररा को पहुँचो और ताकि तुम समझो। (67)
वही है जो ज़िन्दगी अता करता है और मारता है, फिर जब वह किसी अमर का फ़ैसला करता है तो उस के सिवा नहीं कि वह उस को कहता है "हो जा" सो वह हो जाता है (68)
क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा जो अल्लाह की आयात में झगड़ते हैं? वह कहां फिरे जाते (भटकते) हैं? (69)
जिन लोगों ने किताब को झुटलाया और उसे जिस के साथ हम ने अपने रसूलों को भेजा, पस वह जल्द जान लेंगे। (70)
जब उन की गर्दनों में तौक़ और ज़न्जीरें होंगी, वह घसीटे जाएंगे। (71)
खौलते हुए पानी में, फिर वह आग (जहन्नम) में झोंक दिए जाएंगे। (72)
फिर कहा जाएगा उन को, कहां हैं वह जिन को तुम अल्लाह के सिवा शरीक करते थे? (73)
वह कहेंगे वह तो हम से गुम हो गए (कहीं नज़र नहीं आते) बल्कि हम तो इस से क़ब्ल किसी चीज को पुकारते ही न थे, इसी तरह अल्लाह काफ़िरों को गुमराह करता है। (74)
यह उस का बदला है जो तुम ज़मीन में नाहक़ खुश होते (फिरते) थे, और बदला है उस का जिस पर तुम इतराते थे। (75)
तुम जहन्नम के दरवाज़ों में दाखिल हो जाओ, हमेशा उस में रहने को, सो बड़ा बनने वालों का बुरा है ठिकाना। (76)
पस आप (स) सब्र करें, बेशक अल्लाह का वादा सच्चा है, पस अगर हम आप को उस (अज़ाब) का कुछ हिस्सा दिखा दें जो हम उन से वादा करते हैं या (उस से क़ब्ल) हम आप को वफ़ात दे दें (बहर सूरत) वह हमारी ही तरफ़ लौटाए जाएंगे। (77)

هُوَ الَّذِىْ خَلَقَكُمْ مِّنْ تُرَابٍ ثُمَّ مِنْ نُّطْفَةٍ ثُمَّ مِنْ عَلَقَةٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लोथड़े से | फिर | नुत्फ़े से | फिर | मिट्टी से | पैदा किया तुम्हें | वह जिस ने |

ثُمَّ يُخْرِجُكُمْ طِفْلًا ثُمَّ لِتَبْلُغُوْٓا اَشُدَّكُمْ ثُمَّ لِتَكُوْنُوْا شُيُوْخًا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बूढ़े | ताकि तुम हो जाओ | फिर | अपनी जवानी | ताकि तुम पहुँचो | फिर | बच्चा सा | तुम्हें निकालता है वह | फिर |

وَمِنْكُمْ مَّنْ يُّتَوَفّٰى مِنْ قَبْلُ وَلِتَبْلُغُوْٓا اَجَلًا مُّسَمًّى وَّلَعَلَّكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और ताकि तुम | वक़्ते मुक़र्ररा | और ताकि तुम पहुँचो | उस से क़ब्ल | जो फ़ौत हो जाता है | और तुम में से |

تَعْقِلُوْنَ ﴿٦٧﴾ هُوَ الَّذِىْ يُحْيٖ وَيُمِيْتُ ۚ فَاِذَا قَضٰٓى اَمْرًا فَاِنَّمَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो इस के सिवा नहीं | किसी अमर | वह फ़ैसला करता है | फिर जब | और मारता है | ज़िन्दगी अता करता है | वही है जो | 67 | समझो |

يَقُوْلُ لَهٗ كُنْ فَيَكُوْنُ ﴿٦٨﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ يُجَادِلُوْنَ فِيْٓ ع ٨ ١٢

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | झगड़ते हैं | जो लोग | तरफ़ | क्या नहीं देखा तुम ने | 68 | सो वह हो जाता है | हो जा | वह कहता है उस के लिए |

اٰيٰتِ اللّٰهِ ۭ اَنّٰى يُصْرَفُوْنَ ﴿٦٩﴾ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِالْكِتٰبِ وَبِمَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस को जो | किताब को | झुटलाया | जिन लोगों ने | 69 | फिरे जाते हैं | कहां | अल्लाह की आयात |

اَرْسَلْنَا بِهٖ رُسُلَنَا ۟ۛ فَسَوْفَ يَعْلَمُوْنَ ﴿٧٠﴾ اِذِ الْاَغْلٰلُ معانقة ١٣ عند المتأخرين ١٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तौक़ (जमा) | जब | 70 | वह जान लेंगे | पस जल्द | अपने रसूल | उस के साथ | हम ने भेजा |

فِيْٓ اَعْنَاقِهِمْ وَالسَّلٰسِلُ ۭ يُسْحَبُوْنَ ﴿٧١﴾ فِى الْحَمِيْمِ ۙ ثُمَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फिर | खौलते हुए पानी में | 71 | वह घसीटे जाएंगे | और ज़न्जीरें | उन की गर्दनों में |

فِى النَّارِ يُسْجَرُوْنَ ﴿٧٢﴾ ثُمَّ قِيْلَ لَهُمْ اَيْنَ مَا كُنْتُمْ تُشْرِكُوْنَ ﴿٧٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 73 | शरीक करते | जिन को तुम थे | कहां | उन को | कहा जाएगा | फिर | 72 | वह झोंक दिए जाएंगे | आग में |

مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ۭ قَالُوْا ضَلُّوْا عَنَّا بَلْ لَّمْ نَكُنْ نَّدْعُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुकारते थे हम | नहीं | बल्कि | हम से | वह गुम हो गए | वह कहेंगे | अल्लाह के सिवा |

مِنْ قَبْلُ شَيْـــًٔا ۭ كَذٰلِكَ يُضِلُّ اللّٰهُ الْكٰفِرِيْنَ ﴿٧٤﴾ ذٰلِكُمْ بِمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का बदला जो | यह | 74 | काफ़िरों | गुमराह करता है अल्लाह | इसी तरह | कोई चीज़ | इस से क़ब्ल |

كُنْتُمْ تَفْرَحُوْنَ فِى الْاَرْضِ بِغَيْرِ الْحَقِّ وَبِمَا كُنْتُمْ تَمْرَحُوْنَ ﴿٧٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 75 | इतराते | तुम थे | और बदला उस का जो | नाहक़ | ज़मीन में | तुम खुश होते थे |

اُدْخُلُوْٓا اَبْوَابَ جَهَنَّمَ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۚ فَبِئْسَ مَثْوَى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ठिकाना | सो बुरा | उस में | हमेशा रहने को | जहन्नम | दरवाज़े | तुम दाखिल हो जाओ |

الْمُتَكَبِّرِيْنَ ﴿٧٦﴾ فَاصْبِرْ اِنَّ وَعْدَ اللّٰهِ حَقٌّ ۚ فَاِمَّا نُرِيَنَّكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम आप (स) को दिखा दें | पस अगर | सच्चा | अल्लाह का वादा | बेशक | आप सब्र करें | 76 | तकब्बुर करने (बड़ा बनने) वालों का |

بَعْضَ الَّذِىْ نَعِدُهُمْ اَوْ نَتَوَفَّيَنَّكَ فَاِلَيْنَا يُرْجَعُوْنَ ﴿٧٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 77 | वह लौटाए जाएंगे | पस हमारी तरफ़ | हम आप (स) को वफ़ात दे दें | या | हम उन से वादा करते हैं | वह जो | बाज़ (कुछ हिस्सा) |

وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا رُسُلًا مِّنْ قَبْلِكَ مِنْهُمْ مَّنْ قَصَصْنَا عَلَيْكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) पर- से | हम ने हाल बयान किया | जो- जिन | उन में से | आप (स) से पहले | बहुत से रसूल | और तहक़ीक़ हम ने भेजे |

وَمِنْهُمْ مَّنْ لَّمْ نَقْصُصْ عَلَيْكَ ۗ وَمَا كَانَ لِرَسُوْلٍ اَنْ يَّاْتِيَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लाए | कि | किसी रसूल के लिए | और न था | आप (स) पर- से | हम ने हाल नही बयान किया | जो- जिन | और उन में से |

بِاٰيَةٍ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ۚ فَاِذَا جَآءَ اَمْرُ اللّٰهِ قُضِيَ بِالْحَقِّ وَخَسِرَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और घाटे में रह गए | हक़ के साथ | फ़ैसला कर दिया गया | अल्लाह का हुक्म | आ गया | सो जब | अल्लाह के हुक्म से | मगर- बग़ैर | कोई निशानी |

ع ٨ ١٠ ١٢ هُنَالِكَ الْمُبْطِلُوْنَ ﴿٧٨﴾ اَللّٰهُ الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ الْاَنْعَامَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चौपाए | तुम्हारे लिए | बनाए | वह जिस ने | अल्लाह | 78 | अहले बातिल | उस वक़्त |

لِتَرْكَبُوْا مِنْهَا وَمِنْهَا تَاْكُلُوْنَ ﴿٧٩﴾ وَلَكُمْ فِيْهَا مَنَافِعُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बहुत से फ़ाइदे | उन में | और तुम्हारे लिए | 79 | तुम खाते हो | और उन से | उन से | ताकि तुम सवार हो |

وَلِتَبْلُغُوْا عَلَيْهَا حَاجَةً فِيْ صُدُوْرِكُمْ وَعَلَيْهَا

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और उन पर | तुम्हारे सीनों (दिलों में) | हाजत | उन पर | और ताकि तुम पहुँचो |

وَعَلَى الْفُلْكِ تُحْمَلُوْنَ ﴿٨٠﴾ وَيُرِيْكُمْ اٰيٰتِهٖ ۖ فَاَيَّ اٰيٰتِ اللّٰهِ تُنْكِرُوْنَ ﴿٨١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | तुम इन्कार करोगे | अल्लाह की निशानियों का | तो किन किन | अपनी निशानियां | और वह दिखाता है तुम्हें | 80 | लदे फिरते हो | और कशतियों पर |

اَفَلَمْ يَسِيْرُوْا فِي الْاَرْضِ فَيَنْظُرُوْا كَيْفَ كَانَ عَاقِبَةُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अन्जाम | हुआ | कैसा | तो वह देखते | ज़मीन में | पस क्या वह चले फिरे नही |

الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ ۭ كَانُوْٓا اَكْثَرَ مِنْهُمْ وَاَشَدَّ قُوَّةً

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कुव्वत | और बहुत ज़ियादा | इन से | बहुत जियादा | वह थे | इन से कब्ल | उन लोगों का जो |

وَّاٰثَارًا فِي الْاَرْضِ فَمَآ اَغْنٰى عَنْهُمْ مَّا كَانُوْا يَكْسِبُوْنَ ﴿٨٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 82 | वह कमाते (करते) थे | जो | उन के | वह काम आया | सो न | ज़मीन में | और आसार |

فَلَمَّا جَآءَتْهُمْ رُسُلُهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ فَرِحُوْا بِمَا عِنْدَهُمْ مِّنَ الْعِلْمِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इल्म से | उन के पास | खुश हुए (इतराने लगे) उस पर जो | खुली निशानियों के साथ | उन के रसूल | उन के पास आए | फिर जब |

وَحَاقَ بِهِمْ مَّا كَانُوْا بِهٖ يَسْتَهْزِءُوْنَ ﴿٨٣﴾ فَلَمَّا رَاَوْا بَاْسَنَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हमारा अजाब | उन्हों ने देखा | फिर जब | 83 | मज़ाक़ उड़ाते | उस का | थे | जो वह | उन्हें | और घेर लिया |

قَالُوْٓا اٰمَنَّا بِاللّٰهِ وَحْدَهٗ وَكَفَرْنَا بِمَا كُنَّا بِهٖ مُشْرِكِيْنَ ﴿٨٤﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 84 | शरीक करते | उस के साथ | हम थे | वह जिस | और हम मुन्किर हुए | वह वाहिद | अल्लाह पर | हम ईमान लाए | वह कहने लगे |

فَلَمْ يَكُ يَنْفَعُهُمْ اِيْمَانُهُمْ لَمَّا رَاَوْا بَاْسَنَا ۭ سُنَّتَ اللّٰهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का दस्तूर | हमारा अज़ाब | जब उन्हों ने देख लिया | उन का ईमान | उन को नफ़ा देता | तो न हुआ |

ع ٩ ١١ ١٢ الَّتِيْ قَدْ خَلَتْ فِيْ عِبَادِهٖ ۚ وَخَسِرَ هُنَالِكَ الْكٰفِرُوْنَ ﴿٨٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 85 | काफ़िर (जमा) | उस वक़्त | और घाटे में रह गए | उस के बन्दों में | गुज़र चुका है | वह जो |

और तहक़ीक़ हम ने आप (स) से पहले बहुत से रसूल भेजे, उन में से (कुछ हैं) जिन का हाल हम ने आप से बयान किया और उन में से (कुछ हैं) जिन का हाल हम ने आप से बयान नहीं किया, और किसी रसूल के लिए (मक़्दूर) न था कि वह कोई निशानी अल्लाह के हुक्म के बग़ैर ले आए, सो जब अल्लाह का हुक्म आ गया, हक़ के साथ फ़ैसला कर दिया गया, और अहले बातिल उस वक़्त घाटे में रह गए। (78)

अल्लाह (ही) है जिस ने तुम्हारे लिए चौपाए बनाए। ताकि तुम सवार हो उन में से (बाज़ पर), और उन में से (बाज़) तुम खाते हो, (79)

और तुम्हारे लिए उन में बहुत से फ़ाइदे हैं और ताकि तुम उन पर (सवार हो कर) अपने दिलों की मुराद (मन्ज़िले मक़्सूद) को पहुँचो और उन पर और कशतियों पर तुम लदे फिरते हो। (80)

और वह तुम्हें अपनी निशानियां दिखाता है, तुम अल्लाह की किन किन निशानियों का इन्कार करोगे? (81)

पस क्या वह जमीन में चले फिरे नहीं? तो वह देखते कि कैसा हुआ अन्जाम उन लोगों का जो उन से क़ब्ल थे, वह तादाद और कुव्वत में इन से बहुत ज़ियादा थे, और वह जमीन में (इन से बढ़ चढ़ कर) आसार (छोड़ गए) सो जो वह करते थे उन के (कुछ) काम न आया। (82)

फिर जब उन के पास उन के रसूल खुली निशानियों के साथ आए तो वह उस इल्म पर इतराने लगे जो उन के पास था और उन्हें उस (अज़ाब) ने घेर लिया जिस का वह मज़ाक़ उड़ाते थे। (83)

फिर जब उन्हों ने हमारा अजाब देखा तो वह कहने लगे हम अल्लाह वाहिद पर ईमान लाए और हम उस के मुन्किर हुए जिस को हम उस के साथ शरीक करते थे। (84)

तो (उस वक्त ऐसा) न हुआ कि उन का ईमान उन को नफ़ा देता जब उन्हों ने हमारा अज़ाब देख लिया, अल्लाह का दस्तूर है जो उस के बन्दों में गुज़र चुका (होता चला आया है) और उस वक्त काफ़िर घाटे में रह गए। (85)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
हा-मीम। (1)
(यह कलाम) नाज़िल किया हुआ है निहायत मेहरबान रहम करने वाले (अल्लाह की तरफ़) से। (2)
यह एक किताब है जिस की आयतें वाज़ेह कर दी गई हैं, कुरआन अ़रबी ज़बान में उन लोगों के लिए जो जानते हैं। (3)
ख़ुशख़बरी देने वाला, डर सुनाने वाला, सो उन में से अक्सर ने मुँह फेर लिया, पस वह सुनते नहीं। (4)
और उन्होंने कहा कि हमारे दिल पर्दों में हैं उस (बात) से जिस की तरफ़ तुम हमें बुलाते हो, और हमारे कानों में गिरानी है, और हमारे और तुम्हारे दरमियान एक पर्दा है, सो तुम अपना काम करो, बेशक हम अपना काम करते हैं। (5)
आप (स) फ़रमा दें, इस के सिवा नहीं कि मैं तुम जैसा एक बशर हूँ, मेरी तरफ़ वहि की जाती है कि तुम्हारा माबूद, माबूदे यकता है, पस सीधे रहो उस के हुज़ूर और उस से मग़्फ़िरत मांगो, और ख़राबी है मुशरिकों के लिए। (6)
वह जो लोग ज़कात नहीं देते और वह आख़िरत के मुन्किर हैं। (7)
बेशक जो लोग ईमान लाए, और उन्होंने अच्छे अ़मल किए, उन के लिए अजर है न ख़तम होने वाला। (8)
आप (स) फ़रमा दें क्या तुम उस का इन्कार करते हो जिस ने ज़मीन को दो (2) दिनों में पैदा किया और तुम उस के शरीक ठहराते हो, यही है सारे जहानों का रब। (9)
और उस ने उस (ज़मीन) में बनाए उस के ऊपर पहाड़, और उस में बरकत रखी, और उस में चार (4) दिनों में उन की ख़ुराकें मुक़र्रर कीं, यकसां तमाम सवाल करने वालों के लिए। (10)
फिर उस ने आस्मान की तरफ़ तवज्जुह फ़रमाई, और वह एक धुआं था, तो उस ने उस से और ज़मीन से कहा तुम दोनों आओ ख़ुशी से या नाख़ुशी से, उन दोनों ने कहा, हम दोनों ख़ुशी से हाज़िर हैं। (11)

آيَاتُهَا ٥٤ ❀ (٤١) سُوْرَةُ حٰمٓ السَّجْدَةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٦

आयात 54 — (41) सूरह हा-मीम सजदा — रुकुआत 6

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

حٰمٓ ۝١ تَنْزِيْلٌ مِّنَ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۝٢ كِتٰبٌ فُصِّلَتْ اٰيٰتُهٗ قُرْاٰنًا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुरआन | जुदा जुदा (वाज़ेह) कर दी गई उस की आयतें | एक किताब | 2 | रहम करने वाला | निहायत मेहरबान | से | नाज़िल किया हुआ | 1 | हा-मीम |

عَرَبِيًّا لِّقَوْمٍ يَّعْلَمُوْنَ ۝٣ بَشِيْرًا وَّنَذِيْرًا ۚ فَاَعْرَضَ اَكْثَرُهُمْ فَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस वह | उन में से अक्सर | सो मुँह फेर लिया | और डर सुनाने वाला | ख़ुशख़बरी देने वाला | 3 | वह जानते हैं | उन लोगों के लिए | अ़रबी (ज़बान) में |

لَا يَسْمَعُوْنَ ۝٤ وَقَالُوْا قُلُوْبُنَا فِيْٓ اَكِنَّةٍ مِّمَّا تَدْعُوْنَآ اِلَيْهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की तरफ़ | तुम बुलाते हो हमें | उस से जो | पर्दों में | हमारे दिल | और उन्होंने कहा | 4 | वह सुनते नहीं |

وَفِيْٓ اٰذَانِنَا وَقْرٌ وَّمِنْۢ بَيْنِنَا وَبَيْنِكَ حِجَابٌ فَاعْمَلْ اِنَّنَا عٰمِلُوْنَ ۝٥

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | काम करते हैं | बेशक हम | सो तुम काम करो | एक पर्दा | और तुम्हारे दरमियान | और हमारे दरमियान | बोझ-गिरानी | और हमारे कानों में |

قُلْ اِنَّمَآ اَنَا بَشَرٌ مِّثْلُكُمْ يُوْحٰٓى اِلَيَّ اَنَّمَآ اِلٰهُكُمْ اِلٰهٌ وَّاحِدٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यकता | माबूद | तुम्हारा माबूद | यह कि | मेरी तरफ़ | वहि की जाती है | तुम जैसा | कि मैं एक बशर | इस के सिवा नहीं | फ़रमा दें |

فَاسْتَقِيْمُوْٓا اِلَيْهِ وَاسْتَغْفِرُوْهُ ۗ وَوَيْلٌ لِّلْمُشْرِكِيْنَ ۝٦ الَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | 6 | मुशरिकों के लिए | और ख़राबी | उस से मग़्फ़िरत मांगो | उस की तरफ़ (उस के हुज़ूर) | पस सीधे रहो |

لَا يُؤْتُوْنَ الزَّكٰوةَ وَهُمْ بِالْاٰخِرَةِ هُمْ كٰفِرُوْنَ ۝٧ اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान लाए | जो लोग | बेशक | 7 | मुन्किर हैं | वह | आख़िरत का | और वह | ज़कात | नहीं देते |

وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ لَهُمْ اَجْرٌ غَيْرُ مَمْنُوْنٍ ۝٨ قُلْ اَئِنَّكُمْ ع ٨ ١٥

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या तुम | फ़रमा दें | 8 | ख़तम न होने वाला | अजर | उन के लिए | और उन्होंने अ़मल किए अच्छे |

لَتَكْفُرُوْنَ بِالَّذِيْ خَلَقَ الْاَرْضَ فِيْ يَوْمَيْنِ وَتَجْعَلُوْنَ لَهٗٓ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के | और तुम ठहराते हो | दो (2) दिनों में | ज़मीन | पैदा किया | उस का जिस ने | इन्कार करते हो |

اَنْدَادًا ۗ ذٰلِكَ رَبُّ الْعٰلَمِيْنَ ۝٩ وَجَعَلَ فِيْهَا رَوَاسِيَ مِنْ فَوْقِهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के ऊपर | पहाड़ (जमा) | उस में | और उस ने बनाए | 9 | सारे जहानों का रब | वह | शरीक (जमा) |

وَبٰرَكَ فِيْهَا وَقَدَّرَ فِيْهَآ اَقْوَاتَهَا فِيْٓ اَرْبَعَةِ اَيَّامٍ ۗ سَوَآءً

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यकसां | चार (4) दिन (जमा) | में | उन की ख़ुराकें | उस में | और मुक़र्रर कीं | उस में | और बरकत रखी |

لِّلسَّآئِلِيْنَ ۝١٠ ثُمَّ اسْتَوٰٓى اِلَى السَّمَآءِ وَهِيَ دُخَانٌ فَقَالَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उस ने कहा | एक धुआं | और वह | आस्मान की तरफ़ | फिर उस ने तवज्जुह फ़रमाई | 10 | तमाम सवाल करने वालों के लिए |

لَهَا وَلِلْاَرْضِ ائْتِيَا طَوْعًا اَوْ كَرْهًا ۗ قَالَتَآ اَتَيْنَا طَآئِعِيْنَ ۝١١

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | ख़ुशी से | हम दोनों आए (हाज़िर हैं) | उन दोनों ने कहा | नाख़ुशी से | या | ख़ुशी से | तुम दोनों आओ | और ज़मीन से | उस से |

فَقَضٰهُنَّ سَبْعَ سَمٰوَاتٍ فِیْ یَوْمَیْنِ وَاَوْحٰی فِیْ كُلِّ سَمَآءٍ اَمْرَهَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का काम | हर आस्मान | में | और वहि कर दी | दो (2) दिनों में | सात आस्मान | फिर उस ने बनाए |

وَزَیَّنَّا السَّمَآءَ الدُّنْیَا بِمَصَابِیْحَ ۖ وَحِفْظًا ؕ ذٰلِكَ تَقْدِیْرُ الْعَزِیْزِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ालिब | अन्दाज़ा (फ़ैसला) | यह | और हिफ़ाज़त के लिए | चिराग़ों (सितारों) से | दुनिया | आस्मान | और हम ने ज़ीनत दी |

الْعَلِیْمِ ﴿١٢﴾ فَاِنْ اَعْرَضُوْا فَقُلْ اَنْذَرْتُكُمْ صٰعِقَةً مِّثْلَ صٰعِقَةِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चिंघाड़ | जैसी | एक चिंघाड़ | मैं डराता हूँ तुम्हें | तो फ़रमा दें | वह मुँह मोड़ लें | फिर अगर | 12 | इल्म वाला |

عَادٍ وَّثَمُوْدَ ﴿١٣﴾ اِذْ جَآءَتْهُمُ الرُّسُلُ مِنْ بَیْنِ اَیْدِیْهِمْ وَمِنْ خَلْفِهِمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उन के पीछे से | उन के आगे से | रसूल | जब आए उन के पास | 13 | आ़द और समूद |

اَلَّا تَعْبُدُوْٓا اِلَّا اللّٰهَ ؕ قَالُوْا لَوْ شَآءَ رَبُّنَا لَاَنْزَلَ مَلٰٓئِكَةً

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़रिश्ते | तो ज़रूर उतारता | हमारा रब | अगर चाहता | उन्हों ने जवाब दिया | सिवाए अल्लाह | कि तुम न इबादत करो |

فَاِنَّا بِمَآ اُرْسِلْتُمْ بِهٖ كٰفِرُوْنَ ﴿١٤﴾ فَاَمَّا عَادٌ فَاسْتَكْبَرُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो वह तकब्बुर (ग़ुरूर) करने लगे | आ़द | फिर जो | 14 | मुन्किर हैं | उस के साथ | तुम भेजे गए हो | उस का जो | पस बेशक |

فِی الْاَرْضِ بِغَیْرِ الْحَقِّ وَقَالُوْا مَنْ اَشَدُّ مِنَّا قُوَّةً ؕ اَوَلَمْ یَرَوْا اَنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि अल्लाह | वह देखते | क्या नही | कुव्वत | हम से | ज़ियादा | कौन | और वह कहने लगे | नाहक़ | ज़मीन (मुल्क) में |

الَّذِیْ خَلَقَهُمْ هُوَ اَشَدُّ مِنْهُمْ قُوَّةً ؕ وَكَانُوْا بِاٰیٰتِنَا یَجْحَدُوْنَ ﴿١٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | इन्कार करते | हमारी आयतों का | और वह थे | कुव्वत | उन से | बहुत ज़ियादा | वह | पैदा किया उन्हें | वह जिस ने |

فَاَرْسَلْنَا عَلَیْهِمْ رِیْحًا صَرْصَرًا فِیْٓ اَیَّامٍ نَّحِسَاتٍ لِّنُذِیْقَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि हम चखाएं उन्हें | नहूसत | दिनों में | तुन्द ओ तेज़ | हवा | उन पर | पस हम ने भेजी |

عَذَابَ الْخِزْیِ فِی الْحَیٰوةِ الدُّنْیَا ؕ وَلَعَذَابُ الْاٰخِرَةِ اَخْزٰی وَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | ज़ियादा रुस्वा करने वाला | आख़िरत | और अलबत्ता अज़ाब | दुनिया की ज़िन्दगी | में | रुस्वाई | अ़ज़ाब |

لَا یُنْصَرُوْنَ ﴿١٦﴾ وَاَمَّا ثَمُوْدُ فَهَدَیْنٰهُمْ فَاسْتَحَبُّوا الْعَمٰی عَلَی الْهُدٰی

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत पर | अन्धा रहना | ता उन्हों ने पसंद किया | सो हम ने रास्ता दिखाया उन्हें | समूद | और रहे | 16 | मदद न किए जाएंगे |

فَاَخَذَتْهُمْ صٰعِقَةُ الْعَذَابِ الْهُوْنِ بِمَا كَانُوْا یَكْسِبُوْنَ ﴿١٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | वह कमाते (करते थे) | उस की सजा में जो | ज़िल्लत | अ़ज़ाब | चिंघाड़ | तो उन्हें आ पकड़ा |

ع ٢ / ١٦ وَنَجَّیْنَا الَّذِیْنَ اٰمَنُوْا وَكَانُوْا یَتَّقُوْنَ ﴿١٨﴾ وَیَوْمَ یُحْشَرُ اَعْدَآءُ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के दुश्मन | जमा किए जाएंगे | और जिस दिन | 18 | और वह परहेज़गारी करते थे | ईमान लाए | वह लोग जो | और हम ने बचा लिया |

اِلَی النَّارِ فَهُمْ یُوْزَعُوْنَ ﴿١٩﴾ حَتّٰٓی اِذَا مَا جَآءُوْهَا شَهِدَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गवाही देंगे | वह आएंगे उस के पास | जब | यहां तक कि | 19 | गिरोह गिरोह किए जाएंगे | तो वह | जहन्नम की तरफ़ |

عَلَیْهِمْ سَمْعُهُمْ وَاَبْصَارُهُمْ وَجُلُوْدُهُمْ بِمَا كَانُوْا یَعْمَلُوْنَ ﴿٢٠﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | जो वह करते थे | उस पर | और उन की जिल्दें (गोश्त पोस्त) | और उन की आँखें | उन के कान | उन पर |

फिर उस ने दो दिनों में सात आस्मान बनाए और हर आस्मान में उस के काम की वहि कर दी, और हम ने आस्माने दुनिया को सितारों से ज़ीनत दी और खूब महफूज कर दिया, यह ग़ालिब, इल्म वाले (अल्लाह का) फ़ैसला है। (12)
फिर अगर वह मुँह मोड़ लें तो आप (स) फ़रमा दें कि मैं तुम्हें डराता हूँ एक चिंघाड़ से, जैसी चिंघाड़ आ़द ओ समूद (पर अ़ज़ाब आया था)। (13)
जब उन के पास रसूल आए, उन के आगे से और उन के पीछे से कि तुम अल्लाह के सिवा किसी की इबादत न करो, तो उन्हों ने जवाब दिया कि अगर हमारा रब चाहता तो जरूर फ़रिशते उतारता, पस तुम जिस (पैग़ाम) के साथ भेजे गए हो, हम बेशक उस के मुन्किर हैं। (14)
फिर जो आद थे वह मुल्क में ग़रूर करने लगे नाहक़, और वह कहने लगे कि हम से ज़ियादा कुव्वत में कौन है? क्या वह नहीं देखते कि अल्लाह जिस ने उन्हें पैदा किया, वह कुव्वत में उन से बहुत ज़ियादा है, और वह हमारी आयतों का इन्कार करते थे। (15)
पस हम ने भेजी उन पर नहूसत के दिनों में तुन्द ओ तेज हवा, ताकि हम उन्हें रुस्वाई का अ़जाब चखाएं दुनिया की ज़िन्दगी में, और अलबत्ता आखिरत का अजाब ज़ियादा रुस्वा करने वाला है, और न वह मदद किए जाएंगे। (16)
और रहे समूद, सो हम ने उन्हें रास्ता दिखाया तो उन्हों ने हिदायत (के मुक़ाबले) पर अन्धा रहना पसंद किया, तो उन्हें चिंघाड़ ने आ पकड़ा (यानी) ज़िल्लत के अ़ज़ाब ने, उस की सज़ा में जो वह करते थे। (17)
और हम ने उन लोगों को बचा लिया जो ईमान लाए, और वह परहेज़गारी करते थे। (18)
और जिस दिन अल्लाह के दुश्मन जहन्नम की तरफ़ जमा किए (हांके) जाएंगे तो वह गिरोह दर गिरोह (तक़सीम) कर दिए जाएंगे। (19)
यहां तक कि जब वह उस के पास आएंगे तो उन पर उन के कान, और उन की आँखें, और उन के गोश्त पोस्त गवाही देंगे उस पर जो वह करते थे। (20)

और वह अपने गोश्त पोस्त से कहेंगे, तुम ने हमारे खिलाफ़ गवाही क्यों दी? वह जवाब देंगेः हमें उस अल्लाह ने गोयाई दी जिस ने हर शै को गोया कर दिया है, और उसी ने तुम्हें पहली बार पैदा किया था और उसी की तरफ़ तुम लौटाए जाओगे। (21)
और जो तुम छुपाते थे (तुम ने समझा) कि तुम्हारे खिलाफ़ गवाही न देंगे तुम्हारे कान और न तुम्हारी आँखें और न तुम्हारे गोश्त पोस्त, बल्कि तुम ने गुमान कर लिया था कि अल्लाह उस से (उस के बारे में) बहुत कुछ नहीं जानता जो तुम करते हो। (22)
तुम्हारे उस गुमान (खयाले बातिल) ने जो तुम ने अपने रब के बारे में किया था तुम्हें हलाक किया, सो तुम हो गए खसारा पाने वालों में से। (23)
फिर अगर वह सब्र करें तो (भी) जहन्नम उन के लिए ठिकाना है, और अगर वह (अब) माफ़ी चाहें तो वह माफ़ी कुबूल किए जाने वालों में से न होंगे। (24)
और हम ने उन के कुछ हमनशीन मुक़र्रर किए, तो उन्हों ने उन के लिए आरास्ता कर दिखाया जो उन के आगे और जो उन के पीछे था और उन पर (अ़ज़ाब की वईद का) क़ौल पूरा हो गया जैसे उन उम्मतों में जो गुज़र चुकी हैं उन से क़ब्ल जिन्नात और इन्सानों की, बेशक वह खसारा पाने वाले थे। (25)
और उन लोगों ने कहा जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िरों ने) कि तुम इस कुरआन को सुनो ही मत, और अगर (सुनाने लगें) तो इस में गुल मचाओ, शायद कि तुम ग़ालिब आ जाओ। (26)
पस हम काफ़िरों को ज़रूर सख़्त अ़ज़ाब चखाएंगे, और अलबत्ता हम उन के बदतरीन आमाल का उन्हें ज़रूर बदला देंगे। (27)
यह है अल्लाह के दुश्मनों का बदला जहन्नम, और उन के लिए है उस में हमेशगी का घर, उस का बदला जो वह हमारी आयतों का इन्कार करते थे। (28)

وَقَالُوْا لِجُلُوْدِهِمْ لِمَ شَهِدْتُّمْ عَلَيْنَا ؕ قَالُوْٓا اَنْطَقَنَا اللّٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हमें गोयाई दी अल्लाह ने | वह जवाब देंगे | हम पर (हमारे ख़िलाफ़) | तुम ने गवाही दी | क्यों | अपनी जिल्दों (गोश्त पोस्त) से | और वह कहेंगे |

الَّذِيْٓ اَنْطَقَ كُلَّ شَيْءٍ وَّهُوَ خَلَقَكُمْ اَوَّلَ مَرَّةٍ وَّاِلَيْهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसी की तरफ़ | पहली बार | तुम्हें पैदा किया | और वह-उस | हर शै | गोया अ़ता फ़रमाया | वह जिस ने |

تُرْجَعُوْنَ ﴿٢١﴾ وَمَا كُنْتُمْ تَسْتَتِرُوْنَ اَنْ يَّشْهَدَ عَلَيْكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम पर (तुम्हारे ख़िलाफ़) | कि गवाही देंगे | तुम छुपाते थे | और जो | 21 | तुम लौटाए जाओगे |

سَمْعُكُمْ وَلَآ اَبْصَارُكُمْ وَلَا جُلُوْدُكُمْ وَلٰكِنْ ظَنَنْتُمْ اَنَّ اللّٰهَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कि अल्लाह | तुम ने गुमान कर लिया था | और लेकिन (बल्कि) | और न तुम्हारी जिल्दें (गोश्त पोस्त) | और न तुम्हारी आँखें | तुम्हारे कान |

لَا يَعْلَمُ كَثِيْرًا مِّمَّا تَعْمَلُوْنَ ﴿٢٢﴾ وَذٰلِكُمْ ظَنُّكُمُ الَّذِيْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | तुम्हारा गुमान | और उस | 22 | तुम करते हो | जो | बहुत कुछ | नहीं जानता |

ظَنَنْتُمْ بِرَبِّكُمْ اَرْدٰىكُمْ فَاَصْبَحْتُمْ مِّنَ الْخٰسِرِيْنَ ﴿٢٣﴾ فَاِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर अगर | 23 | ख़सारा पाने वाले | से | सो तुम हो गए | हलाक किया तुम्हें | अपने रब के मुतअ़ल्लिक़ | तुम ने गुमान किया था |

يَّصْبِرُوْا فَالنَّارُ مَثْوًى لَّهُمْ ۚ وَاِنْ يَّسْتَعْتِبُوْا فَمَا هُمْ مِّنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तो न वह | वह माफ़ी चाहें | और अगर | उन के लिए | ठिकाना | तो जहन्नम | वह सब्र करें |

الْمُعْتَبِيْنَ ﴿٢٤﴾ وَقَيَّضْنَا لَهُمْ قُرَنَآءَ فَزَيَّنُوْا لَهُمْ مَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो | तो उन्हों ने आरास्ता कर दिखाया उन के लिए | कुछ हमनशीन | उन के लिए | और हम ने मुक़र्रर किए | 24 | माफ़ी क़ुबूल किए जाने वाले |

بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَمَا خَلْفَهُمْ وَحَقَّ عَلَيْهِمُ الْقَوْلُ فِيْٓ اُمَمٍ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन उम्मतों में | क़ौल | उन पर | और पूरा हो गया | और जो उन के पीछे | उन के आगे |

قَدْ خَلَتْ مِنْ قَبْلِهِمْ مِّنَ الْجِنِّ وَالْاِنْسِ ۚ اِنَّهُمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बेशक वह | और इन्सान | जिन्नात में से-की | उन से क़ब्ल | जो गुज़र चुकी |

كَانُوْا خٰسِرِيْنَ ﴿٢٥﴾ وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَا تَسْمَعُوْا لِهٰذَا الْقُرْاٰنِ ع ٣ ١٢

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इस कुरआन को | तुम मत सुनो | उन्हों ने कुफ़्र किया | उन लोगों ने जो | और कहा | 25 | ख़सारा पाने वाले थे |

وَالْغَوْا فِيْهِ لَعَلَّكُمْ تَغْلِبُوْنَ ﴿٢٦﴾ فَلَنُذِيْقَنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन लोगों को जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | पस हम ज़रूर चखाएंगे | 26 | तुम ग़ालिब आ जाओ | शायद कि तुम | उस में | और गुल मचाओ |

عَذَابًا شَدِيْدًا وَّلَنَجْزِيَنَّهُمْ اَسْوَاَ الَّذِيْ

| | | | |
|---|---|---|---|
| वह जो | बदतरीन | और हम उन्हें ज़रूर बदला देंगे | सख़्त अ़ज़ाब |

كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿٢٧﴾ ذٰلِكَ جَزَآءُ اَعْدَآءِ اللّٰهِ النَّارُ ۚ لَهُمْ فِيْهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | उन के लिए | जहन्नम | अल्लाह के दुश्मन (जमा) | बदला | यह | 27 | वह करते थे (आमाल) |

دَارُ الْخُلْدِ ؕ جَزَآءًۢ بِمَا كَانُوْا بِاٰيٰتِنَا يَجْحَدُوْنَ ﴿٢٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | इन्कार करते | हमारी आयतों का | वह थे | उस का जो | बदला | हमेशगी का घर |

وَقَالَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا رَبَّنَآ اَرِنَا الَّذَيْنِ اَضَلّٰنَا مِنَ الْجِنِّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन्नात में से | जिन्हों ने गुमराह किया हमें | उन्हें | हमें दिखा दे | ऐ हमारे रब | वह लोग जिन्हों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | और कहेंगे |

وَالْاِنْسِ نَجْعَلْهُمَا تَحْتَ اَقْدَامِنَا لِيَكُوْنَا مِنَ الْاَسْفَلِيْنَ ﴿٢٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | इन्तिहाई ज़लील (जमा) | से | ताकि वह हों | अपने पाऊँ | तले | हम उन दोनों को डालें | और इन्सानों |

اِنَّ الَّذِيْنَ قَالُوْا رَبُّنَا اللّٰهُ ثُمَّ اسْتَقَامُوْا تَتَنَزَّلُ عَلَيْهِمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन पर | उतरते हैं | वह साबित क़दम रहे | फिर | हमारा रब अल्लाह | उन्हों ने कहा | वह जिन्हों ने | बेशक |

الْمَلٰٓئِكَةُ اَلَّا تَخَافُوْا وَلَا تَحْزَنُوْا وَاَبْشِرُوْا بِالْجَنَّةِ الَّتِىْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह जो | जन्नत पर | और तुम खुश हो जाओ | और न ग़मगीन हो | कि न तुम ख़ौफ खाओ | फ़रिश्ते |

كُنْتُمْ تُوْعَدُوْنَ ﴿٣٠﴾ نَحْنُ اَوْلِيٰٓؤُكُمْ فِى الْحَيٰوةِ الدُّنْيَا وَفِى الْاٰخِرَةِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और आख़िरत में | दुनिया | ज़िन्दगी में | तुम्हारे रफ़ीक़ | हम | 30 | तुम्हें वादा दिया जाता है |

وَلَكُمْ فِيْهَا مَا تَشْتَهِىْٓ اَنْفُسُكُمْ وَلَكُمْ فِيْهَا مَا تَدَّعُوْنَ ﴿٣١﴾ نُزُلًا مِّنْ

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | ज़ियाफ़त | 31 | तुम मांगोगे | जो | उस में | और तुम्हारे लिए | तुम्हारे दिल | जो चाहें | उस में | और तुम्हारे लिए |

غَفُوْرٍ رَّحِيْمٍ ﴿٣٢﴾ وَمَنْ اَحْسَنُ قَوْلًا مِّمَّنْ دَعَآ اِلَى اللّٰهِ وَعَمِلَ

ع ۴
۱۸

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अ़मल करे | अल्लाह की तरफ़ | बुलाए | उस से जो | बात | बेहतर | और किस | 32 | रहम करने वाला | बख़्शने वाला |

صَالِحًا وَّقَالَ اِنَّنِىْ مِنَ الْمُسْلِمِيْنَ ﴿٣٣﴾ وَلَا تَسْتَوِى الْحَسَنَةُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नेकी | और बराबर नहीं होती | 33 | मुसलमानों | से | बेशक मैं | और वह कहे | अच्छे |

وَلَا السَّيِّئَةُ ؕ اِدْفَعْ بِالَّتِىْ هِىَ اَحْسَنُ فَاِذَا الَّذِىْ بَيْنَكَ وَبَيْنَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस के दरमियान | आप के दरमियान | वह जो शख़्स | तो यकायक | बेहतरीन | वह | उस से जो | दूर कर दें आप (स) | और न बुराई |

عَدَاوَةٌ كَاَنَّهٗ وَلِىٌّ حَمِيْمٌ ﴿٣٤﴾ وَمَا يُلَقّٰهَآ اِلَّا الَّذِيْنَ صَبَرُوْا ۚ وَمَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और नहीं | सब्र किया | वह जिन्हों ने | मगर | और नहीं मिलती यह | 34 | क़राबती (जिगरी) | दोस्त | गोया कि वह | अ़दावत |

يُلَقّٰهَآ اِلَّا ذُوْ حَظٍّ عَظِيْمٍ ﴿٣٥﴾ وَاِمَّا يَنْزَغَنَّكَ مِنَ الشَّيْطٰنِ نَزْغٌ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई वस्वसा | शैतान | से | तुम्हें वस्वसा आए | और अगर | 35 | बड़े नसीब वाले | मगर | मिलती यह |

فَاسْتَعِذْ بِاللّٰهِ ؕ اِنَّهٗ هُوَ السَّمِيْعُ الْعَلِيْمُ ﴿٣٦﴾ وَمِنْ اٰيٰتِهِ الَّيْلُ وَالنَّهَارُ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और दिन | रात | उस की निशानियाँ | और से | 36 | जानने वाला | सुनने वाला | वही | बेशक वह | अल्लाह की | तो पनाह चाहें |

وَالشَّمْسُ وَالْقَمَرُ ؕ لَا تَسْجُدُوْا لِلشَّمْسِ وَلَا لِلْقَمَرِ وَاسْجُدُوْا لِلّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम सिज्दा करो अल्लाह को | चाँद को | और न | सूरज को | तुम न सिज्दा करो | और चाँद | और सूरज |

الَّذِىْ خَلَقَهُنَّ اِنْ كُنْتُمْ اِيَّاهُ تَعْبُدُوْنَ ﴿٣٧﴾ فَاِنِ اسْتَكْبَرُوْا فَالَّذِيْنَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो वह जो | तकब्बुर करें | पस अगर वह | 37 | इबादत करते | सिर्फ़ उस की | तुम हो | अगर | पैदा किया उन्हें | वह जिस ने |

عِنْدَ رَبِّكَ يُسَبِّحُوْنَ لَهٗ بِالَّيْلِ وَالنَّهَارِ وَهُمْ لَا يَسْـَٔمُوْنَ ﴿٣٨﴾ السجدة

السجدة ۱۱

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | नहीं उकताते | और वह | और दिन | रात | उस की | वह तस्बीह करते हैं | आप के रब के नज़्दीक |

और काफ़िर कहेंगे कि ऐ हमारे रब! हमें दिखा दे जिन्हों ने हमें गुमराह किया था जिन्नात में से और इन्सानों में से कि हम उन को अपने पाऊँ तले (रौन्द) डालें ताकि वह इन्तिहाई ज़लीलों में से हों। (29)
बेशक जिन लोगों ने कहा कि हमारा रब अल्लाह है, फिर उस पर साबित क़दम रहे, उन पर फ़रिश्ते उतरते हैं कि न तुम ख़ौफ़ खाओ और न तुम ग़मगीन हो, और तमु उस जन्नत पर खुश हो जाओ जिस का तुम्हें वादा दिया जाता है। (30)
हम तुम्हारे रफ़ीक़ हैं ज़िन्दगी में दुनिया की और आख़िरत में (भी), और तुम्हारे लिए उस में (मौजूद हैं) जो तुम्हारे दिल चाहें, और तुम्हारे लिए उस में (मौजूद हैं) जो तुम मांगोगे। (31)
(यह) ज़ियाफ़त है बख़्शने वाले, रहीम (अल्लाह) की तरफ़ से। (32)
और उस से बेहतर किस का क़ौल? जो बुलाए अल्लाह की तरफ़ और अच्छे अ़मल करे और कहेः बेशक मैं मुसलमानों में से हूँ। (33)
और बराबर नहीं होती नेकी और बुराई, आप (स) (बुराई को) इस (अन्दाज से) दूर करें जो बेहतरीन हो तो यकायक वह शख़्स कि आप के दरमियान और उस के दरमियान अ़दावत थी (ऐसे हो जाएगा कि) गोया वह जिगरी दोस्त है। (34)
और यह (सिफ़त) नहीं मिलती मगर उन्हें जिन्हों ने सब्र किया और यह नहीं मिलती मगर बड़े नसीब वालों को। (35)
और अगर तुम्हें शैतान की तरफ़ से आए कोई वस्वसा तो अल्लाह की पनाह चाहें, बेशक वह सुनने वाला, जानने वाला है। (36)
और उस की निशानियों में से हैं रात और दिन, और सूरज और चाँद, तुम न सूरज को सिज्दा करो न चाँद को, और तुम अल्लाह को सिज्दा करो, वह जिस ने उन (सब) को पैदा किया अगर तुम सिर्फ़ उस की इबादत करते हो। (37)
पस अगर वह तकब्बुर करें (तो उस से क्या फ़र्क़ पड़ता है), सो वह (फ़रिश्ते) जो आप के रब के नज़्दीक हैं वह रात दिन उस की तस्बीह करते हैं, और वह उकताते नहीं। (38)

और उस की निशानियों में से है कि तू ज़मीन को सुनसान देखता है, फिर जब हम ने उस पर पानी उतारा तो वह लहलहाने लगती है और फूलती है, बेशक वह जिस ने उस को ज़िन्दा किया, अलबत्ता वह मुर्दों को जिन्दा करने वाला है, बेशक वह हर शै पर कुदरत रखने वाला है। (39)

बेशक जो लोग हमारी आयात में कज रवी करते हैं वह हम पर (हम से) पोशीदा नहीं, तो क्या जो शख्स आग में डाला जाए बेहतर है या जो रोज़े क़ियामत अमान के साथ आए? तुम जो चाहो करो, बेशक तुम जो कुछ करते हो वह देखने वाला है। (40)

बेशक जिन लोगों ने कुरआन का इन्कार किया जब वह उन के पास आया (वह अपना अन्जाम देख लेंगे), बेशक यह ज़बरदस्त किताब है। (41)

उस के पास नहीं आता बातिल उस के सामने से और न उस के पीछे से, नाज़िल किया गया हिक्मत वाले, सज़ावारे हम्द (अल्लाह की तरफ़) से। (42)

आप (स) को उस के सिवा नहीं कहा जाता जो आप (स) से पहले रसूलों को कहा जा चुका है, बेशक आप (स) का रब बड़ी मग्फ़िरत वाला, और दर्दनाक सजा देने वाला है। (43)

और अगर हम कुरआन को अ़जमी ज़बान का बनाते तो वह कहते: उस की आयतें क्यों न साफ़ साफ़ बयान की गईं? क्या किताब अ़जमी और रसूल अ़रबी? आप (स) फ़रमा दें: जो ईमान लाए यह उन लोगों के लिए हिदायत और शिफ़ा है, और जो लोग ईमान नहीं लाते उन के कानों में गिरानी है और यह उन के लिए आंखों पर पट्टी, (गोया) यह लोग पुकारे जाते हैं किसी दूर जगह से। (44)

और तहक़ीक़ हम ने मूसा (अ) को किताब दी तो उस में इख़्तिलाफ़ किया गया और अगर न आप (स) के रब की तरफ़ से एक बात पहले ठहर चुकी होती तो उन के दरमियान फ़ैसला हो चुका होता, और बेशक यह ज़रूर उस से तरद्दुद में डालने वाले शक में हैं। (45)

जिस ने अच्छे अ़मल किए तो अपनी ज़ात के लिए (किए) और जिस ने बुराई की उस का बवाल उसी पर होगा, और आप (स) का रब अपने बन्दों पर मुत्लक़ ज़ुल्म करने वाला नहीं। (46)

وَمِنْ اٰيٰتِهٖٓ اَنَّكَ تَرَى الْاَرْضَ خَاشِعَةً فَاِذَآ اَنْزَلْنَا عَلَيْهَا الْمَآءَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पानी | उस पर | हम ने उतारा | फिर जब | दबी हुई (सुनसान) | ज़मीन | तू देखता है | कि तू | और उस की निशानियों में से |

اهْتَزَّتْ وَرَبَتْ ؕ اِنَّ الَّذِيْٓ اَحْيَاهَا لَمُحْيِ الْمَوْتٰى ؕ اِنَّهٗ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हर शै पर | बेशक वह | अलबत्ता ज़िन्दा करने वाला मुर्दों को | उस को जिन्दा किया | वह जिस ने | बेशक | और फूलती है | वह लहलहाने लगती है |

قَدِيْرٌ ﴿٣٩﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ يُلْحِدُوْنَ فِيْٓ اٰيٰتِنَا لَا يَخْفَوْنَ عَلَيْنَا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम पर | वह पोशीदा नहीं | हमारी आयात में | कज रवी करते हैं | जो लोग | बेशक | 39 | कुदरत रखने वाला |

اَفَمَنْ يُّلْقٰى فِي النَّارِ خَيْرٌ اَمْ مَّنْ يَّاْتِيْٓ اٰمِنًا يَّوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ اِعْمَلُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम करो | रोजे क़ियामत | अमान के साथ | आए | या जा | बेहतर | आग में | डाला जाए | तो क्या जो |

مَا شِئْتُمْ ۙ اِنَّهٗ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿٤٠﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِالذِّكْرِ لَمَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब | ज़िक्र (कुरआन) का | वह जिन्हों ने इन्कार किया | बेशक | 40 | देखने वाला | जो तुम करते हो | बेशक वह | जो तुम चाहो |

جَآءَهُمْ ۚ وَاِنَّهٗ لَكِتٰبٌ عَزِيْزٌ ﴿٤١﴾ لَّا يَاْتِيْهِ الْبَاطِلُ مِنْۢ بَيْنِ يَدَيْهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के सामने से | बातिल | उस के पास नहीं आता | 41 | ज़बरदस्त | अलबत्ता किताब है | और बेशक यह | वह आया उन के पास |

وَلَا مِنْ خَلْفِهٖ ؕ تَنْزِيْلٌ مِّنْ حَكِيْمٍ حَمِيْدٍ ﴿٤٢﴾ مَا يُقَالُ لَكَ اِلَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए | आप को | नहीं कहा जाता | 42 | सज़ावारे हम्द | हिक्मत वाले | से | नाज़िल किया गया | और न उस के पीछे से |

مَا قَدْ قِيْلَ لِلرُّسُلِ مِنْ قَبْلِكَ ؕ اِنَّ رَبَّكَ لَذُوْ مَغْفِرَةٍ وَّذُوْ عِقَابٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और सज़ा देने वाला | बड़ी मग़्फ़िरत वाला | आप (स) का रब | बेशक | आप (स) से क़ब्ल | रसूलों को | जो कहा जा चुका है |

اَلِيْمٍ ﴿٤٣﴾ وَلَوْ جَعَلْنٰهُ قُرْاٰنًا اَعْجَمِيًّا لَّقَالُوْا لَوْلَا فُصِّلَتْ اٰيٰتُهٗ ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की आयतें | साफ़ बयान की गईं | क्यों न | तो वह कहते | अ़जमी (ज़बान का) | कुरआन (को) | और अगर हम बनाते उसे | 43 | दर्दनाक |

ءَاَعْجَمِيٌّ وَّعَرَبِيٌّ ؕ قُلْ هُوَ لِلَّذِيْنَ اٰمَنُوْا هُدًى وَّشِفَآءٌ ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और शिफ़ा | हिदायत | ईमान लाए | उन लोगों के लिए जो | वह-यह | फ़रमा दें | और अ़रबी (रसूल) | क्या अजमी (किताब) |

وَالَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ فِيْٓ اٰذَانِهِمْ وَقْرٌ وَّهُوَ عَلَيْهِمْ عَمًى ؕ اُولٰٓئِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह लोग | अन्धापन | उन पर | और वह-यह | गिरानी | उन के कानों में | ईमान नहीं लाए | और जो लोग |

قرا حفص بتسهيل الهمزة الثانية ١٢

يُنَادَوْنَ مِنْ مَّكَانٍۢ بَعِيْدٍ ﴿٤٤﴾ وَلَقَدْ اٰتَيْنَا مُوْسَى الْكِتٰبَ ع ٥ ١٣ ١٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किताब | मूसा (अ) | और तहक़ीक़ हम ने दी | 44 | दूर | किसी जगह | से | पुकारे जाते हैं |

فَاخْتُلِفَ فِيْهِ ؕ وَلَوْ لَا كَلِمَةٌ سَبَقَتْ مِنْ رَّبِّكَ لَقُضِيَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो फ़ैसला हो चुका होता | आप (स) के रब की तरफ़ से | पहले ठहर चुकी | एक बात | और अगर न होती | उस में | तो इख़्तिलाफ़ किया गया |

بَيْنَهُمْ ؕ وَاِنَّهُمْ لَفِيْ شَكٍّ مِّنْهُ مُرِيْبٍ ﴿٤٥﴾ مَنْ عَمِلَ صَالِحًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अच्छे | अमल किए | जो जिस | 45 | तरद्दुद में डालने वाले शक में | उस से | ज़रूर शक में | और बेशक वह | उन के दरमियान |

فَلِنَفْسِهٖ ۚ وَمَنْ اَسَآءَ فَعَلَيْهَا ؕ وَمَا رَبُّكَ بِظَلَّامٍ لِّلْعَبِيْدِ ﴿٤٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | अपने बन्दों पर | मुत्लक़ ज़ुल्म करने वाला | आप (स) का रब | और नहीं | तो उस पर (उस का बवाल) | बुराई की | और जिस | तो अपनी ज़ात के लिए |

إِلَيْهِ يُرَدُّ عِلْمُ السَّاعَةِ ۚ وَمَا تَخْرُجُ مِنْ ثَمَرٰتٍ مِّنْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| से | फल (जमा) | कोई | और नहीं निकलता | क़ियामत का इल्म | उस की तरफ़ लौटाया (हवाले किया) जाता है |

أَكْمَامِهَا وَمَا تَحْمِلُ مِنْ أُنْثٰى وَلَا تَضَعُ إِلَّا بِعِلْمِهٖ ۚ وَيَوْمَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जिस दिन | उस के इल्म में | मगर | और न वह बच्चा जनती है | कोई औरत | और नहीं हामिला होती है | उस के ग़िलाफ़ों (गाभों) |

يُنَادِيهِمْ أَيْنَ شُرَكَآءِي ۙ قَالُوٓا ءَاذَنّٰكَ ۙ مَا مِنَّا مِنْ شَهِيدٍ ﴿٤٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | कोई शाहिद | नहीं हम से | इत्तिलाअ़ दे दी हम ने तुझे | वह कहेंगे | मेरे शरीक | कहां | वह पुकारेगा उन्हें |

وَضَلَّ عَنْهُمْ مَّا كَانُوا يَدْعُونَ مِنْ قَبْلُ ۖ وَظَنُّوا مَا لَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नहीं उन के लिए | और उन्हों ने समझ लिया | उस से क़ब्ल | जो वह पुकारते थे | उन से | और खोया गया |

مِّنْ مَّحِيصٍ ﴿٤٨﴾ لَا يَسْـَٔمُ الْإِنْسَانُ مِنْ دُعَآءِ الْخَيْرِ ۡ وَإِنْ مَّسَّهُ الشَّرُّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुराई | उसे लग जाए | और अगर | भलाई मांगने | से | इन्सान | नहीं थकता | 48 | कोई बचाओ (ख़लासी) |

فَيَـُٔوسٌ قَنُوطٌ ﴿٤٩﴾ وَلَئِنْ أَذَقْنٰهُ رَحْمَةً مِّنَّا مِنْۢ بَعْدِ ضَرَّآءَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किसी तकलीफ़ | के बाद | अपनी तरफ़ से | रहमत | हम चखाएं उसे | और अलबत्ता अगर | 49 | नाउम्मीद | तो मायूस हो जाता है |

مَسَّتْهُ لَيَقُولَنَّ هٰذَا لِي ۙ وَمَآ أَظُنُّ السَّاعَةَ قَآئِمَةً ۙ وَلَئِنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और अलबत्ता अगर | क़ाइम होने वाली | क़ियामत | और मैं ख़याल नहीं करता | यह मेरे लिए | तो वह ज़रूर कहेगा | जो उस को पहुंची |

رُّجِعْتُ إِلٰى رَبِّيٓ إِنَّ لِي عِنْدَهٗ لَلْحُسْنٰى ۚ فَلَنُنَبِّئَنَّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पस हम ज़रूर आगाह कर देंगे | अलबत्ता भलाई | उस के पास | मेरे लिए | बेशक | अपने रब की तरफ़ | मुझे लौटाया गया |

الَّذِينَ كَفَرُوا بِمَا عَمِلُوا ۡ وَلَنُذِيقَنَّهُمْ مِّنْ عَذَابٍ غَلِيظٍ ﴿٥٠﴾ وَإِذَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जब | 50 | सख़्त | एक अज़ाब | से | और अलबत्ता हम ज़रूर चखाएंगे उन्हें | उस से जो उन्हों ने किया (आमाल) | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) |

أَنْعَمْنَا عَلَى الْإِنْسَانِ أَعْرَضَ وَنَـَٔا بِجَانِبِهٖ ۚ وَإِذَا مَسَّهُ الشَّرُّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुराई | आ लगे उसे | और जब | अपना पहलू | और बदल लेता है | वह मुँह मोड़ लेता है | इन्सान पर | हम इन्आम करते हैं |

فَذُو دُعَآءٍ عَرِيضٍ ﴿٥١﴾ قُلْ أَرَءَيْتُمْ إِنْ كَانَ مِنْ عِنْدِ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के पास | से | अगर हो | क्या तुम ने देखा | आप (स) फ़रमा दें | 51 | (लम्बी) चौड़ी | तो दुआओं वाला |

ثُمَّ كَفَرْتُمْ بِهٖ مَنْ أَضَلُّ مِمَّنْ هُوَ فِي شِقَاقٍۭ بَعِيدٍ ﴿٥٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | दूर दराज़ | ज़िद | में | वह | उस से जो | बड़ा गुमराह | कौन | तुम ने कुफ़्र किया उस से | फिर |

سَنُرِيهِمْ ءَايٰتِنَا فِي الْأٰفَاقِ وَفِيٓ أَنْفُسِهِمْ حَتّٰى يَتَبَيَّنَ لَهُمْ أَنَّهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि यह | उन के लिए | ज़ाहिर हो जाए | यहां तक | और उन की ज़ात में | अतराफ़े आलम में | हम जल्द दिखा देंगे उन्हें अपनी आयात |

الْحَقُّ ۗ أَوَلَمْ يَكْفِ بِرَبِّكَ أَنَّهٗ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيدٌ ﴿٥٣﴾ أَلَآ إِنَّهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ूब याद रखो। बेशक वह | 53 | शाहिद | हर शै | पर | कि वह | आप (स) के रब के लिए | क्या काफ़ी नहीं | हक़ |

فِي مِرْيَةٍ مِّنْ لِّقَآءِ رَبِّهِمْ ۗ أَلَآ إِنَّهٗ بِكُلِّ شَيْءٍ مُّحِيطٌ ﴿٥٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | अहाता किए हुए | हर शै पर-का | याद रखो। बेशक वह | अपना रब | मुलाक़ात से | शक में |

क़ियामत का इल्म उसी के हवाले किया जाता है, और कोई फल अपने गाभों से नहीं निकलता और कोई औरत (मादा) हामिला नहीं होती और वह बच्चा नहीं जनती मगर (यह सब) उस के इल्म में होता है। और जिस दिन वह उन्हें पुकारेगाः कहां हैं मेरे शरीक? वह कहेंगेः हम ने तुझे इत्तिलाअ़ दे दी है कि हम में से कोई (उस का) शाहिद (गवाह) नहीं। **(47)** और खोया गया उन से जिसे वह (अल्लाह के सिवा) पुकारते थे उस से क़ब्ल, और उन्हों ने समझ लिया कि (अब) उन के लिए कोई ख़लासी नहीं। **(48)** इन्सान भलाई मांगने से नहीं थकता, और अगर उसे कोई बुराई लग जाए तो वह नाउम्मीद हो कर मायूस हो जाता है। **(49)** और अलबत्ता अगर उसे कोई तकलीफ़ पहुँचने के बाद हम अपनी तरफ़ से अपनी रहमत का मज़ा चखाएं तो वह ज़रूर कहेगाः यह मेरे लिए है, और मैं ख़याल नहीं करता कि क़ियामत क़ाइम होने वाली है, और अगर मुझे अपने रब की तरफ़ लौटाया गया तो बेशक उस के पास मेरे लिए अलबत्ता भलाई होगी, पस हम काफ़िरों को उन के आमाल से ज़रूर आगाह करेंगे, और अलबत्ता हम उन्हें ज़रूर चखाएंगे एक अज़ाब सख़्त। **(50)** और जब हम इन्सान पर इन्आम करते हैं तो वह मुँह मोड़ लेता है, और अपना पहलू बदल लेता है, और जब उसे (ज़रा) बुराई लगे तो लम्बी चौड़ी दुआओं वाला (बन जाता है)। **(51)** आप (स) फ़रमा देंः क्या तुम ने देखा (यह तो बतलाओ) अगर (यह क़ुरआन) अल्लाह के पास से हो, फिर तुम ने उस से कुफ़्र किया तो उस से बड़ा गुमराह कौन जो मुख़ालिफ़त में दूर तक निकल गया हो? **(52)** हम जल्द अपनी आयात उन्हें अतराफ़े आलम में और (ख़ुद) उन की ज़ात में दिखा देंगे यहां तक कि उन पर ज़ाहिर हो जाएगा कि यह (क़ुरआन) हक़ है, क्या आप (स) के रब के लिए काफ़ी नहीं कि वह हर शै का शाहिद है। **(53)** ख़ूब याद रखो! बेशक वह अपने रब की मुलाक़ात (रूबरू हाज़री) से शक में हैं, याद रखो! बेशक वह हर शै का अहाता किए हुए है। **(54)**

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
हा-मीम। (1)
अ़यन-सीन-क़ाफ़। (2)
इसी तरह आप (स) की तरफ़ और आप (स) के पहलों की तरफ़ वहि फ़रमाता है अल्लाह ग़ालिब हिक्मत वाला। (3)
उसी के लिए है जो आस्मानों में और ज़मीन में, और वह बुलन्द, अ़ज़मत वाला है। (4)
क़रीब है कि आस्मान उन के ऊपर से फट पड़ें। और फ़रिश्ते अपने रब की तारीफ़ के साथ तस्बीह करते हैं और उन के लिए मग़्फ़िरत तलब करते हैं जो ज़मीन में हैं. याद रखो! बेशक अल्लाह ही बख़्शने वाला रहम करने वाला (5)
और जो लोग ठहराते हैं अल्लाह के सिवा (दूसरों को) रफ़ीक़, अल्लाह उन्हें देख रहा है, आप (स) उन पर ज़िम्मेदार नहीं। (6)
और उसी तरह हम ने आप (स) की तरफ़ वहि किया क़ुरआन अ़रबी ज़बान में ताकि आप (स) डराएं अहले मक्का को और उन्हें जो उस के इर्द गिर्द हैं, और आप (स) डराएं जमा होने के दिन से, कोई शक नहीं उस में, एक फ़रीक़ जन्नत में होगा और एक फ़रीक़ दोज़ख़ में। (7)
और अगर अल्लाह चाहता तो ज़रूर उन्हें एक उम्मत बना देता और लेकिन वह जिसे चाहता है अपनी रहमत में दाख़िल करता है, और ज़ालिमों के लिए न कोई कारसाज़ है और न मददगार। (8)
क्या उन्हों ने अल्लाह के सिवा कारसाज़ ठहरा लिए हैं? पस अल्लाह ही कारसाज़ है, वही मुर्दों को ज़िन्दा करता है. और वही हर चीज़ पर क़ुदरत रखने वाला है। (9)
और जिस बात में तुम इख़्तिलाफ़ करते हो उस का फ़ैसला अल्लाह के पास है, वही है अल्लाह मेरा रब, उस पर मैं ने भरोसा किया, और उसी की तरफ़ मैं रुजूअ़ करता हूँ। (10)

## آيَاتُهَا ٥٣ ❀ (٤٢) سُوْرَةُ الشُّوْرٰى ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٥

रुकूआ़त 5 — (42) सूरतुश शूरा सलाह औ मशवरा — आयात 53

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

حٰمٓ ﴿١﴾ عٓسٓقٓ ﴿٢﴾ كَذٰلِكَ يُوْحِيْٓ اِلَيْكَ وَاِلَى الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप (स) से पहले | वह जो | और तरफ़ | आप (स) की तरफ़ | वहि फ़रमाता है | इसी तरह | 2 | अ़यन-सीन-क़ाफ़ | 1 | हा मीम |

اللّٰهُ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٣﴾ لَهٗ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۭ وَهُوَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में | जो | उसी के लिए | 3 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | अल्लाह |

الْعَلِيُّ الْعَظِيْمُ ﴿٤﴾ تَكَادُ السَّمٰوٰتُ يَتَفَطَّرْنَ مِنْ فَوْقِهِنَّ وَالْمَلٰٓئِكَةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और फ़रिश्ते | उन के ऊपर से | फट पड़ें | आस्मानों (जमा) | क़रीब है | 4 | अ़ज़मत वाला | बुलन्द |

يُسَبِّحُوْنَ بِحَمْدِ رَبِّهِمْ وَيَسْتَغْفِرُوْنَ لِمَنْ فِي الْاَرْضِ ۭ اَلَآ اِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक अल्लाह | याद रखो | ज़मीन में | उस के लिए जो | और वह मग़्फ़िरत तलब करते हैं | अपने रब की तारीफ़ के साथ | तस्बीह करते हैं |

هُوَ الْغَفُوْرُ الرَّحِيْمُ ﴿٥﴾ وَالَّذِيْنَ اتَّخَذُوْا مِنْ دُوْنِهٖٓ اَوْلِيَآءَ اللّٰهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह | रफ़ीक़ | उस के सिवा | ठहराते हैं | और जो लोग | 5 | मेहरबान | बख़्शने वाला | वह-वही |

حَفِيْظٌ عَلَيْهِمْ ڮ وَمَآ اَنْتَ عَلَيْهِمْ بِوَكِيْلٍ ﴿٦﴾ وَكَذٰلِكَ اَوْحَيْنَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने वहि किया | और उसी तरह | 6 | ज़िम्मेदार | उन पर | और आप (स) नहीं | निगरान उन पर (उन्हें देख रहा है) |

اِلَيْكَ قُرْاٰنًا عَرَبِيًّا لِّتُنْذِرَ اُمَّ الْقُرٰى وَمَنْ حَوْلَهَا وَتُنْذِرَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और आप (स) डराएं | उस के इर्द गिर्द | और जो | बस्तियों का मरकज़ (अहले मक्का) | ताकि आप (स) डराएं | अ़रबी ज़बान | क़ुरआन | आप (स) की तरफ़ |

يَوْمَ الْجَمْعِ لَا رَيْبَ فِيْهِ ۭ فَرِيْقٌ فِي الْجَنَّةِ وَفَرِيْقٌ فِي السَّعِيْرِ ﴿٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | दोज़ख़ में | और एक फ़रीक़ | जन्नत में | एक फ़रीक़ | उस में | नहीं शक | जमा होने का दिन |

وَلَوْ شَآءَ اللّٰهُ لَجَعَلَهُمْ اُمَّةً وَّاحِدَةً وَّلٰكِنْ يُّدْخِلُ مَنْ يَّشَآءُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिसे चाहता है | वह दाख़िल करता है | और लेकिन | एक उम्मत | ज़रूर बना देता उन्हें | चाहता अल्लाह | और अगर |

فِيْ رَحْمَتِهٖ ۭ وَالظّٰلِمُوْنَ مَا لَهُمْ مِّنْ وَّلِيٍّ وَّلَا نَصِيْرٍ ﴿٨﴾ اَمِ اتَّخَذُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने ठहरा लिए | क्या | 8 | और न मददगार | कारसाज़ | कोई | नहीं उन के लिए | और ज़ालिम (जमा) | अपनी रहमत में |

مِنْ دُوْنِهٖٓ اَوْلِيَآءَ ۚ فَاللّٰهُ هُوَ الْوَلِيُّ وَهُوَ يُحْيِ الْمَوْتٰى ۡ وَهُوَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | मुर्दों | ज़िन्दा करता है | और वही | वही कारसाज़ | पस अल्लाह | कारसाज़ (जमा) | उस के सिवा |

عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٩﴾ وَمَا اخْتَلَفْتُمْ فِيْهِ مِنْ شَيْءٍ فَحُكْمُهٗٓ ع ٩ ٢

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उस का फ़ैसला | किसी चीज़ | उस में | इख़्तिलाफ़ करते हो तुम | और जो-जिस | 9 | क़ुदरत रखने वाला | चीज़ | हर | पर |

اِلَى اللّٰهِ ۭ ذٰلِكُمُ اللّٰهُ رَبِّيْ عَلَيْهِ تَوَكَّلْتُ ڰ وَاِلَيْهِ اُنِيْبُ ﴿١٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | मैं रुजूअ़ करता हूँ | और उस की तरफ़ | भरोसा किया मैं ने | उस पर | मेरा रब | वही है अल्लाह | तरफ़-पास अल्लाह |

فَاطِرُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ؕ جَعَلَ لَكُمْ مِّنْ اَنْفُسِكُمْ اَزْوَاجًا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जोड़े | तुम्हारी ज़ात (जिन्स) से | तुम्हारे लिए | उस ने बनाए | और ज़मीन | पैदा करने वाला आस्मानों |

وَّمِنَ الْاَنْعَامِ اَزْوَاجًا ۚ يَذْرَؤُكُمْ فِيْهِ ؕ لَيْسَ كَمِثْلِهٖ شَيْءٌ ۚ وَهُوَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | कोई शै | उस क मिस्ल | नहीं | इस (दुनिया) में | वह फैलाता है तुम्हें | जोड़े | चौपायों | और से |

السَّمِيْعُ الْبَصِيْرُ ﴿۱۱﴾ لَهٗ مَقَالِيْدُ السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ يَبْسُطُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह फ़राख़ करता है | और ज़मीन | आस्मानों | कुंजियां | उस के लिए (पास) | 11 | देखने वाला | सुनने वाला |

الرِّزْقَ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيَقْدِرُ ؕ اِنَّهٗ بِكُلِّ شَيْءٍ عَلِيْمٌ ﴿۱۲﴾ شَرَعَ لَكُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | उस ने मुक़र्रर किया | 12 | जानने वाला | हर शै का | बेशक वह | और तंग करता है | वह चाहता है | जिस के लिए | रिज़्क़ |

مِّنَ الدِّيْنِ مَا وَصّٰى بِهٖ نُوْحًا وَّالَّذِيْٓ اَوْحَيْنَآ اِلَيْكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आप की तरफ़ (को) | हम ने वहि की | और वह जिस | नूह (अ) | उस का | उस ने जिस का हुक्म दिया | वही दीन |

وَمَا وَصَّيْنَا بِهٖٓ اِبْرٰهِيْمَ وَمُوْسٰى وَعِيْسٰٓى اَنْ اَقِيْمُوا الدِّيْنَ

|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | ईमान वाले | से | उस में | जो था | पस हम ने निकाल लिया | 34 | हद से गुज़र जाने वालों के लिए | तुम्हारे रब के हां |

فَمَا وَجَدْنَا فِيْهَا غَيْرَ بَيْتٍ مِّنَ الْمُسْلِمِيْنَ ﴿٣٦﴾ وَتَرَكْنَا فِيْهَآ اٰيَةً

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक निशानी | उस में | और हम ने छोड़ दी | 36 | मुसलमानों | से का | एक घर के सिवा | उस में | पस हम ने न पाया |

لِّلَّذِيْنَ يَخَافُوْنَ الْعَذَابَ الْاَلِيْمَ ﴿٣٧﴾ وَفِيْ مُوْسٰٓى اِذْ اَرْسَلْنٰهُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जब हम ने उसे भेजा | और मूसा (अ) में | 37 | दर्दनाक अ़ज़ाब | जो डरते हैं | उन लोगों के लिए |

اِلٰى فِرْعَوْنَ بِسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿٣٨﴾ فَتَوَلّٰى بِرُكْنِهٖ وَقَالَ سٰحِرٌ اَوْ مَجْنُوْنٌ ﴿٣٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | या दीवाना | जादूगर | और कहा | अपनी कुव्वत के साथ | तो उस ने सरताबी की | 38 | रोशन दलील (मोजिज़े) के साथ | फ़िरऔन की तरफ़ |

فَاَخَذْنٰهُ وَجُنُوْدَهٗ فَنَبَذْنٰهُمْ فِى الْيَمِّ وَهُوَ مُلِيْمٌ ﴿٤٠﴾ وَفِيْ عَادٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और आद में | 40 | मलामत ज़दा | और वह | दर्या में | फिर हम ने उन्हें फेंक दिया | और उस का लशकर | पस हम ने उसे पकड़ा |

اِذْ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمُ الرِّيْحَ الْعَقِيْمَ ﴿٤١﴾ مَا تَذَرُ مِنْ شَيْءٍ اَتَتْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आती | किसी शै को | वह न छोड़ती थी | 41 | नामुबारक आन्धी | उन पर | जब हम ने भेजी |

عَلَيْهِ اِلَّا جَعَلَتْهُ كَالرَّمِيْمِ ﴿٤٢﴾ وَفِيْ ثَمُوْدَ اِذْ قِيْلَ لَهُمْ تَمَتَّعُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़ाइदा उठा लो | उन को | जब कहा गया | और समूद में | 42 | गली सड़ी हड्डी की तरह | मगर उसे कर देती | जिस पर |

حَتّٰى حِيْنٍ ﴿٤٣﴾ فَعَتَوْا عَنْ اَمْرِ رَبِّهِمْ فَاَخَذَتْهُمُ الصّٰعِقَةُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजली की कड़क | पस उन्हें पकड़ा | अपने रब का हुक्म | से | तो उन्हों ने सरकशी की | 43 | एक मुद्दत तक |

وَهُمْ يَنْظُرُوْنَ ﴿٤٤﴾ فَمَا اسْتَطَاعُوْا مِنْ قِيَامٍ وَّمَا كَانُوْا مُنْتَصِرِيْنَ ﴿٤٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | खुद अपनी मदद करने वाले | और वह न थे | खड़ा होने की | पस उन में सकत न रही | 44 | देखते थे | और वह |

ع ٢ ٢٣ ١ وَقَوْمَ نُوْحٍ مِّنْ قَبْلُ ؕ اِنَّهُمْ كَانُوْا قَوْمًا فٰسِقِيْنَ ﴿٤٦﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 46 | लोग नाफ़रमान | थे | बेशक वह | उस से क़ब्ल | और नूह (अ) की क़ौम |

وَالسَّمَآءَ بَنَيْنٰهَا بِاَيْىدٍ وَّاِنَّا لَمُوْسِعُوْنَ ﴿٤٧﴾ وَالْاَرْضَ فَرَشْنٰهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने फ़र्श बनाया उसे | और ज़मीन | 47 | वसीउ़ल क़ुदरत हैं | और बेशक हम | हाथ (कुव्वत) से | हम ने उसे बनाया | और आस्मान |

فَنِعْمَ الْمٰهِدُوْنَ ﴿٤٨﴾ وَمِنْ كُلِّ شَيْءٍ خَلَقْنَا زَوْجَيْنِ لَعَلَّكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि तुम | दो जोड़े (क़िस्म) | हम ने पैदा किए | हर शै | और से | 48 | पस हम कैसा अच्छा बिछाने वाले हैं |

تَذَكَّرُوْنَ ﴿٤٩﴾ فَفِرُّوْٓا اِلَى اللّٰهِ ؕ اِنِّيْ لَكُمْ مِّنْهُ نَذِيْرٌ مُّبِيْنٌ ﴿٥٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | वाज़ेह | डर सुनाने वाला | उस से | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | अल्लाह की तरफ़ | पस तुम दौड़ो | 49 | नसीहत पकड़ो |

उस (इब्राहीम अ) ने कहा ऐ फ़रिश्तो! तुम्हारा मक़सद क्या है? (31) उन्हों ने जवाब दियाः बेशक हम मुज्रिमों की क़ौम की तरफ़ भेजे गए हैं। (32) ताकि हम उन पर पकी हुई मिट्टी के पत्थर (संगरेज़े) बरसाएं। (33) तुम्हारे रब के हां हद से गुज़र जाने वालों के लिए निशान किए हुए। (34) पस हम ने निकाल लिया (उन्हें) जो उस (शहर) में ईमान वाले थे। (35) पस हम ने उस (शहर) में (लूत अ) के सिवा मुसलमानों का घर न पाया। (36) और हम ने छोड़ दी दर्दनाक अज़ाब से डरने वालों के लिए उस शहर में एक निशानी। (37) और मूसा (अ) में (भी एक निशानी) है, जब हम ने उसे फ़िरऔन की तरफ़ भेजा रोशन मोजिज़े के साथ। (38) तो उस (फ़िरऔन) ने अपनी कुव्वत (अरकाने सलतनत) के साथ सरताबी की और कहा कि यह जादूगर या दीवाना है। (39) पस हम ने उसे और उस के लशकर को पकड़ा, फिर हम ने उन्हें फेंक दिया दर्या में और वह मलामत ज़दा (रह गया)। (40) और (तुम्हारे लिए निशानी है) आद में, जब हम ने उन पर नामुबारक आन्धी भेजी. (41) वह किसी शै को न छोड़ती थी जिस पर वह आती मगर उसे एक गली सड़ी हड्डी की तरह कर देती। (42) और समूद में (भी एक निशानी है) जब उन्हें कहा गया कि एक (थोड़ी) मुद्दत और फ़ाइदा उठा लो। (43) तो उन्हों ने अपने रब के हुक्म से सरकशी की, पस उन्हें बिजली की कड़क ने आ पकड़ा उन के देखते देखते। (44) पस उन में खड़ा होने की सकत न रही और न खुद अपनी मदद कर सकते थे। (45) और नूह (अ) की क़ौम को उस से क़ब्ल (हम ने हलाक किया), बेशक वह नाफ़रमान लोग थे। (46) और हम ने आस्मान को बनाया अपने ज़ोर से और बेशक हम उस की क़ुदरत रखते हैं। (47) और हम ने ज़मीन को (बतौर) फ़र्श बनाया, और हम कैसा अच्छा बिछाने वाले हैं। (48) और हर शै से हम ने दो क़िस्म पैदा कीं ताकि तुम नसीहत पकड़ो। (49) पस तुम अल्लाह की तरफ़ दौड़ो, बेशक मैं तुम्हारे लिए उस (की तरफ़) से वाज़ेह डराने वाला हूँ। (50)

और अल्लाह के साथ किसी दूसरे को माबूद न ठहराओ, मैं बेशक तुम्हारे लिए उस (की तरफ) से वाज़ेह डर सुनाने वाला हूँ। (51)
इसी तरह नहीं आया कोई रसूल (उन के पास) जो इन से पहले थे मगर उन्हों ने (उसे) जादूगर या दीवाना कहा। (52)
क्या उन्हों ने एक दूसरे को उस की वसीयत की है? बल्कि वह सरकश लोग हैं। (53)
पस आप (स) उन से मुँह मोड़ लें तो आप (स) पर कोई इल्ज़ाम नहीं। (54)
और आप (स) समझाएं, बेशक समझाना ईमान लाने वालों को नफ़ा देता है। (55)
और मैं ने पैदा किए जिन्न और इन्सान सिर्फ़ इस लिए कि वह मेरी इबादत (बन्दगी और फ़रमांबरदारी) करें। (56)
मैं उन से कोई रिज़्क़ नहीं मांगता और मैं नहीं चाहता कि वह मुझे खिलाएं। (57)
बेशक अल्लाह ही राज़िक़ है, कुव्वत वाला, निहायत कुदरत वाला। (58)
पस बेशक जिन लोगों ने ज़ुल्म किया उन के लिए (अज़ाब के) पैमाने हैं, जैसे पैमाने उन के साथियों के लिए थे, पस वह जल्दी न करें। (59)
सो उन लोगों के लिए बरबादी है जिन्हों ने उस दिन का इन्कार किया जिस का उन से वादा किया जाता है। (60)
अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
क़सम है तूरे सीना की। (1)
और लिखी हुई किताब की, (2)
खुले औराक़ में। (3)
और बैते मअ़मूर (फ़रिश्तों के कअबाए आस्मानी) की। (4)
और बुलन्द छत की। (5)
और जोश मारते दर्या की। (6)
बेशक तेरे रब का अज़ाब ज़रूर वाक़े होने वाला है (7)
उसे कोई टालने वाला नहीं। (8)
जिस दिन थरथराएगा आस्मान (बुरी तरह) थरथरा कर, (9)
और चलेंगे पहाड़ चलने की तरह (उड़े फिरेंगे) (10)
सो उस दिन झुटलाने वालों के लिए बरबादी है। (11)
वह जो मश्ग़ले में (बेहूदगी से) खेलते हैं। (12)
जिस दिन वह जहन्नम की आग की तरफ़ धक्के दे कर धकेले जाएंगे। (13)
यह है वह आग जिस को तुम झुटलाते थे। (14)

وَلَا تَجْعَلُوْا مَعَ اللّٰهِ اِلٰهًا اٰخَرَ ۭ اِنِّیْ لَكُمْ مِّنْهُ نَذِیْرٌ مُّبِیْنٌ ﴿٥١﴾ كَذٰلِكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इसी तरह | 51 | वाज़ेह डर सुनाने वाला | उस से | तुम्हारे लिए | बेशक मैं | कोई दूसरा माबूद | अल्लाह के साथ | और तुम न ठहराओ |

مَآ اَتَى الَّذِیْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ مِّنْ رَّسُوْلٍ اِلَّا قَالُوْا سَاحِرٌ اَوْ مَجْنُوْنٌ ﴿٥٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | या दीवाना | जादूगर | उन्हों ने कहा | मगर | कोई रसूल | इन से पहले | वह जो | नहीं आया |

اَتَوَاصَوْا بِهٖ ۚ بَلْ هُمْ قَوْمٌ طَاغُوْنَ ﴿٥٣﴾ فَتَوَلَّ عَنْهُمْ فَمَآ اَنْتَ بِمَلُوْمٍ ﴿٥٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 54 | कोई इल्ज़ाम | तो नहीं आप (स) | पस आप (स) मुँह मोड़ लें उन से | 53 | सरकश | लोग | बल्कि वह | क्या उन्हों ने एक दूसरे को वसीयत की उस की |

وَّذَكِّرْ فَاِنَّ الذِّكْرٰى تَنْفَعُ الْمُؤْمِنِیْنَ ﴿٥٥﴾ وَمَا خَلَقْتُ الْجِنَّ وَالْاِنْسَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और इन्सान | जिन्न | और नहीं पैदा किया मैं ने | 55 | ईमान लाने वाले | नफ़ा देता है | समझाना | तो बेशक | आप (स) समझाएं |

اِلَّا لِیَعْبُدُوْنِ ﴿٥٦﴾ مَآ اُرِیْدُ مِنْهُمْ مِّنْ رِّزْقٍ وَّمَآ اُرِیْدُ اَنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | और मैं नहीं चाहता | कोई रिज़्क़ | उन से | मैं नहीं मांगता | 56 | इस लिए कि वह मेरी इबादत करें | मगर सिर्फ़ |

یُّطْعِمُوْنِ ﴿٥٧﴾ اِنَّ اللّٰهَ هُوَ الرَّزَّاقُ ذُو الْقُوَّةِ الْمَتِیْنُ ﴿٥٨﴾ فَاِنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस बेशक | 58 | निहायत कुदरत वाला | कुव्वत वाला | राज़िक़ | वह | बेशक अल्लाह | 57 | वह मुझे खिलाएं |

لِلَّذِیْنَ ظَلَمُوْا ذَنُوْبًا مِّثْلَ ذَنُوْبِ اَصْحٰبِهِمْ فَلَا یَسْتَعْجِلُوْنِ ﴿٥٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 59 | पस वह जल्दी न करें | उन के साथी | पैमाने | जैसे | डोल (पैमाने) | उन लोगों के लिए जिन्हों ने ज़ुल्म किया |

فَوَیْلٌ لِّلَّذِیْنَ كَفَرُوْا مِنْ یَّوْمِهِمُ الَّذِیْ یُوْعَدُوْنَ ﴿٦٠﴾ ع ١٤ ٣ ٢

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | उन से वादा किया जाता है | वह जिस | उन का दिन | से-का | उन लोगों के लिए जिन्हों ने इन्कार किया | सो बरबादी |

آيَاتُهَا ٤٩ ❀ (٥٢) سُوْرَةُ الطُّوْرِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकुआत 2 — (52) सूरतुत तूर पहाड़ — आयात 49

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

وَالطُّوْرِ ﴿١﴾ وَكِتٰبٍ مَّسْطُوْرٍ ﴿٢﴾ فِیْ رَقٍّ مَّنْشُوْرٍ ﴿٣﴾ وَّالْبَیْتِ الْمَعْمُوْرِ ﴿٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | और बैते मअ़मूर | 3 | खुले | औराक़ में | 2 | लिखी हुई | और किताब | 1 | क़सम तूरे (सीना) |

وَالسَّقْفِ الْمَرْفُوْعِ ﴿٥﴾ وَالْبَحْرِ الْمَسْجُوْرِ ﴿٦﴾ اِنَّ عَذَابَ رَبِّكَ لَوَاقِعٌ ﴿٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | ज़रूर वाक़े होने वाला | तेरे रब का अज़ाब | बेशक | 6 | और दर्या जोश मारता | 5 | बुलन्द | और छत |

مَّا لَهٗ مِنْ دَافِعٍ ﴿٨﴾ یَّوْمَ تَمُوْرُ السَّمَآءُ مَوْرًا ﴿٩﴾ وَّتَسِیْرُ الْجِبَالُ سَیْرًا ﴿١٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | चलने की तरह | पहाड़ | और चलेंगे | 9 | थरथरा कर | आस्मान | जिस दिन थरथराएगा | 8 | कोई टालने वाला | नहीं उस को |

فَوَیْلٌ یَّوْمَئِذٍ لِّلْمُكَذِّبِیْنَ ﴿١١﴾ الَّذِیْنَ هُمْ فِیْ خَوْضٍ یَّلْعَبُوْنَ ﴿١٢﴾ یَوْمَ — وقف لازم

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस दिन | 12 | खेलते हैं | मश्ग़ले में | वह | वह जो | 11 | झुटलाने वालों के लिए | उस दिन | सो बरबादी |

یُدَعُّوْنَ اِلٰى نَارِ جَهَنَّمَ دَعًّا ﴿١٣﴾ هٰذِهِ النَّارُ الَّتِیْ كُنْتُمْ بِهَا تُكَذِّبُوْنَ ﴿١٤﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | झुटलाते | उस को | तुम थे | वह आग जो | यह है | 13 | धक्के दे कर | जहन्नम की आग | तरफ़ | वह धकेले जाएंगे |

اَفَسِحْرٌ هٰذَآ اَمْ اَنْتُمْ لَا تُبْصِرُوْنَ ﴿١٥﴾ اِصْلَوْهَا فَاصْبِرُوْٓا اَوْ لَا تَصْبِرُوْا ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न सब्र करो | या | फिर तुम सब्र करो | उस में दाख़िल हो जाओ | 15 | दिखाई नहीं देता तुम्हें | या तुम | यह | तो क्या जादू |

سَوَآءٌ عَلَيْكُمْ ۗ اِنَّمَا تُجْزَوْنَ مَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٦﴾ اِنَّ الْمُتَّقِيْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बेशक मुत्तक़ी (जमा) | 16 | जो तुम करते थे | सो इस के सिवा नहीं कि तुम्हें बदला दिया जाएगा | तुम पर | बराबर |

فِيْ جَنّٰتٍ وَّنَعِيْمٍ ﴿١٧﴾ فٰكِهِيْنَ بِمَآ اٰتٰهُمْ رَبُّهُمْ ۚ وَوَقٰهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और बचाया उन्हें | उन के रब ने | उस के साथ जो दिया उन्हें | ख़ुश होंगे | 17 | और नेमतों | बाग़ों में |

رَبُّهُمْ عَذَابَ الْجَحِيْمِ ﴿١٨﴾ كُلُوْا وَاشْرَبُوْا هَنِيْٓـًٔا بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿١٩﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | जो तुम करते थे | उस के बदले में | रचते पचते | और तुम पियो | तुम खाओ | 18 | दोज़ख़ | अ़ज़ाब | उन के रब ने |

مُتَّكِـِٕيْنَ عَلٰى سُرُرٍ مَّصْفُوْفَةٍ ۚ وَزَوَّجْنٰهُمْ بِحُوْرٍ عِيْنٍ ﴿٢٠﴾ وَالَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो लोग | 20 | बड़ी आँखों वाली हूरें | और उन की ज़ौजियत में दिया हम ने | सफ़ बस्ता | तख़्तों पर | तकिया लगाए हुए |

اٰمَنُوْا وَاتَّبَعَتْهُمْ ذُرِّيَّتُهُمْ بِاِيْمَانٍ اَلْحَقْنَا بِهِمْ ذُرِّيَّتَهُمْ وَمَآ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और | उन की औलाद | उन के साथ | हम ने मिला दिया | ईमान के साथ | उन की औलाद | और उन्हों ने पैरवी की | ईमान लाए |

اَلَتْنٰهُمْ مِّنْ عَمَلِهِمْ مِّنْ شَيْءٍ ۗ كُلُّ امْرِئٍۢ بِمَا كَسَبَ رَهِيْنٌ ﴿٢١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | रहन | उस ने कमाया (आमाल) | उस में जो | हर आदमी | कोई चीज़ (कुछ) | उन के अ़मल से | कमी नहीं की हम ने |

وَاَمْدَدْنٰهُمْ بِفَاكِهَةٍ وَّلَحْمٍ مِّمَّا يَشْتَهُوْنَ ﴿٢٢﴾ يَتَنَازَعُوْنَ فِيْهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | लपक लपक कर ले रहे होंगे | 22 | जो उन का जी चाहेगा | उस से | और गोश्त | फलों के साथ | और हम उन की मदद करेंगे |

كَاْسًا لَّا لَغْوٌ فِيْهَا وَلَا تَاْثِيْمٌ ﴿٢٣﴾ وَيَطُوْفُ عَلَيْهِمْ غِلْمَانٌ لَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | ख़िद्मतगार लड़के | उन पर के | और इर्द गिर्द फिरेंगे | 23 | और न गुनाह की बात | उस में | न बकवास | प्याला |

كَاَنَّهُمْ لُؤْلُؤٌ مَّكْنُوْنٌ ﴿٢٤﴾ وَاَقْبَلَ بَعْضُهُمْ عَلٰى بَعْضٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बाज़ पर (दूसरे की तरफ़) | उन में से बाज़ (एक) | और मुतवज्जह होगा | 24 | छुपा कर रखे हुए | मोती | गोया वह |

يَّتَسَآءَلُوْنَ ﴿٢٥﴾ قَالُوْٓا اِنَّا كُنَّا قَبْلُ فِيْٓ اَهْلِنَا مُشْفِقِيْنَ ﴿٢٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | डरते थे | अपने अहले ख़ाना में | पहले | बेशक हम थे | वह कहेंगे | 25 | आपस में पूछते हुए |

فَمَنَّ اللّٰهُ عَلَيْنَا وَوَقٰنَا عَذَابَ السَّمُوْمِ ﴿٢٧﴾ اِنَّا كُنَّا مِنْ قَبْلُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस से क़ब्ल | बेशक हम थे | 27 | गर्म हवा (लू) | अ़ज़ाब | और हमें बचा लिया | हम पर | तो एहसान किया अल्लाह ने |

١ ع٢٨ ٢ نَدْعُوْهُ ۗ اِنَّهٗ هُوَ الْبَرُّ الرَّحِيْمُ ﴿٢٨﴾ فَذَكِّرْ فَمَآ اَنْتَ بِنِعْمَتِ رَبِّكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | फ़ज़्ल से | तो आप (स) नहीं | पस आप (स) नसीहत करें | 28 | रह्म करने वाला | एहसान करने वाला | वही | बेशक वह | हम उस को पुकारते |

بِكَاهِنٍ وَّلَا مَجْنُوْنٍ ﴿٢٩﴾ اَمْ يَقُوْلُوْنَ شَاعِرٌ نَّتَرَبَّصُ بِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के साथ | हम मुन्तज़िर है | शायर | वह कहते हैं | क्या | 29 | दीवाना | और न | काहिन |

رَيْبَ الْمَنُوْنِ ﴿٣٠﴾ قُلْ تَرَبَّصُوْا فَاِنِّيْ مَعَكُمْ مِّنَ الْمُتَرَبِّصِيْنَ ﴿٣١﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | इन्तिज़ार करने वाले | से | तुम्हारे साथ | बेशक मैं | तुम इन्तिज़ार करो | फ़रमा दें | 30 | ज़माना | हवादिस |

तो क्या यह जादू है? या तुम को दिखाई नहीं देता? (15)
उस में दाख़िल हो जाओ, फिर तुम सब्र करो या न सब्र करो, तुम्हारे लिए बराबर है, इस के सिवा नहीं कि जो तुम करते थे तुम्हें (उस का) बदला दिया जाएगा। (16)
बेशक मुत्तक़ी (बहिश्त के) बाग़ों और नेमतों में होंगे। (17)
उस के साथ ख़ुश होंगे जो उन के रब ने उन्हें दिया, और उन के रब ने उन्हें दोज़ख़ के अज़ाब से बचा लिया। (18)
तुम खाओ और पियो मज़े से (जी भर कर) उस के बदले में जो तुम करते थे। (19)
तख़्तों पर सफ़ बस्ता तकिये लगाए हुए। और हम उन की शादी कर देंगे बड़ी आँखों वाली हूरों से। (20)
और जो लोग ईमान लाए और उन की औलाद ने ईमान के साथ उन की पैरवी की, हम ने उन की औलाद को उन के साथ मिला दिया और हम ने उन के अ़मल से कुछ कमी नहीं की, हर आदमी अपने आमाल में रहन है। (21)
और हम उन की मदद करेंगे फलों और गोश्त से, जो उन का जी चाहेगा। (22)
वह एक दोसरे से प्याले लपक लपक कर ले रहे होंगे जिस में न बकवास होगी न गुनाह की बात। (23)
और उन के इर्द गिर्द फिरेंगे ख़िद्मतगार लड़के। गोया वह छुपा कर रखे हुए मोती हैं। (24)
और उन में से एक दूसरे की तरफ़ मुतवज्जेह होगा आपस में पूछते हुए। (25)
वह कहेंगे बेशक हम इस से पहले अहले ख़ाना में डरते थे (26)
तो अल्लाह ने हम पर एहसान किया और हमें बचा लिया लू के अज़ाब से। (27)
बेशक इस से क़ब्ल हम उस को पुकारते थे, बेशक वही एहसान करने वाला, रह्म करने वाला है। (28)
पस आप (स) नसीहत करते रहें, पस आप (स) अपने रब के फ़ज़्ल से न काहिन हैं न दीवाने। (29)
क्या वह कहते हैं कि यह शायर है, हम उस के साथ हवादिसे ज़माने के मुन्तज़िर हैं। (30)
आप (स) फ़रमा दें तुम इन्तिज़ार करो, बेशक मैं (भी) तुम्हारे साथ इन्तिज़ार करने वालों में से हूँ। (31)

क्या उन की अ़क़्लें उन्हें यही सिखाती हैं? या वह सरकश लोग हैं। (32)
क्या वह कहते हैं कि उस ने उसे (कुरआन) को घड़ लिया है (नहीं) बल्कि वह ईमान नहीं लाते। (33)
तो चाहिए कि वह उस जैसी एक बात ले आएं अगर वह सच्चे हैं। (34)
क्या वह पैदा किए गए हैं बग़ैर किसी शै (बनाने वाले) के, या वह (खुद) पैदा करने वाले हैं। (35)
क्या उन्हों ने पैदा किया आस्मानों को और ज़मीन को? (नहीं) बल्कि वह यक़ीन नहीं रखते। (36)
क्या उन के पास तेरे रब (की रहमत) के ख़ज़ाने हैं? या वह दारोग़े हैं? (37)
क्या उन के पास कोई सीढ़ी है? जिस पर (चढ़ कर) वह सुनते हैं, तो चाहिए कि उन का सुनने वाला कोई खुली सनद लाए। (38)
क्या उस के बेटियां और तुम्हारे लिए बेटे? (39)
क्या आप (स) उन से मांगते हैं कोई अजर? कि वह तावान (के बोझ) से दबे जाते हैं। (40)
क्या उन के पास (इल्मे) ग़ैब है? कि वह लिख लेते हैं। (41)
क्या वह इरादा रखते हैं किसी दाओ का? तो जिन लोगों ने कुफ़्र किया वही दाओ में गिरफ़्तार होंगे। (42)
क्या उन के लिए अल्लाह के सिवा कोई माबूद है? अल्लाह उस से पाक है जो वह शिर्क करते हैं। (43)
और अगर वह आस्मान से कोई टुकड़ा गिरता हुआ देखें तो वह कहते हैं: बादल जमा हुआ एक के ऊपर एक। (44)
पस तुम उन को छोड़ दो यहां तक कि वह मिलें (देख लें) अपना वह दिन जिस में वह बेहोश कर दिए जाएंगे। (45)
जिस दिन उन का दाओ कुछ भी उन के काम न आएगा और न उन की मदद की जाएगी। (46)
और बेशक जिन लोगों ने ज़ुल्म किया उन के लिए उस के अ़लावा अ़ज़ाब है। लेकिन उन में अक्सर नहीं जानते। (47)
और आप (स) अपने रब के हुक्म पर सब्र करें, बेशक आप (स) हमारी हिफ़ाज़त में हैं और आप (स) अपने रब की तारीफ़ के साथ पाकीज़गी बयान करें जिस वक़्त आप (स) उठें। (48)
और रात में (भी), पस उस की पाकीज़गी बयान करें और सितारों के पीठ फेरते (ग़ाइब होते) वक़्त (भी)। (49)

اَمْ تَاْمُرُهُمْ اَحْلَامُهُمْ بِهٰذَآ اَمْ هُمْ قَوْمٌ طَاغُوْنَ ﴿٣٢﴾ اَمْ يَقُوْلُوْنَ تَقَوَّلَهٗ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस ने उसे घड़ लिया है | क्या वह कहते हैं? | 32 | सरकश लोग | या वह | यही | उन की अक़्लें | क्या हुक्म देती (सिखाती) हैं उन्हें |

بَلْ لَّا يُؤْمِنُوْنَ ﴿٣٣﴾ فَلْيَاْتُوْا بِحَدِيْثٍ مِّثْلِهٖٓ اِنْ كَانُوْا صٰدِقِيْنَ ﴿٣٤﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | सच्चे | अगर वह हैं | इस जैसी | एक बात | तो चाहिए कि वह ले आएं | 33 | वह ईमान नहीं लाते | बल्कि |

اَمْ خُلِقُوْا مِنْ غَيْرِ شَيْءٍ اَمْ هُمُ الْخٰلِقُوْنَ ﴿٣٥﴾ اَمْ خَلَقُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या उन्हों ने पैदा किए? | 35 | पैदा करने वाले | या वह | बग़ैर किसी शै | से | क्या वह पैदा किए गए हैं |

السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضَ ۚ بَلْ لَّا يُوْقِنُوْنَ ﴿٣٦﴾ اَمْ عِنْدَهُمْ خَزَآئِنُ رَبِّكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेरा रब | ख़ज़ाने | क्या उन के पास | 36 | वह यक़ीन नहीं रखते | बल्कि | और ज़मीन | आस्मान (जमा) |

اَمْ هُمُ الْمُصَيْطِرُوْنَ ﴿٣٧﴾ اَمْ لَهُمْ سُلَّمٌ يَّسْتَمِعُوْنَ فِيْهِ ۚ فَلْيَاْتِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो चाहिए कि लाए | उस में-पर | वह सुनते हैं | कोई सीढ़ी | क्या उन के लिए-पास | 37 | दारोग़े | या वह |

مُسْتَمِعُهُمْ بِسُلْطٰنٍ مُّبِيْنٍ ﴿٣٨﴾ اَمْ لَهُ الْبَنٰتُ وَلَكُمُ الْبَنُوْنَ ﴿٣٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | बेटे | और तुम्हारे लिए | बेटियां | क्या उस के लिए | 38 | खुली | कोई सनद | उन का सुनने वाला |

اَمْ تَسْـَٔلُهُمْ اَجْرًا فَهُمْ مِّنْ مَّغْرَمٍ مُّثْقَلُوْنَ ﴿٤٠﴾ اَمْ عِنْدَهُمُ الْغَيْبُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ैब | क्या उन के पास | 40 | दबे जाते हैं | तावान से | तो वह | कोई अजर | क्या तुम उन से मांगते हो |

فَهُمْ يَكْتُبُوْنَ ﴿٤١﴾ اَمْ يُرِيْدُوْنَ كَيْدًا ۚ فَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا هُمُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वही | तो जिन लोगों ने कुफ़्र किया | किसी दाओ | क्या वह इरादा रखते हैं | 41 | पस वह लिख लेते हैं |

الْمَكِيْدُوْنَ ﴿٤٢﴾ اَمْ لَهُمْ اِلٰهٌ غَيْرُ اللّٰهِ ۚ سُبْحٰنَ اللّٰهِ عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٤٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | उस से जो शिर्क करते हैं | पाक है अल्लाह | अल्लाह के सिवा | कोई माबूद | क्या उन के लिए | 42 | दाओ में गिरफ़्तार होंगे |

وَاِنْ يَّرَوْا كِسْفًا مِّنَ السَّمَآءِ سَاقِطًا يَّقُوْلُوْا سَحَابٌ مَّرْكُوْمٌ ﴿٤٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | तह ब तह (जमा हुआ) | बादल | वह कहते हैं | गिरता हुआ | आस्मान से | कोई टुकड़ा | वह देखें | और अगर |

فَذَرْهُمْ حَتّٰى يُلٰقُوْا يَوْمَهُمُ الَّذِيْ فِيْهِ يُصْعَقُوْنَ ﴿٤٥﴾ يَوْمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस दिन | 45 | बेहोश कर दिए जाएंगे | उस में | वह जो | अपना दिन | वह मिलें | यहां तक कि | पस छोड़ दो उन को |

لَا يُغْنِيْ عَنْهُمْ كَيْدُهُمْ شَيْـًٔا وَّلَا هُمْ يُنْصَرُوْنَ ﴿٤٦﴾ وَاِنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेशक | 46 | मदद किए जाएंगे | और न वह | कुछ भी | उन का दाओ | उन से-का | न काम आएगा |

لِلَّذِيْنَ ظَلَمُوْا عَذَابًا دُوْنَ ذٰلِكَ وَلٰكِنَّ اَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٤٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | नहीं जानते | उन में से अक्सर | और लेकिन | वरे-अ़लावा उस | अ़ज़ाब | उन लोगों के लिए जिन्हों ने ज़ुल्म किया |

وَاصْبِرْ لِحُكْمِ رَبِّكَ فَاِنَّكَ بِاَعْيُنِنَا وَسَبِّحْ بِحَمْدِ رَبِّكَ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और आप (स) पाकीज़गी बयान करें अपने रब की तारीफ़ के साथ | हमारी आँखों (हिफ़ाज़त) में | बेशक आप (स) | अपने रब के हुक्म पर | और आप (स) सब्र करें |

حِيْنَ تَقُوْمُ ﴿٤٨﴾ وَمِنَ الَّيْلِ فَسَبِّحْهُ وَاِدْبَارَ النُّجُوْمِ ﴿٤٩﴾ ع ٢ ٢١ ٢

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | सितारों | और पीठ फेरते | पस उस की पाकीज़गी बयान करें | रात | और से (में) | 48 | आप (स) उठें | जिस वक़्त |

## آيَاتُهَا ٦٢ ❀ (٥٣) سُوْرَةُ النَّجْمِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

| रुकुआत 3 | (53) सूरतुन नज्म<br>सितारा | आयात 62 |
|---|---|---|

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

وَالنَّجْمِ اِذَا هَــوٰى ﴿١﴾ مَا ضَلَّ صَاحِبُكُمْ وَمَـا غَوٰى ﴿٢﴾ وَمَا يَنْطِقُ عَنِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | और वह नहीं बात करते | 2 | वह भटके | और न | तुम्हारे रफ़ीक़ | न बहके | 1 | वह ग़ाइब होने लगे | जब | सितारे की क़सम |

الْهَوٰى ﴿٣﴾ اِنْ هُوَ اِلَّا وَحْيٌ يُّوْحٰى ﴿٤﴾ عَلَّمَهٗ شَدِيْدُ الْقُوٰى ﴿٥﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | सख़्त कुव्वतों वाला | उस ने उसे सिखाया | 4 | भेजी जाती है | वहि | वह सिर्फ़ | नहीं | 3 | ख़ाहिश |

ذُوْ مِرَّةٍ فَاسْتَوٰى ﴿٦﴾ وَهُوَ بِالْاُفُقِ الْاَعْلٰى ﴿٧﴾ ثُمَّ دَنَا فَتَدَلّٰى ﴿٨﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | फिर और नज़्दीक हुआ | फिर वह नज़्दीक हुआ | 7 | सब से बुलन्द | किनारे पर | और वह | 6 | फिर सामने आया | ताक़तों वाला |

فَكَانَ قَابَ قَوْسَيْنِ اَوْ اَدْنٰى ﴿٩﴾ فَاَوْحٰى اِلٰى عَبْدِهٖ مَآ اَوْحٰى ﴿١٠﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | जो उस ने वहि की | अपना बन्दा | तरफ़ | तो उस ने वहि की | 9 | या उस से कम | दो किनारे | कमान | तो वह था (रह गई) |

مَا كَذَبَ الْفُؤَادُ مَا رَاٰى ﴿١١﴾ اَفَتُمٰرُوْنَهٗ عَلٰى مَا يَرٰى ﴿١٢﴾ وَلَقَدْ رَاٰهُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तहक़ीक़ उस ने देखा उसे | 12 | जो उस ने देखा | पर | तो क्या तुम झगड़ते हो उस से | 11 | जो उस ने देखा | दिल | न झूट कहा |

نَزْلَةً اُخْرٰى ﴿١٣﴾ عِنْدَ سِدْرَةِ الْمُنْتَهٰى ﴿١٤﴾ عِنْدَهَا جَنَّةُ الْمَاْوٰى ﴿١٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | जन्नतुल मावा | उस के नज़्दीक | 14 | सिदरतुल मुन्तहा | नज़्दीक | 13 | दूसरी मरतबा |

اِذْ يَغْشَى السِّدْرَةَ مَا يَغْشٰى ﴿١٦﴾ مَا زَاغَ الْبَصَرُ وَمَا طَغٰى ﴿١٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | और न हद से बढ़ी | आँख | न कजी की | 16 | जो छा रहा था | सिदरह | जब छा रहा था |

لَقَدْ رَاٰى مِنْ اٰيٰتِ رَبِّهِ الْكُبْرٰى ﴿١٨﴾ اَفَرَءَيْتُمُ اللّٰتَ وَالْعُزّٰى ﴿١٩﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | और उज़्ज़ा | लात | तो क्या तुम ने देखा? | 18 | बड़ी | अपना रब | निशानियां | से | तहक़ीक़ उस ने देखी |

وَمَنٰوةَ الثَّالِثَةَ الْاُخْرٰى ﴿٢٠﴾ اَلَكُمُ الذَّكَرُ وَلَهُ الْاُنْثٰى ﴿٢١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | औरतें | और उस के लिए | मर्द | क्या तुम्हारे लिए | 20 | तीसरी एक और | और मनात |

تِلْكَ اِذًا قِسْمَةٌ ضِيْزٰى ﴿٢٢﴾ اِنْ هِيَ اِلَّآ اَسْمَآءٌ سَمَّيْتُمُوْهَآ اَنْتُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम | तुम ने वह नाम रख लिए हैं | मगर-सिर्फ़ नाम | यह | नहीं | 22 | बेढंगी | यह बांट तक़्सीम | यह |

وَاٰبَآؤُكُمْ مَّآ اَنْزَلَ اللّٰهُ بِهَا مِنْ سُلْطٰنٍ اِنْ يَّتَّبِعُوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह नहीं पैरवी करते | सनद | कोई | उस की | नहीं उतारी अल्लाह ने | और तुम्हारे बाप दादा |

اِلَّا الظَّنَّ وَمَا تَهْوَى الْاَنْفُسُ وَلَقَدْ جَآءَهُمْ مِّنْ رَّبِّهِمُ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उन के रब से | और (हालांकि) पहुँच चुकी उन के पास | नफ़्स (जमा) | और जो ख़ाहिश | मगर-सिर्फ़ गुमान |

ع ٢٥ ١ ٥ الْهُدٰى ﴿٢٣﴾ اَمْ لِلْاِنْسَانِ مَا تَمَنّٰى ﴿٢٤﴾ فَلِلّٰهِ الْاٰخِرَةُ وَالْاُوْلٰى ﴿٢٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | और दुनिया | पस अल्लाह ही के लिए आख़िरत | 24 | जिस की वह तमन्ना करे | इन्सान के लिए | क्या | 23 | हिदायत |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

सितारे की क़सम! जब वह ग़ाइब होने लगे। (1)

तुम्हारे रफ़ीक़ (मुहम्मद स) न बहके और न वह भटके। (2)

और वह अपनी ख़ाहिश से बात नहीं करते। (3)

वह सिर्फ़ वहि है जो भेजी जाती है। (4)

उस को सिखाया उस सख़्त कुव्वत वाले, ताक़तों वाले (फ़रिश्ते) ने। (5)

फिर उस ने क़स्द किया (रसूल स के सामने आया)। (6)

और वह बुलन्द किनारे पर था। (7)

फिर वह नज़्दीक हुआ, फिर और नज़्दीक हुआ। (8)

तो वह कमान के दो किनारों के (फ़ासिले के) बराबर रह गया या उस से भी कम। (9)

तो उस ने वहि की अपने बन्दे की तरफ़ जो वहि की। (10)

जो उस ने (आँखों से) देखा (उस के) दिल ने तस्दीक़ की। (11)

क्या जो उस ने देखा तुम उस से उस पर झगड़ते हो? (12)

और तहक़ीक़ उस ने उसे दूसरी मरतबा देखा। (13)

सिदरतुल मुन्तहा के नज़्दीक। (14)

उस के नज़्दीक जन्नतुल मावा (आरामगाहे बहिश्त) है। (15)

जब सिदरह पर छा रहा था जो छा रहा था। (16)

आँख ने न कजी की और न वह हद से बढ़ी। (17)

तहक़ीक़ उस ने अपने रब की बड़ी निशानियां देखीं। (18)

क्या तुम ने देखा है लात और उज़्ज़ा, (19)

और तीसरी एक और मनात को? (20)

क्या तुम्हारे लिए मर्द (बेटे) हैं और उस के लिए औरतें (बेटियां)? (21)

यह बांट तक़्सीम बेढंगी है। (22)

यह (कुछ) नहीं सिर्फ़ नाम हैं जो तुम ने और तुम्हारे बाप दादा ने रख लिए हैं, अल्लाह ने नहीं उतारी उस की कोई सनद, वह नहीं पैरवी करते मगर सिर्फ़ गुमान और ख़ाहिशे नफ़्स की, हालांकि उन के रब की तरफ़ से उन के पास हिदायत पहुँच चुकी है। (23)

क्या इन्सान के लिए वह जो तमन्ना करे? (24)

पस अल्लाह ही के लिए आख़िरत और दुनिया। (25)

وَكَمْ مِّنْ مَّلَكٍ فِى السَّمٰوٰتِ لَا تُغْنِىْ شَفَاعَتُهُمْ شَيْـًٔا اِلَّا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर | कुछ | उन की सिफ़ारिश | नफ़ा नही देती | आस्मानों में | फ़रिश्तों से | और कितने |

مِنْۢ بَعْدِ اَنْ يَّاْذَنَ اللّٰهُ لِمَنْ يَّشَآءُ وَيَرْضٰى ﴿٢٦﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ لَا يُؤْمِنُوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान नहीं रखते | जो लोग | बेशक | 26 | और वह पसंद फ़रमाए | जिस के लिए चाहे वह | इजाज़त दे अल्लाह | कि | उस के बाद |

بِالْاٰخِرَةِ لَيُسَمُّوْنَ الْمَلٰٓئِكَةَ تَسْمِيَةَ الْاُنْثٰى ﴿٢٧﴾ وَمَا لَهُمْ بِهٖ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस का | और नही उन्हें | 27 | औरतों जैसा | नाम | फ़रिश्तों | अलबत्ता वह रखते हैं नाम | आख़िरत पर |

مِنْ عِلْمٍ ۗ اِنْ يَّتَّبِعُوْنَ اِلَّا الظَّنَّ ۚ وَاِنَّ الظَّنَّ لَا يُغْنِىْ مِنَ الْحَقِّ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यक़ीन से-मुक़ाबला | नफ़ा नहीं देता | और बेशक गुमान | मगर-सिर्फ़ गुमान | वह पैरवी करते | नहीं | कोई इल्म |

شَيْـًٔا ﴿٢٨﴾ فَاَعْرِضْ عَنْ مَّنْ تَوَلّٰى ۙ عَنْ ذِكْرِنَا وَلَمْ يُرِدْ اِلَّا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवाए | और वह न चाहता हो | हमारी याद से | रूगर्दां हुआ | जो | से | पस मुँह फेर लें | 28 | कुछ |

الْحَيٰوةَ الدُّنْيَا ﴿٢٩﴾ ذٰلِكَ مَبْلَغُهُمْ مِّنَ الْعِلْمِ ۗ اِنَّ رَبَّكَ هُوَ اَعْلَمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह खूब जानता है | तेरा रब | बेशक | इल्म की | उन की रसाई | यह | 29 | दुनिया की ज़िन्दगी |

بِمَنْ ضَلَّ عَنْ سَبِيْلِهٖ وَهُوَ اَعْلَمُ بِمَنِ اهْتَدٰى ﴿٣٠﴾ وَلِلّٰهِ مَا فِى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| में | और अल्लाह के लिए जो | 30 | हिदायत पाई | उसे-जिस | खूब जानता है | और वह | उस के रास्ते से | गुमराह हुआ | उसे जो |

السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى الْاَرْضِ ۙ لِيَجْزِىَ الَّذِيْنَ اَسَآءُوْا بِمَا عَمِلُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की जो उन्हों ने किए (आमाल) | बुराई की | उन्हें जिन्हों ने | ताकि वह बदला दे | ज़मीन में | और जो | आस्मानों |

وَيَجْزِىَ الَّذِيْنَ اَحْسَنُوْا بِالْحُسْنٰى ﴿٣١﴾ اَلَّذِيْنَ يَجْتَنِبُوْنَ كَبٰٓئِرَ الْاِثْمِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कबीरा (बड़े) गुनाहों से | वह बचते हैं | जो लोग | 31 | भलाई के साथ | नेकी की | उन लोगों को जिन्हों ने | और जज़ा दे |

وَالْفَوَاحِشَ اِلَّا اللَّمَمَ ۗ اِنَّ رَبَّكَ وَاسِعُ الْمَغْفِرَةِ ۗ هُوَ اَعْلَمُ بِكُمْ اِذْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जब | तुम्हें | और खूब जानता है वह | वसीअ़ मग़्फ़िरत वाला | तुम्हारा रब | बेशक | छोटे गुनाह | मगर-सिवाए | और बेहयाइयों |

اَنْشَاَكُمْ مِّنَ الْاَرْضِ وَاِذْ اَنْتُمْ اَجِنَّةٌ فِىْ بُطُوْنِ اُمَّهٰتِكُمْ ۚ فَلَا تُزَكُّوْٓا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस पाकीज़ा न समझो | अपनी माँएं | पेट (जमा) | में | बच्चे | तुम | और जब | ज़मीन से | उस ने पैदा किया तुम्हें |

اَنْفُسَكُمْ ۗ هُوَ اَعْلَمُ بِمَنِ اتَّقٰى ﴿٣٢﴾ اَفَرَءَيْتَ الَّذِىْ تَوَلّٰى ﴿٣٣﴾ وَاَعْطٰى ٢ ع ٦

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस ने दिया | 33 | जिस ने रूगर्दानी की | तो क्या तू ने देखा | 32 | परहेज़गारी की | उसे जो-जिस | वह खूब जानता है | अपने आप |

قَلِيْلًا وَّاَكْدٰى ﴿٣٤﴾ اَعِنْدَهٗ عِلْمُ الْغَيْبِ فَهُوَ يَرٰى ﴿٣٥﴾ اَمْ لَمْ يُنَبَّاْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह खबर नहीं दिया गया | क्या | 35 | तो वह देख रहा है | इल्मे ग़ैब | क्या उस के पास | 34 | और उस ने बन्द कर दिया | थोड़ा सा |

بِمَا فِىْ صُحُفِ مُوْسٰى ﴿٣٦﴾ وَاِبْرٰهِيْمَ الَّذِىْ وَفّٰٓى ﴿٣٧﴾ اَلَّا تَزِرُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि नहीं उठाता | 37 | वफ़ा किया | वह जो-जिस | और इब्राहीम (अ) | 36 | मूसा (अ) | सहीफ़े | में | वह जो |

وَازِرَةٌ وِّزْرَ اُخْرٰى ﴿٣٨﴾ وَاَنْ لَّيْسَ لِلْاِنْسَانِ اِلَّا مَا سَعٰى ﴿٣٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | जो उस ने कोशिश की | मगर | किसी इन्सान के लिए | नहीं | और यह कि | 38 | किसी दूसरे का बोझ | कोई बोझ उठाने वाला |

और आस्मानों में कितने ही फ़रिश्ते हैं जिन की सिफ़ारिश कुछ भी नफ़ा नहीं देती मगर उस के बाद कि इजाज़त दे अल्लाह जिस के लिए चाहे और पसंद फ़रमाए। (26)
बेशक जो लोग आखिरत पर ईमान नहीं रखते वह अलबत्ता फ़रिश्तों के नाम औरतों जैसे रखते हैं। (27)
और उन्हें उस का कोई इल्म नही, वह सिर्फ़ गुमान की पैरवी करते हैं, और गुमान यक़ीन के मुक़ाबले में कुछ नफ़ा नहीं देता। (28)
पस आप (स) उस से मुँह फेर लें जो हमारी याद से रूगर्दां हुआ, और वह न चाहता हो सिवाए दुनिया की ज़िन्दगी। (29)
यह उन के इल्म की रसाई (हद) है, बेशक तेरा रब उसे खूब जानता है जो उस के रास्ते से गुमराह हुआ और वह उसे खूब जानता है जिस ने हिदायत पाई। (30)
और अल्लाह ही के लिए है जो कुछ आस्मानों और जो ज़मीन में है ताकि जिन लोगों ने बुराई की उन्हें उन के आमाल का बदला दे, और उन्हें जजा दे जिन लोगों ने भलाई के साथ नेकी की। (31)
जो छोटे गुनाहों के सिवा बड़े गुनाहों और बेहयाइयों से बचते हैं, बेशक तुम्हारा रब वसीअ़ मग़्फ़िरत वाला है, वह तुम्हें खूब जानता है जब उस ने तुम्हें ज़मीन से पैदा किया और जब तुम अपनी माँओं के पेटों में बच्चे थे, पस तुम अपने आप को पाकीज़ा न समझो, वह उसे खूब जानता है जिस ने परहेज़गारी की। (32)
तो क्या तू ने देखा उस को जिस ने रूगर्दानी की। (33)
और थोड़ा (माल) दिया और (फिर) बन्द कर दिया। (34)
क्या उस के पास इल्मे ग़ैब है? तो वह देख रहा है। (35)
क्या वह खबर नहीं दिया गया (क्या उसे ख़बर नही) जो मूसा (अ) के सहीफ़ों में है। (36)
और इब्राहीम (अ) जिस ने (अपना क़ौल) पूरा किया। (37)
कोई बोझ उठाने वाला नहीं उठाता किसी दूसरे का बोझ। (38)
और यह कि किसी इन्सान के लिए नहीं (किसी को नहीं मिलता) मगर उसी क़द्र जितनी उस ने कोशिश की, (39)

وَاَنَّ سَعْيَهٗ سَوْفَ يُرٰى ﴿٤٠﴾ ثُمَّ يُجْزٰىهُ الْجَزَآءَ الْاَوْفٰى ﴿٤١﴾ وَاَنَّ اِلٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और यह कि तरफ़ | 41 | बदला पूरा पूरा | उसे बदला दिया जाएगा | फिर | 40 | अनक़रीब देखी जाएगी | उस की कोशिश | और यह कि |

رَبِّكَ الْمُنْتَهٰى ﴿٤٢﴾ وَاَنَّهٗ هُوَ اَضْحَكَ وَاَبْكٰى ﴿٤٣﴾ وَاَنَّهٗ هُوَ اَمَاتَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वही मारता है | और बेशक वह | 43 | और वह रुलाता है | वही हंसाता है | और बेशक | 42 | इन्तिहा | तुम्हारा रब |

وَاَحْيَا ﴿٤٤﴾ وَاَنَّهٗ خَلَقَ الزَّوْجَيْنِ الذَّكَرَ وَالْاُنْثٰى ﴿٤٥﴾ مِنْ نُّطْفَةٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नुत्फ़े से | 45 | और औरत | मर्द | जोड़े | उस ने पैदा किए | और बेशक वह | 44 | और जिलाता है |

اِذَا تُمْنٰى ﴿٤٦﴾ وَاَنَّ عَلَيْهِ النَّشْاَةَ الْاُخْرٰى ﴿٤٧﴾ وَاَنَّهٗ هُوَ اَغْنٰى

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस ने ग़नी किया | वही | और बेशक वह | 47 | दोबारा | (जी) उठाना | उसी पर | और यह कि | 46 | जब वह डाला जाता |

وَاَقْنٰى ﴿٤٨﴾ وَاَنَّهٗ هُوَ رَبُّ الشِّعْرٰى ﴿٤٩﴾ وَاَنَّهٗۤ اَهْلَكَ عَادَا الْاُوْلٰى ﴿٥٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | आद पहली (क़दीम) | उस ने हलाक किया | और बेशक वह | 49 | शिअ़रा (सितारे) का रब | और बेशक वही | 48 | और सरमायादार किया |

وَثَمُوْدَاۡ فَمَاۤ اَبْقٰى ﴿٥١﴾ وَقَوْمَ نُوْحٍ مِّنْ قَبْلُ ؕ اِنَّهُمْ كَانُوْا هُمْ اَظْلَمَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बड़े ज़ालिम | वह | वह थे | बेशक वह | उन से क़ब्ल | और क़ौमे नूह (अ) | 51 | पस उस ने बाक़ी न छोड़ा | और समूद |

وَاَطْغٰى ﴿٥٢﴾ وَالْمُؤْتَفِكَةَ اَهْوٰى ﴿٥٣﴾ فَغَشّٰىهَا مَا غَشّٰى ﴿٥٤﴾ فَبِاَيِّ اٰلَآءِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नेमत | पस किस | 54 | जिस ने ढांप लिया | जो उस को ढांप लिया | 53 | दे मारा | और उलटन वाली बस्तियां | 52 | और बहुत सरकश |

رَبِّكَ تَتَمَارٰى ﴿٥٥﴾ هٰذَا نَذِيْرٌ مِّنَ النُّذُرِ الْاُوْلٰى ﴿٥٦﴾ اَزِفَتِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़रीब आ गई | 56 | पहले डराने वाले | से | एक डराने वाला | यह | 55 | तू शक करेगा | अपना रब |

الْاٰزِفَةُ ﴿٥٧﴾ لَيْسَ لَهَا مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ كَاشِفَةٌ ﴿٥٨﴾ اَفَمِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो क्या से | 58 | कोई खोलने वाला | अल्लाह के सिवा | उस के लिए उस का | नहीं | 57 | क़रीब आने वाली |

هٰذَا الْحَدِيْثِ تَعْجَبُوْنَ ﴿٥٩﴾ وَتَضْحَكُوْنَ وَلَا تَبْكُوْنَ ﴿٦٠﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 60 | और तुम नहीं रोते | और तुम हंसते हो | 59 | तुम तअ़ज्जुब करते हो | इस बात |

وَاَنْتُمْ سٰمِدُوْنَ ﴿٦١﴾ فَاسْجُدُوْا لِلّٰهِ وَاعْبُدُوْا ﴿٦٢﴾ — السجدة ١٣ / ركوع ٣

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 62 | अल्लाह के आगे और उस की इबादत करो | पस तुम सिज्दा करो | 61 | ग़फ़लत करते (ग़ाफ़िल) हो | और तुम |

## اٰيَاتُهَا ٥٥ ۞ (٥٤) سُوْرَةُ الْقَمَرِ ۞ رُكُوْعَاتُهَا ٣

| | | |
|---|---|---|
| रुकूआत 3 | (54) सूरतुल क़मर चाँद | आयात 55 |

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

اِقْتَرَبَتِ السَّاعَةُ وَانْشَقَّ الْقَمَرُ ﴿١﴾ وَاِنْ يَّرَوْا اٰيَةً يُّعْرِضُوْا وَيَقُوْلُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह कहते हैं | वह मुंह फेर लेते हैं | कोई निशानी | और अगर वह देखते हैं | 1 | चाँद | और शक़ हो गया | क़ियामत | क़रीब आ गई |

سِحْرٌ مُّسْتَمِرٌّ ﴿٢﴾ وَكَذَّبُوْا وَاتَّبَعُوْۤا اَهْوَآءَهُمْ وَكُلُّ اَمْرٍ مُّسْتَقِرٌّ ﴿٣﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | वक़्त मुक़र्रर | और हर काम | अपनी ख़्वाहिशात | और पैरवी की | और उन्हों ने झुटलाया | 2 | (हमेशा) से होता चला आया | जादू |

और अगर यह कि उस की कोशिश अनक़रीब देखी जाएगी। (40) फिर उसे पूरा पूरा बदला दिया जाएगा। (41) और यह कि तुम्हारे रब (ही) की तरफ़ इन्तिहा है। (42) और बेशक वही हंसाता और रुलाता है। (43) और बेशक वही मारता और जिलाता है। (44) और बेशक वही जिस ने मर्द और औरत के जोड़े पैदा किए। (45) नुत्फ़े से, जब वह (रहम में) डाला जाता है, (46) और यह कि उसी पर (उसी के ज़िम्मे है) दोबारा जी उठाना। (47) और बेशक वही उस ने ग़नी किया और सरमायादार किया। (48) और बेशक वही शिअ़रा सितारे का रब है। (49) और बेशक उस ने क़दीम आ़द को हलाक किया, (50) और समूद को, पस उस ने बाक़ी न छोड़ा। (51) और क़ौमे नूह (अ) को उस से क़ब्ल, बेशक वह बड़े ज़ालिम और बहुत सरकश थे। (52) और (क़ौमे लूत अ की) उलटने वाली बस्तियों को दे मारा। (53) तो उस को ढांप लिया जिस ने ढांप लिया। (54) पस तू अपने रब की किस किस नेमत में शक करेगा! (55) यह पहले डराने वालों में से एक डराने वाला। (56) क़रीब आने वाली (क़ियामत) क़रीब आ गई। (57) अल्लाह के सिवा उस का कोई खोलने वाला नहीं। (58) तो क्या तुम उस बात से तअ़ज्जुब करते हो? (59) और तुम हंसते हो और तुम रोते नहीं! (60) और गा बजा कर टालते हो। (61) पस तुम अल्लाह के आगे सिज्दा करो और तुम उस की इबादत करो। (62)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

क़ियामत क़रीब आ गई और चाँद शक़ हो गया (1) और अगर वह कोई निशानी देखते हैं तो मुँह फेर लेते हैं और कहते हैं कि (यह) हमेशा से होता चला आया जादू है। (2) और उन्हों ने झुटलाया और अपनी ख़्वाहिशात की पैरवी की, और हर काम के लिए एक वक़्त मुक़र्रर है। (3)

और तहक़ीक़ उन के पास आ गईं (वह) ख़बरें जिन में इब्रत है। (4)
कामिल दानिशमन्दी की बातें, पस उन्हें डराने वालों ने फ़ाइदा न दिया। (5)
सो तुम उन से मुँह फेर लो, जिस दिन बुलाएगा एक बुलाने वाला (फ़रिश्ता) नागवार शै की तरफ़। (6)
उन की आँखें झुकी हुई (होंगी), वह क़ब्रों से (इस तरह) निकलेंगे गोया कि वह परागन्दा टिड्डियां हैं। (7)
पुकारने वाले की तरफ लपकते हुए काफ़िर कहेंगेः यह बड़ा सख़्त दिन है। (8)
झुटलाया इन से क़ब्ल क़ौमे नूह (अ) ने, पस उन्हों ने हमारे बन्दे (नूह अ) को झुटलाया और उन्हों ने कहाः दीवाना, और उसे डराया धमकाया। (9)
पस उस ने अपने रब को पुकारा कि मैं मग़लूब हो चुका, पस तू मेरी मदद कर। (10)
तो हम ने कस्रत से बरसने वाले पानी से आस्मान के दरवाज़े खोल दिए। (11)
और ज़मीन से चश्मे जारी कर दिए, पस (ज़मीन आस्मान का) पानी उस काम पर मिल गया जो (इल्मे इलाही में) मुक़र्रर हो चुका था (क़ौमे नूह अ की ग़रक़ाबी के लिए)। (12)
और हम ने उसे तख़्तों और कीलों वाली (कश्ती पर) सवार किया। (13)
हमारी आँखों के सामने (हमारी निगरानी में) चलती थी उस के बदले के लिए जिस की नाक़द्री की गई। (14)
और तहक़ीक़ हम ने उसे (बतौर) निशानी रहने दिया। तो क्या है कोई नसीहत पकड़ने वाला? (15)
पस (देखो कि) कैसा हुआ मेरा अ़ज़ाब और मेरा डराना (16)
और तहक़ीक़ हम ने नसीहत के लिए कुरआन को आसान कर दिया तो क्या है कोई नसीहत पकड़ने वाला? (17)
आ़द ने झुटलाया तो कैसा हुआ मेरा अ़ज़ाब और मेरा डराना? (18)
हम ने नहूसत के दिन में उन पर तुन्द ओ तेज़ हवा भेजी (जो) चलती ही गई। (19)
वह लोगों को उखाड़ फेंकती थी गोया कि वह जड़ से उखड़े हुए खजूर के तने हैं (20)
सो कैसा हुआ मेरा अज़ाब और मेरा डराना? (21)
और तहक़ीक़ हम ने नसीहत के लिए कुरआन को आसान कर दिया तो क्या है कोई नसीहत हासिल करने वाला? (22)
समूद ने डराने वालों (रसूलों) को झुटलाया। (23)
पस उन्हों ने कहाः क्या हम अपने में से एक बशर की पैरवी करें? बेशक उस सूरत में हम अलबत्ता गुमराही और दीवानगी में होंगे। (24)

وَلَقَدْ جَآءَهُمْ مِّنَ الْاَنْۢبَآءِ مَا فِيْهِ مُزْدَجَرٌ ﴿٤﴾ حِكْمَةٌۢ بَالِغَةٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हिक्मतें वालिगा (कामिल दानिशमन्दी) | 4 | डांट (इब्रत) | जिस में | ख़बरें (जमा) | से | और तहक़ीक़ आ गई उन के पास |

فَمَا تُغْنِ النُّذُرُ ﴿٥﴾ فَتَوَلَّ عَنْهُمْ ۘ يَوْمَ يَدْعُ الدَّاعِ اِلٰى شَيْءٍ نُّكُرٍ ﴿٦﴾ وقف لازم

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | शै नागवार | तरफ़ | बुलाएगा एक बुलाने वाला | जिस दिन | उन से | सो तुम मुँह फेर लो | 5 | डराने वाले | ता न फ़ाइदा दिया |

خُشَّعًا اَبْصَارُهُمْ يَخْرُجُوْنَ مِنَ الْاَجْدَاثِ كَاَنَّهُمْ جَرَادٌ مُّنْتَشِرٌ ﴿٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | परागन्दा | टिड्डियां | गोया कि वह | क़ब्रों से | वह निकलेंगे | उन की आँखें | झुकी हुई |

مُّهْطِعِيْنَ اِلَى الدَّاعِ ۗ يَقُوْلُ الْكٰفِرُوْنَ هٰذَا يَوْمٌ عَسِرٌ ﴿٨﴾ كَذَّبَتْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झुटलाया | 8 | बड़ा सख़्त दिन | यह | काफ़िर (जमा) | कहेंगे | पुकारने वाले की तरफ़ | लपकते हुए |

قَبْلَهُمْ قَوْمُ نُوْحٍ فَكَذَّبُوْا عَبْدَنَا وَقَالُوْا مَجْنُوْنٌ وَّازْدُجِرَ ﴿٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | और डराया धमकाया गया | दीवाना | और उन्हों ने कहा | हमारे बन्दे | तो उन्हों ने झुटलाया | क़ौमे नूह | इन से क़ब्ल |

فَدَعَا رَبَّهٗٓ اَنِّيْ مَغْلُوْبٌ فَانْتَصِرْ ﴿١٠﴾ فَفَتَحْنَآ اَبْوَابَ السَّمَآءِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मान के दरवाज़े | तो हम ने खोल दिए | 10 | पस मेरी मदद कर | मग़लूब | कि मैं | अपना रब | पस उस ने पुकारा |

بِمَآءٍ مُّنْهَمِرٍ ﴿١١﴾ وَّفَجَّرْنَا الْاَرْضَ عُيُوْنًا فَالْتَقَى الْمَآءُ عَلٰٓى اَمْرٍ قَدْ قُدِرَ ﴿١٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | (जो) मुक़र्रर हो चुका था | उस काम पर | पानी | पस मिल गया | चश्मे | ज़मीन | और हम ने जारी कर दिए | 11 | कस्रत से बरसने वाले पानी से |

وَحَمَلْنٰهُ عَلٰى ذَاتِ اَلْوَاحٍ وَّدُسُرٍ ﴿١٣﴾ تَجْرِيْ بِاَعْيُنِنَا جَزَآءً لِّمَنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के लिए जिस | बदला | हमारी आँखों के सामने | चलती थी | 13 | और कीलों वाली | तख़्तों वाली | पर | और हम ने सवार किया उसे |

كَانَ كُفِرَ ﴿١٤﴾ وَلَقَدْ تَّرَكْنٰهَآ اٰيَةً فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿١٥﴾ فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِيْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरा अज़ाब | पस कैसा हुआ | 15 | कोई नसीहत पकड़ने वाला | तो क्या है | एक निशानी | और तहक़ीक़ हम ने उसे रहने दिया | 14 | नाक़द्री की गई |

وَنُذُرِ ﴿١٦﴾ وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿١٧﴾ كَذَّبَتْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| झुटलाया | 17 | कोई नसीहत पकड़ने वाला? | तो क्या है | नसीहत के लिए | कुरआन | और तहक़ीक़ हम ने आसान किया | 16 | और मेरा डराना |

عَادٌ فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِيْ وَنُذُرِ ﴿١٨﴾ اِنَّآ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ رِيْحًا صَرْصَرًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तेज़ | हवा | उन पर | बेशक हम ने भेजी | 18 | और मेरा डराना | मेरा अज़ाब | हुआ | तो कैसा | आ़द |

فِيْ يَوْمِ نَحْسٍ مُّسْتَمِرٍّ ﴿١٩﴾ تَنْزِعُ النَّاسَ ۙ كَاَنَّهُمْ اَعْجَازُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तने | गोया कि वह | लोग | वह उखाड़ देती (फेंकती) | 19 | चलती ही गई | नहूसत के दिन | में |

نَخْلٍ مُّنْقَعِرٍ ﴿٢٠﴾ فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِيْ وَنُذُرِ ﴿٢١﴾ وَلَقَدْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अलबत्ता तहक़ीक़ | 21 | और मेरा डराना | मेरा अज़ाब | हुआ | सो कैसा | 20 | जड़ से उखड़ी हुई खजूर के पेड़ |

يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿٢٢﴾ كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ بِالنُّذُرِ ﴿٢٣﴾ ع ٢٢ ٨

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | डराने वालों को | झुटलाया समूद ने | 22 | कोई नसीहत हासिल करने वाला | तो क्या है | नसीहत के लिए | हम ने आसान कर दिया कुरआन |

فَقَالُوْٓا اَبَشَرًا مِّنَّا وَاحِدًا نَّتَّبِعُهٗٓ ۙ اِنَّآ اِذًا لَّفِيْ ضَلٰلٍ وَّسُعُرٍ ﴿٢٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | और दीवानगी | अलबत्ता गुमराही में | बेशक हम उस सूरत में | हम पैरवी करें उस की | एक | अपने में से | क्या एक बशर | पस उन्हों ने कहा |

ءَاُلْقِيَ الذِّكْرُ عَلَيْهِ مِنْۢ بَيْنِنَا بَلْ هُوَ كَذَّابٌ اَشِرٌ ﴿٢٥﴾ سَيَعْلَمُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जल्द जान लेंगे | 25 | ख़ुद पसंद | बड़ा झूटा | बल्कि वह | हमारे दरमियान (हम में से) | उस पर | क्या डाला (नाज़िल किया) गया ज़िक्र (वही) |

غَدًا مَّنِ الْكَذَّابُ الْاَشِرُ ﴿٢٦﴾ اِنَّا مُرْسِلُوا النَّاقَةِ فِتْنَةً لَّهُمْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | आज़माइश | ऊँटनी | भेजने वाले | बेशक हम | 26 | ख़ुद पसंद | बड़ा झूटा | कौन | कल |

فَارْتَقِبْهُمْ وَاصْطَبِرْ ﴿٢٧﴾ وَنَبِّئْهُمْ اَنَّ الْمَآءَ قِسْمَةٌۢ بَيْنَهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के दरमियान | तक़सीम कर दिया गया | कि पानी | और उन्हें ख़बर दे | 27 | और सब्र कर | सो तू इन्तिज़ार कर उन का |

كُلُّ شِرْبٍ مُّحْتَضَرٌ ﴿٢٨﴾ فَنَادَوْا صَاحِبَهُمْ فَتَعَاطٰى فَعَقَرَ ﴿٢٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | और कूँचें काट दीं | सो उस ने दस्त दराज़ी की | अपने साथी को | तो उन्हों ने पुकारा | 28 | हाज़िर किया गया (हाज़िर होना) | पीने की बारी | हर |

فَكَيْفَ كَانَ عَذَابِيْ وَنُذُرِ ﴿٣٠﴾ اِنَّآ اَرْسَلْنَا عَلَيْهِمْ صَيْحَةً

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चिंघाड़ | उन पर | बेशक हम ने भेजी | 30 | और मेरा डराना | मेरा अ़ज़ाब | हुआ | तो कैसा |

وَّاحِدَةً فَكَانُوْا كَهَشِيْمِ الْمُحْتَظِرِ ﴿٣١﴾ وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नसीहत के लिए | हम ने आसान किया क़ुरआन | और अलबत्ता तहक़ीक़ | 31 | तरह सूखी रौन्दी हुई बाड़, बाड़ लगाने वाला | सो वह हो गए | एक |

فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿٣٢﴾ كَذَّبَتْ قَوْمُ لُوْطٍۢ بِالنُّذُرِ ﴿٣٣﴾ اِنَّآ اَرْسَلْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने भेजी | बेशक हम | 33 | डराने वाले (रसूल) | लूत (अ) की क़ौम ने | झुटलाया | 32 | कोई नसीहत हासिल करने वाला | तो क्या है |

عَلَيْهِمْ حَاصِبًا اِلَّآ اٰلَ لُوْطٍ ؕ نَجَّيْنٰهُمْ بِسَحَرٍ ﴿٣٤﴾ نِّعْمَةً مِّنْ عِنْدِنَا ؕ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी तरफ़ से | फ़ज़्ल फ़रमा कर | 34 | सुबह सवेरे | हम ने बचा लिया उन्हें | सिवाए लूत के अहले ख़ाना | पत्थर बरसाने वाली आन्धी | उन पर |

كَذٰلِكَ نَجْزِيْ مَنْ شَكَرَ ﴿٣٥﴾ وَلَقَدْ اَنْذَرَهُمْ بَطْشَتَنَا فَتَمَارَوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो वह झगड़ने लगे | हमारी पकड़ से | और तहक़ीक़ (लूत अ ने) उन्हें डराया | 35 | जो शुक्र करे | हम जज़ा देते हैं | इसी तरह |

بِالنُّذُرِ ﴿٣٦﴾ وَلَقَدْ رَاوَدُوْهُ عَنْ ضَيْفِهٖ فَطَمَسْنَآ اَعْيُنَهُمْ فَذُوْقُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस चखो तुम | उन की आँखें | तो हम ने मिटा दीं | उस के मेहमान | से | और अलबत्ता तहक़ीक़ उन्हों ने (लूत अ से) लेना चाहा | 36 | डराने में |

عَذَابِيْ وَنُذُرِ ﴿٣٧﴾ وَلَقَدْ صَبَّحَهُمْ بُكْرَةً عَذَابٌ مُّسْتَقِرٌّ ﴿٣٨﴾ فَذُوْقُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस चखो तुम | 38 | ठहरने वाली (दाइमी) | अ़ज़ाब | सवेरे | सुबह आन पड़ा उन पर | और तहक़ीक़ | 37 | और मेरा डराना | मेरा अ़ज़ाब |

ع ١٨ عَذَابِيْ وَنُذُرِ ﴿٣٩﴾ وَلَقَدْ يَسَّرْنَا الْقُرْاٰنَ لِلذِّكْرِ فَهَلْ مِنْ مُّدَّكِرٍ ﴿٤٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | कोई नसीहत हासिल करने वाला | तो क्या है | नसीहत के लिए | क़ुरआन | और अलबत्ता तहक़ीक़ हम ने आसान किया | 39 | और मेरा डराना | मेरा अ़ज़ाब |

وَلَقَدْ جَآءَ اٰلَ فِرْعَوْنَ النُّذُرُ ﴿٤١﴾ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَا كُلِّهَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तमाम | हमारी आयतों को | उन्हों ने झुटलाया | 41 | डराने वाले (रसूल) | फ़िरऔ़न वाले | और तहक़ीक़ आए |

فَاَخَذْنٰهُمْ اَخْذَ عَزِيْزٍ مُّقْتَدِرٍ ﴿٤٢﴾ اَكُفَّارُكُمْ خَيْرٌ مِّنْ اُولٰٓئِكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से | बेहतर | क्या तुम्हारे काफ़िर | 42 | साहिबे क़ुदरत | ग़ालिब | पकड़ | पस हम ने उन्हें आ पकड़ा |

اَمْ لَكُمْ بَرَآءَةٌ فِي الزُّبُرِ ﴿٤٣﴾ اَمْ يَقُوْلُوْنَ نَحْنُ جَمِيْعٌ مُّنْتَصِرٌ ﴿٤٤﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | अपना बचाव कर लेने वाले | जमाअ़त | हम | वह कहते हैं | क्या | 43 | सहीफ़ों में | या तुम्हारे लिए नजात (माफ़ी नामा) |

क्या हमारे दरमियान उस पर वह नाज़िल की गई? (नहीं) बल्कि वह बड़ा झूटा, ख़ुद पसंद है। (25) वह कल (जल्द ही) जान लेंगे कि कौन बड़ा झूटा, ख़ुद पसंद है। (26) (ऐ सालेह अ) बेशक हम भेजने वाले हैं ऊँटनी उनकी आज़माइश के लिए, सो तू उन का (अनजाम देखने के लिए) इन्तिज़ार कर और सब्र कर। (27) और उन्हें ख़बर दे कि पानी उन के दरमियान तक़सीम कर दिया गया है और हर एक को (अपनी) पीने की बारी पर हाज़िर होना है। (28) तो उन्हों ने अपने साथी को पुकारा, सो उस ने दस्त दराज़ी की और (ऊँटनी की) कूँचें काट दीं। (29) तो कैसा हुआ मेरा अ़ज़ाब और मेरा डराना? (30) बेशक हम ने उन पर एक ही चिंघाड़ भेजी, सो वह हो गए बाड़े वाले की सूखी रौन्दी हुई बाड़ की तरह। (31) और तहक़ीक़ हम ने नसीहत के लिए क़ुरआन को आसान कर दिया, तो क्या है कोई नसीहत हासिल करने वाला। (32) लूत (अ) की क़ौम ने रसूलों को झुटलाया। (33) (तो) बेशक हम ने उन पर पत्थर बरसाने वाली आन्धी भेजी, लूत (अ) के अहले ख़ाना के सिवा कि हम ने बचा लिया उन्हें सुबह सवेरे, (34) अपनी तरफ़ से फ़ज़्ल फ़रमा कर, इसी तरह हम जज़ा देते हैं (उस को) जो शुक्र करे। (35) और तहक़ीक़ (लूत अ) ने उन्हें हमारी पकड़ से डराया तो वह डराने में झगड़ने (शक करने) लगे। (36) और तहक़ीक़ उन्हों ने लूत (अ) से उन के मेहमानों को (बुरे इरादे से) लेना चाहा तो हम ने उन की आँखें मिटा दीं (चौपट कर दीं), पस मेरे अ़ज़ाब और मेरे डराने (का मज़ा) चखो। (37) और तहक़ीक़ सुबह सवेरे उन पर दाइमी अज़ाब आ पड़ा। (38) पस मेरे अ़ज़ाब और डराने (का मज़ा) चखो। (39) और तहक़ीक़ हम ने क़ुरआन को आसान किया है नसीहत के लिए, तो क्या है कोई नसीहत हासिल करने वाला। (40) और तहक़ीक़ क़ौमे फ़िरऔ़न के पास रसूल आए। (41) उन्हों ने हमारी आयतों (अहकाम और निशानियों) को झुटलाया तमाम (की तमाम) तो हम ने उन्हें आ पकड़ा एक ग़ालिब और साहिबे क़ुदरत की पकड़ (की सूरत में)। (42) क्या उन से तुम्हारे काफ़िर बेहतर हैं? या तुम्हारे लिए माफ़ी नामा है (क़दीम) सहीफ़ों में? (43) क्या वह कहते हैं कि हम एक जमाअ़त अपना बचाव कर लेने वाले। (44)

अनक़रीब यह जमाअ़त शिकस्त खाएगी और वह भागेंगे पीठ (फेर कर)। (45) बल्कि क़ियामत उन की वादागाह है, और क़ियामत (की घड़ी) बहुत सख़्त और बड़ी तल्ख़ होगी (46) बेशक मुजरिम गुमराही और जहालत में हैं। (47) उस दिन वह अपने चेहरों के बल जहन्नम में घसीटे जाएंगे, (उन से कहा जाएगा:) तुम जहन्नम (की आग) लगने का मज़ा चखो। (48) बेशक हम ने हर शै को एक अन्दाज़े के मुताबिक़ पैदा किया। (49) और हमारा हुक्म सिर्फ़ एक (इशारा होता है) जैसे आँख का झपकना। (50) और अलबत्ता हम हलाक कर चुके हैं तुम जैसे बहुत सों को, तो क्या है कोई नसीहत हासिल करने वाला? (51) और जो कुछ उन्हों ने किया सहीफ़ों में है। (52) और हर छोटी बड़ी (बात) लिखी हुई है। (53) बेशक मुत्तक़ी बाग़ात और नहरों में होंगे। (54) साहिबे क़ुदरत बादशाह के नज़्दीक सच्चाई के मुक़ाम में। (55)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है
रहमान (अल्लाह)। (1) उस ने क़ुरआन सिखाया (2) उस ने इन्सान को पैदा किया। (3) उस ने उसे बात करना सिखाया। (4) सूरज और चाँद एक हिसाब से (गर्दिश में हैं)। (5) और तारे और दरख़्त सर बसजूद हैं। (6) और उस ने आस्मान को बुलन्द किया और तराज़ू रखी। (7) कि तुम तोल में हद से तजावुज़ न करो (8) और तोल इंसाफ़ से क़ाइम करो, और तोल न घटाओ (कम न तोलो)। (9) और उस ने ज़मीन को मख़्लूक़ के लिए बिछाया। (10) उस में मेवे हैं और ग़िलाफ़ वाली खजूरें हैं। (11) और ग़ल्ला भूसे वाला, और ख़ुशबू के फूल। (12) तो अपने रब की कौन सी नेमतों को तुम झुटलाओगे? (13)

سَيُهْزَمُ الْجَمْعُ وَيُوَلُّوْنَ الدُّبُرَ ﴿٤٥﴾ بَلِ السَّاعَةُ مَوْعِدُهُمْ وَالسَّاعَةُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और क़ियामत | वादागाह उन की | बल्कि क़ियामत | 45 | पीठ | और वह फेर लेंगे (भागेंगे) | जमाअ़त | अनक़रीब शिकस्त खाएगी |

اَدْهٰى وَاَمَرُّ ﴿٤٦﴾ اِنَّ الْمُجْرِمِيْنَ فِىْ ضَلٰلٍ وَّسُعُرٍ ﴿٤٧﴾ يَوْمَ يُسْحَبُوْنَ وقف لازم

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
तुम (ख़ूब) जान लो, इस के सिवा नहीं कि दुनिया की ज़िन्दगी (महज़) खेल कूद है, और एक ज़ीनत और बाहम फ़ख़्र (ख़ुद सताई) करना और कस्रत की ख़्वाहिश करना मालों में और औलाद में, बारिश की तरह कि काश्तकार को उस की पैदावार भली लगी, फिर वह ज़ोर पकड़ती है, पस तू उस को देखता है ज़र्द, फिर वह चूरा चूरा हो जाती है, और आख़िरत में सख़्त अज़ाब भी है और मग़्फ़िरत भी है अल्लाह की तरफ़ से और रज़ा मन्दी, और दुनिया की ज़िन्दगी धोके के सामान के सिवा कुछ भी नहीं। (20)
तुम दौड़ो मग़्फ़िरत की तरफ़ अपने रब की, और उस जन्नत की तरफ़ जिस की वुस्अत आस्मानों और ज़मीन की वुस्अत जैसी (बराबर) है, उन लोगों के लिए तैयार की गई है जो ईमान लाए अल्लाह और उस के रसूलों पर, यह अल्लाह का फ़ज़्ल है, वह उस को देता है जिसे वह चाहता है, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (21)
कोई मुसीबत नहीं पहुँचती ज़मीन में और न तुम्हारी जानों में मगर किताब में (दर्ज) है, इस से पहले कि हम उस को पैदा करें, बेशक यह अल्लाह पर आसान है। (22)
ताकि तुम उस पर ग़म न खाओ जो तुम से जाती रहे और न ख़ुश हो जाओ उस पर जो उस ने तुम्हें दिया, और अल्लाह किसी इतराने वाले, फ़ख़्र करने वाले को पसंद नहीं करता। (23)
जो लोग बुख़्ल करते हैं और तरग़ीब देते हैं लोगों को बुख़्ल की, और जो मुँह फेर ले तो बेशक अल्लाह बेनियाज़, सज़ावारे हम्द (सतोदा सिफ़ात) है। (24)

तहक़ीक़ हम ने अपने रसूलों को भेजा वाज़ेह दलाइल के साथ और हम ने उन के साथ उतारी किताब और मीज़ाने अ़दल ताकि लोग इंसाफ़ पर क़ाइम रहें, और हम ने लोहा उतारा, उस में सख़्त ख़तरा (बला की सख़्ती) है और लोगों के लिए कई फ़ायदे हैं, और ताकि अल्लाह मालूम कर ले कि कौन उस की मदद करता है और उस के रसूलों की, बिन देखे, बेशक अल्लाह क़व्वी, ग़ालिब है। (25)
और तहक़ीक़ हम ने नूह (अ) और इब्राहीम (अ) को भेजा और हम ने उन की औलाद में नुबूव्वत और किताब रखी। सो उन में से कुछ हिदायत याफ़्ता हैं, और उन में से अक्सर नाफ़रमान हैं। (26)
फिर हम ने उन के क़दमों के निशानात पर (उन के पीछे) अपने रसूल लाए, और उन के पीछे हम ईसा (अ) इब्ने मरयम (अ) को लाए और हम ने उसे इंजील दी, और जिन लोगों ने उस की पैरवी की उन के दिलों में नर्मी और मुहब्बत डाल दी। और तरके दुनिया (जिस की रस्म) ख़ुद उन्हों ने निकाली हम ने उन पर वाजिब न की थी, मगर (उन्हों ने) अल्लाह की रज़ा चाहने के लिए (इख़्तियार की) तो उस को न निबाहा (जैसे) उस के निबाहने का हक़ था, तो उन में से जो लोग ईमान लाए हम ने उन्हें उन का अजर दिया, और अक्सर उन में से नाफ़रमान हैं। (27)
ऐ ईमान वालो! तुम अल्लाह से डरो और उन के रसूलों पर ईमान लाओ, वह अपनी रहमत से (सवाब के) दो हिस्से अ़ता करेगा और तुम्हारे लिए एसा नूर कर देगा कि तुम उस के साथ चलोगे और वह बख़्श देगा तुम्हें, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। (28)
ताकि अहले किताब जान लें कि वह अल्लाह के फ़ज़्ल में से किसी शै पर क़ुदरत नहीं रखते, और यह कि फ़ज़्ल अल्लाह के हाथ में है, वह उसे देता है जिस को वह चाहे और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (29)

لَقَدْ اَرْسَلْنَا رُسُلَنَا بِالْبَيِّنٰتِ وَاَنْزَلْنَا مَعَهُمُ الْكِتٰبَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| किताब | उन के साथ | और हम ने उतारी | वाज़ेह दलाइल के साथ | अपने रसूलों | तहक़ीक़ हम ने भेजा |

وَالْمِيْزَانَ لِيَقُوْمَ النَّاسُ بِالْقِسْطِ ۚ وَاَنْزَلْنَا الْحَدِيْدَ فِيْهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | लोहा | और हम ने उतारा | इंसाफ़ पर | लोग | ताकि क़ाइम रहें | और मीज़ाने (अदल) |

بَأْسٌ شَدِيْدٌ وَّمَنَافِعُ لِلنَّاسِ وَلِيَعْلَمَ اللّٰهُ مَنْ يَّنْصُرُهٗ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मदद करता है उस की | कौन | और ताकि मालूम कर ले अल्लाह | लोगों के लिए | और फ़ायदा | लड़ाई (ख़तरा) सख़्त |

وَرُسُلَهٗ بِالْغَيْبِ ۗ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ عَزِيْزٌ ﴿٢٥﴾ وَلَقَدْ اَرْسَلْنَا نُوْحًا ع ٢ ١٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नूह (अ) | और तहक़ीक़ हम ने भेजा | 25 | ग़ालिब | क़व्वी | बेशक अल्लाह | बिन देखे | और उस के रसूल |

وَّاِبْرٰهِيْمَ وَجَعَلْنَا فِيْ ذُرِّيَّتِهِمَا النُّبُوَّةَ وَالْكِتٰبَ فَمِنْهُمْ مُّهْتَدٍ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत याफ़्ता | सो उन में से कुछ | और किताब | नुबूव्वत | उन की औलाद में | और हम ने रखी | और इब्राहीम (अ) |

وَكَثِيْرٌ مِّنْهُمْ فٰسِقُوْنَ ﴿٢٦﴾ ثُمَّ قَفَّيْنَا عَلٰٓى اٰثَارِهِمْ بِرُسُلِنَا وَقَفَّيْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और हम उन के पीछे लाए | अपने रसूल | उन के क़दमों के निशानात पर | हम उन के पीछे लाए | फिर | 26 | नाफ़रमान | उन में से | और अक्सर |

بِعِيْسَى ابْنِ مَرْيَمَ وَاٰتَيْنٰهُ الْاِنْجِيْلَ ۙ وَجَعَلْنَا فِيْ قُلُوْبِ الَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जिन्हों ने | दिलों में | और हम ने डाल दी | इंजील | और हम ने उसे दी | इब्ने मरयम (अ) | ईसा (अ) |

اتَّبَعُوْهُ رَاْفَةً وَّرَحْمَةً ۗ وَرَهْبَانِيَّةَ ابْتَدَعُوْهَا مَا كَتَبْنٰهَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हम ने वाजिब नहीं की | जो उन्हों ने ख़ुद निकाली | और तरके दुनिया | और रहमत | नर्मी | उस की पैरवी की |

عَلَيْهِمْ اِلَّا ابْتِغَآءَ رِضْوَانِ اللّٰهِ فَمَا رَعَوْهَا حَقَّ رِعَايَتِهَا ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस को निबाहने का हक़ | उस को निबाहा | तो न | अल्लाह की रज़ा | चाहना | मगर | उन पर |

فَاٰتَيْنَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مِنْهُمْ اَجْرَهُمْ ۚ وَكَثِيْرٌ مِّنْهُمْ فٰسِقُوْنَ ﴿٢٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | नाफ़रमान | उन में से | और अक्सर | उन का अजर | उन में से | उन लोगों के लिए जो ईमान लाए | तो हम ने दिया |

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَاٰمِنُوْا بِرَسُوْلِهٖ يُؤْتِكُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह तुम्हें अ़ता करेगा | उस के रसूलों पर | और ईमान लाओ | डरो अल्लाह से तुम | जो लोग ईमान लाए | ऐ |

كِفْلَيْنِ مِنْ رَّحْمَتِهٖ وَيَجْعَلْ لَّكُمْ نُوْرًا تَمْشُوْنَ بِهٖ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ۗ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें | और वह बख़्शदेगा | उस के साथ | तुम चलोगे | ऐसा नूर | तुम्हारे लिए | और कर देगा | अपनी रहमत | से | दो हिस्से |

وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٢٨﴾ لِّئَلَّا يَعْلَمَ اَهْلُ الْكِتٰبِ اَلَّا يَقْدِرُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि वह क़ुदरत नहीं रखते | अहले किताब | ताकि जान लें | 28 | मेहरबान | बख़्शने वाला | और अल्लाह |

عَلٰى شَيْءٍ مِّنْ فَضْلِ اللّٰهِ وَاَنَّ الْفَضْلَ بِيَدِ اللّٰهِ يُؤْتِيْهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह देता है उसे | अल्लाह के हाथ में | फ़ज़्ल | और यह कि | अल्लाह का फ़ज़्ल | से | किसी शै पर |

مَنْ يَّشَآءُ ۗ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ﴿٢٩﴾ ع ٣ ٢٠

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | बड़ा | फ़ज़्ल वाला | और अल्लाह | जिस का वह चाहता है |

الجزء ٢٨

## آيَاتُهَا ٢٢ ❀ (٥٨) سُوْرَةُ الْمُجَادِلَةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٣

रुकूआत 3 | (58) सूरतुल मुजादिला इख़्तिलाफ़ करने वाली | आयात 22

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है

قَدْ سَمِعَ اللّٰهُ قَوْلَ الَّتِيْ تُجَادِلُكَ فِيْ زَوْجِهَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अपने ख़ावन्द के बारे में | आप (स) से बहस करती थी | वह औ़रत जो | बात | सुन ली अल्लाह ने | यक़ीनन |

وَتَشْتَكِيْٓ اِلَى اللّٰهِ ۖ وَاللّٰهُ يَسْمَعُ تَحَاوُرَكُمَا ۭ اِنَّ اللّٰهَ سَمِيْعٌۢ بَصِيْرٌ ①

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देखने वाला | सुनने वाला | बेशक अल्लाह | तुम दोनों की गुफ़्तगू | सुनता था | और अल्लाह | अल्लाह | के पास | और शिकायत करती थी |

اَلَّذِيْنَ يُظٰهِرُوْنَ مِنْكُمْ مِّنْ نِّسَآىِٕهِمْ مَّا هُنَّ اُمَّهٰتِهِمْ ۭ اِنْ اُمَّهٰتُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन की माँएं | नहीं | उन की माँएं | वह नहीं | अपनी बीवियों से | तुम में से | ज़िहार करते हैं | जो लोग |

اِلَّا الّٰۗـِٔيْ وَلَدْنَهُمْ ۭ وَاِنَّهُمْ لَيَقُوْلُوْنَ مُنْكَرًا مِّنَ الْقَوْلِ وَزُوْرًا ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और झूट | बात से | नामाकूल | अलबत्ता कहते हैं | और बेशक वह | जिन्हों ने जना है उन्हें | सिर्फ़ वह औरतें |

وَاِنَّ اللّٰهَ لَعَفُوٌّ غَفُوْرٌ ② وَالَّذِيْنَ يُظٰهِرُوْنَ مِنْ نِّسَآىِٕهِمْ ثُمَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर | अपनी बीवियों से | जिहार करते हैं | और जो लोग | 2 | बख़्शने वाला | अलबत्ता माफ़ करने वाला | और बेशक अल्लाह |

يَعُوْدُوْنَ لِمَا قَالُوْا فَتَحْرِيْرُ رَقَبَةٍ مِّنْ قَبْلِ اَنْ يَّتَمَآسَّا ۭ ذٰلِكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | कि एक दूसरे को हाथ लगाएं | इस से क़ब्ल | एक गुलाम | तो आज़ाद करना लाज़िम है | उस से जो उन्हों ने कहा (क़ौल) | वह रुजूअ़ करलें |

تُوْعَظُوْنَ بِهٖ ۭ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ③ فَمَنْ لَّمْ يَجِدْ فَصِيَامُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो रोजे | न पाए | तो जो कोई | 3 | बाख़बर | उस से जो तुम करते हो | और अल्लाह | उस से- की | तुम्हें नसीहत की जाती है |

شَهْرَيْنِ مُتَتَابِعَيْنِ مِنْ قَبْلِ اَنْ يَّتَمَآسَّا ۭ فَمَنْ لَّمْ يَسْتَطِعْ فَاِطْعَامُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो खाना खिलाए | उसे मक्दूर न हो | फिर- जिस | कि वह एक दूसरे को हाथ लगाएं | इस से क़ब्ल | लगातार | दो महीने |

سِتِّيْنَ مِسْكِيْنًا ۭ ذٰلِكَ لِتُؤْمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ ۭ وَتِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ ۭ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की हदें | और यह | और उस का रसूल | अल्लाह पर | यह इस लिए कि तुम ईमान रखो | मसाकीन को | साठ (60) |

وَلِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابٌ اَلِيْمٌ ④ اِنَّ الَّذِيْنَ يُحَآدُّوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह और उस का रसूल | वह मुख़ालिफ़त करते हैं | जो लोग | बेशक | 4 | दर्दनाक अ़ज़ाब | और न मानने वालों के लिए |

كُبِتُوْا كَمَا كُبِتَ الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ وَقَدْ اَنْزَلْنَآ اٰيٰتٍۢ بَيِّنٰتٍ ۭ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वाजेह आयतें | और यक़ीनन हम ने नाज़िल कीं | उन से पहले | वह लोग जो | जैसे ज़लील किए गए | वह ज़लील किए जाएंगे |

وَلِلْكٰفِرِيْنَ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ⑤ يَوْمَ يَبْعَثُهُمُ اللّٰهُ جَمِيْعًا فَيُنَبِّئُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो वह उन्हें आगाह करेगा | सब | उन्हें उठाएगा अल्लाह | जिस दिन | 5 | ज़िल्लत का | अ़ज़ाब | और काफ़िरों के लिए |

بِمَا عَمِلُوْا ۭ اَحْصٰىهُ اللّٰهُ وَنَسُوْهُ ۭ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ شَهِيْدٌ ⑥ ع ٦/١

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | निगरान | हर शै पर | और अल्लाह | और वह उसे भूल गए थे | उसे गिन रखा था अल्लाह ने | वह जो उन्हों ने किया |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रह्म करने वाला है

यक़ीनन अल्लाह ने उस औ़रत (ख़ौलह॰) की बात सुन ली जो आप (स) से अपने शौहर के बारे में बह्स करती थी और अल्लाह के पास शिकायत करती थी, और अल्लाह तुम दोनों की गुफ़्तगू सुनता था। बेशक अल्लाह सुनने वाला, देखने वाला है। (1) तुम में से जो लोग अपनी बीवियों से जिहार करते हैं (उन्हें माँ कह देते हैं) तो वह उन की माँएं नहीं (हो जातीं), उन की माँएं वही हैं जिन्हों ने उन्हें जना है, और बेशक वह एक नामाकूल बात और झूट कहते हैं, और बेशक अल्लाह माफ़ करने वाला, बख़्शने वाला है। (2) और जो लोग अपनी बीवियों से जिहार करते हैं (उन्हें माँएं कह देते हैं) फिर वह अपने क़ौल से रुजूअ़ कर लें तो (उन पर) लाजिम है आजाद करना एक गुलाम, इस से क़ब्ल कि वह एक दूसरे को हाथ लगाएं (बाहम इख़तिलात करें), यह है जिस की तुम्हें नसीहत की जाती है, और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (3) जो कोई (गुलाम) न पाए तो वह लगातार दो महीने रोज़े (रखे) इस से क़ब्ल कि वह एक दूसरे को हाथ लगाएं (इख़्तिलात करें), फिर जिस को (उस का भी) मक्दूर न हो तो साठ (60) मिस्कीनों को खाना खिलाए, यह इस लिए है कि तुम अल्लाह और उस के रसूल (स) पर ईमान रखो, और यह अल्लाह की (मुक़र्रर कर्दा) हदें हैं, और न मानने वालों के लिए दर्दनाक अ़जाब है। (4) बेशक जो लोग अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त करते हैं वह जलील किए जाएंगे जैसे जलील किए गए वह लोग जो उन से पहले थे, और यक़ीनन हम ने वाज़ेह आयतें नाज़िल की हैं, और काफ़िरों के लिए जिल्लत का अ़ज़ाब है। (5) जिस दिन (जिला) उठाएगा अल्लाह उन सब को, तो जो कुछ उन्हों ने किया वह उन्हें आगाह करेगा, उसे अल्लाह ने गिन (महफ़ूज़) रखा था और वह उसे भूल गए थे, और अल्लाह हर शै पर निगरान है। (6)

क्या आप (स) ने नहीं देखा कि अल्लाह जानता है जो आस्मानों में है और जो ज़मीन में है। तीन लोगों में कोई सरगोशी नहीं होती मगर वह उन में चौथा होता है और न पाँच (की सरगोशी) मगर वह उन में छटा होता है, और ख़ाह उस से कम हों या ज़ियादा मगर जहां कहीं वह हों वह (अल्लाह) उन के साथ होता है, फिर वह उन्हें बतला देगा क़ियामत के दिन जो कुछ उन्हों ने किया, बेशक अल्लाह हर शै का जानने वाला है। (7)
क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा जिन्हें सरगोशी से मना किया गया (मगर) वह फिर वही करते हैं जिस से उन्हें मना किया गया और वह गुनाह और सरकशी की और रसूल (स) की नाफ़रमानी (के बारे में) बाहम सरगोशी करते हैं, और जब वह आप (स) के पास आते हैं तो आप (स) को सलाम दुआ देते हैं उस लफ़्ज़ से जिस से अल्लाह ने आप को दुआ नहीं दी, और वह अपने दिलों में कहते हैं कि अल्लाह हमें उस की क्यों सज़ा नहीं देता जो हम कहते हैं। उन के लिए काफ़ी है जहन्नम, वह उस में डाले जाएंगे, सो (यह कैसा) बुरा ठिकाना है! (8)
ऐ ईमान वालो! जब तुम बाहम सरगोशी करो तो गुनाह और सरकशी की और रसूल (स) की नाफ़रमानी (के बारे में) सरगोशी न करो, और (बल्कि) नेकी और परहेज़गारी की सरगोशी करो, और अल्लाह से डरो जिस के पास तुम जमा किए जाओगे। (9)
इस के सिवा नहीं कि सरगोशी शैतान (की तरफ़) से है, ताकि वह उन लोगों को ग़मगीन कर दे जो ईमान लाए, और वह अल्लाह के हुक्म के बग़ैर उन का कुछ नहीं बिगाड़ सकता, और मोमिनों को अल्लाह पर (ही) भरोसा करना चाहिए। (10)
ऐ मोमिनो! जब तुम्हें कहा जाए कि तुम मजलिसों में खुल कर बैठो तो तुम खुल कर बैठ जाया करो, अल्लाह तुम्हें कुशादगी बख़्शेगा, और जब कहा जाए कि तुम उठ खड़े हो तो उठ जाया करो, तुम में से जो लोग ईमान लाए और जिन लोगों को इल्म अ़ता किया गया अल्लाह बुलन्द कर देगा उन के दरजे, और तुम जो करते हो अल्लाह उस से बाख़बर है। (11)

اَلَمْ تَرَ اَنَّ اللّٰهَ يَعْلَمُ مَا فِى السَّمٰوٰتِ وَمَا فِى الْاَرْضِ ؕ مَا يَكُوْنُ مِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कोई | नही होती | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में | जो | वह जानता है | कि अल्लाह | क्या आप ने नही देखा |

نَّجْوٰى ثَلٰثَةٍ اِلَّا هُوَ رَابِعُهُمْ وَلَا خَمْسَةٍ اِلَّا هُوَ سَادِسُهُمْ وَلَاۤ اَدْنٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न (ख़ाह) कम | उन में छटा | मगर वह | पाँच की | और न | उन में चौथा | मगर वह | तीन लोगों में | सरगोशी |

مِنْ ذٰلِكَ وَلَاۤ اَكْثَرَ اِلَّا هُوَ مَعَهُمْ اَيْنَ مَا كَانُوْا ۚ ثُمَّ يُنَبِّئُهُمْ بِمَا عَمِلُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो कुछ उन्हों ने किया | वह उन्हें बतला देगा | फिर | वह हों | जहां कही | उन के साथ | मगर वह | और न ज़ियादा | उस | से |

يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ؕ اِنَّ اللّٰهَ بِكُلِّ شَىْءٍ عَلِيْمٌ ﴿٧﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ نُهُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जिन्हें मना किया गया | तरफ़- को | क्या तुम ने नहीं देखा | 7 | जानने वाला | तमाम-हर शै का | बेशक अल्लाह | क़ियामत के दिन |

عَنِ النَّجْوٰى ثُمَّ يَعُوْدُوْنَ لِمَا نُهُوْا عَنْهُ وَيَتَنٰجَوْنَ بِالْاِثْمِ وَالْعُدْوَانِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और सरकशी | गुनाह से- की | वह बाहम सरगोशी करते है | उस से | जिस से मना किया गया उन्हें | वह (वही) करते है | फिर | सरगोशी से |

وَمَعْصِيَتِ الرَّسُوْلِ ۫ وَاِذَا جَآءُوْكَ حَيَّوْكَ بِمَا لَمْ يُحَيِّكَ بِهِ اللّٰهُ ۙ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस (लफ़्ज़) से अल्लाह ने | आप को दुआ नही दी | जिस से | आप को सलाम दुआ देते है | वह आते है आप (स) के पास | और जब | रसूल | और नाफ़रमानी |

وَيَقُوْلُوْنَ فِىْۤ اَنْفُسِهِمْ لَوْلَا يُعَذِّبُنَا اللّٰهُ بِمَا نَقُوْلُ ؕ حَسْبُهُمْ جَهَنَّمُ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जहन्नम | उन के लिए काफ़ी है | उस की जो हम कहते हैं | हमें अज़ाब देता अल्लाह | क्यों नही | अपने दिलों में | वह कहते है |

يَصْلَوْنَهَا ۚ فَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿٨﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا اِذَا تَنَاجَيْتُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम बाहम सरगोशी करो | जब | ईमान वालो | ऐ | 8 | ठिकाना | सो बुरा | वह डाले जाएंगे उस में |

فَلَا تَتَنَاجَوْا بِالْاِثْمِ وَالْعُدْوَانِ وَمَعْصِيَتِ الرَّسُوْلِ وَتَنَاجَوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और सरगोशी करो | रसूल (स) | और नाफ़रमानी | और सरकशी | गुनाह की | तो सरगोशी न करो |

بِالْبِرِّ وَالتَّقْوٰى ؕ وَاتَّقُوا اللّٰهَ الَّذِىْۤ اِلَيْهِ تُحْشَرُوْنَ ﴿٩﴾ اِنَّمَا النَّجْوٰى

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सरगोशी | इस के सिवा नही | 9 | तुम जमा किए जाओगे | उस की तरफ़-पास | वह जो | और अल्लाह से डरो | और परहेज़गारी | नेकी की |

مِنَ الشَّيْطٰنِ لِيَحْزُنَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَلَيْسَ بِضَآرِّهِمْ شَيْـًٔا اِلَّا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बग़ैर | कुछ | वह उन का बिगाड़ सकता | और नही | ईमान लाए | उन लोगों को जो | ताकि वह ग़मगीन करे | शैतान से |

بِاِذْنِ اللّٰهِ ؕ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿١٠﴾ يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْۤا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मोमिनो! | ऐ | 10 | मोमिन (जमा) | तो भरोसा करना चाहिए | और अल्लाह पर | अल्लाह के हुक्म के |

اِذَا قِيْلَ لَكُمْ تَفَسَّحُوْا فِى الْمَجٰلِسِ فَافْسَحُوْا يَفْسَحِ اللّٰهُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कुशादगी बख़्शेगा अल्लाह | तो तुम खुल कर बैठ जाया करो | मजलिसों में | तुम खुल कर बैठो | तुम्हें | जब कहा जाए |

لَكُمْ ۚ وَاِذَا قِيْلَ انْشُزُوْا فَانْشُزُوْا يَرْفَعِ اللّٰهُ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो लोग ईमान लाए | बुलन्द कर देगा अल्लाह | तो उठ जाया करो | तुम उठ खड़े हो | और जब कहा जाए | तुम्हें |

مِنْكُمْ ۙ وَالَّذِيْنَ اُوْتُوا الْعِلْمَ دَرَجٰتٍ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿١١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | बाख़बर | तुम करते हो | उस से | और अल्लाह | दरजे | इल्म अ़ता किया गया | और जिन लोगों को | तुम में से |

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا نَاجَيْتُمُ الرَّسُوْلَ فَقَدِّمُوْا بَيْنَ يَدَيْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पहले | तो तुम दे दो | रसूल (स) | तुम कान में बात करो | जब | मोमिनो | ऐ |

نَجْوٰىكُمْ صَدَقَةً ۗ ذٰلِكَ خَيْرٌ لَّكُمْ وَاَطْهَرُ ۗ فَاِنْ لَّمْ تَجِدُوْا فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक अल्लाह | तुम न पाओ | फिर अगर | और ज़ियादा पाकीज़ा | बेहतर तुम्हारे लिए | यह | कुछ सदक़ा | अपनी सरगोशी |

غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٢﴾ ءَاَشْفَقْتُمْ اَنْ تُقَدِّمُوْا بَيْنَ يَدَيْ نَجْوٰىكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी सरगोशी | पहले | कि तुम दे दो | क्या तुम डर गए | 12 | रहम करने वाला | बख़्शने वाला |

صَدَقٰتٍ ۗ فَاِذْ لَمْ تَفْعَلُوْا وَتَابَ اللّٰهُ عَلَيْكُمْ فَاَقِيْمُوا الصَّلٰوةَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नमाज़ | तो क़ाइम करो तुम | तुम पर | और दरगुज़र फ़रमाया अल्लाह ने | तुम न कर सके | सो जब | सदक़ात |

وَاٰتُوا الزَّكٰوةَ وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۗ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٣﴾ ع

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | उस से जो तुम करते हो | बाख़बर | और अल्लाह | अल्लाह और उसका रसूल (स) | और तुम इताअत करो | और अदा करो ज़कात |

اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ تَوَلَّوْا قَوْمًا غَضِبَ اللّٰهُ عَلَيْهِمْ ۗ مَا هُمْ مِّنْكُمْ وَلَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और न | तुम में से | न वह | उन पर | अल्लाह ने ग़ज़ब किया | उन लोगों से | जो लोग दोस्ती करते हैं | तरफ़-को | क्या तुम ने नहीं देखा |

مِنْهُمْ ۙ وَيَحْلِفُوْنَ عَلَى الْكَذِبِ وَهُمْ يَعْلَمُوْنَ ﴿١٤﴾ اَعَدَّ اللّٰهُ لَهُمْ عَذَابًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अज़ाब | उनके लिए | तैयार किया अल्लाह ने | 14 | जानते हैं | हालांकि वह | झूट पर | और वह क़सम खा जाते हैं | उन में से |

شَدِيْدًا ۗ اِنَّهُمْ سَآءَ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿١٥﴾ اِتَّخَذُوْٓا اَيْمَانَهُمْ جُنَّةً

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ढाल | अपनी क़समें | उन्हों ने बना लिया | 15 | वह करते थे | जो कुछ | बुरा | बेशक वह | सख़्त |

فَصَدُّوْا عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ فَلَهُمْ عَذَابٌ مُّهِيْنٌ ﴿١٦﴾ لَنْ تُغْنِيَ عَنْهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन से को | हरगिज न बचा सकेंगे | 16 | ज़िल्लत का | अज़ाब | तो उन के लिए | अल्लाह का रास्ता | से | पस उन्हों ने रोक दिया |

اَمْوَالُهُمْ وَلَآ اَوْلَادُهُمْ مِّنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا ۗ اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दोज़ख़ वाले - जहन्नमी | यही लोग | कुछ-ज़रा | अल्लाह से | उन की औलाद | और न | उन के माल |

هُمْ فِيْهَا خٰلِدُوْنَ ﴿١٧﴾ يَوْمَ يَبْعَثُهُمُ اللّٰهُ جَمِيْعًا فَيَحْلِفُوْنَ لَهٗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के लिए | तो वह क़सम खाएंगे | सब | उन्हें उठाएगा अल्लाह | जिस दिन | 17 | हमेशा रहेंगे | उस में | वह |

كَمَا يَحْلِفُوْنَ لَكُمْ وَيَحْسَبُوْنَ اَنَّهُمْ عَلٰى شَيْءٍ ۗ اَلَآ اِنَّهُمْ هُمُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वही | बेशक वह | याद रखो | किसी शै पर | कि वह | और वह गुमान करते हैं | तुम्हारे लिए- सामने | वह क़समें खाते हैं | जैसे |

الْكٰذِبُوْنَ ﴿١٨﴾ اِسْتَحْوَذَ عَلَيْهِمُ الشَّيْطٰنُ فَاَنْسٰىهُمْ ذِكْرَ اللّٰهِ ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह की याद | तो उस ने उन्हें भुलादी | शैतान | उन पर | ग़ालिब आ गया | 18 | झूटे |

اُولٰٓئِكَ حِزْبُ الشَّيْطٰنِ ۗ اَلَآ اِنَّ حِزْبَ الشَّيْطٰنِ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿١٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | घाटा पाने वाले | वही | शैतान का गिरोह | बेशक | याद रखो | शैतान का गिरोह | यही लोग |

اِنَّ الَّذِيْنَ يُحَآدُّوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗٓ اُولٰٓئِكَ فِي الْاَذَلِّيْنَ ﴿٢٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | ज़लील तरीन लोग | में | यही लोग | और उस के रसूल की | मुख़ालिफ़त करते हैं अल्लाह की | जो लोग | बेशक |

ऐ मोमिनो! जब तुम रसूल (स) से कान में (निजी) बात करो तो तुम अपनी सरगोशी से पहले कुछ सदक़ा दो, यह तुम्हारे लिए बेहतर और ज़ियादा पाकीज़ा है, फिर अगर तुम (मक़्दूर) न पाओ तो बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, रहम करने वाला है। (12)
क्या तुम उस से डर गए कि अपनी सरगोशी से पहले सदक़ा दो, सो जब तुम न कर सके और अल्लाह ने तुम पर दरगुज़र फ़रमाया तो तुम नमाज़ क़ाइम करो और ज़कात अदा करो और अल्लाह और उस के रसूल (स) की इताअत करो, और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (13)
क्या तुम ने उन लोगों को नहीं देखा? जो उन लोगों से दोस्ती करते हैं जिन पर अल्लाह ने ग़ज़ब किया, वह न तुम में से हैं और न उन में से हैं, और वह जान बूझ कर झूट पर क़सम खा जाते हैं। (14)
अल्लाह ने उन के लिए सख़्त अज़ाब तैयार किया है, बेशक वह बुरे काम करते थे। (15)
उन्हों ने अपनी क़समों को ढाल बना लिया, पस उन्हों ने (लोगों को) अल्लाह के रास्ते से रोका तो उन के लिए ज़िल्लत का अज़ाब है। (16)
उन्हें उन के माल और न उन की औलाद अल्लाह से हरगिज ज़रा भी न बचा सकेंगे। यही लोग जहन्नमी हैं, वह उस में हमेशा रहेंगे। (17)
जिस दिन अल्लाह उन सब को (दोबारा) उठाएगा तो उस के लिए (उस के हुज़ूर) क़समें खाएंगे जैसे वह तुम्हारे सामने क़समें खाते हैं, और वह गुमान करते हैं कि वह किसी शै (भली राह) पर हैं, याद रखो! बेशक वही झूटे हैं। (18)
ग़ालिब आगया है उन पर शैतान, तो उस ने उन्हें अल्लाह की याद भुला दी, यही लोग शैतान की गिरोह हैं, ख़ूब याद रखो, बेशक शैतान के गिरोह ही घाटा पाने वाले हैं। (19)
बेशक जो लोग अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त करते हैं, यही लोग ज़लील तरीन लोगों में से हैं। (20)

फ़ैसला कर दिया अल्लाह ने कि मैं और मेरे रसूल (स) ज़रूर ग़ालिब आएंगे, बेशक अल्लाह क़वी (तवाना) ग़ालिब है। (21)
तुम न पाओगे उन लोगों को जो ईमान रखते हैं अल्लाह पर और आखिरत के दिन पर कि वह उन से दोस्ती रखते हों जिन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त की, खाह वह उन के बाप दादा हों या उन के बेटे हों, या उन के भाई हों या उन के कुंबे वाले हों, यही लोग हैं जिन के दिलों में अल्लाह ने ईमान सबत कर दिया और उन की मदद की अपने ग़ैबी फ़ैज़ से, और वह उन्हें (उन) बाग़ात में दाख़िल करेगा जिन के नीचे नहरें बहती हैं, वह उन में हमेशा रहेंगे, राज़ी हुआ अल्लाह उन से, और वह उस से राजी, यही लोग है अल्लाह का गिरोह, खूब याद रखो। अल्लाह के गिरोह वाले ही (दो जहान में) कामयाब होने वाले हैं। (22)
अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
अल्लाह की पाकीजगी बयान करता है जो भी आस्मानों में और जो भी ज़मीन में है, और वह गालिब हिक्मत वाला है। (1)
वही है जिस ने निकाला अहले किताब के काफ़िरों को उन के घरों से पहले ही इज्तिमाए लशकर पर, तुम्हें गुमान (भी) न था कि वह निकलेंगे और वह ख़याल करते थे कि उन के क़िले उन्हें अल्लाह से बचा लेंगे, तो उन पर अल्लाह का ग़जब (ऐसी जगह से आया) जिस का उन्हें गुमान (भी) न था, और अल्लाह ने उन के दिलों में रोब डाला, और वह अपने हाथों से और मोमिनों के हाथों से अपने घर बरबाद करने लगे, तो ऐ (बसीरत की) आँखों वालो इब्रत पकड़ो। (2)
और अगर अल्लाह ने उन पर जिला वतन होना लिख रखा न होता तो वह उन्हें दुनिया में अजाब देता, और उन के लिए आख़िरत में जहन्नम का अज़ाब है। (3)

كَتَبَ اللّٰهُ لَاَغْلِبَنَّ اَنَا وَرُسُلِيْ ؕ اِنَّ اللّٰهَ قَوِيٌّ عَزِيْزٌ ﴿٢١﴾ لَا تَجِدُ قَوْمًا
लिख दिया (फ़ैसला कर दिया) अल्लाह | मैं ज़रूर ग़ालिब आऊँगा | मैं | और मेरे रसूल | बेशक अल्लाह | क़वी | ग़ालिब | 21 | तुम न पाओगे | क़ौम (लोग)

يُّؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ يُوَآدُّوْنَ مَنْ حَآدَّ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ
वह ईमान रखते हैं | अल्लाह पर | और आख़िरत का दिन | और दोस्ती रखते हों | जो-जिस | मुख़ालिफ़त की अल्लाह की | और उस के रसूल की

وَلَوْ كَانُوْٓا اٰبَآءَهُمْ اَوْ اَبْنَآءَهُمْ اَوْ اِخْوَانَهُمْ اَوْ عَشِيْرَتَهُمْ ؕ اُولٰٓئِكَ
ख़ाह | वह हों | उन के बाप दादा | या | उन के बेटे | या | उन के भाई | या | उन का घराना | यही लोग

كَتَبَ فِيْ قُلُوْبِهِمُ الْاِيْمَانَ وَاَيَّدَهُمْ بِرُوْحٍ مِّنْهُ ؕ وَيُدْخِلُهُمْ جَنّٰتٍ
लिख दिया (सबत कर दिया) उन के दिलों में | ईमान | और उन की मदद की | रूह (अपने ग़ैबी फ़ैज से) | अपने से | और वह दाख़िल करेगा उन्हें | बाग़ात

تَجْرِيْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ؕ رَضِيَ اللّٰهُ عَنْهُمْ وَرَضُوْا
बहती है | उन के नीचे | नहरें | हमेशा रहेंगे | उन में | राज़ी हुआ अल्लाह | उन से | और वह राज़ी

عَنْهُ ؕ اُولٰٓئِكَ حِزْبُ اللّٰهِ ؕ اَلَآ اِنَّ حِزْبَ اللّٰهِ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٢٢﴾ ع ٣ ٣
उस से | यही लोग | अल्लाह का गिरोह | ख़ूब याद रखो कि बेशक | अल्लाह का गिरोह | वही | कामयाब होने वाले | 22

آيَاتُهَا ٢٤ ۞ (٥٩) سُوْرَةُ الْحَشْرِ ۞ رُكُوْعَاتُهَا ٣

आयात 24 | (59) सूरतुल हश्र<br>जमा करना या होना | रुकुआत 3

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

سَبَّحَ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿١﴾
पाकीजगी बयान करता है अल्लाह की | जो | आस्मानों में | और जो | ज़मीन में | और वह | ग़ालिब | हिक्मत वाला | 1

هُوَ الَّذِيْٓ اَخْرَجَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ مِنْ دِيَارِهِمْ
वही है जिस ने | निकाला | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | से-के | अहले किताब | से | उन के घरों

لِاَوَّلِ الْحَشْرِ ؔ مَا ظَنَنْتُمْ اَنْ يَّخْرُجُوْا وَظَنُّوْٓا اَنَّهُمْ مَّانِعَتُهُمْ حُصُوْنُهُمْ وقف النبي ﷺ
पहले इज्तिमाए (लशकर) पर | तुम्हें गुमान न था | कि वह निकलेंगे | और वह ख़याल करते थे | कि वह | उन्हें बचा लेंगे | उन के क़िले

مِّنَ اللّٰهِ فَاَتٰىهُمُ اللّٰهُ مِنْ حَيْثُ لَمْ يَحْتَسِبُوْا وَقَذَفَ
अल्लाह से | तो उन पर आया अल्लाह | जहां से | उन्हें गुमान न था | और उस ने डाला

فِيْ قُلُوْبِهِمُ الرُّعْبَ يُخْرِبُوْنَ بُيُوْتَهُمْ بِاَيْدِيْهِمْ وَاَيْدِي الْمُؤْمِنِيْنَ ۗ
उन के दिलों में | रोब | वह बरबाद करने लगे | अपने घर | अपने हाथों से | और हाथों | मोमिनों

فَاعْتَبِرُوْا يٰٓاُولِي الْاَبْصَارِ ﴿٢﴾ وَلَوْلَآ اَنْ كَتَبَ اللّٰهُ عَلَيْهِمُ
तो तुम इब्रत पकड़ो | ऐ आँखों वालो | 2 | और अगर न | यह कि | अल्लाह ने लिख रखा होता | उन पर

الْجَلَآءَ لَعَذَّبَهُمْ فِي الدُّنْيَا ؕ وَلَهُمْ فِي الْاٰخِرَةِ عَذَابُ النَّارِ ﴿٣﴾
जिला वतन होना | तो वह उन्हें अज़ाब देता | दुनिया में | और उन के लिए | आख़िरत में | जहन्नम का अज़ाब | 3

ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ شَآقُّوا اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۚ وَمَنْ يُّشَآقِّ اللّٰهَ فَاِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक अल्लाह | मुख़ालिफ़त करे अल्लाह की | और जो | और उस का रसूल (स) | उन्हों ने मुख़ालिफ़त की अल्लाह की | इस लिए कि वह | यह |

شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٤﴾ مَا قَطَعْتُمْ مِّنْ لِّيْنَةٍ اَوْ تَرَكْتُمُوْهَا قَآئِمَةً

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खड़ा | तुम ने उस को छोड़ दिया | या | दरख़्त के तने | से | जो तुम ने काट डाले | 4 | सज़ा देने वाला | सख़्त |

عَلٰٓى اُصُوْلِهَا فَبِاِذْنِ اللّٰهِ وَلِيُخْزِيَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٥﴾ وَمَآ اَفَآءَ اللّٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिलवाया अल्लाह ने | और जो | 5 | नाफ़रमानों | और ताकि वह रुस्वा करे | तो अल्लाह के हुक्म से | उस की जड़ों पर |

عَلٰى رَسُوْلِهٖ مِنْهُمْ فَمَآ اَوْجَفْتُمْ عَلَيْهِ مِنْ خَيْلٍ وَّلَا رِكَابٍ وَّلٰكِنَّ اللّٰهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और लेकिन (बल्कि) अल्लाह | ऊंट | और न | घोड़े | उन पर | तुम ने दौड़ाए थे | तो न | उन से | अपने रसूल (स) को |

يُسَلِّطُ رُسُلَهٗ عَلٰى مَنْ يَّشَآءُ ۚ وَاللّٰهُ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | कुदरत रखता है | हर शै | पर | और अल्लाह | जिस पर वह चाहता है | पर | अपने रसूलों | मुसल्लत फ़रमा देता है |

مَآ اَفَآءَ اللّٰهُ عَلٰى رَسُوْلِهٖ مِنْ اَهْلِ الْقُرٰى فَلِلّٰهِ وَلِلرَّسُوْلِ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तो अल्लाह के लिए और रसूल (स) के लिए | बस्तियों वाले | से | अपने रसूल (स) को | जो दिलवादे अल्लाह |

وَلِذِى الْقُرْبٰى وَالْيَتٰمٰى وَالْمَسٰكِيْنِ وَابْنِ السَّبِيْلِ ۙ كَيْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ताकि | और मुसाफ़िरों | और मिस्कीनों | और यतीमों | और क़राबतदारों के लिए |

لَا يَكُوْنَ دُوْلَةًۢ بَيْنَ الْاَغْنِيَآءِ مِنْكُمْ ۚ وَمَآ اٰتٰىكُمُ الرَّسُوْلُ فَخُذُوْهُ ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो वह ले लो | रसूल (स) | तुम्हें अता फ़रमाए | और जो | तुम में से तुम्हारे | मालदारों | दरमियान | हाथों हाथ लेना (गर्दिश) | न रहे |

وقف لازم

وَمَا نَهٰىكُمْ عَنْهُ فَانْتَهُوْا ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ۗ اِنَّ اللّٰهَ شَدِيْدُ الْعِقَابِ ﴿٧﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | सख़्त सज़ा देने वाला | बेशक अल्लाह | और तुम डरो अल्लाह से | तो तुम बाज़ रहो | उस से | तुम्हें मना करे | और जिस |

لِلْفُقَرَآءِ الْمُهٰجِرِيْنَ الَّذِيْنَ اُخْرِجُوْا مِنْ دِيَارِهِمْ وَاَمْوَالِهِمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| और अपने मालों | अपने घरों से | वह जो निकाले गए | मुहाजिरों | मोहताजों के लिए |

يَبْتَغُوْنَ فَضْلًا مِّنَ اللّٰهِ وَرِضْوَانًا وَّيَنْصُرُوْنَ اللّٰهَ وَرَسُوْلَهٗ ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और उस का रसूल | और वह मदद करते हैं अल्लाह की | और रज़ा | अल्लाह का-से | फ़ज़्ल | वह चाहते हैं |

اُولٰٓئِكَ هُمُ الصّٰدِقُوْنَ ﴿٨﴾ وَالَّذِيْنَ تَبَوَّءُو الدَّارَ وَالْاِيْمَانَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ईमान | इस घर | मुक़ीम रहे | और जो लोग | 8 | सच्चे | वह | और यही लोग |

مِنْ قَبْلِهِمْ يُحِبُّوْنَ مَنْ هَاجَرَ اِلَيْهِمْ وَلَا يَجِدُوْنَ فِيْ صُدُوْرِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने सीनों (दिलों) | में | और वह नहीं पाते | उन की तरफ़ | हिज्रत की | जिस | वह मुहब्बत करते हैं | उन से क़ब्ल |

حَاجَةً مِّمَّآ اُوْتُوْا وَيُؤْثِرُوْنَ عَلٰٓى اَنْفُسِهِمْ وَلَوْ كَانَ بِهِمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हें | और ख़ाह हो | अपनी जानों | पर | और वह तरजीह देते हैं | दिया गया उन्हें | उस की | कोई हाजत |

خَصَاصَةٌ ۗ وَمَنْ يُّوْقَ شُحَّ نَفْسِهٖ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | फ़लाह पाने वाले | वह | तो यही लोग | अपनी ज़ात | बुख़्ल | बचाया | और जो-जिस | तंगी |

यह इस लिए कि उन्हों ने अल्लाह और उस के रसूल (स) की मुख़ालिफ़त की, और जो अल्लाह की मुख़ालिफ़त करे तो बेशक अल्लाह (उस को) सख़्त सजा देने वाला है। (4)

जो तुम ने दरख़्तों के तने काट डाले या उन्हें उन की जड़ों पर खड़ा छोड़ दिया तो (यह) अल्लाह के हुक्म से था और ताकि वह नाफ़रमानों को रुस्वा कर दे। (5)

और अल्लाह ने अपने रसूल (स) को उन (बनू नज़ीर) से जो (माल) दिलवाया तो न तुम ने उन पर घोड़े दौड़ाए थे और न ऊंट, बल्कि अल्लाह अपने रसूलों को जिस पर चाहता है मुसल्लत फ़रमा देता है, और अल्लाह हर शै पर कुदरत रखता है। (6)

अल्लाह ने बस्तियों वालों से जो (माल) अपने रसूल (स) को दिलवाए तो वह अल्लाह के लिए है और रसूल (स) के लिए और (रसूल स के) क़राबतदारों के लिए, और यतीमों और मिस्कीनों और मुसाफ़िरों के लिए ताकि (दौलत) न रहे तुम्हारे मालदारों के दरमियान (ही) गर्दिश करती, और तुम्हें रसूल (स) जो अता फ़रमाएं वह ले लो, और वह तुम्हें जिस से मना करें उस से तुम बाज रहो, और तुम अल्लाह से डरो, बेशक अल्लाह सख़्त सज़ा देने वाला है। (7)

मोहताज मुहाजिरों के लिए (ख़ास तौर पर) जो निकाले गए अपने घरों से और अपने मालों से (महरूम किए गए) वह अल्लाह का फ़ज़्ल और (उस की) रज़ा चाहते है और वह मदद करते है अल्लाह और उस के रसूल (स) की, यही लोग सच्चे हैं। (8)

और जो लोग (अन्सार) ईमान ला कर इस घर (दारुलहिज्रत मदीना) में उन से क़ब्ल मुक़ीम हैं वह (उन से) मुहब्बत करते हैं जिन्हों ने उनकी तरफ़ हिज्रत की, और जो उन्हें (मुहाजिरीन को) दिया गया अपने दिलों में उस की कोई हाजत नहीं पाते। और वह उन्हें तरजीह देते हैं अपनी जानों पर ख़ाह (ख़ुद) उन्हें तंगी (ज़रूरत) हो, और जिस ने अपनी ज़ात को बुख़्ल से बचाया तो यही लोग फ़लाह पाने वाले हैं। (9)

और जो लोग उन के बाद आए, वह कहते हैं: ऐ हमारे रब! हमें और हमारे भाइयों को बख़्श दे वह जिन्हों ने ईमान लाने में हम से सबक़त की और हमारे दिलों में कोई कीना न होने दे उन लोगों के लिए जो ईमान लाए, ऐ हमारे रब! बेशक तू शफ़क़त करने वाला, रह्म करने वाला। (10)
क्या आप (स) ने मुनाफ़िक़ों को नहीं देखा? वह अपने भाइयों को कहते हैं जो काफ़िर हुए अहले किताब में से: अलबत्ता अगर तुम निकाले (जिला वतन किए) गए तो हम ज़रूर तुम्हारे साथ निकल जाएंगे और तुम्हारे बारे में कभी हम किसी का कहा नहीं मानेंगे और अगर तुम से लड़ाई हुई तो हम ज़रूर तुम्हारी मदद करेंगे, और अल्लाह गवाही देता है कि बेशक वह झूटे हैं। (11)
और अगर वह जिला वतन किए गए तो यह न निक्लेंगे उन के साथ, और अगर उन से लड़ाई हुई तो यह उन की मदद न करेंगे और अगर मदद करेंगे (भी) तो वह यक़ीनन पीठ फेरेंगे (भाग जाएंगे), फिर (कहीं भी) वह मदद न किए जाएंगे। (12)
यक़ीनन उन के दिलों में अल्लाह से बढ़ कर तुम्हारा डर है, यह इस लिए कि वह ऐसे लोग हैं जो समझते नहीं। (13)
वह इकट्ठे हो कर तुम से न लड़ेंगे मगर बस्तियों में क़िला बन्द हो कर या दीवारों (फ़सील) के पीछे से, आपस में उन की लड़ाई बहुत सख़्त है, तुम उन्हें इकट्ठे गुमान करते हो हालांकि उन के दिल अलग अलग हैं, यह इस लिए है कि वह ऐसे लोग हैं जो अक्ल नहीं रखते। (14)
इन का हाल उन लोगों जैसा है जो क़रीबी ज़माने में इन से क़ब्ल हुए, उन्हों ने अपने काम का वबाल चख लिया और उन के लिए दर्दनाक अज़ाब है। (15)
शैतान के हाल जैसा, जब उस ने इन्सान से कहा कि तू कुफ़्र इख़्तियार कर, फिर जब उस ने कुफ़्र किया तो उस ने कहा: बेशक मैं तुझ से लातअल्लुक़ हूँ, तहक़ीक़ मैं तमाम जहानों के रब अल्लाह से डरता हूँ। (16)

وَالَّذِيْنَ جَآءُوْ مِنْۢ بَعْدِهِمْ يَقُوْلُوْنَ رَبَّنَا اغْفِرْ لَنَا وَلِاِخْوَانِنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और हमारे भाइयों को | हमें बख़्शदे | ऐ हमारे रब | वह कहते हैं | उन के बाद | वह आए | और जो लोग |

الَّذِيْنَ سَبَقُوْنَا بِالْاِيْمَانِ وَلَا تَجْعَلْ فِيْ قُلُوْبِنَا غِلًّا لِّلَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन लोगों के लिए जो | कोई कीना | हमारे दिलों में | और न होने दे | ईमान में | हम से सबक़त की | वह जिन्हों ने |

اٰمَنُوْا رَبَّنَآ اِنَّكَ رَءُوْفٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٠﴾ اَلَمْ تَرَ اِلَى الَّذِيْنَ نَافَقُوْا ع

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह लोग जिन्हों ने निफ़ाक़ किया (मुनाफ़िक़) | तरफ़-को | क्या आप ने नहीं देखा | 10 | रह्म करने वाला | शफ़क़त करने वाला | बेशक तू | ऐ हमारे रब | वह ईमान लाए |

يَقُوْلُوْنَ لِاِخْوَانِهِمُ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ اَهْلِ الْكِتٰبِ لَئِنْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता अगर | अहले किताब | से | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) | अपने भाइयों को | वह कहते हैं |

اُخْرِجْتُمْ لَنَخْرُجَنَّ مَعَكُمْ وَلَا نُطِيْعُ فِيْكُمْ اَحَدًا اَبَدًا ۙ وَّاِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | कभी | किसी का | तुम्हारे बारे में | और हम न मानेंगे | तुम्हारे साथ | तो हम ज़रूर निकल जाएंगे | तुम निकाले गए |

قُوْتِلْتُمْ لَنَنْصُرَنَّكُمْ ۭ وَاللّٰهُ يَشْهَدُ اِنَّهُمْ لَكٰذِبُوْنَ ﴿١١﴾ لَئِنْ اُخْرِجُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जिला वतन किए गए | अगर | 11 | अलबत्ता झूटे हैं | बेशक वह | गवाही देता है | और अल्लाह | तो हम ज़रूर तुम्हारी मदद करेंगे | तुम से लड़ाई हुई |

لَا يَخْرُجُوْنَ مَعَهُمْ ۚ وَلَئِنْ قُوْتِلُوْا لَا يَنْصُرُوْنَهُمْ ۚ وَلَئِنْ نَّصَرُوْهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह उन की मदद करेंगे | और अगर | वह उन की मदद न करेंगे | उन से लड़ाई हुई | और अगर | उन के साथ | वह न निक्लेंगे |

لَيُوَلُّنَّ الْاَدْبَارَ ۣ ثُمَّ لَا يُنْصَرُوْنَ ﴿١٢﴾ لَاَنْتُمْ اَشَدُّ رَهْبَةً

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डर | बहुत जियादा | यक़ीनन तुम तुम्हारा | 12 | वह मदद न किए जाएंगे | फिर | पीठ (जमा) | तो वह यक़ीनन फेरेंगे |

فِيْ صُدُوْرِهِمْ مِّنَ اللّٰهِ ۭ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَفْقَهُوْنَ ﴿١٣﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | कि वह समझते नही | ऐसे लोग | इस लिए कि वह | यह | अल्लाह से | उन के सीनों (दिलों) में |

لَا يُقَاتِلُوْنَكُمْ جَمِيْعًا اِلَّا فِيْ قُرًى مُّحَصَّنَةٍ اَوْ مِنْ وَّرَآءِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पीछे से | या | क़िला बन्द | बस्तियों में | मगर | इकटठे सब मिल कर | वह तुम से न लड़ेंगे |

جُدُرٍ ۭ بَاْسُهُمْ بَيْنَهُمْ شَدِيْدٌ ۭ تَحْسَبُهُمْ جَمِيْعًا وَّقُلُوْبُهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हालांकि उन के दिल | तुम गुमान करते हो उन्हें इकटठे | बहुत सख़्त | उन के आपस में | उन की लड़ाई | दीवारें |

شَتّٰى ۭ ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ قَوْمٌ لَّا يَعْقِلُوْنَ ﴿١٤﴾ كَمَثَلِ الَّذِيْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो लोग | हाल जैसा | 14 | वह अक़्ल नही रखते | ऐसे लोग | इस लिए कि वह | यह | अलग अलग |

مِنْ قَبْلِهِمْ قَرِيْبًا ذَاقُوْا وَبَالَ اَمْرِهِمْ ۚ وَلَهُمْ عَذَابٌ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अज़ाब | और उन के लिए | अपने काम | वबाल | उन्हों ने चख लिया | क़रीबी ज़माना | इन से क़ब्ल |

اَلِيْمٌ ﴿١٥﴾ كَمَثَلِ الشَّيْطٰنِ اِذْ قَالَ لِلْاِنْسَانِ اكْفُرْ ۚ فَلَمَّا كَفَرَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो जब उस ने कुफ़्र किया | तू कुफ़्र इख़्तियार कर | इन्सान से | उस ने कहा | जब | शैतान | हाल जैसा | 15 | दर्दनाक |

قَالَ اِنِّيْ بَرِيْۗءٌ مِّنْكَ اِنِّيْٓ اَخَافُ اللّٰهَ رَبَّ الْعٰلَمِيْنَ ﴿١٦﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | तमाम जहानों | रब | अल्लाह | तहक़ीक़ मैं डरता हूँ | तुझ से | लातअल्लुक़ | बेशक मैं | उस ने कहा |

فَكَانَ عَاقِبَتَهُمَآ اَنَّهُمَا فِى النَّارِ خَالِدَيْنِ فِيْهَا ۗ وَذٰلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और यह | उस में | वह हमेशा रहेंगे | आग में | बेशक वह दोनों | उन दोनों का अन्जाम | पस हुआ |

ع ٢ ٥ جَزٰٓؤُا الظّٰلِمِيْنَ ﴿١٧﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوا اتَّقُوا اللّٰهَ وَلْتَنْظُرْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और चाहिए कि देखे | तुम अल्लाह से डरो | ईमान वालो | ऐ | 17 | ज़ालिमों | जज़ा-सज़ा |

نَفْسٌ مَّا قَدَّمَتْ لِغَدٍ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ ۭ اِنَّ اللّٰهَ خَبِيْرٌۢ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाख़बर | बेशक अल्लाह | और तुम डरो अल्लाह से | कल के लिए | क्या उस ने आगे भेजा | हर शख़्स |

بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١٨﴾ وَلَا تَكُوْنُوْا كَالَّذِيْنَ نَسُوا اللّٰهَ فَاَنْسٰىهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तो (अल्लाह ने) भुला दिया उन्हें | जिन्हों ने अल्लाह को भुला दिया | उन लोगों की तरह | और न हो जाओ तुम | 18 | उस से जो तुम करते हो |

اَنْفُسَهُمْ ۭ اُولٰۗىِٕكَ هُمُ الْفٰسِقُوْنَ ﴿١٩﴾ لَا يَسْتَوِيْٓ اَصْحٰبُ النَّارِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दोज़ख़ वाले | बराबर नहीं | 19 | नाफ़रमान (जमा) | वह | यही लोग | ख़ुद उन्हें |

وَاَصْحٰبُ الْجَنَّةِ ۭ اَصْحٰبُ الْجَنَّةِ هُمُ الْفَاۗىِٕزُوْنَ ﴿٢٠﴾

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | मुराद को पहुँचने वाले | वही हैं | जन्नत वाले | और जन्नत वाले |

لَوْ اَنْزَلْنَا هٰذَا الْقُرْاٰنَ عَلٰي جَبَلٍ لَّرَاَيْتَهٗ خَاشِعًا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दबा हुआ | तो तुम देखते उस को | पहाड़ पर | क़ुरआन | यह | अगर हम नाज़िल करते |

مُّتَصَدِّعًا مِّنْ خَشْيَةِ اللّٰهِ ۭ وَتِلْكَ الْاَمْثَالُ نَضْرِبُهَا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हम बयान करते हैं | मिसालें | और यह | अल्लाह का ख़ौफ़ | से | टुकड़े टुकड़े हुआ |

لِلنَّاسِ لَعَلَّهُمْ يَتَفَكَّرُوْنَ ﴿٢١﴾ هُوَ اللّٰهُ الَّذِيْ لَآ اِلٰهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नहीं कोई माबूद | वह जिस | वह अल्लाह | 21 | ग़ौर ओ फ़िक्र करें | ताकि वह | लोगों के लिए |

اِلَّا هُوَ ۚ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ ۚ هُوَ الرَّحْمٰنُ الرَّحِيْمُ ﴿٢٢﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | रहम करने वाला | वह बड़ा मेहरबान | और आशकारा | जानने वाला पोशीदा का | उस के सिवा |

هُوَ اللّٰهُ الَّذِيْ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۚ اَلْمَلِكُ الْقُدُّوْسُ السَّلٰمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सलामती वाला | निहायत पाक | बादशाह | उस के सिवा | नहीं कोई माबूद | वह जिस | वह अल्लाह |

الْمُؤْمِنُ الْمُهَيْمِنُ الْعَزِيْزُ الْجَبَّارُ الْمُتَكَبِّرُ ۭ سُبْحٰنَ اللّٰهِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाक है अल्लाह | बड़ाई वाला | जब्बार | ग़ालिब | निगहबान | अम्न देने वाला |

عَمَّا يُشْرِكُوْنَ ﴿٢٣﴾ هُوَ اللّٰهُ الْخَالِقُ الْبَارِئُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ईजाद करने वाला | ख़ालिक़ | वह अल्लाह | 23 | वह शरीक करते हैं | उस से जो |

الْمُصَوِّرُ لَهُ الْاَسْمَاۗءُ الْحُسْنٰى ۭ يُسَبِّحُ لَهٗ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उस की | पाकीज़गी बयान करता है | अच्छे | नाम (जमा) | उस के लिए | सूरतें बनाने वाला |

ع ٣ ٦ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٢٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | हिकमत वाला | ज़बरदस्त | और वह | और ज़मीन | आस्मानों में | जो |

पस दोनों का अन्जाम (यह है) कि वह दोनों आग में होंगे, वह हमेशा उस में रहेंगे, और यह सज़ा है ज़ालिमों की। (17) ऐ ईमान वालो! तुम अल्लाह से डरो और चाहिए कि देखे (सोचे) हर शख़्स कि उस ने कल के लिए क्या आगे भेजा है? और तुम अल्लाह से डरो, बेशक जो तुम करते हो अल्लाह उस से बाख़बर है। (18) और तुम न हो जाओ उन लोगों की तरह जिन्हों ने अल्लाह को भुला दिया तो अल्लाह ने (ऐसा कर दिया) कि उन्हों ने ख़ुद अपने आप को भुला दिया, यही नाफ़रमान लोग हैं। (19) बराबर नहीं दोज़ख़ वाले और जन्नत वाले, जन्नत वाले ही मुराद को पहुँचने वाले हैं। (20) अगर हम नाज़िल करते यह क़ुरआन किसी पहाड़ पर तो तुम उस को अल्लाह के ख़ौफ़ से दबा (झुका) फटा पड़ता देखते, और यह मिसालें हम लोगों के लिए बयान करते हैं ताकि वह ग़ौर ओ फ़िक्र करें। (21) वह अल्लाह है जिस के सिवा कोई माबूद नहीं, जानने वाला पोशीदा का और आशकारा का, वह बड़ा मेहरबान, रहम करने वाला है। (22) वह अल्लाह है जिस के सिवा कोई माबूद नहीं (वह हक़ीक़ी) बादशाह है, (हर ऐब से) निहायत पाक है। सलामती, अम्न देने वाला, निगहबान, ग़ालिब, ज़बरदस्त, बड़ाई वाला, अल्लाह पाक है उस से जो वह शरीक करते हैं। (23) वह अल्लाह है - ख़ालिक़, ईजाद करने वाला, सूरतें बनाने वाला, उस के लिए अच्छे नाम हैं, उस की पाकीज़गी बयान करता है जो आस्मानों और ज़मीन में है, और वह ज़बरदस्त हिकमत वाला है। (24)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

ऐ ईमान वालो! तुम मेरे और अपने दुश्मनों को दोस्त न बनाओ, तुम उन की तरफ़ दोस्ती का पैग़ाम भेजते हो जब कि तुम्हारे पास जो हक़ आया है वह उस के मुन्किर हो चुके हैं, वह रसूल (स) को और तुम्हें भी जिला वतन करते हैं (महज़ इस लिए) कि तुम अल्लाह अपने रब पर ईमान लाते हो, अगर तुम निकलते हो मेरे रास्ते में जिहाद के लिए और मेरी रज़ा चाहने के लिए (तो ऐसा मत करो), तुम उन की तरफ़ छुपा कर भेजते हो दोस्ती (का पैग़ाम), और मैं खूब जानता हूँ वह जो तुम छुपाते हो और जो तुम ज़ाहिर करते हो, और तुम में से जो कोई यह करेगा तो (जान लो) कि तहक़ीक़ वह सीधे रास्ते से भटक गया। (1)

अगर वह तुम्हें पाएं (तुम पर दस्तरस पा लें) तो वह तुम्हारे दुश्मन हो जाएं और तुम पर खोलें बुराई के साथ अपने हाथ और अपनी ज़बानें (दस्तदराज़ी और ज़बान दराज़ी करें) और वह चाहते हैं कि काश तुम काफ़िर हो जाओ। (2)

तुम्हें हरगिज़ नफ़ा न देंगे तुम्हारे रिश्ते और न तुम्हारी औलाद क़ियामत के दिन, अल्लाह तुम्हारे दरमियान फ़ैसला कर देगा, और तुम जो कुछ करते हो अल्लाह देखता है। (3)

बेशक तुम्हारे लिए बेहतरीन नमूना इब्राहीम (अ) और उन लोगों में है जो उन के साथ थे, जब उन्हों ने अपनी क़ौम को कहा: बेशक हम तुम से बेज़ार हैं और उन से जिन की तुम अल्लाह के सिवा बन्दगी करते हो, हम तुम्हें नहीं मानते, और ज़ाहिर हो गई हमारे और तुम्हारे दरमियान अदावत और दुश्मनी हमेशा के लिए, यहां तक कि तुम अल्लाह वाहिद पर ईमान ले आओ सिवाए इब्राहीम (अ) का अपने बाप से यह कहना कि मैं ज़रूर मग़फ़िरत मांगूँगा तुम्हारे लिए, और अल्लाह के आगे मैं तुम्हारे लिए कुछ भी इख़्तियार नहीं रखता, ऐ हमारे रब! हम ने तुझ पर भरोसा किया और तेरी तरफ़ हम ने रुजूअ किया और तेरी तरफ़ वापसी है। (4)

## آيَاتُهَا ١٣ ❀ (٦٠) سُوْرَةُ الْمُمْتَحِنَةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

आयात 13 — (60) सूरतुल मुमतहिना — रुकूआत 2

जिस (औरत) की जाँच करनी है

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوْا عَدُوِّيْ وَعَدُوَّكُمْ اَوْلِيَآءَ تُلْقُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | ईमान वालो | तुम न बनाओ | मेरा दुश्मन | और अपने दुश्मन | दोस्त | तुम पैग़ाम भेजते हो |

اِلَيْهِمْ بِالْمَوَدَّةِ وَقَدْ كَفَرُوْا بِمَا جَآءَكُمْ مِّنَ الْحَقِّ ۚ يُخْرِجُوْنَ الرَّسُوْلَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन की तरफ़ | दोस्ती से-का | और वह मुन्किर हो चुके हैं | उस के जो तुम्हारे पास आया | हक़ से | वह निकालते (जिला वतन करते) हैं रसूल (स) को |

وَاِيَّاكُمْ اَنْ تُؤْمِنُوْا بِاللّٰهِ رَبِّكُمْ ؕ اِنْ كُنْتُمْ خَرَجْتُمْ جِهَادًا فِيْ سَبِيْلِيْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हें भी | कि तुम ईमान लाते हो | अल्लाह पर | तुम्हारा रब | अगर | तुम निकलते हो | जिहाद के लिए | मेरे रास्ते में |

وَابْتِغَآءَ مَرْضَاتِيْ ۖ تُسِرُّوْنَ اِلَيْهِمْ بِالْمَوَدَّةِ ۖ وَاَنَا اَعْلَمُ بِمَاۤ اَخْفَيْتُمْ وَمَاۤ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और चाहने के लिए | मेरी रज़ा | तुम छुपा कर (भेजते हो) | उन की तरफ़ | दोस्ती का पैग़ाम | और मैं खूब जानता हूँ | वह जो | तुम छुपाते हो | और जो |

اَعْلَنْتُمْ ؕ وَمَنْ يَّفْعَلْهُ مِنْكُمْ فَقَدْ ضَلَّ سَوَآءَ السَّبِيْلِ ① اِنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम ज़ाहिर करते हो | और जो | यह करेगा | तुम में से | तो तहक़ीक़ | वह भटक गया | सीधा | रास्ता | 1 | अगर |

يَّثْقَفُوْكُمْ يَكُوْنُوْا لَكُمْ اَعْدَآءً وَّيَبْسُطُوْۤا اِلَيْكُمْ اَيْدِيَهُمْ وَاَلْسِنَتَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह तुम्हें पाएं | वह हो जाएं | तुम्हारे | दुश्मन | और वह खोलें | तुम पर | अपने हाथ | और अपनी ज़बानें |

بِالسُّوْٓءِ وَوَدُّوْا لَوْ تَكْفُرُوْنَ ② لَنْ تَنْفَعَكُمْ اَرْحَامُكُمْ وَلَاۤ اَوْلَادُكُمْ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बुराई के साथ | और वह चाहते हैं | काश तुम काफ़िर हो जाओ | 2 | तुम्हें हरगिज़ नफ़ा न देंगे | तुम्हारे रिश्ते | और न | तुम्हारी औलाद |

يَوْمَ الْقِيٰمَةِ ۚ يَفْصِلُ بَيْنَكُمْ ؕ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ③ قَدْ كَانَتْ لَكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क़ियामत के दिन | वह (अल्लाह) फ़ैसला कर देगा तुम्हारे दरमियान | और अल्लाह | जो तुम करते हो | देखता है | 3 | बेशक है | तुम्हारे लिए |

اُسْوَةٌ حَسَنَةٌ فِيْۤ اِبْرٰهِيْمَ وَالَّذِيْنَ مَعَهٗ ۚ اِذْ قَالُوْا لِقَوْمِهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चाल (नमूना) बेहतरीन | में | इब्राहीम (अ) | और जो | उस के साथ | जब उन्हों ने कहा | अपनी क़ौम को |

اِنَّا بُرَءٰٓؤُا مِنْكُمْ وَمِمَّا تَعْبُدُوْنَ مِنْ دُوْنِ اللّٰهِ ؗ كَفَرْنَا بِكُمْ وَبَدَا بَيْنَنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक हम लातअल्लुक़ | तुम से | और उन से जिन की | तुम बन्दगी करते हो | अल्लाह के सिवा | हम मुन्किर हैं | तुम्हारे | और ज़ाहिर हो गई | हमारे दरमियान |

وَبَيْنَكُمُ الْعَدَاوَةُ وَالْبَغْضَآءُ اَبَدًا حَتّٰى تُؤْمِنُوْا بِاللّٰهِ وَحْدَهٗۤ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम्हारे दरमियान | अदावत | और बुग़्ज़ (दुश्मनी) | हमेशा के लिए | यहां तक कि | तुम ईमान ले आओ | अल्लाह पर | वाहिद |

اِلَّا قَوْلَ اِبْرٰهِيْمَ لِاَبِيْهِ لَاَسْتَغْفِرَنَّ لَكَ وَمَاۤ اَمْلِكُ لَكَ مِنَ اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मगर कहना | इब्राहीम (अ) | अपने बाप से | अलबत्ता मैं ज़रूर मग़फ़िरत मांगूँगा | तुम्हारे लिए | और नहीं | मैं इख़्तियार रखता | तुम्हारे लिए | अल्लाह से-के आगे |

مِنْ شَيْءٍ ؕ رَبَّنَا عَلَيْكَ تَوَكَّلْنَا وَاِلَيْكَ اَنَبْنَا وَاِلَيْكَ الْمَصِيْرُ ④

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुछ भी | ऐ हमारे रब | तुझ पर | हम ने भरोसा किया | और तेरी तरफ़ | हम ने रुजूअ किया | और तेरी तरफ़ | वापसी | 4 |

معانقة ١٦ عند المتأخرين ١٢ السماع الوقف على القيمة ١٢

رَبَّنَا لَا تَجْعَلْنَا فِتْنَةً لِّلَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَاغْفِرْ لَنَا رَبَّنَا ۚ اِنَّكَ اَنْتَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तू ही | बेशक तू | ऐ हमारे रब | हमें | और बख़्श दे | कुफ़्र किया (काफ़िर) | उन के लिए जिन्हों ने | आज़माइश (तख़्तए मश्क़) | हमें न बना | ऐ हमारे रब |

الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٥﴾ لَقَدْ كَانَ لَكُمْ فِيْهِمْ اُسْوَةٌ حَسَنَةٌ لِّمَنْ كَانَ يَرْجُوا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उम्मीद रखना है | उस के लिए जो | बेहतरीन | चाल (नमूना) | उन में | तुम्हारे लिए | तहक़ीक़ (यक़ीनन) है | 5 | हिक्मत वाला | ग़ालिब |

ع ١ ٦ اللّٰهَ وَالْيَوْمَ الْاٰخِرَ ۚ وَمَنْ يَّتَوَلَّ فَاِنَّ اللّٰهَ هُوَ الْغَنِيُّ الْحَمِيْدُ ﴿٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | सतौदा सिफ़ात | वह बेनियाज़ | तो बेशक अल्लाह | रूगर्दानी करेगा | और जो जिस | और आख़िरत का दिन | अल्लाह |

عَسَى اللّٰهُ اَنْ يَّجْعَلَ بَيْنَكُمْ وَبَيْنَ الَّذِيْنَ عَادَيْتُمْ مِّنْهُمْ مَّوَدَّةً ۚ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोस्ती | उन से | तुम अ़दावत रखते हो | उन लोगों के | और दरमियान | तुम्हारे दरमियान | वह कर दे | कि | क़रीब है कि अल्लाह |

وَاللّٰهُ قَدِيْرٌ ۚ وَاللّٰهُ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿٧﴾ لَا يَنْهٰىكُمُ اللّٰهُ عَنِ الَّذِيْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जो लोग | से | तहक़ीक़ मना नहीं करता अल्लाह | 7 | रहम करने वाला | बख़्शने वाला | और अल्लाह | क़ुदरत रखने वाला | और अल्लाह |

لَمْ يُقَاتِلُوْكُمْ فِى الدِّيْنِ وَلَمْ يُخْرِجُوْكُمْ مِّنْ دِيَارِكُمْ اَنْ تَبَرُّوْهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कि तुम दोस्ती करो उन से | तुम्हारे घर (जमा) | से | और उन्हों ने तुम्हें नहीं निकाला | दीन में | तुम से नहीं लड़ते |

وَتُقْسِطُوْٓا اِلَيْهِمْ ۚ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ الْمُقْسِطِيْنَ ﴿٨﴾ اِنَّمَا يَنْهٰىكُمُ اللّٰهُ عَنِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | तुम्हें मना करता है अल्लाह | इस के सिवा नहीं | 8 | इंसाफ़ करने वाले | महबूब रखता है | बेशक अल्लाह | उन से | और तुम इंसाफ़ करो |

الَّذِيْنَ قٰتَلُوْكُمْ فِى الدِّيْنِ وَاَخْرَجُوْكُمْ مِّنْ دِيَارِكُمْ وَظٰهَرُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उन्हों ने मदद की | तुम्हारे घर | से | और उन्हों ने तुम्हें निकाला | दीन में | तुम से लड़ें | जो लोग |

عَلٰٓى اِخْرَاجِكُمْ اَنْ تَوَلَّوْهُمْ ۚ وَمَنْ يَّتَوَلَّهُمْ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الظّٰلِمُوْنَ ﴿٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | ज़ालिम (जमा) | वह | तो वही लोग | और जो उन से दोस्ती रखेगा | कि तुम दोस्ती करो उन से | तुम्हारे निकालने पर |

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا جَآءَكُمُ الْمُؤْمِنٰتُ مُهٰجِرٰتٍ فَامْتَحِنُوْهُنَّ ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तो उन का इम्तिहान कर लिया करो | मुहाजिर औरतें | मोमिन औरतें | जब तुम्हारे पास आएं | ईमान वालो | ऐ |

اَللّٰهُ اَعْلَمُ بِاِيْمَانِهِنَّ ۚ فَاِنْ عَلِمْتُمُوْهُنَّ مُؤْمِنٰتٍ فَلَا تَرْجِعُوْهُنَّ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तो तुम उन्हें वापस न करो | मोमिन औरतें | तुम उन्हें जान लो | पस अगर | उन के ईमान को | अल्लाह ख़ूब जानता है |

اِلَى الْكُفَّارِ ۚ لَا هُنَّ حِلٌّ لَّهُمْ وَلَا هُمْ يَحِلُّوْنَ لَهُنَّ ۚ وَاٰتُوْهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम उन को देदो | उन औरतों के लिए | वह हलाल है | और न वह मर्द | उन के लिए | हलाल | वह औरतें नहीं | काफ़िरों | तरफ़ |

مَّآ اَنْفَقُوْا ۚ وَلَا جُنَاحَ عَلَيْكُمْ اَنْ تَنْكِحُوْهُنَّ اِذَآ اٰتَيْتُمُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के मेहर | तुम उन्हें देदो | जब | कि तुम उन औरतों से निकाह कर लो | तुम पर | और कोई गुनाह नहीं | जो उन्हों ने ख़र्च किया |

وَلَا تُمْسِكُوْا بِعِصَمِ الْكَوَافِرِ وَسْئَلُوْا مَآ اَنْفَقْتُمْ وَلْيَسْئَلُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और चाहिए कि वह मांग लें | जो तुम ने ख़र्च किया | और तुम मांग लो | काफ़िर औरतें | शादी की रिश्ता | और तुम न क़ब्ज़ा रखो |

مَآ اَنْفَقُوْا ۚ ذٰلِكُمْ حُكْمُ اللّٰهِ ۚ يَحْكُمُ بَيْنَكُمْ ۚ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ حَكِيْمٌ ﴿١٠﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और अल्लाह | तुम्हारे दरमियान | वह फ़ैसला करता है | अल्लाह का हुक्म | यह | जो उन्हों ने ख़र्च किया |

ऐ हमारे रब! हमें न बना फ़ित्ना काफ़िरों के लिए और हमें बख़्श दे ऐ हमारे रब! बेशक तू ही ग़ालिब हिक्मत वाला है। (5)

यक़ीनन तुम्हारे लिए उन में बेहतरीन नमूना है (यानि) उस के लिए जो उम्मीद रखता है अल्लाह (से मुलाक़ात) की और आख़िरत के दिन की, और जिस ने रूगर्दानी की तो बेशक अल्लाह बेनियाज़ सतौदा सिफ़ात है। (6)

क़रीब है कि अल्लाह तुम्हारे दरमियान और उन लोगों के दरमियान दोस्ती कर दे जिन से तुम अ़दावत रखते हो, और अल्लाह क़ुदरत रखने वाला है, और अल्लाह बख़्शने वाला, रहम करने वाला है। (7)

अल्लाह तुम्हें मना नहीं करता उन लोगों से जो तुम से दीन (के बारे में) नहीं लड़े और उन्हों ने तुम्हें नहीं निकाला तुम्हारे घरों से, कि तुम उन से दोस्ती करो और उन से इंसाफ़ करो, बेशक अल्लाह इंसाफ़ करने वालों को महबूब रखता है। (8)

इस के सिवा नहीं कि अल्लाह तुम्हें मना करता है कि जो लोग तुम से (दीन के बारे) में लड़े और उन्हों ने तुम्हें तुम्हारे घरों से निकाला और तुम्हारे निकालने में (निकालने वालों की) मदद की, तुम उन से दोस्ती करो, और जो उन से दोस्ती रखेगा तो वही लोग ज़ालिम हैं। (9)

ऐ ईमान वालो! तुम्हारे पास मोमिन मुहाजिर औरतें आएं तो उन का इम्तिहान कर लिया करो, अल्लाह ख़ूब जानता है उन के ईमान को, पस अगर तुम उन्हें जान लो कि मोमिन हैं तो तुम उन्हें काफ़िरों की तरफ़ वापस न करो, वह (मोमिन मुहाजिरात) हलाल नहीं हैं उन (काफ़िरों) के लिए और वह (काफ़िर) उन औरतों के लिए हलाल नहीं, और तुम उन (काफिर शोहरों) को देदो जो उन्हों ने खर्च किया हो और तुम पर कोई गुनाह नहीं कि तुम उन मुहाजिर औरतों से निकाह कर लो जब तुम उन्हें उन के मेहर देदो, और तुम काफ़िर औरतों को अपने निकाह में न रोके रहो और तुम (कुफ़्फ़ार से) मांग लो जो तुम ने खर्च किया हो, और चाहिए कि वह (काफ़िर) तुम से मांग लें जो उन्हों ने ख़र्च किया हो, यह अल्लाह का हुक्म है, वह तुम्हारे दरमियान फ़ैसला करता है, और अल्लाह जानने वाला हिक्मत वाला है। (10)

और अगर कुफ़्फ़ार की तरफ़ (रह जाने से) तुम्हारी बीवियों में से कोई तुम्हारे हाथ से निकल जाए तो कुफ़्फ़ार को (इस तरह से) सज़ा दो (कि जो औरतें मदीना आगईं उन के मेह्र वापस देने के बजाए अपने पास रख कर) उन को दो जिन की औरतें जाती रहीं, जिस क़द्र उन्हों ने ख़र्च किया हो, और अल्लाह से डरो जिस पर तुम ईमान रखते हो। (11)

ऐ नबी (स)! जब आप (स) के पास आएं मोमिन औरतें इस पर बैअत करने के लिए कि वह अल्लाह के साथ किसी शै को शरीक न करेंगी और न चोरी करेंगी, और न ज़िना करेंगी, और न वह क़त्ल करेंगी अपनी औलाद को, और न बुहतान लाएंगी जो उन्हों ने अपने हाथों और अपने पाऊँ के दरमियान गढ़ा हो, और न वह आप (स) की नाफ़रमानी करेंगी नेक कामों में तो आप (स) उन से बैअत ले लें, और उन के लिए अल्लाह से मग़्फ़िरत मांगें, बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, रह्म करने वाला है। (12)

ऐ ईमान वालो! तुम उन लोगों से दोस्ती न रखो जिन पर अल्लाह ने गज़ब किया, वह आख़िरत से ना उम्मीद हो चुके हैं जैसे क़ब्रों में पड़े हुए काफ़िर मायूस हैं। (13)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

पाकीज़गी बयान करता है अल्लाह की जो कुछ आस्मानों और ज़मीन में है, और वह ग़ालिब हिक्मत वाला है। (1)

ऐ ईमान वालो! तुम क्यों कहते हो वह जो तुम करते नहीं? (2)

अल्लाह के नज़्दीक बड़ी नापसंदीदा बात है कि तुम वह कहो जो तुम करते नहीं (3)

बेशक अल्लाह उन लोगों को दोस्त रखता है जो उस के रास्ते में सफ़ बस्ता हो कर लड़ते हैं गोया कि वह एक इमारत हैं सीसा पिलाई हुई। (4)

وَاِنْ فَاتَكُمْ شَيْءٌ مِّنْ اَزْوَاجِكُمْ اِلَى الْكُفَّارِ فَعَاقَبْتُمْ فَاٰتُوا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस दो | तो उन (कुफ़्फ़ार) को सज़ा दो | कुफ़्फ़ार की तरफ़ | तुम्हारी बीवियां | से | कोई | तुम्हारे हाथ से निकल जाए | और अगर |

الَّذِيْنَ ذَهَبَتْ اَزْوَاجُهُمْ مِّثْلَ مَآ اَنْفَقُوْا ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ الَّذِيْٓ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जिस | और डरो अल्लाह से | जो उन्हों ने ख़र्च किया | उस क़द्र | उन की औरतें | जाती रहीं | उन को जिन की |

اَنْتُمْ بِهٖ مُؤْمِنُوْنَ ﴿١١﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ اِذَا جَآءَكَ الْمُؤْمِنٰتُ يُبَايِعْنَكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आप से बैअत करने के लिए | मोमिन औरतें | आप के पास आएं | जब | ऐ नबी (स) | 11 | ईमान रखते हो | उस पर | तुम |

عَلٰٓى اَنْ لَّا يُشْرِكْنَ بِاللّٰهِ شَيْـًٔا وَّلَا يَسْرِقْنَ وَلَا يَزْنِيْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और न ज़िना करेंगी | और न चोरी करेंगी | किसी शै को | अल्लाह के साथ | वह शरीक न करेंगी | इस पर कि |

وَلَا يَقْتُلْنَ اَوْلَادَهُنَّ وَلَا يَاْتِيْنَ بِبُهْتَانٍ يَّفْتَرِيْنَهٗ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जो उन्हों ने गढ़ा हो | बुहतान से | और न लाएंगी | अपनी औलाद | और न वह क़त्ल करेंगी |

بَيْنَ اَيْدِيْهِنَّ وَاَرْجُلِهِنَّ وَلَا يَعْصِيْنَكَ فِيْ مَعْرُوْفٍ فَبَايِعْهُنَّ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तो आप (स) उन से बैअत ले लें | नेक कामों में | और न आप (स) की नाफ़रमानी करेंगी | और अपने पाऊँ | अपने हाथों के दरमियान |

وَاسْتَغْفِرْ لَهُنَّ اللّٰهَ ۚ اِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٢﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान वालो | ऐ | 12 | रह्म करने वाला | बख़्शने वाला | बेशक अल्लाह | उन के लिए अल्लाह से | और मग़्फ़िरत मांगें |

لَا تَتَوَلَّوْا قَوْمًا غَضِبَ اللّٰهُ عَلَيْهِمْ قَدْ يَئِسُوْا مِنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| से | वह ना उम्मीद हो चुके | उन पर | अल्लाह ने ग़ज़ब किया | वह लोग | तुम दोस्ती न रखो |

الْاٰخِرَةِ كَمَا يَئِسَ الْكُفَّارُ مِنْ اَصْحٰبِ الْقُبُوْرِ ﴿١٣﴾ ع ٢ ٨

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | क़ब्रों वाले (मुर्दे) | से | काफ़िर (जमा) | मायूस हैं | जैसे | आख़िरत |

## آيَاتُهَا ١٤ ❀ (٦١) سُوْرَةُ الصَّفِّ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2 — (61) सूरतुस सफ़ — सफ़ (मोरचा बंदी) — आयात 14

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्रबान, रह्म करने वाला है

سَبَّحَ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और वह | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में | जो | पाकीज़गी बयान करता है अल्लाह की |

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لِمَ تَقُوْلُوْنَ مَا لَا تَفْعَلُوْنَ ﴿٢﴾ كَبُرَ مَقْتًا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नापसंदीदा | बड़ी | 2 | तुम करते नही | जो | तुम कहते हो | क्यों | ईमान वालो | ऐ |

عِنْدَ اللّٰهِ اَنْ تَقُوْلُوْا مَا لَا تَفْعَلُوْنَ ﴿٣﴾ اِنَّ اللّٰهَ يُحِبُّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दोस्त रखता है | बेशक अल्लाह | 3 | तुम करते नही | जो | तुम कहो | कि | अल्लाह के नज़्दीक |

الَّذِيْنَ يُقَاتِلُوْنَ فِيْ سَبِيْلِهٖ صَفًّا كَاَنَّهُمْ بُنْيَانٌ مَّرْصُوْصٌ ﴿٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | सीसा पिलाई हुई | एक इमारत | गोया कि वह | सफ़ बस्ता हो कर | उस के रास्ते में | जो लोग लड़ते हैं |

وَاِذْ قَالَ مُوْسٰى لِقَوْمِهٖ يٰقَوْمِ لِمَ تُؤْذُوْنَنِىْ وَقَدْ تَّعْلَمُوْنَ اَنِّىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि मैं | और यक़ीनन तुम जान चुके हो | तुम मुझे ईज़ा पहुँचाते हो | क्यों | ऐ मेरी कौम | अपनी कौम से | मूसा (अ) | कहा | और जब |

رَسُوْلُ اللّٰهِ اِلَيْكُمْ ۗ فَلَمَّا زَاغُوْٓا اَزَاغَ اللّٰهُ قُلُوْبَهُمْ ۗ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत नहीं देता | और अल्लाह | उन के दिल | अल्लाह ने कज कर दिए | उन्हों ने कज रवी की | पस जब | तुम्हारी तरफ़ | अल्लाह का रसूल |

الْقَوْمَ الْفٰسِقِيْنَ ۝٥ وَاِذْ قَالَ عِيْسَى ابْنُ مَرْيَمَ يٰبَنِىْٓ اِسْرَآءِيْلَ اِنِّىْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेशक मैं | ऐ बनी इस्राईल | मरयम (अ) का बेटा | ईसा (अ) | कहा | और जब | 5 | नाफ़रमान (जमा) | लोग |

رَسُوْلُ اللّٰهِ اِلَيْكُمْ مُّصَدِّقًا لِّمَا بَيْنَ يَدَىَّ مِنَ التَّوْرٰىةِ وَمُبَشِّرًۢا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और ख़ुशख़बरी देने वाला | तौरत | से | मुझ से पहले | उस की जो | तस्दीक़ करने वाला | तुम्हारी तरफ़ | अल्लाह का रसूल |

بِرَسُوْلٍ يَّاْتِىْ مِنْۢ بَعْدِى اسْمُهٗٓ اَحْمَدُ ۗ فَلَمَّا جَآءَهُمْ بِالْبَيِّنٰتِ قَالُوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने कहा | वाज़ेह दलाइल के साथ | वह आए उन के पास | फिर जब | अहमद | उस का नाम | मेरे बाद | वह आएगा | एक रसूल की |

هٰذَا سِحْرٌ مُّبِيْنٌ ۝٦ وَمَنْ اَظْلَمُ مِمَّنِ افْتَرٰى عَلَى اللّٰهِ الْكَذِبَ وَهُوَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | झूट | अल्लाह पर | वह बुहतान बान्धे | उस से जो | बड़ा ज़ालिम | और कौन | 6 | खुला जादू | यह |

يُدْعٰٓى اِلَى الْاِسْلَامِ ۗ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ۝٧ يُرِيْدُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह चाहते हैं | 7 | ज़ालिम लोगों | हिदायत नहीं देता | और अल्लाह | इस्लाम की तरफ़ | बुलाया जाता है |

لِيُطْفِـُٔوْا نُوْرَ اللّٰهِ بِاَفْوَاهِهِمْ ۗ وَاللّٰهُ مُتِمُّ نُوْرِهٖ وَلَوْ كَرِهَ الْكٰفِرُوْنَ ۝٨

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | काफ़िर नाख़ुश हों | और ख़ाह | अपना नूर | पूरा करने वाला | और अल्लाह | अपने फूंकों से | अल्लाह का नूर | कि बुझादें |

هُوَ الَّذِىْٓ اَرْسَلَ رَسُوْلَهٗ بِالْهُدٰى وَدِيْنِ الْحَقِّ لِيُظْهِرَهٗ عَلَى الدِّيْنِ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दीन पर | ताकि वह उसे ग़ालिब करदे | और दीने हक़ | हिदायत के साथ | अपना रसूल (स) | वही जिस ने भेजा |

كُلِّهٖ وَلَوْ كَرِهَ الْمُشْرِكُوْنَ ۝٩ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا هَلْ اَدُلُّكُمْ عَلٰى تِجَارَةٍ ع

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिजारत पर | मैं तुम्हें बतलाऊँ | क्या | ईमान वालो | ऐ | 9 | मुश्रिक (जमा) | और ख़ाह नाख़ुश हों | तमाम |

تُنْجِيْكُمْ مِّنْ عَذَابٍ اَلِيْمٍ ۝١٠ تُؤْمِنُوْنَ بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهٖ وَتُجَاهِدُوْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम जिहाद करो | और उसका रसूल (स) | अल्लाह पर | तुम ईमान लाओ | 10 | दर्दनाक अज़ाब | से | तुम्हें नजात दे |

فِىْ سَبِيْلِ اللّٰهِ بِاَمْوَالِكُمْ وَاَنْفُسِكُمْ ۗ ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | तुम्हारे लिए बेहतर | यह | और अपनी जानों | अपने मालों से | अल्लाह का रास्ता | में |

كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ۝١١ يَغْفِرْ لَكُمْ ذُنُوْبَكُمْ وَيُدْخِلْكُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के नीचे से | जारी हैं | बाग़ात | और वह तुम्हें दाख़िल करेगा | तुम्हारे गुनाह | तुम्हें | वह बख़्श देगा | 11 | तुम जानते हो |

الْاَنْهٰرُ وَمَسٰكِنَ طَيِّبَةً فِىْ جَنّٰتِ عَدْنٍ ۗ ذٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ۝١٢

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | बड़ी | कामयाबी | यह | हमेशा | बाग़ात | में | पाकीज़ा | और मकानात | नहरें |

وَاُخْرٰى تُحِبُّوْنَهَا ۗ نَصْرٌ مِّنَ اللّٰهِ وَفَتْحٌ قَرِيْبٌ ۗ وَبَشِّرِ الْمُؤْمِنِيْنَ ۝١٣

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | और मोमिनों को ख़ुशख़बरी दें | क़रीब | और फ़तह | अल्लाह से | मदद | तुम उसे बहुत चाहते हो | और एक और |

और (याद करो) जब मूसा (अ) ने अपनी क़ौम से कहाः ऐ मेरी क़ौम! तुम मुझे क्यों ईज़ा पहुँचाते हो? और यक़ीनन तुम जान चुके हो कि मैं तुम्हारी तरफ़ अल्लाह का रसूल हूँ, पस जब उन्हों ने कज रवी की तो अल्लाह ने उन के दिलों को कज कर दिया, और अल्लाह हिदायत नहीं देता नाफ़रमान लोगों को। (5)

और (याद करो) जब मरयम (अ) के बेटे ईसा (अ) ने कहाः ऐ बनी इस्राईल! बेशक मैं अल्लाह का रसूल हूँ तुम्हारी तरफ़, उस की तस्दीक़ करने वाला जो मुझ से पहले तौरेत (आई) और एक रसूल (स) की ख़ुशख़बरी देने वाला जो मेरे बाद आएगा जिस का नाम अहमद (स) होगा, फिर जब वह उन के पास वाज़ेह दलाइल के साथ आए तो उन्हों ने कहा यह तो खुला जादू है। (6)

और उस से बढ़ कर ज़ालिम कौन है जो अल्लाह पर झूट बुहतान बान्धे जबकि वह इस्लाम की तरफ़ बुलाया जाता है, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (7)

वह चाहते हैं कि अल्लाह का नूर अपने फूंकों से बुझादें, और अल्लाह अपना नूर पूरा करने वाला है ख़ाह काफ़िर नाख़ुश हों। (8)

वही है जिस ने अपने रसूल (स) को हिदायत और दीने हक़ के साथ भेजा ताकि उसे तमाम दीनों पर ग़ालिब कर दे और ख़ाह मुश्रिक नाख़ुश हों। (9)

ऐ ईमान वालो! क्या मैं तुम्हें ऐसी तिजारत बतलाऊँ? जो तुम्हें दर्दनाक अज़ाब से नजात दे। (10)

तुम ईमान लाओ अल्लाह पर और उस के रसूल (स) पर और तुम अल्लाह के रास्ते में अपने मालों और अपनी जानों से जिहाद करो, यह तुम्हारे लिए बेहतर है अगर तुम जानते हो। (11)

वह तुम्हारे गुनाह बख़्श देगा और तुम्हें बाग़ात में दाख़िल करेगा जिन के नीचे से नहरें बहती हैं। और हमेशा के बाग़ात में पाकीज़ा मकानात हैं, यह बड़ी कामयाबी है। (12)

और वह दूसरी जिसे तुम बहुत चाहते हो (यानि) अल्लाह से मदद और क़रीबी फ़तह, और आप (स) मोमिनों को ख़ुशख़बरी दीजिए। (13)

ऐ ईमान वालो! तुम हो जाओ अल्लाह के मददगार जैसे मरयम (अ) के बेटे ईसा (अ) ने हवारियों को कहा कि कौन है अल्लाह की तरफ़ मेरा मददगार? तो कहा हवारियों ने कि हम अल्लाह के मददगार हैं, पस बनी इस्राईल का एक गिरोह ईमान ले आया और कुफ़्र किया एक गिरोह ने, तो हम ने उन के दुश्मनों पर ईमान वालों की मदद की, सो वह ग़ालिब हो गए। (14)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

जो कुछ आस्मानों में और ज़मीन में है अल्लाह की पाकीज़गी बयान करता है, जो बादशाह हक़ीक़ी, कमाल दरजा पाक, ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (1)

वही है जिस ने अनपढ़ों में एक रसूल (स) उन ही में से भेजा, वह उन्हें उस की आयतें पढ़ कर सुनाता है और उन्हें (बुराइयों से) पाक करता है और उन्हें सिखाता है किताब और दानिश्मन्दी की बातें, और बेशक वह लोग उस से पहले खुली गुमराही में थे। (2)

और उन के अ़लावा (उन को भी) जो अभी उन से नहीं मिले, वह ग़ालिब, हिक्मत वाला है। (3)

यह अल्लाह का फ़ज़्ल है, वह जिस को चाहता है उसे देता है, और अल्लाह बड़े फ़ज़्ल वाला है। (4)

उन लोगों की मिसाल जिन पर तौरेत लादी (उतारी) गई, फिर उन्हों ने उसे उठाया गधे की तरह जो किताबें लादे हुए है (उस पर कारबन्द न हुए), उन लोगों की हालत बुरी है जिन्हों ने अल्लाह की आयतों को झुटलाया, और अल्लाह ज़ालिम लोगों को हिदायत नहीं देता। (5)

आप (स) फ़रमा दें: ऐ यहूदियो! अगर तुम्हें घमंड है कि तुम दूसरे लोगों के अ़लावा (सिर्फ़ और सिर्फ़ तुम) अल्लाह के दोस्त हो तो मौत की तमन्ना करो अगर तुम सच्चे हो। (6)

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا كُوْنُوْٓا اَنْصَارَ اللّٰهِ كَمَا قَالَ عِيْسَى ابْنُ مَرْيَمَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मरयम (अ) का बेटा | ईसा (अ) | कहा | जैसे | अल्लाह के मददगार | तुम हो जाओ | ईमान वालो | ऐ |

لِلْحَوَارِيّٖنَ مَنْ اَنْصَارِيْٓ اِلَى اللّٰهِ ؕ قَالَ الْحَوَارِيُّوْنَ نَحْنُ اَنْصَارُ اللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के मददगार | हम | हवारियों | कहा | अल्लाह की तरफ़ | मेरा मददगार | कौन | हवारियों को |

فَاٰمَنَتْ طَّآئِفَةٌ مِّنْۢ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ وَكَفَرَتْ طَّآئِفَةٌ ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| एक गिरोह | और कुफ़्र किया | बनी इस्राईल | से - का | एक गिरोह | तो ईमान लाया |

فَاَيَّدْنَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا عَلٰى عَدُوِّهِمْ فَاَصْبَحُوْا ظٰهِرِيْنَ ﴿١٤﴾ ع ٥ ٢ ١٠

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | ग़ालिब | सो वह हो गए | उन के दुश्मनों पर | ईमान वाले | तो हम ने मदद की |

## آيَاتُهَا ١١ ❀ (٦٢) سُوْرَةُ الْجُمُعَةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआ़त 2 | (62) सूरतुल जुमुअ़ह जुमा | आयात 11

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يُسَبِّحُ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْاَرْضِ الْمَلِكِ الْقُدُّوْسِ الْعَزِيْزِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग़ालिब | कमाल पाक | बादशाह हक़ीक़ी | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में | जो कुछ | पाकीज़गी बयान करता है अल्लाह की |

الْحَكِيْمِ ﴿١﴾ هُوَ الَّذِيْ بَعَثَ فِي الْاُمِّيّٖنَ رَسُوْلًا مِّنْهُمْ يَتْلُوْا عَلَيْهِمْ اٰيٰتِهٖ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस की आयतें | उन्हें | पढ़ कर सुनाता है | उन में से | एक रसूल (स) | अनपढ़ों में | उठाया (भेजा) | वही जिस ने | 1 | हिक्मत वाला |

وَيُزَكِّيْهِمْ وَيُعَلِّمُهُمُ الْكِتٰبَ وَالْحِكْمَةَ ۗ وَاِنْ كَانُوْا مِنْ قَبْلُ لَفِيْ ضَلٰلٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता गुमराही में | इस से क़ब्ल | और तहक़ीक़ वह थे | हिक्मत (दानिश्मन्दी की बातें) | किताब | और उन्हें सिखाता है | और वह उन्हें पाक करता है |

مُّبِيْنٍ ﴿٢﴾ وَّاٰخَرِيْنَ مِنْهُمْ لَمَّا يَلْحَقُوْا بِهِمْ ۗ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿٣﴾ ذٰلِكَ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | 3 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और वह | उन से | कि वह अभी नहीं मिले | उन के | और अ़लावा | 2 | खुली |

فَضْلُ اللّٰهِ يُؤْتِيْهِ مَنْ يَّشَآءُ ۗ وَاللّٰهُ ذُو الْفَضْلِ الْعَظِيْمِ ﴿٤﴾ مَثَلُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मिसाल | 4 | बड़े | फ़ज़्ल वाला | और अल्लाह | वह चाहता है | जिस को | वह देता है उसे | अल्लाह का फ़ज़्ल |

الَّذِيْنَ حُمِّلُوا التَّوْرٰىةَ ثُمَّ لَمْ يَحْمِلُوْهَا كَمَثَلِ الْحِمَارِ يَحْمِلُ اَسْفَارًا ۗ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किताबें | वह लादे हुए है | गधा | मिसाल की तरह | उन्हों ने न उठाया उसे | फिर | तौरात | उन पर लादी गई | जिन लोगों पर |

بِئْسَ مَثَلُ الْقَوْمِ الَّذِيْنَ كَذَّبُوْا بِاٰيٰتِ اللّٰهِ ؕ وَاللّٰهُ لَا يَهْدِي

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हिदायत नहीं देता | और अल्लाह | अल्लाह की आयतों को | उन्हों ने झुटलाया | जिन्हों ने | वह लोग | मिसाल (हालत) | बुरी |

الْقَوْمَ الظّٰلِمِيْنَ ﴿٥﴾ قُلْ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ هَادُوْٓا اِنْ زَعَمْتُمْ اَنَّكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कि तुम | तुम्हें ज़ओ़म (घमंड) है | अगर | यहूदियो | ऐ | आप (स) फ़रमा दें | 5 | ज़ालिम लोगों |

اَوْلِيَآءُ لِلّٰهِ مِنْ دُوْنِ النَّاسِ فَتَمَنَّوُا الْمَوْتَ اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِيْنَ ﴿٦﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | सच्चे | तुम हो | अगर | मौत | तो तुम तमन्ना करो | दूसरे लोगों के अ़लावा | से | अल्लाह के लिए | दोस्त |

وَلَا يَتَمَنَّوْنَهٗٓ اَبَدًاۢ بِمَا قَدَّمَتْ اَيْدِيْهِمْ ۗ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌۢ بِالظّٰلِمِيْنَ ﴿٧﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | ज़ालिमों को | खूब जानता है | और अल्लाह | उन के हाथों ने | भेजा आगे | उसके सबब जो | कभी भी | और वह उस की तमन्ना न करेंगे |

قُلْ اِنَّ الْمَوْتَ الَّذِیْ تَفِرُّوْنَ مِنْهُ فَاِنَّهٗ مُلٰقِيْكُمْ ثُمَّ تُرَدُّوْنَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम लौटाए जाओगे | फिर | तुम्हें मिलने वाली | तो बेशक वह | उस से | तुम भागते हो | जिस से | बेशक मौत | आप (स) फ़रमादें |

١ ع٨ ١١ اِلٰى عٰلِمِ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ فَيُنَبِّئُكُمْ بِمَا كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٨﴾ يٰٓاَيُّهَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | 8 | तुम करते थे | उस से जो | फिर वह तुम्हें आगाह कर देगा | और ज़ाहिर | तरफ़ (सामने) जानने वाला पोशीदा |

الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِذَا نُوْدِیَ لِلصَّلٰوةِ مِنْ يَّوْمِ الْجُمُعَةِ فَاسْعَوْا اِلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तरफ़ | तो तुम लपको | जुमा का दिन | से-की | नमाज़ के लिए | पुकारा जाए | जब | ईमान वालो |

ذِكْرِ اللّٰهِ وَذَرُوا الْبَيْعَ ۗ ذٰلِكُمْ خَيْرٌ لَّكُمْ اِنْ كُنْتُمْ تَعْلَمُوْنَ ﴿٩﴾ فَاِذَا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिर जब | 9 | तुम जानते हो | अगर | तुम्हारे लिए | बेहतर | यह | खरीद ओ फ़रोख़्त | और तुम छोड़ दो | अल्लाह की याद |

قُضِيَتِ الصَّلٰوةُ فَانْتَشِرُوْا فِی الْاَرْضِ وَابْتَغُوْا مِنْ فَضْلِ اللّٰهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह का फ़ज़्ल | से | और तुम तलाश करो | ज़मीन में | तो तुम फैल जाओ | नमाज़ | पूरी हो चुके |

وَاذْكُرُوا اللّٰهَ كَثِيْرًا لَّعَلَّكُمْ تُفْلِحُوْنَ ﴿١٠﴾ وَاِذَا رَاَوْا تِجَارَةً

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिजारत | वह देखते हैं | और जब | 10 | फ़लाह पाओ | ताकि तुम | बकसरत | और तुम याद करो अल्लाह को |

اَوْ لَهْوًا انْفَضُّوْٓا اِلَيْهَا وَتَرَكُوْكَ قَآئِمًا ۗ قُلْ مَا عِنْدَ اللّٰهِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के पास | जो | फ़रमा दें | खड़ा | और आप (स) को छोड़ जाते है | उस की तरफ़ | वह दौड़ जाते है | खेल तमाशा | या |

٢ ع٢ ١٢ خَيْرٌ مِّنَ اللَّهْوِ وَمِنَ التِّجَارَةِ ۗ وَاللّٰهُ خَيْرُ الرّٰزِقِيْنَ ﴿١١﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | रिज़्क़ देने वाला | बेहतर | और अल्लाह | तिजारत | और से | खेल तमाशा | से | बेहतर |

آيَاتُهَا ١١ ❀ (٦٣) سُوْرَةُ الْمُنٰفِقُوْنَ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

आयात 11 — (63) सूरतुल मुनाफ़िक़ून — रुकूआत 2

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

وقف لازم اِذَا جَآءَكَ الْمُنٰفِقُوْنَ قَالُوْا نَشْهَدُ اِنَّكَ لَرَسُوْلُ اللّٰهِ ۘ وَاللّٰهُ يَعْلَمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जानता है | और अल्लाह | अलबत्ता अल्लाह के रसूल | बेशक आप (स) | हम गवाही देते हैं | वह कहते हैं | मुनाफ़िक़ | जब आप (स) के पास आते हैं |

اِنَّكَ لَرَسُوْلُهٗ ۗ وَاللّٰهُ يَشْهَدُ اِنَّ الْمُنٰفِقِيْنَ لَكٰذِبُوْنَ ﴿١﴾ اِتَّخَذُوْٓا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन्हों ने पकड़ा (बना लिया) | 1 | अलबत्ता झूटे | मुनाफ़िक़ (जमा) | बेशक | गवाही देता है | और अल्लाह | अलबत्ता उसके रसूल (स) | यक़ीनन आप (स) |

اَيْمَانَهُمْ جُنَّةً فَصَدُّوْا عَنْ سَبِيْلِ اللّٰهِ ۗ اِنَّهُمْ سَآءَ مَا كَانُوْا يَعْمَلُوْنَ ﴿٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | वह करते हैं | बुरा जो | बेशक वह | अल्लाह का रास्ता | से | पस वह रोकते हैं | ढाल | अपनी क़समों को |

ذٰلِكَ بِاَنَّهُمْ اٰمَنُوْا ثُمَّ كَفَرُوْا فَطُبِعَ عَلٰى قُلُوْبِهِمْ فَهُمْ لَا يَفْقَهُوْنَ ﴿٣﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नहीं समझते | पस वह | उन के दिल | पर | तो मुह्‌र लगादी गई | फिर उन्हों ने कुफ़्र किया | ईमान लाए | इस लिए कि वह | यह |

और उस के सबब जो उन के हाथों ने आगे भेजा है वह कभी भी मौत की तमन्ना न करेंगे, और अल्लाह ज़ालिमों को खूब जानता है। (7) आप (स) फ़रमा दें: बेशक जिस मौत से तुम भागते हो वह यक़ीनन तुम्हें मिलने वाली है (आ पकड़ेगी) फिर तुम उस के सामने लौटाए जाओगे जो जानने वाला है पोशीदा और ज़ाहिर का, फिर वह तुम्हें उस से आगाह कर देगा जो तुम करते थे। (8) ऐ ईमान वालो! जब पुकारा जाए (अज़ान दी जाए) जुमा के दिन नमाज़े (जुमा) के लिए तो तुम (फ़ौरन) अल्लाह की याद के लिए लपको और खरीद ओ फ़रोख़्त छोड़ दो, यह बेहतर है तुम्हारे लिए अगर तुम जानते हो। (9) फिर जब नमाज़ पूरी हो चुके तो तुम ज़मीन में फैल जाओ और तलाश करो अल्लाह का फ़ज़्ल (रोज़ी) और तुम अल्लाह को बकस्रत याद करो ताकि तुम फ़लाह पाओ। (10) और जब वह देखते हैं तिजारत या खेल तमाशा तो वह उस की तरफ़ दौड़ जाते हैं और आप (स) को खड़ा छोड़ जाते हैं, आप (स) फ़रमा दें कि जो अल्लाह के पास है वह बेहतर है खेल तमाशे से और तिजारत से, और अल्लाह सब से बेहतर रिज़्क़ देने वाला। (11)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेह्‌रबान, रह्‌म करने वाला है

जब मुनाफ़िक़ आप (स) के पास आते हैं तो कहते हैं: हम गवाही देते हैं कि बेशक आप अल्लाह के रसूल (स) हैं और अल्लाह जानता है कि यक़ीनन आप (स) उस के रसूल हैं, और अल्लाह गवाही देता है कि बेशक मुनाफ़िक़ झूटे हैं। (1) उन्हों ने अपनी क़समों को ढाल बना लिया है, पस वह (दूसरों को भी) रोकते हैं अल्लाह के रास्ते से, बेशक बुरा है जो वह करते हैं। (2) यह इस लिए है कि वह ईमान लाए, फिर उन्हों ने कुफ़्र किया तो मुह्‌र लगा दी गई उन के दिलों पर, पस वह नहीं समझते। (3)

और जब आप (स) उन्हें देखें तो उन के जिस्म आप (स) को ख़ुशनुमा मालूम हों, और अगर वह बात करें तो आप (स) उन की बातों को (ग़ौर से) सुनें, गोया कि वह लकड़ियां हैं दीवार (के सहारे) लगाई हुई, वह हर बुलन्द आवाज़ को अपने ऊपर गुमान करते हैं, वह दुश्मन हैं, पस आप (स) उन से बचें, अल्लाह उन्हें ग़ारत करे, वह कहां फिरे जाते हैं। (4)
और जब उन से कहा जाए कि आओ, बख़्शिश की दुआ करें अल्लाह के रसूल (स) तुम्हारे लिए तो वह अपने सरों को फेर लेते हैं और आप (स) उन्हें देखें तो वह मुँह फेर लेते हैं और वह बड़ा ही तकब्बुर करने वाले हैं। (5)
उन पर (उन के हक़ में) बराबर है कि आप (स) उन के लिए बख़्शीश मांगें या न मांगें, अल्लाह उन्हें हरगिज न बख़्शेगा, बेशक अल्लाह नाफ़रमान लोगों को हिदायत नहीं देता। (6)
वही लोग हैं जो कहते हैं कि तुम उन लोगों पर ख़र्च न करो जो अल्लाह के रसूल (स) के पास हैं यहां तक कि वह मुन्तशिर हो जाएं, और आस्मानों और जमीन के ख़ज़ाने अल्लाह के लिए हैं और लेकिन मुनाफ़िक़ समझते नहीं। (7)
वह कहते हैं: अगर हम मदीने की तरफ़ लौट कर गए तो इज़्ज़तदार (मुनाफ़िक़) निहायत ज़लील को वहां से निकाल देगा, और इज़्ज़त तो अल्लाह और उस के रसूल (स) और मोमिनों के लिए है और लेकिन मुनाफ़िक़ नहीं जानते। (8)
ऐ ईमान वालो! तुम्हारे माल और तुम्हारी औलाद तुम्हें अल्लाह की याद से ग़ाफ़िल न कर दें, और जो यह करेंगे तो वही लोग ख़सारे में पड़ने वाले हैं। (9)
और हम ने तुम्हें जो दिया है उस में से खर्च करो उस से क़ब्ल कि आजाए तुम में से किसी को मौत तो वह कहे कि ऐ मेरे रब! तू ने मुझे क्यों एक करीबी मुद्दत तक मोहलत न दी? तो मैं सदक़ा करता और मैं नेकोकारों में से होता। (10)
और जब उस की अजल आगई तो अल्लाह हरगिज किसी को ढील न देगा, और अल्लाह उस से बाख़बर है जो तुम करते हो। (11)

وَاِذَا رَاَيْتَهُمْ تُعْجِبُكَ اَجْسَامُهُمْ ۭ وَاِنْ يَّقُوْلُوْا تَسْمَعْ لِقَوْلِهِمْ ۭ كَاَنَّهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गोया कि वह | उन की बातें | आप सुनें | और अगर वह बात करें | उन के जिस्म | तो आप को ख़ुशनुमा मालूम हों | आप (स) उन्हें देखें | और जब |

خُشُبٌ مُّسَنَّدَةٌ ۭ يَحْسَبُوْنَ كُلَّ صَيْحَةٍ عَلَيْهِمْ ۭ هُمُ الْعَدُوُّ فَاحْذَرْهُمْ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस आप (स) उन से बचें | दुश्मन | वह | अपने ऊपर | हर बुलन्द आवाज़ | वह गुमान करते हैं | दीवार से लगाई हुई | लकड़ियां |

قٰتَلَهُمُ اللّٰهُ ۡ اَنّٰى يُؤْفَكُوْنَ ﴿٤﴾ وَاِذَا قِيْلَ لَهُمْ تَعَالَوْا يَسْتَغْفِرْ لَكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | बख़्शिश की दुआ करें | तुम आओ | कहा जाए उन से | और जब | 4 | वह फिरे जाते हैं | कहां | उन्हें मारे (ग़ारत करे) अल्लाह |

رَسُوْلُ اللّٰهِ لَوَّوْا رُءُوْسَهُمْ وَرَاَيْتَهُمْ يَصُدُّوْنَ وَهُمْ مُّسْتَكْبِرُوْنَ ﴿٥﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | बड़ा ही तकब्बुर करने वाले हैं | और वह | वह रुकते हैं | और आप (स) उन्हें देखें | अपने सरों को | वह फेर लेते हैं | अल्लाह के रसूल |

سَوَآءٌ عَلَيْهِمْ اَسْتَغْفَرْتَ لَهُمْ اَمْ لَمْ تَسْتَغْفِرْ لَهُمْ ۭ لَنْ يَّغْفِرَ اللّٰهُ لَهُمْ ۭ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन को | हरगिज़ नही बख़्शेगा अल्लाह | उन के लिए | आप (स) न बख़्शिश मांगें | या | उन के लिए | आप (स) बख़्शिश मांगें | उन पर | बराबर |

اِنَّ اللّٰهَ لَا يَهْدِى الْقَوْمَ الْفٰسِقِيْنَ ﴿٦﴾ هُمُ الَّذِيْنَ يَقُوْلُوْنَ لَا تُنْفِقُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न खर्च करो तुम | वह कहते हैं | वह लोग जो | वही | 6 | नाफ़रमान लोग | हिदायत नही देता | बेशक अल्लाह |

عَلٰى مَنْ عِنْدَ رَسُوْلِ اللّٰهِ حَتّٰى يَنْفَضُّوْا ۭ وَلِلّٰهِ خَزَآئِنُ السَّمٰوٰتِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्मानों | और अल्लाह के लिए ख़ज़ाने | वह मुन्तशिर हो जाएं | यहां तक कि | अल्लाह के रसूल | पास | जो | पर |

وَالْاَرْضِ وَلٰكِنَّ الْمُنٰفِقِيْنَ لَا يَفْقَهُوْنَ ﴿٧﴾ يَقُوْلُوْنَ لَئِنْ رَّجَعْنَآ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर हम लौट कर गए | वह कहते हैं | 7 | वह नही समझते | मुनाफ़िक़ (जमा) | और लेकिन | और ज़मीन |

اِلَى الْمَدِيْنَةِ لَيُخْرِجَنَّ الْاَعَزُّ مِنْهَا الْاَذَلَّ ۭ وَلِلّٰهِ الْعِزَّةُ وَلِرَسُوْلِهٖ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसके रसूल (स) के लिए | और अल्लाह के लिए इज़्ज़त | निहायत ज़लील | वहां से | इज़्ज़तदार | ज़रूर निकाल देगा | मदीने की तरफ़ |

وَلِلْمُؤْمِنِيْنَ وَلٰكِنَّ الْمُنٰفِقِيْنَ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٨﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ع ١ ٨ ١٣

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ईमान वालो | ऐ | 8 | नहीं जानते | मुनाफ़िक़ (जमा) | और लेकिन | और मोमिनों के लिए |

لَا تُلْهِكُمْ اَمْوَالُكُمْ وَلَآ اَوْلَادُكُمْ عَنْ ذِكْرِ اللّٰهِ ۚ وَمَنْ يَّفْعَلْ ذٰلِكَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यह | करगा | और जो | अल्लाह की याद | से | और न तुम्हारी औलाद | तुम्हारे माल | तुम्हें ग़ाफ़िल न कर दें |

فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْخٰسِرُوْنَ ﴿٩﴾ وَاَنْفِقُوْا مِنْ مَّا رَزَقْنٰكُمْ مِّنْ قَبْلِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस से क़ब्ल | जो हम ने तुम्हें दिया | से | और तुम ख़र्च करो | 9 | ख़सारा पाने वाले | वह | तो वही लोग |

اَنْ يَّاْتِىَ اَحَدَكُمُ الْمَوْتُ فَيَقُوْلَ رَبِّ لَوْلَآ اَخَّرْتَنِىْٓ اِلٰٓى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तक | तू ने मुझे मोहलत दी | क्यों न | ऐ मेरे रब | तो वह कहे | मौत | तुम में से किसी को | कि आजाए |

اَجَلٍ قَرِيْبٍ ۙ فَاَصَّدَّقَ وَاَكُنْ مِّنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿١٠﴾ وَلَنْ يُّؤَخِّرَ اللّٰهُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और हरगिज़ ढील न देगा अल्लाह | 10 | नेकोकारों | से | और मैं होता | तो मैं सदक़ा करता | एक क़रीब की मुद्दत |

نَفْسًا اِذَا جَآءَ اَجَلُهَا ۭ وَاللّٰهُ خَبِيْرٌۢ بِمَا تَعْمَلُوْنَ ﴿١١﴾ ع ٢ ١٣

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | तुम करते हो | उस से जो | बाख़बर | और अल्लाह | उस की अजल | जब आगई | किसी को |

## آيَاتُهَا ١٨ ۞ (٦٤) سُوْرَةُ التَّغَابُنِ ۞ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2 | (64) सूरतुत तग़ाबुन हार जीत | आयात 18

### بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يُسَبِّحُ لِلّٰهِ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَمَا فِي الْأَرْضِ لَهُ الْمُلْكُ وَلَهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसी के लिए | बादशाही | उसी के लिए | ज़मीन में | और जो | आस्मानों में | जो | पाकीज़गी बयान करता है अल्लाह की |

الْحَمْدُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَيْءٍ قَدِيْرٌ ﴿١﴾ هُوَ الَّذِيْ خَلَقَكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें पैदा किया | वही जिस ने | 1 | कुदरत रखने वाला | हर शै | पर | और वह | तमाम तारीफ़ें |

فَمِنْكُمْ كَافِرٌ وَّمِنْكُمْ مُّؤْمِنٌ وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ ﴿٢﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | देखने वाला | तुम करते हो | उस को जो | और अल्लाह | कोई मोमिन | और तुम में से | कोई काफ़िर | तो तुम में से |

خَلَقَ السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضَ بِالْحَقِّ وَصَوَّرَكُمْ فَأَحْسَنَ صُوَرَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें सूरतें दीं | तो बहुत अच्छी | और तुम्हें सूरतें दीं | हक़ के साथ | और ज़मीन | आस्मानों | उस ने पैदा किया |

وَإِلَيْهِ الْمَصِيْرُ ﴿٣﴾ يَعْلَمُ مَا فِي السَّمٰوٰتِ وَالْأَرْضِ وَيَعْلَمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जानता है | और ज़मीन | आस्मानों में | जो | वह जानता है | 3 | वापसी | और उसी की तरफ़ |

مَا تُسِرُّوْنَ وَمَا تُعْلِنُوْنَ وَاللّٰهُ عَلِيْمٌ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿٤﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | दिलों के भेद | जानने वाला | और अल्लाह | और जो तुम ज़ाहिर करते हो | जो तुम छुपाते हो |

أَلَمْ يَأْتِكُمْ نَبَؤُا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْ قَبْلُ فَذَاقُوْا وَبَالَ أَمْرِهِمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने काम | वबाल | तो उन्हों ने चख लिया | इस से क़ब्ल | जिन लोगों ने कुफ़्र किया | ख़बर | क्या नहीं आई तुम्हारे पास |

وَلَهُمْ عَذَابٌ أَلِيْمٌ ﴿٥﴾ ذٰلِكَ بِأَنَّهُ كَانَتْ تَّأْتِيْهِمْ رُسُلُهُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के रसूल | आते थे उनके पास | इस लिए कि वह | यह | 5 | अज़ाब दर्दनाक | और उन के लिए |

بِالْبَيِّنٰتِ فَقَالُوْا أَبَشَرٌ يَّهْدُوْنَنَا فَكَفَرُوْا وَتَوَلَّوْا وَّاسْتَغْنَى

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और बेनियाज़ी फ़रमाई | और वह फिर गए | तो उन्हों ने कुफ़्र किया | वह हिदायत देते हैं हमें | क्या बशर | तो वह कहते | वाज़ेह निशानियों के साथ |

اللّٰهُ وَاللّٰهُ غَنِيٌّ حَمِيْدٌ ﴿٦﴾ زَعَمَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا أَنْ لَّنْ يُّبْعَثُوْا

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह हरगिज़ न उठाए जाएंगे | कि | वह काफ़िर हुए | उन लोगों ने जो | दावा किया | 6 | सतौदा सिफ़ात | बेनियाज़ | और अल्लाह | अल्लाह |

قُلْ بَلٰى وَرَبِّيْ لَتُبْعَثُنَّ ثُمَّ لَتُنَبَّؤُنَّ بِمَا عَمِلْتُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जो तुम करते थे | फिर अलबत्ता तुम्हें ज़रूर जतलाया जाएगा | अलबत्ता तुम ज़रूर उठाए जाओगे | मेरे रब की क़सम | हाँ | फ़रमा दें |

وَذٰلِكَ عَلَى اللّٰهِ يَسِيْرٌ ﴿٧﴾ فَآمِنُوْا بِاللّٰهِ وَرَسُوْلِهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस के रसूल (स) | अल्लाह पर | पस तुम ईमान लाओ | 7 | आसान | अल्लाह पर | और यह |

وَالنُّوْرِ الَّذِيْ أَنْزَلْنَا وَاللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ خَبِيْرٌ ﴿٨﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | बाख़बर | जो तुम करते हो उस से | और अल्लाह | हम ने नाज़िल किया | वह जो | और नूर |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

अल्लाह की पाकीज़गी बयान करता है जो भी आस्मानों में और जो भी ज़मीन में है, उसी के लिए है बादशाही और उसी के लिए हैं तमाम तारीफ़ें, और वह हर शै पर कुदरत रखने वाला है। (1) वही है जिस ने तुम्हें पैदा किया, सो तुम में से कोई काफ़िर है और तुम में से कोई मोमिन है, और अल्लाह जो तुम करते हो उस का है देखने वाला। (2) उस ने आस्मानों और ज़मीन को हक़ (दुरुस्त तदबीर) के साथ पैदा किया और तुम्हें सूरतें दीं तो तुम्हें बहुत ही अच्छी सूरतें दीं, और उसी की तरफ़ वापसी है। (3) वह जानता है जो कुछ आस्मानों में और ज़मीन में है और वह जानता है जो कुछ तुम छुपाते हो और जो तुम ज़ाहिर करते हो, और अल्लाह दिलों के भेद जानने वाला है। (4) क्या तुम्हारे पास उन लोगों की ख़बर नहीं आई जिन्हों ने इस से पहले कुफ़्र किया, तो उन्हों ने वबाल चख लिया अपने काम का, और उन के लिए दर्दनाक अज़ाब है। (5) यह इस लिए हुआ कि उन के पास रसूल वाज़ेह निशानियों के साथ आते थे तो वह कहते थेः क्या बशर हिदायत देते हैं हमें? तो उन्हों ने कुफ़्र किया और फिर गए, और अल्लाह ने बेनियाज़ी फ़रमाई और अल्लाह बेनियाज़ सतौदा सिफ़ात (सज़ावारे हम्द) है। (6) उन लोगों ने दावा किया जो काफ़िर हुए कि वह हरगिज़ (दोबारा) नहीं उठाए जाएंगे। आप (स) फ़रमा दें, हाँ! क्यों नहीं! मेरे रब की क़सम! तुम ज़रूर उठाए जाओगे, फिर तुम्हें जतला दिया जाएगा जो तुम करते थे, और यह अल्लाह पर आसान है। (7) पस तुम अल्लाह और उस के रसूल पर ईमान ले आओ और उस नूर पर जो हम ने नाज़िल किया है, और तुम जो कुछ करते हो अल्लाह उस से बाख़बर है। (8)

जिस दिन वह तुम्हें जमा करेगा (यानि) क़ियामत के दिन, यह हार जीत का दिन है, और जो अल्लाह पर ईमान लाए और अच्छे काम करे तो वह (अल्लाह) उस से उस की बुराइयां दूर कर देगा और उसे (उन) बाग़ात में दाख़िल करेगा जिन के नीचे नहरें जारी हैं, वह उन में हमेशा हमेशा रहेंगे, यह बड़ी कामयाबी है। (9)
और जिन लोगों ने कुफ़्र किया और हमारी आयतों को झुटलाया यही लोग दोज़ख़ वाले हैं, उस में हमेशा रहेंगे और यह है बुरी पलटने की जगह। (10)
कोई मुसीबत नहीं पहुँचती मगर अल्लाह के इज्न से, और जो शख़्स अल्लाह पर ईमान लाता है वह उस के दिल को हिदायत देता है, और अल्लाह हर शै को जानने वाला है। (11)
और तुम अल्लाह की इताअत करो और रसूल (स) की इताअत करो, फिर अगर तुम फिर गए तो इस के सिवा नहीं कि हमारे रसूल (स) के ज़िम्मे साफ़ साफ़ पहुँचा देना है। (12)
अल्लाह - उस के सिवा कोई माबूद नहीं, पस मोमिनों को अल्लाह पर भरोसा करना चाहिए। (13)
ऐ ईमान वालो! बेशक तुम्हारी बाज़ बीवियां और तुम्हारी बाज़ औलाद तुम्हारे (दीन के) दुश्मन हैं, पस तुम उन से बचो, और अगर तुम माफ़ कर दो और दरगुज़र करो और तुम बख़्श दो तो बेशक अल्लाह बख़्शने वाला, मेह्रबान है। (14)
इस के सिवा नहीं कि तुम्हारे माल और तुम्हारी औलाद आज़माइश हैं, और अल्लाह के पास बड़ा अजर है। (15)
पस जहां तक हो सके तुम अल्लाह से डरो और सुनो और इताअत करो और ख़र्च करो (यह) तुम्हारे हक़ में बेहतर है, और जो अपने नफ़्स की बख़ीली से बचा लिया गया तो यही लोग फ़लाह (दो जहान में कामयाबी) पाने वाले हैं। (16)
अगर तुम अल्लाह को क़र्ज़े हस्ना दोगे तो वह तुम्हारे लिए उसे दो चन्द कर देगा और तुम्हें बख़्शदेगा, और अल्लाह क़द्र शनास, बुर्दबार है। (17)
(वह) जानने वाला है पोशीदा और ज़ाहिर का, ग़ालिब, हिक्मत वाला। (18)

يَوْمَ يَجْمَعُكُمْ لِيَوْمِ الْجَمْعِ ذٰلِكَ يَوْمُ التَّغَابُنِ ۗ وَمَنْ يُّؤْمِنْ بِاللّٰهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह पर | वह ईमान लाए | और जो | खोने या पाने (हार जीत) का दिन | यह | जमा होने (क़ियामत) के दिन | वह जमा करेगा तुम्हें | जिस दिन |

وَيَعْمَلْ صَالِحًا يُّكَفِّرْ عَنْهُ سَيِّاٰتِهٖ وَيُدْخِلْهُ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जारी हैं | बाग़ात | और वह उसे दाख़िल करेगा | उस की बुराइयां | उस से | वह दूर कर देगा | अच्छे | और वह काम करे |

مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ۗ ذٰلِكَ الْفَوْزُ الْعَظِيْمُ ﴿٩﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | बड़ी कामयाबी | यह | हमेशा | उन में | हमेशा रहेंगे | नहरें | उन के नीचे |

وَالَّذِيْنَ كَفَرُوْا وَكَذَّبُوْا بِاٰيٰتِنَآ اُولٰٓئِكَ اَصْحٰبُ النَّارِ خٰلِدِيْنَ فِيْهَا ۗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस में | हमेशा रहेंगे | दोज़ख़ वाले | यही लोग | हमारी आयतों को | और उन्हों ने झुटलाया | और जिन लोगों ने कुफ़्र किया |

وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ﴿١٠﴾ مَآ اَصَابَ مِنْ مُّصِيْبَةٍ اِلَّا بِاِذْنِ اللّٰهِ ۗ وَمَنْ ع ١ ١٠ ١٥

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | अल्लाह के इज्न से | मगर | कोई मुसीबत | नहीं पहुँची | 10 | पलटने की जगह (ठिकाना) | और बुरी |

يُّؤْمِنْ بِاللّٰهِ يَهْدِ قَلْبَهٗ ۗ وَاللّٰهُ بِكُلِّ شَىْءٍ عَلِيْمٌ ﴿١١﴾ وَاَطِيْعُوا اللّٰهَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम इताअ़त करो अल्लाह की | 11 | जानने वाला | हर शै को | और अल्लाह | उस का दिल | हिदायत देता है | अल्लाह पर | वह ईमान लाता है |

وَاَطِيْعُوا الرَّسُوْلَ ۚ فَاِنْ تَوَلَّيْتُمْ فَاِنَّمَا عَلٰى رَسُوْلِنَا الْبَلٰغُ الْمُبِيْنُ ﴿١٢﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | साफ़ साफ़ पहुँचा देना | हमारे रसूल (स) पर ज़िम्मे | तो इस के सिवा नहीं | फिर गए तुम | फिर अगर | और इताअ़त करो रसूल (स) की |

اَللّٰهُ لَآ اِلٰهَ اِلَّا هُوَ ۗ وَعَلَى اللّٰهِ فَلْيَتَوَكَّلِ الْمُؤْمِنُوْنَ ﴿١٣﴾ يٰٓاَيُّهَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ऐ | 13 | ईमान वाले | पस भरोसा करना चाहिए | और अल्लाह पर | उस के सिवा | नहीं कोई माबूद | अल्लाह |

الَّذِيْنَ اٰمَنُوْٓا اِنَّ مِنْ اَزْوَاجِكُمْ وَاَوْلَادِكُمْ عَدُوًّا لَّكُمْ فَاحْذَرُوْهُمْ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस तुम उन से बचो | तुम्हारे लिए | दुश्मन | और तुम्हारी औलाद | तुम्हारी बीवियां | से | बेशक | ईमान वालो |

وَاِنْ تَعْفُوْا وَتَصْفَحُوْا وَتَغْفِرُوْا فَاِنَّ اللّٰهَ غَفُوْرٌ رَّحِيْمٌ ﴿١٤﴾ اِنَّمَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इस के सिवा नहीं | 14 | मेह्रबान | बख़्शने वाला | तो बेशक अल्लाह | और तुम बख़्श दो | और तुम दरगुज़र करो | तुम माफ़ कर दो | और अगर |

اَمْوَالُكُمْ وَاَوْلَادُكُمْ فِتْنَةٌ ۗ وَاللّٰهُ عِنْدَهٗٓ اَجْرٌ عَظِيْمٌ ﴿١٥﴾ فَاتَّقُوا اللّٰهَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पस तुम डरो अल्लाह से | 15 | बड़ा अजर | उस के पास | और अल्लाह | आज़माइश | और तुम्हारी औलाद | तुम्हारे माल |

مَا اسْتَطَعْتُمْ وَاسْمَعُوْا وَاَطِيْعُوْا وَاَنْفِقُوْا خَيْرًا لِّاَنْفُسِكُمْ ۗ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे हक़ में | बेहतर | और तुम ख़र्च करो | और तुम इताअ़त करो | और तुम सुनो | जहां तक तुम से हो सके |

وَمَنْ يُّوْقَ شُحَّ نَفْسِهٖ فَاُولٰٓئِكَ هُمُ الْمُفْلِحُوْنَ ﴿١٦﴾ اِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर | 16 | फ़लाह पाने वाले | वह | तो यही लोग | अपनी जान | बख़ीली | बचा लिया गया | और जो |

تُقْرِضُوا اللّٰهَ قَرْضًا حَسَنًا يُّضٰعِفْهُ لَكُمْ وَيَغْفِرْ لَكُمْ ۗ وَاللّٰهُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और अल्लाह | और वह तुम्हें बख़्श देगा | तुम्हारे लिए | वह उस दो चन्द करदेगा | क़र्ज़ हस्ना | तुम क़र्ज़ दोगे अल्लाह को |

شَكُوْرٌ حَلِيْمٌ ﴿١٧﴾ عٰلِمُ الْغَيْبِ وَالشَّهَادَةِ الْعَزِيْزُ الْحَكِيْمُ ﴿١٨﴾ ع ٢ ٨ ١٦

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | हिक्मत वाला | ग़ालिब | और ज़ाहिर | ग़ैब का जानने वाला | 17 | बुर्दबार | क़द्र शनास |

## آيَاتُهَا ١٢ ❀ (٦٥) سُوْرَةُ الطَّلَاقِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकुआत 2 (65) सूरतुत तलाक़ आयात 12

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يٰٓاَيُّهَا النَّبِيُّ اِذَا طَلَّقْتُمُ النِّسَآءَ فَطَلِّقُوْهُنَّ لِعِدَّتِهِنَّ وَاَحْصُوا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम शुमार रखो | उन की इद्दत के लिए | तो उन्हें तलाक़ दो | औरतों | तुम तलाक़ दो | जब | ऐ नबी (स) |

الْعِدَّةَ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ رَبَّكُمْ ۚ لَا تُخْرِجُوْهُنَّ مِنْۢ بُيُوْتِهِنَّ وَلَا يَخْرُجْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और न वह (ख़ुद) निकलें | उन के घरों | से | तुम न निकालो उन्हें | तुम्हारा रब | और तुम डरो अल्लाह से | इद्दत |

اِلَّآ اَنْ يَّاْتِيْنَ بِفَاحِشَةٍ مُّبَيِّنَةٍ ۗ وَتِلْكَ حُدُوْدُ اللّٰهِ ۗ وَمَنْ يَّتَعَدَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगे निकलेगा | और जो | अल्लाह की हुदूद | और यह | खुली | बेहयाई | यह कि वह करें | मगर |

حُدُوْدَ اللّٰهِ فَقَدْ ظَلَمَ نَفْسَهٗ ۗ لَا تَدْرِيْ لَعَلَّ اللّٰهَ يُحْدِثُ بَعْدَ ذٰلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद | वह पैदा कर दे | मुमकिन है कि अल्लाह | तुम्हें खबर नहीं | अपनी जान | तो तहक़ीक़ उस ने ज़ुल्म किया | अल्लाह की हुदूद |

اَمْـرًا ﴿١﴾ فَاِذَا بَلَغْنَ اَجَلَهُنَّ فَاَمْسِكُوْهُنَّ بِمَعْرُوْفٍ اَوْ فَارِقُوْهُنَّ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम उन्हें जुदा कर दो | या | अच्छे तरीक़े से | तो उन को रोक लो | अपनी मीआद | वह पहुँच जाएं | फिर जब | 1 | कोई और बात |

بِمَعْرُوْفٍ وَّاَشْهِدُوْا ذَوَيْ عَدْلٍ مِّنْكُمْ وَاَقِيْمُوا الشَّهَادَةَ لِلّٰهِ ۗ ذٰلِكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यही है | गवाही अल्लाह के लिए | और तुम क़ाइम करो | अपने में से | दो (2) इंसाफ़ पसंद | और तुम गवाह कर लो | अच्छे तरीक़े से |

يُوْعَظُ بِهٖ مَنْ كَانَ يُؤْمِنُ بِاللّٰهِ وَالْيَوْمِ الْاٰخِرِ ۗ وَمَنْ يَّتَّقِ اللّٰهَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वह अल्लाह से डरता है | और जो | और आख़िरत का दिन | अल्लाह पर | जो ईमान रखता है | जिस की नसीहत की जाती है |

يَجْعَلْ لَّهٗ مَخْرَجًا ﴿٢﴾ وَّيَرْزُقْهُ مِنْ حَيْثُ لَا يَحْتَسِبُ ۗ وَمَنْ يَّتَوَكَّلْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह भरोसा करता है | और जो | उसे गुमान नहीं होता | जहां से | और वह उसे रिज़्क़ देता है | 2 | नजात की राह | वह उस के लिए निकाल देता है |

عَلَى اللّٰهِ فَهُوَ حَسْبُهٗ ۗ اِنَّ اللّٰهَ بَالِغُ اَمْرِهٖ ۗ قَدْ جَعَلَ اللّٰهُ لِكُلِّ شَيْءٍ قَدْرًا ﴿٣﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | अन्दाज़ा | हर शान के लिए | बेशक कर रखा है अल्लाह | अपना काम | पहुँचने (पूरा करने) वाला | बेशक अल्लाह | उस के लिए काफ़ी है | तो वह | अल्लाह पर |

وَالّٰٓئِيْ يَئِسْنَ مِنَ الْمَحِيْضِ مِنْ نِّسَآئِكُمْ اِنِ ارْتَبْتُمْ فَعِدَّتُهُنَّ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो उन की इद्दत | अगर तुम्हें शुबाह हो | तुम्हारी बीवियां | से | हैज़ | से | ना उम्मीद हो गई हों | और जो औरतें |

ثَلٰثَةُ اَشْهُرٍ وَّالّٰٓئِيْ لَمْ يَحِضْنَ ۗ وَاُولَاتُ الْاَحْمَالِ اَجَلُهُنَّ اَنْ يَّضَعْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि वज़अ हो जाएं | उन की इद्दत | और हम्ल वालियां | उन्हें हैज़ नहीं आया | और जो | महीने | तीन |

حَمْلَهُنَّ ۗ وَمَنْ يَّتَّقِ اللّٰهَ يَجْعَلْ لَّهٗ مِنْ اَمْرِهٖ يُسْرًا ﴿٤﴾ ذٰلِكَ اَمْرُ اللّٰهِ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्लाह के हुक्म | यह | 4 | आसानी | उस के काम में | उस के लिए | वह कर देगा | अल्लाह से डरेगा | और जो | उन के हम्ल |

اَنْزَلَهٗٓ اِلَيْكُمْ ۗ وَمَنْ يَّتَّقِ اللّٰهَ يُكَفِّرْ عَنْهُ سَيِّاٰتِهٖ وَيُعْظِمْ لَهٗٓ اَجْرًا ﴿٥﴾

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | अजर | उस को | और बड़ा देगा | उस की बुराइयां | उस से | वह दूर कर देगा | अल्लाह से डरेगा | और जो | तुम्हारी तरफ़ | उस ने यह उतारा है |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

ऐ नबी (स)! जब तुम औरतों को तलाक़ दो तो उन्हें उन की इद्दत के लिए तलाक़ दो और तुम इद्दत का शुमार रखो, और तुम डरो अल्लाह से जो तुम्हारा रब है, तुम उन्हें उन के घरों से न निकालो और न वह ख़ुद निकलें, मगर यह कि वह खुली बेहयाई की मुरतकिब हों, और यह अल्लाह की हुदूद हैं, और जो अल्लाह की हदों से आगे निकलेगा (तजावुज़ करेगा) तो तहक़ीक़ उस ने अपनी जान पर ज़ुल्म किया, तुम्हें खबर नहीं कि शायद अल्लाह उस के बाद (रुजूअ की) कोई और बात (सबील) पैदा कर दे। (1) फिर जब वह पहुँच जाएं अपनी मीआद तो उन्हें अच्छे तरीक़े से रोक लो या उन्हें अच्छे तरीक़े से जुदा (रुख़्सत) कर दो, और अपने में से दो (2) इंसाफ़ पसंद गवाह कर लो और तुम (सिर्फ़) अल्लाह के लिए गवाही दो, यही है जिस की (हर उस शख़्स को) नसीहत की जाती है जो अल्लाह और आख़िरत के दिन पर ईमान रखता है, और जो अल्लाह से डरता है तो वह उस के लिए नजात (मुख़्लिसी) की राह निकाल देता है। (2) और वह उसे रिज़्क़ देता है जहां से उसे गुमान (भी) नहीं होता, और जो अल्लाह पर भरोसा करता है तो वह उस के लिए काफ़ी है, बेशक अल्लाह अपने काम पूरे करने वाला है, बेशक अल्लाह ने हर बात के लिए अन्दाज़ा मुक़र्रर किया है। (3) और जो हैज़ से ना उम्मीद हो गई हों तुम्हारी बीवियों में से, अगर तुम्हें शुब्हा हो तो उन की इद्दत तीन महीने है और (यही हुक्म कमसिन के लिए भी है) जिन्हें हैज़ नहीं आया। और हम्ल वालियों की इद्दत उन के वज़अ हम्ल (बच्चा जनने) तक है और जो अल्लाह से डरेगा तो वह उस के लिए उस के काम में आसानी कर देगा। (4) यह अल्लाह के हुक्म हैं, उस ने तुम्हारी तरफ़ उतारे हैं और जो अल्लाह से डरेगा वह उस की बुराइयां उस से दूर फ़रमा देगा और उस को बड़ा अजर देगा। (5)

اَسْكِنُوْهُنَّ مِنْ حَيْثُ سَكَنْتُمْ مِّنْ وُّجْدِكُمْ وَلَا تُضَآرُّوْهُنَّ لِتُضَيِّقُوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कि तुम तंग करो | और तुम उन्हें ज़रर न पहुँचाओ | अपनी इस्तिताअ़त के मुताबिक़ | तुम रहते हो | जहां | तुम उन्हें रखो |

عَلَيْهِنَّ ۗ وَاِنْ كُنَّ اُولَاتِ حَمْلٍ فَاَنْفِقُوْا عَلَيْهِنَّ حَتّٰى يَضَعْنَ حَمْلَهُنَّ ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के हम्ल | यहां तक कि वज़अ़ हो जाएं | उन पर | तो ख़र्च करो तुम | हम्ल वालियां (हम्ल से) | वह हों | और अगर | उन्हें |

فَاِنْ اَرْضَعْنَ لَكُمْ فَاٰتُوْهُنَّ اُجُوْرَهُنَّ ۚ وَاْتَمِرُوْا بَيْنَكُمْ بِمَعْرُوْفٍ ۚ وَاِنْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अगर | माक़ूल तरीक़े से | और तुम बाहम मश्वरा कर लिया करो आपस में | उन की उजरत | तो तुम उन्हें दो | तुम्हारे लिए | वह दूध पिलाएं | फिर अगर |

تَعَاسَرْتُمْ فَسَتُرْضِعُ لَهٗٓ اُخْرٰى ﴿٦﴾ لِيُنْفِقْ ذُوْ سَعَةٍ مِّنْ سَعَتِهٖ ۖ وَمَنْ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जो | अपनी वस्अ़त | से मुताबिक़ | वस्अ़त वाला | चाहिए कि ख़र्च करे | 6 | कोई दूसरी | उस को | तो दूध पिलादेगी | तुम बाहम कश्मकश करोगे |

قُدِرَ عَلَيْهِ رِزْقُهٗ فَلْيُنْفِقْ مِمَّآ اٰتٰىهُ اللّٰهُ ۚ لَا يُكَلِّفُ اللّٰهُ نَفْسًا اِلَّا مَآ اٰتٰىهَا ۚ

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस क़द्र उस ने उसे दिया | मगर | किसी को | तक्लीफ़ नहीं देता अल्लाह | उसे अल्लाह ने दिया | उस में से जो | तो उसे ख़र्च करना चाहिए | उस का रिज़्क़ | उस पर | तंग कर दिया गया |

سَيَجْعَلُ اللّٰهُ بَعْدَ عُسْرٍ يُّسْرًا ﴿٧﴾ وَكَاَيِّنْ مِّنْ قَرْيَةٍ عَتَتْ عَنْ ع ١٧

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | उन्हों ने सरकशी की | बस्तियां | और कई | 7 | आसानी | तंगी के बदले | जल्द कर देगा अल्लाह |

اَمْرِ رَبِّهَا وَرُسُلِهٖ فَحَاسَبْنٰهَا حِسَابًا شَدِيْدًا وَّعَذَّبْنٰهَا عَذَابًا نُّكْرًا ﴿٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | बहुत बड़ी | अ़ज़ाब | और हम ने उन्हें अ़जाब दिया | सख़्ती से | हिसाब | तो हम ने उन का हिसाब लिया | और उस के रसूलों | अपने रब के हुक्म |

فَذَاقَتْ وَبَالَ اَمْرِهَا وَكَانَ عَاقِبَةُ اَمْرِهَا خُسْرًا ﴿٩﴾ اَعَدَّ اللّٰهُ لَهُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | अल्लाह ने तैयार किया है | 9 | ख़सारा | उन का काम | अन्जाम | और हुआ | अपना काम | वबाल | फिर उन्हों ने चखा |

عَذَابًا شَدِيْدًا ۙ فَاتَّقُوا اللّٰهَ يٰٓاُولِى الْاَلْبَابِ ۛ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا ۛ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ईमान वालो | ऐ अ़क़्ल वालो | पस तुम डरो अल्लाह से | सख़्त | अ़ज़ाब |

قَدْ اَنْزَلَ اللّٰهُ اِلَيْكُمْ ذِكْرًا ﴿١٠﴾ رَّسُوْلًا يَّتْلُوْا عَلَيْكُمْ اٰيٰتِ اللّٰهِ مُبَيِّنٰتٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोशन | अल्लाह की आयतें | तुम पर | वह पढ़ता है | रसूल | 10 | नसीहत (किताब) | तुम्हारी तरफ़ | तहक़ीक़ नाज़िल की अल्लाह ने |

لِّيُخْرِجَ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ مِنَ الظُّلُمٰتِ اِلَى النُّوْرِ ۗ وَمَنْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और जो | नूर की तरफ़ | तारीकियों से | और उन्हों ने अच्छे अ़मल किए | जो ईमान लाए | ताकि वह निकाले |

يُّؤْمِنْ بِاللّٰهِ وَيَعْمَلْ صَالِحًا يُّدْخِلْهُ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नहरें | उन के नीचे से | बहती हैं | बाग़ात | वह उसे दाख़िल करेगा | अच्छे | और वह अ़मल करेगा | अल्लाह पर | ईमान लाएगा |

خٰلِدِيْنَ فِيْهَآ اَبَدًا ۗ قَدْ اَحْسَنَ اللّٰهُ لَهٗ رِزْقًا ﴿١١﴾ اَللّٰهُ الَّذِىْ خَلَقَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पैदा किए | अल्लाह वह जिस ने | 11 | रोज़ी | उस के लिए | बेशक बहुत अच्छी रखी अल्लाह ने | हमेशा हमेशा | उन में | वह हमेशा रहेंगे |

سَبْعَ سَمٰوٰتٍ وَّمِنَ الْاَرْضِ مِثْلَهُنَّ ۗ يَتَنَزَّلُ الْاَمْرُ بَيْنَهُنَّ لِتَعْلَمُوْٓا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ताकि वह जान लें | उन के दरमियान | हुक्म | उतरता है | उन की तरह | और ज़मीन से (भी) | सात आस्मान |

اَنَّ اللّٰهَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ۙ وَّاَنَّ اللّٰهَ قَدْ اَحَاطَ بِكُلِّ شَىْءٍ عِلْمًا ﴿١٢﴾ ع ٢ ١٨

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | इल्म से | हर शै | अहाता किया हुआ है | और यह कि अल्लाह | कुदरत रखता है | हर शै पर | कि अल्लाह |

तुम जहां रहते हो उन्हें तुम अपनी इस्तिताअ़त के मुताबिक़ (वहां) रखो, और तुम उन्हें तंग करने के लिए जरर (तक्लीफ़) न पहुँचाओ, और अगर वह हम्ल से हों तो उन पर ख़र्च करो यहां तक कि वज़अ़ हम्ल हो जाए (बच्चा पैदा हो जाए), फिर अगर वह तुम्हारे लिए (तुम्हारी ख़ातिर) दूध पिलाएं तो उन्हें उन की उज्रत दो, और तुम आपस में माकूल तरीक़े से मश्वरा कर लिया करो। और अगर तुम बाहम कश्मकश करोगे तो उस को कोई दूसरी दूध पिला देगी। (6)

चाहिए कि वस्अ़त वाला अपनी वस्अ़त के मुताबिक़ ख़र्च करे और जिस पर तंग कर दिया गया हो उस का रिज़्क़ (आमदनी) तो अल्लाह ने जो उसे दिया है उस में से ख़र्च करना चाहिए, अल्लाह किसी को तक्लीफ़ नहीं देता (मुकल्लफ़ नहीं ठहराता) मगर (उसी क़द्र) जितना उस ने उसे दिया है, जल्द कर देगा अल्लाह तंगी के बाद आसानी। (7)

और कित्नी ही बस्तियां हैं जिन्हों ने अपने रब के हुक्म से और उस के रसूलों से सरकशी की और हम ने सख़्ती से उन का हिसाब लिया और हम ने उन्हें बहुत बड़ा अ़जाब दिया। (8)

फिर उन्हों ने अपने काम का वबाल चखा और उन के काम का अन्जाम ख़सारा (घाटा) हुआ। (9)

अल्लाह ने उन के लिए सख़्त अ़ज़ाब तैयार किया है, पस तुम अल्लाह से डरो ऐ अक्ल वालो - ईमान वालो! तहक़ीक़ अल्लाह ने तुम्हारी तरफ़ किताब नाज़िल की है। (10)

और रसूल (स) (भेजा) जो तुम पर पढ़ता है अल्लाह की रोशन आयतें ताकि जो लोग ईमान लाए और उन्हों ने अच्छे अमल किए वह उन्हें निकाले तारीकियों से नूर की तरफ़, और जो अल्लाह पर ईमान लाएगा और अच्छे अ़मल करेगा तो वह उसे उन बाग़ात में दाख़िल करेगा जिन के नीचे नहरें बहती हैं, वह रहेंगे उन में हमेशा हमेशा, बेशक अल्लाह ने उस के लिए बहुत अच्छी रोज़ी रखी है। (11)

अल्लाह वह है जिस ने सात (7) आस्मान पैदा किए और ज़मीन भी उन की तरह, उन के दरमियान हुक्म उतरता है ताकि वह जान लें कि अल्लाह हर शै पर क़ुदरत रखता है और यह कि अल्लाह ने हर शै का इल्म से अहाता किया हुआ है। (12)

آيَاتُهَا ١٢ ۞ (٦٦) سُوْرَةُ التَّحْرِيْمِ ۞ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2 — (66) सूरतुन तहरीम — हराम करना — आयात 12

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

يَٰٓأَيُّهَا ٱلنَّبِيُّ لِمَ تُحَرِّمُ مَآ أَحَلَّ ٱللَّهُ لَكَ ۖ تَبْتَغِي مَرْضَاتَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खुशनूदी | चाहते हुए | तुम्हार लिए | जो अल्लाह ने हलाल किया | तुम क्यों हराम ठहराते हो? | ऐ नबी (स) |

أَزْوَٰجِكَ ۚ وَٱللَّهُ غَفُورٌ رَّحِيمٌ ﴿١﴾ قَدْ فَرَضَ ٱللَّهُ لَكُمْ تَحِلَّةَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खालना (कफ्फ़ारा) | तुम्हारे लिए | तहक़ीक़ मुक़र्रर कर दिया अल्लाह ने | 1 | मेहरबान | बख़्शने वाला | और अल्लाह | अपनी बीवियाँ |

أَيْمَٰنِكُمْ ۚ وَٱللَّهُ مَوْلَىٰكُمْ ۖ وَهُوَ ٱلْعَلِيمُ ٱلْحَكِيمُ ﴿٢﴾ وَإِذْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और जब | 2 | हिक्मत वाला | जानने वाला | और वह | तुम्हारा कारसाज़ | और अल्लाह | तुम्हारी क़समें |

أَسَرَّ ٱلنَّبِيُّ إِلَىٰ بَعْضِ أَزْوَٰجِهِۦ حَدِيثًا ۖ فَلَمَّا نَبَّأَتْ بِهِۦ وَأَظْهَرَهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस को ज़ाहिर कर दिया | उस ने ख़बर कर दी उस बात की | फिर जब | एक बात | अपनी बीवी | बाज (एक) | तक-से | नबी (स) ने राज़ की बात कही |

ٱللَّهُ عَلَيْهِ عَرَّفَ بَعْضَهُۥ وَأَعْرَضَ عَنۢ بَعْضٍ ۖ فَلَمَّا نَبَّأَهَا بِهِۦ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह बात | उस (बीवी) को जतलाई | फिर जब | बाज़ से | और एराज़ किया | उस का कुछ | उस (नबी) ने ख़बर दी | उस पर | अल्लाह |

قَالَتْ مَنْ أَنۢبَأَكَ هَٰذَا ۖ قَالَ نَبَّأَنِيَ ٱلْعَلِيمُ ٱلْخَبِيرُ ﴿٣﴾ إِن تَتُوبَآ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अगर तुम दोनों तौबा करो | 3 | ख़बर रखने वाला | इल्म वाला | मुझे ख़बर दी | फ़रमाया | इस | किस ने आप (स) को ख़बर दी | वह बोली |

إِلَى ٱللَّهِ فَقَدْ صَغَتْ قُلُوبُكُمَا ۖ وَإِن تَظَٰهَرَا عَلَيْهِ فَإِنَّ ٱللَّهَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो बेशक अल्लाह | उस पर | तुम एक दूसरी की मदद करोगी | और अगर | तुम्हारे दिल | तो यक़ीनन कज हो गए | अल्लाह के सामने |

هُوَ مَوْلَىٰهُ وَجِبْرِيلُ وَصَٰلِحُ ٱلْمُؤْمِنِينَ ۖ وَٱلْمَلَٰٓئِكَةُ بَعْدَ ذَٰلِكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के बाद (उन के अलावा) | और फ़रिश्ते | मोमिन (जमा) | और नेक | और जिब्राईल (अ) | उस का रफ़ीक़ | वह |

ظَهِيرٌ ﴿٤﴾ عَسَىٰ رَبُّهُۥٓ إِن طَلَّقَكُنَّ أَن يُبْدِلَهُۥٓ أَزْوَٰجًا خَيْرًا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बेहतर | बीवियाँ | कि उन के लिए बदल दे | अगर वह तुम्हें तलाक़ देदें | उन का रब | क़रीब है | 4 | मददगार |

مِّنكُنَّ مُسْلِمَٰتٍ مُّؤْمِنَٰتٍ قَٰنِتَٰتٍ تَٰٓئِبَٰتٍ عَٰبِدَٰتٍ سَٰٓئِحَٰتٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रोज़ेदार | इबादत गुज़ार | तौबा करने वालियां | फ़रमांबरदारी करने वालियां | ईमान वालियां | इताअत गुज़ार | तुम से |

ثَيِّبَٰتٍ وَأَبْكَارًا ﴿٥﴾ يَٰٓأَيُّهَا ٱلَّذِينَ ءَامَنُوا۟ قُوٓا۟ أَنفُسَكُمْ وَأَهْلِيكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और अपने घर वालों को | अपने आप को | तुम बचाओ | ईमान वालो | ऐ | 5 | और कुंवारियां | शौहर दीदा |

نَارًا وَقُودُهَا ٱلنَّاسُ وَٱلْحِجَارَةُ عَلَيْهَا مَلَٰٓئِكَةٌ غِلَاظٌ شِدَادٌ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़ोर आवर | दुरुश्त ख़ू | फ़रिश्ते | उस पर | और पत्थर | आदमी | उस का ईंधन | आग |

لَّا يَعْصُونَ ٱللَّهَ مَآ أَمَرَهُمْ وَيَفْعَلُونَ مَا يُؤْمَرُونَ ﴿٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | उन्हें हुक्म दिया जाता है | जो | और वह करते हैं | वह हुक्म देता है उन्हें | जो | वह नाफ़रमानी नहीं करते अल्लाह की |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
ऐ नबी (स)! जो अल्लाह ने तुम्हारे लिए हलाल किया है तुम उसे क्यों हराम ठहराते हो? अपनी बीवियों की ख़ुशनूदी चाहते हुए, और अल्लाह बख़्शने वाला मेहरबान है। **(1)**
तहक़ीक़ अल्लाह ने तुम्हारे लिए तुम्हारी क़समों का कफ़्फ़ारा मुक़र्रर कर दिया है, और अल्लाह तुम्हारा कारसाज़ है, और वह जानने वाला हिक्मत वाला है। **(2)**
और जब नबी (स) ने अपनी एक बीवी से एक राज़ की बात कही, फिर जब उस (बीवी) ने उस बात की (किसी और को) ख़बर कर दी और अल्लाह ने ज़ाहिर कर दिया उस (नबी) पर, उस ने उस का कुछ (हिस्सा बीवी को) बताया और बाज़ से एराज़ किया, फिर उस बीवी को वह बात जतलाई तो वह पूछी कि आप (स) को किस ने ख़बर दी इस (बात) की? आप (स) ने फ़रमायाः मुझे इल्म वाले, ख़बर रखने वाले ने ख़बर दी। **(3)**
(ऐ बीवियों!) अगर तुम दोनों अल्लाह के सामने तौबा करो (तो बेहतर है क्योंकि) तुम्हारे दिल यक़ीनन कज हो गए, अगर उस (नबी स) पर (ईज़ा रसानी) पर तुम एक दूसरी की मदद करोगी तो बेशक अल्लाह उस का रफ़ीक़ है और जिब्राईल (अ) और नेक मोमिनीन, और फ़रिश्ते (भी) उन के अलावा मददगार हैं। **(4)**
अगर वह तुम्हें तलाक़ देदें तो क़रीब है कि उस का रब उस के लिए बीवियाँ बदल दे तुम से बेहतर इताअत गुज़ार, ईमान वालियां, फ़रमांबरदारी करने वालियां, तौबा करने वालियां, इबादत गुज़ार, रोज़ेदार, शौहर दीदा और कुंवारियां। **(5)**
ऐ ईमान वालो! तुम अपने आप को और अपने घर वालों को उस आग से बचाओ जिस का ईंधन आदमी और पत्थर हैं, उस पर दुरुश्त ख़ू, ज़ोर आवर फ़रिश्ते (मुअय्यन) हैं, अल्लाह जो उन्हें हुक्म देता है उस की नाफ़रमानी नहीं करते और वह करते हैं जो उन्हें हुक्म दिया जाता है। **(6)**

ऐ काफ़िरो! आज तुम उज्र न करो (बहाने न बनाओ) इस के सिवा नहीं कि तुम्हें उस का बदला दिया जाएगा जो तुम करते थे। (7)
ऐ ईमान वालो! तुम अल्लाह के आगे तौबा करो खालिस (सच्ची) तौबा, उम्मीद है कि तुम्हारा रब तुम से दूर कर देगा तुम्हारे गुनाह और वह तुम्हें उन बाग़ात में दाखिल करेगा जिन के नीचे नहरें जारी हैं, उस दिन अल्लाह रुस्वा न करेगा नबी (स) को और उन लोगों को जो उस के साथ ईमान लाए, उन का नूर उन के सामने और उन के दाएं दौड़ता होगा, और वह दुआ करते होंगेः ऐ हमारे रब! हमारे लिए हमारा नूर पूरा कर दे और हमारी मग़्फ़िरत फ़रमा दे, बेशक तू हर शै पर कुदरत रखने वाला है। (8)
ऐ नबी (स) जिहाद कीजिए काफिरों और मुनाफ़िक़ों से और उन पर सख्ती कीजिए, और उन का ठिकाना जहन्नम है, और वह (बहुत) बुरी जगह है। (9)
बयान की अल्लाह ने काफ़िरों के लिए नूह (अ) की बीवी और लूत (अ) की बीवी की मिसाल, वह दोनों दो बन्दों के मातहत थीं हमारे सालेह बन्दों में से, सो उन्हों ने अपने शौहरों से खियानत की तो अल्लाह के आगे उन दोनों के कुछ काम न आ सके, और कहा गया तुम दोनों जहन्नम में दाख़िल हो जाओ दाखिल होने वालों के साथ। (10)
और अल्लाह ने मोमिनों के लिए फ़िरऔन की बीवी की मिसाल पेश की, जब उस (बीवी) ने कहाः ऐ मेरे रब! मेरे लिए अपने पास जन्नत में एक घर बनादे और मुझे फ़िरऔन और उस के अ़मल से बचा ले और मुझे ज़ालिमों की क़ौम से बचा ले (11)
और (दूसरी मिसाल) इमरान (अ) की बेटी मरयम (अ), जिस ने हिफाजत की अपनी शर्मगाह की, सो हम ने उस में अपनी रुह फूंकी, और उस ने तस्दीक की अपने रब की बातों की और उस की किताबों की और वह फ़रमांबरदारी करने वालियों में से थी। (12)

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَا تَعْتَذِرُوا الْيَوْمَ ؕ اِنَّمَا تُجْزَوْنَ مَا

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| इस के सिवा नहीं कि तुम्हें बदला दिया जाएगा जो | आज | तुम उज्र न करो | जिन लोगों ने कुफ़्र किया | ऐ |

كُنْتُمْ تَعْمَلُوْنَ ﴿٧﴾ يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا تُوْبُوْٓا اِلَى اللّٰهِ تَوْبَةً نَّصُوْحًا ؕ ع ١ ١٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख़ालिस | तौबा | अल्लाह के आगे | तुम तौबा करो | ईमान वालो | ऐ | 7 | तुम करते थे |

عَسٰى رَبُّكُمْ اَنْ يُّكَفِّرَ عَنْكُمْ سَيِّاٰتِكُمْ وَيُدْخِلَكُمْ جَنّٰتٍ تَجْرِىْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जारी हैं | बाग़ात | और वह दाखिल करेगा तुम्हें | तुम्हारी बुराइयां (गुनाह) | तुम से | कि वह दूर कर देगा | तुम्हारा रब | उम्मीद है |

مِنْ تَحْتِهَا الْاَنْهٰرُ ۙ يَوْمَ لَا يُخْزِى اللّٰهُ النَّبِىَّ وَالَّذِيْنَ اٰمَنُوْا مَعَهٗ ۚ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के साथ | और जो लोग ईमान लाए | नबी (स) | रुस्वा न करेगा अल्लाह | उस दिन | नहरें | उन के नीचे |

نُوْرُهُمْ يَسْعٰى بَيْنَ اَيْدِيْهِمْ وَبِاَيْمَانِهِمْ يَقُوْلُوْنَ رَبَّنَآ اَتْمِمْ لَنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पूरा कर दे हमारे लिए | ऐ हमारे रब | वह कहते (दुआ करते) होंगे | और उन के दाहिने | उन के सामने | दौड़ता होगा | उन का नूर |

نُوْرَنَا وَاغْفِرْ لَنَا ۚ اِنَّكَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ قَدِيْرٌ ﴿٨﴾ يٰٓاَيُّهَا النَّبِىُّ جَاهِدِ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिहाद कीजिए | ऐ नबी (स) | 8 | कुदरत रखने वाला | हर शै | पर | बेशक तू | और हमारी मग़्फ़िरत फ़रमादे | हमारा नूर |

الْكُفَّارَ وَالْمُنٰفِقِيْنَ وَاغْلُظْ عَلَيْهِمْ ؕ وَمَاْوٰىهُمْ جَهَنَّمُ ؕ وَبِئْسَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और बुरी | जहन्नम | और उन का ठिकाना | उन पर | और सख़्ती कीजिए | और मुनाफ़िक़ों | काफ़िरों |

الْمَصِيْرُ ﴿٩﴾ ضَرَبَ اللّٰهُ مَثَلًا لِّلَّذِيْنَ كَفَرُوا امْرَاَتَ نُوْحٍ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नूह (अ) की बीवी | काफ़िरों के लिए | मिसाल | बयान की अल्लाह ने | 9 | जगह |

وَّامْرَاَتَ لُوْطٍ ؕ كَانَتَا تَحْتَ عَبْدَيْنِ مِنْ عِبَادِنَا صَالِحَيْنِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दो सालेह | हमारे बन्दे | से | दो बन्दे | मातहत | दोनों थें | और लूत (अ) की बीवी |

فَخَانَتٰهُمَا فَلَمْ يُغْنِيَا عَنْهُمَا مِنَ اللّٰهِ شَيْـًٔا وَّقِيْلَ ادْخُلَا النَّارَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम दोनों दाख़िल हो जाओ जहन्नम | और कहा गया | कुछ | अल्लाह से-आगे | उन के | तो उन दोनों के काम न आया | सो उन्हों ने उन दानों से ख़ियानत की |

مَعَ الدّٰخِلِيْنَ ﴿١٠﴾ وَضَرَبَ اللّٰهُ مَثَلًا لِّلَّذِيْنَ اٰمَنُوا امْرَاَتَ فِرْعَوْنَ ۘ وقف لازم

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़िरऔन की बीवी | मोमिनों के लिए | मिसाल | और बयान की अल्लाह ने | 10 | दाखिल होने वाले | साथ |

اِذْ قَالَتْ رَبِّ ابْنِ لِىْ عِنْدَكَ بَيْتًا فِى الْجَنَّةِ وَنَجِّنِىْ مِنْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | और मुझे बचा ले | जन्नत में | एक घर | अपने पास | मेरे लिए बना दे | ए मेरे रब | उस ने कहा | जब |

فِرْعَوْنَ وَعَمَلِهٖ وَنَجِّنِىْ مِنَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِيْنَ ﴿١١﴾ وَمَرْيَمَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और मरयम | 11 | ज़ालिमों की क़ौम | से | मुझे बचा ले | और उस का अ़मल | फ़िरऔन |

ابْنَتَ عِمْرٰنَ الَّتِىْٓ اَحْصَنَتْ فَرْجَهَا فَنَفَخْنَا فِيْهِ مِنْ رُّوْحِنَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपनी रूह से | उस में | सो हम ने फूंकी | अपनी शर्मगाह | हिफ़ाज़त की | वह जिस ने | इमरान की बेटी |

وَصَدَّقَتْ بِكَلِمٰتِ رَبِّهَا وَكُتُبِهٖ وَكَانَتْ مِنَ الْقٰنِتِيْنَ ﴿١٢﴾ ع ٢ ٢٠

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | फ़रमांबरदारी करने वालियां | से | और वह थी | और उस की किताबों | अपना रब | बातों की | और उस ने तसदीक़ की |

## آيَاتُهَا ٣٠ ❁ (٦٧) سُوْرَةُ الْمُلْكِ ❁ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2 | (67) सूरतुल मुल्क बादशाही | आयात 30

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

تَبٰرَكَ الَّذِىْ بِيَدِهِ الْمُلْكُ وَهُوَ عَلٰى كُلِّ شَىْءٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| हर शै | पर | और वह | बादशाही | उस के हाथ में | वह जिस | बड़ी बरकत वाला |

قَدِيْرُ ۝١ الَّذِىْ خَلَقَ الْمَوْتَ وَالْحَيٰوةَ لِيَبْلُوَكُمْ اَيُّكُمْ اَحْسَنُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सब से बेहतर | तुम में से कौन | ताकि वह आज़माए तुम्हें | और ज़िन्दगी | मौत | पैदा किया | वह जिस | 1 | कुदरत रखने वाला |

عَمَلًا ۚ وَهُوَ الْعَزِيْزُ الْغَفُوْرُ ۝٢ الَّذِىْ خَلَقَ سَبْعَ سَمٰوٰتٍ طِبَاقًا ۚ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक के ऊपर एक | सात आस्मान | जिस ने बनाए | 2 | बख़्शने वाला | ग़ालिब | और वह | अ़मल में |

مَا تَرٰى فِىْ خَلْقِ الرَّحْمٰنِ مِنْ تَفٰوُتٍ ۚ فَارْجِعِ الْبَصَرَ ۙ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निगाह | फिर लौटा | कोई फ़र्क़ | रहमान (अल्लाह) | बनाना (तख़लीक़) | में | तू न देखेगा |

هَلْ تَرٰى مِنْ فُطُوْرٍ ۝٣ ثُمَّ ارْجِعِ الْبَصَرَ كَرَّتَيْنِ يَنْقَلِبْ اِلَيْكَ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेरी तरफ़ | वह लौट आएगी | दोबारा | निगाह | तू दोबारा लौटा | फिर | 3 | कोई शिगाफ़ | क्या तू देखता है? |

الْبَصَرُ خَاسِئًا وَّهُوَ حَسِيْرٌ ۝٤ وَلَقَدْ زَيَّنَّا السَّمَآءَ الدُّنْيَا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आस्माने दुनिया | और यक़ीनन हम ने आरास्ता किया | 4 | थकी मान्दा | और वह | ख़ार हो कर | निगाह |

بِمَصَابِيْحَ وَجَعَلْنٰهَا رُجُوْمًا لِّلشَّيٰطِيْنِ وَاَعْتَدْنَا لَهُمْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उन के लिए | और हम ने तैयार किया | शैतानों के लिए | मारने का औज़ार | और हम ने उसे बनाया | चिराग़ों से |

عَذَابَ السَّعِيْرِ ۝٥ وَلِلَّذِيْنَ كَفَرُوْا بِرَبِّهِمْ عَذَابُ جَهَنَّمَ ۚ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जहन्नम का अज़ाब | उन के रब की तरफ़ से | जिन्हों ने कुफ़्र किया | और उन लोगों के लिए | 5 | दहकती आग (जहन्नम) का अ़ज़ाब |

وَبِئْسَ الْمَصِيْرُ ۝٦ اِذَآ اُلْقُوْا فِيْهَا سَمِعُوْا لَهَا شَهِيْقًا وَّهِىَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह | चीख़ना चिल्लाना | उस का | वह सुनेंगे | उस में | जब वह डाले जाएंगे | 6 | लौटने की जगह | और बुरी |

تَفُوْرُ ۝٧ تَكَادُ تَمَيَّزُ مِنَ الْغَيْظِ ۚ كُلَّمَآ اُلْقِىَ فِيْهَا فَوْجٌ سَاَلَهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह उन से पूछेंगे | कोई गिरोह | डाला जाएगा उस में | जब भी | ग़ज़ब से | क़रीब है कि फट पड़े | 7 | जोश मार रही होगी |

خَزَنَتُهَآ اَلَمْ يَاْتِكُمْ نَذِيْرٌ ۝٨ قَالُوْا بَلٰى قَدْ جَآءَنَا نَذِيْرٌ ۙ فَكَذَّبْنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो हम ने झुटलाया | डराने वाला | ज़रूर आया हमारे पास | हां | वह कहेंगे | 8 | कोई डराने वाला | क्या नहीं आया तुम्हारे पास | उस के दारोग़ा |

وَقُلْنَا مَا نَزَّلَ اللّٰهُ مِنْ شَىْءٍ ۚ اِنْ اَنْتُمْ اِلَّا فِىْ ضَلٰلٍ كَبِيْرٍ ۝٩

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | बड़ी | गुमराही में | मगर (सिर्फ़) | नहीं तुम | कुछ | नहीं नाज़िल की अल्लाह ने | और हम ने कहा |

وَقَالُوْا لَوْ كُنَّا نَسْمَعُ اَوْ نَعْقِلُ مَا كُنَّا فِىْٓ اَصْحٰبِ السَّعِيْرِ ۝١٠

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | दोज़ख़ियों | में | हम न होते | या हम समझते | हम सुनते | अगर | और वह कहेंगे |

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

बड़ी बरकत वाला है वह जिस के हाथों में है बादशाही, और वह हर चीज़ पर कुदरत रखने वाला। (1)

वह जिस ने पैदा किया मौत और ज़िन्दगी को, ताकि वह तुम्हें आज़माए कि तुम में से कौन है अ़मल में सब से बेहतर, और वह ग़ालिब बख़्शने वाला है। (2)

जिस ने सात आस्मान बनाए एक के ऊपर एक, तू अल्लाह की तख़्लीक़ में कोई फ़र्क़ न देखेगा, फिर निगाह लौटा कर (देख) क्या तू कोई शिगाफ़ (दराड़) देखता है। (3)

फिर दोबारा निगाह लौटा कर (देख) वह तेरी तरफ़ ख़ार हो कर थकी मान्दी लौट आएगी। (4)

और यक़ीनन हम ने आरास्ता किया आस्माने दुनिया को चिराग़ों से और हम ने उसे शैतानों के लिए मारने का औज़ार बनाया और हम ने उन के लिए जहन्नम का अ़ज़ाब तैयार किया है। (5)

और जिन लोगों ने कुफ़्र किया उन के लिए उन के रब की तरफ़ से जहन्नम का अ़ज़ाब है, और (यह) बुरी लौटने की जगह है। (6)

जब वह उस में डाले जाएंगे तो वह सुनेंगे उस का चीख़ना चिल्लाना और वह जोश मार रही होगी। (7)

क़रीब है कि ग़ज़ब से फट पड़े, जब भी उस में कोई गिरोह डाला जाएगा, उन से उन के दारोग़ा पूछेंगे कि क्या तुम्हारे पास कोई डराने वाला नहीं आया था? (8)

वह कहेंगेः हां (क्यों नहीं) हमारे पास ज़रूर डराने वाला आया, सो हम ने झुटलाया और हम ने कहा कि अल्लाह ने कुछ नाज़िल नहीं किया, तुम सिर्फ़ बड़ी गुमराही में हो। (9)

और वह कहेंगेः अगर हम सुनते या हम समझते तो हम दोज़ख़ियों में न होते। (10)

सो उन्हों ने अपने गुनाहों का एतिराफ़ कर लिया, पस लानत है दोज़ख़ियों के लिए। (11)
बेशक जो लोग बिन देखे अपने रब से डरते हैं उन के लिए बख़्शिश और बड़ा अजर है। (12)
और तुम अपनी बात छुपाओ या उस को बुलन्द आवाज़ से कहो, वह बेशक जानने वाला है दिलों के भेद को। (13)
क्या जिस ने पैदा किया वही न जानेगा? और वह बारीक बीन बड़ा बाख़बर है। (14)
वही है जिस ने तुम्हारे लिए ज़मीन को किया मुसख़्ख़र ताकि तुम उस के रास्तों में चलो और उस के रिज़्क़ में से खाओ, और उसी की तरफ़ जी उठ कर जाना है। (15)
क्या तुम (उस से) बेख़ौफ़ हो? जो आस्मान में है कि वह तुम्हें ज़मीन में धंसा दे तो नागहां वह हिलने लगे। (16)
क्या तुम (उस से) बेख़ौफ़ हो जो आस्मानों में है कि वह तुम पर पत्थरों की बारिश भेज दे? सो तुम जल्द जान लोगे कि मेरा डराना कैसा है? (17)
और अलबत्ता उन लोगों ने झुटलाया जो इन से पहले थे तो (याद करो) कैसा हुआ मेरा अज़ाब! (18)
क्या उन्हों ने अपने ऊपर परिन्दों को पर फैलाते और सुकेड़ते नहीं देखा, उन्हें (कोई) नहीं थाम सकता अल्लाह के सिवा, बेशक वह हर चीज़ का देखने वाला। (19)
भला तुम्हारा वह कौन सा लशकर है जो तुम्हारी मदद करे अल्लाह के सिवा, काफ़िर नहीं मगर (महज़) धोके में हैं। (20)
भला कौन है वह जो तुम्हें रिज़्क़ दे अगर वह अपना रिज़्क़ रोकले? बल्कि वह सरकशी और फ़रार में ढीट बने हुए हैं। (21)
पस जो शख़्स अपने मुँह के बल गिरता हुआ (औन्धा) चलता है ज़ियादा हिदायत याफ़्ता है या वह जो सीधे रास्ते पर सीधा चलता है? (22)

فَاعْتَرَفُوْا بِذَنْۢبِهِمْ ۚ فَسُحْقًا لِّاَصْحٰبِ السَّعِيْرِ ﴿١١﴾ اِنَّ الَّذِيْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो लोग | बेशक | 11 | दोज़ख़ियों के लिए | तो दूरी (लानत) | अपने गुनाहों का | सो उन्हों ने एतिराफ़ कर लिया |

يَخْشَوْنَ رَبَّهُمْ بِالْغَيْبِ لَهُمْ مَّغْفِرَةٌ وَّاَجْرٌ كَبِيْرٌ ﴿١٢﴾ وَاَسِرُّوْا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम छुपाओ | 12 | बड़ा | और अजर | बख़्शिश | उन के लिए | बिन देखे | अपना रब | डरते हैं |

قَوْلَكُمْ اَوِ اجْهَرُوْا بِهٖ ۗ اِنَّهٗ عَلِيْمٌۢ بِذَاتِ الصُّدُوْرِ ﴿١٣﴾ اَلَا يَعْلَمُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या नही जानेगा | 13 | सीनों (दिलों) के भेद | जानने वाला | बेशक वह | उस को | या बुलन्द आवाज से कहो | अपनी बात |

مَنْ خَلَقَ ۗ وَهُوَ اللَّطِيْفُ الْخَبِيْرُ ﴿١٤﴾ هُوَ الَّذِيْ جَعَلَ لَكُمُ ع

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारे लिए | वह जिस ने किया | वही | 14 | बड़ा बाख़बर | बारीक बीन | और वह | जिस ने पैदा किया |

الْاَرْضَ ذَلُوْلًا فَامْشُوْا فِيْ مَنَاكِبِهَا وَكُلُوْا مِنْ رِّزْقِهٖ ۗ وَاِلَيْهِ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसी की तरफ़ | उस के रिज़्क़ से | सो तुम खाओ | उस के रास्तों में | ताकि तुम चलो | मुसख़्ख़र | ज़मीन |

النُّشُوْرُ ﴿١٥﴾ ءَاَمِنْتُمْ مَّنْ فِي السَّمَآءِ اَنْ يَّخْسِفَ بِكُمُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हें | कि वह धंसा दे | आस्मान में | जो | क्या तुम बेख़ौफ़ हो | 15 | जी उठ कर जाना |

الْاَرْضَ فَاِذَا هِيَ تَمُوْرُ ﴿١٦﴾ اَمْ اَمِنْتُمْ مَّنْ فِي السَّمَآءِ اَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कि | आस्मान में | जो | क्या तुम बेख़ौफ़ हो | 16 | वह जुम्बिश करे | तो नागहां | ज़मीन |

يُّرْسِلَ عَلَيْكُمْ حَاصِبًا ۗ فَسَتَعْلَمُوْنَ كَيْفَ نَذِيْرِ ﴿١٧﴾ وَلَقَدْ كَذَّبَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और पक्का झुटलाया | 17 | मेरा डराना | कैसा | सो तुम जल्द जान लोगे | पत्थरों की बारिश | तुम पर | वह भेजे |

الَّذِيْنَ مِنْ قَبْلِهِمْ فَكَيْفَ كَانَ نَكِيْرِ ﴿١٨﴾ اَوَلَمْ يَرَوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या नही देखा उन्हों ने | 18 | मेरा अज़ाब | हुआ | तो कैसा | इन से क़ब्ल | से | वह लोग जो |

اِلَى الطَّيْرِ فَوْقَهُمْ صٰٓفّٰتٍ وَّيَقْبِضْنَ ۚ مَا يُمْسِكُهُنَّ اِلَّا الرَّحْمٰنُ ۗ وقف لازم

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रहमान (अल्लाह) | सिवा | नही थाम सकता उन्हें | और सुकेड़ते | पर फैलाते | अपने ऊपर | परिन्दों को |

اِنَّهٗ بِكُلِّ شَيْءٍۢ بَصِيْرٌ ﴿١٩﴾ اَمَّنْ هٰذَا الَّذِيْ هُوَ جُنْدٌ لَّكُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम्हारा | लशकर | वह | जो | भला कौन है वह? | 19 | देखने वाला | हर शै को | बेशक वह |

يَنْصُرُكُمْ مِّنْ دُوْنِ الرَّحْمٰنِ ۗ اِنِ الْكٰفِرُوْنَ اِلَّا فِيْ غُرُوْرٍ ﴿٢٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | धोके में | मगर | काफ़िर (जमा) | नहीं | अल्लाह के सिवा | से | वह मदद करे तुम्हारी |

اَمَّنْ هٰذَا الَّذِيْ يَرْزُقُكُمْ اِنْ اَمْسَكَ رِزْقَهٗ ۚ بَلْ لَّجُّوْا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बल्कि जमे हुए | अपना रिज़्क़ | वह रोक ले | अगर | वह जो रिज़्क़ दे तुम्हें | भला कौन है |

فِيْ عُتُوٍّ وَّنُفُوْرٍ ﴿٢١﴾ اَفَمَنْ يَّمْشِيْ مُكِبًّا عَلٰى وَجْهِهٖٓ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपने मुँह के बल | गिरता हुआ | वह चलता है | पस क्या जो | 21 | और भागते हैं | सरकशी |

اَهْدٰٓى اَمَّنْ يَّمْشِيْ سَوِيًّا عَلٰى صِرَاطٍ مُّسْتَقِيْمٍ ﴿٢٢﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | सीधा रास्ता | पर | बराबर (सीधा) | चलता है | या वह जो | ज़ियादा हिदायत याफ़्ता |

قُلْ هُوَ الَّذِیْٓ اَنْشَاَكُمْ وَجَعَلَ لَكُمُ السَّمْعَ وَالْاَبْصَارَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और आँखें | कान | तुम्हारे लिए | और उस ने बनाए | वह जिस ने पैदा किया तुम्हें | फ़रमा दें वही |

وَالْاَفْـِٕدَةَ ۭ قَلِیْلًا مَّا تَشْكُرُوْنَ ﴿٢٣﴾ قُلْ هُوَ الَّذِیْ ذَرَاَكُمْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जिस ने फैलाया तुम्हें | वही | फ़रमा दें | 23 | जो तुम शुक्र करते हो | बहुत कम | और दिल (जमा) |

فِی الْاَرْضِ وَاِلَیْهِ تُحْشَرُوْنَ ﴿٢٤﴾ وَیَقُوْلُوْنَ مَتٰی هٰذَا الْوَعْدُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| यह वादा | कब | और वह कहते हैं | 24 | तुम उठाए जाओगे | और उसी की तरफ़ | ज़मीन में |

اِنْ كُنْتُمْ صٰدِقِیْنَ ﴿٢٥﴾ قُلْ اِنَّمَا الْعِلْمُ عِنْدَ اللّٰهِ ۠ وَاِنَّمَآ اَنَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं | और इस के सिवा नहीं | अल्लाह के पास | इस के सिवा नहीं कि इल्म | फ़रमा दें | 25 | सच्चे | तुम हो | अगर |

نَذِیْرٌ مُّبِیْنٌ ﴿٢٦﴾ فَلَمَّا رَاَوْهُ زُلْفَةً سِیْٓـَٔتْ وُجُوْهُ الَّذِیْنَ كَفَرُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिन्हों ने कुफ़्र किया | बुरे (सियाह) हो जाएंगे चेहरे | नज़्दीक आता | वह उसे देखेंगे | फिर जब | 26 | साफ़ साफ़ | डराने वाला |

وَقِیْلَ هٰذَا الَّذِیْ كُنْتُمْ بِهٖ تَدَّعُوْنَ ﴿٢٧﴾ قُلْ اَرَءَیْتُمْ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किया तुम ने देखा | फ़रमा दें | 27 | तुम मांगते | उस को | तुम थे | वह जो | यह | और कहा जाएगा |

اِنْ اَهْلَكَنِیَ اللّٰهُ وَمَنْ مَّعِیَ اَوْ رَحِمَنَا ۙ فَمَنْ یُّجِیْرُ الْكٰفِرِیْنَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काफ़िरों | पनाह देगा | तो कौन | या वह रहम फ़रमाए हम पर | मेरे साथ | और जो | मुझे हलाक कर दे अल्लाह | अगर |

مِنْ عَذَابٍ اَلِیْمٍ ﴿٢٨﴾ قُلْ هُوَ الرَّحْمٰنُ اٰمَنَّا بِهٖ وَعَلَیْهِ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और उसी पर | उस पर | हम ईमान लाए | वही रहमान | फ़रमा दें | 28 | दर्दनाक अज़ाब | से |

تَوَكَّلْنَا ۚ فَسَتَعْلَمُوْنَ مَنْ هُوَ فِیْ ضَلٰلٍ مُّبِیْنٍ ﴿٢٩﴾ قُلْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फ़रमा दें | 29 | खुली गुमराही | में | कौन वह | सो तुम जल्द जान लोगे | हम ने भरोसा किया |

ع ١٦ ٢ ٢ اَرَءَیْتُمْ اِنْ اَصْبَحَ مَآؤُكُمْ غَوْرًا فَمَنْ یَّاْتِیْكُمْ بِمَآءٍ مَّعِیْنٍ ﴿٣٠﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | रवां पानी | ले आएगा तुम्हारे पास | तो कौन | नीचे उतरा हुआ | तुम्हारा पानी | अगर हो जाए | क्या तुम ने देखा (भला देखो) |

## آیَاتُهَا ٥٢ ❀ (٦٨) سُوْرَةُ الْقَلَمِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

आयात 52 (68) सूरतुल क़लम रुकूआत 2

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِیْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

نٓ وَالْقَلَمِ وَمَا یَسْطُرُوْنَ ﴿١﴾ مَآ اَنْتَ بِنِعْمَةِ رَبِّكَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अपना रब | नेमत (फ़ज़्ल) से | नहीं आप (स) | 1 | वह लिखते हैं | और जो | नून क़सम है क़लम की |

بِمَجْنُوْنٍ ﴿٢﴾ وَاِنَّ لَكَ لَاَجْرًا غَیْرَ مَمْنُوْنٍ ﴿٣﴾ وَاِنَّكَ لَعَلٰی

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यक़ीनन-पर | और बेशक आप (स) | 3 | ख़तम न होने वाला | अलबत्ता अजर | और बेशक आप के लिए | 2 | मजनून |

خُلُقٍ عَظِیْمٍ ﴿٤﴾ فَسَتُبْصِرُ وَیُبْصِرُوْنَ ﴿٥﴾ بِاَیِّكُمُ الْمَفْتُوْنُ ﴿٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | दीवाना | तुम में से कौन? | 5 | और वह भी देख लेंगे | आप (स) जल्द देख लेंगे | 4 | अख़्लाक़ का ऊंचा मुक़ाम |

आप (स) फ़रमा दें: वही है जिस ने तुम्हें पैदा किया और उस ने बनाए तुम्हारे लिए कान और आँखें और दिल, तुम बहुत कम शुक्र करते हो। (23)

आप (स) फ़रमा दें: वही है जिस ने तुम्हें ज़मीन में फैलाया और उसी की तरफ़ तुम उठाए जाओगे। (24)

और वह कहते हैं कि यह वादा कब (पूरा होगा)? अगर तुम सच्चे हो। (25)

आप (स) फ़रमा दें: इस के सिवा नहीं कि इल्म अल्लाह के पास है, और इस के सिवा नहीं कि मैं साफ़ साफ़ डराने वाला हूँ। (26)

फिर जब वह उसे नज़्दीक आता देखेंगे तो उन लोगों के चेहरे सियाह हो जाएंगे जिन्हों ने कुफ़्र किया और कहा जाएगा कि यह है वह जो तुम मांगते थे (27)

आप (स) फ़रमा दें: भला देखो तो अगर अल्लाह हलाक कर दे मुझे और (उन्हें) जो मेरे साथ हैं या हम पर रहम फ़रमाए तो काफ़िरों को दर्दनाक अज़ाब से कौन बचाएगा? (28)

आप (स) फ़रमा दें: वही रहमान है, हम ईमान लाए उस पर और उसी पर हम ने भरोसा किया, सो तुम जल्द जान लोगे कि कौन खुली गुमराही में है? (29)

आप (स) फ़रमा दें: भला देखो तो अगर हो जाए तुम्हारा पानी नीचे को उतरा हुआ (ख़ुश्क) तो कौन ले आएगा तुम्हारे पास (सूत का) रवां पानी? (30)

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

नून। क़सम है क़लम की और जो वह लिखते हैं। (1)

आप (स) अपने रब के फ़ज़्ल से मजनून नहीं हैं। (2)

और बेशक आप (स) के लिए अजर है ख़तम न होने वाला। (3)

और बेशक आप (स) अख़्लाक़ के ऊंचे मुक़ाम पर हैं। (4)

पस आप (स) जल्द देख लेंगे और वह भी देख लेंगे (5)

(कि) तुम में से कौन दीवाना है? (6)

बेशक आप (स) का रब उस को खूब जानता है जो गुमराह हुआ उस की राह से और वह खूब जानता है हिदायत याफ़्ता लोगों को। (7)
पस आप (स) झुटलाने वालों का कहा न मानें। (8)
वह चाहते हैं कि काश आप (स) नर्मी करें तो वह (भी) नर्मी करें। (9)
और आप (स) बेवक़अ़त बात बात पर क़समें खाने वाले का कहा न मानें। (10)
ऐब निकालने वाला चुग़लियां लगाते फिरने वाला। (11)
माल में बुख़्ल करने वाला, हद से बढ़ने वाला गुनाहगार। (12)
सख़्त ख़ू, उस के बाद बद असल। (13)
इस लिए कि वह माल वाला और औलाद वाला है। (14)
जब उसे हमारी आयतें पढ़ कर सुनाई जाती हैं तो वह कहता है: यह अगले लोगों की कहानियां है। (15)
हम जल्द दाग़ देंगे उस की नाक पर। (16)
बेशक हम ने उन्हें आजमाया जैसे हम ने आजमाया था बाग़ वालों को, जब उन्हों ने कसम खाई कि हम सुब्ह होते उस का फल ज़रूर तोड़ लेंगे। (17)
और उन्हों ने "इन्शा अल्लाह" न कहा। (18)
पस उस (बाग़) पर तेरे रब की तरफ़ से एक अज़ाब फिर गया और वह सोए हुए थे। (19)
तो वह (बाग़) सुब्ह को रह गया जैसे एक कटा हुआ खेत। (20)
तो वह सुब्ह होते एक दूसरे को पुकारने लगे। (21)
कि सुब्ह सवेरे अपने खेत पर चलो अगर तुम काटने वाले हो (अगर तुम्हें खेती काटनी है)। (22)
फिर वह चले और वह आपस में चुपके चुपके कहते थे। (23)
कि आज वहां तुम पर कोई मिस्कीन दाख़िल न होने पाए (24)
और वह सुब्ह सवेरे चले (इस जअम के साथ) कि वह बख़ीली पर क़ादिर हैं। (25)
फिर जब उन्हों ने उसे देखा तो वह बोले कि बेशक हम राह भूल गए हैं। (26)
बल्कि हम महरूम (बद नसीब) हो गए हैं। (27)
कहा उन के बेहतरीन आदमी ने: क्या मैं ने तुम से नहीं कहा था कि तुम तस्बीह क्यों नहीं करते? (28)
वह बोले: पाक है हमारा रब, बेशक हम जालिम थे। (29)
पस एक दूसरे को अपनाया बाज़ पर बाज मलामत करते हुऐ (30)
वह बोले हाए हमारी ख़राबी! बेशक हम (ही) सरकश थे। (31)

اِنَّ رَبَّكَ هُوَ اَعْلَمُ بِمَنْ ضَلَّ عَنْ سَبِيْلِهٖ ۠ وَهُوَ اَعْلَمُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और वह खूब जानता है | उस की राह से | वह गुमराह हुआ | उस को जो | वह खूब जानता है | बेशक आप (स) का रब |

بِالْمُهْتَدِيْنَ ﴿٧﴾ فَلَا تُطِعِ الْمُكَذِّبِيْنَ ﴿٨﴾ وَدُّوْا لَوْ تُدْهِنُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| काश आप नर्मी करें | वह चाहते हैं | 8 | झुटलाने वालों | पस आप (स) कहा न मानें | 7 | हिदायत याफ़्ता लोगों को |

فَيُدْهِنُوْنَ ﴿٩﴾ وَلَا تُطِعْ كُلَّ حَلَّافٍ مَّهِيْنٍ ﴿١٠﴾ هَمَّازٍ مَّشَّآءٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फिरने वाला | ऐब निकालने वाला | 10 | बे वक़अ़त | बात बात पर क़समें खाने वाला | और आप (स) कहा न मानें | 9 | तो वह भी नर्मी करें |

بِنَمِيْمٍ ﴿١١﴾ مَّنَّاعٍ لِّلْخَيْرِ مُعْتَدٍ اَثِيْمٍ ﴿١٢﴾ عُتُلٍّ بَعْدَ ذٰلِكَ زَنِيْمٍ ﴿١٣﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | उस के बाद बद असल | सख़्त ख़ू | 12 | गुनाहगार | हद से बढ़ने वाला | माल में | रोकने (बुख़्ल करने) वाला | 11 | चुग़ली लिए |

اَنْ كَانَ ذَا مَالٍ وَّبَنِيْنَ ﴿١٤﴾ اِذَا تُتْلٰى عَلَيْهِ اٰيٰتُنَا قَالَ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वह कहता है | हमारी आयतें | पढ़ कर सुनाई जाती है उसे | जब | 14 | और औलाद वाला | माल वाला | इस लिए कि वह है |

اَسَاطِيْرُ الْاَوَّلِيْنَ ﴿١٥﴾ سَنَسِمُهٗ عَلَى الْخُرْطُوْمِ ﴿١٦﴾ اِنَّا بَلَوْنٰهُمْ كَمَا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जैसे | बेशक हम ने आज़माया उन्हें | 16 | सून्ड (नाक) पर | हम जल्द दाग़ देंगे उस को | 15 | अगले लोग | कहानियां |

بَلَوْنَآ اَصْحٰبَ الْجَنَّةِ ۚ اِذْ اَقْسَمُوْا لَيَصْرِمُنَّهَا مُصْبِحِيْنَ ﴿١٧﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | सुबह होते | हम ज़रूर तोड़ लेंगे उस का फल | जब उन्हों ने क़सम खाई | बाग़ वालों को | हम ने आज़माया |

وَلَا يَسْتَثْنُوْنَ ﴿١٨﴾ فَطَافَ عَلَيْهَا طَآئِفٌ مِّنْ رَّبِّكَ وَهُمْ نَآئِمُوْنَ ﴿١٩﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | सोए हुए थे | और वह | तेरे रब की तरफ़ से | एक फिरने वाला (अ़ज़ाब) | उस पर | पस फिर गया | 18 | और उन्हों ने इन्शा अल्लाह न कहा |

فَاَصْبَحَتْ كَالصَّرِيْمِ ﴿٢٠﴾ فَتَنَادَوْا مُصْبِحِيْنَ ﴿٢١﴾ اَنِ اغْدُوْا عَلٰى

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पर | सुबह सवेरे चलो | 21 | सुबह होते | तो एक दूसरे को पुकारने लगे | 20 | जैसे कटा हुआ खेत | तो वह सुबह को रह गया |

حَرْثِكُمْ اِنْ كُنْتُمْ صٰرِمِيْنَ ﴿٢٢﴾ فَانْطَلَقُوْا وَهُمْ يَتَخَافَتُوْنَ ﴿٢٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | आपस में चुपके चुपके कहते थे | और वह | फिर वह चले | 22 | काटने वाले | अगर तुम हो | अपने खेत |

اَنْ لَّا يَدْخُلَنَّهَا الْيَوْمَ عَلَيْكُمْ مِّسْكِيْنٌ ﴿٢٤﴾ وَّغَدَوْا عَلٰى حَرْدٍ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बख़ीली पर | और वह सुबह सवेरे चले | 24 | कोई मिस्कीन | तुम पर | आज | वहां दाख़िल न होने पाए | कि |

قٰدِرِيْنَ ﴿٢٥﴾ فَلَمَّا رَاَوْهَا قَالُوْٓا اِنَّا لَضَآلُّوْنَ ﴿٢٦﴾ بَلْ نَحْنُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बल्कि हम | 26 | बेशक हम राह भूल गए हैं | वह बोले | उन्हों ने उसे देखा | फिर जब | 25 | वह क़ादिर हैं |

مَحْرُوْمُوْنَ ﴿٢٧﴾ قَالَ اَوْسَطُهُمْ اَلَمْ اَقُلْ لَّكُمْ لَوْلَا تُسَبِّحُوْنَ ﴿٢٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | तुम तस्बीह क्यों नही करते | तुम से | क्या मैं ने नहीं कहा था | उन का सब से अच्छा | कहा | 27 | महरूम हो गए हैं |

قَالُوْا سُبْحٰنَ رَبِّنَآ اِنَّا كُنَّا ظٰلِمِيْنَ ﴿٢٩﴾ فَاَقْبَلَ بَعْضُهُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन का बाज (एक) | पस अपनाया | 29 | ज़ालिम (जमा) | बेशक हम थे | हमारा रब | पाक है | वह बोले |

عَلٰى بَعْضٍ يَّتَلَاوَمُوْنَ ﴿٣٠﴾ قَالُوْا يٰوَيْلَنَآ اِنَّا كُنَّا طٰغِيْنَ ﴿٣١﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | सरकश (जमा) | बेशक हम थे | हाए हमारी ख़राबी | वह बोले | 30 | एक दूसरे को मलामत करते हुए | बाज़ (दूसरे) पर |

عَسٰى رَبُّنَآ اَنْ يُّبْدِلَنَا خَيْرًا مِّنْهَآ اِنَّآ اِلٰى رَبِّنَا رٰغِبُوْنَ ﴿٣٢﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उम्मीद है | हमारा रब | कि | हमें बदले में दे | बेहतर | इस में | बेशक हम | अपने रब की तरफ़ | राग़िब (रुजूअ़ करने वाले) | 32 |

وقف لازم

كَذٰلِكَ الْعَذَابُ ؕ وَلَعَذَابُ الْاٰخِرَةِ اَكْبَرُ ۘ لَوْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यूँ होता है | अ़ज़ाब | अलबत्ता आख़िरत का अ़ज़ाब | सब से बड़ा | काश! |

كَانُوْا يَعْلَمُوْنَ ﴿٣٣﴾ اِنَّ لِلْمُتَّقِيْنَ عِنْدَ رَبِّهِمْ جَنّٰتِ النَّعِيْمِ ﴿٣٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह जानते होते | 33 | बेशक | परहेज़गारों के लिए | उन के रब के पास | नेमतों के बाग़ात | 34 |

اَفَنَجْعَلُ الْمُسْلِمِيْنَ كَالْمُجْرِمِيْنَ ﴿٣٥﴾ مَا لَكُمْ ۫ كَيْفَ تَحْكُمُوْنَ ﴿٣٦﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो क्या हम करदेंगे | मुसलमानों | मुज्रिमों की तरह | 35 | क्या हुआ तुम्हें | कैसा | तुम फ़ैसला करते हो | 36 |

اَمْ لَكُمْ كِتٰبٌ فِيْهِ تَدْرُسُوْنَ ﴿٣٧﴾ اِنَّ لَكُمْ فِيْهِ لَمَا تَخَيَّرُوْنَ ﴿٣٨﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या तुम्हारे पास | कोई किताब | उस में | तुम पढ़ते हो | 37 | बेशक | तुम्हारे लिए | उस में | अलबत्ता जो तुम पसंद करते हो | 38 |

اَمْ لَكُمْ اَيْمَانٌ عَلَيْنَا بَالِغَةٌ اِلٰى يَوْمِ الْقِيٰمَةِ ۙ اِنَّ لَكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्या तुम्हारे लिए | कोई पुख़्ता अ़हद | हम पर (हमारे ज़िम्मे) | पहुँचने वाला | तक | क़ियामत के दिन | बेशक | तुम्हारे लिए |

لَمَا تَحْكُمُوْنَ ﴿٣٩﴾ سَلْهُمْ اَيُّهُمْ بِذٰلِكَ زَعِيْمٌ ﴿٤٠﴾ اَمْ لَهُمْ شُرَكَآءُ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता जो | तुम फ़ैसला करते हो | 39 | तू उन से पूछ | उन में से कौन | इस का | ज़ामिन (ज़िम्मेदार) | 40 | या उन के | शरीक (जमा) |

فَلْيَاْتُوْا بِشُرَكَآئِهِمْ اِنْ كَانُوْا صٰدِقِيْنَ ﴿٤١﴾ يَوْمَ يُكْشَفُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तो चाहिए कि वह लाएं | अपने शरीकों | अगर | वह हैं | सच्चे | 41 | जिस दिन | खोल दिया जाएगा |

عَنْ سَاقٍ وَّيُدْعَوْنَ اِلَى السُّجُوْدِ فَلَا يَسْتَطِيْعُوْنَ ﴿٤٢﴾

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| से | पिंडली | और वह बुलाए जाएंगे | सिज्दों के लिए | तो वह न कर सकेंगे | 42 |

خَاشِعَةً اَبْصَارُهُمْ تَرْهَقُهُمْ ذِلَّةٌ ؕ وَقَدْ كَانُوْا يُدْعَوْنَ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| झुकी हुई | उन की आँखें | उन पर छाई हुई | ज़िल्लत | और तहक़ीक़ | बुलाए जाते थे |

اِلَى السُّجُوْدِ وَهُمْ سٰلِمُوْنَ ﴿٤٣﴾ فَذَرْنِيْ وَمَنْ يُّكَذِّبُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सिज्दे के लिए | जब कि वह | सही सालिम (जमा) | 43 | पस मुझे छोड़ दो तुम | और वह जो झुटलाता है |

بِهٰذَا الْحَدِيْثِ ؕ سَنَسْتَدْرِجُهُمْ مِّنْ حَيْثُ لَا يَعْلَمُوْنَ ﴿٤٤﴾ وَاُمْلِيْ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| इस बात को | जल्द हम उन्हें आहिस्ता आहिस्ता खींचेंगे | इस तरह | वह जानते न होंगे | 44 | और मैं ढील देता हूँ |

لَهُمْ ؕ اِنَّ كَيْدِيْ مَتِيْنٌ ﴿٤٥﴾ اَمْ تَسْـَٔلُهُمْ اَجْرًا فَهُمْ مِّنْ مَّغْرَمٍ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उन को | बेशक | मेरी ख़ुफ़िया तदबीर | बड़ी क़वी | 45 | क्या आप (स) मांगते हैं उन से | कोई अजर | कि वह | से | तावान |

مُّثْقَلُوْنَ ﴿٤٦﴾ اَمْ عِنْدَهُمُ الْغَيْبُ فَهُمْ يَكْتُبُوْنَ ﴿٤٧﴾ فَاصْبِرْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बोझल (दबे जाते) हैं | 46 | या | उन के पास | इल्मे ग़ैब | कि वह | लिख लेते हैं | 47 | पस आप (स) सब्र करें |

وقف لازم

لِحُكْمِ رَبِّكَ وَلَا تَكُنْ كَصَاحِبِ الْحُوْتِ ۘ اِذْ نَادٰى وَهُوَ مَكْظُوْمٌ ﴿٤٨﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हुक्म के लिए | अपना रब | और न हों आप (स) | मछली वाले (यूनुस अ) की तरह | जब उस ने पुकारा | और वह | ग़म से भरा हुआ | 48 |

उम्मीद है कि हमारा रब हमें इस से बेहतर बदले में दे, बेशक हम अपने रब की तरफ़ रुजूअ़ करने वाले हैं। (32)

यूँ होता है अ़ज़ाब! और आख़िरत का अ़ज़ाब अलबत्ता सब से बड़ा है। काश! वह जानते होते। (33)

बेशक परहेज़गारों के लिए उन के रब के हां नेमतों के बाग़ात हैं। (34)

तो क्या हम कर देंगे मुसलमानों को मुज्रिमों की तरह (महरूम)? (35)

तुम्हें क्या हुआ? तुम कैसा फ़ैसला करते हो? (36)

क्या तुम्हारे पास कोई (आस्मानी) किताब है कि उस में से तुम पढ़ते हो। (37)

कि बेशक उस में तुम्हारे लिए (होगा) जो तुम पसंद करते हो। (38)

क्या तुम्हारे लिए हमारे ज़िम्मे कोई पुख़्ता अहद है क़ियामत के दिन तक कि बेशक तुम्हारे लिए (होगा) जो तुम फ़ैसला करो। (39)

तू उन से पूछ कि उन में से कौन इस का ज़ामिन है? (40)

या उन के शरीक हैं (जिन्हों ने इस का जिम्मा लिया है)? तो चाहिए कि वह अपने शरीकों को लाएं अगर वह सच्चे हैं। (41)

जिस दिन पिंडली से खोल दिया जाएगा और वह सिज्दों के लिए बुलाए जाएंगे तो वह न कर सकेंगे। (42)

उन की आँखें झुकी हुई (होंगी) और उन पर ज़िल्लत छाई हुई होगी, और इस से क़ब्ल वह सिज्दों के लिए बुलाए जाते थे जब कि (सही) सालम थे (और वह इन्कार करते थे)। (43)

पस जो इस बात को झुटलाता है तुम उस को मुझ पर छोड़ दो। हम जल्द उन्हें इस तरह आहिस्ता आहिस्ता खींचेंगे कि वह जानते न होंगे। (44)

और मैं उन्हें ढील देता हूँ, बेशक मेरी ख़ुफ़िया तदबीर बड़ी क़वी है। (45)

क्या आप (स) उन से कोई अजर मांगते हैं? कि वह (उस) तावान (के बोझ) से दबे जाते हैं। (46)

या उन के पास इल्मे ग़ैब है? कि वह लिख लेते हैं। (47)

पस आप (स) अपने रब के हुक्म के लिए सब्र करें और आप (स) यूनुस (अ) की तरह न हो जाएं, जब उस ने (अल्लाह तआला को) पुकारा और वह ग़म से भरा हुआ था। (48)

अगर उस के रब की नेमत ने उस को न संभाला होता तो अलबत्ता वह चटियल मैदान में बदहाल डाला जाता और उस का हाल अब्तर रहता। (49)
पस उस के रब ने उसे बरगुज़ीदा किया तो उसे नेकोकारों में से कर लिया। (50)
और तहक़ीक़ क़रीब है (ऐसा लगता है) के काफ़िर आप (स) को फुसला देंगे अपनी निगाहों से जब वह किताबे नसीहत को सुनते हैं और वह कहते हैं कि बेशक यह दीवाना है। (51)
हालांकि यह नहीं, मगर तमाम जहानों के लिए (सिर्फ़ और सिर्फ़) नसीहत। (52)
अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है
सचमुच होने वाली क़ियामत। (1)
क्या है क़ियामत? (2)
और तुम क्या समझे कि क्या है क़ियामत? (3)
समूद और आद ने खड़खड़ाने वाली (क़ियामत) को झुटलाया। (4)
पस जो समूद (थे) वह बड़ी ज़ोर दार आवाज़ से हलाक किए गए। (5)
और जो आद (थे) तो वह हलाक किए गए हवा से तुन्द ओ तेज़ हद से ज़ियादा बढ़ी हुई। (6)
उस (अल्लाह) ने उस (आन्धी) को उन पर लगातार सात रात और आठ दिन मुसल्लत कर दिया। पस तू उस क़ौम को उस में (यूँ) गिरी हुई देखता गोया कि वह खजूर के खोखले तने हैं। (7)
तो क्या तू उन का कोई बक़िया देखता है? (8)
और फ़िरऔन आया और उस से पहले के लोग और उलटी हुई बस्तियों वाले ख़ताओं के साथ। (9)
सो उन्हों ने अपने रब के रसूल (अ) की नाफ़रमानी की तो उन्हें सख़्त गिरिफ़्त ने आ पकड़ा। (10)
बेशक जब पानी तुग़्यानी पर आया हम ने तुम्हें कश्ती में सवार किया, (11)
ताकि हम उसे तुम्हारे लिए यादगार बनाएं और याद रखने वाला कान उसे याद रखे। (12)

لَوْلَآ اَنْ تَدٰرَكَهٗ نِعْمَةٌ مِّنْ رَّبِّهٖ لَنُبِذَ بِالْعَرَآءِ وَهُوَ مَذْمُوْمٌ ﴿٤٩﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | मलामत ज़दा (अब्तर हाल) | और वह | अलबत्ता वह डाला जाता चटियल मैदान में | उस के रब का | नेमत | अगर न उस का पाया (संभाला) होता |

فَاجْتَبٰهُ رَبُّهٗ فَجَعَلَهٗ مِنَ الصّٰلِحِيْنَ ﴿٥٠﴾ وَاِنْ يَّكَادُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| और तहक़ीक़ क़रीब है | 50 | नेकोकारों से | पस उस को कर लिया | उस का रब | पस उस को बरगुज़ीदा किया |

الَّذِيْنَ كَفَرُوْا لَيُزْلِقُوْنَكَ بِاَبْصَارِهِمْ لَمَّا سَمِعُوا الذِّكْرَ وَيَقُوْلُوْنَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और वह कहते हैं | (किताब) नसीहत | वह सुनते हैं | जब | अपनी निगाहों से | कि वह आप (स) को फुसला देंगे | जिन लोगों ने कुफ़्र किया (काफ़िर) |

اِنَّهٗ لَمَجْنُوْنٌ ﴿٥١﴾ وَمَا هُوَ اِلَّا ذِكْرٌ لِّلْعٰلَمِيْنَ ﴿٥٢﴾ ع ٢ وقف لازم

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | तमाम जहानों के लिए | नसीहत | मगर | हालांकि यह नहीं | 51 | दीवाना अलबत्ता | बेशक यह |

## آيَاتُهَا ٥٢ ❀ (٦٩) سُوْرَةُ الْحَآقَّةِ ❀ رُكُوْعَاتُهَا ٢

रुकूआत 2 — (69) सूरतुल हाक़्क़ा — जरूर होने वाली (क़ियामत) — आयात 52

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

اَلْحَآقَّةُ ﴿١﴾ مَا الْحَآقَّةُ ﴿٢﴾ وَمَآ اَدْرٰىكَ مَا الْحَآقَّةُ ﴿٣﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | क्या है क़ियामत? | तुम समझे | और क्या | 2 | क्या है क़ियामत? | 1 | सचमुच होने वाली (क़ियामत) |

كَذَّبَتْ ثَمُوْدُ وَعَادٌۢ بِالْقَارِعَةِ ﴿٤﴾ فَاَمَّا ثَمُوْدُ فَاُهْلِكُوْا

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| वह हलाक किए गए | समूद | पस जो | 4 | खड़खड़ाने वाली को | और आद | समूद | झुटलाया |

بِالطَّاغِيَةِ ﴿٥﴾ وَاَمَّا عَادٌ فَاُهْلِكُوْا بِرِيْحٍ صَرْصَرٍ عَاتِيَةٍ ﴿٦﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | हद से ज़ियादा बढ़ी हुई | तुन्द ओ तेज़ | हवा से | तो वह हलाक किए गए | आद | और जो | 5 | बड़ी ज़ोर की आवाज़ से |

سَخَّرَهَا عَلَيْهِمْ سَبْعَ لَيَالٍ وَّثَمٰنِيَةَ اَيَّامٍ حُسُوْمًا

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लगातार | दिन | और आठ | सात रात | उन पर | उस ने उस को मुसख़्ख़र किया |

فَتَرَى الْقَوْمَ فِيْهَا صَرْعٰى كَاَنَّهُمْ اَعْجَازُ نَخْلٍ خَاوِيَةٍ ﴿٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | खोखले | खजूर | तने | गोया वह | उस में गिरी हुई | फिर तू देखता उस क़ौम को |

فَهَلْ تَرٰى لَهُمْ مِّنْۢ بَاقِيَةٍ ﴿٨﴾ وَجَآءَ فِرْعَوْنُ وَمَنْ قَبْلَهٗ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| और उस के पहले लोग | फ़िरऔन | और आया | 8 | कोई बक़िया | उन का | तो क्या तू देखता है |

وَالْمُؤْتَفِكٰتُ بِالْخَاطِئَةِ ﴿٩﴾ فَعَصَوْا رَسُوْلَ رَبِّهِمْ

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अपने रब के रसूल की | सो उन्हों ने नाफ़रमानी की | 9 | ख़ताओं के साथ | और उलटी हुई बस्तियों वाले |

فَاَخَذَهُمْ اَخْذَةً رَّابِيَةً ﴿١٠﴾ اِنَّا لَمَّا طَغَا الْمَآءُ حَمَلْنٰكُمْ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हम ने तुम्हें सवार किया | पानी | तुग़्यानी पर आया | बेशक जब | 10 | सख़्त | गिरिफ़्त | तो उन्हें पकड़ा |

فِى الْجَارِيَةِ ﴿١١﴾ لِنَجْعَلَهَا لَكُمْ تَذْكِرَةً وَّتَعِيَهَآ اُذُنٌ وَّاعِيَةٌ ﴿١٢﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | याद रखने वाला | कान | और उसे याद रखे | यादगार | तुम्हारे लिए | ताकि हम उस को बनाएं | 11 | कश्ती में |

فَاِذَا نُفِخَ فِى الصُّوْرِ نَفْخَةٌ وَّاحِدَةٌ ﴿١٣﴾ وَّحُمِلَتِ الْاَرْضُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज़मीन | और उठाई जाएगी | 13 | यकबारगी | फूंक | सूर में | पस जब फूंकी जाएगी |

وَالْجِبَالُ فَدُكَّتَا دَكَّةً وَّاحِدَةً ﴿١٤﴾ فَيَوْمَئِذٍ وَّقَعَتِ الْوَاقِعَةُ ﴿١٥﴾

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | वह होने वाली | हो पड़ेगी | पस उस दिन | 14 | यकबारगी | रेज़ा रेज़ा | पस रेज़ा रेज़ा कर दिए जाएंगे | और पहाड़ |

وَانْشَقَّتِ السَّمَآءُ فَهِىَ يَوْمَئِذٍ وَّاهِيَةٌ ﴿١٦﴾ وَّالْمَلَكُ عَلٰٓى اَرْجَآئِهَا ؕ

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उस के किनारों | पर | और फ़रिश्ते | 16 | बिलकुल कमज़ोर | उस दिन | पस वह | आस्मान | और फट जाएगा |

وَيَحْمِلُ عَرْشَ رَبِّكَ فَوْقَهُمْ يَوْمَئِذٍ ثَمٰنِيَةٌ ﴿١٧﴾ يَوْمَئِذٍ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस दिन | 17 | आठ | उस दिन | अपने ऊपर | तुम्हारे रब का अर्श | और वह उठाएंगे |

تُعْرَضُوْنَ لَا تَخْفٰى مِنْكُمْ خَافِيَةٌ ﴿١٨﴾ فَاَمَّا مَنْ اُوْتِىَ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिया गया | पस जिस को | 18 | (कोई चीज़) पोशीदा | तुम से (तुम्हारी) | न पोशीदा रहेगी | तुम पेश किए जाओगे |

كِتٰبَهٗ بِيَمِيْنِهٖ ۙ فَيَقُوْلُ هَآؤُمُ اقْرَءُوْا كِتٰبِيَهْ ﴿١٩﴾ اِنِّىْ ظَنَنْتُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं बेशक समझता था | 19 | मेरा आमाल नामा | लो पढ़ो | तो वह कहेगा | उस के दाएं हाथ में | उस की किताब (आमाल नामा) |

اَنِّىْ مُلٰقٍ حِسَابِيَهْ ﴿٢٠﴾ فَهُوَ فِىْ عِيْشَةٍ رَّاضِيَةٍ ﴿٢١﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | पसंदीदा ज़िन्दगी | में | पस वह | 20 | अपने हिसाब से | कि मैं मिलूँगा |

فِىْ جَنَّةٍ عَالِيَةٍ ﴿٢٢﴾ قُطُوْفُهَا دَانِيَةٌ ﴿٢٣﴾ كُلُوْا وَاشْرَبُوْا

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| और तुम पियो | तुम खाओ | 23 | क़रीब | जिस के मेवे | 22 | बहिश्ते बरीं | में |

هَنِيْٓـئًا بِمَآ اَسْلَفْتُمْ فِى الْاَيَّامِ الْخَالِيَةِ ﴿٢٤﴾ وَاَمَّا مَنْ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जो- जिस | और रहा | 24 | गुज़रे हुए अय्याम | में | उस के बदले जो तुम ने भेजा | मज़े से |

اُوْتِىَ كِتٰبَهٗ بِشِمَالِهٖ ۙ فَيَقُوْلُ يٰلَيْتَنِىْ لَمْ اُوْتَ كِتٰبِيَهْ ﴿٢٥﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | मेरा आमाल नामा | मुझे न दिया जाता | ऐ काश | तो वह कहेगा | उस के बाएं हाथ में | उस का आमाल नामा दिया गया |

وَلَمْ اَدْرِ مَا حِسَابِيَهْ ﴿٢٦﴾ يٰلَيْتَهَا كَانَتِ الْقَاضِيَةَ ﴿٢٧﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | क़िस्सा चुका देने वाली | (मौत) होती | ऐ काश | 26 | क्या है मेरा हिसाब | और मैं न जानता |

مَآ اَغْنٰى عَنِّىْ مَالِيَهْ ﴿٢٨﴾ هَلَكَ عَنِّىْ سُلْطٰنِيَهْ ﴿٢٩﴾ خُذُوْهُ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तुम उस को पकड़ो | 29 | मेरी बादशाही | मुझ से | जाती रही | 28 | मेरा माल | मेरे | काम न आया |

فَغُلُّوْهُ ﴿٣٠﴾ ثُمَّ الْجَحِيْمَ صَلُّوْهُ ﴿٣١﴾ ثُمَّ فِىْ سِلْسِلَةٍ ذَرْعُهَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिस की पैमाइश | एक ज़न्जीर में | फिर | 31 | उसे डाल दो | जहन्नम | फिर | 30 | पस उसे तौक़ पहनाओ |

سَبْعُوْنَ ذِرَاعًا فَاسْلُكُوْهُ ﴿٣٢﴾ اِنَّهٗ كَانَ لَا يُؤْمِنُ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ईमान नहीं लाता था | बेशक वह | 32 | पस तुम उस को जकड़ दो | हाथ | सत्तर (70) |

بِاللّٰهِ الْعَظِيْمِ ﴿٣٣﴾ وَلَا يَحُضُّ عَلٰى طَعَامِ الْمِسْكِيْنِ ﴿٣٤﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | मोहताज | खिलाना | पर | और वह रग़बत न दिलाता था | 33 | बुज़ुर्ग ओ बरतर | अल्लाह पर |

पस जब फूंकी जाएगी सूर में यकबारगी फूंक। (13)
और उठाए जाएंगे ज़मीन और पहाड़, पस वह यकबारगी रेज़ा रेज़ा कर दिए जाएंगे। (14)
पस उस दिन वह होने वाली हो पड़ेगी, (15)
और आस्मान फट जाएगा, पस वह उस दिन बिलकुल कमज़ोर होगा। (16)
और फ़रिश्ते (होंगे) उस के किनारों पर, और आठ फ़रिश्ते तुम्हारे रब का अर्श उठाए हुए होंगे। (17)
जिस दिन तुम पेश किए जाओगे तुम्हारी कोई चीज़ पोशीदा न रहेगी। (18)
पस जिस को उस का आमाल नामा उस के दाएं हाथ में दिया जाएगा वह (दूसरों को) कहेगाः लो पढ़ो मेरा आमाल नामा। (19)
बेशक मैं यक़ीन रखता था कि मैं अपने हिसाब से मिलूँगा। (20)
पस वह पसंदीदा ज़िन्दगी में होगा, (21)
आली मुक़ाम जन्नत में, (22)
जिस के मेवे क़रीब (झुके हुए) हैं। (23)
तुम मज़े से खाओ पियो उस के बदले जो तुम ने (दुनिया के) गुज़रे हुए दिनों में भेजा है। (24)
और रहा वह जिस को उस का आमाल नामा उस के बाएं हाथ में दिया गया तो वह कहेगा ऐ काश! मुझे न दिया जाता मेरा आमाल नामा, (25)
और मैं न जानता कि मेरा हिसाब क्या है? (26)
ऐ काश! मौत ही क़िस्सा चुका देने वाली होती। (27)
मेरा माल मेरे काम न आया। (28)
मेरी बादशाही मुझ से जाती रही। (29)
(फ़रिश्तों को हुक्म होगा) तुम उस को पकड़ो, उसे तौक़ पहनाओ, (30)
फिर उसे जहन्नम में डाल दो। (31)
फिर एक ज़न्जीर में जिस की पैमाइश सत्तर (70) हाथ है, पस तुम उस को जकड़ दो। (32)
बेशक वह अल्लाह बुज़ुर्ग ओ बरतर पर ईमान नहीं लाता था। (33)
और वह (दूसरों को भी) रग़बत न दिलाता था मिस्कीन को खिलाने की। (34)

فَلَيۡسَ لَهُ الۡيَوۡمَ هٰهُنَا حَمِيۡمٌ ﴿۳۵﴾ وَّلَا طَعَامٌ اِلَّا مِنۡ

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| से | मगर-सिवा | और न खाना | 35 | कोई दोस्त | यहां | आज | पस नहीं उस का |

غِسۡلِيۡنٍ ﴿۳۶﴾ لَّا يَاۡكُلُهٗۤ اِلَّا الۡخٰطِئُوۡنَ ﴿۳۷﴾ فَلَاۤ اُقۡسِمُ ع ۲۷ ۵

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पस मैं क़सम खाता हूँ | 37 | ख़ताकारों | सिवा | उसे न खाएगा | 36 | पीप |

بِمَا تُبۡصِرُوۡنَ ﴿۳۸﴾ وَمَا لَا تُبۡصِرُوۡنَ ﴿۳۹﴾ اِنَّهٗ لَقَوۡلُ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अलबत्ता कलाम | बेशक यह | 39 | तुम नहीं देखते | और जो | 38 | उस की जो तुम देखते हो |

رَسُوۡلٍ كَرِيۡمٍ ﴿۴۰﴾ وَّمَا هُوَ بِقَوۡلِ شَاعِرٍ ؕ قَلِيۡلًا مَّا تُؤۡمِنُوۡنَ ﴿۴۱﴾

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | तुम ईमान लाते हो | बहुत कम | किसी शायर का कलाम | और यह नहीं | 40 | रसूले करीम |

وَلَا بِقَوۡلِ كَاهِنٍ ؕ قَلِيۡلًا مَّا تَذَكَّرُوۡنَ ﴿۴۲﴾ تَنۡزِيۡلٌ مِّنۡ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से | उतारा हुआ | 42 | तुम नसीहत पकड़ते हो | बहुत कम | किसी काहिन का | और न क़ौल है |

رَّبِّ الۡعٰلَمِيۡنَ ﴿۴۳﴾ وَلَوۡ تَقَوَّلَ عَلَيۡنَا بَعۡضَ الۡاَقَاوِيۡلِ ﴿۴۴﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | बातें (अक़्वाल) | कुछ | हम पर | बना कर लाता | और अगर | 43 | तमाम जहानों का रब |

لَاَخَذۡنَا مِنۡهُ بِالۡيَمِيۡنِ ﴿۴۵﴾ ثُمَّ لَقَطَعۡنَا مِنۡهُ الۡوَتِيۡنَ ﴿۴۶﴾ فَمَا

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सो नहीं | 46 | रगे (गर्दन) | उस की | हम अलबत्ता काट देते | फिर | 45 | दायां हाथ | उस का | तो यक़ीनन हम पकड़ लेते |

مِنۡكُمۡ مِّنۡ اَحَدٍ عَنۡهُ حٰجِزِيۡنَ ﴿۴۷﴾ وَاِنَّهٗ لَتَذۡكِرَةٌ لِّلۡمُتَّقِيۡنَ ﴿۴۸﴾

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 48 | परहेज़गारों के लिए | अलबत्ता एक नसीहत | और बेशक यह | 47 | रोकने वाला | उस से | कोई भी | तुम में से |

وَاِنَّا لَنَعۡلَمُ اَنَّ مِنۡكُمۡ مُّكَذِّبِيۡنَ ﴿۴۹﴾ وَاِنَّهٗ لَحَسۡرَةٌ عَلَى الۡكٰفِرِيۡنَ ﴿۵۰﴾

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | काफ़िरों पर | हस्रत | और बेशक यह | 49 | झुटलाने वाले | तुम में से | कि | अलबत्ता जानते हैं | और बेशक हम |

وَاِنَّهٗ لَحَقُّ الۡيَقِيۡنِ ﴿۵۱﴾ فَسَبِّحۡ بِاسۡمِ رَبِّكَ الۡعَظِيۡمِ ﴿۵۲﴾ ع ۱۵ ۶ ۲

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | अ़ज़मत वाला | अपना रब | नाम के साथ | पस पाकीज़गी बयान करो | 51 | यक़ीनी हक़ | और बेशक यह |

آيَاتُهَا ۴۴ ❀ (۷۰) سُوۡرَةُ الۡمَعَارِجِ ❀ رُكُوۡعَاتُهَا ۲

रुकुआत 2 — (70) सूरतुल मआ़रिज — ऊपर चढ़ने की सीढ़ियां — आयात 44

بِسۡمِ اللّٰهِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِيۡمِ○

अल्लाह के नाम से जो बहुत मेहरबान, रहम करने वाला है

سَاَلَ سَآئِلٌۢ بِعَذَابٍ وَّاقِعٍ ﴿۱﴾ لِّلۡكٰفِرِيۡنَ لَيۡسَ لَهٗ

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नहीं उसे | काफ़िरों के लिए | 1 | अ़ज़ाब वाक़े होने वाला | एक मांगने वाला | मांगा |

